Research & Compilation : 8
Panch Mahabhoot : 5, Last

VAYUVIDYA

Encyclopaedia of Life Energy

वायुविद्या



Research & Compilation
RAM SHASTRI

Rashtriya Adhyatmik Punarjagran Abhiyan, India

Publisher :
Rashtriya Adhyatmik Punarjagran Abhiyan,
National Spiritual Rejuvenation Abhiyan,
Charitable Trust,
71, Arya Nagar, Alwar 301001, NCR, Rajasthan, India
#0144-2334439, +91-9810267700
adhyatmikpunarjagran@gmail.com
Photo - Paintings : All Courtesy
English BhavanuvadAdvisor : Shri Atul Cowshish
Guidance: Prof. Bharat Bhushan Vidyalankar
Aacharya Ravishankar Shastri
Jagadguru Shankaracharyapeethpandit
Sincere Thanks for research and reference :
HH Jagadguru Shankracharya Swami Swaroopnand Saraswati (96 years old), Rajguru Pandit Vidyanath Ojha (Jaipur), Mahant Kailas Nath Yogi, Shri Tipoo Joshi (Jaipur), Mahant Ghanshyam Das (Parashar),Dr. Wagish Shukla, Dr. Shyam Sharma, Dr. Narain Behari Sharma, Acharya Jaiprakash Shastri, Shri Vikram Bhardwaj, Dr. Sarvesh Sharma, Shri Dharma Veer Panchal Kailasi, Ms Anamika Acharyji, Smt. Sakila Bijoy, Shri P.D. Sharma IITian, Sh. Mahendra Singh
Shri Tej Karan Jain, Shri Kishor Lal, Shri Amit Goel
Smt. Sudha Shastri, Smt. Shubhra Surolia Kalasi

Vikram Samvat 2081

Printer :
The Gondals Press Inc.
P-12, Connaught Place, New Delhi 110001 India
+91-9811093024, acgondal@gmail.com

An Offering To

Vayu Swaroop

Maharudra Sadashiv

Kailaspati

वायु स्वरूप

महारूद्र

सदाशिव कैलासपति को

सादर समर्पित



Vayu Dev : Painting

वायु देव : चित्रकृति



Vayu Devta : 7th Century Temple in Pattadakal

वायु देवता : 7वीं शताब्दी प्रस्तर फलक



Statue of Vayu Devta

वायु देवता की प्रतिमा



Vayu Dev

वायु देव



Vayu Tattva Mandir : Sri Kaalhasteshwar, Chittoor, AP, Near Sivanandaika Mountain
वायु तत्त्वमन्दिर : श्री कालहस्तेश्वर, चित्तूर, (दक्कन कैलास), आन्ध्रप्रदेश



Shri Kalhastishwarswamy Vayu Lingam

श्री कालहस्तेश्वर स्वामी वायु लिंगम



Statue of Vayu Devta

वायु देवता की प्रतिमा



Fengbo, Chinese : The Taoist Deity of the winds

फेंग्बो, चीन : वायु देव, ताओं धर्म



Shri Kalhastishwarswamy Vayu Lingam

श्री कालहस्तेश्वर स्वामी वायु लिंगम



Fujin, Wind God : Sculpture at Taiyu-in in Nikko, Japan

फुजिन, वायु देव प्रतिमा, जापान



Fujin, Wind God : Sculpture of Fujin from Sanjusangen-do temple in Kyoto, Japan

फुजिन, वायु देव प्रतिमा, जापान



Stribog God of Wind : Slavic Mythology

स्ट्रीबोह, वायु देव : स्लावाक



Raijin & Fujin : God of wind and Thunder, Japan

राईजिन और फुजिन : वायु एवं विद्युत देव, जापान



Raijin : God of Thunder, Japan

राईजिन : विद्युत देवता, जापान



Oya , Goddess of Winds, Brazil

ओया, वायु देवी, ब्राजील




Lungta, Inner Air God, Tibet

लूंगटा, आन्तरिक वायु देव, तिब्बत



Aeolus, The Rular of The Winds : Greek Mythology

एयुलस, वायु देव : ग्रीक देवशास्त्र



Shu, Vayu Dev : Egypt

शु, वायु देव : मिस्र



Israfel blows a trumpet (nafir)

इस्राफेल



Boreas, God of Winds : Ancient Greek

बोरिअस, वायु देव : प्राचीन ग्रीक



Anemoi, God of Winds : Ancient Greek

ऐनेमोइ, वायु देव : प्राचीन ग्रीक




Szelanya (Old Turkic), The Goddess of Wind : Hungry

स्जेलान्या, वायु देवी : हंगरी



Enlil, God of the Wind : Mesopotamian

ईनलिल, वायु देव : मेसोपोटामिया



Enlil & Ninlil, God & Goddess of the Wind : Mesopotamian, Sumeria

ईनलिल और निनलिल, वायु देव और देवी : मेसोपोटामिया, सुमेरिया



Vayu-Vata, Zoroastrian Divinity of The Wind and of the Atmosphere : Kushan Era

वायु–वात, जरथुष्ट्र धर्म : कुषाण काल



Ninurta, Sumerian God of Springtime Thundar and Rainstorms

निरुता, वसन्त के तूफान और वर्षा वायु देव : सुमेरिया



Kon, The God of Rain and Wind : Pre-Inca

कोन, वर्षा एवं वायु देव : प्राचीन इंका



Huracan : Maya God of Wind, Storms and Fire

हुराकन : वायु, तूफान और अग्नि देव, माया संस्कृति



God of Wind : Greek

वायु देवता : ग्रीक



Shri Shani Dev

श्री शनि देव



Shri Viswakarman Dev

श्री विश्वकर्मा देव



Shri Viswakarman Dev

श्री विश्वकर्मा देव




Statue of Vayu Devta

वायु देवता की प्रतिमा




Flying Gandharavraj Statue : South East Asia

उडते हुए गन्धर्वराज की प्रतिमा : दक्षिण पूर्व एशिया




Mahrishi Kapil

महर्षि कपिल



Saraswati Devta Blessing Mahrishi Yajnvalkya

सरस्वती देवता महर्षि याज्ञवल्क्य को वरदान देते हुए



Vayu Tattva in the Body : "YAM"

शरीरस्थ वायु तत्त्व : ''यँ''



Mahrishi Vashistha & Raja Janak

महर्षि वशिष्ठ और राजा जनक



Ravan & Mandodari

रावण और मंदोदरी




Guru Gorkshnath Statue : Nepal

गुरु गोरक्षनाथ प्रतिमा : नेपाल



Airavateswar Temple, Tamilnadu

ऐरातेश्वर मन्दिर, दारासुम, तमिलनाडु



Satchakra Nirupan

षट्चक्र निरूपण



Mahrishi Yagyavalkay of Shukla Yajnavalkya

शुक्ल यजुर्वेद के महर्षि याज्ञवल्क्य



Shri Angira Rishi

श्री अंगिरा ऋषि



Shri Astamurti Shiva

श्री अष्टमूर्ति शिव



Shri Astamurti Shiva

श्री अष्टमूर्ति शिव



Vayurbrahm Namo Namah
The Life Energy of the Universe

Vayu or Vaat wind is a mystery among the five great elements. The Vaidic science presents the deepest and secret Sanatan Gyan-eternal knowledge of the five great elements in the form of a formative puzzle. It is a very surprising revelation that the Vayu-wind god is Paramesthi. He is Brahm and Vishwakarma and also the god of the universe.

Pursuit of Akash-Sky, the first element, third element Agni-fire (fiery sun), the fourth element water (Varun, Apah) and the last element Prithivi-earth has concluded that all of them are Paramesthi, or the most important Paramesthi has five forms. Despite appearing to be interconnected the five elements are unrelated. The elements have five peculiarities or forms. The element is shaped by its paramount

quality. Therefore, the basis of the peculiarities is the dominant Paramesthi of the element. The Vedas mention divine power as a triumvirate of divinity, Devta, God-Ishwar and Paramesthi. Paramesthi enjoys the supreme position.

Antriksh-Space, Akash-Sky and Mahakash are three different forms. Truth is the basis of the Akash-sky and the Prithivi-earth in Vaidic Richas. The king of Vaidic gods, Varun, Dyues, Surya, Rudra and the soul of the earth follow the truth-Satya. Don't be surprised, the Vaidic Vayu-wind god is also the founder of Satyadharma. The wind god is the breath and soul of the life in universe. Mahakash or Paramvyom contains Mahasalil of divine Vayu. Vayu is spread all over the universe. Rigveda separately describes the Divya Vayu of the universe and the temporal wind-Vaat of the earth. Among the most ancient religious texts of the world only the Veda distinguishes the difference between the divine wind (Mahavayu) and temporal wind (Vaat) so that there is no confusion between Brahmandiya Vayu and Vaat. For the sake of convenience, the Vaidic science has called Diya Vayu as Mahavayu.

According to the Vaidic science, the Mahavayu of the Paramvyom is an achiever-Smasti and its smallest temporal Vaat-Vayu is Vyasti Praan. The Vedas mention that the wind generated by Purush-Great Men (Paramesthi) is invisible and only its "Swar Naad" is audible. Wind is a living god who is the solidifier of the universe. On the other hand, the Rigveda maintains that the origin of the divine wind god is unknown. What does the Mantra Drashta Rishi of the Vedas says about it?

The Veda declares wind god to be 'Amrit Koshagar' who grants eternal life. The Richas of wind god have clearly asserted that "only with the kindness of wind god it is possible to have a desired long span of life. It is an Avaidic thought that a man's life is fixed by god". Vayu Vidya does not fix a limit on the longevity of a man's life. It is also true in Akash Vidya. The 'Vayuyastra or Ankush' or the liking of

the wind god matters most. Keeping on mind the Amarattva Nidhi and Sarvasamharkta Mahashakti of wind god it has been kept in utmost secrecy from the Vaidic era and dedicated to Lok Kalyan. Each Sukta on wind and Vaat in the Rigveda testifies to this. In all the three Vedas—Rigveda, Yajurveda and Atharvaveda—there are merely 123 Richas of all-powerful Vayu Devta. The use of the word Maruta for wind in many places in the Vedas is a trap even though Maruta is an independent god. The science of living considers Maruta to be a strand of knowledge.

The 'Vayu-Praan-Raja' appears in a different incarnation in the Vedas. Like the Shasta Rudra of the Vaidic gods, the Vayu Devta is the Mahabhaishajya Vaidyanath, possessor of all the knowledge, killer of the enemies, justice dispenser, defender of the world and Ish of the world. The Rudra form of the wind god is surprising. According to the Varunvidya Maharahasyam, Suryavidya etc both Rudra forms are true. The Vayu God forms vary from the abode of Manojav to Myabhu, Shambhu, Divya Chetana, Atmashakti, always on the move great soldier and giver of life etc. The supremacy of the wind god among the Vaidic gods assign him the top-most in Sompan place in Yajna-Anushthan. Next to him is placed Devraj Indra. The Vedas accorded wind god's life-giving energy the top slot. He was called Jagat Praan: "Vayurvisvamidam sarvam prabhu vayasch kiritit".

In praise of Vayu god, the Shrutis sing out: 'Namaste Vayo. Tavmeva pratayksham brahmasi. Tavameva pratakshyam brahm vadishami. Satyam vadiashyami, Tanmamvatsu.' (Taittiriyopanishad). "Namoh Vayaveantrikshakshite lokshite" (Chandogyopanishad). The Praan Stuti of Atharvaveda introduces the kingdom of Praanvayu. Bhagwat also has a Praan Stuti.

The 'Vayu's Pavan' name originated from the Durgandh Haran of Diyva Somras. Wind came to be known as Matrishva because of its prevalence in space. The bright-as-moon Diya Rath of the wind god and its 999 mares has a spiritual meaning. With this analogy, the

Vaidic Rishi is imparting knowledge about the pulse-Nadi in the human body and the air circulating through it. The Vedas have studied in detail the relation between the body and life.

The Yajna ritual full Yajurveda has been designated as Vayuveda and Samveda as Praanveda. Yajurveda originated from Vayu. The lone Mantradrashta of Vayuveda is Yajnavalkya who received knowledge of Yajurveda from Surya Devta. He formulated the spiritual, divine and physical duties of the ten Praan Vayu in the body—life, disability, Praan, Apan, Udan, Saman, Vyan, Naag, Koorma, Krikar, Devdatt and Dhananjay. Yajnavalkya Rishi created the Kaljayi Kritis of Shatpath Brahmin, Brahadaranyakopanishad etc. He is the first person of Vayugyan. Maharishi Yagyavalkya said in Shatpath Brahmin he is the lone Dev praandev.

Vayu appears unexpectedly as 'Gandharva'. As a Gandharva, king the Vaidic Vayu is the king (Nagraj) of the hills. The hills had wings in the Vaidic era. The intensity of wind was converting the hills into big mountains of sand. Vayu was called the Praan Raja in the Vaidic era. Praan was regarded as the originator of the world. Veda is the basis of Praan. It introduces the concept of body with five Praans, seven Praans, ten Praans etc. All the Vedas constantly repeated that death can be easily defeated with the rituals of Vayu. The basic Mantra of the Vaidic Vayuvidya is uniformity of all Praans.

Chaturveda Atharvaveda has a description of abdication of wind, fire, Indra etc by 'Diyva Yaksha'. Not a blade of grass stirred because of the power of the wind etc. Yaksha dissolves in the sky and in its place arises 'Hemvati Uma' whose sermon is then revealed. Inspired by this episode, the Mantradrashta Rishi describes the secret knowledge of Kundalini Jagran and Brahmarandhra Yog of the mind. The Richas of Brahmnagari, 'Ayodhya', the abode of the Devas etc exist in a symbolic language of the Vedas. This Brahmpuri is in the hearts. It is Ayodhya that prevents the conflict between godly and demonic emotions. The head of the Yog is treasure of the Devas. The Yajurveda

and Atharvaveda is the treasure house of the Vaidic ways of doing Yoga and Pranayam. In the language of the Veda the 'Saptrishi' inside the body is the seven prominent Praans.

The ten Prajapatis fall in the category of ten winds, ten Praans and ten wind ways. The great Veda warrior Indra has to seek the cooperation of Vayu to slay the demon Vritra. Vedas declare wind and fire as Devi Hota. Several questions are raised regarding the Yajna in Yajurveda. 'Yajna' in the Vedas has many meanings. Brahmavid conduct five Maha Yajnas every day—Devyajna, Pitrayajna, Brahmyajna, Bhootyajna and Manushyajna-Naryajna. There is also a long tradition of conducting Gyanyajna and Bhaktiyajna. "The meaning of Yajna is doing anything pious or related to devotion". During the Vaidic period, temporal Yajna was the medium to please the wind god. In the fire of the Yajna offerings are made to Vayu by chanting Pranaya Swaha, Apanaya Swaha, Udanaya Swaha, Samanaya Swaha, Vyanaya Swaha, Naganya Swaha, Koomarya Swaha, Krikraya Swaha, Devdattaya Swaha and Dhananjaya Swaha. The tradition continues (See Yajurveda). Vayu is the Praan in the Veda which is circulating through the many parts of the body and 72000 pulses-Nurves-Nadi. Each individual has different types of Praans in him.

The Vagambharini Sukta (10.125.1-8) is considered the Sukta of both Vaak and Vayu. It touches all the Loks. The language of the Rigveda, Yajurveda and Atharvaveda richas of Vayu Devta is a deep secret, revealing the styles of Kootatmak, Sanketatmak, Prateekatmak, Abhivyanjanatmak, Dhvanyatmak, Sutratmak, Goorh, Bahuarthi etc (ornamental, expressive, phonological, coded, symbolic, suggestive, compounding, mystic, evocative of sound, multi meaning, philosophical, compact, language of passion, unintelligible, imaginative vitality, rhythmic, transcendent, multiform, allegorical and illustrative etc.) The Vaidic Sanskrit in the three Vedas is very different from the present day Sanskrit. That is why the Vayu Vidya of the three Vedas has remained a code of secret knowledge. That is to say, Vayubrahm spins a cobweb and leaves.

Vedant or Upnishad is only able to partly explain the intentions of the Vaidic Vayu Devta. Veda has a startling reference to 'Acharyo Mrityu'. The Upnishad elaborates the story of 'Yam and Nachiketa'. All the 108 Upnishads and unpublished Upnishads (published in Adyar) directly or indirectly mention Vayu and Praan. The much discussed Prashnopnishad has Praan Stuti. Fuller light is thrown on Praanvayu in Shwetaswottar Upnishad, Kath Upnishad, Kenopanishad, Mundak Upnishad, Chandogyopanishad, Ishvasyopanishad, Mandukyopanishad, Brahadaranyakopanishad, Taittiriyopanishad, Etarayopanishad, Kaivalyopanishad, Narayanopanishad, Bhavnopanishad, Trishikhibrahmanopanishad, Chittavritinirodh Upnishad etc.

Upnishad makes an extraordinary claim that Vayu is the "Samidha" offering in the Brahmandiya Yajna. It also says that constantly Yajna is performed on the earth on its navel. According to the Upnishad, Vayu is not a body but a Praan Brahm. Vayuvidya helps reach Brahm. Upnishad has clarified that in a spiritual sense Vayu is Praanshakti and in a Aadhidaivik and physical way it is Veer-Soor. Praan is the soul. The Surya Praan is supreme. Praan is 'Ra'. The seed of Surya and Agni are 'Ra'. Spiritual fire is a Chitta Tattva. In the Praan Yajna, Vayu is Udgata, Adhyardh, Ukth, Udgitha etc. Angiras is the flavor of Praanang. All organs are linked to Praan Vayu. The mind is linked to Praan and Praan is tied to the soul. It means that Vayu is a Chetan Tattva. The Asur sentiment disappears in Praan Upasna. Kathopanishad has revealed that there is similarity between Vayu and soul. Mundak Upnishad says that Praanotpatti came from Brahm.

There is no unanimity on defining the functioning and place of Sharirasth Dash—Vayu, Praan, Saman, Apan, Udan, Vyan, Naag, Koorm, Krikar and Dhananjay. What is important is that almost all Upnishads agree on nine Vayus—Praan, Apan, Udan, Saman, Vyan, Naag, Koorm, Krikar. The last Dasham Vayu Dhananjay remained unanswered for Mantrdrashta Rishis or a different view was held on Dhananjay. Dhananjay remains with Vyan Vayu and circulates through

all the nerves. Vyan Vayu is present in Sahsrar. From this point of view, the abode of Dhananjay is Sahsrar-Brahrandhra. Dhananjay does prevent decomposition of dead body, staying in the body for at least four hours after the death. Karmakand holds that Dhananjay transports the soul of the dead to Chitraguptpuri. The special quality of Dhananjay Vayu includes Shoth, Swar, Naad and Ghosh. This Naad (Divine Sound) helps in facing Brahm physically. Dhananjay is the beauty of the body. It is the halo of the body. It is also nutritious. It travels in mind at a speed faster than light.

From the Prithivi-earth to Satyalok, Vayu has seven or ten Skandhas. These are Pravah Vayu, Avah Vayu, Savah Vayu, Vivah Vayu, Udvah Vayu, Parivah Vayu and Pareevah Vayu. The Brahannardiya Puran and Vayu Puran have complete description of these. The 49 Maruts of Yajurveda are described in an interesting way in Vayu Puran. The 49 Marut Vayu have seven pairs of seven Skandhas each.

Ved Maharishi Vasisth has nicely presented “Yog Vasisth” on the spiritual and divine aspects of Vayu. Vayu has been described as pure “Chetan Brahm” in the Yog Vasisth of 32,000 Shlokas. The difference between Mahavayu and Praan Vayu, Praan Vayu dissolved in Mahavayu, enlightenment by Spand Chit, Asht Siddhi from Vayu Sadhana; Praan Sadhana for complete end of ailment, body Ling in Praan Vayu, Praan Vayu as the mind, Chitta Vayu Roop, Parkaya Pravesh etc have been explained in detail. Maharishi Vasisth has repeated the Rigveda teaching that Vayu is ‘Amrit Kiran’. He calls ‘Pavan Vayu as Brahm Roop’. He simplifies the intricacies of the Yog of Vayu Vidya. He firmly believes that Vayu is free of the boundaries of the sky. The Rechak, Purak and Kumbhak of Brahmgyanis are fully obedient.

The poisonous bacteria in the world are part of the crisis arising from toxic climate. There is a 12-letter Mantra for global eradication of pandemics (Yog Vasisth). This 12-letter Mantra respects Mahabhishajya Surya Devta. Adi Surya Savita Devta-Surya cures the

incurable diseases with three Richas of Rigveda. (Trich Bhaskar of 1700 A.D. Shri Bhaskar Rai Krit.)

The mysterious Vayupuri of Brahmaswaroop Vayu Devta also exists in Bhoo Akash-Prithivi Swarg i.e. Kailas. Vayu Devta established Ekadash Rudra and Dwadash Aditya on Vayupuri. Divya Vayupuri has four ponds. Bathing in these ponds absolves one of even the most serious crime of Brahmhatya. Vayu Devta's Puri is called Gandhavati in Shrimrigendra Tantram. It has a yellow flag and (Puri) made of rare stones. According to Lingpuran and Swachand Tantra, Vayupuri is situated in Mahameru Chakra Kailas (Earth-Sky zone). From the point of view of life science of Vaidic gods. Vayupuri is situated in Brahmkshetra-Mahameru Brahmrandhra. Vayu Puran informs us that Anjani gave birth to Hanuman in Vayupuri. Vayu Devta worshipped Sarveshwar Rudra in Jambodweep Naimisharanya etc. From Dhoolok Divya Nadi Ganga appeared in the dreadlocks of the Maharudra Shiva. Vayu Dev considered Ganga Archana at the confluence of Ganga, Yamuna and Saraswati at Prayagraj. Devi Ganga stopped at the Archana spot of Vayu Dev. Ganga halted its flow further to Kapil Muni's Ashram ahead. Maharaja Bhagirath felt Ganga's halt a failure of a longing. Vayu Dev melted upon prayers of Bhagirath and Ganga proceeded further towards Gangasagar. He (Vayu Dev) also did Rudraradhana in the south.

The extraordinary mystery of Vayuroop Mahadev and Dash Ling in Vayu Kon is most conclusively solved by Rudrayamal Tantra. It proves that the Vayu Ling of Vayu Devta has Nirakar Swaroop. Following this tradition, Vayu in Gotamiatantram has been described as Vasudev (Paramesthi). From Maharudra's Aalay in Kailas a direct line to southern India go to five Ling Swaroop temples of five Mahabhoots. Forty five kilometres from Tirupati in Andhra Pradesh is located Shrikalhastishwar Vayu Lingam. According to Devshastra, at one time the Lingam was made of camphor and even the Pujaris will not touch it. In the present time, Stuti in Vayu Lingam Devalaya bring relief from the fury in all planets. There is an Ashtamurti of Sadashiv, according to

Lingpuran and Brahmapuran. One of the Vayu Murtis is Ugra. Surya Sidhanta maintains that Vayu is the head repository of truth, creativity, intellect, entire Sanatan knowledge, supreme power, leadership, spiritualism etc. The planets of Vayu Dev are justice loving Shani and Rahu. Vayu Devta is Ashu Prsanna and Odhardani.

In Tantra Shastra mention of Vayu Devta's lost Mantras, Stotra, Stuti, Astotarsatnam, Sahasranam, Yajna Mantra, Vayu Mahiman Stotra, Vayu Apradhkshama Stotra, Vayu Kavach, Vayughoratra, Vayopanihad, Indrakrit Vayu Stuti, Vayu Digbandhanam, Ashtsiddhi Vayu Stotram, Sarvakalyanprada Shrivayuashatkam etc are the matters of research. In Shaiv Mat, Vayu Devta is regarded most important (Rudrayamal and Brahmyamal). In Panchratra Agam Vayunarsimh, in Vishnupuran Vayu Gandharvaraj, in Harivansh Puran Vayu Devta is a Vasu. In Shakt Mat, Vamkeshwari Stuti and in Manthan Bhairav Tantra Vayu is considered respectful. The Tantralok by Shrimadabhinavgupt 'Ka' is Brahm and 'Kha' is sky. 'Kha' is pronounced in ten different ways. Raav is also of ten types. Worship of Raav is called Ravinividya. Lankeshwar Dashanan Ravana was Paramacharya of Vayuvidya, Ravinividya and Suryavidya.

A short list of material for worshipping Vayudev is available in Shrivishnudharmottar Puran (Oriental Institute, Baroda), Sharda Tilak, Karmath Guru, Poojaprakash, Mantramahodadhi, Agam Rahasya, Shiv Swarodaya Tantra, Acharya Shankar's Nirvan Shatkam, Krityakalpataru, Brahmandpuran, Brahmpuran, Vayupuran, Shivpuran, Lingpuran, Adhbhut Sagar, Hemadri, Vamkeshavarimat, Rudrayamal Tantra, Mrigendra Tantra, Swachand Tantra, Tantra Lok, Mantra Kosh etc. The lone Shrivishnudharmottar Puran contains description of Stuti of idol of Vayu Dev. According to Mantra Kosh, Rudrayamal Tantra etc Vayu beej is 'Yam' and worshiping Vayu Kavach of Shakini Devi. Tantralok details Vayu Dharana. The Shiv Rudra Ling of Vayu Dev is made of Aarkut-Peetal-brass. Vayu Kon has description of Ganesh Puja. According to the Veda, Vayu is the 'Ishavah of Udichi' Disha. The names of Vaidic directions (Disha) are different from today.

The words for the Vaidic directions are not available in Shabd Kalpadrum etc.

It is an eighth wonder that Brahman texts have called Vayu Dev as Varah-Boar. Ramcharit Manas mentions the 49 Maruts of Yajurveda in Lanka Dahan.

In the ancient religions of Jambodweep, Vaidic Vayu appears in divine form. In Jainism, Vayu is world's protector Dikpal. In Buddhism, Vayu is a 'Dhatu'. In the Vajrayan of Buddhism, Vayu is protector of Disha, in Theravad Vayu is Dev Putra and also Dharmapal. Vayu Dev has different names in the civilizations of ancient Egypt, Greece, Roman, Assyrian, Sumerian, Mesopotamian, Inca, Persian, Mayan etc. Vayu is a prominent god of Tao and Shinto religions, Persian, Zoroastrians, Christianity etc. In brief, Vaidic Vayu Devta dominated all the seven continents and continues to do so.

The net (sorcery) or Indrajal of Vayu Devta is spread over Natya Shastra, Vastushashtra, Kanth Sangeet, Shilpkala, Chikitsa Vigyan, Ayurveda, Prakritik Chikitsa, Murtikala, Khagolvigyan, Antarikshvigyan, Jyotish etc. It may be mentioned that the secret study of treatment of all diseases and Ashtsiddhi or Sarvarth Siddhi has continued. Vaidic Rishis in the glaciers of Kailas mountains are imparting the knowledge of Vayu Vidya in invisible Siddha Ashrams. These Ashrams include the much talked about Gyanganj Ashram (Shambhala is the holiest place). The Gyanganj Siddh Ashram is imparting knowledge in Vayu Vidya, Surya Vidya, Nakshatra Vidya, Swar Vidya, Chandra Vidya, Akash Vidya etc. Gupta Gyan Samhita (secret doctrine) has claimed that Acharya Shankar has been meditating in Kailas for 5600 years.

Thus, Vayu Devta is universal, inconceivable, all-powerful and omnipresent Paramesthi. The subject of Vayu Devta has been kept most secret in extremely Kootatmak, Sanketatmak, Prateekatmak, Abhivyanjanatmak, Sutratmak, Dhvaniyatmak, Goorh, Bahuarthi etc. Perhaps, the Vaidic Rishis worried about the misuse of almighty Vayu

Vidya. The lost Agams of Vayu Vidya have become a matter of research.

Some of the lost literatures on Vayu Vidya are being presented in a brief form which may facilitate to prove that India has been the spiritual Guru of the world and continues to be one. Vayu Vidya has been the spirit of welfare of the world, Vayu Shanti, Vayu Niranjanata and Vayu Samvardan.

In the series on Panch Bhoot, you might have received research compilation books on Akash Vidya, Varun Vidya, Surya Vidya, Prithivi Vidya, Kailas Maharasyam and Ved Aushadhi Kalpataru. Vayu Vidya is the last in the Panch Bhoot series. Whatever was considered adequate has been written about Paramesthi Vayu. Rest is for further researchers.

Vayurdharayte Lokan Vayumayah Smritah.
Sarvagam Vayuroopam Te Vayumurte. Namostu Te.
Tantrasamuchya Pratham Patal.



वेद शोध शृंखला : 8
पँच महाभूत शृंखला : 5 अन्तिम

वायुर्ब्रह्म नमो नमः
वायु : ब्रह्माण्डीय जीवनीशक्ति



पँच महाभूतों में द्वितीय महाभूत वायु तत्त्व का रहस्य तिलिस्मी है। वैदिक विज्ञान अर्थात् ब्रह्मविद्या–सृष्टिविद्या–आत्मविद्या पँच महाभूतों के गूढ़तम, गोपनीय सनातन ज्ञान को सूत्रात्मक पहेली में प्रस्तुत करता है। यह बहुत चकित करनेवाला रहस्योद्घाटन है कि ''वायु देवता परमेष्ठी है। वायु देवता ब्रह्म है, वायु देवता विश्वकर्मा है और वायु देवता ही जगत् के प्रभु हैं।''

इससे पूर्व प्रथम महाभूत आकाश, तृतीय महाभूत – अग्नि (तेज सूर्य), चतुर्थ महाभूत जल (वरुण, आपः) एवं अंतिम महाभूत पृथिवी के अनुशीलन का

निष्कर्ष रहा कि ''सभी परमेष्ठी'' हैं। अर्थात् पाँचों महाभूत परमेष्ठी हैं अथवा सर्वोपरि परमेष्ठी के पाँच स्वरूप हैं। ये पाँचों महाभूत सम्बद्ध होते हुए भी असम्बद्ध प्रतीत होते हैं (सभी महाभूत में पाँचों तत्त्व समाहित हैं और जिस तत्त्व का आधिक्य है वही भासता है। इसलिए प्रत्येक गुण का मूल परमेष्ठी तत्त्व है।)। वेद में दिव्य शक्ति के तीन सौंपान–देवता, ईश्वर एवं परमेष्ठी हैं। इनमें सर्वोच्च सत्ता परमेष्ठी की है।

ऋग्वेद में अन्तरिक्ष, आकाश और महाकाश तीन भेद हैं। वैदिक ऋचा में आकाश एवं पृथिवी का आधार सत्य है। वैदिक देवों के सम्राट वरुण देवता वैदिक देवों के शास्ता और जगत् की आत्मा सूर्य सत्य के पालक हैं। ये तीनों सत्यधर्मा, सत्य के पालक हैं। चौंके नहीं! वैदिक वायु देवता, भी सत्यधर्म का अधिष्ठाता है। ''वायु देवता ब्रह्माण्डीय जीवन की श्वास है, आत्मा है।'' महाकाश या परमव्योम में वायु का महासलिल है। ब्रह्माण्डों में वायु पसरा हुआ है। ऋग्वेद परमव्योम अथवा ब्रह्माण्डों के ''दिव्य वायु'' और पृथिवी पर प्रवाहित ''लौकिक वायु'' को अलग–अलग रेखांकित करता है। विश्व के प्राचीनतम धर्मशास्त्रों में ''एकमात्र वेद अलौकिक वायु (महावायु) और लौकिक वायु (वात) के भेद को स्पष्ट करता है।'' जिससे ब्रह्मविद वायु और वात को लेकर विभ्रम में नहीं रहे। वैदिक विज्ञान में सुविधा के लिए ''दिव्य वायु को महावायु'' नाम दिया गया है।

वैदिक विज्ञान की दृष्टि से ''परमव्योम का दिव्य ब्रह्माण्डीय महावायु समष्टि है और उसका सूक्ष्मांश लौकिक वात वायु व्यष्टि प्राण है।'' ''वेद में कहा गया है कि विराट् पुरुष (परमेष्ठी) (श्वास) से उत्पन्न वायु अदृश्य है और उसका स्वर, नाद घोष ही सुनायी देता है। वायु प्रत्यक्ष देवता है।'' वह सृष्टि – ब्रह्माण्ड निर्माता त्वष्टा का जामाता है। इसके विपरीत ऋग्वेद में यह कहा है कि ''वायु देवता की उत्पत्ति अज्ञात है।'' वेद के मन्त्रद्रष्टा ऋषि के इस कथन से क्या आशय है ?

वायु देवता को वेद ''अमृत निधि'' घोषित करता है। वे अमरत्व प्रदान करनेवाले हैं। वायु देवता की ऋचाओं में स्पष्ट घोषणा की गई है कि ''वायु कृपा से मनचाही लम्बी उम्र पाना सम्भव है। अतः यह अवैदिक विचार है कि ईश्वर ने मनुष्य की आयु निश्चित की है। वायु विद्या में मनुष्य की उम्र की कोई सीमा नहीं है।'' यही स्थिति आकाश विद्या में है। वायु देवता का ''वायुयस्त्र एवं अंकुश'' अथवा पाश सर्वशक्तिमान है। वायु विद्या के ''अमरत्व निधि एवं सर्वसंहारकता महाशक्ति'' होने को ध्यान में रखकर ही इसे वैदिक काल से गुप्त से गुप्त रखकर लोक कल्याण को समर्पितों को ही दिया गया।

''ऋग्वेद में वायु और वात के एक–एक पूर्ण सूक्त का होना इसकी पुष्टि करते हैं।'' तीन वेदों– ''ऋग्वेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेद में सर्वशक्तिमान वायु देवता की मात्र 123 ऋचाएँ हैं।'' वेद में अनेक स्थानों पर ''मरुत् शब्द वायु के लिये प्रयोग'' में लिया जाना चक्रव्यूह है। यद्यपि मरुत् स्वतन्त्र देव भी है। जीव विज्ञान की दृष्टि से ''मरुत् ज्ञानतन्तु'' है।

वेद में ''वायु–प्राण राजा'' के नव अवतार में प्रकट होते हैं। वैदिक देवों के शास्ता रुद्र की तरह वायु देवता महाभैषज्य वैद्यनाथ, सभी विद्याओं के ज्ञाता, सत्यपालक, संहारक, सृष्टिकर्ता, पालक, अरिहन्त, न्यायकर्ता, जगत् रक्षक, जगत् के ईश आदि हैं। वायु देवता का रुद्र स्वरूप होना आश्चर्य चकित करता है। रुद्र अष्टमूर्ति में वायुलिंग है। रुद्र उग्र रूप में वायु मूर्ति है। वरुणविद्या महारहस्य, सूर्यविद्या आदि के अनुसार दोनों रुद्र स्वरूप हैं। वायु देवता मन की गति से विहार करनेवाले (मनोजव), मयोभू, शंभू (समृद्धि, आनन्द प्रदाता), दिव्य चेतना, आत्मशक्ति, सदैव गतिमान, महान सेनानी, जीवनीशक्ति आदि हैं। ''वैदिक देवों में वायु देवता की श्रेष्ठता उन्हें यज्ञ–अनुष्ठान में सर्वप्रथम सोमपान कराना दे रहा है।'' वायु देवता के सोमपान के बाद देवसेनानी इन्द्र को सोम देते हैं। वेद में वायु को ''जीवनी ऊर्जा'' का सर्वोच्च स्थान मिला। वे ''जगत् प्राण'' कहलाये। ''वायुर्विश्वमिदं सर्वं प्रभु वायश्च कीर्तितः।''

श्रुति में वायु का महिमा गान करते हुए गाया गया : ''नमस्ते वायो। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मसि। त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। ऋतं वदिष्यामि, सत्यं वदिष्यामि। तन्मामवस्तु।।'' (तैत्तिरीयोपनिषद्)।। ''नमो वायवेऽन्तरिक्षक्षिते लोकक्षितै..।।'' (छान्दोग्योपनिषद्)।। अथर्ववेद की ''प्राण स्तुति'' प्राणवायु के साम्राज्य से परिचय करवाती है (भागवत में भी प्राण स्तुति मिलती है।)।

वेद में दिव्य सोमरस की दुर्गन्ध हरण से ''वायु का पवन'' नामकरण हुआ। वायु अन्तरिक्ष में परिचलन से मातरिश्वा कहलाये। वैदिक वायु देवता का चन्द्रमा सा चमकता दिव्य रथ एवं उसमें नौ से नौ सौ निनयानवे (999) घोड़ियाँ का अध्यात्मिक अर्थ है। वैदिक ऋषि इस उपमा से शरीर की नाड़ियों की संख्या और उनमें प्रवाहित वायु का गुप्त ज्ञान दे रहा है। वेद में प्राण और शरीर के सम्बन्धों को विस्तार से समझाया गया है।

''यज्ञ अनुष्ठान परक यजुर्वेद को वायुवेद एवं सामवेद को प्राणवेद की संज्ञा दी गई है। वायु से यजुर्वेद की उत्पत्ति हुई।'' वायुवेद के एकमात्र मन्त्रद्रष्टा ऋषि याज्ञवल्क्य हैं। परम ऋषि याज्ञवल्क्य ने सूर्य देवता से यजुर्वेद का ज्ञान प्राप्त किया। याज्ञवल्क्य ने दश प्राण (वायु), दश प्राणभृत, उनचास

वायु, प्राणों की (वायु) आहुति आदि को प्रतिपादित किया। योग याज्ञवल्क्य में शरीर में दश प्राणवायु–प्राण, अपान, उदान, समान, व्यान, नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त एवं धनंजय के अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक शक्ति, दिव्यता एवं कर्मों को सार्वजनिक किया गया है। याज्ञवल्क्य ऋषि ने ही शतपथ ब्राह्मण, बृहदारण्यकोपनिषद् आदि कालजयी कृतियों की रचना की। वे वायु ज्ञान यज्ञ के प्रथम पुरुष हैं। उन्होंने कहा है कि एक ही देवता प्राणदेव है।

अप्रत्याशित रूप से ''गन्धर्व के रूप में वायु'' अवतरित होते हैं। वैदिक वायु गन्धर्व राज होने से पर्वतों के राजा (नगराज) हैं। वैदिक काल में पर्वतों के पंख रहे। दूसरे शब्द में प्रचण्डतम वायु के ताण्डव से पर्वतों, रेत के विराट् टीलों के रूपाकार बदल रहे थे अर्थात् चलायमान रहे। वेद में ''वायु–प्राण राजा'' कहलाये। प्राण को विश्व–जन्मन कहा गया। वेद प्राण के नियमन अर्थात् प्राणायाम का मूल है। यहाँ शरीर में पँच प्राण, सप्त प्राण, दश प्राण आदि का सिद्धान्त आया। सभी वेदों में लगातार दोहराया गया है कि ''वायु अनुष्ठान से मृत्यु को सरलता से पराजित किया जा सकता है। वैदिक वायुविद्या का मूल मून्त्र ''शरीरस्थ सभी प्राणों का एक चित्त होना है।''

''चतुर्थवेद अथर्ववेद में दिव्य यक्ष द्वारा वायु, अग्नि, इन्द्र आदि के गर्वहरण का आख्यान है।'' वायु आदि के महाबल से घास का तिनका भी टस से मस नहीं हुआ। आकाश में यक्ष विलुप्त हो जाता है और हैमवत्ती उमा प्रकट होती है। हैमवत्ती उमा का उपदेश सारगर्भित है। मन्त्रद्रष्टा ऋषि इस प्रकरण से ''कुण्डलिनी जागरण और मस्तिष्क के शीर्ष पर ब्रह्मरन्ध्र योग की गुप्तज्ञान विद्या'' का वर्णन कर रहे हैं। वेद की प्रतीकात्मक भाषा में ब्रह्मनगरी, अयोध्या, देवों का लोक आदि की ऋचाएँ हैं। यह ब्रह्मपुरी हृदय में है। ''दैवीय एवं आसुरी भावनाओं में संग्राम नहीं होने वाली अयोध्या है। योगी का शिर देवों का कोश है।'' अथर्ववेद में योग एवं प्राणायाम की वैदिक विधियों का कोष वर्णित है। ''वेद की भाषा में शरीर में सप्तर्षि वास्तव सप्त प्रमुख प्राण हैं।''

दश वायु, दश प्राण, दश वायु मार्ग के क्रम में दश प्रजापति आते हैं। उधर वेद में महान योद्धा इन्द्र को असुर वृत्र के वध के लिये भी वायु का सहयोग लेना पड़ता है। ''वेद वायु एवं अग्नि को दैवी होता'' घोषित करता है। यजुर्वेद के यज्ञ को लेकर अनेक प्रश्न उठते हैं। वेद के ''यज्ञ'' शब्द के अनेक अर्थ हैं। ब्रह्मविद प्रतिदिन पँच महायज्ञ–देवयज्ञ, पितृयज्ञ, ब्रह्मयज्ञ, भूतयज्ञ एवं मनुष्ययज्ञ करते हैं। इसके अलावा ज्ञानयज्ञ, जपयज्ञ, भक्तियज्ञ, ओषधियज्ञ आदि की लम्बी परम्परा है। ''यज्ञ का अर्थ–याग अथवा मख, कोई

भी पवित्र या भक्ति सम्बन्धी क्रिया, सत्कार्य, आत्मसमर्पण आदि है।'' वैदिक काल में लौकिक यज्ञ के माध्यम से भी वायु देवता को प्रसन्न किया जाता रहा। यज्ञ की अग्नि में सर्वप्रथम प्राणाय स्वाहा, अपानाय स्वाहा, उदानाय स्वाहा, व्यानाय स्वाहा, समानाय स्वाहा (नागाय स्वाहा, कूर्माय स्वाहा, कृकरा स्वाहा, देवदत्ताय स्वाया, धनंजय स्वाहा) उच्चारण कर वायु को आहुति दी जाती रही है और देना जारी है (देखें यजुर्वेद)। वेद में वायु ही प्राण है और शरीर के अनेक अवयवों, 72000 नाड़ियों (अथवा तीन लाख से अधिक नाड़ियों में) आदि में प्राणवायु प्रवाहित हो रही है। सभी में अलग–अलग प्राण है।

ऋग्वेद का ''वागम्भृणी सूक्त'' (10.125.1–8) वाक् एवं वायु दोनों का सूक्त माना जाता है। यह सभी लोकों को स्पर्श करता है। वायु देवता की ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद की ऋचाओं की भाषा कूटात्मक, संकेतात्मक, अभिव्यंजनात्मक, अध्यात्मिक, बहुअर्थी, रहस्यात्मक, ध्वन्यात्मक, संहत, संक्षिप्त, सूत्रात्मक, गूढ़, प्रतीकात्मक आदि है। तीनों वेदों की संस्कृत वर्तमान प्रचलित संस्कृत से भिन्न है। इसलिये ''त्रिवेदों की वायुविद्या गुप्तज्ञान संहिता'' रही। वायुर्ब्रह्म मकड़जाल बुनता है और समेट कर चल देता है।

वेदान्त अर्थात् उपनिषद् भी वैदिक वायु देवता की ऋचाओं के अन्तर निहित आशय को एक सीमा तक ही स्पष्ट करती है। वेद में ''आचार्यो मृत्युः'' का भौंचक्का करनेवाला उल्लेख आया। उपनिषद् में ''आचार्यो मृत्यु'' की व्याख्या यम एवं नचिकेता की कथा करती है। सभी एक सौ आठ उपनिषद् एवं अप्रकाशित उपनिषद् (अडयार द्वारा प्रकाशित) में वायु, प्राण का स्पष्ट, अस्पष्ट उल्लेख मिलता है। बहुचर्चित् प्रश्नोपनिषद् में भी ''प्राण स्तुति'' है। श्वेताश्वोत्तर उपनिषद्, कठ उपनिषद्, केन उपनिषद्, मुण्डक उपनिषद्, छान्दोग्य उपनिषद्, ईशावास्य उपनिषद्, माण्डूक्य उपनिषद्, बृहदारण्यक उपनिषद्, तैत्तिरीयोपनिषद्, ऐतरेयोपनिषद्, कैवल्योपनिषद्, नारायणोपनिषद्, त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्, भावनोपनिषद्, चित्तवृत्तिनिरोध उपनिषद् आदि प्राणवायु पर समग्रता से प्रकाश डालते हैं।

उपनिषद् में अभूतपूर्व घोषणा की गई है कि ''ब्रह्माण्डीय यज्ञ में वायु समिधा है।'' वहीं वेद कहता है कि पृथिवी की नाभि पर दिन–रात यज्ञ चल रहा है। उपनिषदों के अनुसार ''वायु अशरीर'' है, ''वायु प्राण ब्रह्म'' है, वायुविद्या से ब्रह्म की प्राप्ति होती है। उपनिषद् में स्पष्ट किया है कि ''वायु अध्यात्मिक रूप से प्राणशक्ति, अधिदैविक रूप से वायु एवं भौतिक रूप से वीर, सूर है।'' प्राण ही आत्मा है। सूर्य प्राण प्रधान है। प्राण ''र'' है। सूर्य एवं अग्नि का बीज (अक्षर) ''र'' है। अध्यात्मिक अग्नि चित् तत्त्व है। वायु प्राण

यज्ञ में उद्गाता, अध्यर्द्ध, उक्थ, उद्गीथ आदि है। प्राण अंगों का रस ''आंगिरस'' है। प्राण वायु से सभी इन्द्रियाँ बद्ध हैं। मन प्राण से और प्राण आत्मा से बद्ध है। इसका अर्थ यह है कि वायु चेतन तत्त्व है। प्राण में उपासना से असुर भावना छूमन्तर हो जाती है। कठ उपनिषद् में रहस्य खोला कि ''वायु एवं आत्मा में समानता'' है। मुण्डक उपनिषद् के अनुसार ''प्राणोत्पत्ति ब्रह्म से हुई।''

शरीरस्थ दश वायु–प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान, नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त एवं धनंजय के कर्मों एवं स्थान व्याख्या में उपनिषदों, तन्त्र आगम एवं पुराण एकमत नहीं हैं। यह सबसे महत्वपूर्ण है कि उपनिषद् – प्राण, अपान, उदान, समान, व्यान, नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त कुल नौ वायु पर (कर्म एवं स्थान एकमत या) लगभग सहमत हैं। अन्तिम दशम वायु धनंजय मन्त्रद्रष्टा ऋषियों तक के लिए अनुत्तरित रही अथवा प्रत्येक की दृष्टि धनंजय पर पृथक्–पृथक् रही। धनंजय व्यान वायु के साथ रहती है और समूचे शरीर की नाड़ियों में संचार करती है। व्यान वायु सहस्रार में भी अवस्थित है। इस दृष्टि से ''धनंजय का आलय आयतन सहस्रार, ब्रह्मरन्ध्र है। धनंजय मृत शरीर को नष्ट नहीं होने देती है। यह मृत्योपरान्त न्यूनतम चार घण्टे शरीर में निवास करती है। कर्मकाण्ड के अनुसार ''धनंजय मृत देह से सूक्ष्म शरीर को चित्रगुप्तपुरी लेकर जाती है।'' धनंजय वायु की विशेषता ''शोथ, स्वर, नाद, घोष, शोभा'' भी है। यह नाद के कारण ब्रह्म साक्षात्कार में सहायक है। यह उल्लेखनीय है कि धनंजय शरीर की ''शोभा'' है। अर्थात् ''धनंजय वायु शरीर का आभा मण्डल, तेज है।'' धनंजय पोषक भी है। यह मन की गति से विहार करती है। अर्थात् उसकी गति प्रकाशगति से भी तेज है। वैसे अग्नि का नाम धनंजय भी है। यहाँ धनंजय का आशय धन प्रदाता है। यह धन अध्यात्मिक, दैविक एवं भौतिक है।

पृथिवी मण्डल से सत्यलोक तक वायु के सप्त या दश स्कन्ध हैं। वायु के सप्त स्कन्ध–प्रवह वायु, आवह वायु, संवह वायु, विवह वायु, उद्वह वायु, परिवह वायु एवं परीवह वायु हैं। इनका बृहन्नारदीय पुराण एवं वायु पुराण में सम्पूर्ण वर्णन है। स्वच्छन्द तन्त्र में भूलोक से सत्यलोक तक दशवायु स्कन्ध एवं दश वायु मार्ग का वर्णन है। यजुर्वेद के उनचास मरुत् वायु पुराण में नये रोचक वृत्तान्त में प्रकट होते हैं। ये उनचास मरुत् वायु हैं और सात–सात के जोड़े में वायु के सप्त स्कन्धों के स्वामी हैं।

वायु के अध्यात्मिक, दैविक पक्ष को वेद के महर्षि वसिष्ठ ने योग वासिष्ठ में सहजता से प्रस्तुत किया है। बत्तीस हजार श्लोकवाले

योग–वासिष्ठ में ''वायु को शुद्ध चेतन ब्रह्म'' कहा है। योगवासिष्ठ में महावायु एवं प्राण वायु में भेद, महावायु में प्राण वायु मिलन, वायु स्पन्द चित्त से बोधित, वायु साधना से अष्ट सिद्धि, प्राण साधना से शरीर की समस्त व्याधि विनाश, प्राणवायु में लिंग शरीर लय, प्राणवायु ही मन, चित्त रूप वायु, परकाया प्रवेश आदि गूढ़तम विषयों की व्याख्या की है। महर्षि वसिष्ठ ने ऋग्वेद के कथन को दोहराया है कि वायु अमृत किरण है। वे ''पवन वायु को ब्रह्म रूप'' कहते हैं। योगवासिष्ठ वायु विद्या के योग, प्राणायाम की जटिलताओं को सरलीकृत करता है। उनकी दृढ़ मान्यता है कि ''वायु आकाशीय सीमा से स्वतन्त्र है। ब्रह्मज्ञानी के रेचक, पूरक एवं कुम्भक आज्ञाकारी होते हैं।''

योगवासिष्ठ में विश्व में विषाक्त जीवाणु, विषाक्त वायु के महासंकट पर राक्षसी कृकटी प्रकरण है। इसमें ''बारह अक्षर का वैश्विक महामारी निवारण मन्त्र है। इस बारह अक्षर के मन्त्र में महाभेज्यम् सूर्य देवता आराध्य हैं। ऋग्वेद की तीन ऋचाओं के द्वारा आदिसूर्य सविता देवता असाध्य रोगों का निवारण करते हैं (श्री भास्कर राय कृत सन 1708 का तृच भास्कर)(प्रकाशन प्राच्यविद्या संस्थान, बडौदा)।

ब्रह्मस्वरूप वायु देवता का रहस्यमय ''वायुपुर भूलोक के आकाश अथवा स्वर्ग पर भी'' है। वायु देवता ने वायुपुर में एकादश रुद्र एवं द्वादश आदित्य स्थापित किये। दिव्य वायुपुर में चारकुण्ड–रुद्रकुण्ड, सूर्यकुण्ड, ब्रह्मकुण्ड एवं विष्णुकुण्ड हैं। यहाँ पूजा, अर्चना, स्नान आदि से ब्रह्महत्या के पाप से भी मुक्ति मिलती है। श्रीमृगेन्द्र तन्त्रम् में वायु देवता की पुरी का नाम गन्धवती है। इसकी ध्वजा श्वेत पीत है एवं यह दुर्लभ रत्नों से निर्मित है। लिंगपुराण एवं स्वच्छन्द तन्त्रानुसार वायु पुर महामेरु चक्र (कैलास) (पृथिवी भू–आकाश) स्थित है। वैदिक देवताओं के जीव विज्ञान की दृष्टि से स्थिति में वायुपुर ब्रह्मक्षेत्र–महामेरु ब्रह्मरन्ध्र में स्थित है। वायु पुराण के अनुसार यहीं अंजनी ने हनुमत् को जन्म दिया? वैसे वायु देवता ने जम्बूद्वीप में सर्वेश्वर रुद्र की उपासना नैमिषारण्य (प्रथम तीर्थ) आदि में की। द्युलोक की दिव्य नदी गंगा का महारुद्र शिव की जटा पर गंगोत्री के समीप अवतरण हुआ। वायु देव ने गंगा–यमुना–सरस्वती महासंगम प्रयागराज पर गंगा अर्चना का विचार किया। देवी गंगा प्रयागराज में वायु देव अर्चना स्थल पर आकर ठहर गई। गंगा ने आगे कपिल मुनि के आश्रम तक बहने पर विराम लगाया। भगीरथ को गंगा के विश्राम से मनोरथ असफल होता लगा। वायु देव भगीरथ की प्रार्थना पर पिघल गये और गंगा गंगासागर की ओर कूंच कर गई। उन्होंने दक्षिण में भी रुद्राराधना की।

सबसे प्रमाणिक रुद्रयामल तन्त्र ''वायुरूप महादेव'' और ''वायु कोण में दश लिंग'' का अभूतपूर्व रहस्योद्घाटन करता है। अर्थात् वायु देवता का वायु लिंग (निराकार) स्वरूप है। इसी परम्परा में गौतमीयतन्त्रम् में वायु को वासुदेव (परमेष्ठी) बताया है। महारुद्र के आलय कैलास महापर्वत से सीधी रेखा में दक्षिणी भारत में पँच महाभूतों के लिंग स्वरूप मन्दिर हैं। आन्ध्रप्रदेश के तिरुपति से पैंतालीस किलोमीटर पर ''श्रीकालहस्तीश्वर वायु लिंगम देवालय है।'' देवशास्त्र के अनुसार एक समय वायु लिंगम कर्पूर का रहा और पुजारी भी इस वायु लिंगम को स्पर्श नहीं करते रहे। वर्तमान में वायु लिंगम देवालय में स्तुति से सभी ग्रहों के प्रकोप से छुटकारा मिलता है। लिंगपुराण एवं ब्रह्मपुराण के अनुसार सदाशिव की अष्टमूर्ति हैं। उनमें से एक वायुमूर्ति उग्र है। सूर्य सिद्धान्त में वायु सत्य, सृजनात्मकता, बुद्धि, समस्त विद्या, सनातन ज्ञान, पराशक्ति, नेतृत्व, अध्यात्म आदि के अधिष्ठाता हैं। वायु देव के ग्रह न्यायप्रिय शनि एवं राहु हैं। उनके मित्र ग्रह बुध एवं शुक्र हैं। वायु आशु प्रसन्न होनेवाले एवं ओढ़रदानी हैं।

तन्त्र शास्त्र में वायु देवता के लुप्त–मन्त्र, स्तोत्र, स्तुति, अष्टोत्तरशतनाम, सहस्रनाम, यज्ञीय मन्त्र, वायु महिम्न स्तोत्र, वायु अपराध क्षमा स्तोत्र, वायु कवच, वायुघोरास्त्र, वायोपनिषद्, इन्द्रकृत वायु स्तुति, वायु कवच, वायु दिग्बन्धन, अष्टसिद्धि वायु स्तोत्रम्, सर्वकल्याणप्रद श्रीवायुष्टकम् आदि शोध अनुसंधान का विषय हैं। शैव मत में वायु देवता अहम् हैं (रुद्रयामल एवं ब्रह्मयामल)। पँचरात्र आगम में ''वायुनृसिंह''; विष्णुपुराण में ''वायु गन्धर्वराज''; हरिवंश पुराण में वायु देवता एक ''वसु'' हैं। शाक्त मत में वामकेश्वरी तन्त्र, मंथान भैरव तन्त्र में वायु आदरणीय है। श्रीमद्अभिनवगुप्त के तन्त्रालोक (वेद भी) में ''क'' ब्रह्म है और ''ख'' आकाश है। ''ख'' का उच्चारण दश प्रकार से किया जाता है। वहीं ''राव'' दश प्रकार का है। राव की साधना ''राविणीविद्या'' है। लंकेश्वर दशानन रावण–वायुविद्या, राविणीविद्या एवं सूर्यविद्या के परमाचार्य रहे।

श्रीविष्णुधर्मोत्तर पुराण (ओरियन्ट इन्स्टीट्यूट, बडौदा), शारदा तिलक, कर्मठ गुरु, पूजाप्रकाश, मन्त्रमहोदधि, आगम रहस्य, शिव वामकेश्वरीमत, ब्रह्मयामलतन्त्र, रुद्रयामलतन्त्र, मृगेन्द्रतन्त्र, स्वच्छन्दतन्त्र, स्वरोदय तन्त्र, आचार्य शंकर के निर्वाण शतकम्, कृत्यकल्पतरु, ब्रह्माण्डपुराण, ब्रह्मपुराण, वायुपुराण, शिवपुराण, लिंगपुराण, अद्‌भुत सागर, हेमाद्रि आदि में वायुदेव उपासना की संक्षिप्त सामग्री ही उपलब्ध है। एकमात्र ''श्रीविष्णुधर्मोत्तर पुराण में वायु देव प्रतिमा स्तुति वर्णन मिलता है।'' रुद्रयामल में वायुबीज ''यँ'' साधना एवं

शाकिनी देवी का वायु कवच मिलता है। तन्त्रालोक में ''वायु धारणा'' की व्याख्या है। लिंग पुराणानुसार वायु देव का शिव–रुद्र लिंग स्वरूप आरकूट–पीतल निर्मित होता है। उधर तन्त्र में वायव्य कोण में गणेश पूजा का भी विधान है। वेदानुसार वायु उदीची दिशा के इषवः हैं। रुद्र अथर्वशीर्ष के अनुसार वायु ब्रह्म है, रुद्र वायु है। वायु ओंकार है। यह स्मरण रहे कि वेद वर्णित दिशाओं के नाम वर्तमान से भिन्न है। शब्द कोशों में इषवः शब्द का अर्थ नहीं मिलता है।

रामचरित मानस में यजुर्वेद के उनचास मरुतों का उल्लेख नव अवतार में लंका दहन में मिलता है। वैसे यह भी आठवाँ आश्चर्य है कि ब्राह्मण ग्रन्थों में ''वायु देव वराह'' कहे गये हैं।

जम्बूद्वीप सहित सप्त द्वीपों के प्राचीन धर्मों में वैदिक वायु नये दिव्य कलेवर में अवतरित होते हैं। जैन धर्म में वायु विश्व संरक्षक ''दिक्पाल'' हैं। बौद्ध धर्म में ''वायु धातु'' है। बौद्ध धर्म के वज्रयान में वायु दिशा संरक्षक, थेरावाद में वायु देव पुत्र और धर्मपाल भी हैं। इसके अलावा प्राचीन मिस्री, ग्रीक, रोम, असीरिया, सुमेरिया, हित्ति, मेसोपोटामिया, इंका, पर्थिया, माया आदि संस्कृति में वायु देव के नये–नये नाम रहे। पर्थिया के धर्म, ताओ धर्म, शिन्तो धर्म, जरथुष्ट्र धर्म, ईसाई धर्म आदि में भी वायु प्रमुख देवता हैं। सारसंक्षेप में वैदिक वायु देवता सप्त द्वीपों में छाये रहे और छाये हैं।

नाट्य शास्त्र, वास्तुशास्त्र, कण्ठ संगीत, नृत्यशास्त्र, शिल्पकला, चिकित्सा, विज्ञान, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, मूर्तिकला, खगोलविज्ञान, अन्तरिक्षविज्ञान, ज्योतिष आदि में भी वायु देवता का इन्द्रजाल फैला है। यह उल्लेखनीय है कि वायु स्वरोदय से अष्ट सिद्धि अथवा सर्वार्थ सिद्धि एवं सर्वरोग उपचार की गोपनीय विद्या चलन में है (देखें–स्फोटवाद, स्फोटसिद्धि, स्वरोदय तन्त्र, वायु तन्त्र आदि संस्कृत ग्रन्थ)। कैलास महापर्वत के हिमनदों में वैदिक ऋषि अदृश्य सिद्ध आश्रमों में वायुविद्या की शिक्षा–दीक्षा दे रहे हैं। इन्हीं आश्रमों में चर्चित ज्ञानगंज आश्रम (शाम्भाला सबसे पवित्र स्थल) है। ज्ञानगंज सिद्ध आश्रम में–वायुविद्या, सूर्यविद्या, नक्षत्रविद्या, स्वरविद्या, चन्द्रविद्या, आकाशविद्या आदि की शिक्षा दी जा रही है। गुप्तज्ञान संहिता (सीक्रेट डाक्ट्राइन) में दावा किया गया है कि आचार्य शंकर 5600 वर्षों से कैलास में साधना कर रहे हैं।

इस प्रकार वायु देवता निराकार, सार्वभौमिक, अचिन्त्य, सर्वकालिक, सर्वजनीन, सार्वलौकिक, सर्वशक्तिमान, सर्वेश्वर, सर्वज्ञ आदि परमेष्ठी हैं। चारों वेद, ब्राह्मण ग्रन्थ, आरण्यक, उपनिषद्, तन्त्र, पुराण, रामायण, महाभारत आदि

में वायु देवता का विषय अत्यन्त कूटात्मक, सूत्रात्मक रूप में गोपनीय रखा गया है। यह पुनः लिख रहे हैं कि सम्भवतः वैदिक ऋषि इस वायु विद्या के महादुरुपयोग से चिन्तित रहे होंगे ? वर्तमान में ''वायुविद्या के लुप्त आगम'' शोध एवं अनुसंधान का विषय हैं।

वायुविद्या के विलुप्त महासाहित्य में से कुछ संग्रहित कर प्रस्तुत करने का क्षुद्र प्रयास किया जा रहा है। जिससे यह पुनः प्रमाणित हो कि भारतवर्ष विश्व का अध्यात्मिक गुरु रहा और है। वायुविद्या के मूल में विश्वकल्याण, वायुशान्ति, वायुनिरंजनता, वायुसंवर्धन आदि की कल्याणकारी भावना रही है, और है।

पँच महाभूत शृंखला में आपको– आकाशविद्या, सूर्यविद्या, वरुणविद्या एवं पृथिवीविद्या, कैलासमहारहस्यम (हिन्दी एवं अंग्रेजी) एवं वेद ओषधि कल्पतरु भेजे जा चुके हैं। पँच महाभूत शृंखला की अन्तिम कड़ी वायुविद्या है। परमेष्ठी वायु ने जितना लिखवाना चाहा, उतना ही प्रस्तुत है। शेष फिर!

वायुर्धारयते लोकान् लोका वायुमयाः स्मृताः।
सर्वगं वायुरूपं ते वायुमूर्ते! नमोस्ते ते।।
।।तन्त्रसमुच्य, प्रथम पटल।।ऊँ।।



विषय सूची

कारणःश्वेताश्वतरोपनिषद्, वायु अनिल भेद : ईशावास्योपनिषद्, असु :
ईशावास्योपनिषद्,प्राणविद्या, ब्रह्मविद्या व्याख्या : ऐतरेय उपनिषद्, वायु : अन्नायु :
ऐतरेयोपनिषद्,वायु का यज्ञ में आगमन : कठोपनिषद्, आचार्यों मृत्यु रहस्य,
अदिति प्राण की एकसाथ उत्पत्ति : कठोपनिषद्, वायु–आत्मा में समानता : कठ
उपनिषद्,प्राण भयप्रद : कठोपनिषद्, आत्मा की पुरी : प्राण के मध्य वामन : कठ
उपनिषद्,श्रेय एवं प्रेय : कठोपनिषद्, उठो, जागो, ज्ञान, प्राप्त करो! : कठ
उपनिषद्,वायु–शरीरस्थ : कठोपनिषद्, सप्त प्राण अवधारणा : मुण्डक उपनिषद्,
ब्रह्म से प्राणोत्पत्ति : मुण्डक उपनिषद्, प्राण ही विश्व की स्थिति,
सत्ता : मुण्डक उपनिषद्, अक्षरब्रह्म प्राण : मुण्डक उपनिषद्,
ब्रह्म का वायु प्राण : मुण्डक उपनिषद्, परा एवं अपरा विद्या ज्ञान
आवश्यक : मुण्डकोपनिषद्, सत्य से देवयान! : मुण्डकोपनिषद्,
व्यष्टि समष्टि में एकजीवन : माण्डूक्य उपनिषद्, व्यष्टि समष्टि में एकजीवन :
शरीर में स्थूल, आत्मा के सप्तांग–सप्त प्राण : माण्डूक्य उपनिषद्,
प्राण कौन : केनोपनिषद्, प्राण कौन : उपनिषद्, प्राणवायु परमेश्वर नहीं : केन
उपनिषद्, वायु का गर्वहरण : केन उपनिषद्, प्राण से ब्रह्मज्ञानी चिरयुवॉ : केन
उपनिषद्, प्राण की प्रेरणा आत्मा : केनोपनिषद्, वायु देव को नमस्कार :
तैत्तिरीयोपनिषद्,व्याहृति उपासना भुवः वायुः : तैत्तिरीयोपनिषद्, प्राण पँचक–देवतापंचक
समूह : तैत्तिरीयोपनिषद्, शिक्षावल्ली, शुभाचरण धारण : तैत्तिरीयोपनिषद्, वायु उत्पत्ति :
ब्रह्मवल्ली, तैत्तिरीयोपनिषद्, प्राणमय शरीर का शिर :
ब्रह्मवल्ली, तैत्तिरीयोपनिषद्, प्राण भूतों की आयु, प्राण में ब्रह्मोपासना :
ब्रह्मवल्ली, तैत्तिरीयोपनिषद, प्राण से ब्रह्मज्ञान : वरुणविद्या :
भृगुवल्ली, तैत्तिरीयोपनिषद्, योगक्षेम प्राणापान : ब्रह्मवल्ली, तैत्तिरीयोपनिषद्,
प्राणायाम–इन्द्रग्रन्थी जीवन रस : तैत्तिरीयोपनिषद्, प्राणाधीन सभी शक्तियाँ :
छान्दोग्य उपनिषद्, पतंग भांति मन प्राण के साथ बद्ध : छान्दोग्योपनिषद्,
प्राण का तात्पर्य आत्मशक्ति : छान्दोग्योपनिषत्, वायु से यजुर्वेद : छान्दोग्योपनिषद्,
अधिदैवत, अध्यात्मिक वायु महिमा : छान्दोग्योपनिषद्, अद्भुत ब्रह्मण्डीय यज्ञ में
"वायु समिधा" : छान्दोग्योपनिषद्, सत्य शब्दार्थ, सतय ही ब्रह्म : छान्दोग्योपनिषद्,
प्राचीन चक्रोपासना ; नाड़ी वर्णन : छान्दोग्योपनिषद्, वायु अशरीर : छान्दोग्योपनिषद्,
दृढ़ संकल्प का महत्व : छान्दोग्योपनिषद्, प्राणाय स्वाहा, व्यानाय स्वाहा, अपानाय
स्वाहा,उदानाय स्वाहा, समानाय स्वाहा का अर्थ : छान्दोग्योपनिषद्, ब्रह्म का चौथा
पाद–वायु, प्राण : छान्दोग्योपनिषद्, प्राण आयु बढ़ाओ : छान्दोग्योपनिषद्,
ब्रह्मज्योति मनोमय प्राण शरीर : छान्दोग्योपनिषद्, शरीर पँच–प्राण, व्यान, अपान,
उदान, समान द्वार, नमो वायु : छान्दोग्योपनिषद्, वायु का साम नाद
रसीला : छान्दोग्योपनिषद्, वायु प्रस्ताव : छान्दोग्योपनिषद्, प्राणों में पँचविध साम
उपासना : छान्दोग्योपनिषद्, वायु हाइकार : छान्दोग्योपनिषद्, महाप्राण में सभी भूतों
का लय, उत्पत्ति : छान्दोग्योपनिषद्, मुखस्थ प्राणशक्ति से स्वर : छान्दोग्योपनिषद्,
अन्तरिक्ष ऋक् और वायु साम : छान्दोग्योपनिषद्, अध्यात्म : प्राण –उद्गीथ :
छान्दोग्योपनिषद्, प्राण सूर्य समान : छान्दोग्योपनिषद्, प्राण–अंगों का रस,
बृहस्पति : छान्दोग्योपनिषद्, प्राण में उपासना से असुर भाव छूमंतर :
छान्दोग्योपनिषद्, वायु का धारणकर्ता नारायण : नारायणाथर्वशिर उपनिषद्

12. योगवासिष्ठ : वायुविद्या दृष्टि रहस्यम् 181
उच्चांश प्रकार की पवनः सर्गः 12, उत्पत्तिप्रकरण, वायुभाव : सर्गः 61, उत्पत्तिप्रकरण, वायुज ब्रह्मा : सर्गः 47, स्थितिप्रकरण, प्राणवायु महावायु भेद : सर्गः 86, उत्पत्तिप्रकरण, सृष्टि से पूर्व समष्टि व्यष्टि एक : सर्गः 51, वायु : शुद्ध चेतन ब्रह्म : सर्ग 81, उत्पत्तिप्रकरण, आकाश अनाकाश व्याख्या : सर्ग 80, उत्पत्तिप्रकरण, सृष्टि परब्रह्म : सर्गः 58, आकाश की नीलता भ्रम : सर्ग 114, उत्पत्तिप्रकरण, प्राणवायु महावायु मिलन : सर्गः 55.3,4,5 उत्पत्तिकरण, नव प्रारब्ध, पुरुषार्थ से : सर्गः 6 मुमुक्षव्यवहारकारण, मेघमार्ग के बाद वायुलोक : 29.41 उत्पत्तिप्रकरणम्, पवन स्कन्ध : सर्गः 9.17 उत्पत्तिप्रकरणम्, एक–एक अणु में करोड़ों ब्रह्माण्ड : 4.17 उत्पत्तिप्रकरणम्, ब्रह्माण्ड में वायु स्फुरता : 14.64 उत्पत्तिप्रकरणम्, वायु से अतिरिक्त वायु की गति कहीं नहीं : 9.33, उत्पत्तिप्रकरणम्, चिदात्मा सत्ता में आकाश, वायु आदि : 1.13.1 उत्पत्तिप्रकरणम्, परब्रह्म पन्द्रह भ्रम : 96.14 उत्पत्तिप्रकरणम्, महाकाश में पंचक सृष्टि : सर्गः 13, उत्पत्तिप्रकरणम्, ब्रह्माण्ड ब्रह्म में लीन : सर्गः 84, उत्पत्तिप्रकरणम्, इष्ट–अनिष्ट समता मोक्षदायक : सर्गः 29, उपशमप्रकरणम्, वायु स्पन्दशक्ति चित् से बोधित : सर्ग : 13, उपशमप्रकरणम्, ब्रह्मज्ञान से प्राणवायु निरोध : सर्गः 13, उपशमप्रकरणम्, आत्मा से प्राणादि संचालन शक्ति उल्लास : सर्गः 36, उपशमप्रकरण, प्राण शरीर संचलन शक्ति : सर्गः 52, उपशमप्रकरणम्, प्राण प्रवाह संयम से मन चंचलता शून्य : सर्गः 55, उपशमप्रकरणम्, प्रत्यगात्मा ब्रह्म : सर्गः 40, स्थितिप्रकरणम्, प्राणवायु अमृत किरण : सर्गः 54, उपशमप्रकरणम्, सत्संग की महिमा : सर्गः 16, मुमुक्षुव्यवहारप्रकरण, प्राणवायु मन : सर्गः 32, निवार्णप्रकरणम्, प्राणरूप भ्रमर अविद्या का विलास : सर्गः 7, निवार्णप्रकरणम्, प्राण रजोगुण प्रधान : सर्गः 32, निवार्णप्रकरणम्, प्राणवायु में लिंगशरीर लय : सर्गः 32, निवार्णप्रकरणम्, पँचतन्मात्र से बाह्य पँचभूत : सर्गः 51, निवार्णप्रकरणम्, आत्माब्रह्म–वायु में वायुरूप : सर्गः 60, निवार्णप्रकरणम्,पँचभूतों से प्राण संयुक्त : सर्गः 69, निवार्णप्रकरणम्, ज्ञानी के प्राण–पूरक, कुंभक, रेचक आज्ञाकारी : सर्गः 80, निवार्णप्रकरणम्, प्राण की सम्पूर्ण व्याधि नाश : सर्गः 81, निवार्णप्रकरणम्, मन एवं प्राण–रथ सारथी : सर्गः 69, निवार्णप्रकरणम्, षट्चक्रयुक्त हृदय नाड़ियाँ एवं प्राण : सर्गः 24,25 निवार्णप्रकरणम्, पँच महाभूत मन्त्रोपचार : सर्गः 81 निवार्णप्रकरणम्, आकाशगमन सिद्धि क्रिया : सर्गः 81, निर्वाणप्रकरणम्,प्राणायाम सिद्ध योगी परकाया प्रवेश : सर्गः 81, निर्वाणप्रकरणम्, प्राणवायु–स्थूलता, अणुतादि सिद्धि : सर्गः 82, निर्वाणप्रकरणम्, ब्रह्मरूप पवन चित् स्पंद सृष्टि : सर्गः 34 निर्वाणप्रकरणम्, महाचित्रूप वायुः सर्गः 38, निर्वाणप्रकरणम्, निरन्तर अभ्यास योग से दुःसाध्य कार्य सिद्ध : सर्गः 67, निर्वाणप्रकरणम्, वायु धारणा से वायु रूप : सर्गः 92, निर्वाणप्रकरणम्, ब्रह्मपिण्ड आख्यान सर्गः 176, निर्वाणप्रकरणम्, उत्तरार्द्धम्,निरन्तर प्रचण्ड वायु से निर्जन : सर्गः 64, निर्वाणप्रकरणम्, उत्तरार्द्धम्, प्राण निरोध से वातस्कन्ध क्षय : सर्गः 72, निर्वाणप्रकरणम्, उत्तरार्द्धम्, कल्पान्तरुद्र भैरव व्याख्या : सर्गः 82, निर्वाणप्रकरणम्, उत्तरार्द्धम्, आत्मा एवं सृष्टि : सर्गः 166, निर्वाणप्रकरणम्, उत्तरार्द्धम्, विषैली वायु से महामारी एवं निवारण : सर्गः 68,69 उत्पत्तिप्रकरणम्, वायु आकाशीय सीमा से स्वतन्त्र, तीन प्रकार के आकाश, आशा दासी होने से सम्पूर्ण जगत् दास, वायु रहस्य अनावर्त

चर्या खण्ड



ज्ञान खण्ड



वायु देव प्रतिमा

ब्रह्मणो वायुः वायोरोंकार
वायु देवता अमरत्व निधि!

वैदिक देवशास्त्र में ''वायु'' और ''वात'' दो सम्बोधन इन्द्रजाल हैं। ये दिव्य हवा के दो मुख्य रूप हैं। मुख्यतः ''वायु एक देवता'' है और ''वात एक तत्त्व है। ऋग्वेद में वायु देवता के पास अमरत्व की निधि होना कहा गया है।''

यददो वात ते गृहे3 ऽमृतस्य निधिर्हितः।।ऋग्वेद 10.186.3।।

वायु देवता की स्तुति ऋग्वेद के अन्तिम दशम मण्डल के दो सूक्तों–168 एवं 186 में ही आना बहुत आश्चर्यजनक है। ऋग्वेद के दशम मण्डल के एक सौ अठसठवें सूक्त में मात्र चार ऋचाएँ और एक सौ छियासीवें सूक्त में तीन ऋचाएँ हैं। इनके ऋषि अनिल वातायन एवं वातायन उलः (एक त्रिष्ट्प छन्द में और एक गायत्री छन्द में) हैं। यह अनुशीलन का विषय है कि ब्रह्मविद्या के अहम् वायु देवता का ऋग्वेद में सकल एक या दो सूक्त का होना क्या है? इसी शृंखला में ब्रह्माण्डों के नियंता आकाश–द्यौः का ऋग्वेद में एक भी स्वतन्त्र सूक्त नहीं है। पृथिवी का भी ऋग्वेद में तीन ऋचाओं का सकल एक सूक्त है। अर्थात् पँच महाभूतों में प्रथम आकाश, द्वितीय वायु और अन्तिम पृथिवी को ऋग्वेद में बहुत ही आवरणों के बीच गोपनीयतम रखा गया है। पृथिवी पर भू–आकाश परम पवित्र सर्वोत्कृष्ट कैलास महापर्वत के चक्र में देव पुरियाँ हैं और हिमनदों में 39 लाख वर्ष से चल रहे दिव्य सिद्धाश्रमों में आकाशविद्या, वायुविद्या एवं पृथिवीविद्या विरलों को ही दी जाती है अथवा नगण्य को दी जाती रही है।

ऋग्वेद में वायु देवता और सामान्य वायु–वात का स्पष्ट विभाजन बहुत ही सुन्दर तरीके से किया गया है। अर्थात् वायु का भौतिक स्वरूप (सूक्त 10.168) में स्पष्ट रूप से वर्णित है। वात शब्द का प्रयोग बार–बार वा बहना इस धातु के साथ हुआ है। जिससे ''वात'' शब्द की निष्पत्ति हुई है। ''वात'' को पर्जन्य के साथ ही सम्बद्ध किया है। वात की उपाधियाँ मुख्यतः ''विध्वन्स'', ''क्षिप्रता'' आदि (वायु के) भौतिक गुणों की अभिव्यक्त करती हैं। वह घनघोर ''रव'' करता हुआ, गरजता हुआ चलता है। वह आते ही पृथिवी की धूलि से सभी वस्तुओं को भूरा बना देता है।

वातस्य नु महिमानं रथस्य रुजन्नेति स्तनयन्नस्य घोषः।।

दिविस्पृग्यात्यरूणाणि कृण्वन्नुतो एति पृथिव्या रेणुमस्यन्।।
।।ऋग्वेद 10.168.1।।

वायु के वेग से चलनेवाले रथ की महिमा में कहा है कि वह विविध आवाज करता हुआ एवं वृक्ष आदि को उखाड़ता हुआ चलता है। वह आकाश को व्यापता हुआ एवं चारों ओर लाल वर्ण उत्पन्न करता हुआ आता है। वह पृथिवी की धूलि को इधर–उधर बिखेरता जाता है (10.168.1)। उसकी ओर पृथिवी की वस्तुएँ एकत्र हो जाती हैं (न विशते कतमच्चनाहः)। ''सत्यधर्म का अधिष्ठाता (वायु देवता) कहाँ उत्पन्न हुआ, कहाँ से आता है कोई नहीं जानता (प्रथमजाः ऋताया क्क स्विज्जातः कुत आ बभूव।) ? भूलोक की वायु–वात के बारे में मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने रहस्योद्घाटन किया कि यह वायुदेव अपनी इच्छानुसार विहार करते हैं। ''इनका प्रत्यक्ष रूप दिखाई नहीं देता है। इनके शब्द–नाद ही सुनाई देते हैं'' (यथावशं चरति देव एषः। घोषा इदस्य शृण्विरे न रूपं तस्मै वाताय हविषा विधेम।। 10.168.4।।)। सूक्त के अन्त में मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने ''वात'' शब्द का उल्लेख किया है। ऋग्वेद में वात के घोष का लगातार उल्लेख आता है। प्रकारान्तर में ''वेद में ब्रह्माण्डीय प्राणवायु महासागर और उसके सूक्ष्म अंश को व्यष्टि वायु कहा गया है।''

वायु देवता देवरूप में इन्द्र, अग्नि, पूषन्, मरुत्, अश्विनौ, विराट् पुरुष आदि की ऋचाओं में भी प्रकट होते हैं। देवरूप में वायु इन्द्र के साथ संयुक्त होकर प्रकट होते हैं। उन्हें ''इन्द्रवायु'' के स्वरूप में आह्वान किया गया। इसके साथ ही वात की पर्जन्य के साथ सम्बद्धता का उल्लेख मिलता है। एक ऋचा में पूषण्वन, विश्वदेव, वायु और गायत्र वेपस् के साथ मरुत्वत् भी इन्द्र का विशेषण बनकर आया प्रतीत होता है।

पूषण्वते मरुत्वते विश्वदेवाय वायवे।
स्वाहा गायत्रवेपसे हव्यमिन्द्राय कर्तन।।ऋग्वेद 1.142.12।।

वेद के वायु देवता की विशेषताएँ अद्भुत हैं। वायु देवता अत्यन्त ''सुदर्शन'' हैं (वायवा याहि दर्शत।। ऋग्वेद 1.2.1)। वायु देव ''मनोजवा'' (मन के समान वेगवान) एवं ''सहस्रचक्षु'' हैं (इन्द्र वायु मनोजुवा विप्रा हवन्त ऊतवे। सहस्राक्षा धियस्पती।।ऋग्वेद 1.23.3।।)।। ''वायु को ऋग्वेद की ऋचाओं में प्राणरूप अन्तर्यामी परमेष्ठी; अत्यत बलवान; ओषधि आदि के रस उत्पन्न करनेवाला; विशाल वाणी प्रदाता; सभी विद्याओं के प्रकाशक; मनोहर विद्वान; धर्म से सभी दुष्ट मनुष्यों से रक्षण करनेवाले; समग्र संसार के रक्षक ; अरिहन्ता; निष्पाप; सहस्रों रथवाले; सोम रक्षक; शत्रुओं को कंपित करनेवाला; धन वृद्धि करनेवाला; अग्नि–सूर्य–विद्युत् को नियम से चलानेवाला; अहिंसाओं

का आचरणकर्ता; होम के साधक; आकर्षण शक्तिमान; धनों को धारण करनेवाले; निन्यानवें घोड़े के रथवाले; असंख्य कर्मों के प्रेरक; योगाभ्यासवाले; विविध रूप से गति करनेवाले; ईशन करनेवाले ; उन्नति की कामना करनेवाले ; उत्तम उषाएँ प्रकाशित करनेवाले; अन्न वृद्धि कारक; तेजस्वी; अनिन्दनीय; महादानी; मार्गदर्शक; सत्कर्मों के पालनकर्ता; संजीवनीप्रदाता; ऐश्वर्यशाली–ऐश्वर्यप्रदाता; देवताओं में अग्रणी; कान्तिमान; क्रान्तद्रष्टा ; सद्बुद्धि देनेवाले; चिरयुवॉ; स्वयं शासक; व्यवहार कुशल; सर्वोत्तम कार्य करनेवाले; सबको आश्रय देनेवाले; अत्यन्त रूपवान; द्युलोक को स्पर्श करनेवाला; सरलतम; दिव्य शक्तिवान; देवताओं की आत्मा; जीवन संवर्धक; अमृत निधिवान; सामर्थ्यवान्; शरीर को निरोग करनेवाले; अन्तरिक्ष में विचरण करनेवाले; सर्वोत्तम पराक्रमवान; शुभकारी; शुभकर्म में कुशल; समस्त विद्याओं के ज्ञाता; आकाश में रहनेवाले; आर्द्रता के दाता; कल्याणकारी; उत्तम सुख उत्पन्न कर देनेवाले; महाज्ञानी; मंगलस्वरूप; पवित्र परमात्मा; नियुत्वान; द्यौ–पृथिवी संतान'' आदि कहा गया है। इसके अलावा वायु देव को ''उरुज्योति'' (महान ज्योति); ''पवित्रता– सत्य के रक्षक'' (शुचि–पाः); ''बड़े पंखवाला'' (पृथुपक्षस); ''पूज्यनीय– प्रशंसनीय'' (मख); ''विलक्षण'' (चित्रं); ''अवर्णनीय'' (अ–रट्व); ''उत्तम मननीय ज्ञान–उत्तम स्तोत्र'' (सुमन्म); ''यज्ञवान– सत्यवान'' (ऋतावा); ''घोषा–शब्द, गर्जना कर्ता''; ''सुखकारी'' (मयोभुः); ''सभी कर्मों के करने में समर्थ''; ''धर्मके धारणकर्त्ता'' (वसु धिति); ''बहुरूपवान'' (विश्व पेशस्); ''मन से ब्रह्म का योग करनेवाले'' (मनोजुज) आदि भी बताया गया है। वैदिक अग्निविद्या में अग्नि शब्द का पर्याय धनंजय है। दश वायुओं में दशम वायु का नाम धनंजय है। इन्हीं विशेषताओं के आधार पर वायु देवता के अनेक सहस्र आदि नाम हुए।

वायु का विरुद् ''नियुत्वान'' है। जिससे सदैव चलते रहने का बोध होता है। वायु की उत्पत्ति रहस्यों के घेरे में है अथवा अज्ञात सरीखी है। ऋग्वेद के सप्तम मण्डल के 90वें सूक्त की तीसरी ऋचा में मैत्रावरुणिवासिष्ठः ऋषि ने कहा है कि द्यावापृथिवी (द्युलोक एवं पृथिवी) ने ऐश्वर्य के लिए वायु का निर्माण किया (राये न यं जज्ञतु रोदसीमे)। ऋग्वेद के सुविख्यात पुरुष सूक्त (दशम मण्डल, 90वाँ सूक्त, तेरहवीं ऋचा) में वायु की उत्पत्ति विराट् अथवा आदि पुरुष के प्राणों से हुई (प्राणाद्वायुरजायत।।10.90.13)। यह भी अभूतपूर्व है कि ऋग्वेद में ''वायु को त्वष्टा का जामाता'' कहा गया है। वैदिक देवों में अति प्राचीन त्वष्टा शिल्पकार (सृजनधर्मी) देवता हैं। त्वष्टा का शाब्दिक अर्थ निर्माण करनेवाला, सृजनकर्त्ता, वास्तुकार, शिल्पकार, रचयिता

आदि है। यही कार्य विश्वकर्मा का भी है। यह ''द्यौ'' का भी प्रर्याय हो सकता है। त्वष्टा का एक पुत्र विश्वरूप है। अनुभव से अग्नि और इन्द्र त्वष्टा के पुत्र हैं (तव वायुवृतस्पते त्वष्टुर्जामातरद्भुत्।। ऋग्वेद 8.26.21।।)। ऋग्वेद में वायु को मरुतों का जनक बताया है। वायु ने आकाश की नदियों से मरुत उत्पन्न किये : अजनयो मरुतो वक्षणाभ्यो दिव आ वक्षणाभ्यः।।1.134.4।। इसका अर्थ यह भी है कि वायु ने उन्हें (मरुत्) दिव्य योनि से वक्षणा अर्थात् कुल्याओं के लिए उत्पन्न किया।

ऋग्वेद के सप्तम मण्डल के 90वें सूक्त की तीसरी ऋचा में ''वायु को श्वेत वर्ण'' (रयिवृधः सुमेधाः श्वेतः सिषक्ति नियुतामभिश्रीः।।7.90.3।। वायु देव की शुद्धता, पवित्रता के साथ अनेक (दिव्य) शक्तियों का वर्णन भी मिलता है : आ वायो भूष शुचिपा उप नः..।। ऋग्वेद 7.92.1।।

ऋग्वेद के अनुसार वायु के पास चन्द्र यानी चमकनेवाला रथ है। जिसे लोहित अश्व अथवा अरुण खींचते हैं। ''वायवा चन्द्रेण रथेन याहि सुतस्य पीतहे।। ऋग्वेद 4.48.1।।'' वायु के मन वेग से जुड़े रथ में निन्यानवे और सहस्र घोड़ियाँ हैं : वहन्तु त्वा मनोयुजो युक्तासो नवतिर्नव।। ऋग्वेद 4.48.4।। योगसाधन में गुदा से मस्तक तक 33 चक्र हैं। प्रत्येक चक्र में सात्विक, राजसिक एवं तामसिक तीन अवस्थाओं की दृष्टि से निन्यानवें अवस्थाएँ हो गयी। इनमें प्राण संचार होता है। वायु रथ की निन्यानवें घोड़ियों का यही अध्यात्मिक अर्थ है। शरीर में मुख्यतया 1470 रोमरन्ध्र बताये गये हैं।

यह अभूतपूर्व है कि वायु के रथ पर सारथी भी विराजमान है : शतेना नो अभिष्टिभिर्नियुत्वों इन्द्रसारथिः।। ऋग्वेद 4.46.2।। वायु हिरण्य बन्धुर एवं दिविस्पृश (द्युलोक स्पर्श) करनेवाला है (रथं हिरण्यबन्धुरमिन्द्रवायू स्वध्वरम्। आ हि स्थाथो दिविस्पृशम्।। ऋग्वेद 4.46.4।।)। वायुदेव देवताओं का प्राण है (आत्मा ते वातो रज आ नवीनोत्। विश्वा ते धाम वरुण प्रियाणि।। ऋग्वेद 7. 87.2।।)। वायु सम्पूर्ण ''विश्व का राजा'' है (विश्वस्य भुवनस्य राजा।। ऋग्वेद 10.168.2।।)। वायु की अमृत दुहनेवाली गाय से सम्बद्धता है (तुभ्यं धेनुः सर्वदुघा विश्वा वसूनि दोहते।। ऋग्वेद 1.134.4)। वायु देव को दुर्बल रक्षा के लिए बुलाते हैं (त्वां त्सारी दसमानो भगमीट्टे तक्कीये।।ऋग्वेद 1.134.5।।)। अर्थात् वायु निर्बलों के रक्षक हैं। ऋग्वेद में स्पष्ट किया है कि ''वायुदेव सर्वप्रथम सोमपान करनेवाले हैं।''

वायु देव वैदिक देवों के शास्ता रुद्र की तरह महाभेषज्य हैं (वात आ वातु भेषजं शम्भु मयोभु नो हृदे। प्र ण आयुँषि तारिषत्।। ऋग्वेद 10.186.

1।।)। यह दिगन्तों में रंगबिखेरता है (अरुणानि कृण्वन्नुतो।।ऋग्वेद 1.168. 1।।)। सारसंक्षेप में वैदिक वायु महाभेषज्य ज्ञाता रहे।

ऐतरेय ब्राह्मण (2.25) में रोचक आख्यान है। देवताओं में अभीष्ठ स्थान सर्वप्रथम दौड़ कर पहुँचनेवाले को ''सोम'' प्राप्त होगा। इस प्रतियोगिता में सभी वैदिक देवता इन्द्र सहित आये। अभीष्ठ स्थान पर सबसे पहले वायु देव पहुँचे और इन्द्र द्वितीय रहे। वायुदेव ने सोम का तीन चौथाई बृहद् अंश पान किया और इन्द्र के अनुरोध पर कृपा कर मात्र चौथाई भाग दिया। इस तरह वायु सर्वप्रथम सोमपान करनेवाले कहलाये। उन्हें सोमरक्षक की भी उपाधि मिली। वायु देव एक पल भी विश्राम नहीं करते हैं। वायु पापशोधक है (प्र ण आयूँषि तारिषत्।। ऋग्वेद 10.186.1।।)। यजुर्वेद में भी वायु को पापशोधक कहा गया है। वायु के प्रवाह से दुर्गन्ध नष्ट होने के कारण ''पवन'' नामकरण मिला। शतपथ ब्राह्मण (4.1.3.7) में सोम के एक समय बहुत ही अपवित्र होने की देवगाथा है। फलस्वरूप सोम में से भयानक दुर्गन्ध आने लगी। देवताओं ने वायु देवता से सोम की दुर्गन्ध को दूर कर पुनः नवीनतम स्वादिष्ट रूपांतरण करने की प्रार्थना की। इस महासंकट में वायु देव तारणहार बने।

स एषामाश्यत्। स एनान् शुक्तः पूतिरभिभवौ।
स नालम् आहुत्वा आस, नालं भक्षाय।
ते देवा वायुमब्रुवन।
वायो, इमं नो विवाहि इमं स्वदयेति।
.... तथेति होवाच यूयं तु मे सच्युपवातेति।

अथर्ववेद में भी यही प्रसंग दोहराया गया है। ''वायु की पावनी शक्ति'' द्वारा पवित्र किया जाता है। वायु की पावनकारिणी महिमा का भी गुणगान किया गया है।

वायोः पूतः पवित्रेण प्रत्यङ्. सोमो अति द्रुतः।।अर्थववेद 6.5.11।।

अथर्ववेद के सूक्तों में वायु देवता को निर्भयता से अमरता; प्राण–अपान की शक्ति; संसार के भरण–पोषण कर्त्ता (विश्वम्भर); सहनशक्ति प्रदाता; सूर्य की विनाशक किरणों से रक्षक; आत्मिक, बौद्धिक, मानसिक, इन्द्रिय बल भण्डार; तप से शुद्ध करनेवाले; संदीपन शक्ति वाले; (वायुदेव की) पाँच शक्तियाँ–तपः, हरः, अर्चिः, शोचिः एवं तेजः प्रदाता; अन्तरिक्ष अधिपति; सबका स्वामी; प्राण; चमकीला; आयु वृद्धि कर्त्ता; अष्टाचक्रवान; सहस्र अक्षरोंवाला; विश्व को जन्मदेनेवाला (विश्व– जन्मनः); आत्मशक्ति युक्त; पँचमुखी प्राण; मधुकशा; पूर्णतः स्वतन्त्र; बोध–प्रतिबोध दाता; सप्त प्राण; दश

प्राण ; उन्नति देनेवाले; यमदूत को भगानेवाला; आयु विस्तारक आदि कहा गया है। अथर्ववेद में प्राण (प्राणायाम) की सूक्ष्म से सूक्ष्म बारीकियों का वर्णन है (11.4.1—26)।

यजुर्वेद में विश्वव्यापक प्राण है (सं प्राणः प्राणेन गच्छताम।। यजुर्वेद 6.10।।)। यजुर्वेद में प्राण संवर्धन ; प्राण शक्ति एवं गान ; प्राणशक्तिवृद्धि ; प्राण की प्रतिष्ठा; प्राण एवं सत्कर्म; प्राणशक्ति से शरीर रक्षा; अध्यात्मिक शक्ति प्रदाता प्राण ; सहस्रों प्राण; धान्य एवं प्राण; परमात्मोपासना प्राण सम्बन्ध आदि की व्याख्या मिलती है। कृष्ण यजुर्वेद की तैत्तिरीय संहिता में प्राण एवं वायु का तादात्मय किया गया है।

सं ते वायुर्मातरिश्वा दधातु इत्याह।
प्राणो वै वायुः।
प्राणेनेवास्यै प्राणान् संदधाति।। तैत्तिरीय संहिता 5.1.5।।

तैत्तिरीय संहिता (2.2.1) में भी वायु का ''नियुत्वत्'' सम्बोधन मरुत् को सूचित करता है। कात्यायन श्रौत सूत्र (2.102) में सीधे—सीधे कहा है कि जो पवित्र करे वही वायु है (अयं वै वायुः योऽयं पवते।।2.102।।)।

वेद में अप्रत्याशित रूप से ''वायु देवता देवों के दूत'' के रूप में प्रकट होते है। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार इन्द्र वृत्र में महाघमासान महासंग्राम चला। अन्त में इन्द्र ने वृत्र पर मारक प्रहार किया। देवों के सामने यह विकट समस्या रही कि महाप्रहार के बाद वृत्र जीवित अथवा मृत है, इसकी जानकारी कैसे मिले, ताकि आगामी रणनीति की रचना की जा सके। इसका पता लगाने के लिए ''दूत'' के रूप में वायु को भेजा गया। एकमात्र मनोजवा वायु ही वृत्र के जीवित होने पर लौट सकने में समर्थ थे। यह स्मरण रहे कि ऋग्वेद में राजनयन का विस्तृत उल्लेख है। ''ऋग्वेद काल मे ंराजनयन की ब्रह्मा सरमा देवशुनी रही।''

ते ह देवा ऊचुः। न वै हतं वृत्रं विद्म न जीवन्तम्।
ते वायुमब्रुवन्। वायो, त्वमिदं विद्धि।
यदि हतो वृत्रो जीवित वा।
त्वं वै न आशिष्ठो असि।
यदि जीविष्यति त्वमेव क्षिप्रं पुनरागमिष्यति इति।
तथेत्येयाय वायुरैद्धतं वृत्रम्। स होवाच हतो वृत्रः।।
।।शतपथ ब्राह्मण 4.1.1.3।।

वैदिक साहित्य में वायु को सर्वत्रगामी, मन के वेग के समान महाद्रुतगामी और दूत कार्य में निपुण कहा गया है। वायु को जल के प्रथमजात सखा का भी सम्बोधन मिला।

ब्रह्मविद्या अथवा सृष्टिविद्या ऋग्वेद के मन्त्रद्रष्टा ऋषि वायु–वात के स्वास्थ्य से सम्बन्धित जीवनीशक्ति के महाज्ञाता रहे। ऋषि वायु से जीवन है के रहस्य से भी परिचित रहे। उन्होंने वायु का चलना जीवन के लिए परम आवश्यक है के रहस्य का भी उद्घाटन किया। वायु से ही जीवनीशक्ति एवं रोग मुक्ति है। ऋषियों ने इसको जानकर ही वायु को अमरत्व का कोष, देवों का श्वास, विश्व का राजा, मनुष्यों का पिता आदि बताया। वायु देवता की हवि के साथ उपासना की जाती रही और की जा रही है।।ऊँ।।

वायु देवता
अध्यात्मिक, भौतिक स्वरूप

श्रुति में वायु देवता का अध्यात्मिक, अधिदैविक एवं भौतिक स्वरूप महारहस्य भेदन किया गया है। वायु देवता के दिव्य गुणों का बखान वेद और उपनिषद् आदि के गुह्य सूक्तों में छिपा है।

वायु देवता के तिलिस्मी स्वरूप के भेदन में बृहदारण्यक उपनिषद् का वायु वृत्तान्त सहायक है। महाराज जनक ने सुवर्ण से सुसज्जित सहस्रों गो दान का निश्चय किया। साथ ही यह भी कहा कि गोदान ब्रह्मवेता ऋषि (ब्रह्मविद) ही ले सकता है। महर्षि याज्ञवल्क्य ने गो लेने का अधिकार प्रस्तुत किया।

महर्षि याज्ञवल्क्य के गो लेने के अधिकार पर उपस्थित ऋषियों ने अनेक प्रश्न पूछे। प्रश्न पूछनेवालों में से एक कपि–गोत्र उत्पन्न पतंजल के आश्रम में से रहे। एक गन्धर्व विद्वान से प्रश्न पूछा गयाः ''क्या आप उस सूत्र को जानते हो, जिसके द्वारा यह लोक–परलोक एवं समस्त भूत ग्रन्थित हैं? गन्धर्व विद्वान ने कहाः ''मैं नहीं जानता।'' इस पर ऋषिवर विचार करने लगे। अंत में सभी निगाहें ऋषिश्रेष्ठ याज्ञवल्क्य पर टिकी थी। उन्होंने कहाः ''हे याज्ञवल्क्य! यदि आप इसका उत्तर बता दो तो आपका गायों को ले जाने का अधिकार स्वीकार्य होगा।''

महर्षि याज्ञवल्क्य ने कहा कि मैं जानता हूँ। ऋषिवर ने गुरुतर गम्भीर वाणी में कहाः "हे गौतम! वायु ही वह सूत्र है। वायु रूप सूत्र के द्वारा ही यह लोक, परलोक एवं समस्त भूत–समुदाय ग्रन्थित–गुथे हुए हैं।" महर्षि याज्ञवल्क्य ने लम्बे वक्तव्य में स्पष्ट किया कि वायु ही सभी को बाँधे हुए है।

"अथ हैनमुद्दालक आरुणिः पप्रच्छ। याज्ञवल्क्येति होवाच मद्रेष्ववसाम पतंचलस्य काप्यस्य गृहेषु यज्ञमधीयाना– स्तस्याऽऽसीद्भार्या गन्धर्वगृहीता तमपृच्छाम कोऽसीति। सोऽब्रवीत्कबन्ध आथर्वण इति। सोऽब्रवीत्पतंचलं काप्यं याज्ञिकाँश्च वेत्थ नु त्वं काप्य तमन्तर्यामिणं य इमं लोकं परं च लोकँ सर्वाणि च भूतानि योऽन्तरो यमयतीति। सोऽब्रवीत्पतंचलः काप्यो नाहं तं भगवन्वेदेति। सोऽब्रवीत्पतंजलं काप्यं याज्ञिकाँश्च यो वै तत्काप्य सूत्रं विद्यात्तं चान्तर्यामिणमिति स ब्रह्मवित्स लोकवित्स देववित्स भूतवित्स आत्मवित्स सर्वविदिति तेभ्योऽब्रवीत्तदहं वेद तच्चेत्वं याज्ञवल्क्य सूत्रविद्वाँस्त चान्तर्यामिणं ब्रह्मगवोरुदजसे मूर्धा ते विपतिष्यीति। वेद वा अहं गौतम तत्सूत्रं तं चान्तर्यामिणमिति। यो वा इदं कश्चिद् ब्रूयाद्वेद वेदेति यथा वेत्थ तथा ब्रूहीति।।1।।"

"स होवाच वायुवैगोतम तत्सूत्रम्। वायुना वै गौतम सूत्रेणायं च लोकः परश्च लोकः सर्वाणि च भूतानि संदृब्धानि भवन्ति। तस्माद्वै गौतम पुरुषं प्रेतमाहुर्व्यस्रँ सिषतास्यांगानीति। वायुना हि गौतम सूत्रेण संदृब्धानि भवन्तीति। एव मेवैतद्याज्ञवल्क्यान्तर्यामिणं ब्रूहीति।।

बृहदारण्यकोपनिषत्, तृतीय अध्याय, सप्तम ब्राह्मण।।

महर्षि याज्ञवल्क्य ने इससे पूर्व भुज्य लाह्यायनि की वायु आदि को लेकर शंकाओं का निराकरण किया। याज्ञवल्क्य ने कहा कि वायुसूक्ष्म शरीर प्राण द्योतक है। इन्द्र ने वायु को वायु के अन्दर रखा। इस प्रकार निश्चय ही उसने वायु की प्रशंसा की। इसी से "वायु समष्टि है और व्यष्टि भी है। जो ऐसा जानता है, यह मृत्यु को विजित कर लेता है।"

"तानिन्द्रः सुपर्णो भूत्वा वायवे प्रायच्छत्। तान्वायुरात्मनि धित्वा तत्रागमयद्यत्राश्वमेधयाजिनोऽभवन्निति। एवमिव वै स वायुमेव प्रशशँस।

तस्माद्वायुरेव व्यष्टिर्वायुः समष्टिः।

अप पुनर्मृत्युं जयति य एवं वेद।

ततो ह भुज्युर्लाह्यायनिरुपरराम।।2।।बृहदारण्यकोपनिषत् 3.3।।

मुनिश्रेष्ठ याज्ञवल्क्य ने इन्द्र और वायु के सम्बन्धों का वर्णन किया। यह स्मरण रहे कि महर्षि यास्क ने मध्य स्थानवाले देवताओं के वर्णन में कहा कि उनमें वायु प्रथम है। वायु वाति से अथवा वेति से (गति अर्थ) ऐसा

स्थौलाष्ठीवि कहता है। "इ" गतो धातु से वायु शब्द बना है। इससे ऐति एवं व लगने से वेति गतिमान वायु का अर्थ है। वायु गति के अर्थवाला है। अथवा वायु का कर्म गति है। अर्थात् वेद में वायु गति उत्पन्न करनेवाली (दिव्य) महाशक्ति के स्वरूप में भी है। वायु देवता का स्मरण गति उत्पन्न करनेवाली शक्ति के अर्थ में अधिक है। महर्षि यास्क एवं स्थौलाष्ठीवि के अनुसार वेद में वायुः का आशय श्वास लेनेवाली वायु से नहीं है। वे (वेद) ब्रह्माण्डों की महावायु का उल्लेख कर रहे हैं। वेद प्राणों के ब्रह्माण्डीय महासागर के सूक्ष्मतम अंश को वायु कहता है।

"अथातो मध्यस्थाना देवताः। तासां वायुः प्रथमागामी भवति। वायुर्वा तेः। वेतेर्वा स्याद् गतिकर्मणः। एतेरिति स्थौलाष्ठीविः अनर्थको वकारः। तस्यैषा भवति।। यास्काचार्य 10.1।।"

ऋग्वेद में इन्द्र वायु सम्बन्ध को सार्वजनिक किया है। एक ऋचा के अनुसार इन्द्र वायु उत्पन्न करते हैं। ऋचा में "महत्" का आशय परमाणु की साम्यावस्था भंग होने पर आवेशित परमाणु से है। "सुताः" का अर्थ निर्मित होनेवाला पदार्थ है। महत् का प्रत्येक परमाणु तीन प्रकार के आवेशवाला होता है। फलस्वरूप एक परमाणु दूसरे परमाणु के सामने आने पर आकर्षित करने लगता है। इससे गति उत्पन्न होना स्वाभाविक है। "आकर्षण अथवा विकर्षण शक्ति ही वायु" है। ऋचा में अलंकारिक भाषा में कहा है : हे इन्द्र एवं वायु! इन उत्पन्न अन्नों के द्वारा आओ। इन्द्र की शक्तियाँ उन दोनों को चाहती हैं।। ऋग्वेद 1.2.4।।

इन्द्रवायु इमे सुता उप प्रयोभिरा गतम्।
इन्दवो वामुशन्ति हि।।4।।
वायविन्द्रश्च चेतथः सुतानां वाजिनीवासू।
तावा यातमुप द्रवत।।5।।
वायविन्द्रश्च सुन्वत आ यातमुप निष्कृतम्।।
मक्ष्वि 1त्था धिया वरा।।6।।ऋग्वेद 1.2.4,5,6।।

दूसरी ऋचा में कहा है कि वायु और इन्द्र अन्न में विद्यमान पदार्थों को चेतन (आवेशयुक्त) कर देते हैं। ऋचा का भावार्थ है कि उपादान कारण अन्न है। इसका अभिप्राय महत् में आवेशित परमाणुओं से है। इस कारण अलग–अलग आवेशित परमाणु समीप और समीप तेज गति से आते हैं। यह गति वायु के कारण होती है। तीसरी ऋचा में कहा है कि हे इन्द्र और वायु! उत्पन्न हुए, शुद्ध किए हुए को समीप लाओ। सत्य ही दोनों शक्तियाँ में शीघ्र कार्य करता है।

ऋचा का आशय है कि वायु एवं इन्द्र शुद्ध किए हुए को समीप लाते हैं। महत् प्रकृति के परमाणुओं से निर्मित होता है। यह प्रकृति द्वारा शुद्ध किया हुआ है। महत् आवेशित परमाणु विरोधी आवेश से शीघ्र परस्पर आकर्षित होकर मिल जाते हैं। यह कार्य इन्द्र एवं वायु का है।

इन्द्र त्रिगुणात्मक शक्ति है। परमाणु के बहिर्मुख होने पर तीन मुख होते हैं। इससे आकर्षण–विकर्षण होता है। परिणामतः परमाणुओं में गति उत्पन्न होती है। यह गति वायु है। वेद के अनुसार वैश्वानर अग्नि, अग्नि, इन्द्र, मित्र, वरुण, अर्यमा, सोम आदि से वायु उत्पन्न होती है। इस वायु से सूक्ष्म शरीर निर्मित होता है। वायु से ही बना सूक्ष्म शरीर विघटित होता है।

इन्द्र इन्धनात्मक शक्ति है। इन्द्र के तीन रूप–मन, प्राण एवं वाक् हैं। तीन लोक–द्युलोक, अन्तरिक्ष एवं भूलोक हैं। इन तीनों में तीन प्रेरक शक्ति–द्युलोक में सूर्य; अन्तरिक्ष में वायु और पृथिवी में अग्नि है। मानवीय शरीर में शिरोभाग द्युलोक (मनस्तत्त्व विराजमान), अन्तरिक्ष मध्यभाग हृदय (प्राणशक्ति) और भूलोक नाभि के नीचे का भाग (जठराग्नि) है। इन्द्र के तीन नाम–वासव इन्द्र, मरुत्वान इन्द्र एवं मघवा इन्द्र हैं। "मरुत्वान इन्द्र मरुत् अथवा वायु से सम्बद्ध है (हृदय, फुफ्फुस)।" शरीर रुपी तीन लोकों का गति केन्द्र इन्द्र है। यह शरीर इन्द्र का रथ है। इसमें दो अश्व हैं। ये दो अश्विनी कुमार अर्थात् प्राण एवं अपान हैं। अभिव्यंजना में दो क्रियाओं को दो अश्वों का नाम दिया गया है। प्राण–अपान की निरन्तर क्रिया से गति एवं ऊर्जा है।

मरुत् देव का ऋग्वेद एवं यजुर्वेद में अनेक ऋचाओं में गान मिलता है। "मरुत् का एक सामान्य अर्थ वायु अथवा वायु देवता है।" इनका उग्र रूप आंधी तूफान है। मरुत् वीर योद्धा और हमेशा विजयी रहते हैं।

"अध्यात्मिक रूप से मरुत् प्राण–वायु अथवा प्राण–शक्ति है।" ब्राह्मण ग्रन्थों में मरुत् देव को प्राण कहा गया है।

प्राण वै मारुताः।।शतपथ ब्राह्मण 9.3.1.7।।

प्राणो वै मरुतः स्वापयः।।ऐतरेय ब्राह्मण 3.16।।

गणशो हि मरुतः।।तांडय ब्राह्मण 19.14.2।।

वैदिक ऋचाओं में बहुत ही अलंकारिक भाषा में कहा गया है कि मरुत् समूह में रहते हैं। ऋग्वेद में मरुत्गणों की संख्या सात है। ऋग्वेद से एवं यजुर्वेद में मरुत् गणों की संख्या बढ़कर उनचास हो गई (त्रेताकाल में भी उनचास मरुत का उल्लेख है।)। ऋग्वेद की ऋचा का आशय यह है कि "मरुत् प्राणों का समूह है।" इस प्राण समूह के प्रमुख प्राण पाँच हैं– प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान। हृदय के रक्त प्रवाह का नियन्त्रक प्राण है।

शरीर के मल को अपान निकाल बाहर फेंकता है। कण्ठ में उदान का स्थान है। यह सिर के सभी कार्यों को नियन्त्रित करता है। अन्त में समूचे शरीर के रक्त संचार का नियन्त्रक व्यान है। पाँच उपप्राण—नाग, कूर्म, कृकल—कृकर, देवदत्त, धनंजय हैं। उपप्राण शरीर की विभिन्न क्रियाओं के नियंत्रक हैं। अतः शरीर के सम्पूर्ण क्रिया कलापों का नियन्त्रक प्राण ही है।

यजुर्वेद के अनुसार मरुत् इन्द्र के पोषक एवं उसके सहायक हैं। मरुत् गणों ने इन्द्र की वृत्र से युद्ध में सहायता की। यज्ञ में मरुत् इन्द्र के साथ सोमपान करते हैं। इसका (इन्द्र, वृत्र) अध्यात्मिक अर्थ इतर है। ''मानव में निरन्तर सद्विचारों, सद्भावनाओं, सद्कार्यों एवं दुर्विचारों, दुर्भावनाओं, दुष्कार्यों के बीच महासमर चलता रहता है।'' ''वृत्र कुकर्म, दुर्विचार, पाप, दुर्भावना आदि है।'' ''इन्द्र आदि सद्भावना, सत्कर्म, सद्भावना है।'' मानव में यह महासमर जीवन भर चलता है। ''प्राण वायु मरुत् देव शरीर में सात्विक विचार एवं ऊर्जा प्रदान करते हैं। सात्विक विचार भावों में वृद्धि से शरीर में ब्रह्मवर्चस, तेजस्विता आदि आती है। ओजस् एवं तेजस् से पाप भावनाएँ, दुर्विचार आदि समाप्त होते हैं।'' परिणामतः वे शरीर में प्राणशक्ति ऊर्जा की वृद्धि कर कुविचार, पाप, रोग—दोष, शारीरिक कमजोरी रूपी आदि महादानव वृत्र का संहार करते हैं। प्राण जीवात्मा के साथ हमेशा रहता है।

ब्राह्मण ग्रन्थों में देवों की प्रजा के नव अवतार में मरुत प्रकट होते हैं। मूलभूत रूप से ''मरुत् अथवा प्राण शरीर में स्वयं सेवक'' के रूप में दिन—रात काम करते हैं। जीवन प्राण वायु की सत्ता से है। मरुत् एक अतिथि के रूप में शरीर में निवास करते हैं। मरुत् पूरीतरह स्वतवस्— स्वावलम्बी हैं। मरुत् गण को किसी की सहायता की आवश्यकता नहीं है। मरुत् देव—मन, बुद्धि एवं ज्ञानेन्द्रिय की हमेशा सेवा करते हैं। इनके प्रसन्न रहने पर आत्मिक, मानसिक, शारीरिक उन्नति होती है। ''मरुत् गण की अप्रसन्नता से शरीर रोगग्रस्त होता है और चले जाने पर मृत्यु होती है।''

यह अभूतपूर्व है कि ऋग्वेद में मरुत् रुद्र के पुत्र और अग्निजिव्हाः है। वेद विज्ञान में रुद्र का अर्थ आत्मा (परमेष्ठी) से है और मरुत् शक्ति रूप है। ऋग्वेद में मरुत् को रुद्र की उपमा देना भौचक्का करता है। ऋग्वेद एवं यजुर्वेद में मरुत् को चिन्तक, ज्ञानवान, विद्वान (मनवः) और सूर्य के समान तेजोमय (सूर्यचक्षसः) कहा गया है। ऋग्वेद में मरुत् को अग्निजिव्हा घोषित करने का अर्थ मरुत् रूप में प्राण की दाहकता से है। प्राण की दाहकता शरीर में दूषित कणों (रोग) जलाकर समाप्त करती है। यही कारण है कि प्राण विद्या (प्राणायाम आदि) को रोग—दोष संहारक माना गया है।

प्रथम वेद—ऋग्वेद में ''मरुत् को बुद्धि बढ़ानेवाला'' घोषित किया है। इसका अर्थ यह है कि प्राणशक्ति (प्राणायाम, तप, साधना, जपयोग आदि) से शरीर मन, और बुद्धि पुष्ट होती है। मनुष्य का बुद्धिवर्धन होता है। यजुर्वेद में मरुत् को अग्नि के आदेश पालन करनेवाला बताया गया है। मन्त्रद्रष्टा ऋषि का अभिप्राय है कि मरुत् ज्ञानकर्म विचारपूर्वक करनेवाला है। ऋचा में अग्नि जीवात्मा है और जीवात्मा का मरुतों पर नियन्त्रण है। सारसंक्षेप में मरुत् रूपी प्राणवायु सृष्टि की सर्वोत्तम, सर्वोत्कृष्ट महाशक्ति है। यह समूचे विश्व में व्याप्त है। ये जीवनशक्ति प्रदाता, ज्ञान (सनातन), ज्योति दाता, बुद्धिवर्धक आदि है।

तेऽवर्धन्त स्वतवसो महित्वा नाकं तस्थुः....।
विष्णुर्यद् हावत् वृषणं...।।ऋग्वेद 1.85.7।।
मनोजुवो यन्मरुतः, रघुपत्वानः।। ऋग्वेद 1.85.6,7।।
मरुतः, मेधा वन न कृष्णवन्त ऊर्ध्वाः।।ऋग्वेद 1.88.3।।
तव व्रते कवयो विद्मनापसोऽजायन्त मरुतः.....।।यजुर्वेद 34.12।।
रुद्रासो नू चिदाधृषे।।ऋग्वेद 1.39.4।।
रुद्रस्य सूनवः, रोदसी हि मरुतश्चक्रिरे वृधे.....।।ऋग्वेद 1.85.1।।
ये त्वाऽहिहत्ये मघवन् अवर्धन्।।यजुर्वेद 33.63।।
अवर्धन् इन्द्रं मरुतः....।। यजुर्वेद 33.64।।
मरुतो वै देवानां विशः।।ऐतरेय ब्राह्मण 1.9।।
मरुतः.......अग्निजिव्हा ऋतावृधः।।ऋग्वेद 1.44.14।।
अग्निजिव्हा मरुतः सूरचक्षसः।।यजुर्वेद 25.20।।

यजुर्वेद में ''वातो गन्धर्वः'' (वात गन्धर्व) का उल्लेख आया है। इसकी अप्सरा ''आपो अप्सरस'' है। यजुर्वेद में 27 गन्धर्व एवं 10 अप्सराएँ हैं। देवशास्त्र के गन्धर्व एवं अप्सरा शब्द का शब्दार्थ लेने से अर्थ का अनर्थ हुआ। गन्धर्व की यजुर्वेद में व्याख्या की गई है।

वातो वा मनो वा, गन्धर्वाः सप्तविंशतिः।
ते अग्रेऽश्वमयुंजन्, ते अस्मिन् जनमादधुः।।यजुर्वेद 9.7।।

गन्धर्व का अर्थ ''गां धारयन्ति इति गन्धर्वाः''—जो ज्योति, तेज आदि को धारण करनेवाला है। गन्धर्व शक्ति, बल के स्रोत हैं। गन्धर्व शक्ति प्रदान कर जीवन को विकसित करते हैं। गन्धर्व पुरुष रूपी अश्व को निरन्तर प्रेरित कर वेग एवं ऊर्जा देते हैं। ''यजुर्वेद में 27 गन्धर्वों में वायु एवं मन को रखा गया है।'' वैदिक अप्सराः का अर्थ ''अप्सु सरति इति अप्सराः''—जल अथवा आकाश में विचरण करनेवाली है। प्रत्येक दिशा में दो—दो अप्सरा का आशय

प्रत्येक दिशा में दो प्रकार की विद्युत् धाराएँ–धनात्मक, ऋणात्मक से है। ये संघर्ष अथवा मिलने से दिशाओं को निरन्तर प्रकाशित करती हैं। ऋग्वेद के दशम मण्डल के 95वें सूक्त में पुरुरवा एवं उर्वशी संवाद है। वास्तव में वैज्ञानिक रूप से पुरुरवा मेघ और उर्वशी विद्युत् है। उर्वशी वायु की तरह विचरण करती है।

"वैश्वानर अग्नि स्वरूप में अन्तरिक्ष की अग्नि का वायु नाम चकित करता है।" यहाँ "वैश्वानर शब्द का अर्थ जीवनीशक्ति, जीवन देनेवाली शक्तियों का समन्वित रूप है।" शतपथ ब्राह्मण में कहा गया है कि "तीनों लोकों में व्याप्त अग्नि को वैश्वानर अग्नि कहते हैं। यह वैश्वानर अग्नि भूलोक पृथिवी पर अग्नि, अन्तरिक्ष में वायु और द्युलोक में सूर्य है (यहाँ विश्व एवं नर का तात्पर्य समस्त जीवनीशक्ति एवं लोक है।)।" वैश्वानर अग्नि तीनों लोकों की समष्टि है। "तत्त्व दृष्टि में सूर्य मनस् तत्त्व, वायु प्राण तत्त्व एवं अग्नि वाक् तत्त्व–भूत तत्त्व है (प्राण रूप में व्यान, अपान, प्राण)।" अथर्ववेद में "त्रयः सुपर्णाः" (जगती, त्रिष्ट्प, गायत्री छन्द) का उल्लेख है। मनस् तत्त्व, प्राण तत्त्व को स्वर्ग से सोम भौतिक धरातल पर लाने के लिए पँच महाभूतों का आश्रय लेना होता है।

वैश्वानरस्य सुमतौ स्याम,
राजा हि कं भुवनानामभिश्रीः।।ऋग्वेद 1.98.1।।
यः स वैश्वानरः, इमे ते लोकाः।
इयमेव पृथिवी विश्वम् अग्निर्नरो,
अन्तरिक्षमेव विश्वं वायुर्नरो,
द्यौरेव विश्वमादित्यो नरः।। शतपथ ब्राह्मण 9.3.1.3।।

वैश्वानर अग्नि स्वरूप

अग्नि	लोक	नाम	तत्त्व	प्राण	सुपर्णछन्द
वैश्वानर	द्युलोक	सूर्य	मनस्	व्यान	जगती
वैश्वानर	अन्तरिक्ष	वायु	प्राण	अपान	त्रिष्टुप्
वैश्वानर	भूलोक	अग्नि	वाक्	प्राण	गायत्री

पंचमहाभूत

यह स्मरण रहे कि दिव्य प्राणाग्नि अनिवर्चनीय, गोपनीय एवं अज्ञेय है। यह ब्रह्मविद्या–आत्मविद्या–आत्मतत्त्व–सृष्टिविद्या है। प्राणाग्नि तीन रूपों–मन, प्राण, वाक् तत्त्व में विभाजित है। "आत्मतत्त्व से साक्षात्कार से ब्रह्मविद्या का शक्तिपात होता है।"

"ऋग्वेद में वायुशक्ति प्राणशक्ति को कूटात्मक शैली में अमृत का भण्डार कहा है।" ऋग्वेदिक ऋषि ने वायु को ओषध की संज्ञा दी है। यह वायु दोषों को दूर कर हृदय को पुष्ट करता है। ऋग्वेद में "ऋतंभरा प्रज्ञा के लिए ऋतंभरा मेधा" शब्द का प्रयोग किया है। मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने कहा : "मैंने परमेष्ठी की कृपा से ऋतंभरा प्रज्ञा प्राप्त की है। जिससे मैं सूर्य के समान तेजस्वी हो गया हूँ।"

वात आ वातु भेषजं शंभु मयोभु नो हृदे।
प्र ण आयूँषि तारिषात्।।1।।
यददो वात ते गृहे3 ऽमृतस्य निधिर्हितः।
ततो नो देहि जीवसे।।
।।ऋग्वेद : वातायन उलः। वायुः। गायत्री। 10.186.1,3।।
अहमिद्धि पितुष्परिं मेधामृतस्य जग्रभ।
अहं सूर्य इवाजनि।। ऋग्वेद 8.6.10।।
तन्तुं तन्वन् रजसो भानुमन्विहि ज्योतिष्मतः
पथो रक्ष धिया कृतान।
अनुल्बणं वयत जोगवामपां मनुर्भुव जनया दैव्यं जनम्।।
।।ऋग्वेद 10.53.6।।

ऋग्वेद में कहा है कि "मनुर्भव जनया दैव्य जनम्।" इसका आशय है कि मननशील हो, निरन्तर चिन्तन करो, जन–जन में दिव्य ज्योति का प्रसार करो, दिव्य बनो। आत्मदर्शन, आत्मज्ञान, प्राणज्ञान (प्राणशक्ति) के ज्ञान के लिए मनन चिन्तन आवश्यक है। मानव, मनुज, मनुष्य आदि मनन के आधार पर ही कहा गया। मनन एवं चिन्तन निरन्तर करने से साधना के क्षेत्र में आत्मिक उन्नति होती है। चिन्तन मनन शक्ति से प्रज्ञा, आन्तरिक ज्योति, मेधा, प्रतिभा आदि का विकास होता है, उदय होता है। यही आधार मन्त्रद्रष्टा ऋषि, मुनि तत्त्वदर्शी चिन्तक का कहा गया है। यानी "मनुष्य बनकर देवत्व प्राप्त कर सकते हैं। प्राणविद्या मनुष्य से देव बनने की महाविद्या है।"

प्राण को "विश्वजन्मन्" कहा गया है। यानी "प्राण महासत्ता के रूप में सृष्टिकर्ता है।" प्राण सभी गतिशील जीवों का स्वामी है। प्राण के गतिदाता होने से "क्षिप्रधन्वन्" नामकरण दिया गया है। प्राण की आत्मिक शक्ति अक्षय होने से वह "ब्रह्मणा धीरः" है।

अथर्ववेद की ऋचाओं में "प्राण के विराट् स्वरूप" का बहुत ही सुन्दर वर्णन मिलता है। प्राण विराट्, प्रेरक एवं निर्देशक है। प्राण ही प्रजापति, सूर्य एवं चन्द्रमा है। "अन्तरिक्ष में व्याप्त वायु प्राण है। अतः वायु को प्राण कहा

जाता है। वर्तमान, भूत एवं भविष्य सभी काल में रहते हैं। सृष्टि में जीवित रहने के लिए वायु की आवश्यकता है। वह वायु प्राणशक्ति है। तीनों कालों का अस्तित्व प्राणशक्ति से है। इसी कारण कहा गया है कि समूची सृष्टि प्राण में प्रतिष्ठित है।''

प्राणो विराट् .... सूर्यश्चन्द्रमाः... प्रजापतिम्।।

प्राणमाहुर्मातरिश्वानम्....।।

प्राणे सर्वं प्रतिष्ठितम्।।अथर्ववेद 11.4.12,15।।

वायु देवता की प्राणशक्ति (प्राण एवं प्राणायाम) का अथर्ववेद (11.4.7) में भी सूत्रात्मक ब्योरा है। इस विधि में (प्राणायाम के) आयत् , तिष्ठत्, परायत् एवं आसीन का उल्लेख है। अथर्ववेद के ''विश्वप्राण'' सूक्त में प्राण की ग्यारह, बाईस एवं तेतीस(33) शक्तियों का वर्णन है। प्राण की धुरी अक्ष के सहस्र प्रसार मार्ग (अक्षर) हैं। अथर्ववेद में प्राण को हंस की उपमा दी है। यह हंस आत्मा है। साथ ही अथर्ववेद में ब्रह्मविद्या के रहस्य का उद्घाटन किया गया है (4.1.1)।

वायु के कर्म का उल्लेख अश्विनौ सम्बन्धित ऋग्वेद की ऋचा में भी किया है।

अश्विना यज्वरीरिषो द्रवत्पाणी शुभस्पती।

पुरुभुजा चनस्यतम्।।ऋग्वेद 1.3.1।।

शरीर में खाया हुआ भोजन अग्नि से पचता है और वायु पचा हुआ भोजन रस भिन्न–भिन्न अंगों तक पहुँचाता है (ऋग्वेद 1.3.1)।

चारों वेदों के इन्द्र विषयक ऋचाओं का अध्ययन चौंकाता है। ''इन्द्र का अधिदैविक अर्थ–वायु, सूर्य, विद्युत, इन्द्र है। जबकि अध्यात्मिक अर्थ परमेष्ठी, प्राण, अन्तःकरण, जीवात्मा है। अधिभौतिक अर्थ–राजा, सेनापति है।''

ऋग्वेद में तीन देवियाँ शक्तियाँ–इडा, सरस्वती एवं मही हैं। इनका अध्यात्मिक स्वरूप–इडा, पिंगला, सुषुम्ना है। सुषुम्ना केन्द्रीय शक्ति, इडा–ऋणात्मक एवं पिंगला–धनात्मक शक्ति है। सृष्टि में यत्र–तत्र–सर्वत्र तीनों तत्त्व विद्यमान हैं। सरस्वती प्रज्ञाशक्ति (मनः शक्ति) है। जाबाल दर्शनोपनिषद् के अनुसार सुषुम्ना के देवता रुद्र शिव, इडा के देवता हरि और पिंगला के देव विरंचि है। प्राणायाम के द्वारा वायु का इडा से पिंगला का संक्रमण उत्तरायण और वायु का पिंगला से इडा संक्रमण दक्षिणायन कहलाता है।

.ऋग्वेदिक मही (पिंगला) प्राणतत्त्व है। यह ऊर्जा, स्फूर्ति, पराक्रम, शक्ति, पुरुषार्थ आदि सम्बन्धी कार्य करती है। योग साधना में प्राणशक्ति को

उदबुद्ध करने के लिए पिंगला को साधा जाता है। पिंगला धनात्मक शक्ति होने से यह शक्ति को प्रबुद्ध करती है।

प्राणवायु मरुत् का जीव वैज्ञानिक स्वरूप निराला है। ये ज्ञानतन्तुओं का मुख्य केन्द्र हैं। अर्थात् मरुत् मस्तिष्क के ज्ञानतन्तु एवं क्रियातन्तु हैं। ऋग्वेद में (1.85.3, 10.74.7) मरुत् को समुद्र से उत्पन्न बताया गया है। इसका आशय अन्तःस्रावी और बहिःस्रावी ग्रन्थियों से है। मरुत् मस्तिष्कीय नसों का संजाल है। संवेदनात्मक नसें भाई की भांति व्यवहार करती हैं। वेद में मरुत् को चिरयुवॉ कहने का आशय हमेशा स्फूर्ति, ऊर्जा, पराक्रम, शक्ति, पुरुषार्थ से काम करना है। मरुत् एकमत होकर काम करने से वेद में समान विचारवान कहे गए। मरुतों का साम्राज्य चौतरफा फैलने का अर्थ शरीर में नसों का संजाल होना है। मरुत् को मनोवेग कहने का अन्तर्निहित अर्थ विद्युत् तरंगों का महारथ है। विद्युत् तरंगों की गति एक लाख छियासी हजार मील प्रति सेकंड है। ऋग्वेद में वायु एवं इन्द्र को चेतना बताया गया है। इसका वैज्ञानिक यह आशय है कि ये चेतना की तरह अनुभूतियों, विचारों, संवेदनाओं आदि को ग्रहण कर सम्प्रेषण करते हैं। अतः ज्ञान विज्ञान के तत्त्वों का ग्रहण एवं सम्प्रेषण होता है।

वायाविन्द्रश्च चेतयः।।ऋग्वेद 1.2.5।।ऊँ।।

वेद : ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद
प्राणविद्या : मृतसंजीवनी विद्या का रहस्यलोक
ब्रह्माण्डीय प्राण महासमुद्र : सूक्ष्मांश वायु, व्यष्टि प्राण

वेद में सूत्रात्मक, कूटात्मक, संकेतात्मक, अभिव्यंजनात्मक, अलंकारिक, रहस्यात्मक, बहुअर्थी, ध्वन्यात्मक, संहत, संक्षिप्त, अध्यात्मिक, दार्शनिक शैली में ''प्राणविद्या'',''प्राण धारण रीति'' को परत दर परत स्पष्ट किया है। सृष्टि में प्राणियों, विशेषकर मनुष्यों के लिए प्राणविद्या की शेष विद्याओं के अपेक्षा सर्वाधिक आवश्यकता है। प्राण के अभाव में जीवन की कल्पना सम्भव नहीं है।

जीवनीशक्ति

''वेद प्राण को जीवनीशक्ति'' (ऋग्वेद, अथर्ववेद) घोषित करता है। यह जीवनीशक्ति व्यापकतम, सूक्ष्मतम, सर्वव्याप्त, अदृश्य, अव्यक्त आदि है।

मानवीय शरीर में जीवनीशक्ति से ही सब कुछ होता है, प्राणशक्ति के समापन पर मनुष्य का अस्तित्व ही समाप्त हो जाता है। परमेष्ठी की प्राणशक्ति पर ही विश्व आधारित है।

परमेष्ठी प्राणशक्ति

ऋग्वेद की ऋचा (10.90.93) में घोषणा की कि ''परमेष्ठीय प्राणशक्ति से इस वायु की उत्पत्ति हुई है।'' हमारी ''पृथिवी का स्थानीय प्राण वायु'' है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि वायु वास्तविक प्राण नहीं है। इसकी उत्पत्ति परमेष्ठी की प्राणशक्ति से हुई है। यह वायु जब हमारे शरीर के फेफड़ों के अन्दर आती है, तब वायु के साथ परमेष्ठी की प्राणशक्ति हमारे अन्दर दाखिल होती है। परिणामतः हमारा जीवन चलता है। वैदिक विज्ञान का संदेश है कि यह भाव प्राणायाम के समय मन में धारण करना करना चाहिए। ऋग्वेद के इसी सूत्र के आधार पर प्रकारान्तर में योग–प्राणायाम की नींव रखी गई।

प्राणाद्वायुरजायत।।ऋग्वेद 10.90.13, अथर्ववेद 19.6.7।।

प्राण से दीर्घायु

ऋग्वेद में आगे स्पष्ट किया है कि ''प्राण ही आयु है।'' अर्थात् प्राण रहने तक जीवन है। इसका भावार्थ यह भी है कि दीर्घ आयु के लिए प्राण एवं उसके स्थानों को सशक्त करें। प्राण का स्थान फेफड़े हैं। उनको बलवान बनाने से प्राण सशक्त होगा। वैदिक विज्ञान में इसकी प्रक्रिया प्राणायाम कही गई है।

आयुर्न प्राणः।।ऋग्वेद 1.66.1।।

प्राण व्यवहार नीति विधि–जीवनी मार्ग–असु नीति

''ब्रह्मविद्या ऋग्वेद में प्राण व्यवहार विधि–जीवनी मार्ग का नामकरण ''असु नीति'' रखा गया है।'' ऋग्वेद विश्व का पहला और अन्तिम धर्मशास्त्र है जिसमें प्राण व्यवहार नीति विधि को प्रस्तुत किया गया है। ऋग्वेदीय संस्कृत में असु शब्द प्राण व्यवहार रीति के अर्थों में है।

असुनीते पुनरस्मासु चक्षुः पुनः प्राणमिहवो धेहि भोगम्।
ज्योक्पश्येम सूर्यमुच्चरन्तमनुमते मृळया नः स्वस्ति।।
।।ऋग्वेद 10.59.6।।

हे असुनीति! यहाँ हमारे भीतर, पुनः चक्षु, प्राण एवं भोग धारण करो। जिससे हम सूर्य का उदय बहुत देर तक देख सकें, यानी दीर्घ आयु हों। हे अनुमते! हम सभी को सुखी करो। हमें उत्तम स्वास्थ्य सम्पन्न करो।।ऋग्वेद 10.59.6।। ऋचा में असुनीते का आशय प्राण धारण करने की रीति है। प्राण

नीति अनुकूल रखने पर सभी असम्भव सम्भव है। प्राण नीति से प्राण जाने की सम्भावना पर भी दोबारा प्राण की स्थिरता प्राप्त की जा सकती है (मृतसंजीवनीविद्या)।

असुनीते मनो अस्मासु धारय जीवातवे सु प्रतिरान आयुः।
रांरधि नः सूर्यस्य संदृशि घृतेन त्वं तन्वं वर्धयस्व।।
।।ऋग्वेद 19.59.5।।

इस ऋचा में असुनीति से आयुष्य वृद्धि की रीति का रहस्य उद्घाटित किया गया है। इसमें ''मन की दृढ़ धारणा, मन की दृढ़ आत्मशक्ति, मन के दृढ़ विश्वास आदि को अनन्त विस्तार देना आधारभूत नियम है।'' मन की धारणा को अखण्ड स्वरूप देना प्रथम कार्य है। हम दीर्घायु ही प्राप्त करेंगे, किसी भी स्थिति में हमारी आयु क्षीण नहीं होगी, यह धारणा करें। मन की अभेद्य शक्ति और अटूट विश्वास पर ही सिद्धि निर्भर है। वेद में अलंकारिक शैली में सूर्य प्रकाश के साथ दीर्घायु को नत्थी किया गया है। इस प्रक्रिया में योग, प्राणायाम आदि का अभ्यास आवश्यक है। यह भी निर्देशित है कि प्राणायाम के साथ गोघृत का सेवन करना चाहिए।

इस ऋचा (ऋग्वेद 19.59.5) में कहा है कि हे असुनीते! हमारे अन्दर की धारणा करो। हमारी दीर्घ आयु करो। हम (दीर्घ समय तक) सूर्य का दर्शन करें, आप घी से शरीर को पुष्ट करो।

प्राण राजा स्वरूप

यजुर्वेद में सीधे सीधे ''प्राण को राजा'' घोषित किया गया है। भौतिक रूप से भी शरीर में प्राण ही वास्तविक राजा है। इसलिए राज रूपी प्राण पर सबसे अधिक ध्यान एवं महत्व देना चाहिए। प्राण की सेवा शुश्रूषा सर्वाधिक करना आवश्यक है। राजा प्राण के असन्तुष्ट होने पर जीवन ही नहीं रहेगा।

राजा मे प्राणः।।यजुर्वेद 20.5।।

महाशक्तिमान प्राण रीति

यजुर्वेद की ऋचाओं में यह निर्देश है कि प्रत्येक यह मनन करे कि वह अपने आचरण से अपने प्राणों, प्राणों की प्रतिष्ठा में वृद्धि कर रहा है अथवा कमी कर रहा है। उसके प्राणों के व्यवहार उत्तम चल रहे हैं अथवा अनियमित त्रुटि पूर्ण हैं। यह भी अनुशीलन करें कि प्राणों का तेज बढ़ रहा है या घट रहा है। सभी प्राण विषयक कर्तव्यों का सही–सही अनुपालना करें। वेद मन्त्र में चेताया है कि इन्द्रियों के भोग भोगने में शक्ति–ऊर्जा नहीं झौंके। इसका बड़ा भाग प्राण शक्ति वृद्धि में अर्पित करें। एषणा को नियंत्रित कर

शक्ति प्राण संवर्धन में लगायें। वैदिक मान्यता में इन्द्रियाँ गौण हैं। प्राण सर्वोपरि है।

''सभी प्राणों–प्राण, अपान, उदान, समान, व्यान आदि की प्रतिष्ठा एवं उनका व्यवहार उत्तम रीति से होना चाहिए। समस्त प्राणों को तेजस्वी करो। सभी प्राणों के लिए त्याग करो (यजुर्वेद 13.19; 14.12; 15.64; 13.24; 14.14; 15.28; 22.23; 23.18)।''

विश्वस्मै प्राणायापानया व्यानायो दानाय प्रतिष्ठायै चरित्राय।।

।।यजुर्वेद 13.19; 14.12; 15.64।।

विश्वस्मै प्राणायापानाय व्यनाय विश्वं ज्योतिर्यच्छ।।

।।यजुर्वेद 13.24; 14.14; 15.28।।

प्राणाय स्वाहापानाय स्वाहा व्यानाय स्वाहा।।

।।यजुर्वेद 22.23; 23.18।।

यहाँ ऋषिवर ने ''प्राण की प्रतिष्ठा'' और ''स्वाहा'' शब्दों का प्रयोग किया है।

''प्राण संवर्धन विद्या'' और ''आंगिरस विद्या'' का भी खुलासा किया गया है।

प्राणस्त आप्यायताम्।।यजुर्वेद 6.15।।

ऐन्द्र प्राणो अंगे अंगे निदध्यैन्द्रः उदानो
अंगे अंगे निधीतः।। यजुर्वेद 6.20।।

प्राणं मे पाह्यपानं मे पाहि व्यानं मे पाहि।।यजुर्वेद 14.8,17।।

प्राणं ते शुन्धामि।।यजुर्वेद 6.14।।

प्राणं मे तर्पयत।।यजुर्वेद 6.31।।

प्राणं न वीर्यं नसि।।यजुर्वेद 21.49।।

आत्मशक्ति एवं प्राण : आंगिरस विद्या

आपका प्राण सवंर्धित हो (यजुर्वेद 6.15)। यह स्मरण रहे कि प्राण शक्ति पर ही समस्त अवयवों की शक्ति निर्भर है। अतः प्राणशक्ति वृद्धि आवश्यक है। ''(प्राण) आत्मा की शक्ति से प्रेरित अंगों में पहुंचा। सभी अंगों में आत्मा की शक्ति से प्रेरित उदान स्थित है (यजुर्वेद 6.20)। प्रत्येक अंग में प्राण स्थित होकर आत्मा की प्रेरणा से कार्य करता है। ''वैदिक ऋचा का अन्तर निहित संदेश है कि शरीर के जिस इन्द्रिय, अंग, अवयव में प्राणशक्ति न्यूनतम हो, वहाँ आत्मा–मन की प्रचण्ड शक्ति से प्राणशक्ति को ऊर्जाकृत करना चाहिए, भेजना चाहिए। यह आरोग्यता वृद्धि का मूलमंत्र है। यही वैदिक ''आंगिरस विद्या'' है।

प्राण : तृप्ति, पवित्रता नियम

''मेरे प्राण, अपान, व्यान का संरक्षण करो'' (यजुर्वेद 14.8;17)। इनके संरक्षण से ही प्राणशक्ति समूचे शरीर का संरक्षण कर सकती है। ''(मैं) प्राण की पवित्रता करता हूँ (यजुर्वेद 6.14)।'' ''प्राण की तृप्ति करो'' (यजुर्वेद 6.31)। प्राण का संरक्षण पवित्रता एवं तृप्ति से होता है। मनुष्य अतृप्त इन्द्रिय–अतृप्त वासना–अतृप्त एषणा से भोगों की तरफ दौड़ता है। फलस्वरूप पतन होता है। भोग–वासना के कारण प्राणशक्ति क्षीण होती है। प्रकारान्तर में शम–दम–योग का सिद्धान्त प्रतिपादित हुआ। वेद अपवित्रता और असंतुष्टता को प्राणशक्ति को कम करनेवाला कहता है। ''नाक में प्राणशक्ति है और वीर्य वृद्धि करो (यजुर्वेद 21.49)।'' यजुर्वेद में स्पष्ट कहा है कि प्राणशक्ति नासिका से सम्बद्ध है। स्मरण रहे कि नाक से ही मनुष्य श्वास लेता है। प्राणायाम, ब्रह्मचर्य से प्राण शक्तिशाली होता है। ब्रह्मचर्य (शब्द के व्यापक अर्थ) (यह इतर विषय है।) से सहज सिद्धि मिलती है।

प्राण सामगान

संगीत साधना से परमेष्ठी की कृपा प्राप्त होने का सिद्धान्त है। संगीत मनुष्य को पवित्र, एषणा पर विजय, उदात्त, भावना–संवेदना प्रधानता, एकाग्रता आदि प्रदान करता है। ईश उपासना में ईश गान भी एक मार्ग है। प्रकारान्तर में भक्ति मार्ग विकसित हुआ। वैष्णव उपनिषदों में से एक में कलियुग में विभु के सोलह नाम गायन को तारणहार कहा गया है। ''यह अभूतपूर्व है कि यजुर्वेद में रहस्योद्घाटन किया गया है कि गायन एवं प्राणशक्ति में अन्तर सम्बन्ध है।'' गायन (भगवद्) से प्राणशक्ति महाशक्तिमान स्वरूप लेती है। सामवेद मूलतः परमेष्ठी उपासना, गायन की प्राणविद्या है। प्राणशक्ति में वृद्धि भगवद् उपासना एवं गुणों के गान से होती है। यह अटल सत्य है कि गायन से एकाग्रता, उदात्तता, भावप्रधानता आदि प्राप्त होती है। गायन में लीन होने पर विलक्षण चमत्कार होते हैं। ''यजुर्वेद में कहा है कि मैं प्राण को लेकर साम की शरण में जाता हूँ (यजुर्वेद 36.1)।'' वैदिक विज्ञान के अनुसार गायन (शास्त्रीय) का आरोग्यता से सीधा सम्बद्ध है (शास्त्रीय संगीत का मनोविज्ञान)। गायन के समय तल्लीनता, तन्मयता ऊर्जाकृत करती है।

साम प्राणं प्रपद्ये।। यजुर्वेद 36.1।।

यज्ञ स्वरूप प्राण

यजुर्वेद के ''यज्ञ'' का आशय भौतिक यज्ञ से इतर भी है। ''वैदिक ऋचा के अनुसार सूर्य पृथिवी की नाभि पर निरन्तर यज्ञ कर रहा है।'' इस दृष्टि से यज्ञ तत्त्व की विवेचना करनी चाहिए। ''शरीर में प्राण–अपान का यज्ञ

चल रहा है।'' वैदिक ''मन्त्रद्रष्टा ऋषि–ऋषिकाओं ने शुभ कार्य, सत्कर्म ज्ञान प्रसार–विद्या प्रसार, सर्वहित में सर्व समर्पण त्याग आदि को अनेक प्रकार के यज्ञों में सर्वोपरि माना है। वेद की मान्यता है कि सर्वकल्याण के कार्य यज्ञ से प्राणशक्ति में वृद्धि सुनिश्चित रूप से होती है। ज्ञानयज्ञ–विद्यादान, ओषधदान यज्ञ से निर्मलता, निरंजनता, पवित्रता, आत्मशक्ति, उदात्तता आदि स्वाभाविक रूप से प्राप्त होती है। यजुर्वेद में शुभकार्य से प्राण को शक्ति मिलने का वर्णन है। ''मेरी आयु यज्ञ से बढ़े। मेरा प्राण, यज्ञ से समर्थ हो। मेरा प्राण अपान, व्यान एवं साधारण प्राण यज्ञ द्वारा शक्तिमान हो। यज्ञ को मेरा प्राण समर्पित हो (यजुर्वेद 9.29; 18.29; 12.33; 18.2; 18.22)।''

आयुर्यज्ञेन कल्पतां प्राणो यज्ञेन कल्पताम्।।

।।यजुर्वेद 9.21; 18.29; 12.13।।

प्राणश्च मेऽपानश्च मे व्यानश्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्।।

।।यजुर्वेद 18.2।।

प्राणश्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्।।यजुर्वेद 18.22।।

सार्वभौमिक प्राण

वेद में ''प्राण की सार्वभौमिकता'' की उद्घोषणा की गई है। वैदिक सिद्धान्त ''समष्टि की उन्नति में व्यष्टि की उन्नति (सबकी उन्नति में एक की उन्नति) है'' (इसी सिद्धान्त के अनुसार आगम में सभी के मंगल, सभी के अभीष्ट पूरे होने, सभी के सर्वार्थ सिद्ध होने आदि का मन्त्र आया। जब सभी की मनोकामना पूर्ण होगी, तब साधक के अभीष्ट स्वतः सिद्ध होंगे।)। वेद सभी में समष्टि की व्यापक सर्वजनिन, सार्वलौकिक, सर्वकालिक दृष्टि प्रत्येक मननशील के अन्दर उत्पन्न करने का पक्षधर है। यजुर्वेद के अनुसार मनुष्य का प्राण सार्वभौमिक प्राण का लघुतम सूक्ष्मतम से सूक्ष्मतम भाग है। ''समूचे ब्रह्माण्डों में प्राणों का समुद्र विद्यमान है। उस ब्रह्माण्डीय प्राण समुद्र का सूक्ष्मतम अंश हमारे मानवीय शरीर को जीवन दे रहा है। श्वास प्रश्वास से सार्वभौमिक प्राण हमारे भीतर जा रहा है।'' यह भावना मन में उत्पन्न होने से कल्याण है। ''मेरा प्राण सार्वभौम विश्व व्यापक प्राण के साथ सम्बद्ध हो। आपका प्राण वायु के साथ संगत हो''।। यजुर्वेद 6.10।।

सं प्राणः प्राणेन गच्छताम्।।

सं ते प्राणो वातेन गच्छताम्।।यजुर्वेद 6.10।।

प्राणशक्ति : प्राणायाम रहस्य

प्राणशक्ति–प्राणायाम के गुप्त से गुप्त रहस्य को यजुर्वेद में सरलता सहजता से सविस्तार प्रस्तुत किया गया है। यह दोहरा रहे हैं कि यजुर्वेद

की ऋचा में ''सुषुम्ना नाड़ी को सरस्वती शब्द'' से सम्बोधित किया गया है। ''आश्विनौ का आशय धन एवं ऋण शक्तियों'' से है। ''इन्द्र शब्द का प्रयोग परमेष्ठी एवं जीवात्मा वाचक'' के लिए किया गया है। इस ऋचा में सरस्वती का अर्थ महानद अथवा महाज्ञानी भी नहीं है और अश्विनौ देवताओं के चिकित्सक रूप में नहीं है। इन्द्र देव सेनानी स्वरूप से इतर हैं। यजुर्वेद के इस मन्त्र अथवा ऋचा के शब्दों के अर्थ अध्यात्मिक हैं। ''आश्विनौ देव तेज के साथ चक्षु प्रदान करते हैं। सरस्वती प्राणशक्ति के साथ वीर्य (जीवनीरसशक्ति) देती है। इन्द्र जीवात्मा के लिए वाणी एवं बल के साथ इन्द्रिय शक्ति सहित अर्पण करता है।।'' यजुर्वेद 20.80।।

अश्विना तेजसा चक्षुः प्राणेन सरस्वती वीर्यम्।
वाचेन्द्रो बलनेन्द्राय दुधिरिन्द्रियम्।। यजुर्वेद 20.80।।

मृत संजीवनी

''प्राणशक्ति की सहायता से मृत्यु से संरक्षण का आश्चर्यजनक संजीवनी सूत्र अथर्ववेद में दिया गया है।'' प्राण नियन्त्रण से मृत्यु का भय हवा हो जाता है। यानी प्राण को प्रसन्न कर मृत्यु को हराया जा सकता है। वैदिक ऋषि ने ''निर्ऋति'' का आशय—अपनति, कुमार्ग, घातकी रीति, अपवित्रता, अयोग्य रीति, टेढ़ी चाल आदि से लिया है। निर्ऋति के कुमार्ग के भ्रमजाल से सावधान किया गया है। निर्ऋति से अधोगति होती है। ''ऋति'' का अर्थ—प्रगति, पवित्रता, सत्य, सत्यकर्म, अभ्युदय, सन्मार्ग, योग्यता, उन्नति, सीधा मार्ग है। ऋषिवर ने सावधान किया है कि निर्ऋति का इन्द्रजाल—भ्रम, छल, कपट, कुटिल, सभी दुर्व्यसन, आलस्य आदि चुम्बकीय सम्मोहन से खींचता है। अभ्युदय के लिए निर्ऋति के मायाजाल के सम्मोहन से बचना आवश्यक है। क्योंकि निर्ऋति के चक्रव्यूह में फंसने के बाद निकलना असम्भव नहीं तो बहुत कठिन अथवा दुरसाध्य है। अतः मनुष्य उन्नति, कल्याण, अभ्युदय के लिए सावधान होकर अधोगति से बचे। मनुष्य को जीवन को मंगलमय बनाने के उद्देश्य से प्राणशक्ति का संरक्षण करना चाहिए। ''हे प्राण! हमारा रक्षण कर। हे जीवन! हमारे जीवन को मंगलमय सुखमय कर। हे अनियम! अनियम के पाशों से हमारी रक्षा कर।।'' अथर्ववेद 2.28.4,5।।

प्राण प्राण त्रायस्वासो असवे मृड।
निर्ऋते निर्ऋत्याः नः पाशेभ्यो मुंच।।4।।
वातः प्राणः।।5।। अथर्ववेद 2.28.4,5।।
प्राणापानौ मृत्योर्मा पातं स्वाहा।। अथर्ववेद 3.16.1।।
मेमं प्राणो हासीन्मो अपानः।।अथर्ववेद 2.28.3।।

प्राण : पँचस्वरूप : पशुपतिनाम

अथर्ववेद आदि में प्राण के पाँच नाम चकित करते हैं (यद्यपि ये प्राण के नाम के स्थान पर स्थिति अधिक लगती है।)। प्राणवाचक नामों को ही प्राण मान लिया गया है। चतुर्थवेद में ''प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान, आदि नामों का अपना रहस्य है।'' इन पँच प्राणों को प्रकारान्तर में उत्तर वैदिक काल (सतयुग से पूर्व) ''वैदिक देवों के शास्ता रुद्र के पँचमुख अथवा पँचमुखी रुद्र घोषित किया गया। रुद्र के ये नाम प्राणवाचक हैं।'' वैदिक देवताओं की ऋचाओं में देवताओं का प्राण रूपत्व मिलता है। यह स्मरण रहे कि इन्द्र देवता, अग्नि देवता, वायु देवता, सरस्वती देवता आदि की प्राण रूपता सुप्रसिद्ध है। वैदिक ऋचाओं में देवता स्थान सानिध्य से प्राण रूपत्व को प्राप्त हुए।

वैदिक रुद्र देवता के सूक्तों में अनेक नाम प्राणवाचक अर्थ में भी हैं (भव, शर्व, पशुपति आदि) (रुद्र सृष्टिकर्ता, पालक, संहारक आदि)(पशुपति शब्द प्राण वाचक है। यहाँ पशु से आशय इन्द्रिय है। इन्द्रिय का गो, अश्व, पशु आदि अन्य प्रकार से वर्णन किया गया है।) (व्यष्टि से समष्टि का भी संदेश है।)। ''ऋग्वेद में रुद्र का महामृत्युंजय विराट् स्वरूप प्रकट होता है। ऋग्वेद में रुद्र ने विषपान किया।'' देवगाथाओं में रुद्र–महादेव का पँचमुखी पशुपतिनाथ रुद्र स्वरूप वेद का विस्तार है। देवगाथाओं–पुरागाथाओं में रुद्र कल्याणकारी शिवरूप में विषपान कर नीलकण्ठ कहलाये।

प्राणापानौ व्यानोदानौ।। अथर्ववेद 11.8.26।।

वायु प्राणस्वरूप

वैदिक विज्ञान में स्पष्ट रूप से स्वयं को अजेय, अपराजित की धारणा से ओत–प्रोत रखने का संदेश है : ''अहं अस्तृतः अस्मि।'' वेद का उपदेश है कि मनुष्य हीनभावना, निकृष्ट समझना, दीनहीन मानना, नकारात्मक प्रवृत्ति, नकारात्मक मनोवृत्ति, नकारात्मक विचार, हीन भावना आदि को मन एवं आत्मा से निकाल बाहर करे। वैदिक विज्ञान की दृढ़ मान्यता है कि जैसा विचार करोगे, वैसा अवस्था होगी : ''यथा दृष्टि, तथा सृष्टि।'' प्राणशक्ति को विराट् करने के साधनों में से एक प्राणायाम करनेवालों के लिए यह विचार आवश्यक है। ''अथर्ववेद में मानवीय शरीर को देवताओं का मन्दिर (आलय) एवं ऋषियों का आश्रम घोषित किया गया है। मानव मन्दिर का अधिष्ठाता एवं परमेष्ठी का सहचर है।'' ''सूर्य मेरा नेत्र है, वायु प्राण है, अन्तरिक्ष–स्थतत्व आत्मा है, पृथिवी मेरा स्थूल शरीर है। इस तरह मैं अपराजित हूँ। मैं स्वयं के द्युलोक और पृथिवी लोक के अन्दर जो कुछ है, उस सभी के संरक्षण के लिए अर्पण

करता हूँ।। अथर्ववेद 5.9.7।।'' इस ऋचा में ''वायु को प्राण'' कहा गया है। साथ ही स्वयं को अपराजेय घोषित किया है।

सूर्यो मे चक्षुर्वातः प्राणो अन्तरिक्षमात्मा पृथिवी शरीरम्।
अस्तृतो नामाहमयमस्मि स आत्मानं निधते
द्यावापृथिवीभ्यां गोपीथाय।।अथर्ववेद 5.9.7।।

प्राण ही अमृत : मधुकशा

अथर्ववेद में यह रहस्य पुनः उजागर किया है कि ''प्राण ही अमृत है।'' इसके लिए ''मधुकशा'' शब्द का प्रयोग चकित करता है। यह मधुकशा ही जगत् में सभी को गति दे रहा है। मधु का अर्थ मधुर और कशा का अर्थ अंकुश अथवा चाबुक है। यानी मधुकशा मधुरांकुश (मीठा चाबुक) है (अंकुश जिस तरह हाथी पर नियंत्रण करता है, उसी तरह मधुकशा शरीर का नियंत्रक–पालक है। यह पीड़ा के साथ मधुर है।)। यह मधुकशा अश्विनौ देव हैं। वेद के शरीरस्थ देवों में दोनों अश्विनी कुमार प्राणरूप में नासिका में रहते हैं। अश्विनी देवों का प्राणमयरूप शरीर प्राण, अपान, श्वास, उच्छ्वास, दायें–बायें नासिका श्वास है। शरीर में अश्विनौ स्वरूपा प्राणों का मधुर अंकुश काम कर रहा है। दूसरे शब्दों में शरीर रूपी रथ के इन्द्रियरूपी रथ का संचालक है। वेद में बहुत ही अलंकारिक शैली का प्रयोग सुन्दर है। वैदिक ऋचा में स्पष्ट किया है कि जहाँ–जहाँ यह मधुरांकुश–मधुकशा चलाया जाता है, वहाँ–वहाँ प्राण एवं अमृत रहता है। अमृत एवं प्राण एक साथ रहने पर शरीर की मृत्यु नहीं होती है। यह उल्लेखनीय है कि शरीर में प्राण ही सबका प्रेरक है। अतः उसके लिए मधुकशा की परिकल्पना प्रकट हुई है। साथ ही आगे कहा गया है कि यह मधुकशा शरीरस्थ वसु आदि देवों का सहायक, प्रजाओं का प्राण, अमृत का मध्य है। ''मर्त्यों में चेतना एवं तेज प्राण से उत्पन्न होते हैं।'' यह प्राण समस्त प्राणियों में व्याप्त है। ''इस पृथिवी एवं समुद्र की बृहद् शक्ति (रेतः–वीर्य) आपः ही हैं, यह सभी कहते हैं। जहाँ यह मधुर अंकुश चमकता हुआ चलता है, वहीं प्राण वहीं अमृत है। यह मधुकशा आदित्यों की माता (अदिति), वसुओं की दुहिता, प्रजाओं का प्राण, अमृत की नाभि है। यह तेजस्वी तेज उत्पन्न करनेवाला और मर्त्यों में संचार करनेवाला है''।।अथर्ववेद 9.1.4।।

महत्वयोः विश्वरूपमस्याः समुद्रस्य त्वोत रेत आहुः।
यत ऐति मधुकशा रराणा तत् प्राणस्तदमृतं निविष्टम्।।2।।
मातादित्यानां दुहिता वसूनां प्राणः प्रजानाममृतस्य नाभिः।
हिरण्यवर्णा मधुकशा घृताची महान् गर्भश्चरति मर्त्येषु।।

।।4।।अथर्ववेद 9.1.2,4।।

प्राणशक्ति से मैत्री

ऋग्वेद में सविता देवता से मैत्री कर असाध्य रोगों के निवारण का उल्लेख है (सन 1708 में बीदर, कर्णाटक के पूर्व प्रधानमन्त्री, महातान्त्रिक भास्कराचार्य ने ऋग्वेद की तीन ऋचाओं के साथ सूर्योपासना से कायाकल्प किया : स्रोत–तृच भास्कर)। अथर्ववेद में प्राणशक्ति से मैत्री नये कलेवर में प्रस्तुत है। ऋषिवर का प्राण से मैत्री के अनेक अर्थ हैं। पहला, शरीर में प्राण को अनन्त शक्तिमान करें। दूसरा, शरीर से प्राण अल्पायु में दूर नहीं हो अर्थात्। अर्थात् अल्पायु में अकाल मृत्यु नहीं हो। ब्रह्माण्डीय प्राण महासलिल से सम्बद्धता के लिए परमेष्ठी की सेवा श्रेष्ठ गुणों (सद्गुणों) को अपनाकर करें। परमेष्ठी के सर्वोत्कृष्ट सद्गुणों के स्मरण से सद्विचारों का अक्षय, अखण्ड, अनन्त महाप्रवाह में सम्मिलित होना सहज योग है (श्रीमद् आदिशंकराचार्य कृत चर्पटमंजरी में सत्संग से मोक्ष प्राप्ति बतायी गई है।)। मन में लगातार परमेष्ठी के श्रेष्ठतम गुणों के ध्यान से विचारों का कायाकल्प होता है। परमेष्ठी की उपासना अभ्युदय एवं कल्याणप्रद है। ''यह प्राण हमारा मित्र बने। हे परमेष्ठिन्! हमें तेजपूर्ण दीर्घायु प्राप्त हो।।'' अथर्ववेद 13.1.17।।

इहैव प्राणः सख्ये नो अस्तु तं त्वा परमेष्ठिने।
पर्यग्नि रायुषा वर्चसा दधातु।।अथर्ववेद 13.1.17।।

सप्तप्राण

वेद में सप्त का अंक बहुत ही रहस्यपूर्ण है। सप्त की अनन्त महामाया में सप्त ऋषि, सप्त सिंधु, सप्त ब्रह्म, सप्त व्याहृति, सप्त द्वीप, सूर्य की सप्त किरण, सप्त लोक, सप्त नद, सप्त विभक्ति, सप्त प्रवाह, सात अर्चिषः, सप्त धीतयः, सप्त रत्नानि, सात बुद्धि अमर्त्य गाय, सप्त मातरः, सप्त धेनवः, सप्त गावः, सप्तगुः, सप्त विप्राः, सप्त हरितः, सप्त मुख अंगिरा आदि शामिल हैं। सप्त प्रजापति, सप्त मूल ग्रह, अग्नि की सप्त जिव्हाएँ आदि इस रहस्य को ओर गहराते हैं। उसकी श्रृंखला में ''सत्पुरुष के सात प्राण, सात अपान एवं सात व्यान हैं। इन सात प्राणों के नाम – ऊर्ध्व, प्रौढ़, अभ्यूढ़, विभू, योनि, प्रिय एवं अपरिमित हैं। इनके सात स्वरूप– अग्नि, आदित्य, चन्द्रमा, पवमान, आपः, पशु और प्रजा हैं। वेदानुसार मनुष्य अपने सातों प्राणों को अपरिमित रूप दे सकता है, अनन्त विस्तारित कर सकता है। उसके लिए समस्त जन के हित के कार्य में स्वयं का अर्पण करना होता है। प्राण के ऊर्ध्व अथवा उच्च करने से अग्नि के समान तेजस्वी हो जाता है।। अथर्ववेद 15.15. 1–6।। यहाँ लोकहित के कार्यों में समर्पण का उपदेश है।

तस्य व्रात्यस्य।।
सप्त प्राणः सप्तापानः सप्त व्यानाः।।
योऽस्य प्रथमः प्राणः ऊर्ध्वो नामायं सो अग्निः।।
योऽस्य द्वितीयः प्राणः प्रौढो नामासौ स आदित्यः।।
योऽस्य तृतीयः प्राणोऽभ्यूढो नामासौ स चन्द्रमाः।।
योऽस्य चतुर्थः प्राणो विभूर्नामायं स पवमानः।।
योऽस्य पंचमः प्राणो योनिर्नाम ता इमा आपः।।
योऽस्य षष्ठः प्राणः प्रियो नाम त इमे पशवः।
योऽस्य सप्तमः प्राणो ऽपरिमितो नाम इमाः प्रजाः।।
।।अथर्ववेद 15.15.1—6।।

इस ऋचा में ''व्रात्यस्य'' शब्द का अर्थ सत्पुरूष, सदभावी, सन्यासी, भलेमानुष, सद्साधक आदि से है। वैसे वैदिक व्रात्य का अनुशीलन आवश्यक है।

स्फूर्ति—जागृति प्राण रक्षण दिव्य ऋषि

वेद का उद्देश्य आमजन के आरोग्य एवं आयुष्य में वृद्धि का भी रहा। वैदिक ऋचा में अपरोक्ष रूप से सावधानता के साथ उत्साह के सद्गुणों को मानवीय योग्यता, क्षमता, मेधा को मूलाधार कहा गया है। वैदिक ऋषि ने दुर्बलता, दीनहीनता, निराशा, प्रतिकूलता का अदृश्य भय, भय की मनोवृत्ति आदि को मन—मस्तिष्क—विचार से निकाल बाहर करने का महामन्त्र दिया है। सकारात्मक, रचनात्मक, सृजनधर्मी आदि विचार का संवर्धन बोध एवं प्रतिबोध करते हैं। इसलिए वेद के निर्देशन के अनुरूप विचार धारणा से मृत्यु के वश से बाहर निकाल सकते हैं। मनुष्य मन, मस्तिष्क का उत्साह, सकारात्मकता से लबालब रहना चाहिए और सावधानता पूर्वक व्यवहार नीति व्यवहार से मरण की भीति नहीं होगी। अर्थात् दीर्घ आयु के लिए स्फूर्ति (उत्साह), जागृति (सावधानता) दोनों दिव्य ऋषि स्वरूप हैं। इस तत्त्व को अथर्ववेद में बहुत ही सुन्दर तरीके से प्रस्तुत किया गया है : ''दो ऋषि बोध एवं प्रतिबोध हैं। ये दोनो ऋषि प्राण की रक्षा करते हुए रात दिन जागते रहें।। अथर्ववेद 5.30.10।।'' बोध एवं प्रतिबोध स्फूर्ति एवं जागृति हैं। इनके दिनरात जागते रहने से ही जीवन है।

ऋषि बोधप्रतिबोधावस्वप्नो यश्च जागृविः।
तौ ते प्राणस्य गोप्तारौ दिवा नक्तं च जागृताम्।।
।।अथर्ववेद 5.30.10।।

स्फूर्ति एवं जागृति महारक्षक

वेद की ऋचाओं में अद्भुत रचनाधर्मिता, कल्पनाशीलन से साक्षात्कार होता है। वेद के शब्दों की सभी ऋचाओं में एक ही अर्थ नहीं हैं। यानी वेद के शब्द बहुअर्थी हैं। एक ऋचा में बोध और प्रतिबोध ऋषिरूपा हैं तो दूसरी ऋचा में बोध एवं प्रतिबोध ''संरक्षक'' अवतार में प्रकट होते हैं। बोध एवं प्रतिबोध के संरक्षक अवतार के गुण–उत्साह, जागृति, स्फूर्ति, सावधानता, रक्षण आदि हैं। मनुष्य को अभ्युदय, अभिवृद्धि, उन्नति, कल्याण के लिए इन गुणों को धारण करना चाहिए। ''उत्साह (बोध) और प्रतिबोध रक्षण करे। स्फूर्ति एवं जागृति आपकी रक्षा करे, रक्षक और जागृत आपकी रक्षा करे।।अथर्ववेद 8.1. 13।।'' आचार्य टी.वी. कपाली शास्त्री ने ऋग्वेद के भाष्य की भूमिका में इसका उल्लेख किया है कि एक शब्द का एक ही अर्थ प्रत्येक वैदिक ऋचा में लेने से वेद अबूझ पहेली बना है।

बोधश्च त्वा प्रतिबोधश्च रक्षतामस्वप्नश्च त्वानवद्राणश्च रक्षताम्।
गोपायंश्च त्वा जागृविश्च रक्षताम्।।अथर्ववेद 8.1.13।।

काल प्राण सम्बन्ध

वैदिक मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने काल और प्राण के परस्पर सम्बन्ध की अभूतपूर्व व्याख्या की है। यहाँ ''काल का नव अर्थ समयोचित नियमपूर्वकता'' से है। ''समयानुकूल (कालानुकूल) कार्य से सिद्धि'' होती है। जिस समय जो कार्य करना है, वह उसी समय करना सार्थक है। उस समय के पुरुषार्थ से अभीष्ट सिद्ध होता है। अथर्ववेद की ऋचा में कहा है : ''काल की अनुकूलता से प्राण, मन एवं नाम रहता है। काल की अनुकूलता से समूची प्रजाओं में आनन्द रहता है।। अथर्ववेद 19.53.7।।''

काले मनः काले प्राणः काले नाम समाहितम्।
कालेन सर्वा नंदन्त्यागतेन इमाः प्रजाः।।अथर्ववेद 19.53.7।।

दीर्घायु : प्राण की अविच्छिन्नता

वेद की ऋचा में शरीर में प्राण की अविच्छिन्नता एवं आयु की प्रार्थना बहुत ही अलंकारिक है। यहाँ ऋषिवर शरीर में सभी इन्द्रियों और सभी प्रकार की शक्तियाँ अविच्छन्न एवं सर्वोत्तम (उन्नत) रूप में प्रकट होने की व्यवस्था का आव्हान कर रहे हैं। ऋचा में सर्वोच्च सकारात्मकता विधेयक शक्तियों को अभिव्यक्त किया गया है। मन–मस्तिष्क में भावना स्थिर होने पर मानवीय शक्ति दैवीय रूपाकार लेती है। ऋचा में कहा है कि मैं पूर्ण रूपेण स्वतन्त्र हूँ। साथ ही दूसरे किसी की सहायता की अपेक्षा रहित हूँ। साथ ही योग्य सर्वसमर्थ हूँ। किसी भी कष्ट एवं बाधा से विचलित होनेवाला नहीं हूँ। दृढ़ हूँ।

यह भी कामना की गई है कि मेरी इन्द्रियाँ, प्राण, अवयव ऐसे दृढ़ और महाशक्तिवान हों कि मुझे उनके कारण कभी क्लेश नहीं हो (अहं अयुतः। अहं सर्वः अयुतः।।)। मैं किसी दूसरी शक्ति की अपेक्षा नहीं करता हुआ सम्पूर्ण स्वतन्त्रता के साथ आनन्दपूर्वक महान पुरुषार्थ कर सकूँ (यहाँ स्वयं को ब्रह्मस्वरूप मानने की अविचल धारणा हो।)। वैदिक ऋचा के अनुसार : ''प्राण मेरी नासिका में स्थिर रहे। मेरे शरीर में कर्ण, नेत्र एवं प्राण छिन्न–भिन्न नहीं हों एवं सुचारू कार्य करें। मेरी आयु एवं तेज अविच्छिन्न नहीं हों। अर्थात् दीर्घ आयु प्राप्त करें। मेरे शरीर में, मेरी आत्मा, चक्षु, श्रोत्र, प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान आदि समस्त शक्तियाँ पूर्णतः स्वतन्त्र एवं उन्नत होकर रहें''।। अथर्ववेद 19.60.1; 19.58.1; 19.51.1।।''

नसेः प्राणः।।अथर्ववेद 19.60.1।।

श्रोत्रं चक्षुः प्राणोऽच्छिन्नो नो अस्त्वच्छिन्ना वयमायुषो वर्चसः।।

।।अथर्ववेद 19.58.1।।

अयुतोऽहमयुतो म आत्माऽयुतं मे चक्षुरयुतं मे

श्रोतमयुतो मे प्राणोऽयुतो मेऽपानोऽयुतो मे व्यानोऽयुतोऽहं सर्वः।।

।।अथर्ववेद 19.51.1।।

दीर्घायु प्राण अक्षयकोष

अथर्ववेद में दीर्घ आयु के लिए प्राण अक्षय कोष को साधने का निर्देश है। मनुष्य को आयु बढ़ाने के लिए (प्राण के) सुनियमों का पालन करना चाहिए। इस उद्देश्य से वैदिक ऋचा में अप्रत्याशित अभूतपूर्व घोषणा की है कि इस लोक में आयु लगातार बढ़ती रहे। ''इसका गुह्य अर्थ यह है कि आयु निश्चित नहीं है, प्रत्युत वृद्धि होनेवाली है (आयु घट एवं बढ़ सकती है।)।'' ऋग्वेद में देवताओं के चिकित्सक अश्विनी कुमार देवों ने ऋषियों का कायाकल्प किया। वृद्धावस्था को युवावस्था में परिवर्तित करने का चमत्कार दिखाया। अथर्ववेद की ऋचा ऋग्वेद का विस्तार है। वैदिक ऋषि ने कहा है कि शक्ति बल युक्त वेग से प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान अपने–अपने स्थान पर रहें। ''प्राण, अपान के शक्तिशाली बन कर कार्य करने से मृत्यु का भय नहीं रहता है।'' परिणामतः मनुष्य दीर्घ आयु रूपी अक्षयकोष प्राप्त कर सकता है। मानवीय जीवन के सभी धनों में आयु रूपी धन सर्वोपरि, सर्वोत्कृष्ट, सर्वकालिक है। आयुरूपी धन होने पर ही शेष धनों का उपयोग कर सकते हैं। मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने अलंकारिक शैली में कहा है : ''जिस प्रकार बैल अपने स्थान पर (सायंकाल) वेग से लौट आते हैं, उसी का अनुसरण करते हुए प्राण एवं अपान अपने स्थान पर वापिस लौट आवें। आयु अथवा

वृद्धावस्था का खजाना कभी कम नहीं होकर बढ़ता रहे। अपने अन्दर प्राणों को प्रेरित करता हूँ एवं बीमारियों को निकालकर बाहर फेंकता हूँ। यह श्रेष्ठ अग्नि हम सभी को सब प्रकार से दीर्घ आयु प्रदान करे।।अथर्ववेद 7.53. 5–6।।''

प्र विशतं प्राणापानावनड्वाहाविव वज्रम्।
अयं जरिम्णः शेवधिररिष्टः इह वर्धताम्।।
आ ते प्राण सुवामसि परा यक्ष्मं सुवामि ते।
आयुर्नो विश्वतो दधदयमग्निर्वरेण्यः।।अथर्ववेद 7.53.5–6।।

प्राण वशीकरण : अभीष्ट सफलता कुंजी

यजुर्वेद की ऋचा में अभीष्ट सफलता की कुंजी के रूप में प्राणों को वश में करने का महामन्त्र दिया है। यह भी कहा है कि प्राण की प्रसन्नता से समूची सृष्टि पुष्पवती एवं फलवती होती है। समस्त सृष्टि के नवजीवन के गवाह पुष्प, पल्लव, फल हैं। इसी तरह प्राण की प्रसन्नता से सफलता निश्चित रूप से मिलती है। पृथिवी–भूलोक, अन्तरिक्षलोक– भुवर्लोक और सत्यलोक–परमव्योमन है। अवकाश में द्युलोक व्यापक प्राण है। प्राण का महासागर ब्रह्माण्डों में पसरा है। अर्थात ब्रह्माण्डीय महासागर महाप्राण से ओतप्रोत है। वायु और प्राण दोनों का अन्तर्सम्बन्ध है। एक ओर वेद की ऋचा में कहा है कि प्राण महासागर (महावायु) का अंश (पृथिवी का वात) वायु है। दूसरी ओर कहा है कि प्राण एवं वायु एक ही स्थान में हैं। दोनों अन्तरिक्ष में रहते हैं। ऋचा में कहा है कि प्राण के संचार से विश्व में आश्चर्यजनक परिवर्तन होता है। प्राण की ऋतु वसन्त है। इस वसन्त में प्राण समूचे विश्व में, समस्त वृक्षों आदि सहित मानवीय जीवन आदि में नवजीवन का संचार करता है। प्राण का नव अवतार मननीय है। ''यह आगे भुवर्लोक है। उसमें रहने के कारण ''प्राण भौवायन'' कहलाता है। वसन्त प्राणायान है।।यजुर्वेद 13.54।।''

अयं पुरो भुवः।
तस्य प्राणो भौवायनो वसन्तः प्राणायानः।।यजुर्वेद 13.54।।

कर्तव्यता एवं प्राण

यजुर्वेद की ऋचा में ''अग्नि को प्राणदाता'' कहा गया है। इसका वास्तविक अर्थ अध्यात्मिक है। ऋग्वेद में अध्यात्मिक रूप से अग्नि चिततत्त्व, आत्मतत्त्व है। ऋचा का अन्तर्निहित अर्थ प्राण का संरक्षण करना, प्राण को सत्कर्म में प्रदान करना, इन्द्रियों का संयम, मन–विचार की पवित्रता, वाणी की शुद्धता, सद्कर्म करना, सद्व्यवहार आदि से है। विचार, वाणी, कर्म आदि की

अपवित्रता से विश्व में अशांति, असमानता, हिंसा, शत्रुता का वातावरण है। प्राण, मन, इन्द्रियों एवं वाणी की स्वाधीनता–पवित्रता प्राप्ति के लिए सभी प्रकार के नियम, कर्म, विधान, धर्म आदि हैं। सारसंक्षेप में प्राण कर्तव्य परायणता ही उन्नति की आधारशिला है। धर्मशास्त्रों में इस उपदेश को लगातार कहा गया है। ऋचा के अनुसार ''आप (अग्नि) प्राण, अपान, व्यान, तेज एवं स्वातन्त्र्य प्रदाता हैं। आप मेरी वाणी के दोष दूर करनेवाले, मन्त्र को शुद्ध एवं पवित्र करनेवाले हैं। आप मेरे प्राण, अपान, चक्षु, श्रोत आदि के संरक्षक हैं''।। यजुर्वेद 17.15; 20.34।।

प्राणदा अपानदा व्यानदा वर्चोदा वरिवोदाः।।यजुर्वेद 17.15।।
प्राणपा मे आपान पाश्चक्षुष्पा श्रोतपाश्च मे।
वाचो मे विश्वभेषजो मनसोऽसि विलायका।।यजुर्वेद 20.34।।

शरीर में प्राण : अरिहन्त

वैदिक ऋचा में शरीर में प्राण का प्रधानकार्य ''अरिहन्त'' का है। शरीर में महावीर स्वरूप में प्राण आधि–व्याधियों, रोग–दोष आदि शत्रुओं को नष्ट कर आरोग्य प्रदान करता है। ऋषि ने यहाँ प्राण को मेष (मेंढ़ा) की उपमा दी है। साथ ही ''अविः'' कहा है। ऋचा के अवि शब्द का अर्थ शरीर संरक्षण करना है। अव धातु का अर्थ–रक्षण, गति, कांति, प्रीति, तृप्ति, ज्ञान, प्रवेश, श्रवण, स्वामित्व, प्रार्थना, कर्म, इच्छा, तेज प्राप्ति, आलिंगन, हिंसा, वृद्धि, भाग, दानादि है। इन शब्दों से प्राण के कार्य व्यक्त होते हैं (ये प्राणवाचक हैं।)। प्राण के धर्म एवं कर्म इसी आधार पर हैं।

इन व्यापक कार्यों का संरक्षक शरीर में नासिका स्थित है। नासिका के द्वारा एक प्राण शरीर में कार्यरत है। प्राण महापथ अमृत स्वरूप है। इस महापथ के दो अरिहन्त–महारक्षक श्वास, उच्छ्वास नामधारी ग्रह हैं। श्वास, उच्छ्वास से शरीर उत्तम हो रहा है। इन दो ग्रहों के कारण प्राण का महापथ मृत्यु से सुरक्षित है। शरीर में श्वास उच्छ्वास के चलने तक जीवन का संचार है। इसमें (विद्या) सामवेद सहायक है। प्राण शक्ति के विकास का साधन परमात्मा की उपासना (गान) है। साधना, उपासना, जपयोग से सुषुम्ना शक्तिवान होती है और प्राणों का सामर्थ्य प्रकट होता है।

''मेढ़ा के समान लड़नेवाला संरक्षक प्राणवायु वीर्य–जीवनशक्ति के लिए नासिका में स्थित है। प्राण का अमृतमय पथ श्वास एवं उच्छ्वास दो प्राणों से निर्मित है। स्थिर स्तुतियों के द्वारा सुषुम्ना नाड़ी समूचे शरीर में व्याप्त व्यान प्राण को एवं नासिका के साथ सम्बन्ध रखनेवाले दूसरे प्राणों को बाहर प्रकट करती है।।यजुर्वेद 19.90।।''

अर्विन मेषो नसि वीर्याय प्राणस्य पन्था अमृतो गृहाभ्याम्।
सरस्वत्युवाकैर्व्यानं नस्यानि बहिर्बदरैजनान।।यजुर्वेद 19.90।।
इस ऋचा में सरस्वती शब्द सुषुम्ना के अर्थ में प्रयोग किया गया है।

प्राण : आत्मशक्ति

आत्मशक्ति की आश्चर्यजनक क्रिया है। आत्मशक्ति का चमत्कार है कि प्राण शक्ति सोने के समय भी जाग्रत रहती है। प्राण शक्ति कभी विश्राम नहीं करती है। इसके ठीक विपरीत निद्रा के समय सभी इन्द्रियाँ थककर लीन हो जाती हैं। प्रतिदिन जाग्रत होने पर इन्द्रियों को पुनः शक्ति प्राप्त होती है। इन्द्रिय प्राणों को नवजीवन मिलता है। यह स्मरण रहे कि ''निद्रा अल्प विश्राम और मृत्यु महाविश्राम है''।

यह भी जानना आवश्यक है कि निद्रा के समय लीन इन्द्रियाँ जागृति के समय कैसे व्यक्त होती हैं ? यह मनन करना आवश्यक है कि प्राणशक्ति और इन्द्रिय प्राण में क्या अन्तर सम्बन्ध है ? मूलभूत रूप से निद्रा एवं मृत्यु में अधिक अन्तर नहीं है। निद्रा इन्द्रियों का अल्प विश्राम है और मृत्यु स्थायी महाविश्राम है। इसके चिन्तन से आत्मशक्ति का ज्ञान होता है। यह कहा गया है कि आत्मशक्ति हमें पापों से बचावे।

''मेरा प्राण, आत्मा, मन, आयुष्य, चक्षु, श्रोत्रादि मुझे पुनः प्राप्त हुए हैं। हमारे शरीर का रक्षक सर्व हितकारी आत्मा पापों से रक्षा करे।।यजुर्वेद 4.15।।

पुनर्मनः पुनरायुर्म आगन् पुनः प्राणः पुनरात्मा म आगन्।
पुनश्चक्षुः पुनः श्रोत्रं म आगन् वैश्वानरो अदब्धस्तनूपा अग्निर्नः पातु दुरितादवद्यात्।।यजुर्वेद 4.15।।

प्राण के सैकड़ों–सहस्रों भेद

वेद में रहस्योद्घाटन किया है कि प्राण शरीर के सूक्ष्म से सूक्ष्म भेद में, प्रत्येक स्थान में अवस्थित है। इस प्रकार प्रत्येक प्राण के सैकड़ों–सहस्रों भेद हो सकते हैं। प्राणशक्ति का शरीर में विस्तार सहस्रों–सहस्रों रूपों में सूक्ष्म से सूक्ष्म अंश में है। प्राणशक्ति वश में होने से शरीर नीरोग रहता है।

यजुर्वेद का प्राण विषयक सूक्त क्रिया प्रधान है। ''हे सहस्र नेत्रवाले अग्ने! आपके सैकड़ों प्राण–उदान और सहस्रों व्यान हैं। आपका प्रभुत्व सहस्रों धनों (अध्यात्मिक आशय) पर है। अतः हम शक्ति के लिए आपकी प्रशंसा करते हैं।। यजुर्वेद 17.71।।'' ऋषि ने सहस्राक्ष, शतक्रतु, इन्द्र आदि शब्द आत्मावाचक के रूप में प्रयोग किये हैं। सहस्राक्ष अग्नि सहस्र तेज धारण करनेवाला है। वैसे प्राण का स्थान शरीर में निश्चित है। हृदय में प्राण है,

गुदा में अपान है, नाभि में समान है, कण्ठ में उदान और समूचे शरीर में व्यान (पँच प्राण) है।

अग्ने सहस्राक्ष शतमूर्ध्वे छतं प्राणः सहस्रं व्यानाः।
त्वं साहस्रस्य राय ईशिते तस्मै ते विधेम वाजाय स्वाहा।।
।।यजुर्वेद 17.71।।

सात्विकाहार एवं प्राण

यजुर्वेद की ऋचाओं का अनुष्ठान की दृष्टि से मनन चिन्तन आवश्यक है। ''यजुर्वेद में कहा गया है कि सात्विक आहार से प्राण के बल में वृद्धि होती है। सात्विक धान्य के आहार से इन्द्रिय आदि के देव प्रसन्न होते हैं। फलस्वरूप आयु में बढ़ोत्तरी होती है। इस प्रकार शुद्धता, पवित्रता से प्राण की शक्ति विकसित होती है (इससे पूर्व शुद्ध विचार का उपदेश मिलता है।)।'' इसी उद्देश्य से कहा गया है : ''आप धान्य हैं, देवों को धन्य करो। हम प्राण, उदान, व्यान, समान, अपान के लिए आपको स्वीकार करते हैं। आयुष्य एवं दीर्घ मर्यादा के लिए धारण करते हैं। आप मेरे प्राण, व्यान, उदान के तेज की वृद्धि के लिए शुद्ध बनो।। यजुर्वेद 7.27।।'' वैदिक विज्ञान का मानना है कि भोजन ओषध की तरह करना चाहिए। लोक में कहा गया : ''जैसा खाओगे अन्न, वैसा बनेगा मन्न।''

धान्यमसि धिनुहि देवान् प्राणाय त्वोदानाय
त्वा व्यानाय त्वा दीर्घामनु प्रसितिमायुषे धाम्।।यजुर्वेद 1.20।।
प्राणाय मे वर्चोदा पवस्व व्यानाय मे वर्चोदा
वर्चसे पवस्वोदानाय मे वर्चोदा वर्चसे पवस्व।।यजुर्वेद 7.27।।ऊँ।।

वैदिक मृत्युंजय विद्या

प्राण अनुष्ठान से यमदूत पराजित!

मृत्युंजय संजीवनी विद्या वैदिक काल से प्रचलन में रही। ''वेद का विचार है कि मनुष्य मृत्यु के पराधीन नहीं है।'' वैदिक आकाशविद्या, मधुविद्या–सूर्यविद्या, वरुणविद्या, अग्निविद्या, प्राणविद्या–वायुविद्या से आयु को निश्चित रूप से विस्तारित किया जा सकता है। यह स्मरण रहे कि परमव्योम में आयु की कोई सीमा नहीं है (आकाशविद्या)। वैदिक ऋषियों ने मृत्युंजय विद्या को गोपनीय से गोपनीयतम रखा।

संजीवनी विद्या का अद्भुत चमत्कार ''ऋग्वेद में वैदिक देवों के शास्ता रुद्र ने विषपान कर दिखाया।'' रुद्र पर विष का कोई प्रभाव ही नहीं हुआ। देवगाथाओं में रुद्र द्वारा मृतक को पुनः जीवित करने की दिव्य विद्या की शिक्षा–दीक्षा के उल्लेख मिलते हैं। ऋग्वेद के अश्विनी देवों को विष प्रभाव निराकरण ज्ञाता कहा गया है। ''वेद मृत्यु से अभयदान दे रहा है।'' ''ऋग्वेद का यम सूक्त सुप्रसिद्ध है।'' इसके विपरीत अवैदिक विचार से सृष्टि में संचरण करनेवाले यमराज निश्चित समय जीवन हरण करते हैं।

वेद में स्पष्ट किया है कि ''प्राण अनुष्ठान से यमराज के दूत को दूर किया जाता है। मनुष्य यमराज के विधान से स्वतन्त्र है।'' प्राण का बल अनुष्ठान रीति से सशक्त करना चाहिए। यमदूत प्राणोपासना करनेवालों पर कोई प्रभाव नहीं डालते हैं। इस विचार को मन, मस्तिष्क में धारण कर मृत्यु से निर्भय बनना चाहिए। वेद में प्राणोपासना के अनेक विधानों के सूत्र हैं। इनमें प्राणायाम आदि भी सम्मिलित है। प्रत्येक मनुष्य को प्राण की साधना से अपनी उम्र को दीर्घ बनाना चाहिए। प्राण साधना से मनुष्य को यमदूतों को भगाने का सामर्थ्य प्राप्त होता है।

प्राण साधना से आधि–व्याधि, रोग–दोष को जड़ मूल से उखाड़ फेंक सकते हैं। इस प्रक्रिया में विधि नियमों के विरुद्ध व्यवहार, दुर्विचार, दुराचार, भ्रष्ट आचार, दुर्गण आदि के दोष स्वयं समाप्त हो जाते हैं। शरीर में रोगों के बीज नष्ट हो जाते हैं। इसे ऐसे समझें कि सूर्य अपनी किरणों से अन्धकार को छूमन्तर करता है। उसकी तरह प्राणशक्ति के प्रभाव से रोगों का जड़ से सफाया होता है।

मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने शरीर में मांस को क्षीण करनेवाले कृमि को ''पिशाचान्''; रक्त को निर्बल करनेवाले रक्त कृमि को ''रक्षः क्षरः''; समस्त क्षय के कारण को ''सर्वे दुर्भूतं''; ''क्रव्यादः'' आदि अलंकारिक शब्दों में व्यक्त किया है। आत्मा को ''जातवेद अग्नि'' नाम से सम्बोधित किया है (जो सभी पदार्थों को यथावत जानता है।)। वेदानुसार आत्मा अमृत रूप एवं आयुष्मान है। आत्मा हमें अमृत रूप एवं आयुष्मान करने में भी सक्षम है। मनुष्य आत्मा से संयुक्त (योग) कर अमरत्वपूर्ण अथवा दीर्घायु हो सकता है। ब्रह्मविद अमर बनते हैं अर्थात् चिरंजीवी हैं, हमेशा संतुष्ट और प्रेमपूर्ण रहते हैं। ब्रह्मविद सभी प्रकार के ऐश्वर्य–समृद्धि (अध्यात्मिक, दैविक, अधिभौतिक) से समृद्ध रहते हैं। यह ही वास्तविक समृद्धि है। मनुष्य भी आत्मविद्या का अधिकारी है। ब्रह्मविद अकाल मृत्यु के स्थान पर मरण समय स्वयं निर्धारित करते हैं। जयपुर के राजगुरु पण्डित श्रीविद्यानाथ ओझा ने पन्द्रह दिन मल–मूल बन्द होने पर

अठारह माह बाद मृत्यु समय निश्चित किया (चिकित्सकों ने उस समय, उसी दिन उनकी मृत्यु की प्रबल सम्भावना व्यक्त की थी।)। अर्थात् राजगुरु पण्डित श्रीविद्यानाथ ओझा ने स्वयं द्वारा निर्धारित समय मृत्यु का वरण किया। इससे स्पष्ट है कि ब्रह्मविद, साधक, उपासक आदि आयु का विस्तार कर सकते हैं। यमदूत उनसे कोसों दूर रहते हैं अथवा उनके आज्ञापालक हैं।

"प्राण अनुष्ठान" विषय बहुत ही रहस्यमय है। वैदिक ऋषियों ने प्राण अनुष्ठान का अनेक वैदिक ऋचाओं में सूत्रात्मक वर्णन किया है। सामान्य रूप से योग, प्राणायाम आदि ही सार्वजनिक है। नाथ मत का जपयोग इसकी अदृश्य कड़ी है। उसमें जप के समय अधर बन्द रखे जाते हैं। जिव्हा को तालु से लगाया जाता है। जप के समय कोई आवाज (स्वर उच्चारण) नहीं हो। अन्त में जप के समय श्वास भी नहीं लें। श्वास रोककर मुँह बन्द कर जप करना सरल नहीं है।

अथर्ववेद के सूक्त की तीन ऋचाओं में प्राणविद्या से यमदूत भगाने के सूत्र हैं। "मैं आपके अन्दर प्राण एवं अपान का बल, दीर्घ आयु, स्वास्थ्य आदि सुभाव, वृद्धावस्था के बाद "योग्य समय" मृत्यु आदि की स्थापना करता हूँ। वैवस्वत यम के द्वारा भेजे यमदूतों को ढूँढ़–ढूँढ़ कर दूर करता हूँ। प्रतिकूल नियम विरूद्ध व्यवहार से दीर्घकालिक रोग, मांस को क्षीण करनेवाले रोग, रक्त विनाशक रोग, समस्त क्षय करनेवाले रोग, मारक रोग, आदि को अन्धकार की तरह हटाता हूँ। मैं आपके लिए अमर, तेजस्वी, आयुष्मान् जातवेद से प्राण प्राप्त करता हूँ। इससे अकाल मृत्यु नहीं हो, अमर बनें, दीर्घजीवी बनें। मित्र भाव से सन्तुष्ट रहें, आपको कष्ट नहीं हो। मैं आपके लिए उस प्रकार की समृद्धि अर्पण करता हूँ।। अथर्ववेद 8.2.11, 12,13।।"

कृणोमि ते प्राणपानौ जरां मृत्युं दीर्घमायुः स्वस्ति।
वैवस्वतेन प्रतिहात् यमदूतांश्चरतोऽप सेधामि सर्वाना।।
आरादरातिं निर्ऋतिं परो ग्राहिं क्रव्यादः पिशाचान्।
रक्षो यत्सर्वं दूर्भूतं तत्तम इवाप हन्मसि।।
अग्रेष्टे प्राणममृतादायुष्मतो वन्वे जातवेदसः।
यथा न रिष्या अमृतः सजूरसस्तत्ते कृणोमि तदु ते समृध्यताम्।।
।।अथर्ववेद 8.2.11, 12, 13।।

ऋग्वेद में रुद्र विषपान

केश्यग्निं केशी विषं केशी विभर्ति रोदसी।
केशी विश्वं स्वर्दृशे केशीदं ज्योतिरुच्यने।।1।।
मुनयो वात रशनाः पिशंगा वसते मला

वात्तस्यानुध्राजिं यन्ति यद्देवासो अविक्षत।।2।।
उन्मदिता मौनेयेन वातामातष्थिमा वयम्।
शरीरेदस्माकं यूयं मर्तासो अभिपश्यथ।।3।।
अन्तरिक्षेण पपति विश्वरूपावचाकशत्।
मुनिर्देवस्य देवस्य सौकृत्याय सखा हितः।।4।।
वातस्याश्वो वायोः सखाऽथो देवेषितो मुनिः।
उभो समुद्रावाक्षेति यश्च पूर्व उतापरः।।5।।
अप्सरसां गन्धर्वाणां मृगाणां चरणे चरन्।
केशी केतस्य विद्वान्त्सखा स्वादुर्मदिन्तमः।।6।।
वायुरस्मा उपामन्थत्, पिनष्टि स्मा कुनन्नमा।
केशी विषस्य पात्रेण यदु द्रेणापितव् सह।।7।।ऋग्वेद 10.136.1–7।।

ऋग्वेद : मृत्युविमोचन ऋक्

त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्।।ऋग्वेद 7.52.12।।

यजुर्वेद के सोलहवें अध्याय में रुद्रवाचक पदों की सख्या लगभग 240 है। इनमें ''वायु'' भी है।

रुद्राः सजीवा अजीवाः प्राणदयो वायवः।।यजुर्वेद 16.54।।
रुद्राः प्राणरूपाः वायवः।।यजुर्वेद 11.54।।

रुद्र आयुर्युधः : वायु रुद्र, ओंकार

ये पथां पथिरक्षय ऐलवृदा आयुर्युधः।।60।।वा.य. 16.1–66।।
(रुद्र आयुष्य वृद्धि करनेवाला है।) (वाजसनेयी संहिता, यजुर्वेद)

अथर्ववेद में ''जनानां राजा रुद्रः'' कहा गया है। साथ ही ''मर्त्यानां पिता रुद्रः'' देखने योग्य है। वहीं ऋग्वेद में ''भुवनस्य पितरं गीर्भिराभि रुद्रं दिवा वर्धया रुद्रमक्तौ।।'' कहा गया है। अर्थात् सृष्टि का पिता रुद्र है। रुद्र अजर, अमर, सर्वव्याप्त, सार्वभौमिक, सर्वलौकिक, सर्वकालिक, सूक्ष्म से सूक्ष्म, अव्यक्त, सर्वशक्तिमान एवं सर्वज्ञ है। अतः रुद्रविद्या मृत्युंजय है। रुद्र अथर्वशीर्ष में वायु ही ओंकार होने का वर्णन है : ''ब्रह्मणो वायुः वायोरोंकार''।।ऊँ।।

निन्यानवें घोड़ियों का अद्‌भुत दिव्य वायुरथ
अध्यात्मिक रहस्य : प्राणशक्ति आयाम

वायु देवता के दिव्य रथ का रूपक ऋग्वेद में मन्त्रमुग्ध करता है। इस दिव्य रथ में निन्यानवें और सहस्र घोड़े अथवा घोड़ियों का जुता होना रोमांचक है। इन असंख्य घोड़ियोंवाले चकाचौंध करते महारथ पर श्वेत वर्ण के वायु देव शोभायमान हैं।

पश्चिमी वैदिक विज्ञान इस वायु दिव्य रथ के गूढ़तम अध्यात्मिक अर्थ तक पहुँचने में असफल रहे। यह पुनः लिख रहे हैं कि वेद की भाषा अलंकारिक, अभिव्यंजनात्मक, सूत्रात्मक, प्रतीकात्मक, रहस्यात्मक, संहत, संक्षिप्त, बहुअर्थी, ध्वन्यात्मक, रूपकवाली, उपमावाली, अध्यात्मिक आदि है। वेद में ''अश्व शब्द–ब्रह्म, सूर्य, शक्ति, बल, गति, राष्ट्र आदि अनेक अर्थों'' में आया है। अतः अश्व का शाब्दिक अर्थ–घोड़े–घोड़ियाँ वैदिक सूक्तों की ऋचाओं के अर्थ में प्रयोग करना अनुचित होगा। वायु के अद्‌भुत दिव्यरथ से ऋषिवर का अभिप्राय शरीर रूपी रथ से है। मन्त्रद्रष्टा ऋषि के अनुसार सृष्टिविद्या (आत्मविद्या, ब्रह्मविद्या) में समूचे ब्रह्माण्ड का सूक्ष्मतम रूपाकार अण्ड यानी शरीर में है। अर्थात् जो बाह्य सृष्टि में है, वही शरीर (व्यष्टि, वैयक्तिक) में है (समष्टि और व्यष्टि में अन्तर्सम्बन्ध)।

वैदिक ऋषि का मनतव्य है कि अन्तरिक्ष में अथवा ब्रह्माण्डों में व्याप्त प्राणवायु (महावायु) ही प्राणी के शरीर में है (यद्यपि यह ब्रह्माण्डीय प्राणवायु का सूक्ष्म से भी सूक्ष्मतम अंश है।)। ''वेद में वायु को प्राण और प्राण को वायु कहा गया है।'' वैदिक ऋषि ने उद्‌घोषणा की है कि ''वायु और प्राण एक ही है।'' वायु का व्यापक क्षेत्र अलग–अलग है। प्राणवायु द्युलोक को स्पर्श करता है, अन्तरिक्ष में संचार करता है। उसका सूक्ष्मतम अंश प्राण वायु छाती, सीने, फेफड़े में संचार करता है। वास्तव में दोनों एक ही हैं। दूसरे शब्दों में जगत्, सृष्टि में व्याप्त वायु ही शरीर में प्राण है।

इस परिदृश्य में अन्तरिक्ष में वायु रथ की भव्यता शरीर सम्बन्ध में सत्य सिद्ध होती है। ऋग्वेद की ऋचाओं में वायु रथ की घोड़ियों की संख्या रहस्यमय प्राणशक्ति क्रिया की कुंजी है। मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने वायु देवता की प्राणविद्या को घोड़े–घोड़ियों के प्रतीकों से प्रस्तुत किया है। ऋचाओं में

''नियुत्'' घोड़ा अथवा घोड़ी वाचक है। वेद में नि–युत् का अर्थ सदैव गतिमान है।

वायु रथ की ''एक घोड़ी'' है। अर्थात् शरीर में ''एक प्राण है।'' इसके कारण समस्त इन्द्रियाँ एवं प्राण उनके कार्य करने में समर्थ है।

वायो याहि सुमन्मभिः।।ऋग्वेद 8.101.9।।

वायो नियुतो ....।।ऋग्वेद 1.135.2।।

वायु देव के रथ में ''वरुण अथवा रोहित (लाल) रंग के दो घोड़े'' रथ की धुरी से जुड़े हैं। ये घोड़े वास्तव में श्वास एवं उच्छ्वास (पूरक एवं रेचक) हैं। इसमें बायाँ श्वास शीतता करता है और दाहिना श्वास शरीर में उष्णता वृद्धिकारक है।

वायुर्युङ्.क्ते रोहिता वायुररुणा वायू रथे अजिरा।

धरि वोळहवे वहिष्ठा धरि वोळहवे।।ऋग्वेद 1.134.3।।

प्रकारान्तर में वैदिक ऋचा में वायु देव के रथ की ''तीन घोड़ियाँ'' होना चौंकाता है। यहाँ ''सांकेतिक भाषा में तीन स्वरों अर्थात् तीन प्राणों का उल्लेख हो रहा है।''

अध्यात्मिक रूप से ऋषि ने ''दश प्राणों की उपमा वायु रथ की दश घोड़ियों'' की है। शरीर रूपी रथ का दश प्राण संचालन करते हैं। यहाँ ऋचा में ''पाँच कर्मेन्द्रियों एवं पाँच ज्ञानेन्द्रियों का भी उल्लेख दश घोड़ों'' से किया जा रहा है।

वायु रथ की धुरी से सम्बद्ध'' बीस घोड़ों'' का अभिप्राय पाँच प्राण, पाँच उपप्राण, पाँच कर्मेन्द्रियाँ एवं पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ से है।

अप्रत्याशित रूप से वायु रथ में ''तीस घोड़ियों'' का उल्लेख रहस्य गहराता है। ऋचा में सूत्रात्मक–कूटात्मक शैली में ''ग्यारह प्राण'' का अवतरण हुआ। ग्यारह प्राणों में पाँच प्राण, पाँच उपप्राण एवं एक मुख्य प्राण सम्मिलित है। ''सात कर्मेन्द्रियाँ'' – दो हाथ, दो पांव, एक मुख, एक मूत्रेंद्रिय, एक गुदा है। ''सप्त ज्ञानेन्द्रियाँ'' – दो नेत्र, दो कान, दो नासिका एक स्पर्श इन्द्रिय हैं। इनके अलावा जागृति का मन, सुप्त स्थिति का मन, चित्त, बुद्धि एवं अहंकार पाँच हैं। ये कुल मिलाकर ''तीस'' हुए।

एकया च दशभिश्च स्वभूते द्वाभ्यामिष्टये विंशती च।

तिसृभिश्च वहसे त्रिंशता नियुद्भिर्वायविह ता वि मुँच।।

।।वा.य. 21.31, 33।।

''निन्यानवें घोड़ियों'' का वायु रथ बहुत ही अद्भुत है। ब्रह्मरन्ध्र से मूलाधार चक्र तक चक्रों का मायाजाल शरीरस्थ है। इन चक्रों की कुल संख्या

33 (मस्तक से गुदा तक है। यद्यपि मुख्य चक्र 10 हैं।) है। इन 33 चक्रों में तीन भेद–सात्विक, राजसिक एवं तामसिक हैं। या इनकी तीन अवस्थाएँ– उत्तम (पूर्ण), मध्यम एवं प्राथमिक हैं। ''इस प्रकार 33 चक्रों की तीन–तीन अवस्थाओं से निन्यानवे भेद हैं।'' ''वैदिक ऋचा इन्हीं चक्रों की निन्यानवे अवस्थाओं को निन्यानवे घोड़ियों से सम्बोधित कर रही है।''

वहन्तु त्वा मनोयुजो युक्तासो नवतिर्नव।।ऋग्वेद 4.48.3।।

ऋचा में नवतीः नव का अर्थ निन्यानवे, मनोयुजः का अर्थ मन से ब्रह्म का योग कर्त्ता और युक्तास का अर्थ योगाभ्यासवाला है।

वायुरथ को ''चन्द्रेण'' चकाचौंध करता, कान्तिमान कहा गया है। यहाँ शरीर रूपी रथ को शुभ, आल्हादकारक रत्न जड़ीत, रजत सा चमकता कहा गया है। यही नहीं इसका वर्णन अवर्णनीय कहा है। ''अवर्णनीय के लिए अ–शस्तीः शब्द'' का प्रयोग किया गया है।

निर्यवाणो अशस्तीर्नियुक्वाँ इन्द्रसारथिः।

वायवा चन्द्रेन रथेन सुतस्य पीतये।।1।।ऋग्वेद 4.48.1।।

अप्रत्याशित रूप से वायु के अवर्णनीय, अतुल्य रथ में ''सौ घोड़ियों'' का आख्यान है। चौंके नहीं! प्राण संचार के निन्यानवें चक्रों के अलावा एक प्रधान प्राण है। ''ये निन्यानवे चक्र अवस्थाएँ और प्रधान प्राण मिलकर सौ की संख्या सामने प्रस्तुत हुई।'' मूलभूत रूप से ये प्राण वायु संचार के सूक्ष्म भेद भर हैं। प्राणशक्ति–प्राणायाम के अभ्यास में पृष्ठवंश से ब्रह्मरन्ध्र–सहस्रार (हजारों आरे वाले) के चक्रों पर मन का संयम होता है। इन चक्रों की शक्तियों को लगातार कठोरतम अभ्यास से वश में किया जाता है। इन शक्तियों (प्राणशक्ति) को अधीन करने का आशय सौ घोड़ियों को रथ से सम्बद्ध करना है।

वायो शतं हरीणां युवस्थ पोष्याणाम्।।ऋग्वेद 4.48.5।।

इसके बाद वायु को सहस्र (हजार) घोड़ियों के रथ पर विराजमान कहा गया है। वायु देव रथ की घोड़ियों की संख्या एक से एक हजार होना मायावी है। प्राणसंचार के 33 चक्रों की निन्यानवे अवस्थाएँ एवं एक प्रधान प्राण अर्थात् सौ हैं। इन सौ में से प्रत्येक के दश–दश भेद हैं। ''यह संख्या एक हजार होती है।'' इस प्रकार ऋषिवर ने सहस्र घोड़ियों का मोहिनी रूपक रचा। ''प्राणशक्ति से प्राण का निरोधन करने से शरीर रूपी रथ के रोमरंध्र प्राण का कार्य करने लगते हैं।'' शरीर के समस्त रोमरंध्र कुम्भक से धीरे–धीरे खुलने लगते हैं। शरीर के अंग–प्रत्यंगों का रोमरंध्र से सीधा सम्बन्ध है। दूसरे

शब्दों में ''समूचा शरीर रोमरंध्र से श्वास लेने में सक्षम हो जाता है। प्राणशक्ति की यह सिद्धि आयु का मायावी विस्तार देनेवाली होती है।''

आ वायो भूष शुचिता उप नः सहस्रं ते नियुतो विश्ववार।।

।।ऋग्वेद 7.92.1।।

... सहस्रेण नुियता नियुत्वते निशतिनीभिर्नियुत्वते।।

।।ऋग्वेद 1.135.1।।

ऋग्वेद के ब्रह्मज्ञानी मन्त्रद्रष्टा ऋषि वायु रथ की घोड़ियों की कोई अवास्तविक संख्या नहीं दे रहे थे। वे वायु प्राणशक्ति की वायु विद्या के रहस्यों से साक्षात्कार करवा रहे थे। उन्होंने वायु की घोड़ियों के अलावा गो–गायों का भी वर्णन किया है। आखिरकार वायु की गो क्या हैं? गो का अर्थ इन्द्रिय शक्तियों के आश्रय स्थल से है, वे उसकी चर्चा कर रहे हैं। ऋचा के अनुसार वायु तीन गुना, सात गुना और सत्तर गुना गायों का आश्रय स्थल है। सप्तीनाम् त्रि सप्त का ऋचा में अर्थ 1470 है। इसका भावार्थ इसके इतर है। यह उल्लेखनीय है कि सात ज्ञानेन्द्रियाँ, सात कर्मेन्द्रियाँ और सात प्राण मिलकर इक्कीस होते हैं। इनके सत्तर–सत्तर केन्द्र हैं। इस गणित से यह संख्या 1470 (21X70) होती है। ये 1470 प्रमुख रोमरंध्र हैं। कुंभक को लम्बे समय तक करने से ये स्वयं जाग्रत (खुलते) होते हैं। कुंभक प्रक्रिया शरीर में दिव्य शक्ति प्रदान करती है। ''रोमरंध्र स्वयं स्वशक्ति से श्वास लेते हैं।''

यो अश्वेभिर्वहते वरुत उस्रास्त्रिः सप्त सप्ततीनाम्।।

।।ऋग्वेद 8.46.26।।

यह भी निर्देश है कि रथ को ढोने में समर्थ घोड़ियों को ही जोतो। केवल पुष्ट घोड़ियाँ ही रथ में हों। ऋषिवर शरीर के सभी प्राणों को शक्तिमान बनाने पर विशेष बल दे रहे हैं।

युक्ष्वा हि त्वं रथासहा युवस्व पोष्या वसो।।ऋग्वेद 8.26.20।।

वायुविद्या का यह भी नियम बताया गया है कि शरीर के सभी प्राण एक चित्त हों। ऋचा में उपमा दी है कि वे घोड़ियाँ भी एक विचारवान होकर विशेष रीति से खड़ी हैं।

ते वायवे समनसो वितस्थुविर्श्वेन्नरः स्वपत्यानि चक्रुः।।

।।ऋग्वेद 7.91.3।।

ऋग्वेद में वायु देवता को ''रमणीय यान'' पर आसीन कहा गया है। यह यान असंख्य गुणोंवाला बताया गया है। यह मानवीय शरीर यान में अन्तर्निहित असंख्य गुणों की ओर संकेत करता है। इनको सुप्तावस्था से जाग्रत में लाना भर है। इसके साथ नियम युक्त हैं।

वायो ये ते सहस्रिणो रथासस्तेभिरा गहि।
नियुत्वान्त्सोमपीतये।।ऋग्वेद 2.41.1।।

वैदिक सूक्त में ''वायुदेव परमेष्ठी'' रूप में भी हैं। ऋग्वेद के सूक्त में वायु देवता के रथ की महिमा का अलंकारिक वर्णन लगातार किया है। ''वायु के रथ की महिमा निश्चय रूप से महान है। इसका शब्द सभी को कंपाता हुआ, गुंजाता हुआ, घोष–शब्द करता जाता है।'' यह पृथिवी पर वायु–वात की व्याख्या है।

वातस्य नु महिमानं रथस्य रुजन्नेति स्तनयन्नस्य घोषः।।
।।ऋग्वेद 10.168.1।।

वेद में अप्रत्याशित रूप से वायु देवता से (रथ के) उत्तम अश्वों के संघ को चारों दिशाओं में घुमाने का निवेदन मिलता है। इसका अर्थ यह है कि वायुप्राण समूचे शरीर में संचार करे।

वायो याहि शिवा दिवो वहस्वा सु स्वश्व्यम्।
वहस्व महः पृथुपक्षसा रथे।।ऋग्वेद 8.26.23।।

यह कहा गया है कि अपने शरीर पर अपनी पूर्ण स्वाधीनता श्रेष्ठ कर्म है।

उचथ्ये 3 वपुषि यः स्वराळुत वायो घृतस्नाः।।ऋग्वेद 8.46.28।।ऊँ।।

शतसांवत्सरिक यज्ञ शरीर यज्ञशाला
वायु द्वारा सर्वप्रथम सोमपान

ब्रह्मविद्या समूचे ब्रह्माण्ड और मानवीय देहाण्ड के मध्य अन्तर सम्बन्ध के गूढ़ रहस्यों को परत–दर–परत खोलती है। वेद विज्ञान के अनुसार दिनरात एक पल भी विश्राम के बगैर महायज्ञ चल रहा है। इस महायज्ञ के अधिष्ठाता वायु देवता हैं। मूलतः ''शरीर ही प्राणशक्ति वायु की यज्ञशाला और रथ है।''

इस यज्ञशाला में वायु देवता एक मात्र सर्वप्रथम सोम का अधिकारी है। इस तत्त्व को छान्दोग्य उपनिषद् में बहुत रोचक आख्यान से प्रस्तुत किया गया है। आख्यानानुसार सभी इन्द्रियोंमें सर्वश्रेष्ठ कौन पर संघर्ष आरम्भ हुआ? सभी इन्द्रियाँ ''मैं श्रेष्ठ हूँ, मैं श्रेष्ठ हूँ'' का दावा करने लगी। उनके बीच संघर्ष ने भयानक रूपाकार लिया। अन्त में समूची इन्द्रियाँ प्रजापति के समक्ष

गई। प्राण स्वरूप इन्द्रियों ने कहाः ''हे प्रजापते! यह निर्णय करें कि हमारे में से श्रेष्ठतम कौन है?''

इस विकट प्रश्न पर प्रजापति ने गुरुतर गम्भीर वाणी में कहाः ''आप में से जिसके नहीं होने, अथवा गमन पर यह शरीर तेजोहीन एवं पापमय सरीखा हो जाता है, वह ही आप में श्रेष्ठ है। यह जानना चाहिए।'' इन्द्रियों ने यह सुनकर स्वयं की श्रेष्ठता सिद्ध करने की प्रक्रिया पर विचार किया। उन्होंने आपस में विचार कर एक–एक वर्ष (शरीर से) बाहर जाने का निश्चय किया। यह निर्णय होते ही सर्वप्रथम वाणी प्राण एक वर्ष तक विश्राम पर चला गया।

एक वर्ष पूरा होने पर वाणी इन्द्रिय वापस सक्रिय हुई। उसने प्रश्न किया कि मेरे नहीं होने पर आपका काम कैसे चल रहा था ?

इन्द्रियों का उत्तर भौंचक्का करनेवाला रहा। उन्होंने कहा : मूक (गूंगा) मनुष्य मुँह से नहीं बोलता है। परन्तु मूक प्राण से श्वास, उच्छ्वास करते हैं। अपनी आंखों से देखते हैं। कानों से सुनते हैं। मन–हृदय से ध्यान करते हैं। समस्त क्रिया करके जीवनक्रम चलाते हैं। जीवित रहते हैं। इस प्रकार वाणी के जाने से किसी भी तरह की न्यूनता का अनुभव नहीं हुआ।'' यह उत्तर वाग् इन्द्रिय के लिए वज्रपात के समान रहा। उसने चुपके से शरीर में प्रवेश कर अपने स्थान को सम्हाला।

वाग् इन्द्रिय के बाद चक्षु एक वर्ष के लिए शरीर से बाहर चले गए। बारह माह गुजरने पर चक्षु लौटे। चक्षु की जिज्ञासा रही कि मेरे बाह्य प्रवास पर क्या रहा ? चक्षु ने पूछा कि मेरी लम्बी अनुपस्थिति में इन्द्रियों का कार्य कैसे चलता रहा ? इन्द्रियों ने कहा : ''नेत्रहीन (अन्धे) देख नहीं सकते हैं। लेकिन वाणी से बोलते हैं। कर्णों (कानों) से सुनते हैं। मन–हृदय से ध्यान करते हैं। प्राण से निर्बाध श्वास उच्छ्वास करते हैं। देखने के अलावा हमारा जीवन क्रम चलता रहा। उसमें कोई अन्य बाधा नहीं रही।'' अर्थात् शरीर तेजोहीन नहीं हुआ। परिणामतः चक्षु का गर्व भंग हुआ। वह शान्ति से अपने स्थान पर अवस्थित हुआ।

प्रकारान्तर में कर्ण इन्द्रिय ने अपनी श्रेष्ठता प्रमाणित करने के उद्देश्य से एक वर्ष बाहर जाने की घोषणा की। समयावधि गुजरने पर कर्ण लौटे। कर्ण ने उत्सुकतापूर्वक पूछा कि इस एक वर्ष में क्या हाल रहा ? इस पर इन्द्रियों ने कहा : ''हे कर्ण! बधिर (बहिरे) कान से सुन नहीं सकते हैं। इस बधिरता में भी प्राण से श्वास उच्छ्वास निरन्तर चलता रहा। वाणी से संवाद जारी रहा। आँख से देखते हैं और मन से मनन करते हैं। हमारे जीवन व्यवहार में किसी तरह की न्यूनता नहीं हुई।'' यह उत्तर सुनते ही कर्ण इन्द्रिय

अर्श से फर्श पर गिरी। वह दबे पांव शरीर में दाखिल होकर अपने निश्चित कार्य को सम्पन्न करने लगी।

इन सभी दृष्टान्तों के बावजूद ''मन'' का गर्वोन्नत शिर यथावत रहा। मन ने स्वयं को सर्वसमर्थ मानकर एक वर्ष के लम्बे अवकाश पर चला गया। एक वर्ष समाप्त होने पर मन ने लौटकर वही प्रश्न दागा : ''मेरे नहीं रहने पर शेष इन्द्रिय कार्य कैसे चल रहा था ?'' इन्द्रियाँ बोली–''जैसे छोटे बालक की मन शक्ति विकसित नहीं हुई हो। लेकिन प्राण से श्वास उच्छ्वास करते रहे। वाणी से बोलते रहे। कानों से सुनते रहे। नेत्रों से देखते रहे– अध्ययन करते रहे। इस प्रकार हमारे जीवन का व्यवहार रहा।'' इस प्रकार वाणी, चक्षु, कर्ण, मन चारों ही श्रेष्ठता सिद्ध करने में बुरी तरह असफल रहे। चारों के एक–एक वर्ष बाह्य प्रवास के दौरान शरीर महायज्ञ ज्यों का त्यों चलता रहा।

अन्त में ''प्राण'' शरीर छोड़कर बाहर जाने का जतन करने के लिए प्रस्तुत हुआ। प्राण अपने साथ–साथ दूसरी इन्द्रियों को उखाड़ने लगा। दूसरी इन्द्रियाँ समापन की स्थिति में जा पहुँची। उस चरम स्थिति में अन्य इन्द्रियों को अनुभव हुआ कि प्राण के नहीं रहने पर हमारा शरीर में कोई अस्तित्व नहीं है। सभी अन्य इन्द्रियाँ दोनों हाथ जोड़कर प्राण से प्रार्थना करने लगी। ''हे प्राण! हे परमेष्ठी! आप यहीं रहें। आप ही हम सब में श्रेष्ठ हैं। आप कहीं प्रस्थान नहीं करें।'' ''इस दृष्टान्त का सार यह है कि मुख्य प्राण के आश्रय में समस्त इन्द्रियाँ समूचे अवयव हैं। सभी इन्द्रियाँ योग्य रीति से कार्य सम्पादन करती हैं। समस्त इन्द्रियों में प्राण श्रेष्ठ है।'' ज्ञानीजन प्राण को ससम्मान बुलाते हैं। ''मूलभूत रूप से प्राण को आमन्त्रण एवं वायु को आमन्त्रण एक ही है।'' ''प्राण से शरीर में जीवन का संचार, तेजस्विता है।''

''शरीर के शतसांवत्सरिक यज्ञ'' में इसी कारण वायु को सर्वप्रथम आमन्त्रित कर सोमरस पान कराते हैं। वेद में भी इसका उल्लेख है।

अथ ह प्राणा अहँश्रेयसि व्यूदिरेऽहं श्रेयानस्मि,
अहं श्रेयानस्मीति।।6।।
ते ह प्राणाः प्रजापति पितरं एत्य, ऊचुः भगवन्।
को नः श्रेष्ठ इति। तान् ह उवाच् यस्मिन् व
उत्क्रान्ते शरीरं पापिष्ठतरं इव दृश्येत स वः श्रेष्ठ इति।।7।।
सा ह वागुच्चक्राम। सा संवत्सर प्रोष्य प्रयेत्य उवाच,
कथं अशकत ऋते जीवितुम इति।
यथाकला अवदन्तः प्राणन्तः प्राणेन्,
पश्यन्तः चक्षुषा, श्रृण्वन्तः श्रोत्रेण,

ध्यायन्तो मनसा एवं इति प्रविवेश ह वाक्।।8।।
चक्षुः ह उच्चकाम्, तत् संवत्सरं प्रोष्य, पर्येत्य उवाच,
कथं अशकत, ऋते मत् जीवितुं इति।
यथा अन्धाः अपश्यन्तः, प्राणन्तः प्राणेन,
वदन्तो वाचा, शृण्वन्तः श्रोत्रेणं,
ध्यायन्तो मनसा, एवं इति, प्रविवेश ह चक्षुः।।9।।
श्रोत्रं ह उच्चकाम, तत् संवत्सर प्रोष्यं पर्येत्य उवाच,
कथं अशकत ऋते मज्जीवितुं इति।
यथा बधिरा अशृण्वन्तः, प्राणन्तः,
प्राणेन, वदन्तो वाचा, पश्यन्तश्चक्षुषा,
ध्यायन्तो मनसा एवमिति प्रविवेश ह श्रोत्रम्।।10।।
मनः ह उच्चकाम, तत्संवत्सरं प्रोष्य, पर्येत्य उवाच,
कथं अशकत ऋते मत्, जीवितुं इति।
यथा बाला अमनसः, प्राणान्तः प्राणेन, वदन्तो वाचा,
पश्यन्त चक्षुषा, शृण्वन्तः श्रोत्रेण एवं इति, प्रविवशे ह मनः।।
अथ ह प्राण उच्चिकमिषन् स यथा
सुहयः पड्वीशशड़्.कून् संखिदेत्,
एवं इतरान् प्राणान् समखिदत्,
तं ह अभिसमेत्य ऊचुः 'भगवन् एधि, त्वं नः
श्रेष्ठोऽसि, मा उत्क्रमीः इतिः।।।।छान्दोग्य उपनिषद् 5.1.7—12।।

यह उल्लेखनीय है कि ऋग्वेद के सुविख्यात पुरुष सूक्त की ऋचा में कहा है : ''सभी को आत्मसात् करनेवाले ''यज्ञ'' से ऋक् एवं साम की उत्पत्ति हुई।''

तस्माद्यज्ञात्सर्वहुतः ऋचः समानि जज्ञिरे।

पुरुष सूक्त में आगे कहा है कि देवों ने यज्ञ द्वारा ही यज्ञ का यज्ञ किया। ''यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः।'' श्रीमद्भगवत गीता में कहा है : ''जीवन यज्ञ में अर्पण ब्रह्म है, हवन की वस्तु—हवि ब्रह्म है, ब्रह्मरूपी अग्नि में हवन करनेवाला भी ब्रह्म है। इस प्रकार कर्म के साथ जिसने ब्रह्म को एकाकार कर लिया है, वह ब्रह्म ही उसका प्रातव्य साध्य बन जाता है।''

''इसके सिवा अनेक योगी देवताओं का मानसिक पूजन रूपी यज्ञ करते हैं। इसके अलावा अनेक ब्रह्मरूप अग्नि में यज्ञ द्वारा यज्ञ को ही होमते हैं।''

ब्रह्मार्पणं ब्रह्महविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम्।

ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं ब्रह्मकर्म समाधिना।।
दैवमेवापने यज्ञं योगिनः पर्युपासते।
ब्रह्माग्नावपरे यज्ञं यज्ञेनैवोपजुव्हाति।।गीता 4.24.25।।

वेद में विभुसत्ता के अनेक नामों में एक ''यज्ञ'' है। वेद में ही कहा है : ''यह वेदी पृथिवी का अशेष अन्त है। यह यज्ञ भुवन की नाभि है। यह सोम (आनन्द) वर्षा करनेवाला, अश्व (ब्रह्म) की शक्ति है। यह वेदमन्त्र (ब्रह्म) वाक् और चिदाकाश (परमव्योम) है।'' यहाँ वेदी को पृथिवी का चरम अन्त कहा गया है। ''पृथिवी से स्थितितत्त्व अभीष्ट है। जिसकी स्थिरता का प्रतीक चतुष्कोण वेदी है।'' यज्ञ को भुवन की नाभि की संज्ञा दी गई है। ''समूची सृष्टि और जीवन ही यज्ञ है।'' इसलिए ''विभु को यज्ञपुरुष कहा गया है।'' पँच महायज्ञ– ''भूतयज्ञ, पितृयज्ञ, मनुष्ययज्ञ, देवयज्ञ एवं ब्रह्मयज्ञ'' हैं। ये समष्टि रूप में पँच महायज्ञ कहलाते हैं। अर्थात् सृष्टि के आदि से यज्ञ चला आ रहा है। ''सृष्टि की उत्पत्ति भी यज्ञ का फल कहा गया है।''

वैदिक विज्ञान के अनुसार ''प्रत्येक शरीर में सप्त ऋषि रह रहे हैं। ये सप्त ऋषि इस शरीररूपी यज्ञ मण्डप का संरक्षण करते हैं। सात नदियाँ सोनेवाले लोक को ले जाती हैं। उस समय जागनेवाले और इस यज्ञ मण्डप के रक्षण करनेवाले दो देव सतत जागते रहते हैं (वा.य. 34.55)।'' ये ही श्वास एवं उच्छ्वास हैं। ये दोनों श्वास, उच्छ्वास देहरूपी यज्ञ मण्डप में सतत पहरा देते हैं। परिणामतः देह जीवित है। इस मन्त्र के ''सप्त ऋषि–दो नेत्र, दो कर्ण, दो नासिका और एक मुख हैं।'' साधक के लिए आवश्यक है कि अपने शरीर रूपी यज्ञशाला में इन सात ऋषियों को दत्तचित्त तपस्या में लीन रहने दें। ये ऋषि कभी कुकर्म में रत नहीं हों। ये ऋषिवत् श्रेष्ठ कर्म (यज्ञकर्म) करते रहें। उसी स्थिति में शरीररूपी यज्ञशाला का संरक्षण रहेगा। अन्यथा यह शरीर कुकर्मों से विनष्ट हो जाएगा।

सप्त ऋषयः प्रतिहिताः शरीरे सप्त रक्षन्ति सदमप्रमादम्।
सप्तापः स्वपतो लोकं ईयुः तत्र जाग्रतौ
अस्वप्नजौ सत्रसदौ च देवौ।।वा.य. 34.55।।

आत्मारूपी जल को ही सप्त नदियाँ शरीररूपी विश्व में संचारित करती हैं। इसके विपरीत निद्रा के समय ये ही सप्त नदियाँ पुनः आत्मा की ओर (उलटी दिशा में) प्रवाहित होती हैं। अर्थात् सप्त नदियों के आत्मा में लीन होने पर निद्रा आती है। यदि इनमें से एक का भी अन्तः प्रवाह नहीं हो तो निद्रा नहीं आती है। परन्तु निद्रा के समय दो ऋषि अथवा प्राण–श्वास,

उच्छ्वास दिनरात जागते रहते हैं। जन्मकाल से मृत्यु तक श्वास, उच्छ्वास बिलकुल विश्राम नहीं करते हैं। ये शरीररूपी यज्ञशाला के संरक्षक हैं।

यज्ञ में 18 ऋत्विज (यज्ञकर्त्ता) होते हैं। शरीर चल रहे यज्ञ के 18 ऋत्विज– दो हाथ, दो पांव, मुख, गुदाद्वार, मूत्रद्वार कुल सप्त कर्मेन्द्रियाँ; दो नेत्र, दो कर्ण, दो नासिका, एक त्वचा कुल सात ज्ञानेन्द्रियाँ हैं। शरीर में सप्त कर्मेन्द्रियाँ, सप्त ज्ञानेन्द्रियाँ कुल चौदह यज्ञकर्त्ता हुए। इनके अलावा आत्मा, मन, बुद्धि एवं अहंकार चार अन्तर इन्द्रिय हैं। ये दोनों मिलकर 18 शारीरिक यज्ञ के ऋत्विज हैं। वैदिक राष्ट्रशासनरूप यज्ञ में शासनरूपी यज्ञ करनेवाले 18 मंत्री–अग्नि, इन्द्र, विष्णु, रुद्र, मरुत्, अश्विनौ, पूषा, सूर्य, भग, विश्वकर्मा, वास्तोष्पति, त्वष्टा, ऋभु, वरुण, चन्द्रमाः, पर्जन्यः, वायु एवं वेनः हैं। शरीर में भी उपांग ऋषियों के सहायक हैं। इस प्रकार ''यह यज्ञ अध्यात्म दृष्टि से शरीर में; अधिभूत दृष्टि से राष्ट्र में ; अधिभौतिक दृष्टि से यज्ञ मण्डप में और अधिदैवत दृष्टि से सृष्टि में चलता है।''

वायु यज्ञ में सोमपान के लिए जाता है। वायु प्राण के रूप में होता है। वायु प्राण के रूप में शरीर में कार्य करता है। ''यज्ञ का स्थान ही शरीर है। शरीर ही यज्ञ मण्डप है। इसमें वायु प्राण स्वरूप में शरीर के समूचे कार्य करता है। प्राण वायु का शरीर ही रथ है। कठ उपनिषद् के अनुसार ''आत्मा रथ का स्वामी है। शरीर उस आत्मा का रथ है। रथ का सारथि–बुद्धि, लगाम–मन, अश्व–इन्द्रियाँ और रास्ते–विषय हैं। आत्मा के इन्द्रियों एवं मन से युक्त होना भोक्ता कहलाता है।'' वायु सभी रूपों में सतत कार्य करता है। प्राण वायु के कार्य करने से ही समस्त इन्द्रियाँ एवं अवयव अपना–अपना काम करते हैं।

आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव च।
बुद्धि तु सारथि विद्धि, मनः प्रगहमेव च।
इन्द्रियाणि हयान्याहुः विषयांस्तेषु गोचरम्।
आत्मेन्द्रियमनोयुक्तं भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः।।कठ उपनिषद्।।

ऐतरेय उपनिषद् (1.12) में शरीर रूपी यज्ञ की व्याख्या अद्भुत है। यज्ञशाला शरीर ही है। परमेष्ठी (परमात्मा) का पुत्र आत्मा यज्ञ करने की इच्छा से बाहर आता है। उसके साथ समस्त देवों के पुत्र रहते हैं। ये सभी देव शरीर में प्रवेश कर अपने–अपने स्थानों पर स्थापित होते हैं। इसके साथ ही ''जीवनरूपी यज्ञ'' का श्रीगणेश होता है।

अग्निः वाग्भूत्वा मुखं प्राविशत्।
वायुः प्राणो भूत्वा नासिके प्राविशत्।

आदित्यश्चक्षुर्भूत्वा अक्षिणी प्राविशत्।
दिशः श्रोत्रं भूत्वा कर्णो प्राविशन्।
ओषधिवनस्पतयो लोमानि भूत्वा त्वचं प्राविशन्।
चन्द्रमा मनो भूत्वा हृदयं प्राविशत्।
मृत्युरपानो भूत्वा नाभि प्राविशत्।
आपो रेतो भूत्वा शिस्नं प्राविशत्।।ऐतरेय उपनिषद्।।

''शरीर यज्ञशाला और शतसांवत्सरिक यज्ञ'' का वर्णन अलंकारिक शैली में किया गया है। ''अग्नि वाचा का रूप धारण कर मुख में प्रविष्ट हुआ। वायु प्राण स्वरूप में नासिका में संचार करने लगा। सूर्य नेत्र बनकर स्थापित हुआ। दिशाएँ श्रवण इन्द्रिय स्वरूप में कानों में विराजमान हुई। त्वचा में ओषधि वनस्पति लोम (बाल, केश) रूप में रहने लगी। हृदय में चन्द्रमा बनकर स्थापित हुआ। नाभि में मृत्यु ने अपान रूप में निवास किया। शिस्न में जल रेत (वीर्य) रूप में रहा। इस तरह शरीर के शेष स्थानों में विभिन्न देवों ने निवास किया। परिणामतः शरीर ने यज्ञशाला का रूपाकार लिया। यहाँ शतसांवत्सरिक यज्ञ प्रारम्भ हुआ।''

ऋग्वेद के अनुसार वायु को यज्ञ में आमन्त्रित करते समय स्तुति, प्रार्थना की जाती है। इस शरीररूपी यज्ञशाला में वायु आकर प्राणरूप में रहता है। प्राणवायु से ही शरीर कार्यक्षम रहता है। उपनिषद् में समस्त इन्द्रियों में प्राण की श्रेष्ठता सिद्ध की गई है। ''प्राण वायु की सर्वश्रेष्ठता के कारण उसे यज्ञ में सर्वप्रथम सोम अर्पण करते हैं।'' ''पूर्वपेयं दधिषे।'' ऋग्वेद 7.92.1।। सोम अमृतमय पेय है। ''सोम का अर्थ कोशों में–अमृत, चन्द्रमा, प्रकाशकिरण, वायु, सोम वनस्पति आदि है।'' वहीं ''नृषोम''–आकाश, कुबेर देव, यम, शिव, मानवों में मुख्य है। अध्यात्मिक रूप से ''सोम जीवनरस है।'' ''शरीर में तालु के ऊपर ग्रन्थी में सोमरस रहता है।'' योग में जिव्हा को उलटी करके गले तक ले जाते हैं। तालु में जिव्हा के प्रवेश से ''इन्द्ररस'' (सोमरस) स्रवता है। जिव्हा इसका आनन्द लेती है। अध्यात्म में यह सोमपान शारीरिक यज्ञ में होता है। सोम से शरीर में तेजस्विता, उत्साह, स्फूर्ति आदि जीवनीशक्ति का संचार होता है। इसीकारण मन्त्रपाठ जिव्हा को तालु में लगाकार करने का विधान आया। यह मन्त्रयज्ञ में सोमपान है।

वैदिक यज्ञ में संजीवनी रूपा सोमवल्ली का रस अर्पण किया जाता रहा है। ऋग्वेद के अनुसार पृथिवी पर भू–आकाश परमपवित्र कैलास महापर्वत, हिमालय के ऊपरी क्षेत्र आदि में सोम वनस्पतियाँ मिलती हैं। इनके पौधे–झाड़ियाँ रात्रि में भी प्रकाशित (चमकते) होते हैं। ''सोम (स+उमा) का

अर्थ चौंकाता है। ''उमा का अर्थ ब्रह्मविद्या है।'' जो मनुष्य अधिभूत प्रकरण में ब्रह्मविद्या (उमा) से युक्त रहता है, वह ब्रह्मज्ञानी होता है। उसके अन्दर ''ब्रह्मज्ञानरस'' रहता है। वह ब्रह्मज्ञान रस विद्यार्थियों, शिष्यों में खुले हाथों से बांटता है। मानव समष्टि में सोमरस ब्रह्मज्ञानियों से ही मिलता है। यह स्पष्ट रहे कि मानवीय यज्ञशाला में, व्यक्ति में, अध्यात्म में, यज्ञ आदि में सोमपान का आशय अलग–अलग है।

यज्ञ का त्रिविध स्वरूप मानव हितकारी है। शरीर यज्ञ से अंग प्रत्यंगों का उत्तम स्वास्थ्य, शरीर विकास, अध्यात्मिक उन्नति, देवत्व प्राप्ति की प्रेरणा आदि मिलती है। यज्ञ के सर्वत्र तीन मुख्य कार्य–देवपूजा, संगतिकरण एवं दान माने गये हैं।

शरीर यज्ञशाला के शतसांवत्सरिक यज्ञ में प्राण रूपी वायु सर्वश्रेष्ठ, सर्वोपरि, सर्वनियंत्रक आदि है। ऋग्वेद के वायु देवता के परमेष्ठी स्वरूप को वेदाधारित उपनिषदों में बहुत ही रोचक गाथा रूप में प्रस्तुत किया है। उपनिषदों के आख्यानों से स्वतः सिद्ध है कि प्राण सभी का ईश है।।ऊँ।।

चतुर्वेद : प्राण विद्या की रूपरेखा का सारतत्त्व

चतुर्वेदों में वायु देवता की ऋचाएँ परमेष्ठी, परब्रह्म, प्राणशक्ति, अमृतकोष, शतसांवत्सरिक यज्ञ, प्राण वायु के आयाम, योगिक क्रियाओं, शरीरस्थ प्राणों, चित्तवृत्तियों का निरोध, मन नियन्त्रण, ब्रह्माण्ड में प्राण महासलिल, शरीर एवं अध्यात्मिक ब्रह्मलोक, देवों का कोश, आत्मविद्या, भौतिक वायु आदि के गूढ़तम रहस्यों की सहज अभिव्यक्ति करती हैं। यह पुनः स्मरण कराना चाहेंगे कि ब्रह्मविद्या ऋग्वेद में वायु देवता और सृष्टि (पृथिवी) पर बहनेवाली वायु–वात के सूक्ष्म से सूक्ष्म भेद की व्याख्या मिलती है। वात की विशेषताएँ, गुण, शक्ति, कार्य आदि भौतिक वैज्ञानिकों को घनचक्कर करती हैं। इसप्रकार 39 लाख वर्ष पूर्व वैदिक काल के क्रान्तदर्शी, मन्त्रद्रष्टा ऋषि–ऋषिकाओं को वायु तत्त्व की भौतिकता की समूची जानकारी रही।

मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने ब्रह्माण्डीय प्राणवायु महासागर का सूक्ष्मांश ही व्यष्टि (वैयक्तिकता, समष्टि–समुच्चयात्मक व्याप्ति का अंश) में कहा है। उन्होंने वायु और प्राण को एक ही घोषित किया है। वैदिक ऋचाओं में

विभिन्न प्राणों को वायु देवता की घोड़ियां नाम से सम्बोधन कर भाषायी रूपक इन्द्रजाल रचा लगता है। साथ ही शरीररथ को देवालय की संज्ञा दी है। वेद में प्राणविद्या की समूची जानकारी सूत्रात्मक, प्रतीकात्मक, संकेतात्मक, रहस्यात्मक, अध्यात्मिक आदि भाषा में है। वैदिक ऋचाओं के हृदय में प्रकाशित भावों की लम्बी श्रृंखला उपलब्ध है। उनका सारसंक्षेप प्रस्तुत है।

1. ब्रह्माण्डीय प्राणवायु महासलिल का सूक्ष्म अंश व्यक्ति में है। 2. वायु देवता का ही अंश पृथिवी की जीवनी शक्ति वायु–वात में है। 3. वायु में अमृतनिधि है। 4. शतसांवत्सरिक यज्ञ में वायु सर्वोच्च भूमिका में है। 5. आन्तरिक प्राण का बाह्य प्राण वायु से नित्य सम्बन्ध है। 6. सत्कर्म से प्राण का पोषण करना चाहिए। 7. समस्त शक्तियों में प्राणशक्ति प्रधान एवं सर्वोच्च है। 8. ''प्राणवायु शक्ति संवर्धन से आयु का (इच्छानुसार) विस्तार किया जा सकता है (आयु निश्चित है, अवैदिक विचार है।)।''

9. सहस्रों सूक्ष्म रूपों से शरीर में प्राण कार्य करता है। 10. शरीर देवताओं का निवास है। अग्नि, वायु, रवि आदि देवता शरीर में चक्षु, प्राण, वाचा आदि रूपों में रहते हैं। स्वयं उन देवताओं का अधिष्ठाता है। यह भावना मन में स्थिर रूप से धारण कर उसके अनुरूप समझना चाहिए। 11. मन में अपराजित, सर्वत्र विजयी एवं शक्ति महाकेन्द्र का विचार पुष्ट करें। अर्थात् विधायकी शक्ति को ही मन मस्तिष्क में रखें। 12. रुद्र ही प्राण है। वैदिक देवों के शास्ता रुद्र हैं। रुद्र ने ऋग्वेद में विषपान किया। अतः रुद्र मृत्युंजय हैं। यानी प्राणशक्ति मृत्युंजय है। 13. प्राणवायु शक्ति से यमदूत–मृत्यु पर विजय निश्चित रूप से प्राप्त कर सकते हैं। 14. यह विश्व प्राण की शक्ति से ही चल रहा है। यह विलक्षण शक्ति प्राणियों के अन्दर भी है।

15. मन में यह दृढ़ भावना हो कि सर्वसंचालक परमेष्ठी हमारे मित्र हैं। परमेष्ठी को ही माता, पिता, भाई, मित्र आदि समझना चाहिए। हममें और परमेष्ठी में काल एवं स्थान का कोई भेद नहीं है। इस विचार में समूचा विश्वास, आस्था होनी चाहिए। 16. प्रत्येक हृदय में ब्रह्मपुरी है। वहीं अमरावती एवं स्वर्ग है। 17. हृदय देवों की अयोध्या (अयोध्या का अध्यात्मिक अर्थ) है। यह आठ चक्र एवं नौ द्वारों से युक्त है। जहाँ ''आसुरी भावना एवं देव भावना में भीषण महासमर नहीं होता'' है। जिसमें ''देवी वृत्ति से हर समय शान्ति, प्रसन्नता, रचनात्मक ऊर्जा आदि रहती है।'' साधक योगी का शिर देवों का कोश है। 18. आत्मशक्ति विकास से स्वकीय गौरव के साथ ब्रह्मपुरी में प्रवेश होता है। 19. प्राण को अधीन कर मस्तिष्क के ऊपर (ब्रह्मरन्ध्र) भेजना चाहिए। जहाँ विचारों की गति नहीं है, वहाँ भेजना चाहिए। वही आत्मा का स्थान है।

ब्रह्मरन्ध्र–सहस्रार का महाद्वार परमेष्ठी से साक्षात्कार करवानेवाला है। सहस्रार में सम्पूर्ण विश्व अथवा सृष्टि का विस्तृततम भौगोलिक मानचित्र अवस्थित है। इक्कीसवीं शती के द्वितीय दशक में नोबल पुरुस्कार प्राप्त वैज्ञानिकों ने इसकी पुष्टि की है।

20. यह भावना, अटूट विश्वास हो कि विश्व कोई ऐसी शक्ति नहीं है जो हमें किसी भी प्रकार का कष्ट दे। हम सभी कष्ट, समस्या, विघ्न आदि से निपटने में सामर्थ्यवान हैं। 21. यह संकल्प शक्ति हो कि हम स्वयं के पुरुषार्थ से समस्त शक्तियों को विकसित एवं विजित करेंगे। अर्थात् शिव संकल्प हो। 22. प्राण ही शारीरिक दोष एवं रोगबीजों को जड़ से समाप्त कर सकता है। शरीर में अमृत प्राण रहने तक है। 23. प्राणायाम के साथ मन में शुभ विचार धारण करना लाभप्रद है। 24. प्राण रक्षण के नियमों के आचरण करने से प्राण को महाशक्तिवान बल मिलता है। परिणामतः शरीर की इन्द्रियों एवं अवयवों में शक्तिपात होता है। शरीर को उत्तम आरोग्य की प्राप्ति होती है। 25. व्यक्ति की आयु एवं प्राण में सम्बन्ध है। अतः प्राणशक्ति में वृद्धि से आयु वृद्धि होती है।

26. वेद में मरुत् प्राण स्वरूप है। 27. प्राण का सामर्थ्य, पवित्रता, सत्वृत्ति, संतोष वृत्ति आदि से बढ़ता है। 28. एक ही प्राण के पाँच भेद प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान हैं। पाँच उपप्राण–नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त, धनंजय हैं। 29. मन, वचन, कर्म की शुद्धता, पवित्रता से प्राण को बल मिलता है। 30. प्राणशक्ति में वृद्धि, विकास परम कर्तव्य है। प्राण आत्मशक्ति से प्रेरित होकर शरीर के सभी अंगों में व्याप्त होता है। फलस्वरूप सभी अंग स्वस्थ्य एवं बलशाली होते हैं।

31. इन्द्रिय सुखों को त्यागकर ही प्राणशक्ति की अभिवृद्धि रक्षा की जा सकती है। इन्द्रिय सुखों के लिए प्राण की हानि नहीं करनी चाहिए। ''इन्द्रिय सुख नियन्त्रण प्राणविद्या का महाद्वार'' खोलता है। प्रकारान्तर में शम एवं दम का नियम आया। ऋग्वेद में भौतिकता की चकाचौंध से पतन की चेतावनी दी गई और ब्रह्मविदों, विद्वानों से लोकसंग्रह को कहा गया। गीता में उन्मानी प्रवृत्ति से लोकपतन के महासंकट में लोकसंग्रह का निर्देश है। यही कारण रहा कि जम्बूद्वीप में महर्षि चार्वाक के चरम भौतिकवाद के विचार को निरस्त कर बृहस्पति के सादा जीवन उच्च विचार को जन–जन ने अपनाया। 32. प्राण एवं वीर्य का सम्बन्ध है। वीर्य–जीवनीशक्ति से प्राणशक्ति में वृद्धि होती है। ब्रह्मचर्य से प्राणशक्ति में स्थिरता आती है। 33. रोमकूप से भी प्राण

आता है'' (देखें वायु की निन्यानवें घोड़ियाँ)। 34. परमेष्ठी उपासना एवं दिव्य संगीत से प्राण में बल की वृद्धि होती है।

35. प्राण संवर्धन के नियमों के विपरीत आचरण से सभी शक्ति क्षीण होकर अकाल मृत्यु हो जाती है। अतः इस प्रवृत्ति को रोकना चाहिए। 36. प्राणायाम की तत्काल सिद्धि के लिए सूर्य प्रकाश का सूर्योदय में सेवन, भोजन में गोरस का प्रयोग आदि करना चाहिए। वेद में गो का अर्थ इन्द्रिय शक्तियाँ, सूर्य किरण, ज्ञान आदि भी है। 37. श्वास एवं उच्छ्वास का नियमन स्फूर्ति, जागृति आदि प्रदाता है। इससे उन्नति होती है। 38. प्राणविद्यावान संकल्प निश्चय के साथ पुरुषार्थ के जतन सभी प्रकार की उन्नति करने में समर्थ होता है। 39. प्राणविद्या साधक को काल की अनुकूलता प्राप्त करनी चाहिए। उसे हरदम अनुकूल रखने का जतन रहे। प्रत्येक दिन का कर्तव्य दूसरे दिन (कल) पर नहीं छोड़ना। सही समय, सही कार्य करना आवश्यक है। यह सिद्धान्त लोक तक पहुँचा : काल करे सो आज करो, आज करो तो अब, पल में प्रलय होगी, फेर करोगे कब।

40. वायुविद्या के अनुसार दीर्घ आयु ही सबसे बड़ा धन है। इस धन में लगातार वृद्धि करनी चाहिए। यह धन निर्दोष बनने से बढ़ता है। 41. वायुविद्या का निर्देश है कि इस अमृतमय शरीर से व्यक्ति को सर्वजनिन कल्याण, अभ्युदय, उन्नति आदि के सत्कार्य करने चाहिए। यह ही जीवन का उद्देश्य हो। 42. हृदय की भक्ति और मस्तिष्क के तर्क दोनों को सत्कार्य में रत रखना चाहिए। इन दोनों का सम विकास हो।

43. हमेशा मन–कर्म–वचन से ऊपर उठने का प्रयास करना आवश्यक है। ताकि नीचे गिरने (पतन) की सम्भावना नहीं हो। 44. स्वसंरक्षण की योजना एवं भावना, सावधानता, सजगता, उत्साह, स्फूर्ति, जागृत्ति आदि उन्नति का साधन हैं। 45. वायु में ओषधि है। 46. वायु देवता को यज्ञ में सर्वप्रथम सोमपान का अधिकार प्राप्त है। 47. वायु पवित्रता का रक्षक है। 48. वायु पाप से रक्षा करता है। 49. प्राण सबका ईश्वर है। 50. परमेष्ठी ने प्राण की उत्पत्ति की। 51. प्राण इन्द्रियों का संचालक है। 52. प्राणशक्ति आत्मत्त्व की धारणा करती है। 53. प्राण प्रेरक विचार है। 54. प्राण ही स्थिर अंगों के रसों का भ्रमण कराता है। प्राण के कारण पोषक रस शरीर के सभी अंगों में पहुंचकर पुष्ट करता है। यह ''अथर्वांगिरसां चरितं असि'' है। 55. वैदिक सूक्त में अग्नि, सूर्य, इन्द्र, वायु, पृथिवी, रुद्र आदि शब्द प्राणवाचक मिलते हैं। इन देवों के सूक्तों में भी प्राणविद्या प्रकाशित हुई है। प्राण सूर्यकिरणों के द्वारा

प्राणियों तक पहुँचता है। सूर्य किरणों से वायु में आता है। वायु श्वास के द्वारा शरीर के भीतर पहुँचता है।

56. प्राण के भीतर रहनेवाला आत्मा है। 57. प्राण ही यजु (वायु ही यजु) एवं साम (शक्ति) है। 58. प्राण द्युलोक है। 59. वेद अनुसार वायु देवता ''अदृश्य'' हैं और उनका केवल ''घोष'' (स्वर, शब्द) सुनाई देता है। 60. पँच शरीर अथवा पाँच कोश प्राणमय, आनन्दमय, मनोमय, विज्ञानमय एवं अन्नमय हैं। वेद में ''प्राणमय कोश के लिए प्रियातनु'' शब्द का प्रयोग किया गया है। 61. वेद में प्राण को ''हंस'' कहा गया है। इसका अभिप्राय है कि प्राण के साथ आत्मा का अवस्थान है। हंस प्राण उपासना का प्रकार है। 62. वायु की यजुर्वेदीय एवं अथर्ववेदीय ऋचाओं में स्वाहा का अर्थ ''आत्म सर्वस्व समर्पण'' है। 63. वायु देवता की पाँच शक्तियाँ ''तपः, हरः, अर्चिः, शोचिः एवं तेजः'' हैं (मानसिक, वाचिक, कायिक तप से मनुष्य की शुद्धि होती है।) (दोषों को दूर करना।) (अर्चि का अर्थ पूजा एवं प्रकाश है।) (शोचि का अर्थ बारीक से बारीक दोषों को हटाना है।) (तेज की प्राप्ति अभीष्ट है।) (वाणी का तपः प्राणायाम–प्राण का तप ; नेत्र का तप–मंगल भाव से ही देखना ; सत्य का पालन करना, मन का तप है और काम का तप ब्रह्मचर्य–वीर्य का तप)। 64. सत्य से प्राणशक्ति के साथ मानसिक शक्ति विकास का लाभ होता है।

अथर्ववेद के प्राणसूक्त संदेश सारसंक्षेप : 1. प्राण–द्युलोक, अन्तरिक्ष एवं पृथिवी तीनों पर है। 2. द्युलोक का प्राण सूर्य किरणों के माध्यम से पृथिवी पर आता है। अन्तरिक्ष का प्राण वृष्टि के द्वारा पृथिवी पर अवतरित होता है। पृथिवी पर प्राण वायु रूप में रहता है। 3. एक ही प्राण शरीर में प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान आदि रूपों में रूपाकार लेता है। प्राण शरीर में सर्वत्र–इन्द्रिय, अंग, अवयव में कार्यरत है। 4. सभी प्राण के अधीन हैं। प्राण सबका मुखिया है।

5. प्राण के कारण जीवन, बल, रोग, मृत्यु आदि होते हैं। प्राण के साथ रहने पर समस्त इन्द्रियाँ, बल, शक्ति प्राप्त कर सकती हैं। सत्यनिष्ठ प्राण की प्रसन्नता से सर्वोत्तय योग्यता प्राप्त करते हैं। प्राण को वश में करने से असम्भव सम्भव है। 6. सभी देवता प्राण के साथ हैं। सबको प्रेरणा देनेवाला प्राण है। 7. प्राण ही हंस है। यह हंस हृदय के मानस सरोवर में क्रीड़ा करता है। हंस के चले जाने पर कुछ भी ज्ञान नहीं रहता है।

8. प्राण शरीर के आठ अथवा दश या बारह चक्रों आदि में, मस्तिष्क में, हृदय आदि में रहता है। यह सूक्ष्म शक्ति से आत्मा से गोपनीय अदृश्य सम्बन्ध रखता है। दूसरी ओर, स्थूल शक्ति से सम्पूर्ण शरीर को धारण करता

है। 9. प्राण शरीर में रहकर दिनरात चारों पहर पहरा देता है। प्राण कभी विश्राम नहीं करता है। प्राण के विश्राम का अर्थ मृत्यु है। जबकि शरीर की सभी इन्द्रियाँ थककर रुकती हैं और विश्राम करती हैं। लेकिन प्राण सदैव तरोताजा, सजग, सावधान, स्फूर्तिवान, जागृत रहता है।

10. प्राण का ब्रह्म–आत्मा से सम्बन्ध होने कारण प्राण में आलस्य नहीं होता है। 11. सभी को प्राण की स्वाधीनता प्राप्त करनी चाहिए। प्राण की दिव्य शक्ति अनन्त है।

12. प्राण गर्भ में भी रहता है। प्राण की प्रेरणा से गर्भस्थ का विकास होता है और प्रसव होता है। 13. प्राण के द्वारा ही शिशु में माता–पिता की शक्तियाँ, गुणधर्म, कर्म, व्यवहार, स्वभाव, संस्कार आदि आते हैं। 14. प्राण ही सभी का माता, पिता, पालक है। प्राण सर्वत्र व्यापक भी है। 15. प्राण दीर्घायु प्रदान करनेवाला है। 16. प्राण धान्य में भी विराजमान है। प्राण भोजन के द्वारा शरीर में जाता है। 17. ''प्राण सर्वोषधि'' है। प्राण की अनुकूलता से बिना ओषध आरोग्य रहते हैं और प्रतिकूलता पर कोई ओषध काम नहीं करती है। 18. द्युलोकस्थ, अन्तरिक्षस्थ एवं पृथिवीस्थ प्राण से सृष्टि में जीवन है।

प्राण सूक्त के अनुसार ''प्राण परमेष्ठी की सर्वव्यापक, सार्व– भौमिक, सर्वकालिक, सर्वजनिन जीवनशक्ति आदि है।'' इस परमेष्ठीय जीवनशक्ति के आधार पर यह पृथिवीलोक (विश्व) है। ''समष्टि की दृष्टि से सर्वत्र प्राण का राज्य है। व्यष्टि की दृष्टि से प्रत्येक शरीर में प्राण का आधिपत्य है।'' प्राण श्रेष्ठतम दिव्य शक्ति का अंश है। प्राण सूक्त में ''प्राणायाम'' की व्याख्या वैदिक संस्कृत के शब्दों में है। ''आयात्'', ''परायत्'', ''तिष्ठत्'' आदि पूरक, रेचक एवं कुम्भक का बोध कराते हैं। सूक्त में चार प्रकार –आथर्वणीः, आंगिरसीः, दैवीः एवं मनुष्यजाः चिकित्साओं की रूपरेखा मिलती है।

सारसंक्षेप में चारों वेदों में प्राण का महत्व और प्राण की अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक शक्तियों के अक्षय भण्डार के महाद्वार खोले गए हैं। वेद प्राणविद्या के गोप्यं गोप्यं परमं गोप्यं रहस्यों को उद्घाटित करता है।।ऊँ।।

चतुर्वेद में वायु देवता ऋचाएँ और ऋषिवर

चारों वेदों में वायु देवता की ऋचाएँ इन्द्रजाल सरीखी फैली हैं। वायु देव का मन्त्रमुग्ध करता विराट् स्वरूप बहुत ही सुन्दर तरीके से ऋचाओं में प्रस्तुत किया गया है।

वैदिक वायु तत्त्व के अनुशीलन के लिए वेद के अधिकारिक, अध्यात्मिक–भौतिक–अधिदैविक व्याख्यावाले भाष्य आवश्यक हैं। ऋग्वेद के सर्वश्रेष्ठ भाष्यों में श्री सायणाचार्य भाष्य ; श्री दशकन्धर दशानन लंकेश्वर रावण कृत भाष्य अथवा दक्षिण के महर्षि कृत भाष्य ; स्वाध्याय मण्डल के श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर भाष्यः वैदिक समाशोधन मण्डल के आचार्य एच. डी.वेलनकर कृत ऋक् वैजयन्ती ; आचार्य टी.वी. कपाली शास्त्री कृत ऋग्वेद का भाष्य ; पण्डित भगवद्दत्त के वैदिक ग्रन्थ आदि प्रमुख हैं। दा एशियाटिक सोसायटी ने लंकेश्वर रावण के भाष्य की समीक्षा प्रकाशित की है। वैदिक समाशोधन मण्डल, स्वाध्याय मण्डल, कपाली शास्त्री, रावण, आचार्य भगवद्दत्त आदि के ग्रन्थ लगभग अनुपलब्ध हैं।

''ऋग्वेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेद में वायु की ऋचाओं के कुल 19(उन्नीस) ऋषि हैं। इनमें ऋग्वेद के 12 ऋषि, यजुर्वेद का एक ऋषि एवं अथर्ववेद के 6 ऋषि वायु देवता की ऋचाओं के मन्त्रद्रष्टा रहे।'' ऋग्वेद में वायुदेवता और पृथिवी पर व्याप्त वायु के एक–एक सम्पूर्ण सूक्त हैं। ऋग्वेद में ऋषिवार ऋचाएँ– परुच्छेपो दैवोदासिः 10 ऋचाएँ ; स्वस्तिः आत्रेयः एक ऋचा ; मेधातिथिः काण्वः एक ऋचा ; जमदग्निभार्गवः 2 ऋचाएँ ; गृत्समदः भार्गवः 2 ऋचाएँ ; मधुच्छन्दः वैश्वामित्रः 3 ऋचाएँ ; उलो वातायनः 3 ऋचाएँ ; अनिलो वातायनः 4 ऋचाएँ ; वशो अश्व्यः 5 ऋचाएँ ; विश्वमना वैयश्व्यः व्यश्वोः वांगिरसः 6 ऋचाएँ ; वामदेवो गौतमः 7 ऋचाएँ एवं वशिष्ठो मैत्रावरुणिः 9 ऋचाएँ हैं। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में वायु देव की कुल 14 ऋचाएँ हैं। साथ ही वायु देव की मण्डलवार ऋचाएँ– दूसरा मण्डल 2 ; चौथा मण्डल 7 ; पाँचवाँ मण्डल एक ; सातवाँ मण्डल 9 ; आठवाँ मण्डल 13 एवं दशम मण्डल 7 हैं। इस प्रकार ऋग्वेद में वायु देव की कुल 53 ऋचाएँ हैं।

यजुर्वेद में वायु देव की 13 ऋचाओं के मन्त्रद्रष्टा ऋषि एकमात्र प्रजापति हैं(5.5; 6.16; 11.39; 14.8, 12,14; 15.64; 18.45; 19.42; 20.15; 27. 31, 33; 33.55)। यजुर्वेद के एकमात्र मन्त्रद्रष्टा ऋषि याज्ञवल्क्य हैं।

अथर्ववेद में वायु की ऋषिवार ऋचाएँ 57 हैं। वायु की ऋचाओं के ऋषि क्रमशः– वसिष्ठ एक; शुक्रः एक ; अंगिरा 3 ; अथर्वा 7, ब्रह्मा 19 एवं भार्गवो वैदर्भिः 26 (कुल 57) हैं। अथर्ववेद के दूसरे, तीसरे, चौथे, पाँचवें, छठवे काण्डों में वायु महिमा का वर्णन है। अथर्ववेद का प्राणसूक्त बहुत चर्चित है।

तीनों वेदों में वायु की ऋचाएँ कुल 123 (ऋग्वेद 53, यजुर्वेद 13 एवं अथर्ववेद 57) हैं। इनमें ऋग्वेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद के ऋषि प्रसिद्ध हैं। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि सामवेद की वायु देवता की ऋचाएँ उल्लेखनीय नहीं हैं। अतः उनको सम्मिलित नहीं किया गया है।।ऊँ।।

एकादशोपनिषद्

अशरीर वायुप्राण ब्रह्म

भौतिक, दैविक, अध्यात्मिक व्याख्या

वायु से यजुर्वेद उत्पत्ति : ब्रह्माण्डीय यज्ञ में वायु समिधा

वायु देवता के अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक तीनों पक्षों की सहज सरल व्याख्या वेदान्त उपनिषद् में मिलती है। प्रमुख एकादश उपनिषद् वेद की ही तरह वायु और वात (वायु एवं अनिल) के भेद को स्पष्ट करता है।

उपनिषदों में यह अभूतपूर्व रहस्योद्घाटन किया गया है : ''वायु से यजुर्वेद की उत्पत्ति हुई है।'' यह भी कहा गया है : ''ब्रह्माण्डीय यज्ञ में वायु समिधा है।'' यह उल्लेखनीय है कि उपनिषद् में ''वायु को प्राणशक्ति'' कहा गया है। बहुत ही दुर्लभ ''नारायणाथर्वशिर उपनिषद् के अनुसार वायु में ही सृष्टि का लय एवं उत्पत्ति होती है।''

वेदान्त में पँच महाभूत परमेष्ठी की सृष्टि का निमित कारण हैं। परमव्योम–परम आकाश से वायु उत्पत्ति हुई। वायु का साम रसीला है। अन्तरिक्ष ऋक् है और वायु साम है। अर्थात् ''वायु साम गान'' है। वायु एवं आत्मा में समानता है। ''वायुविद्या से निश्चित ही ब्रह्म की प्राप्ति'' होती है। अतः ''नमो वायो'' एवं नमो वायवेऽन्तरिक्षक्षिते लोकक्षिते..'' कहा गया। साथ ही वायु एवं व्याहृति उपासना में अन्तर्सम्बन्ध स्पष्ट किया गया है। उपनिषद् में

ब्रह्माण्डीय जीवनीशक्ति वायु और जगत् में प्रवाहित पवन वायु (प्राणवायु) के भेद की व्याख्या करते हुए कहा है कि ''प्राणवायु परमेश्वर'' नहीं है।

वैदिक परम्परा में अप्रत्याशित रूप से वायु को ''मधुविद्या'' कहा गया है। वायु प्राण यज्ञ का उद्‌गीथ है। ''वायु प्राण आत्मा संवर्ग'' है। वायु की विशेषता लयकर्त्ता है। यह ''वायु अशरीर'' है। ब्रह्मज्ञानी वायुविद्या से प्राणवायु को साध कर अपनी आयु में मनवांछित वृद्धि कर सकते हैं। वायुविद्या से चिरयुवॉ रहते हैं अथवा वृद्धावस्था का कोई प्रभाव नहीं होता है। यह दोहरा रहे हैं कि यह विचार अवैदिक है कि परमेष्ठी ने आयु निश्चित दी है और प्रारब्ध (भाग्य) नियत है। ऋग्वेद में देवगर्जना की गई है कि ''अपने शुभ कर्मो (सत्कर्मों) से नया वांछित भाग्य लिखा जा सकता है।'' उपनिषद् इसी कथन को नये रूप में प्रस्तुत कर रहा है। बत्तीस हजार श्लोक के योगवासिष्ठ में एकबार फिर कहा गया है कि (सभी) ''अपना नया मनोनुकूल नवभाग्य लिख सकते हैं, किन्तु शुभ कार्यों से। अर्थात् शुभभाग्य सत्कार्यों से सम्भव है।'' विश्व में एकमात्र वेद और वेदान्त उपनिषद् आयु में मायावी विस्तार और मानव द्वारा शुभ कर्मों से इच्छित भाग्य रचने की उद्‌घोषणा करता है। उधर ''वायु का स्वर हाइकार बताया गया है।''

भौतिक रूप से उपनिषद् में ''वायु को अन्न की आयु (अन्नायु)'' कहा है। यह स्वयं में पहेली है कि वायु को ''प्रस्ताव'' बताया गया है। साथ ही ''वायु को शरीरस्थ'' की उपमा दी गई है। उपनिषद् में ''यक्ष रूपी ब्रह्म द्वारा वायु के गर्वहरण की मीठी गाथा है।'' प्रकारान्तर में वायुदेव पुत्र भीम का गर्वहरण हनुमत् द्वारा वृद्ध वानर के रूप में बन्दरपूँछ यमुनोत्री की देवकथा रची गई। यह उलटबांसी है कि वेदान्त में ''ब्रह्म को वायु प्राण की संज्ञा दी गई है।''

यह भी चौंकानेवाला है कि उपनिषद् में प्राण को श्रेष्ठतम प्रमाणित करनेवाला आख्यान, सप्त शत्रुओं के दमन का भी उल्लेख है। ''प्राण के आठ अक्षर और गायत्री (मन्त्र) के आठ अक्षरों में अद्‌भुत समानता की व्याख्या की गई है।'' प्राण को उक्थ, अध्यर्द्ध, आत्मा के सप्तांग–सप्त प्राण, प्राण उद्‌गीथ, प्राणायाम से योगक्षेम, प्राण वश में करने से इन्द्रियाँ वश में करने एवं मुखस्थ प्राण शक्ति से स्वर आदि का विवरण नये रहस्यलोक से परिचय करवाता है। प्राण की अमूर्त्त अव्यक्त क्रियाशील अमृत की व्याख्या भी की गई है। यह भी कहा है कि प्राणायाम से सोम स्वरूप ''इन्द्रग्रन्थी से संजीवनी रस'' झरता है। इसमें जिव्हा को तालु से लगाना होता है।

''आत्मा के सप्तांग को सप्तप्राण'' कहा है। यह स्पष्ट किया है कि ''प्राण की प्ररेणा'' आत्मा है। प्राण से ब्रह्मज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। उननिषद् में ''आचार्यो मृत्यु'' कथन का अपना रहस्य है। प्रेय श्रेय एवं परा अपरा विद्या को समझाया गया है। ऋषियों के अनुसार ''समष्टि एवं व्यष्टि में एक ही जीवन'' है (ब्रह्माण्ड और पिंड में भी समानता है। पिंड में भी सभी वैदिक देवता विराजमान हैं।)। सत्य ही ब्रह्म है। ''सत्य के तीन शब्दों'' की व्याख्या बहुत सुन्दर की गई है। उपनिषद् में वेद के शिव संकल्प... के अनुरूप कहा है कि संकल्प की शक्ति से असम्भव भी सम्भव है।

शरीर के पँच प्राणों – पँच देवद्वार– प्राण, व्यान, अपान, समान एवं उदान की व्याख्या सर्वोत्कृष्ट है। छान्दोग्य उपनिषद् के अनुसार शरीर देवालय में ब्रह्मदेव स्थित हैं। ''प्राण की उत्पत्ति ब्रह्म से होना'' लिखा है। इसी के साथ एक उपनिषद् के अनुसार ''प्रजापति ने प्राण (जीवनीशक्ति) (धनात्मक) एवं रयि (प्रकृति अमूर्त विकृत जगत्) (ऋणात्मक) की उत्पत्ति की। इसी शृंखला में अन्य उपनिषद् में कहा है कि ''(अक्षय अनन्त अखण्ड ऊर्जा) अदिति एवं प्राण एक साथ उत्पन्न हुए।'' ''प्राण ही भूतों की आयु'' है। यहाँ नये रूप में कहा है कि ''ब्रह्मज्ञानी का प्राण चिर युवॉ'' रहता है। ''यह लगातार दोहराया गया है कि प्राणविद्या से आयु वृद्धि की जा सकती है।''

प्राण को ही आत्मा कहा गया है। यह भी व्यवस्था दी गई कि ''प्राण का अर्थ आत्मशक्ति'' है। प्राण के अधीन ही सभी शक्तियाँ हैं। आत्मपुरी में प्राण के मध्य वामन है। प्राण ''र'' है। एकाक्षरनामकोशसंग्रह में ''र'' अग्नि अथवा सूर्य है। उपनिषद् में प्राण को सूर्य प्रधान कहा है और सूर्य प्राण में समानता का वर्णन है। एक उपनिषद् में प्राण को अगम्य, अविज्ञात घोषित किया है। इसके अलावा ''महाप्राण में सभी के लय एवं उत्पत्ति'' का भी वृत्तान्त है। ''प्राण ही विश्व की सत्ता है।'' ''अक्षर ब्रह्म प्राण'' है। ''प्राण मन के साथ बद्ध है''।

''तत्त्ववेत्ता प्राण'' की अवधारणा चकित करती है। प्राण की उत्पत्ति, शरीर अन्तर्गत आने और निर्लिप्त की भांति छोड़ने का वर्णन बहुत ही सटीक है। ''प्राण की अंगों का रस'' उपमा भी अद्भुत है। पँच वायु, सप्त वायु के अनुरूप प्राण पंचक, सप्त प्राण, प्राणों में पँचविध उपासना आदि का ब्योरा उपनिषदों में है। ''प्राण का पूर्वद्वार (मुख्य नासिका) है। यह आदित्य का द्वार है।'' ''दक्षिण द्वार व्यान(श्रोत्र) है।'' ब्रह्माण्ड में दक्षिण द्वार सोम प्रधान चन्द्रमा का है। ''पश्चिम द्वार अपान (वाक्) है। ''ब्रह्माण्ड में पश्चिम द्वार अग्नि का'' है। देवालय का ''उत्तर द्वार समान (मन) का है।'' ब्रह्माण्ड में यह द्वार पर्जन्य,

मेघ का है। ''हृदय का पाँचवा द्वार उदान है।'' यह ऊपर ले जानेवाला द्वार (आकाश, वायु) है। इन पाँच प्राणों प्राण ; प्राण, अपान, व्यान, समान एवं उदान की यज्ञ में स्वाहा लगाकर आहुति दी जाती है। परिणामतः सूर्य ; सोममय चन्द्रमा ; अग्नि ; पर्जन्य ; मेघ विद्युत और आकाश वायु की दिव्य शक्तियाँ ब्रह्मतेजस्विता, अध्यात्मिक एवं भौतिक शक्तियाँ आदि उपासक को प्राप्त होती हैं। उपनिषद् का यह भी आदेश है कि ''मन्त्र करने से पूर्व उसका अर्थ जानना आवश्यक है।''

उपनिषद् के अनुसार ''प्राण में अर्थात् हृदय में उपासना से आसुरी भावना नष्ट'' हो जाती है। क्योंकि पँच इन्द्रिय में शुभ–अशुभ भावना रहती है। परन्तु प्राण शुभ–अशुभ भावना से अछूता है। यह बात अलग है कि शरीररूपी देवालय के हृदय का अर्थ भौतिक हृदय और सोमप्रधान चन्द्रमा का आशय हमें नेत्रों से देखाई देनेवाला चन्द्रमा नहीं है। ब्रह्माण्डीय सलिलों के वायुदेव का सूक्ष्म से सूक्ष्म अंश जगत् में प्राणवायु स्वरूप में है। यजुर्वेद उत्पत्तिकर्ता वायुदेव को प्रतीक रूप में यज्ञ में आहुति समर्पित कर रहे हैं। उपनिषद् में यह सीधे–सीधे कहा है कि योग परमेष्ठी से मिलाने का साधन है।

अध्यात्मिक प्राणविद्या : प्रधान प्राण सूर्य

यह पुनः स्मरण रहे कि वेदान्त अर्थात् वैदिक तत्त्ववाली उपनिषदों में वायुविद्या, प्राणविद्या और अध्यात्मविद्या को बहुत सुन्दर, सहज, सरल रूप में प्रस्तुत किया गया है। मूलभूत रूप में वेद के तत्त्वज्ञान ही उपनिषद् में नये कलेवर में है।

अध्यात्मविद्या के अनेक अंगों में ''प्राणविद्या'' सबसे अहम् है। उपनिषद् का मुख्य उद्देश्य वेद के गूढ़ अर्थ का निश्चय करना, व्याख्या करना है। उपनिषद् शब्द का अर्थ समीप बैठकर ब्रह्मविद्या के गूढ़ रहस्य को जानना है। प्रमुख एकोदशोपनिषद् और शेष उपनिषदों में प्राणवायु की उत्पत्ति, महिमा, विशेषता, अध्यात्मिक, दिव्य एवं भौतिक गुणों आदि की अध्यात्मिकतापूर्ण, दार्शनिक, लौकिकता, आदि की व्याख्या मिलती है।

प्राण उत्पत्ति रहस्य : प्रश्नोपनिषद्

महर्षि पिप्पलाद के समक्ष वेदपरायण छह शिष्य भार्गव पुत्र सुकेशा, शिवकुमार सत्यकाम, सौर्यायणी, कोसलदेशीय आश्वलायन, भार्गव एवं कबन्धी परब्रह्म के बारे में संशय निवारण के लिए उपस्थित हुए। इस प्रश्नोपनिषद् में प्राण उत्पत्ति रहस्योद्घाटन किया गया है।

तस्मै स होवाच प्रजाकामो वै प्रजापति तपोऽतप्यत
स तपस्तप्त्वा स मिथुनमुत्पादयते।

रयिं च प्राणं चेत्येतौ मे बहुधा प्रजाः करिष्यत इति।।4।।
आदित्यो ह वै प्राणो रयिरेव चन्द्रमा रयिर्वा
एतत्सर्वं यन्मूर्तं चामूर्तं च। तस्मान्मूर्तिरेव रयिः।।5।।
अथादित्य उदयन यत्प्राचीं दिशं प्रविशति तेन
प्राच्यान्प्राणान्नश्मिषु संनिधत्ते।
यद्दक्षिणां यत्प्रतीचीं यदुदीचीं यदधो यदूर्ध्वं यदन्तरा
दिशो यत्सर्वं प्रकाशयति तेन सर्वान्प्राणान् रश्मिषु संनिधत्ते।।6।।
स एष वैश्वानरो विश्वरूपः
प्राणोऽग्निरुदयते तदैतदृचाभ्युक्तम्।।7।।
विश्वरूपं हरिणं जातवेदसं परायणं ज्योतिरेकं तपन्तम्।
सहस्ररश्मिः शतधा वर्तमानः प्राणः प्रजानामु दयत्येष सूर्यः।।8।।
संवत्सरो वै प्रजापतिस्तस्यायने दक्षिणं चोत्तरं च।
तद्ये ह वै तदिष्टापूर्ते कृतमित्युपासते
ते चान्द्रमसमेव लोकमभिजयन्ते। त एव पुनरावर्तन्ते।
तस्मादेते ऋषयः प्रजाकामां दक्षिणं प्रतिपद्यन्ते।
एष ह वै रयिर्यः पितृयाणः।।9।।प्रश्नोपनिषद् प्रथम प्रश्न।।

वेद के महानाचार्य पिप्पलाद ने प्रश्नों के उत्तर में कहा : प्रजापति ने निश्चय से प्रजा की इच्छा, सृष्टि रचने के संकल्प से तप किया। मैथुनि सृष्टि के लिए तप से तपकर जोड़ा उत्पन्न किया। वह "रयि और प्राण" है। "रयि प्रकृति अमूर्त विकृत जगत और प्राण जीवनी शक्ति सृजन है। प्राण धनशक्ति एवं रयि ऋणशक्ति है। प्राण भोक्तृशक्ति, कर्तत्व शक्ति और रयि भोग्य शक्ति, कर्म शक्ति है।" द्वित्व से ही एक से अनेक होते हैं (द्वित्व मिथुन है।)। "आदित्य प्राणशक्ति है और चन्द्रमा रयि शक्ति है। आदित्य सूर्य विश्व में भोक्तृ शक्ति उत्पन्न करने से प्राण है।" प्राण एवं रयि के युग्म से सृष्टि की रचना हुई और हो रही है। महर्षि पिप्पलाद ने आगे स्पष्ट किया : "निश्चय से सूर्य ही प्राण–जीवन है।" चन्द्रमा रयि है। समस्त दृश्य एवं अदृश्य रयि है। जो जगत नहीं दिखता वह भी रयि है। इस कारण मूर्ति ही रयि है अर्थात् रयि मूर्तमान जगत् को कहते हैं।

उदय होता सूर्य जब पूर्व दिशा में प्रवेश करता है तब पूर्व दिशा के प्राणों को अपनी किरणों में धारण करता है। वह पूर्व दिशा के पदार्थों को स्वकिरणों से जीवनदान देता है। इसी तरह सभी दिशाओं के प्राणों को सूर्य अपनी किरणों में धारण कर समस्त में प्राणशक्ति प्रदान करता है। जहाँ–जहाँ

सूर्य की रश्मियाँ जाती हैं, वहाँ–वहाँ प्राण संचरित होता है। जीवन–शक्ति का स्रोत एवं केन्द्र सूर्य है।

ब्रह्मविदों ने जाना है कि सूर्य सब का प्रकाशक, किरणमय, तेजोमय, सभी का उत्तम आश्रय, ज्योतिरूप, एक एवं उष्ण प्रदाता है। यह सूर्य सृष्टि में प्राण होकर, अनन्त प्रकार से रहता है एवं सहस्र किरणवान होकर उदय होता है।

''ऋषिवर पिप्पलाद ने प्रजापति परमेष्ठी परमेश्वर को प्राण एवं रयि को रचनाकार घोषित किया।'' उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रजापति ही काल है। उसके दो पथ–दक्षिण एवं उत्तर हैं। पितृयाण का अर्थ पितरों का मार्ग है। यह दक्षिण मार्ग है।। प्रश्नोपनिषद् प्रथम प्रश्न।।

प्राणस्तुति : प्रश्नोपनिषद्

प्रश्नोपनिषद् के दूसरे प्रश्न में प्राण की सर्वश्रेष्ठता सिद्ध होने पर स्तुति की गई। यह अभूतपूर्व है कि यह स्तुति देवों अर्थात् दिव्य शक्तियों ने की।

तत्स्तुतिमाह–
एषोऽग्निस्तपत्येष सूर्य एष पर्जन्यो
मघवानेष वायुरेष पृथिवी रयिर्देवः सदसच्चामृतं च यत्।।5।।
अरा इव रथनाभौ प्राणे सर्वं प्रतिष्ठितम्।
ऋचो यजूंषि सोमानि यज्ञः क्षत्रं च ब्रह्म च।।6।।
प्रजापतिश्चरसि गर्भे त्वमेव प्रतिजायसे।
तुभ्यं प्राण प्रजास्त्विमा बलिं हरन्ति यः प्राणैः प्रतितिष्ठसि।।7।।
देवानामसि वह्नितमः पितृणां प्रथमा स्वधा।
ऋषीणां चरितं सत्यथर्वांगिरसामसि।।8।।
इन्द्रस्त्वं प्राण तेजसा, रुद्रोऽसि परिरक्षिता।
त्वमन्तरिक्षे चरसि सूर्यस्त्वं ज्योतिषां पतिः।।9।।
यदा त्वमभिवर्षस्यथेमाः प्राणते प्रजाः।
आनन्दरूपास्तिष्ठन्ति कामायन्नं भविष्यतीति।।10।।
व्रात्यस्त्वं प्राणैक ऋषिरत्ता विश्वस्य सत्पतिः।
वयमाद्यस्य दातारः पिता त्वं मातरिश्वनः।।11।।
या ते तनूर्वाचि प्रतिष्ठिता या श्रोत्रे या च चक्षुषि।
या च मनसि सन्तता शिवां तां कुरु मोत्क्रमीः।।12।।
प्राणस्येदं वशे सर्वं त्रिदिवे यत्प्रतिष्ठितम्।
मातेव पुत्रान् रक्षस्व श्रीश्च प्रज्ञां च विधेहि नः।।13।।

।।प्रश्नोपनिषद् द्वितीय प्रश्न।।

देवों का अभिमान, दंभ, गर्व आदि को प्राण ने बालू के किले की तरह ध्वस्त किया। देवों ने प्रसन्न होकर प्राण की ''स्तुति'' की। ''इसमें प्राण जीवनशक्ति, जीवनतत्त्व, चेतनाभाव को कहा है। गौणरूप से प्राण–पवन (प्राणवायु) भी प्राण है।''

यह प्राण ही अग्नि रूप में तप रहा है। यह सूर्य है। यह मेघ है, यह इन्द्र है, यह वायु है, पृथिवी है और यह देव ही रयि है। दृश्य एवं अदृश्य और अमृत है, वह भी प्राण है। ''अर्थात् प्राण से विश्वजीवन अभिप्रेत है। रयि–अभाव, भावाश्रित होने से प्राण है''।।5।।

जैसे रथ–चक्र की नाभि में अरे लगे हुए होते हैं, ऐसे ही समस्त दृश्यादृश्य पदार्थ प्राण में प्रतिष्ठित हैं। यहाँ तक कि ऋचाएँ, यजु, साम की ऋचा, यज्ञकर्म, क्षात्रकर्म और ब्रह्मकर्म भी प्राण में ही प्रतिष्ठित हैं। प्राणशक्ति की वृद्धि, विकास और प्रकाश से सभी कर्म सिद्ध होते हैं। ''यहाँ प्राण ज्ञान स्मृति को कहा गया है।''।।6।।

प्राण की स्तुति में जीव को भी सम्मिलित करके कहा : आप ही प्रजा का पालक बनकर गर्भ में विचरण करते हो। आप ही जन्म लेते हैं। हे प्राण! ये प्रजाएँ आपके लिए भेट लाती हैं। आप ही प्राणों के साथ रहते हैं। यहाँ प्राण आत्मा को कहा है''।।7।।

हे प्राण! आप ही देवों का हवि ले जानेवाले हैं। पितरों की पहली स्वधा–अन्नभाग हैं। आप अथर्वांगिरस ऋषियों का सच्चा आचार हैं। ''इसमें दान आदि शुभ कर्मों की शक्तियों एवं नियमों का निर्देश दिया गया है''।।8।।

हे प्राण! आप अपने तेज से इन्द्र हैं, परमेष्ठी हैं। रक्षाकर्ता रुद्र हैं। आप आकाश में विचरण करते हैं। आप ही ज्योतियों के पति सूर्य हैं। ''इसमें प्राण को ब्रह्माण्ड की दिव्यतम अक्षय शक्ति दर्शाया है''।।9।।

हे प्राण! आप जब भी भली भांति वर्षा करते हैं, तब आपकी ये प्रजाएँ आनन्दरूप होकर नर्तन करती है, प्रसन्नता से मनोरथ मानती है कि अब मन–चाहा अन्न पैदा होगा। ''यहाँ परमेश्वर कृपा को प्राण प्रदर्शित किया है''।।10।।

हे प्राण! आप वात्य शुद्ध हैं। आपको संस्कार से शुद्ध होने की कोई आवश्यकता नहीं है। आप एक साक्षी ऋषि हैं। आप जगत् के ''संहारकर्त्ता'' हैं। आप ''जगत् के पालक'' भी हैं। आप हमें भोजन देनेवाले यजमान हैं। आप सूक्ष्म और व्यापक सृष्टि के पिता हैं। ''यहाँ प्राण को जगत् पालक एवं संहारक परमात्मा कहा है''।।11।।

हे प्राण! आपका ही स्वरूप जिव्हा, नेत्र, कर्ण, मन आदि में व्याप्त है, उसे कल्याणकारक, मंगलकारक स्वरूप प्रदान करें। आप हमारे तन–शरीर में ही रहें। आप ही सर्वश्रेष्ठ हैं। ''यहाँ प्राण की जीवनी शक्ति का वर्णन किया गया है''।।12।।

प्राण स्तुति के उपसंहार में कहा है : ''इन तीनों लोकों – त्रिलोकी में प्रतिष्ठित सभी प्राण के वश में हैं। इस समूचे जगत् का जीवन प्राण से है। हे प्राण! आप अपनी संतान की माता–पिता की भांति रक्षा करें। हमें अपनी स्थिरता में शोभा एवं सुमति दान दें। ''प्राण ही विश्व में जीवनशक्ति, चेतना एवं सामर्थ्य है''।।13।।

प्राण अध्यात्मिक स्वरूप : प्रश्नोपनिषद्

ब्रह्मविद पिप्पलाद से कौसल्य आश्वलायन ने पूछा : हे भगवान्! प्राण कैसे बाहर के स्वरूप को धारण करता है और कैसे अध्यात्म को? इसके अलावा पूर्व के प्रश्नों को ही दोहराया गया। महाचार्य पिप्पलाद ने आरम्भ में कहा : आपने अतिसूक्ष्म प्रश्नों को पूछा है, इनका उत्तर देना उचित नहीं है। अन्त में ब्रह्मनिष्ठ होने से उत्तर दिया। उन्होंने आँख, नाक, कान और मुख को ज्योतियाँ कहा। साथ ही प्राण के भेदों का ब्रह्मज्ञान दिया।

उत्पत्तिमायतिं स्थानं विभुत्वं चैव पंचधा।

अध्यात्मं चैव प्राणस्य विज्ञापामृतमश्नुते, विज्ञायामृतमश्नुत इति।।

।।प्रश्नोपनिषद् तृतीय प्रश्न 12।।

प्राण की उत्पत्ति, देह में प्राण का आना, उसका श्रोत्रादि स्थान, उसकी व्याप्ति (व्यापकत्व), शरीर अन्तर्गत स्थिति अर्थात् पाँच प्रकार के बाह्य एवं अध्यात्म प्राण के ज्ञान से मनुष्य अमृत को प्राप्त करता है। वह मोक्षमय आनन्द का अनुभव करता हुआ जीवन मुक्त हो जाता है।।12।।

प्राण द्युलोक ; प्राणसामवेद : बृहदारण्यकोपनिषद्

त्रयो लोका एत एव।

वागेवाय लोको मनोऽन्तरिक्षलोकः प्राणोऽसौ लोकः।।4।।

त्रयो वेदा एत एव। वागेर्वग्वेदो मनो यजुर्वेदः

प्राणः सामवेदः।।5।।बृहदारण्यकोपनिषद् 1.5.4,5।।

ये तीन लोक प्राण, मन, वाणी ही हैं। पृथिवी लोक वाणी है, मानुषि सृष्टि के कार्यों का निर्वाह वाणी से ही होता है। मन अन्तरिक्ष है। आकाशस्थ दैवी जीवन मन से चलता है। प्राण के साथ प्रकाशमय लोक का सम्बन्ध है। अतः प्राण द्युलोक है। जीवनीशक्ति प्राण द्युलोक तक को आवृत करती है।।1.5.4।।

तीन वेद हैं। ऋग्वेद वाणी है। ऋग्वेद का सौन्दर्य उसकी वाणी है। यजुर्वेद मन है। यजुर्वेद का विषय मनन से समझ में आता है। सामवेद प्राण है। सामवेद का संगीत गायन प्राण से (स्वर, श्वास से) किया जाता है।।1.5. 5।।

प्राण अगम्य : बृहदारण्यकोपनिषद्

प्राणो ह्यविज्ञातः, प्राण एनं तद् भूत्वाऽवति।।1.5.10।।बृ.उ.।।

प्राण ही अविज्ञात, अगम्य है। इसके भेद को जानना बहुत ही कठिन है। प्राण ही इस जाननेवाले को रहस्य होकर पालता है। प्राण अपार है।।1.5. 10।।बृ.उ.।।

प्राण आत्मा ही सत् : बृहदारण्यक उपनिषद्

तदेतत् त्रयं सदेकमयमात्माऽऽत्मो एकः सन्नेतत्त्रयम्।
तदेतदमृतँ सत्येन च्छन्नं प्राणो वा अमृतं
नामरूपे सत्यं ताभ्यामयं प्राणश्छनः।।1.6.3।।

एक आत्मा होने पर यह तीन हैं ; आत्मा ही वक्ता, द्रष्टा एवं कर्ता है। यह आत्मा अमृत है और सत्य से आच्छादित है। प्राण—जीवनस्वरूप आत्मा ही अविनाशी है। नाम रूप दोनों सत्य हैं। उन दोनों नाम रूपों से प्राणस्वरूप आच्छादित है। यहाँ आत्मा प्राण को सत्य घोषित किया गया है।।बृहदारण्यक उपनिषद् 1.6.3।।

प्राण ''र'' : बृहदारण्यक उपनिषद्

प्राणो वै रं प्राणे हीमानि सर्वाणि भूतानि रमन्ते।।बृ.उ.5.12.1।।
प्राणो वा उक्थं प्राणे हीदं सर्वमुत्थापयति।।1।।
प्राणो वै यजुः प्राणे हीमानि सर्वाणि भूतानि युज्यन्ते।।2।।
प्राणो वै साम प्राणे हीमानि सर्वाणि भूतानि सम्यंचि।।3।।
प्राणो वै क्षत्रं प्राणो हि वै क्षत्रं त्रायते।।4।।बृ.उ.5.13.1—4।।

प्राण ''र'' है। इसमें सभी भूत रमते हैं।।बृ.उ.5.12.1।। प्राण उक्थ है, क्योंकि यह सभी को उठाता है। प्राण ''यजु'' है, क्योंकि प्राण में समस्त भूत संयुक्त होते हैं। प्राण ''साम'' है। प्राण में सभी भूत सम्यक् रीति से रहते हैं। प्राण ''क्षत्र'' है, क्योंकि प्राण ही क्षतों अर्थात् कष्टों से रक्षा करता है। यहाँ साम, यजु शब्द गुणवाचक है (वेदवाचक नहीं)। इसतरह एक ही शब्द के बहुअर्थ हैं। एकाक्षरनामकोष संग्रह में ''रं'' अग्नि अथवा सूर्य का बीजाक्षर है।।बृ.उ.5.13.1—4।।

प्राण शरीरांगरस : बृहदारण्यकोपनिषद्

आंगिरसोंऽगानां हि रसः, प्राणो वा अंगानां रसः.......
तस्माद्यस्मात्कस्माच्चांगात् प्राण उत्क्रामति, तदैव तच्छुष्यति।।
।।बृहदारण्यक उपनिषद् 1.3.9।।

प्राण ही अंगों का रस है। अतः जिस अंग से प्राण कूच करता है, वह अंग सूख जाता है।।बृ.उ.1.3.9।।

प्राण शरीर का जीवन : बृहदारण्यकोपनिषद्

अर्थतस्य प्राणस्याऽऽपेः शरीरं, ज्योतिरूपमसौ चन्द्रः।
तद्यावांनेव प्राणस्तावत्य आपस्तावानसौ चन्द्रः।
त एते संर्व एव समाः सर्वेऽनन्ताः।।बृ.उ.1.5.13।।

संस्कृत में जल का एक नाम जीवन भी है। इस मंत्र में कहा गया है कि प्राण का शरीर जल और ज्योति चन्द्रमा है। यह चन्द्रमा प्राण का प्रकाशमय रूप है और चन्द्र से प्राण प्रकाश पाता है। सो जितना ही प्राण है, उतना ही जल है और उतना ही चन्द्र है। ये प्राण, जल और चन्द्र भी अनन्त हैं। प्राणधारी अनन्त हैं, जल अनन्त है एवं जलाशय चन्द्र भी अनन्त है। इस कण्डिका में प्राणी, मन और प्राण को समान कहा गया है। इन्हें ''अनन्त'' कहने का अभिप्राय ''नित्य'' होना है। प्राण एवं जीवन के सम्बन्ध को पहेली में प्रस्तुत किया गया है।।बृहदारण्यक उपनिषद 1.5.13।।

तत्त्ववेता प्राणवत् : बृहदारण्यकोपनिषद्

...स एवंवित्सर्वेषां भूतानामात्मा भवति।
यथैषा देवतैवँ् स यथैता देवताँ्
सर्वाणि भूतान्यवन्तेवँ् हैवंविदँ् सर्वाणि भूतान्यवन्ति।
यदु किंचेमाः प्रजाः
शोचन्त्यमैवाऽऽसां तद्भवति पुण्यमेवामुं गच्छति
न ह वै देवान्पापं गच्छति।।बृ.उ. 1.5.20।।

यह तत्त्ववेत्ता, प्राणवत् समस्त प्राणियों से पालनीय एवं रक्षणीय होता है। यह स्मरण रहे कि सभी मनुष्य प्राण को, निःस्वार्थता के साथ निरन्तर प्राणियों के जीवन देने के यत्न में रत मानते हैं। उसको प्रिय समझकर रक्षा करते हैं। इसी तरह सभी तत्त्वज्ञ को रक्षणीय समझते हैं। यह तत्त्ववेत्ता जगत् के दुःख में भी लिप्त नहीं होता है। प्राणियों के दुःख तत्त्वज्ञ को स्पर्श भी नहीं कर सकते है। तत्त्ववेत्ता देवकोटि में पहुँचकर दुःखों की पहुँच के बाहर हो जाता है।।बृ.उ. 1.5.20।।

प्राण द्वारा सप्त शत्रु दमन : बृहदारण्यकोपनिषद्

प्राण का शिशु रूप

यो ह वै शिशुँ साधनँ् सप्रत्याधानं संस्थूणं सदामं वेद सप्त हद्विषतो भ्रातृव्यानवरुणाद्धि अयं वाव शिशुर्योऽयं मध्यमः प्राणस्तस्येदमेवाऽऽधानमिदं प्रत्याधानं प्राणः स्थूणान्नं दाम।।

।।बृहदारण्यक उपनिषद् 2.2.1।।

इस कण्डिका में प्राण को शिशु की उपमा दी गई है। जो उपासक आधान–आधारसहित, प्रत्याधानसहित खूंटसहित एवं बांधने के रज्जूसहित कुमार को जानता है, वह द्वेष करनेवाले सात शत्रुओं को रोक देता है। ये सात शत्रु–पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, मन, बुद्धि चित्त के दुष्ट संस्कार रूप हैं। मध्यम प्राण–केन्द्रित जीवनशक्ति, आत्मविश्वास है। यह चिर कुमार है। यह स्थूल शरीर ही आत्मशक्ति का अधिष्ठान है। कण्डिका में शिशु रूप प्राण का आशय सूक्ष्म शरीर है।।बृ.उ. 2.2.1।।

प्राण अमूर्त्त अव्यक्त क्रियाशील अमृत : बृहदारण्यकोपनिषद्

अथामूर्त्त, प्राणश्च यश्चायमन्तरात्मन्नाकाशः।।बृ.उ.2.3.5।।

अथाध्यात्मम्। इदमेव मूर्त्त यदन्यत्प्राणाच्च

यश्चायमन्तरात्मन्नाकाशः।। बृ.उ. 2.3.4।।

अब अध्यात्म पक्ष का वर्णन करते हैं। प्राण एवं शरीर के भीतर आकाश भिन्न है। यह प्राण वायु से भिन्न भूत है।।4।।

शरीर का अव्यक्त दूसरा भाग प्राण एवं शरीर के अन्दर के आकाश हैं। वह प्रथम भाग की अपेक्षा से अमूर्त्त, गतिमान, अव्यक्त और अमृत है।।बृ.उ. 2.3.5।।

वायु प्राणियों का मधु : वायु मधुविद्याः बृहदारण्यकोपनिषद्

अयं वायुः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य वायोः सर्वाणि भूतानि मधु यश्चायमस्मिन्वायौ तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषो यश्चायमध्यात्मं प्राणस्तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषोऽयमेव स योयमात्मेदममृतमिदं सर्वम्।।4।।बृ.उ. 2.5.4.।।

यह "वायु समस्त प्राणियों का मधु" है। वायु को सभी प्राणी मधु–समान प्रिय हैं अथवा सभी प्राणियों को वायु मधु समान प्रिय है। वायु में तेजोमय, अमृतमय पुरुष व्याप रहा है। यह समष्टि रूप ब्रह्माण्ड का आत्मा है। यह व्यष्टि रूप में पिंड का आत्मा है। आत्मा ही अमृत है, आत्मा ही ब्रह्म है। यह आत्मा ही सब कुछ है।।बृ.उ. 2.5.4।।

वायु प्राण यज्ञ का उद्‌गाता : बृहदारण्यकोपनिषद्

उद्गात्रर्त्विजा वायुना प्राणेन। प्राणो वै यज्ञस्योद्गाता तद्योऽयं
प्राणः स वायुः स उद्गाता स मुक्तिः साऽतिमुक्तिः।।
।।बृ.उ.3.1.5।।

मुनिवर याज्ञवल्क्य ने कहा कि ब्रह्माण्ड का वायु देवता पिंड में प्राण बनकर विराजमान है। वायु एवं प्राण की सहायता से निश्चय प्राण ही यज्ञ का उद्गाता है। वह जो प्राण है, वह वायु एवं उद्गाता है। वह मुक्ति और अतिमुक्ति है। अपने पिंड को ब्रह्माण्ड से, व्यष्टि को समष्टि में मिला देना पखवाडों के पाश से छूट जाना है। यह जो पिंड में ''प्राण'' है, वही ब्रह्माण्ड में ''वायु'' है। प्राण से वायु रूप हो जाना मुक्ति, अतिमुक्ति है। ।।बृ.उ.3.1.5।।

प्राण : अपान, व्यान, उदान, : सर्वान्तर : बृहदारण्यकोपनिषद्

... कतमो याज्ञवल्क्य सर्वान्तरो यः प्राणेन प्राणिति स त आत्मा सर्वान्तरो योऽपानेनापानिति स त
आत्मा सर्वान्तरो य उदानेनोदानिति स त आत्मा सर्वान्तर एष त आत्मा सर्वान्तरः।।बृ.उ. 3.4.1।।

याज्ञवल्क्य ने कहा : वही जो ''प्राण'' द्वारा जीवन में दिखाई दे रहा है। स्वयं को अपान–व्यान–उदान द्वारा प्रकट कर रहा है। वह आपका आत्मा सबके भीतर है। वह आपका आत्मा सर्वान्तर है।

प्राण अध्यर्द्ध : बृहदारण्यकोपनिषद्

कतमोऽध्यर्द्ध इति।।8।।
यदस्मिन्निद सर्वमध्यार्ध्नोत्तेनाध्यर्द्ध इति।।
कतम एको देवा इति। प्राण इति।।9।।बृ.उ. 3.9.8–9।।

विदग्ध ने महर्षि याज्ञवल्क्य से पूछा कि अध्यर्द्ध कौन है ? महर्षि ने कहा : जो यह वायु बहती है, यह अध्यर्द्ध है। विदग्ध ने पुनः तर्क दिया : उस वायु को तत्त्वज्ञ जन कहते हैं कि वायु एकाकी के समान ही चलती है। वायु अपने में पूर्ण है। ऐसे में अध्यर्द्ध (डेढ़) कैसे कहते हैं ? महर्षि याज्ञवल्क्य ने अध्यात्मिक उत्तर दिया। इस वायु में समूचा जंगमाजंगम जगत् वृद्धि को प्राप्त करता है। जिससे वायु अध्यर्द्ध है। अध्यर्द्ध का अभिप्राय सबकी अधि–ऋद्धि है। ब्रह्माण्ड का ''वायु'' एवं पिंड का ''प्राण'' डेढ़ देव हैं। ।।बृ.उ. 3.3.8.–9।।

प्राण उक्थ : बृहदारण्यक उपनिषद्

उक्थं प्राणो वा उक्थं हीदं सर्वमुत्थापयति।
उद्धास्मादुक्थविद्वीरस्तिष्ठति, उक्थस्य सायुज्यं
सलोकतां जयति य एव वेद।।बृ.उ.5.13.1।।

देव के स्तोत्र का नाम उक्थ है। यहाँ उपनिषद् में प्राण ही—आत्मशक्ति ही उक्थ है। उक्थ ही इस समस्त जैवी जगत् को शक्तियुक्त बनाता है। इस ज्ञानी से शक्तितत्त्व ज्ञाता पुत्र का शिष्यमण्डल पराक्रमी उत्तिष्ठति—उदय हो। जो उपासक आत्मशक्ति को ऐसे जानता है, वह उक्थ के मिलाप को उस की सलोकता को जीत लेता है (प्राण के रहस्य ज्ञान से उक्थवेत्ता—वीर पुत्र होता है।)(वीर शब्द का अध्यात्मिक अर्थ लें)।।बृ.उ. 5.13. 1।।

प्राण के आठ अक्षर : आठ अक्षर का गायत्रीःबृहदारण्यकोपनिषद्

प्राणोऽपानो व्यान इत्यष्टावक्षराण्यष्टाक्षरं ह एकं गायत्र्यै पदमेतदु हैवास्या एतत्स यावदिदं प्राण तावद्ध जयति योऽस्या एतदेवं पदं वेदाऽथास्या एतदेव तुरीयं दर्शतं पदं परोरजा य एष तपति यद् वै चतुर्थं तत्तुरीयं दर्शतं पदमिति ददृश इव ह्येष परोरजा इति सर्व्वमुह्यवैष उपर्य्युपरि तपत्येवं हैव श्रिया यशसा तपति योऽस्या एतदेवं पदं वेद।।बृ.उ. 5.14.3।।

प्राण, अपान एवं व्यान आठ अक्षरवाले हैं। निश्चित रूप से गायत्री के एक पद में आठ अक्षर हैं : धियो यो नः प्रचोदयात्। यह तीसरा पद ही गायत्री का सार है। गायत्री ही आत्मिक सौरलोक का प्राण सभी में संचरित करती है। इस रहस्य के ज्ञान से प्राणसमूह को जीत लेते हैं। उसके प्राणी मित्र बन जाते हैं। इसका यही तुरीय पद रजा है, जो चमकता है ......।

इस कण्डिका में तीसरा चरण प्राण, अपान एवं व्यान के आठ अक्षरों की संख्या की दृष्टि से गायत्री के तीसरे चरण में समता का वर्णन है। गायत्री में सविता देवता (आदिसूर्य) से प्रार्थना की गई है कि बुद्धियों को ऐसी प्रेरणा प्रदान करे, जिससे वे बुराई एवं अधर्म की ओर नहीं जाकर सर्वकल्याण, सर्व अभ्युदय, सर्व मंगल और धर्म की ओर जाया करे। इस चरण के आचरण से प्राणी संसार पर अधिकार कर सकता है।।बृहदारण्यक उपनिषद् 5.14.3।।

वायुविद्या : योग से ब्रह्म प्राप्ति : श्वेताश्वतरोपनिषद्

श्वेताश्वतरोपनिषद् में वायुविद्या (प्राणविद्या या जीवनीविद्या) में प्राणवायु संयम के माध्यम से परब्रह्म प्राप्ति का गूढ़ रहस्य उद्घाटित किया गया है। ''परमब्रह्म से सम्बद्ध करनेवाली विद्या योग'' कहलाती है। श्वेताश्वतरोपनिषद् में स्पष्ट किया है कि परमेश्वर एवं जीव क्रमशः सर्वज्ञ एवं अज्ञ और सर्वसमर्थ एवं असमर्थ हैं। ये दोनों ही अजन्मा हैं। एकमात्र अजा प्रकृति ही भोक्ता—जीव के लिए भोग्य सम्पादन में नियुक्त है। विश्वरूप आत्मा

तो अनन्त एवं अकर्ता है। जिस समय–परमेश्वर, जीवन एवं प्रकृति तीनों को ब्रह्मस्वरूप अनुभव करता है, वह (जीव) कृतकृत्य हो जाता है।

अग्निर्यत्राभिमयथ्यते वायुर्यत्राधिरुध्यते।
सोमो यत्रातिरिच्यते तत्र संजायते मनः।।
।।श्वेताश्वतरोपनिषद् 2.6।।

जिस ध्यान अवस्था में अग्नि – आदित्यधाम की ज्योति भलीभांति मंथन की जाती है, चमचमाकर प्रकट होती है, जिस ध्यानदशा में वायु–प्राण वश में किया जाता है, प्राणगति सूक्ष्म हो जाती है। जिस समाधि में सोम प्रसादभाव तीव्रतम हो जाता है, उस समाधि में मन–मननशील आत्मा स्वतन्त्र होकर प्रकट होता है। ऐसी समाधि में ही स्वात्मसत्ता का बोध होता है।।श्वेताश्वतरोपनिषद् 2.6।।

प्राणायाम से मन, इन्द्रियाँ वश में : श्वेताश्वतरोपनिषद्

प्राणान् प्रपीड्येह संयुक्तचेष्टः क्षीणे प्राणे नासिकयोच्छ्वसीत।
दुष्टाश्वयुक्तमिव वाहमेनं विद्वान मनो धारयेताप्रमत्त।।9।।
।।श्वेतश्वतरोपनिषद् 2.9।।

यहाँ प्राणायाम से मन एवं इन्द्रियाँ वश में आने का उपदेश है। अतः योगी के लिए प्राणायाम आवश्यक है।

पँच भूतों को वश में करना : मृत्यु पर विजयःश्वेताश्वतरोपनिषद्

पृथ्व्यप्तेजोऽनिलखे समुत्थिते, पंचात्मके योगगुणो प्रवृत्ते।
नं तस्य रोगो न जरा न मृत्युः प्राप्तस्य योगाग्निमयं
शरीरम्।।12।।श्वेताश्वतरोपनिषद् 2.12।।

पृथिवी, जल, अग्नि, वायु, आकाश में, सूक्ष्म तत्त्वों में, पँच भूतात्मक योग सिद्धि के उदय होने पर एवं प्रवत्त होने पर, उस योगाग्निमय शरीर को रोग, वृद्धावस्था एवं मृत्यु नहीं होती है। पाँच महाभूतों के वशीकरण से योगी रोग–मृत्यु पर विजय प्राप्त कर लेता है।।श्वेताश्वतरोपनिषद् 2.12।।

पँच महाभूत :परमेष्ठी सृष्टि का निमित्तकारणःश्वेताश्वतरोपनिषद्

यनावृतं विश्वमिदं हि सर्व ज्ञः कालकारो गुणी सर्वविद्यः।
तनेशितं कर्म विवर्ततेह पृथ्व्यातेजोऽनिलखानि चिन्त्यम्।।2।।
।।श्वेताश्वतरोपनिषद् 6.2।।

जिससे यह विश्व आच्छादित है, जो निश्चय ही सभी का ज्ञाता है, काल का कर्ता है, सर्ववेत्ता है, सर्वगुण सम्पन्न है, उससे अधिकृत होकर ही

इस लोक में कर्म वर्तते हैं। उसी से पृथिवी, जल, वायु, अग्नि, आकाश पँच महाभूत हैं। यह भाव चिन्तनीय, मननीय है। इसका भावार्थ है कि परमेष्ठी ही इस सृष्टि का निमित्त कारण है। ये पँचभूत केवल सृष्टि के उपादान हैं।। श्वेताश्वतरोपनिषद् 6.2।।

वायु–अनिल भेद : ईशावास्योपनिषद्

वायुरनिलममृतमवेदं भस्मान्तँ शरीरम्।
ऊँ क्रतो स्मर कृतँ स्मर क्रतो स्मर कृतँ स्मर।।
।।ईशावास्योपनिषद् 17।।

प्राण वायु शरीर में रहता है, वह मृत्यु के समय विश्व के अनिल में लीन हो जाता है। यहाँ ''अनिल शब्द विश्व प्राण'' के लिए प्रयोग किया गया है। यह शरीर नहीं, वह आत्मा अमर है। शरीर भस्म होने तक है। हे कर्म करनेवाले जीव! क्रतु को–प्रयत्न को, जो आपके आगे कर्म करना है, उसे स्मरण कर। साथ ही जो अब तक कर्म कर चुका है, उसको स्मरण कर (इस मन्त्र में शरीरस्थ प्राण वायु और सर्वव्याप्त अनिल का भेद बताया गया है।)।।ईशावास्योपनिषद् 17।।

असु : ईशावास्योपनिषद्

योऽसावसो पुरुषः सोऽहमस्मि ।।ई.उ. 16।।
योऽस्मवादित्यै पुरुषः सोऽसावहम्।।यजुर्वेद 40.10।।

''यह असु अर्थात् प्राण के अन्दर रहनेवाला पुरुष है, वह मैं हूँ''। मैं आत्मा हूँ, मेरे चारों ओर प्राण विद्यमान है, और मैं उसका प्रेरक हूँ। मेरी प्रेरणा से प्राण चल रहा है, और सभी इन्द्रियों को उत्तेजित कर रहा है। इस प्रकार विश्वास रखना चाहिए।। ई.उ. 16; यजुर्वेद 40.10।।

प्राणविद्या, ब्रह्माविद्या व्याख्या : ऐतरेय उपनिषद्

छान्दोग्योपनिषद् के अनुसार ब्रह्मचारीव्रतधारक ऐतरेय ऋषि ने 116 वर्ष की आयु प्राप्त की। ऐतरेय उपनिषद् में अध्यात्म विद्याओं– प्राणविद्या, ब्रह्मविद्या आदि का वर्णन है। ऐतरेय उपनिषद् में पुनः दोहराया गया कि विराट् पुरुष (ब्रह्म) की नासिका से वायु प्राण ने प्रवेश लिया : ''वायुः प्राणो भूत्वा नासिके प्राविशत्''।।2.4।। ऐतरेयोपनिषद् का यह भी अभिप्राय है कि शरीर ही यज्ञशाला है। परमात्मा का अंश आत्मा यज्ञ करने की इच्छा से बाहर आता है। उसके साथ समस्त देवताओं के पुत्र रहते हैं। वे सभी देव शरीर में अपने–अपने नियत स्थान पर विराजमान हैं। यह जीवनरूप ''शतसांवत्सरिक यज्ञ'' प्रारम्भ होता है। इसमें अग्नि वाचा का रूप धारक करके मुख में प्रवेश हुआ। वायु प्राण बन कर नासिका में संचार करने लगा। सूर्य चक्षु बनकर नेत्र

में आकर रहा। ओषधि वनस्पतियाँ लोम–बाल–केश के स्वरूप में त्वचा में रहने लगी। चन्द्रमा मन रूप में विराजमान हुआ। नाभि में मृत्यु अपान रूपा रहने लगा। जल ''रेत'' बनकर शिश्न में आकर रहा। इसी तरह विभिन्न देव शरीर के विभिन्न विभागों में (स्थानों) प्रतिष्ठित हुए। इस प्रकार शरीर ने यज्ञशाला का रूपाकार लिया।।ऐतरेय उपनिषद् 1.2।।

अग्निः वाग्भूत्वा मुखं प्राविशत्।
वायुः प्राणो भूत्वा नासिके प्राविशत्।
आदित्यश्चक्षुर्भूत्वा अक्षिणी प्राविशत्।
दिशः श्रोत्रं भूत्वा कर्णो प्राविशन्।
ओषधिवनस्पत्यो लोमानि भूत्वा त्वचां प्राविशन्।
चन्द्रमा मनो भूत्वा हृदयं प्राविशत्।
मृत्युरपानो भूत्वा नाभिं प्राविशत्।
आपो रेतो भूत्वा शिस्नं प्राविशन्।।ऐतरेयोपनिषद् 1.2।।

वायु : अन्नायु : ऐतरेयोपनिषद्

तत्प्राणोनाजिघृक्षत्तन्नाशक्नोत् प्राणेन् ग्रहीतुम्।।ऐतरेय उपनिषद् 3.4।।
तदपानेनाजिघृक्षत् ; तदावेयत्।
सषोऽन्नस्य ग्रहो यद्वायुः। अन्नार्युवा एष यद्वायुः।।ऐ.उ.3.10।।

तब उसने, इस प्राण ने (अन्न को) श्वास से ग्रहण करना चाहा। परन्तु प्राण इसे ग्रहण नहीं कर सका। वह यदि इसे प्राण से ग्रहण कर लेता तो निश्चय अन्न को सूंघकर ही तृप्त हो जाता।।4।। इसके बाद इसे अपान से मुखद्वार से ग्रास आदि भीतर ले जानेवाली वायु से ग्रहण करना चाहा, यह सुखद रहा कि उसने उसे खा लिया। यह जो अन्न ग्रहण करने की वायु है, वह ही अन्न की आयु अथवा ''अन्नायु'' है। इस अलंकार का सार है कि इन्द्रियों में, उनकी शक्तियों में एवं उनके भोगों के नियमों में नियन्ता की नियति काम करती है।।10।।ऐतरेयोपनिषद 3.4,10।।

वायु का यज्ञ में आगमन : कठ उपनिषद्

आचार्यो मृत्यु रहस्यम्

कठ उपनिषद् में नचिकेता एवं मृत्यु देव यम के मध्य अध्यात्मिक संवाद अद्भुत है। मृत्यु देव के यमद्वार तीन रात्री नचिकेता द्वारा प्रतीक्षा के गूढ़ रहस्य को उद्घाटित करने की कुंजी अथर्ववेद है। अथर्ववेद में कहा है कि ''आचार्यो मृत्युः।।अथर्ववेद 11.5.14।।'' अथर्ववेद ऋचा का आशय है कि आचार्य के पास ब्रह्मचारी आता है, तब उसका प्रथम जन्म समाप्त होता है। दूसरा जन्म लेने के लिए विद्यामाता के गर्भ में प्रविष्ट होता है। ब्रह्मचर्य

(विद्यार्जन) समाप्ति के समय समावर्तन संस्कार के समय नया जन्म लेता है। ''इस तरह आचार्य मृत्यु है।''

अथर्ववेद में स्पष्ट किया है : ''आचार्य ब्रह्मचारी का उपनयन करता है, उस समय ब्रह्मचारी विद्यामाता के गर्भ में रहता है। वह 'तीन रात्री तक' उस ब्रह्मचारी को उदर में धारण करता है। जब वह बाहर प्रकट होता है, तब सभी देव उसे देखने को एकत्र होते हैं।।11.5.3।। मूलतः ये तीन अज्ञान (आत्मिक, दैविक, भौतिक देहिक) की तीन रात्रियाँ हैं। यहाँ ज्ञान की भूख ब्रह्मचारी को होती है। फलस्वरूप यह कहा गया है कि वह ''आचार्य के घर तीन रात्री तक भूखा रहता है।'' अथर्ववेद की ऋचा कठ उपनिषद् की नचिकेता के मृत्यु के घर तीन दिन भूखा रहने की पहेली हल करती है।

आचार्य उपनयनमानो ब्रह्मचारिणं कृणुते गर्भमन्तः।
तं रात्रीस्तिस्र उदरे बिभर्ति तं जातं द्रष्टुमभि संयन्ति देवाः।।
।।अथर्ववेद 11.5.3।।

अदिति प्राण की एकसाथ उत्पत्ति : कठ उपनिषद्

या प्राणेन सम्भवत्यदितिर्देवतामयी।।कठ उपनिषद् 2.7।।
देवतामयी अथवा देव माता अदिति प्राण के साथ उत्पन्न हुई।
।। कठ उपनिषद् 2.7।।

वायु–आत्मा में समानता : कठ उपनिषद्

वायुर्यथैको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा रूपं रूपं प्रतिरूपो बहिश्च।।10।।
।।कठ उपनिषद, अध्याय 2, वल्ली 2, 10।।

जैसे समस्त भुवन में प्रविष्ठ होकर एक ही वायु प्रत्येक रूप में उस रूपवाला हुआ है (तदाकार हुआ है।), वैसे ही एक ही समस्त भूतों का अन्तरात्मा प्रत्येक रूप में उस रूप वाला हुआ है (कठ उपनिषद् 2.2.10)

प्राण भयप्रद : कठ उपनिषद्

यदिदं किंच जगत्सर्वं प्राण एजति निःसृतम्।
महद्भयं बज्रमुद्यतं य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति।।
।।कठ उपनिषद् 2.3.1।।

जो कुछ इस विषय में है वह समस्त प्राण में रहता है। प्राण की गति से हिलता डोलता चलता है। ''महत वज्रं उद्यतं भयं'' अर्थात् जैसे महाविशाल वज्र उठाया जाय तो भय उत्पन्न करता है। वैसे ही प्राण बहुत भयानक है। क्योंकि प्राण के गमन पर निश्चित रूप से मृत्यु होती है। अतः सभी के लिए

प्राण भयप्रद है। समूचे जगत् की गति प्राण के कारण है। प्राण की शक्ति (प्राणविद्या) ज्ञाता अमर होता हैं।।कठ उपनिषद् 2.3.1।।

आत्मा की पुरी : प्राण के मध्य वामन : कठ उपनिषद्

कठ उपनिषद् के दूसरे अध्याय की द्वितीय वल्ली में आत्मा पुरी का बहुत ही सुन्दर वर्णन है। इसमें अजन्मा आत्मा का एकादश द्वारों (प्रकारान्तर में एकादश रुद्र अवधारणा) वाला नगर है। अलंकारिक भाषा में शरीर को एक दुर्ग की संज्ञा दी गई है। इसकी नगरी अभेद्य होनी चाहिए।

इसके तीसरे मन्त्र में कहा है : ''प्राण को ऊपर ले जाता है और अपान को बाहर फैंकता है। इनके मध्य वामन देव बैठा है। यह आत्मा है। यही वामन देव प्राण को अन्दर ले जाता है और अपान को बाहर फैंकता है। शरीर में प्राण—आत्मा के लिए समस्त इन्द्रियाँ कार्य कर रही हैं।।3।।''कठ उपनिषद्।।

उर्ध्वं प्राणमुन्नयत्यपानं प्रत्यगस्यति।
मध्ये वामनमासीनं विश्वे देवा उपासते।।कठ उपनिषद् 2.2.3।।

श्रेय एवं प्रेय : कठ उपनिषद्

मृत्यु के देव यम ने नचिकेता को तात्कालिक सुख देनेवाले भोग (प्रेय) का लोभ दिया। यम ने कहा : इस जगत् में श्रेय एवं प्रेय दोनों हैं। ''श्रेय'' का अर्थ है कि जिससे मनुष्य का सच्चा कल्याण हो। ''प्रेय'' उसको कहते हैं कि जिससे मनुष्य को तात्कालिक सुख मिल सकता है। उसमें धर्म एवं नीति का बंधन नहीं है। नचिकेता धर्ममर्यादा विहीन, नीति धर्मरहित, अमर्यादित आसुरी वृत्ति के भोगों से दूर रहना चाहता था। वह ''शाश्वत तत्त्व ज्ञान'' चाहता रहा।

अन्यच्छ्रेयोऽन्यदुतैव प्रेयस्ते उभे नानार्थे पुरुषँ सिनोतः।
तयोः श्रेय आददानस्य साधु भवात हीयतेऽर्थाद्य उ प्रेयो वृणीते।।
।।कठ उपनिषद् 1.2.1।।

उठो, जागो, ज्ञान, प्राप्त करो! : कठ उपनिषद्

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।।1.3.14।।

उठो, जागो! श्रेष्ठ ज्ञानियों के पास जाकर ज्ञान प्राप्त करो। ज्ञान के अभाव में उन्नति साध्य नहीं हो सकती है। यह आत्मज्ञान एवं आत्मोन्नति का मार्ग तलवार की तीक्ष्णतम धार पर चलने के समान कठिन, विकट है।।कठ उपनिषद् 1.3.4।। इसी आधार पर लोक में कहा गया : ''तलवार की धार पर धावना।''

वायु–शरीररथ : कठ उपनिषद्

आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु।
बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनः प्रगहमेव च।।3।।
इन्द्रियाणि हयान्याहुर्विषयाँस्तेषु गोचरान्।
आत्मेन्द्रियमनो युक्तं भक्तित्याहुर्मनीषिणः।।4।।
।।कठ उपनिषद् 1.2.3–4।।

सप्त प्राण अवधारणा : मुण्डक उपनिषद्

अथर्ववेद की उपनिषदों में से एक ''मुण्डक उपनिषद्'' है। इसके ''नाम का आशय श्रेष्ठ उपनिषद्'' है। इस ब्रह्मविद्या के दूसरे मुण्डक में श्रेष्ठ ब्रह्म से ''सप्त प्राण उत्पन्न होते हैं। शरीर के सात स्थानों में सात प्राण संचार करते हैं। (शरीर के) सात लोक, सात ज्वालाएँ, सात समिधाएं एवं सात प्रकार के होम हैं। ये हृदय में रहते हैं और प्रत्येक के सात स्थान हैं।'' इसका अर्थ है कि ''सप्त प्राण – दो श्रोत्र, दो नासिका छिद्र, दो नेत्र एवं एक वाणी में प्रकट हुए। उससे प्राणों का प्रकाश हुआ (सातों स्थानों पर)। सात विषय एवं सात प्रकार के भोग हुए। उससे प्राणों के सात स्थान, सात लोक हुए। जिनमें सात इन्द्रियों में रहनेवाले सात–सात प्राण विचरण करते हैं।। मुण्डकोपनिषद् 2.1.8।।

सप्त प्राणाः प्रभवन्ति तस्मात्, सप्तार्चिषः सप्त समिधः सप्त होमाः।
सप्त इमे लोका येषु चरन्ति प्राणा गुहाशया निहिताः सप्त सप्त।।
।।मुण्डकोपनिषद्2.1.8।।

ब्रह्म से प्राणोत्पत्ति : मुण्डक उपनिषद्

एतस्मांजायते प्राणो मनः सर्वेन्द्रियाणि च।
खं वायुर्ज्योतिरापः पृथिवी विश्वस्य धारिणी।।3।।
।।मुण्डकोपनिषद् 2.1.3।।

उस ब्रह्म से प्राण अर्थात् जीवन उत्पन्न होता है। उसी से समस्त इन्द्रियाँ उत्पन्न होती हैं। उस ब्रह्म से ही आकाश, वायुः, अग्निः, जल और पृथिवी की उत्पत्ति हुई।।मुण्डक उपनिषद् 2.1.3।।

प्राण ही विश्व की स्थिति, सत्ता : मुण्डक उपनिषद्

समस्त भूतों–कार्यमय जगत् कर्त्तारूप में प्रकट परमेष्ठी वह प्राण है, वह ही समूचे विश्व की स्थिति एवं सत्ता है। स्मरण रहे कि ''ज्ञानी अनावश्यक नहीं बोलता है। वह आत्मा में क्रीड़ा करनेवाला, आत्मा में प्रसन्नता मनानेवाला, कर्तव्यशील भक्त और ब्रह्मज्ञानियों में सर्वोत्तम है।'' इसका आशय यह है कि

ब्रह्मज्ञान से मनुष्य सीमा के अन्दर रहा करता है। ब्रह्मज्ञानी जान लेता है कि सृष्टि में पँच–महाभूतों की छिकटती आभा ब्रह्म से उत्पन्न प्राणशक्ति की अठखेलियाँ मात्र हैं।।मुण्डकोपनिषद् 3.1.4।।

प्राणी ह्येष यः सर्वभूतैर्विभाति विजानन्विद्वान्भवते नातिवादी।
आत्मक्रीड आत्मरतिः क्रियावानेष ब्रह्मविदां वरिष्ठः।।
।।मुण्डकोपनिषद् 3.1.4।।

अक्षरब्रह्म प्राण : मुण्डक उपनिषद्

यह अभूतपूर्व है कि मुण्डक उपनिषद् के द्वितीय मुण्डक के द्वितीय खण्ड के द्वितीय मन्त्र में कहा है कि "अक्षरब्रह्म ही प्राण" है। वही वाणी और मन है। भर्तृहरि ने वाक्यपदीयम् में अक्षरब्रह्म घोषित किया है।

तदेतक्षरं ब्रह्म से प्राणस्तदु वाङ्.मनः।। मुण्डकोपनिषद् 2.2.2।।

ब्रह्म का वायु प्राण : मुण्डक उपनिषद्

मुण्डक उपनिषद् अनेक पहेलियाँ प्रस्तुत करता है। इसमें एक ओर (ब्रह्म) दिव्य अद्भुत शक्तियों से युक्त अजन्मा को अतिसूक्ष्म होने से सर्वत्र व्याप्त कहा है। यह प्राण के बिना रहता है......। दूसरी ओर वायु को इसका प्राण कहा है।।2.1.4।। वायुः प्राणो.....।।मुण्डकोपनिषद् 2.1.4।।

परा एवं अपरा विद्या ज्ञान आवश्यक : मुण्डकोपनिषद्

मुण्डकोपनिषद् में ब्रह्मज्ञानी कहते हैं कि "परा" एवं "अपरा" दो विद्याएँ हैं एवं इनका अध्ययन करना चाहिए। अपरा विद्या में–सृष्टि विज्ञान–ब्रह्मविद्या प्रकृति विज्ञान का स्वरूप, चार वेद –ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद एवं अथर्ववेद और इनकी शाखाएँ, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, ज्योतिष आदि आते हैं। "परा विद्या" वह है कि जिससे अविनाशी ब्रह्मका ज्ञान होता है।।4,5।। मुण्डकोपनिषद् में गुरुवर ने स्पष्ट किया कि "समस्त विद्याओं का आश्रय ब्रह्मविद्या है।"।।1।।"

द्वे विद्ये वेदितव्ये अति ह स्म
यद्ब्रह्मविदो वदन्ति परा चैवापरा च।।4।।
तत्रापरा, ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्वेदः
शिक्षा कल्पो व्याकरणं निरुक्तं छन्दो ज्योतिषमितिः
अथ परा, यदा तदक्षरमधिगम्यते।।5।।
सर्व विद्या प्रतिष्ठां ब्रह्मविद्यां।।1।।मुण्डकोपनिषद् 1.1.1,4,5।।

सत्य से देवयान! : मुण्डकोपनिषद्

मुण्डकोपनिषद् में रहस्योद्‌घाटन किया गया है कि सत्य से ही देवयान का मार्ग फैला है। इस मार्ग से आप्तकाम सन्तुष्ट रहनेवाले मुनि जाते हैं। वे अन्त में सत्य के परमधाम को (सत्यलोक, रुद्रलोक, परमेष्ठीय परमव्योम) प्राप्त करते हैं। सत्य की ही जय होती है, कभी असत्य की कभी विजय नहीं होती। सत्य के आश्रय से अभ्युदय स्थायी रहता है।।मु.उ.3.1.6।।

सत्यमेव जयते नानृतं पन्था विततो देवयानः।
येनाक्रमन्त्यृषयो ह्याप्तकामा यत्र तत् सत्यस्य परमं निधानम्।।
।।मुण्डकोपनिषद् 3.1.6।।

व्यष्टि समष्टि में एकजीवन : माण्डूक्य उपनिषद्

माण्डूक्य उपनिषद् में मनुष्य के दैनिक जीवन में अनुभव में आनेवाले जाग्रति–स्वप्न–सुषुप्ति के अनुभवों का विचार करके आत्मा का परिचय दर्शाया है। इस उपनिषद् में मात्र 12 मन्त्र हैं।

व्यष्टि समष्टि में एकजीवन : शरीर में स्थूल

शरीर एवं चेतन जीवात्मा और विश्व शरीर (दोनो में रहनेवाला परमात्मा) सभी ब्रह्म का रूप है। यह भी स्पष्ट कहा है कि व्यष्टि, समष्टि मिलकर एक ब्रह्म है। जैसा बृहत् आकाश (परमव्योम), आकाश, शरीराकाश, घर का आकाश एवं घड़े में एक ही आकाश है।

सर्व ह्येतद् ब्रह्मायमात्मा ब्रह्मः.....।।माण्डूक्य उपनिषद् 2।।

आत्मा के सप्तांग–सप्त प्राण : माण्डूक्य उपनिषद्

इससे पूर्व भी सप्त प्राणों का उल्लेख आया है। माण्डूक्य उपनिषद् में इसी श्रृंखला में आत्मा के सात अंग एवं उन्नीस मुख का वर्णन है। व्यक्ति में सात अंग–सिर, नेत्र, प्राण, पेट, मूत्राशय, पांव एवं मुख हैं। शरीर में ''पँच महाभूतों के पाँच अंग–पृथिवी का शरीर का स्थूल भाग हड्डी आदि; जल का भाग रक्त, मूत्र, रेतस् आदि; तेज का भाग नेत्र, जठर अग्नि आदि; वायु का प्राण और आकाश का भाग श्रवणेन्द्रिय हैं।'' इन पाँचों के साथ ''मन एवं बुद्धि मिलकर सात होते हैं।'' इन सातों से आत्मा कार्य करता हुआ दिखता है। ''आत्मा के उन्नीस मुखों से आशय–पाँच ज्ञानेन्द्रिय, पाँच कर्मेन्द्रिय, पाँच प्राण और चार अन्तःकरण (मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार) हैं।'' आत्मा के चार पाद–चार अवस्थाएँ–जाग्रति, स्वप्न, सुषुप्ति, तुरीय हैं।

जागरितस्थानो बहिष्प्रज्ञः सप्तांगः एकोनविंशतिमुखः
स्थूलभुग्वैश्वानरः...।।1।।माण्डूक्य उपनिषद् 3।।

प्राण कौन : केनोपनिषद्

आत्मा की शक्ति का चिन्तन इस उपनिषद् में मिलता है। केन उपनिषद् में विचारी निरीक्षक मन में उत्पन्न प्रश्नों का निराकरण है। केन उपनिषद् में अध्यात्मिक अधिदैवत विषय की व्याख्या है। इसमें ''तीन शांतियों–व्यक्ति में शांति धारण करना, समूचे विश्व में शांति की वृद्धि एवं आमजन में शांति स्थापना, का तत्त्व है।'' इनके शांति मन्त्र बहुत सुन्दर हैं। शान्ति मन्त्रों में ''प्राण'' का अध्यात्मिक भाव–श्वास, उच्छ्वास; अधिभौतिक भाव–वीर, शूर एवं अधिदैवत भाव (वीरभद्र) है। वहीं शांति मंत्रों में ''वायु का अध्यात्मिक भाव–प्राणशक्ति; अधिभौतिक–वीर, शूर एवं अधिदैवत भाव वायु है।'' केन उपनिषद् में कहा है : ''वह परब्रह्म देवों के सामने यक्षरूप में प्रकट हुआ।'' उपनिषद् में प्रतीक रूप में मेरु शिखर पर मज्जा (मस्तिष्क का भाग) के लिए हिमवान् शब्द का प्रयोग किया गया है। वाजसनेयी यजुर्वेद में शरीर की रक्षा करनेवाले सप्त ऋषि का उल्लेख है। इन सप्त ऋषियों के साथ रहनेवाली कुण्डलिनी शक्ति है। ''सप्त ऋषयः प्रति हिताः शरीरे सप्त रक्षंति सदमप्रमादम्।। वाजसनेयी यजुर्वेद 34.55।।'' पार्वती (ईश्वरी एवं शक्ति) मूलाधार चक्र के समीप रुद्र के लिए तपस्या करती है। यह ''रुद्र प्राण सहित आत्मा'' ही है। ''शरीर में दश प्राण (दश चक्र) और ग्यारहवाँ आत्मा मिलाकर एकादश रुद्र हुए।'' ''कतमे रुद्रा इति। दश इमे पुरुषे प्राणा आत्मा एकादश।। बृहदारण्यक उपनिषद् 3.9.4।। शतपथ ब्राह्मण 14.7.5।।'' मूलाधार चक्र में गणपति विराजमान है : ''त्वं मूलाधारस्थितोऽसि नित्यम्।। गणपति अथर्वशीर्ष।।''

प्राण कौन : उपनिषद्

शिष्य ने गुरु से अन्य प्रश्नों के अलावा पूछा कि प्राण क्या है ? मुख्य प्राण किससे जन्मते ही पहले–पहल गति करने लगता है ? अथवा किसके द्वारा नियुक्त पहिला प्राण चलता है ? गुरुवर ने उत्तर दिया है कि आत्मा की शक्ति में प्राण का प्राण विद्यमान है। वह कान का कान, मन का मन, वाणी की वाणी, आँख का आँख एवं प्राण का प्राण है।

केन प्राणः प्रथमः प्राणः प्रैति युक्तः।।1।।

स उ प्राणस्य प्राणश्चक्षुषश्चक्षु।।2।।केन उपनिषद् 1.1,2।।

प्राणवायु परमेश्वर नहीं! : केन उपनिषद्

केन उपनिषद् की भाषा उलटबांसी है। उपनिषद् के ऋषिवर के अनुसार जो प्राण वायु से सांस नहीं लेता है, जिससे प्राण प्राणित हो रहे हैं, उसी को ब्रह्म जानना चाहिए। जिसकी उपासना करते हैं, वह नहीं।।केन

उपनिषद् 1.8।। गुरु ने शिष्य को कहा : प्राण वायु परमेश्वर नहीं है। वह प्राण अपान के नियम को नियत करनेवाला है। प्राण–अपान रूप पवन की उपासना करनेवाले ब्रह्म का जैसा वर्णन करते हैं, वैसा नहीं है। यहाँ ऋग्वेद के सूक्तों के तत्त्व की प्रस्तुति है। ऋग्वेद में वायु और जगत् में बहने वाली (भौतिक, लौकिक) वात वायु का भेद स्पष्ट दर्शित है। केन उपनिषद् में इसी तत्त्व को नये कलेवर में प्रस्तुत किया गया है।

यत्प्राणेन ने प्राणिति, वेन प्राणः प्रणीयते।।8।।केन उपनिषद् 1.8।।

वायु का गर्वहरण : केन उपनिषद्

केन उपनिषद् की गाथाका रूपक मन्त्रमुग्ध करनेवाला है। यक्ष (ब्रह्मरूप में) प्रकट हुए। उन्होंने वायु, अग्नि, इन्द्र आदि का गर्वहरण किया। इस आख्यान में अग्नि के गर्वहरण के बाद देवों ने वायु से कहा : हे वायो! यह जानो कि वह पूज्य क्या है? वायु ने उत्तर दिया : ठीक है और वह यक्ष की ओर दौड़ा। यक्ष रूपी ब्रह्म ने वायु से पूछा : आप कौन हैं ? उसने उत्तर दिया कि मैं वायु देव हूँ। मैं मातरिश्वा हूँ। यक्ष ने दूसरा प्रश्न पूछा : आपका बल एवं शक्ति क्या है ? ऐसा पूछने पर उसने उत्तर दिया : इस पृथिवी पर जो भी कुछ है, वह सब मैं उठा सकता हूँ। इस पर यक्ष ने उसके सामने रखा घास का एक तिनका दिखाया और कहा कि इसे उठाओ। वायु मन ही मन मुस्कुराया। वायु ने विचारा कि उसकी शक्ति बल के सामने एक तिनके की क्या बिसात ? गर्वोन्मत वायु तिनके के समीप गया। उसने समूचे प्रचण्ड वेग वायु का महाप्रवाह छोड़ा। यह अभूतपूर्व अप्रत्याशित रहा कि तिनका अपने स्थान से हिला तक नहीं। वायु लगातार अपना वेग वृद्धि करता रहा, परन्तुघास का तिनका यथावत रखा रहा। वायु का समूचा गर्व छूमन्तर हुआ। वह हार कर वहाँ से लौटा। उसने देवों से कहा : यह यक्ष कौन है, मैं नहीं जान सका ? ऐतरेय उपनिषद् (1.4) में कहा है कि वायु प्राण बनकर दोनों नासिकाओं में प्रविष्ट हुआ। केन उपनिषद् में कहा है कि बाह्य वायु का अंश रूप से अवतार इस कर्म भूमि में हुआ है। यह प्राण बहुत प्रयत्न करता है, परन्तु आत्मा के ज्ञान को नहीं जान सका। ''जो प्राणों से जीवित नहीं रहता, परन्तु जिससे प्राण संचालित है, वह ब्रह्म है।'' इसीलिये ब्रह्म के सन्मुख वायु हार कर लौट आया। क्योंकि ब्रह्म की ही शक्ति से वायु एवं प्राण दोनों कार्य कर रहे हैं। अतः आत्मशक्ति के बिना इनसे कोई कार्य नहीं हो सकता है। ऋग्वेद की ऋचा में सीधे–सीधे कहा है कि ब्रह्मविद एक ही ब्रह्म को अनेक नामों से सम्बोधित करते हैं। इस आख्यान में अन्त में इन्द्र ने हेमवती उमादेवी

से यक्ष रूपी ब्रह्म के रूप का ज्ञान लिया।।केन उपनिषद् 3.23.10।। (इसका वर्णन पृथक से है।)।

वेद के तत्त्वज्ञान को रोचक प्रसंगों को इतिहास–रामायण एवं महाभारत में भी पिरोया गया है। वायु देव–पवन देव के सुपुत्र हनुमान जानकी माता की खोज के लिए श्रीलंका जाने को प्रस्तुत हुए। परन्तु वे महासागर के अथाह जल को लेकर बहुत ही विभ्रम की स्थिति में थे। हनुमान को लगा की समुद्र लंघन अंसभव है। उनकी निराशापूर्ण मनोस्थिति को जाम्बवन्त ने भाँप लिया। उन्होंने वायुदेव के सुपुत्र हनुमान को उसकी आत्मशक्ति से सम्बद्ध किया। तब हनुमान समुद्र लांघ गये। दूसरा आख्यान, वायु पुत्र भीम का है। अट्ठारह दिन के महाभारत के बाद भीम अपने बल एवं शक्ति के मद में चूर था। वायुदेव पुत्र भीम का गर्वहरण हनुमान ने वृद्ध वानर के रूप में श्रीसूर्यदेव तनया यमी–यमुनोत्री (महानद) के बन्दरपुँछ पर्वत पर किया। वृद्ध वानर भीम के रास्ते में लेटा हुआ था। दंभ एवं अहंकार में चूर भीम ने रास्ते से हटने को कहा। वृद्ध वानर ने वृद्धावस्था की असहायता के कारण उठने में असमर्थता व्यक्त की और निवेदन किया कि उनकी पूँछ पकड़ कर सरका दें। गर्वोन्मत भीम ने तत्काल वृद्ध वानर की पूँछ उठाने की हामी भरी। यह आठवाँ आश्चर्य रहा कि भीम के लिए पूँछ उठाना महारुद्र के पवित्र कैलास उठाने के समान असम्भव मुहिम रहा। भीम घण्टों–घण्टों जतन करता रहा पर वृद्ध वानर की पूँछ हिलने तक का नाम नहीं ले रही थी। भीम असहाय रहा। अन्त में गर्वहरण के बाद भीम ने वृद्ध वानर से हाथ जोड़कर परिचय देने की प्रार्थना की। वृद्ध वानर ने हंसते हुए तत्क्षण अपना त्रेता का महाबली हनुमत स्वरूप दिखाया। अर्थात् द्वापरकाल में वायुदेव पुत्र भीम का गर्वहरण हुआ। तीसरा आख्यान, महायोद्धा वर्वरिक का है। वर्वरिक ने भीम से कुम्भकर्ण की खोपड़ी का अंश लाने को कहा और भीम असफल लौटे। यह केन उपनिषद् यक्ष प्रसंग का विस्तार भर है। हम यह पुनः स्मरण कराना चाहेंगे कि वेद के सूत्र उपनिषद्, पुराण, रामायण एवं महाभारत में रोचक मनोहारी गाथा रूपाकार में प्रस्तुत हुए। यह उल्लेखनीय है कि ऋग्वेद में पृथिवी और द्युलोक का आधार सत्य कहा। महाभारत में पृथिवी अवतार सत्यभामा द्वारा सत्य की स्थापना के लिए अपने ही (पृथिवी पुत्र) भोमासुर–नरकासुर का वध किया गया।

चौथे आख्यान में नरकासुर एवं कामख्या का गर्वहरण ब्रह्माजी के पुत्र वसिष्ठ ने किया। पाँचवे आख्यान में परमऋषि दुर्वासा ने इन्द्र का गर्वहरण किया। उपनिषदों में पँच इन्द्रिय प्राणों में सर्वश्रेष्ठ की अनेक गाथाएँ मिलती हैं। उनमें शरीर में से नेत्र, कर्ण, मन, वाणी एक–एक वर्ष के लिए बाहर जाते

हैं। उनके प्रभाव से अंधा, बधिर, मूक–गूंगा एवं बालक के समान प्रभाव होता है। लेकिन जब अन्त में प्राण शरीर से एक वर्ष के लिए बाहर जाने लगता है, तब सभी शेष इन्द्रिय शक्तिहीन होने लगती हैं। वे प्राण से शरीर नहीं छोड़ने की प्रार्थना करती हैं, सो प्राण की सर्वश्रेष्ठता सिद्ध होती हैं। पुरा देवगाथाओं में इस आख्यान को बहुत ही रोचक एवं रोमांचक रूप में परोसा गया है। वायु देव के पुत्र हनुमान ने बाल सुलभ क्रीड़ा में अरुणोदय के सूर्य को फल समझकर मुँह में लिया। समूची सृष्टि में सूर्य के नहीं होने से हाहाकार मचा। इस संकट से क्रुद्ध इन्द्र ने अपने अचूक अस्त्र वज्र से बाल हनुमान के मुख (हनु) पर मारक प्रहार किया। इससे सूर्य देवता तो बाहर आ गये परन्तु अंजनिपुत्र बालक गहन मूर्छा में चला गया। इस घटनाक्रम से वायुदेवता बहुत ही क्षुब्ध और क्रोधित हुए। वायुदेवता ने इन्द्र को सबक सीखाने के उद्देश्य से त्रिलोक में वायु प्रवाह रोक दिया। परिणामतः सृष्टि में त्राहि–त्राहि मच गई। प्राणियों का जीवन समापन पर आया। ऋषि, मुनि, देवता आदि एकत्र होकर इन्द्र के पास गए और सृष्टि में वायु अथवा प्राणवायु के अभाव में जीवन समाप्ति के महाविकट संकट की जानकारी दी। सृष्टि बचाने के लिए इन्द्र को वायुलोक जाकर वायुदेवता को मनाना पड़ा। यह देवगाथा प्राणवायु की सर्वश्रेष्ठता सिद्ध करती है। कुल मिलाकर वेद के सूत्र उपनिषद् में और अन्त में पुराण, रामायण, महाभारत आदि की देवगाथाओं में प्रस्तुत हुए। पश्चिमी वैदिक अध्येता वेद की रहस्यात्मक, प्रतीकात्मक, संकेतात्मक, कूटात्मक, सूत्रात्मक, अभिव्यंजनात्मक, संहत, संक्षिप्त, बहुअर्थी, अध्यात्मिक, ध्वन्यात्मक आदि भाषा के मर्म को समझने में असफल रहे। फलस्वरूप उन्होंने ब्रह्मविद्या–आत्मविद्या वेद पर प्रश्नचिन्ह लगाया। वेद के गूढ़तम रहस्य को उपनिषद्, पुराण एवं इतिहास में सरलीकृत रूप में समझाने का जतन किया गया है। यह अवश्य है कि प्रकारान्तर में देवगाथाओं की चमत्कारिक लोकलुभावन शैली में वैदिक तत्त्व ही गौण हो गया लगता है। उसके निराकरण के लिए उपनिषद् प्रस्तुत हुई। इस पर ब्रह्मविद ही अधिक प्रकाश डाल सकते हैं।

> अथ वायुमब्रुवन, वायवेतद्विजानाहि, किमेतद्यक्षमिति तथेति।।20।। (7) तदभ्यद्रवत्तमभ्यवदत्, कोऽसीति, वायुर्वा अहमस्मीत्यब्रवीन्मातरिश्वा वां अहमस्मीति।।21।।8।।तस्मिँस्त्वयि किं वीर्यमित्यपीदँ सर्वमाददीयं यददिं पृथिव्यामिति।।22।।(9) तस्मै तृणं निदधावेतदादत्स्वेति, तदुपप्रेयाय, सर्वजवेन तन्न शशाकाऽऽदातुं, स तत एव विववृते,नैतदशकं विज्ञातुं, यदेतद्यक्षमिति।।23।।(10) ।।केन उपनिषद्, तृतीय खण्ड।।

ब्रह्मज्ञानी का प्राण जरावस्थातक यथावत
प्राण से ब्रह्मज्ञानी चिरयुवॉ : केन उपनिषद्

यह भ्रमपूर्ण अवधारणा है कि ब्रह्मज्ञान का विषय वृद्धों का है। इसका निराकरण केन उपनिषद् करती है। ब्रह्मज्ञान का विषय सही अर्थों में ''ब्रह्म–चारी'' यों का है। वन स्थित गुरुकुल में ''ब्रह्म–प्राप्ति के उपाय ब्रह्म–चारी'' कर सकते हैं। वे ब्रह्मचर्य आश्रम समापन तक ''ब्रह्मपुरी'' का पता लगा सकते हैं। ब्रह्मचारी ब्रह्मपुरी में जाकर, ब्रह्मज्ञानी बनकर ब्रह्मनिष्ठ होता है। ब्रह्मनिष्ठ शेष आश्रमों में शारीरिक स्वास्थ्य, दीर्घ आयुष्य एवं सुप्रजा निर्माण की शक्ति की आधारशिला डालने में सक्षम होता है। अतः प्रत्येक आयु में ब्रह्मज्ञान के लिये प्रयत्न करना चाहिये। ब्रह्मनिष्ठ शांति के साथ त्यागपूर्ण भोग करते हुए निर्लेप एवं निर्दोष जीवन व्यतीत करता है। उपनिषद् में कहा है : ''जो निश्चय से अमृत से परिपूर्ण उस ब्रह्मनगरी को जानता है उसको ब्रह्म एवं इतर देव प्राण, चक्षु एवं प्रजा देते आये हैं।'' ''जिसके कारण (आत्मा को) पुरुष कहते हैं, उस ब्रह्मकी नगरी को जो जानता है। उसको पूर्णावस्था के पूर्व प्राण एवं चक्षु नहीं छोड़ता है।।'' केन उपनिषद् 29,30।। यह भी उपदेश है कि ब्रह्म कृपा एवं इतर देवों (अग्नि, वायु, सूर्य, वरुण, रुद्र, इन्द्र आदि) की प्रसन्नता से उत्तम फल मिलता है। वेद में वायु की ऋचाओं में यह रहस्योद्घाटन किया गया है कि वायुविद्या–प्राणविद्या से आयुष्य का विस्तार किया जा सकता है। यह अवैदिक विचार है कि परमात्मा ने आयु निश्चित निर्धारित की है। यहाँ केन उपनिषद् में इसे नये रूप में कहा है कि जरावस्था तक प्राण यथावत रहता है। प्राण उपासना से ब्रह्मज्ञानी चिरयुवॉ रहता है।

यो वै तां ब्रह्मणो वेदाऽमृतेनावृतां पुरम्।
तस्मै ब्रह्म च ब्राह्माश्च चक्षुः प्राण प्रजां ददुः।।29।।
न वै तं चक्षुर्जहाति न प्राणो जरसः पुरा।
पुरं यो ब्रह्मणो वेद यस्याः पुरुष उच्यते।।30।।

।।केन उपनिषद्, अथर्ववेदीय।।

प्राण की प्रेरणा आत्मा : केनोपनिषद्

शिष्य ने गुरु से प्रश्न किया कि मुख्य प्राण किससे जुड़ा हुआ विशेषता से चलता है ?(1)।। गुरु ने उत्तर में कहा कि समस्त इन्द्रियों का प्रेरक आत्मा है। वह ही प्राण का प्राण है। वही श्रोता, मन्ता एवं द्रष्टा है। इन्द्रियाँ केवल साधन हैं। प्राण भी उसकी प्रेरणा से आता है। आत्मा चेतन, ज्ञानस्वरूप है।।2।।

केन प्राणः प्रथम प्रैति युक्तः।।1।।

स उ प्राणस्य प्राणः ।।2।।केनोपनिषद्

वायु देव को नमस्कार : तैत्तिरीयोपनिषद्

तैत्तिरीयोपनिषद् की शिक्षावल्ली के प्रथम अनुवाक में वायु आदि देवों को नमस्कार किया है। ''वायु को प्रत्यक्ष ब्रह्म के रूप में सम्बोधित किया है।'' दूसरे अनुवाक में ''उदात्त, अनुदात्त एवं स्वरित स्वर और ह्नस्व, दीर्घ, प्लुत मात्राओं'' का वर्णन है। यह भी निर्देश है कि ''अतिशीघ्र एवं अतिविलम्ब'' से उच्चारण नहीं करना है। ''सोम'' ''समता'' से उच्चारण नहीं करना है। तीसरा अनुवाक लोकों के सम्बन्ध में है। इसमें स्पष्ट किया है कि वायु दोनों को मिलानेवाला है (पृथिवीलोक, सौर लोक–द्यौ)।

नमस्ते वायो। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मसि।

।।शिक्षावल्ली प्रथम अनुवाक, तैत्तिरीयोपनिषद।।

वायुः सन्धानम्।।तीसरा अनुवाक, तैत्तिरीयोपनिषद्।।

व्याहृति उपासना ; भुवः वायुः : तैत्तिरीयोपनिषद्

तैत्तिरीयोपनिषद् का पाँचवाँ अनुवाक भुवः को अन्तरिक्ष, भुवः को वायु एवं भुवः को साम मन्त्र घोषित करता है।'' वेद में भी वायु को अन्तरिक्षस्थ बताया गया है। यद्यपि अन्य उपनिषद् में वायु को यजुर्वेद से सम्बद्ध किया है। इसमें आगे कहा है कि भूः प्राण है। मुख–नासिका से देह में जानेवाली वायु है। भुवः अपान है। यह मुख नासिका से बहार निकलनेवाली वायु है। सुवः व्यान है। व्यान देह में विचरणवाली वायु है। महः अन्न (भोज्य, खाद्य पदार्थ) है। अन्न से ही सारे प्राण महिमावाले होते हैं।।1,2,3,4।।

भुव इत्यन्तरिक्षम्।।1।।
भुव इति वायुः।।2।।
भुव इति सामानि।।3।।
भूरिति वै प्राणः। भुव इत्यपानः।सुवरिति व्यानः।
मह इत्यन्नम्। अन्नेन वाव सर्वे प्राणा महीयन्ते।।4।।

।।तैत्तिरोयोपनिषद्, पाँचवाँ अनुवाक।।

प्राण पँचक–देवतापँचक समूह : तैत्तिरीयोपनिषद्,शिक्षावल्ली

उपनिषद्कार ने सप्त व्याहृतियों की उपासना के बाद पाङ्.क्त उपासना का वर्णन किया है। यह जड़–चेतन एवं देह आत्मा विवेक रूप है। ''लोक पाङ्.क्त''–पृथिवी, अन्तरिक्ष, द्यौ, दिशाएँ एवं अवान्तर दिशाएँ हैं। ''देवतापँचक'' का समूह–वायु, अग्नि, आदित्य, चन्द्रमा एवं नक्षत्र है। ''भूतपँचक''–जल, ओषधि, वनस्पति, आकाश एवं आत्मा है। अध्यात्म में ''प्राण पाङ्.क्त– प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान है।'' इसी क्रम में ''इन्द्रिय

पाड्.क्त''—चक्षु, कर्ण, मन, वाणी एवं त्वचा है। वहीं ''धातु पाड्.क्त—चर्म, मांस, नाड़ी, अस्थि एवं मज्जा है। पाड्.क्त उपासना में ऋषि का आत्मा से तात्पर्य विश्व आत्मा है। इन पँचकों को विवेक बुद्धि से जानकर आत्मज्ञान प्राप्त किया जाता है।।तैत्तिरीयोपनिषद्, सातवाँ अनुवाक।।

पृथिव्यन्तरिक्षं द्यौर्दिशोऽवान्तरदिशः।
अग्निर्वायुरादित्यचन्द्रमा नक्षत्राणि।
आप ओषधयो वनस्पतय आकाश आत्मा।
इत्यधिभूतम्। अथाऽध्यात्मम्।
प्राणो व्यानोऽपान उदानः समानः।
चक्षुः श्रोत्रं मनो वाक् त्वक्।
चर्म मासं स्नावास्थि मज्जा।
एतदधिविधाय ऋषिरवोचत्।
पाड्.क्त वा इदं सर्वम्।
पाड्.क्तेनैव पाड्.कतं स्पृणोतीति।।1।।सातवाँ अनुवाक।।
।।तैत्तिरीयोपनिषद्, शिक्षावल्ली।।

शुभाचरण धारण : तैत्तिरीयोपनिषद्

तैत्तिरीयोपनिषद् में ऋषि ने कहा है कि सत्य ही बोल, धर्म का आचरण कर। ''सत्यं वद, धर्मं चर।।11.1।।'' यह भी कहा है कि दूसरे, शुभ आचरण को धारण कर एवं दोष का अनुकरण नहीं कर।।2।।शिक्षावल्ली।।

यान्यस्माक सुचरितानि,
तानि त्वयोपास्यानि, नो इतराणि।।2।। तैत्तिरीयोपनिषद्।।

वायु उत्पत्ति : ब्रह्मवल्ली, तैत्तिरीयोपनिषद्

इस विश्व आत्मा परमेष्ठी से आकाश प्रकट हुआ। अर्थात् परमेष्ठी की इच्छा से सृष्टि (जगत्) के कारण आकाश की अभिव्यक्ति हुई। ''आकाश से वायु उत्पन्न हुआ।'' वायु से अग्नि उत्पन्न हुआ। अग्नि से जल की उत्पत्ति हुई। जल से पृथिवी अस्तित्व में आया। ब्रह्मवल्ली में पंच महाभूतों की उत्पत्ति का रहस्य उजागर किया गया है।।ब्रह्मवल्ली।।

तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः संभूतः।
आकाशाद्वायुः वायोरग्निः। अग्नेरापः।
अद्भयः पृथिवी।।तैत्तिरीयोपनिषद्, ब्रह्मवल्ली।।

प्राणमय शरीर का शिर : ब्रह्मवल्ली, तैत्तिरीयोपनिषद्

ब्रह्मवल्ली के दूसरे अनुवाक में कहा है कि स्थूल देह से भिन्न, भीतर एक आत्मा है, यह प्राणमय है। उस प्राणमय शरीर का, नासिका मुख संचारी प्राण ही शिर है। प्राणरूप पवन प्राणमय का शिरस्थान है। उसका दक्षिण पक्ष सभी नाड़ियों में प्रवाहित होनेवाला व्यान है। उसका उत्तर पक्ष अपान है। आकाश अर्थात् समान उसका आत्मा है। पृथिवी–उदान उसकी पूँछ एवं प्रतिष्ठा है। उसके साथ ही प्राणमय निकलता है और देह में ठहरता है।

"प्राणमय शरीर, प्राण–अपान आदि से पृथक है।" वह प्राणपवन को आश्रित करके शरीर में प्रवेश करता है। प्राणपवन के साथ ही मरणकाल में स्थूल देह से निकल जाता है।।2।।तैत्तिरीयोपनिषद्।।

तस्य प्राण एव शिरः। व्यानो दक्षिणः पक्षः।
अपान उत्तरः पक्षः। आकाश आत्मा।
पृथिवी पुच्छं प्रतिष्ठां। तदप्येष श्लोको भवति।।ब्रह्मवल्ली।।
।।तैत्तिरीयोपनिषद, ब्रह्मवल्ली, 2।।

प्राण भूतों की आयु ; प्राण में ब्रह्मोपासनाः ब्रह्मवल्ली,तैत्तिरीयोपनिषद

ब्रह्मवल्ली में प्राण में ब्रह्मोपासना का गोपन सूत्र दिया है। इसमें कहा है कि प्राण (श्वास) ही भूतों की आयु है। देवजन और सृष्टि के सभी प्राणी प्राणमय के सहारे श्वास लेते हैं। इस कारण सांस (श्वास) को ही समस्त प्राणियों की आयु कहा गया है (देखें हनुमान गहन मूर्छा पर वायु देव का कोप)। आयु की अवधि प्राणपान के साथ नत्थी है। "प्राण को ब्रह्मप्राप्ति का साधन समझकर आराधना करनेवाले पूर्ण आयु प्राप्त करते हैं।" उस प्राणमय का, शरीर में होनेवाला जीव आत्मा है। उसी के आश्रित प्राणमय कोश है।

इस प्राणमय से भिन्न आत्मा है। आत्मा मनोमय है। मनोवृत्तियों का समुच्चय है। उस मनोमय से सूक्ष्म शरीर परिपूर्ण है। यह मनोमयकोश पुरुषाकार ही है। सूक्ष्म शरीर की पुरुषाकृति के सदृश ही यह मनोमय पुरुषविध है। "उसका शिर यजुर्वेद है। ऋग्वेद दक्षिण पक्ष है। सामवेद उत्तर पक्ष है। आदेश आज्ञा आत्मा है। अथर्वांगिरस उसकी पूँछ एवं सहारा है।" इस प्रकार सूक्ष्म शरीर चेतना से परिपूर्ण है। शरीर का व्यापार मनोमय से हुआ करता है। वृत्ति नाना भावों की स्फूर्ति है। "प्राणमय वृत्ति संजाल से परिपूर्ण है।" मनोमयकोश ही श्रुति वेदादि एवं स्मृति शास्त्र होने से ऋग्वेदादि उसके अंग हैं। इसके विज्ञानमय–बुद्धिमय (श्रद्धा, विश्वास, उपासना, भक्ति) और

ज्ञानमय कोश (शुद्ध, चैतन्य, विमल बुद्धि) भी हैं।।ब्रह्मवल्ली, तीसरा–चौथा अनुवाक।।

प्राणं देवा अनुप्राणन्ति। मनुष्याः पशवश्च ये।
प्राणो हि भूतानामायुः। तस्मात्सर्वायुषमुच्यते।
सर्वमेव त आयुर्यन्ति। ये प्राणं ब्रह्मोपासते।
प्राणो हि भूतानामायुः। तस्मात्सर्वायुषमुच्यते।
तस्यैष एव शरीर आत्मा। यः पूर्वस्य।
तस्माद्वा एतस्मात्प्राणमयात्। अन्योऽन्तरे आत्मा मनोमयः।
तेनैष पूर्णः। स वा एष पुरुषविध एव। तस्य पुरुषविधताम्।
अन्वयं पुरुषविधः। तस्य यजुरेव शिरः। ऋग्दक्षिणः पक्षः।
सामोत्तर पक्षः। आदेश आत्मा। अथर्वांगिरसः पुच्छं प्रतिष्ठा।।
।।ब्रह्मवल्ली, तृतीयानुवाक।।तैत्तिरीयोपनिषद्।।

प्राण से ब्रह्मज्ञान : वरुणविद्या : भृगुवल्ली, तैत्तिरीयोपनिषद्

भृगुवल्ली को आकाशस्थ ''वरुणविद्या'' भी कहा गया है। ऋषियुग में वरुण देव (वैदिक देव सम्राट) (अथवा परमऋषि वरुण) के पुत्र भृगु ने उनसे ब्रह्म के बारे में जिज्ञासा की। गुरुश्रेष्ठ वरुण ने कहा–ये प्राण, चक्षु, कान, मन, वाणी एवं अन्न सभी ब्रह्म प्राप्ति के साधन एवं द्वार हैं। वरुण ने सभी के ज्ञान के लिए तप करने को कहा। साथ ही तप से साधना करके ब्रह्म जानने की इच्छा करने को कहा। मूलतः तप ब्रह्म है। यह आदेश पाकर भृगु ने क्रमशः तप किया। इस कड़ी में प्राण के ज्ञान के लिए तप किया। प्राण–जगत् के जीवन को ब्रह्म जाना। उसे समझ में आया कि प्राण से ही सभी जीव उत्पन्न होते हैं। प्राण द्वारा ही उत्पन्नों का जीवन है। अन्त में प्राण में ही समा जाते हैं। प्राण ही आत्मा है। यह बात अलग है कि प्राण, अन्न, मन, विज्ञान, बुद्धि आदि के ज्ञान के बाद भृगु की ब्रह्म के सम्बन्ध में शंका ही नहीं रही।

प्राणो ब्रह्मेति व्यजानात्।
प्राणाद्धयेव खल्विमानि भूतानि जायन्ते।
प्राणेन जातानि जीवन्ति।
प्राणं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति। तद्विज्ञाय।
पुनरेव वरुणं पितरमुपससार।।
।।ब्रह्मवल्ली,तृतीयानुवाक; तैत्तिरीयोपनिषद्।।

इस प्रकार भृगु ने पिता वरुण के आदेश पर तप कर आनन्द परमेष्ठी को ब्रह्म जाना : ''आनन्दो ब्रह्मेति.....।।'' ब्रह्मसूत्र–वेदान्त में कहा है कि आनन्दो अभ्यासात्।। मूलतः समष्टि आत्मा का मनन, परतरात्परतम मन है।

आत्मा का व्यावहारिक मन व्यष्टि का अपरमन है। उसकी आत्मस्वरूप में स्थिति का मनन, परमन है। मुक्तावस्था की मनन शक्ति परतर मन है।

योगक्षेम प्राणापान : ब्रह्मवल्ली, तैत्तिरीयोपनिषद्

शब्द कल्पद्रुम में प्राणायाम का अर्थ : ''प्राणस्य वायु विशेषस्य आयामी रोधः। यद्वा प्राण आयस्यतेऽनेनेति। आ+यम्+करणे घञ्।।'' बताया है। प्राणायाम का मूलमन्त्र है : ''पवन संयमनन्त्वमुनाचरेत् यमहि जप्तुमसौ मनुमिच्छति।।'' ''प्राणापाननिरोधस्तु प्राणायाम प्राणायाम उदाहृतः।।'' ''प्राणाख्यमनिलं वश्यमभ्यामात् कुरते तु यत् प्राणायामः......।।'' गायत्री प्राणायामो यथा– ''सव्याहृतिं सप्रणवां गायत्रीं शिरसा सह। त्रि पठेदायतप्राणः प्राणायामः स उच्यते।।'' प्राण–श्वास का आयाम–नियन्त्रण है। यह मन को एकाग्र करने का मुख्य साधन है। इसका यौगिक प्रणाली में केन्द्रीय स्थान है। प्राणायाम के तीन प्रकार–पूरक (श्वास को भीतर ले जाकर फेफड़े में भरना), कुम्भक (श्वास को भीतर देर तक रोकना) और रेचक (श्वास को बाहर छोड़ना) हैं (योगदर्शन)। हठयोग में प्राणायाम प्रक्रिया का बहुत विस्तार हुआ।

''योग–युज् भावादौ घञ्, कुत्वम् है।'' ''योग का अर्थ मिलाप, संगम, मिश्रण, जोड़ना आदि है।'' ''योग दर्शन का मुख्य सिद्धान्त मानव आत्मा पूर्ण रूप से परमात्मा में मिल जाना है और यह मोक्ष प्राप्ति की शिक्षा है।'' योग साधक सतत अभ्यास करता हुआ चित्त क्रियाओं पर सम्पूर्ण स्वामित्व प्राप्त कर लेता है। ''योग चित्तवृत्तियों का निरोध है : योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः।'' ''योग के साधना–नैतिक आचरण, तपश्चरण, शारीरिक एवं मानसिक व्यायाम, केन्द्रित ध्यान, एकाग्रता एवं गहन चिन्तन हैं। इनके द्वारा प्रकृति एवं आत्मा का अन्तर्ज्ञान और अन्त में कैवल्य प्राप्ति होती है।'' ''यह अत्यन्त दुःखद है कि वर्तमान में इसका एक लघुतम अंश शारीरिक व्यायाम ही योग कहला रहा है, किन्तु यह वेद वर्णित योग नहीं है।''

''क्षेम'' (क्षि+मन्) का अर्थ प्रसन्नता, सुख, शान्ति, कल्याण, कुशलम् आदि है।

तैत्तिरीयोपनिषद् की भृगुवल्ली के दशम अनुवाक में घोषणा की है कि ''प्राणापान से योग क्षेम'' होता है। यह मानवधर्म का उपदेश एवं आदेश है। परमऋषि वरुण ने भृगु को जीवन–मरण के चक्र से मुक्ति के लिए प्राणायाम के माध्यम से परमेष्ठी से योग एवं कल्याण का रहस्य समझाया।।भृगुवल्ली,तैत्तिरीयोपनिषद्, दशमानुवाक।।

प्राणायाम–इन्द्रग्रन्थी जीवनरस : तैत्तिरीयोपनिषद्

वेद में सोमरस को वायु पीता है। वहीं प्राण भी सोमरसपान करता है। यह सोमरस क्या दिव्य रसायन है ? शरीर में किस तरह प्राण सोम रसपान करता है ? वायु बाहर विश्व में कैसे सोमपान करता है ? वेद शरीर में प्रवाहित ''जीवनरस'' को ''इन्द्ररस'' कहता है। तैत्तिरीयोपनिषद् में स्पष्ट किया है : ''तालु के ऊपर, जो एक स्तन सरीखा लटकता है, वह इन्द्ररस स्रवनेवाली ग्रन्थी है।'' इस ग्रन्थी पर तालु के ऊपर मन का संयम करने से इसमें से इन्द्ररस झरता है। इन्द्ररस से शरीर में ''जीवनरस'' फैलता है। परिणामतः मानव शरीर उत्साहमय होता है। इस ग्रन्थी पर संयम में वृद्धि के साथ अत्यधिक स्राव होता है। इसका शरीर प्राण सेवन करता है। प्राणायाम के समय मन का संयम इन्द्रग्रन्थी पर करने से इस दिव्य जीवनरस की प्राप्ति होती है। प्राण द्वारा इन्द्ररसपान से समस्त शरीर में ''तेज'' का ''नवसंचार'' होता है। प्रकारान्तर में योग में जिव्हा को तालु से लगाने की समृद्ध परम्परा प्रारम्भ हुई। यह भी प्रचलन हुआ कि जिव्हा को लम्बी करने के लिए नीचे चीरा लगाया जाये। महारसज्ञ योगाचार्य गोरक्षनाथ के मत में जिव्हा को तालु से लगाकर प्राणायाम एवं जपयज्ञ साधना का चलन रहा एवं है। उसके पीछे वैदिक नवसंजीवनी इन्द्ररस का पान रहा। तैत्तिरीयोपनिषद् 1.8.1।।

अन्तरेण तालुके, य एष स्तन इव अवलंबते सा इन्द्रयोनिः।।

।।तैत्तिरीयोपनिषद् 1.6.1।।

श्रुति–वेद, ब्राह्मणग्रन्थ, आरण्यक एवं उपनिषद् में प्राण के आयाम और सर्वशक्तिमान परमेष्ठी से मिलाप अर्थात् योग का सूक्ष्म से सूक्ष्म विवरण चकित करता है।

प्राणाधीन सभी शक्तियाँ : छान्दोग्य उपनिषद्

छान्दोग्य उपनिषद् में इन्द्रियों में श्रेष्ठता की रोचक गाथा का विवरण पूर्व में कर चुके हैं। इसमें स्पष्ट किया है कि प्राण के अधीन सर्व शक्तियाँ हैं। प्राण एवं अन्य शक्तियों के सम्बन्ध की विवेचना बहुत ही अद्भुत है। ''मूलतः प्राणी जब वह निद्रा लेता है, तब वाक्, चक्षु, श्रोत्र, मन आदि प्राण में लीन हो जाते हैं। उस समय प्राण ही इनका संवारक है।'' यह उल्लेखनीय है कि सूर्योदय के समय प्रकाश की किरणें चौतरफा फैलती हैं, और अस्त के समय सूर्य में लीन हो जाती हैं। इस प्रकार प्राण रूपी सूर्य जागृति के प्रारम्भ में उदय होता है, उस समय उसकी किरणें इन्द्रिय आदि में फैलती हैं और निद्रा के समय फिर उसमें लीन होती हैं। अतः प्राण सूर्य है।।छान्दोग्योपनिषद् 4.3.3।।

प्राणो वाव संवर्गः।
स यदा स्वपिति, प्राणमेव वागप्येति,
प्राणं चक्षुः, प्राणं श्रोत्रं, प्राणं मनः,
प्राणो ह्येवैतान् संवृके।। छान्दोग्योपनिषद् 4.3.3।।

पतंग भांति मन प्राण के साथ बद्ध : छान्दोग्योपनिषद्

जिस प्रकार पतंग डोरी से बंधा हुआ, अनेक दिशाओं में घूमकर दूसरे स्थान पर आधार नहीं मिलने के कारण अपने मूल स्थान पर लौट आता है। हे शिष्य! निश्चित रूप से यह मन अनेक दिशाओं में घूम–फिरकर, दूसरे स्थानों पर आश्रय नहीं मिलने के कारण प्राण का आश्रय लेता है। हे सोम्य! मन प्राण के साथ बंधा है।।छान्दोग्योपनिषद् 6.8.2।।

यह स्पष्ट है कि प्राण का मन से सम्बन्ध है। स्वाभाविक है कि प्राण के महाशक्तिमान होने पर मन भी महाबलिष्ठ होगा। प्राण की बलवृद्धि प्राणायाम से होती है। प्राण का निरोध होने से मन का संयम होता है। "प्राण की चंचलता से मन चंचल होता है। प्राण की स्थिरता से मन भी स्थिर होता है। प्राण संयम से अन्य इन्द्रियाँ भी (प्राण निरोध से) स्वाधीन हो जाती हैं।" इस प्रकार प्राणायाम से सम्पूर्ण शक्तियाँ वशीभूत होती हैं।।छान्दोग्योपनिषद् 6. 8.2।।

स यथा शुकनिः सूत्रेण प्रबद्धो,
दिशं दिशं पतित्वा, अन्यत्रायतन मलब्ध्वा,
बंधनमेवोपक्षयत, एवमेव खलु सौम्य!
तन्मनो दिशं दिशं पतित्वाऽन्यत्रायतनमलब्ध्वा प्राणमेवो–पश्चयते,
प्राण बंधनं हि सौम्यः मनः।।छान्दोग्योपनिषद् 6.8.2।।

प्राण का तात्पर्य आत्मशक्ति : छान्दोग्योपनिषत्

परम ऋषि सनत्कुमार और प्रजापति ब्रह्माजी के पुत्र देवर्षि नारद के मध्य तात्त्विक चर्चा में "प्राण" के सन्दर्भ में नव रहस्योद्घाटन हुआ। यहाँ "प्राण से तात्पर्य आत्मा की शक्ति से है।" यह शक्ति देहस्थ पुरुष की देह में जीवनरूप में स्फुरित होती है। परमपुरुष की लोकों के निर्माण एवं स्थिति आदि में अभिव्यक्त होती है। सनत्कुमार ने कहा : "प्राण ही आशा से अधिकतर है। जैसे रथ की नाभि में अरे लगे रहते हैं, वैसे ही इस प्राण में सब कुछ समर्पित है। प्राण प्राणद्वारा जन्मान्तर में जाता है। प्राण प्राण को फलप्रदान करता है। प्राण प्राण के लिए ही देता है। प्राण ही पिता है, प्राण ही माता है, प्राण भ्राता है, प्राण बहिन है, प्राण ही आचार्य है और प्राण ही ब्रह्मविद–ब्रह्मज्ञानी है। ये सभी संज्ञाएँ आत्मशक्ति में ही समझी गई हैं।।7.15.

1।। प्राण—आत्मा ही समस्त सम्बन्धी हो जाता है। वह ही यह आत्मज्ञानी इस प्रकार मनन करता हुआ, जानता एवं समझता हुआ ''यथार्थ वक्ता'' हो जाता है। प्राण अथवा आत्मा के ज्ञान से वह निरपेक्ष हो जाता है। किसी का पक्षपात नहीं करता है। उसको यदि अन्य जन यथार्थवादी कहें तो उसका उत्तर—मैं यथार्थवादी हूँ। वह सत्यवादी अपने मन के भाव को नहीं छुपाये। यहाँ ब्रह्मज्ञ ने ''आत्मा के अस्तित्व को प्राण कहा है।।छन्दोग्योपनिषत् 7.15. 4।।

प्राणो वाव आशाय भूयान्।यथा वा अरा नाभौ
समर्पिता एवमस्मिन् प्राणे सर्वं समर्पितम्।
प्राणः प्राणेन याति, प्राणः प्राणं ददाति,
प्राणाय ददाति। प्राणो ह पिता, प्राणो माता,
प्राणो भ्राता, प्राणः स्वसा, प्राणः आचार्यः, प्राणो ब्राह्मणः।।7.15.1।।
प्राणो ह्येवैतानि सर्वाणि भवति।
स वा एष पश्यन्नेवं मन्वान एवं विज्ञानन्नतिवादी भवति।
तं ब्रूयुरतिवाद्यसीत्यतिवाद्यस्मीति ब्रूयान्नापह्नुवीत।।4।।
।।छान्दोग्योपनिषत् 7.15.1,4।।

वायु से यजुर्वेद : छान्दोग्योपनिषद्

परमेष्ठी प्रजापति ने लोकों को अपनी शक्ति से तपाया। प्रजापति के तपायमान लोकों से सार उद्धृत किये। ''आकाश से वायु को'', तेजोमयलोक से सूर्य को एवं पृथिवी से अग्नि को निकाला।। छान्दोग्योपनिषद् 4.17.1।। तदन्तर परमेष्ठी ने ये तीन देवता—वायु, अग्नि, आदित्य तपाये। उन्होंने उन तपायमान देवताओं से सार— वायु से यजुर्वेद, अग्नि से ऋग्वेद एवं आदित्य से सामवेद उद्धृत किया।।छान्दोग्योपनिषद् 4.17.2।।

प्रजापतिलोकानभ्यतपत्। तेषा तप्यमानानां
रसान्प्रावृहदग्निं पृथिव्या वायुमन्तरिक्षादादित्यं दिवः।।1।।
स एतास्तिस्रो देवता अभ्यतपत्। तासां तप्यमानानां रसान् प्रावृहत्।
अग्नेऋचो वायोर्यजूंषि सामान्यादित्याद्।।छान्दोग्योपनिषद् 4.17.1,2।।

अधिदैवत, अध्यात्मिक वायु महिमा : छान्दोग्योपनिषद्

अधिदैवत वर्णन : वायु ही लय करनेवाली है। जब ही अग्नि बुझ जाती है, वायु को ही प्राप्त होती है। सूर्य अस्त होने पर अग्नि में लीन होता है। चन्द्रमा अस्त होकर वायु में ही लय होता है। समस्त स्थूल पदार्थ वायु में, सूक्ष्म कारण में लय होते हैं। वायु सूखने पर वायु को ही प्राप्त होता है। वायु ही इन समस्त पदार्थों का संवरण करता है। सब का लय वायु में होता है।

अध्यात्म वर्णन : प्राण–आत्मा ही संवर्ग है।यह सभी इन्द्रियों को अपने भीतर समा लेनेवाला है। यह पुनः स्मरण रहे कि निद्रा के समय प्राण ही – वाणी, चक्षु, श्रोत्र, मन का संवरण (आश्रय, ढाँपना) करता है। इसलिए ''संवर्ग'' अर्थात् लय के दो स्थान हैं : प्रथम, ब्रह्माण्ड के देवों में वायु और दूसरा, पिंड की इन्द्रियों में प्राण।।छान्दोग्योपनिषद् 4.3.1–3।।

वायुर्वाव संवर्गो यदा वा अग्निरुद्वायति वायुमेवाप्येति।
यदा सूर्योऽस्तमति वायुमेवाप्येति। यदा चन्द्रोऽस्तमेति वायुमेवाप्येति।
यदाप उच्छुष्यन्ति वायुमेवापियन्ति, वायुर्ह्येवैतान्सर्वान् संवृङ्.क्ते।
।।इत्यधिदैवतम्।।2।।

अथाध्यात्म, प्राणो वाव संवर्गः। स यदा स्वपिति
प्राणमेव वागप्येति, प्राणं चक्षुः, प्राणं श्रोत्रम्, प्राणं मनः,
प्राणो ह्येवैतान्सर्वान् संवृङ्.क्त इति।।3।।
तौ वा एतो द्वौ संवर्गो, वायुरेष देवषु प्राणः प्राणेषु।।4।।

वायु देवों में लयस्थान है और प्राण इन्द्रियों में लयस्थान है। समूचा साकार विश्व सूक्ष्मतम अदृश्य वायु में और इन्द्रिय जगत् महाप्राण में लयता लाभ करता है।।छान्दोग्योपनिषद् 4.3.3.1–4।।

अद्‌भुत ब्रह्मण्डीय यज्ञ में ''वायु समिधा'' : छान्दोग्योपनिषद्

ब्रह्माण्ड में निरन्तर चल रहे महायज्ञ की छान्दोग्योपनिषद् में अध्यात्मिक व्याख्या चकित करती है। गुरुवर ने कहा : ''हे गौतम! वह प्रकाशमय लोक (द्युलोक) ही अग्नि है, होम करने की अग्नि है। उस अग्नि की वायु समिधा है। उसका धुआँ सूर्यकिरण है। दिन उसकी ज्वाला है, चन्द्रमा उसका अंगारा है। उसकी चिनगारियाँ नक्षत्र हैं। यह एक महान यज्ञ ईश्वरीय नियम में निरन्तर हो रहा है। देव इस अग्नि में चरु बनाकर हवन करते हैं।'' यह अद्‌भुत महायज्ञ भक्त की भावना का है। उस श्रद्धा की आहुति से मनुष्य के मन में सोम उत्पन्न होता है। परमेष्ठी के प्रिय स्वरूप का दर्शन होता है। द्युलोक का सम्पूर्ण व्यापार परमेश्वर के नियम में एक महान यज्ञ है। यह केवल श्रद्धा (आस्था, विश्वास) से समझ में आता है। यह महायज्ञ निरन्तर परार्थ ही होता रहता है। यह कर्मयज्ञ है।। छान्दोग्योपनिषद् 5.4.1,2।।

हे गौतम! मेघ ही अग्नि है। उसकी ''वायु ही समिधा'' है। प्रकारान्तर मेंपँच यज्ञों का उल्लेख है।। छान्दोग्योपनिषद् 5.5.1।। पँच महायज्ञ–भूतयज्ञ, मनुष्ययज्ञ, पितृयज्ञ, देवयज्ञ एवं ब्रह्मयज्ञ हैं।

असौ वाव लोको गौमताग्निस्यस्यादित्य एव समिद्रश्मयो

धूमोऽहरचिंश्चन्द्रमा अंगारा नक्षत्राणि विस्फुलिंगाः।।1।।
तस्मिन्नेतस्मिन्नग्नौ देवोः श्रद्धां जुव्हति, तस्या आहुतेः सोमो
राजा सभवति।।2।। छान्दोग्योपनिषद् 5.4.1,2।।
पर्जन्यो वाव गौतमाग्निस्तस्य वायुरेव समिदभ्रं...।।
।।छान्दोग्योपनिषद् 5.4.1,2;5.5.1।।

सत्य शब्दार्थ, सत्य ही ब्रह्म : छान्दोग्योपनिषद्

छान्दोग्योपनिषद् में ''ब्रह्म'' का नाम ''सत्य'' कहा है। साथ ही ''सत्यं शब्द की व्याख्या की है। सत्य में तीन अक्षर स+ति+य हैं। यह ''स'' सत् है, सत् अमृत है। अर्थात् ब्रह्म का द्योतक है। ''त'' मर्त्य है। यह जगत् का द्योतक् है। ''य'' अर्थात् ''यम्'' दोनों को मिलाने का सूचक है। अतः यम् दोनों का बन्धक है। यह जाननेवाला प्रतिदिन स्वर्गलोक द्युलोक को प्राप्त करता है। सत्य शब्द से अविनाशी आत्मा का और नाशवान का ज्ञान होता है। स्मरण रहे कि वायु सत्य पालक है।।छान्दोग्योपनिषद् 8.3.5।।

तानि ह वा एतानि त्रीण्यक्षराणि सत्तियमिति तद्यत्सत्तदमृतमथ
यत्ति तन्मर्त्यमथ यद्यं तेनोभे यच्छति यदनेनोभे गच्छति
तस्माद्यमहरहर्वा एवंवित्स्वर्गं लोकमेति।।5।।छान्दोग्योपनिषद् 8.3.5।।

प्राचीन चक्रोपासना ; नाड़ी वर्णन : छान्दोग्योपनिषद्

श्रुतिकाल वेदकाल में मन्त्रद्रष्टा ऋषियों को शरीरस्थ नाड़ियों के संजाल और उसमें प्रवाहित जीवनीरस के वर्णों की सटीक जानकारी रही। उन्होंने नाड़ियों का वर्णन वेद और वेदाधारित उपनिषद् में किया है। यह विश्व के प्राचीनतम धर्मशास्त्र–वेद के ऋषियों के 39 लाख वर्ष पूर्व शरीर विज्ञान के सूक्ष्मतम बृहदज्ञान से परिचय करवाता है (आधुनिक भौतिक विज्ञान को मात्र कुछ सौ वर्षों से शरीरविज्ञान की कुछ जानकारी है।)। ''अब हृदय की नाड़ियों का वर्णन किया जाता है। मानवीय हृदय की नाड़ियाँ पिंगल वर्ण के सूक्ष्म रस से भरी हैं। शुक्ल वर्ण के, नील वर्ण के, पीत वर्ण के और रक्त वर्ण के सूक्ष्म रस से पूरिपूर्ण हैं। यह पिंगल वर्ण– शुक्लवर्ण, नीलवर्ण, पीतवर्ण एवं रक्तवर्ण है। ये सभी सूर्य के वर्ण हैं।'' सूर्य की ज्योति से ये वर्ण, हृदयगत नाड़ियों के परमसूक्ष्म रसों में आये हैं। यह प्राचीन चक्रोपासना है। आदित्यधाम में आत्मा को स्थिर करने का रहस्य छिपा है।। छान्दोग्योपनिषद् 8.6.1।।

अथ या एता हृदयस्य नाडयस्ताः पिंगलस्याणिम्नस्तिष्ठन्ति शुक्लस्य,
नीलस्य, पीतस्य, लोहितस्येति।असौ वा आदित्यः पिंगल एष शुक्ल
एष नील एष पीत एष लोहित।।1।।छान्दोग्योपनिषद् 8.6.1।।

वायु अशरीर : छान्दोग्योपनिषद्

वैदिक परम्परा को उपनिषद् में दोहराया गया है कि वायु, अभ्र (मेघ), विद्युत् गर्जना अशरीर हैं। ये अशरीर ''आकाश'' में रहते हैं। अशरीर होने के कारण नहीं दिखते हैं। परम ज्योति सूर्य से सम्पर्क होने पर दृश्य रूप में प्रकट होते हैं। सूर्य के ताप से वायु अपने वास्तविक रूप में प्रवाहित होने लगता है। सूर्य की उष्मा से अभ्र मोहिनी स्वरूप (जैसे सतरंगी इन्द्रधनुष, बहुरंगी मेघ) ग्रहण करते हैं, विद्युत चमकती है, गर्जना होती है। इसी प्रकार आत्मा भी अशरीर है। वह शरीर में रहता है। ब्रह्म के सम्पर्क से वह शुद्ध रूप में प्रकट हो जाता है। उपनिषद् में वायु के वर्णन द्वारा आत्मतत्त्व की व्याख्या की गई है।। छान्दोग्योपनिषद् 8.12.2,3।।

अशरीरो वायुः, अभ्रं विद्युत्स्तनयित्नुरशरीराण्येतानि।
तद्यथैतान्यामुष्मादा—काशात्समुत्थाय परं ज्योतिरूपसंपद्य
स्वेन स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यन्ते।।2।।
एवमेवैष संप्रसादोऽस्माच्छरीरात्समुत्थाय परं
ज्योतिरूपसंपद्य स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यते। स उत्तम
पुरुषः।।छान्दोग्योपनिषद् 8.12.2,3।।

दृढ़ संकल्प का महत्व : छान्दोग्योपनिषद्

हे नारद! मन से लेकर नाम तक सबका एकमात्र आधार ''संकल्प'' है। संकल्प ही इनका आत्मा है, संकल्प में ही ये निवास करते हैं। ब्रह्माण्ड एवं पिंड में संकल्प ही संकल्प दिखाई देता है। द्युलोक और पृथिवीलोक संकल्प कर रहे प्रतीत होते हैं। वायु एवं आकाश संकल्प कर रहे हैं। जल और तेज संकल्प कर रहे हैं। इनमें परमेष्ठी का संकल्प काम करता है। उनके संकल्प निमित्त वृष्टि होती है। वृष्टि के संकल्प निमित्त अन्न होता है। अन्न के संकल्प निमित्त प्राण होते हैं। प्राणों के संकल्प निमित्त मन्त्र होते हैं। मन्त्रों के संकल्प निमित्त कर्म हैं। कर्मों के संकल्प निमित्त लोक होते हैं। लोक के संकल्प निमित्त सभी कुछ होता है। यह ''संकल्प चित्त महान'' है। इसलिए संकल्प का चिन्तन कर। दृढ़ संकल्प के महत्व को समझ।। छान्दोग्योपनिषद् 7.4.2।।

तानि ह एतानि संकल्पैकायनानि, संकल्पात्मकानि,
संकल्पे प्रतिष्ठितानि, समक्लृपतां द्यावापृथिवी,
समकल्पेतां वायुश्चाकाशं च समकल्पेतामापश्च
तेजश्च, तेषा संकलृप्त्यै वर्ष संकल्पते, वर्षस्य
संकलृप्त्या अन्न संकल्पतेऽन्नस्य संकलृप्त्यै

प्राणाः संकल्पन्ते, प्राणानां संक्लृप्त्यै मन्त्राः संकल्पन्ते,
मन्त्राणां संक्लृप्त्यै कर्माणि संकल्पन्ते, कर्मणां
संक्लृप्त्यै लोकः संकल्पते, लोकस्य संक्लृप्त्यै
सर्व संकल्पते, स एष संकल्पः, संकल्पमुपास्स्वेति।।
।।छान्दोग्योपनिषद् 7.4.2।।

प्राणाय स्वाहा, व्यानाय स्वाहा, अपानाय स्वाहा उदानाय स्वाहा, समानाय स्वाहा का अर्थ : छान्दोग्योपनिषद्

वैदिक सनातन परम्परा के यज्ञ में पँच प्राणों–प्राण, अपान, व्यान,उदान एवं समान स्वाहा की आहुति दी जाती है। यज्ञ में पहली आहुति ''प्राणाय स्वाहा'' उच्चारण कर दी जाती है। ''यह आहुति नर देह के प्राण (अथवा सर्व प्राण) देवता को देते हैं। इस प्रकार प्राण तृप्त होता है।'' प्राण तृप्त होने से नेत्र तृप्त होते हैं। नेत्र के तृप्त होते ही ब्रह्माण्ड में सूर्य तृप्त होता है। सूर्य तृप्त होने से द्यौ तृप्त होता है। द्यौ के तृप्त होने से उस पर आश्रित तृप्त होते हैं। अर्थात प्रकाशमय लोक की तृप्ति से समस्त ब्रह्माण्ड मण्डल तृप्त होते हैं। फलस्वरूप उपासक तृप्ति की भावना का विस्तार पिंड से ब्रह्माण्ड तक करता है। नर से वैश्वानर तक तृप्ति ही तृप्ति का विस्तार कर देता है। उससे स्वयं प्रजा, पशु, भोग सामग्री, तेज और ब्रह्मवर्चस से तृप्त हो जाता है।

द्वितीय आहुति ''व्यानाय स्वाहा'' उच्चारण कर दी जाती है। ''इससे व्यानशक्ति श्रवणशक्ति तृप्त होती है।'' व्यान के तृप्त होने पर श्रोत्र तृप्त होता है। ''श्रोत्र तृप्त होने पर चन्द्रमा (सोम प्रधान) तृप्त होता है (यह हमें दिखाई देनेवाला चन्द्रमा नहीं है।)।'' चन्द्रमा के तृप्त होने से ''दिशाएँ'' तृप्त होती हैं। दिशाओं – चन्द्रमा की तृप्ति से उन पर आश्रित तृप्त होते हैं। उनकी तृप्ति से यजमान सन्तान से, पशुओं से, अन्न से, तेज से और ब्रह्मतेज से तृप्त हो जाता है।।

तीसरी आहुति ''अपानाय स्वाहा'' कह कर दी जाती है। इस से ''अपान–वाक् शक्ति तृप्त होती है।'' उसकी तृप्ति पर ''वाणी'' तृप्त होती है। परिणामतः ''अग्नि'' तृप्ति प्राप्त करता है। अग्नि की तृप्ति से ''पृथिवी'' तृप्त होती है। उसकी तृप्ति से पृथिवी एवं अग्नि पर आश्रित सभी तृप्त होते हैं।

चौथी आहुति ''समानाय स्वाहा'' उच्चारण कर दी जाती है। समानाय स्वाहा से ''समान–मन की शक्ति तृप्त एवं शुद्ध होती है।'' उससे ''मन शुद्ध'' होता है। फिर अभ्र एवं आकाशीय विद्युत् तृप्त होता है। इससे अभ्र –मेघ एवं

विद्युत् पर आश्रित सभी तृप्त होते हैं। "वैश्वानरोपाषक इस रीति से, व्यष्टि–समृष्टि दोनों प्राणों में होम करता है।"

पाँचवीं आहुति "उदानाय स्वाहा" मन्त्रोच्चारण से दी जाती है। इससे "उदान–शरीर की शक्ति पुष्ट होती है।" इस प्रकार मनुष्य देह का उदान तृप्त होता है। "उदान के तृप्त होने पर वायु तृप्त होता है।" पिंड में वायु से ब्रह्माण्ड में वायु, आकाश तृप्ति प्राप्त करते हैं। परिणामतः वायु एवं आकाश पर आश्रित सभी तृप्त होते हैं।

उदानाय स्वाहा से त्वचा पुष्ट होती है। मूलतः परमेष्ठी के विराट् स्वरूप को लक्ष्य करके यज्ञ करें और ब्रह्मवर्चस से तृप्त हों।

इस रहस्य को जानकर "अग्निहोत्र" करना चाहिये। इस वैश्वानर उपासना में ज्ञानी का सर्वत्र यज्ञ है।।छान्दोग्योपनिषद।।

तद्यद्भक्त प्रथमभागच्छेत्तद्धोमीयं ;
स यों प्रथमामाहुति जहुयात्ता "जहुयात्प्राणाय स्वाहेति"
प्राणस्तृप्यति।।1।। प्राणे तृप्यति चक्षुस्तृप्यति, चक्षुपि
तृप्तत्यादित्यस्तृप्यत्यादित्य तृप्यति द्यौस्तृप्यति, दिवि
तृप्यन्त्यां यत्किंच द्यौश्चादित्यश्चाधितिष्ठतस्तत्तृप्यति,
तस्यानु तृप्तिं तृप्यति प्रजया पशुभिरन्नाद्येन, तेजसा,
ब्रह्मवर्चसनेति।।2।।छान्दोग्योपनिषद् 5.19.1,2।।
अथ यां द्वितीयां जुहुयात्तां जहुयाद् "व्यानाय स्वाहेति"
व्यानस्तृप्यति।।1।। व्याने तृप्यति श्रोत्रं तृप्यति, श्रोत्रं
तृप्यति चन्द्रमास्तृप्यति, चन्द्रमसि तृप्यति दिशस्तृप्यन्ति,
दिक्षु तृप्यन्तीषु यत्किंच दिशश्च चन्द्रमाश्चाधितिष्ठन्ति
तत्तृप्यति, तस्यानु तृप्तिं तृप्यति प्रजया, पशुभिरन्नाद्येन,
तेजसा, ब्रह्मवर्चसेनेति।।2।।छान्दोग्योपनिषद् 5..20.1,2।।
अथ यां तृतीयां जुहुयात्तां "जहुयादपानाय स्वाहेत्यपान–
तृप्स्यति"।।1।। अपाने तृप्यति, वाक् तप्यति, वाचि
तृप्यन्त्यामग्निस्तृप्यत्यग्नौ तृप्यति पृथिवी तृप्यति,
पृथिव्यां तृप्यन्त्सां यत्किंच पृथिवी चाग्निश्चाधितिष्ठतस्तत्तृप्यति,
तस्यानु तृप्तिं तृप्यति प्रजया, पशुभिरन्नाद्येन,
तेजसा, ब्रह्मवर्चसेनेति।।2।। छान्दोग्योपनिषद् 5.21.1,2।।
अथ यां चतुर्थी जहुयात्तां 'जहुत्समानायस्वाहेति," समानस्तृप्यति।।1।।
समाने तृप्यति मनस्तृप्यति, मनसि तृप्यति पर्जन्यस्तृप्यति, पर्जन्ये
तृप्यति विद्युतृप्यति, विद्युति तृप्यन्त्यां यत्किंच विद्युच्च

पर्जन्याश्चाधितिष्ठतस्तत् तृप्यति। तस्यानु तृप्तिं तृप्यति प्रजया,
पुशुभिरन्नाद्येन, तेजसा, ब्रह्मवर्चसेनेति।।छान्दोग्योपनिषद् 5.22.1,2।।
अथ यां पंचमी जुहुयात्तां "जुहुयादुदानाय स्वाहेत्युदानस्तृप्यति"।।1।।
उदाने तृप्यति त्वक् तृप्यति, त्वचि तृप्यन्त्यां "वायुस्तृप्ययति,"
वायौ तृप्यत्याकाशस्तृप्यति। आकाशे तृप्ति यत्किंच
वायुश्चाकाशश्चाधितिष्ठतस्तत्तृप्यति। तस्यानु तृप्तिं तृप्यति प्रजया,
पशुभिरन्नाद्येन, तेजसा, ब्रह्मवर्चसेनेति।।2।।छान्दोग्योपनिषद्5.23.1,2।।
स य इदमविद्वानग्निहोत्रं जुहोति, यथांगरानपोह्यं
भस्मनि जुहुयात्तादृक् तस्यात्।।1।। अथ य एतदेव
विद्वानग्निहोत्रं जुहोति, तस्य सर्वेषु लोकेषु,
सर्वेषु भूतेषु, सर्वेष्वात्मसु हुतं भवति।।2।।छान्दोग्योपनिषद् 5.24.1,2।।

यहाँ छान्दोग्योपनिषद् में वायु से यजुर्वेद की उत्पत्ति का उल्लेख आ चुका है। इसके पँचम प्रपाठक में प्राणवायु की पाँच आहुति (प्राण, व्यान, अपान, समान एवं उदान) के भौतिक, दैविक एवं अध्यात्मिक पक्ष की सविस्तार व्याख्या की गई है।

ब्रह्म का चौथा पाद–वायु, प्राण : छान्दोग्योपनिषद्

"प्राण ही ब्रह्म का चौथा पाद है। यह चौथा पाद वायुरूप ज्योति से चमकता है और तपता है।" इसका आशय है कि ब्रह्म की एक अखण्ड भावना भीतर–बाहर होनी चाहिए। ब्रह्मसत्ता ही समस्त नियमों एवं विकासों में समझनी चाहिए। अभयन्तर ही बाहर प्रकट होता है।। छान्दोग्योपनिषद् 4.18.1।।

प्राण से आयु बढ़ाओ : छान्दोग्योपनिषद्

उपासक को यदि इस आयु भय में सताये तो उसे कहना चाहिए : प्राण ही आदित्य देवता है, मेरी यह आयु का तीसरा सवन है। हे प्राण देवों! मेरी आयु बढ़ाओ। आदित्य देवों के होते हुए मैं यज्ञस्वरूप लोप नहीं हो जाऊँ, जब तक इन्द्रियाँ बनी रहें तब तक यज्ञकर्म ही (सत्कर्म) करता रहूँ। वह "रोगमुक्त" हो जाता है।

उपासना का रहस्य यह है कि "उपासक अपने जीवन को यज्ञस्वरूप जानता है और आत्मविश्वासी है। उसके रोग उसकी इच्छा, आत्मशक्ति, संकल्प, शुभ विचार–भावना से नष्ट हो जाते हैं। उसके प्राण ही उसकी पालना करते हैं। यह अटूट विश्वास होना चाहिए कि अपने प्राण ही जीवन हैं। मैं जीवन एवं निरामय हूँ।। छान्दोग्योपनिषद् 3.16.6।।

तं चेदेतस्मिन्वयसि किंचिदुपतपेत्स ब्रूयात्प्राणा आदित्यः।
इदं मे तृतीयसवनम्। आयुरनुसन्तनुतेति माहं

प्राणानामादित्यानां मध्ये यज्ञो विलोप्सीयेत्युद्धैव
तत एत्यगदो ह भवति।।6।।छान्दोग्योपनिषद् 3.16.6।।

ब्रह्मज्योति मनोमय प्राण शरीर : छान्दोग्योपनिषद्

वह ब्रह्मज्योति मनोमय, विज्ञानमय (चैतन्यस्वरूप) है। प्राण उसका शरीर है। उसका रूप प्रकाश है। वह हृदयाकाश में व्याप्त है। आकाश की व्यापकता उसका आत्मा है। वह सर्व–कर्म–समर्थ है। वह पूर्ण काम है। उसमें समस्त गन्ध, रस है। यहाँ जो कुछ है, उस सबमें वह ज्योति पहुँच गई है। वह वाणी रहित है, मान–अपमान भावना से रहित है।। छान्दोग्योपनिषद् 3.14. 2।।शाण्डिल्य शिक्षा।।

मनोमयः प्राणशरीरो भारूपः, सत्यसंकल्प आकाशात्मा
सर्वकर्मा सर्वकामः सर्वरसः सर्वमिदंमभ्यात्तोऽवाक्यनादरः।।
।।छान्दोग्योपनिषद् 3.14.2।।

शरीर पँच द्वार–प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान

शरीरस्थ ब्रह्मदेव के पाँच देवद्वार : छान्दोग्योपनिषद्

हृदयरूपी (शरीरस्थ) देवालय में ब्रह्मदेव विराजमान हैं। इस देवालय के पाँच देवद्वार हैं। शरीररूपी पिंड में ''पूर्व द्वार प्राण'' (मुख्य नासिका) है, चक्षु है।'' ब्रह्माण्ड में पूर्व का द्वार ''आदित्य'' का है। हृदयरूपी देवालय में चक्षु ब्रह्मशक्ति है। यह पूर्व दिशा में स्थित है। यह आत्मप्रकाश का स्थान है। ''यह देवद्वार तेज एवं भोक्ता है।'' इसमें उपासक तेज एवं भोक्ता रूप की उपासना करे। इस प्रकार उपासना से उपासक तेजस्वी एवं भोक्ता हो जाता है।।छा.उ. 3.13.1।।

इस हृदय (अध्यात्मिक अर्थ लें) का ''दक्षिण द्वार व्यान है।'' वह सुनने की सामर्थ्यवान–श्रोत्र है। बल है। ''ब्रह्माण्ड में दक्षिण द्वार चन्द्रमा का है।'' श्रोत्र हृदय देवालय में विराजमान ब्रह्मशक्ति है। यह दक्षिण के द्वार की ओर कान लगाये है। चन्द्रमा ''श्री, प्रसन्नता, यश, शोभा, सोम आदि का द्योतक है। यह व्यान का द्वार ब्रह्माण्ड में सोम एवं चांदनी बिखेर रहा है।'' अतः ''यह द्वार श्री, यश, शोभा, संजीवनी सोम, बल, यश आदि का है।'' इस भावना से उपासना से श्रीमान् यशस्वी आदि हो जाते हैं। यह आत्मा के स्थान हृदय (दक्षिण द्वार–व्यान) से प्रकट होनेवाली शक्तियों का वर्णन है।।छा.उ.3. 13.2।।

आत्मा का स्थान हृदय का ''पश्चिम द्वार–अपान है।'' यह मुख से निकलनेवाली शक्ति है। ''यह वाक् है।'' ''ब्रह्माण्ड में पश्चिम द्वार अग्नि का है।'' शरीर के हृदय देवालय में विद्यमान वाणी ब्रह्मशक्ति है। उधर ब्रह्माण्ड के

विराट् देवालय में बैठी अग्नि ब्रह्मशक्ति है। यह पश्चिम द्वार से अपने तेज को प्रकट कर रही है। यह ही ब्रह्मतेज एवं भोक्तृत्व है। यह जानकर उपासक ब्रह्मतेजस्वी एवं अन्न का भोक्ता हो जाता है। हृदय में एकाग्रता करना हृदयोपासना है।।छा.उ. 3.13.3।।

इसका ''उत्तरस्थ द्वार समान है।'' यह ''मन'' है। ''ब्रह्माण्ड में उत्तर का द्वार पर्जन्य (मेघ) का है।'' मन हृदय देवालय में बैठी हुई ब्रह्मशक्ति है। यह उत्तर के द्वार से बाहर का चिन्तन कर रही है। उधर ब्रह्माण्ड देवालय में विद्यमान पर्जन्य ब्रह्मशक्ति है। यह उत्तर द्वार से जगत् में जल सेचन कर रही है। यह ''कीर्ति एवं विशेषकान्ति'' है। इस भावना की धारणा से उपासक कीर्ति एवं विशेषकान्तिवान, ब्रह्मवर्चस्वान हो जाता है।।छा.उ. 3.13.4।।

हृदय देवालय का ''पाँचवा द्वार उदान है। यह ऊपर का द्वार है।'' यह ऊँची (ऊर्ध्व) गति को ले जाने वाली आत्मशक्ति है। ''यह वायु है। ब्रह्माण्ड में ऊपर ऊर्ध्व का द्वार आकाश है।'' वायु हृदय मन्दिर में बैठी ब्रह्मशक्ति है। यह ऊपर के द्वार से बाह्य जगत् से प्राण खींचती है। उधर आकाश ब्रह्माण्ड के विशाल मन्दिर की ब्रह्मशक्ति है। यह ऊपर के द्वार से विश्व में जीवन संचार कर रही है। ''ब्रह्म का ओज एवं महः रूप में उपासना करे।'' यह बल एवं प्रकाश जानकर उपासे। इस ब्रह्मज्ञान को प्राप्त कर उपासक ओजस्वी एवं महस्वान् हो जाता है। यह हृदय में उपासना है।।छा.उ. 3.13.5।।

इस प्रकार प्राण–आदित्य (नेत्र) ; व्यान – चन्द्रमा (बल, श्रोत्र) ; अपान–अग्नि (वाक्) ; समान–पर्जन्य (मन) और उदान–आकाश, वायु की उपासना है। ब्रह्माण्ड के ब्रह्म की ये पाँच शक्तियाँ ही पिंड के हृदयरूपी देवालय के द्वारपाल हैं। आत्मा का स्थान हृदय (भौतिक नहीं) है, ये उसके दिव्य रक्षक हैं। इन पाँच ब्रह्मस्वरूपों और हृदयस्थ ब्रह्मदेव के पाँच लोकपालों का ज्ञान स्वर्ग की प्राप्ति है। उपनिषद्कार ने पाँच प्राणों के ब्रह्माण्ड के देवों से सम्बन्ध और भौतिक स्वरूप की व्याख्या बहुत ही सुन्दर की है। यह ही योगक्रिया की आधारशिला है।। छा.उ. 3.13.5।। यह स्वात्म–उपासना, नादोपासना का अंग है। ''इससे पूर्व प्राणाय स्वाहा से आदित्य ; व्यानाय स्वाहा से चन्द्रमा ; अपानाय स्वाहा से अग्नि ; समानाय स्वाहा से अंभ्र, विद्युत् एवं उदानाय स्वाहा से वायु, आकाश की तृप्ति और उनका दिव्य ब्रह्मवर्चस्व प्राप्ति का उल्लेख किया गया है।'' सनातन वैदिक यज्ञ प्रक्रिया में प्राणाय स्वाहा, व्यानाय स्वाहा, अपानाय स्वाहा, समानाय स्वाहा एवं उदानाय स्वाहा आहुति की पृष्ठभूमि में इन पँच देवों की उपासना है। अथवा पँच प्राणों की

साधना है। पाँच वायु की उपासना है (इन्हें पँचभूतों की आराधना कहना अवैदिक है।)।।छान्दोग्योपनिषद्।।

नमो वायु : छान्दोग्योपनिषद्

वेदवेत्ता ऋषि कहते हैं कि प्रातःकाल का अग्निहोत्र घरों का सुधारक है। मध्याह्न का यज्ञ घोर तप करने वालों का भाग है। दोपहर का अनन्तर यज्ञ सवन ज्ञानियों का एवं समस्त देवों का भाग है। इसी क्रम में लिखा है कि ''मन्त्रजाप के पश्चात यज्ञ करें।'' हवन में यह पाठ पढ़े–अन्तरिक्ष में रहनेवाली, लोक में रहनेवाली वेगवती शक्ति वायु को नमस्कार।।छा.उ. 2.24. 9।।

नमो वायवेऽन्तरिक्षक्षते लोकक्षिते.....।।छान्दोग्योपनिषद् 2.24.9।।

वायु का साम नाद रसीला : छान्दोग्योपनिषद्

वायु का साम नाद अत्यन्त रसीला है।।छा.उ.2.22.1।।

विनर्दि साम्नो वृणे, ... वायोः श्लक्ष्णं,.....।।

यह स्मरण रहे कि भिन्न–भिन्न ऋषियों ने भिन्न–भिन्न स्वरों में साम गान किया।

वायु प्रस्ताव : छान्दोग्योपनिषद्

''वायु'' प्रस्ताव है, ''आदित्य'' उद्गीथ है, ''अग्नि'' हिंकार है, ''नक्षत्र'' प्रतिहार है और ''चन्द्रमा'' निधन है। इस प्रकार राजन साम सभी देवों से ओतप्रोत है। देवताओं का पँचविध रूप ही पँचविध राजन साम है।।छा.उ. 2. 20.1।।

अग्निहिंकारो वायुः प्रस्ताव आदित्य उद्गीथो नक्षत्राणि प्रतिहारश्चन्द्रमा
निधनमेत द्राजनं देवतासु प्रोतम।।छान्दोग्योपनिषद् 2.20.1।।

प्राणों में पँचविध साम उपासना : छान्दोग्योपनिषद्

यह पुनः दोहराया गया है कि पाँचों इन्द्रियों में प्राणों का पाँच प्रकार का उत्तरोत्तर श्रेष्ठ साम विचारे। प्राण हिंकार है, वाक् प्रस्ताव है, चक्षु उद्गीथ है, श्रोत्र प्रतिहार है और मन निधन है। ये प्राण निश्चित रूप से एक दूसरे से श्रेष्ठ हैं।। छान्दोग्योपनिषद् 2.7.1।।

प्राणेषु पंचविधं परोवरीयः सामोपासीत।
प्राणो हिंकार, वाक् प्रस्तावश्चक्षुरुद्गीथः, श्रोत्रं प्रतिहारो,
मनो निधनं, परोवरीयांसि वा एतानि।।1।। छान्दोयोपनिषद् 2.7.1।।

वायु हाइकार : छान्दोग्योपनिषद्

सामगान में स्वरों को कोमल बनाने के लिए अक्षर स्तोभ–मन्त्र में मिलाकर गाये जाते हैं। उनकी सार्थकता का वर्णन किया जाता है। सामगान में ''हाउ'', ''हाइ'', ''औ होहाई'' आदि अक्षर मन्त्रपाठ के भीतर गाये जाते हैं। ''हाउ'' इस पृथिवी लोक की महिमा का गान है। वायु की महिमा का गान ''हाई'' है। ''अथ'' चन्द्रमा का, ''इह'' आत्मा का और ''ई'' अग्नि का स्मरण है।।छा.उ. 1.13.1।।

अयं वा व लोको हाउकारो, वायुर्हाइकारश्चन्द्रमा
अथकार आत्मेहकारोऽग्निरीकारः।।1।।छान्दोग्योपनिषद् 1.13.1।।

महाप्राण में सभी भूतों का लय, उत्पत्ति : छान्दोग्योपनिषद्

ऋषिश्रेष्ठ उषस्ति और प्रस्तोता ऋत्विक् के मध्य संवाद में महाप्राण का रहस्योद्घाटन हुआ। एक प्रश्न के उत्तर में उषस्ति ने उत्तर दिया कि ''प्राण'' ही वह देवता है। ये समस्त भूत, सभी प्राणी उस ''महाप्राण'' में ही अन्तकाल में लय करते हैं, और उत्पत्ति काल में उसी से उत्पन्न होते हैं। जब किसी शुभकर्म का प्रस्ताव हो, प्रारम्भ हो, तो इस प्राण देवता को प्रस्ताव में अनुगत समझो। यह स्तुति का देवता प्राण है। प्राण जगत् का जीवन है। यदि यह नहीं जानकर आप स्तुति करते हैं, तो आपका सिर गिर जाता।।1.11.5।।

प्राण इति होवाच। सर्वाणि ह वा इमानि भूतानि
प्राणमेवाभिसंविशन्ति, प्राणमभ्युज्जिहते।
सैषा देवता प्रस्तावमन्वायत्ता, तां चेदविद्वान्प्रास्तोष्ये मूर्धा ते
व्यपतिष्यत्तथोक्तस्य मयेति।।5।।छान्दोग्योपनिषद् 1.11.5।।

मुखस्थ प्राणशक्ति से स्वर : छान्दोग्योपनिषद्

साम का आश्रय कौन है? दाल्भ्य ने कहा – स्वर है ; स्वर में साम है। उसने फिर पूछा कि स्वर की कौनसी स्थिति है? दाल्भ्य ने कहा कि प्राण है ; मुखस्थ प्राणशक्ति से स्वर निकलता है। उसने पूछा–प्राण का कौन आश्रय है ? उसने उत्तर दिया कि अन्न है, अन्न के आश्रित प्राण है।। छा.उ. 1.8.4।।

का साम्नो गतिरिति ? स्वर इति होवाच।
स्वरस्य की गतिरिति ? प्राण इति होवाच।
प्राणस्य का गतिरिति ? अन्नमिति होवाच।।छान्दोग्योपनिषद् 1.8.4।।

अन्तरिक्ष ऋक् और वायु साम : छान्दोग्योपनिषद्

दूसरे प्रवाक में अन्तरिक्ष को एवं वायु को साम कहा गया है। इसका आशय है कि ऋक् आकाशवत् विशाल है, और साम वायुवत् वेग एवं उतराव, चढ़ाव, मध्यम से गाया जाता है। दूसरे शब्दों में अन्तरिक्ष–आकाश का सूचक है। ''वायु'' सामवेद का सूचक है। वायु का आधार अन्तरिक्ष है, वैसे ही साम का आधार ऋक् है। साम ऋचा के माध्यम से गाया जाता है। साम और ऋक् में अत्यन्त अभिन्नता है। इस तरह अन्तरिक्ष ''सा'' और वायु ''अम'' कहा जा सकता है। इन दोनों के मिलने से ''साम'' बन गया।। छा.उ. 1.6.2।।

अन्तरिक्षमेवर्ग् वायुः साम;
तदेतदेस्यामृच्यध्यूढं, तस्मादृच्यध्यूढं साम गायते।
अन्तरिक्षमेव सा, वायुरमस्तत्साम।।1।।छान्दोग्योपनिषद् 1.6.2।।

अध्यात्म : प्राण –उद्गीथ : छान्दोग्योपनिषद्

वर्तमान में अध्यात्म वर्णन होता है। यह पुनः दोहरा रहे है कि मुखस्थ प्राण है, उसको उद्गीथ जानकर उपासना कर। उसमें नाम की ध्वनि को गूंजाये। क्योंकि ''यह प्राण ओम् ही उच्चारण करता हुआ आता है। इसके आने से परमेश्वर की नियति काम करती है। यहाँ पिंड में–शरीर में ओंकारोपासना के स्वरूप का वर्णन किया गया है। यह प्राण ओंकार का उच्च स्वर में नाद करता हुआ चलता है।।छा.उ. 1.5.3।।

अथाध्यात्यम्। य एवायं मुख्य प्राणस्तमुद्गीथपासीतोमिति ह्येष
स्वरन्नेति।।3।।छान्दोग्योपनिषद् 1.5.3।।

प्राण सूर्य समान : छान्दोग्योपनिषद्

यह मुखस्थ प्राण और यह सूर्य समान ही है। यह प्राण उष्ण है, जीवन में उष्मा प्रदान करता है। सूर्य भी उष्ण है, विश्व में गर्मी रखता है। इस प्राण को स्वर कहते हैं। स्वर का अर्थ है – जानेवाला। प्राण मरने पर जाता है और उस शरीर में फिर लौटकर नहीं आता है। सूर्य को स्वर एवं प्रत्यास्वर दोनों कहते हैं। प्रत्यास्वर का अर्थ – लौटकर आनेवाला है। सूर्य अस्त होकर उदय भी होता है। अतः सूर्य एवं उद्गीथ दोनों को एक समझकर उपासना करे।। छा.उ. 1.3.2।।

समान उ एवायं चासौ चोष्णोऽयमुष्णोऽसौ,
स्वर इतीममाचक्षते स्वर इति प्रत्यास्वर इत्यमुम्।
तस्माद्वा एतमिमममुं चोद्गीथमुपासीत।।2।।छान्दोग्योपनिषद् 1.3.2।।

प्राण–अंगों का रस, बृहस्पति : छान्दोग्योपनिषद्

प्राण को ब्रह्मज्ञानी अंगिरा कहते हैं। क्योंकि यह अंगों का रस है, समस्त इन्द्रियों का सार, रस है। ब्रह्मविद प्राण को बृहस्पति मानते हैं। क्योंकि वाणी बृहती (बड़ी) है और मुखस्थ वाणी का यह प्राण, पति है। मुखस्थ प्राण द्वारा जप और उच्चारण किया जाता है। मुख द्वारा जप उत्तम उपासना है।।छा.उ.1.3.10,11।।

ते हांगिरा उद्गीथमुपासांचक्रे।
एतमु एवांगिरसं मन्यन्तेऽंगानां यद्रसः।।10।।
तेन तं ह बृहस्पतिरुद्गीथमुपासांचक्रे। एतमु एवं बृहस्पतिं मन्यते ;
वाग् ही बृहती, तस्या एष पतिः।।11।। छान्दोग्योपनिषद् 1.3.10,11।।

प्राण में उपासना से असुर भाव छूमंतर : छान्दोग्योपनिषद्

नाक, चक्षु आदि इन्द्रियों से यदि ब्रह्म उपासना के समय असुररूप अशुभ संस्कार उपासक का हनन कर देते हैं। तब इसका मूलभूत कारण इन्द्रियों में शुभ–अशुभ वासना का बना रहना है। मुख्य "प्राण शुभाशुभ से अछूता है। अतः मुख्य प्राण द्वारा आराधना से समस्त पाप संस्कार भस्म हो जाते हैं।" उद्गीथ नाम ही स्मरण का नाम है। इसलिए नामोपासना में जप, स्मरण, संकीर्तन आदि पापनाश का सर्वोत्तम साधन कहा गया है। इसी साधन से दैवी सम्पत्ती की विजय होती है। यह मुखगत प्राण से नामोपासना है।।छा. उ.1.2.7।।

अथ ह य एवायं मुख्यः
प्राणस्तमद्गीथमुपासांचक्रिरे।
तं हासुरा ऋत्वा विदध्वंसुः,
यथाश्मानमाखणमृत्वा विध्वंसेतु।।7।।छान्दोग्योपनिषद् 1.2.7।।

वायु का धारणकर्ता नारायण : नारायणाथर्वशिर उपनिषद्

विलुप्त उपनिषदों में से एक "नारायणोपनिषद्" है। श्रीवेंकटेश्वर प्रेस, बंबई ने सम्वत् 1968 (लगभग 121 वर्ष पूर्व) नारायणोपनिषद् एवं नारायणाथर्वशिर उपनिषद् का प्रकाशन किया है। यहाँ यह अहम् प्रश्न है कि वास्तव में नारायण कौन हैं ? वेद में देवों के सम्राट वरुण ब्रह्माण्डीय समुद्रों में वास करते हैं। अतः नारायण हैं। मूलतः नारायण शब्द का अर्थ–नारा अयनं यस्य है।

आपो नारा इति प्रोक्ता आपो वै नरसूनवः, ता

यदस्यायनं पूर्व लेन नारायणः स्मृतः (मनुस्मृति)।

वैदिक दृष्टि से देव सम्राट वरुण ही नारायण हैं। सम्राट वरुण सर्वशक्तिमान है। उनमें ही सूर्य देवता परिक्रमा लगाते हैं और शायंकाल सूर्य सम्राट वरुण को दिनभर की रपट सौंपते हैं। वैदिक वरुण, सूर्य एवं रुद्र की शक्तियों, विशेषताओं आदि में साम्यता है। अर्थात वैदिक देवों के सम्राट वरुण ही रुद्रस्वरुप, सूर्यस्वरूप हैं। दिव्य आपः सर्वशक्तिमान, सार्वभौमिक, सर्वकालिक, सर्वव्यापक, सर्वजनीन, सूक्ष्मतम, अव्यक्त, प्रकृति तत्त्व है। नारायणाथर्वशिर उपनिषद् में कहा है : ''नारायण प्राणों के प्राण हैं। प्राणों के प्रेरक हैं। नारायण की सत्ता करके प्राण भी सामर्थ्य रखता है। मन भी नारायण की सत्ता से गमनागमन करता है। नारायण सर्व इन्द्रियों को प्रेरणा देनेवाला है। आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथिवी, सर्वविश्वों (ब्रह्माण्ड) को धारण करनेवाला है। नारायण स्वरूप करके प्रजापति जगत् को उत्पन्न करते हैं और और रुद्र स्वरूप से जगत् में प्रलय करते हैं।।

।।नारायणाथर्वशिर उपनिषद्।।

ऊँ अथ पुरुषो ह वै नारायणोऽकामयत।।
प्रजाः सृजेयेति।।नारायणात्प्राणे जायते।।
मनः सर्वेन्द्रियाणि च।।खं वायुर्ज्योतिरापः
पृथिवी विश्वस्य धारिणी।। नारायणाब्द्रह्मा जायते।।
नारायणत्प्रजापति–र्जायते।। नारायणद्द्वादशादित्या
रुद्रा वसवः सर्वाणि च्छन्दांसि नारायणादेव
समुत्पद्यन्ते।।नारायणात्प्रवर्तन्ते।।नारायणे प्रलीयन्ते
एतदृग्वेदशिरोऽधीते।।1।।नारायणाथर्वशिर उपनिषद् : पृष्ठ 17।।ऊँ।।

योगवासिष्ठ

वायुविद्या दृष्टि रहस्यम्

ऋग्वेद का सप्तम मण्डल ''वसिष्ठ मण्डल'' के रूप में विख्यात है। ऋग्वेद में वसिष्ठ ऋषि को मित्र एवं वरुण से जन्मा और उर्वशी के मन से उत्पन्न किया कहा गया है। दिव्य ज्ञान से समस्त देवों ने आपको कमल में धारण किया।।ऋग्वेद 7.33.11।। तैत्तिरीय संहिता (3.5.2) में लिखा है : ''ऋषिवर इन्द्र अर्थात्–आत्मा का प्रत्यक्ष दर्शन नहीं कर सके। उसका दर्शन

वसिष्ठ ने किया।'' अर्थात् सर्वप्रथम वसिष्ठ ऋषि ने इन्द्र का साक्षात दर्शन किया, इसलिये वसिष्ठ सभी ऋषियों में श्रेष्ठ एवं माननीय बने। वसिष्ठ ने ''ऋतं नक्षन्'' (ऋग्वेद 7.23.4) (ऋत का विस्तार करो) का विचार दिया। ऋत का अर्थ ''सत्य, सरलता, सीधापन, कुटिलता रहित व्यवहार'' है। ऋत का भाव ''गति, प्रगति'' है। वसिष्ठ ने ''शोच–संतोष'' का नियम दिया (ऋग्वेद 7. 4.2)। उन्होंने कहा : ''अचेतनस्य पथः मा विदुक्षः'' अर्थात् हम मूढ़ों के मार्ग से नहीं जाये (ऋग्वेद 7.4.7)। इसमें उन्होंने अज्ञानी की निंदा की। उनके दर्शन में आन्तरिक शत्रुओं काम, क्रोध, मद, मोह, मत्सर, आदि के दमन पर विशेष बल दिया गया है (ऋग्वेद 7.104.22)।

वसिष्ठ ऋषि के दर्शन में ''देवत्व की प्राप्ति ; सन्मार्ग ; सुमति ; सुशिक्षा ; ज्ञान ; ज्ञानी का सम्मान ; ज्ञान के साथ अध्यात्म, भक्ति ; शरीर संवर्धन ; तेजस्विता ; गरिमामयता ; यशस्विता ; गोरक्षण ; दीर्घ आयु ; उत्तम दिन ; परमेष्ठी उपासना ; परमेष्ठी ; अग्रणी का अर्थ ; राष्ट्र परिकल्पना ; कृष्टीनां पतिः ; विद्या देव ; वेग एवं जीवन ; प्राण के आयाम ; वायु की गति आदि की सविस्तार व्याख्या है।''

वेदकाल के बाद त्रेतायुग में महामुनि वसिष्ठ ने महावायु–प्राणवायु के गूढ़तम विषय की बहुत सहज प्रस्तुति की। साथ ही प्राण के आयाम को भी उद्घाटित किया। महामुनि वसिष्ठ के अनुसार ''उच्चास (49) प्रकार की वायु है (यजुर्वेद में उच्चास मरुत हैं।)।'' विराट् पुरुष से ओनचास (49) पवन–प्राणवायु उत्पन्न हुई। इसके दूसरी ओर ''पँच पवन'' का उल्लेख किया है। वहीं यह भी स्पष्ट किया है : ''प्राणवायु महावायु में प्रवेश करती है। पँच तन्मात्र से पँचभूतों की उत्पत्ति हुई।'' निरन्तर प्रचण्ड वायु प्रवाह से ग्रह निर्जन हो जाते हैं। ''वायु ब्रह्माण्ड की भित्ति है।''

वसिष्ठ ऋषि ने प्राणवायु के महावायु में मिलन के सिद्धान्त का प्रतिपादन किया है। इसके अलावा परमव्योम में सैकड़ों ब्रह्माण्ड और उतने ही नारायण का उल्लेख करते हैं। उन्होंने अयोध्या के सम्राट दशरथ के युवराज, पुत्र श्री रामचन्द्र को दिये (बत्तीस हजार श्लोक वाले) उपदेश (योगवासिष्ठ) में यह रहस्य खोला कि ''अनेक बार सतयुग सहित अन्य युग आये और चले गये। अर्थात् सतयुग, त्रेता, द्वापर एवं कलिकाल बार–बार आते हैं। अनेक बार लंकेश्वर दशकन्धर दशानन रावण एवं श्रीराम के मध्य महायुद्ध हुआ। प्रत्येक काल में त्रिमूर्ति – ब्रह्मा, विष्णु, महेश आये और विलीन हुए। योगवासिष्ठ में प्राणवायु निरोध, ब्रह्मरन्ध्र में प्राण की वृत्ति मलिन से निरोध, प्राण संचालन, वायु रूप आत्मा, महावायु चेतनरूप, वायु प्राण रूप, अग्नि की वायु से उत्पत्ति

एवं लीन होना, वायु की परिभाषा, मेघ मार्ग के बाद वायुलोक, प्राणरूपी वायु का चंचल होना, वायुभाव, हिरण्यगर्भ में लीन वायु–आकाश आदि, वायु संचलन आदि विषयों के जटिलतम रहस्यों की परतों को सार्वजनिक किया है। महर्षि वसिष्ठ ''प्राण निरोध को योग'' कहते हैं।

''योग ब्रह्म साक्षात्कार अथवा ब्रह्म से एकाकार होने का महामार्ग है'' (योग मात्र शारीरिक व्यायाम नहीं है।)। प्राणवायु संचालन से शारीरिक रोग–वात (वायु),पित्त, कफ से उत्पन्न का निदान किया जाता है। यह उल्लेखनीय है कि वात, पित्त, कफ समरूप रहने से कोई भी रोग नहीं होता है।

योगवासिष्ठ में प्राणायाम, प्राणवायु नियंत्रण, एवं योग के साथ ब्रह्म उपासना को सम्बद्ध किया गया है। समूचा योग विज्ञान योगवासिष्ठ के कुछ सर्गों में वर्णित है। प्राणवायु साधना से अष्टसिद्धि–अणिमा, महिमा, लघिमा, प्रकाम्य, वशित्व, ईशत्व, कामवसायित, प्राप्ति (अतिमानव शक्ति) का सूत्र चमत्कृत करता है। योग से आत्मशुद्धि का लक्ष्य है। महामुनि वसिष्ठ ने मन एवं प्राण को (शरीररूपी) रथ एवं सारथी बताया है। उनकी मान्यता है कि ''पँचभूतों से पँचप्राण संयुक्त होते हैं।'' वायु महाचित्तरूप है।

महामुनि वसिष्ठ ने राजयोग एवं हठयोग की सूक्ष्मताओं का वर्णन किया है। उन्होंने ''रहस्यमय वायुभावना; प्राणभावना ; चिदात्मा–वायु, आकाश, तम ; महाकाश पँचक से सृष्टि ; प्रत्यात्मा अर्थात् ब्रह्म ; ब्रह्मज्ञान अज्ञान निवर्त्तक ; ब्रह्मा–वायुज ; आकाश अनाकाश भेद व्याख्या ; संसार इन्द्रजाल ; समता–इष्ट अनिष्ट दृष्टि त्याग आदि गम्भीर वैदिक विषयों'' पर प्रकाश डाला।

उच्चांश प्रकार की पवनः सर्गः 12, उत्पत्तिप्रकरण

चतुर्दशविधंभूतजालमावलितातरं।।
जगज्जठरगर्त्तौघंप्रसारिष्यतिवैततः।।17।।
असंप्राप्ताभिधाचारा चिज्जवात्प्रस्फुरद्वपु।।
साचैवस्पर्शतन्मात्रंभावनाद्भवतिक्षणात्।।18।।
पवनस्कंघविस्तारंबीजस्प शैर्धिशास्विनः।।
सर्वभूतक्रिया स्पंदस्तस्मात्संप्रसरिष्यति।।19।।
तत्रैवचिद्विलासेनप्रकाशोनुभवाद्भवेत्।।
तेजस्तन्मात्रकतत्तुभविष्यदभिधार्थकम्।।20।।

वायु व्यष्टि (प्रत्येक प्राणी) के प्राणभाव से सबके अध्यात्मिक क्रिया का हेतु है। इसके अनन्तर चौदह (14) प्रकार के भुवनों के भेद से चौदह प्रकार

के प्राणियों के समूह युक्त वायु से व्याप्त मध्यभाग ब्रह्माण्डों के उदररूपी गर्तों के समूह में वायु–प्राण विचरण करेगा।।17।। वायु के अभिमानरूप उपाधि का उपहित वही चित् पूर्वकाल में संचारण पानेवाली भी वायु के अभिमान वेग से अधिक चंचल, शरीरवान स्पर्श तन्मात्रा की भावना से स्पर्श तन्मात्रा क्षणभर में हो जाती है।।18।। ''उच्चांश–49 प्रकार के पवनों'' का शाखाओं में विस्तार होता है। यह अनेक प्रकार के स्पर्शों के समूहरूपी वृक्ष का बीजभूत सम्पूर्ण प्राणियों की क्रिया का स्पन्द–संचल उस स्पर्श तन्मात्रा से प्रचलित होगा।।19।। उसी चेतन में प्रकाश की भावना से प्रकाश होता है। भविष्यत् नाम एवं अर्थ को धारण करनेवाली तेज तन्मात्रा है।।20।।''

वायुभाव : सर्गः 61, उत्पत्तिप्रकरण

तदेवानिलतांवेत्तिनिजसत्तात्मिकांस्वयम्।।
अंतर्गतस्पर्शरसांपवनस्पंदतामिव।।13।।
तदेवाभास–तामेनिजसत्तात्मिकांस्वयम्।।
कोशस्यितालोकलवांतेजः प्रकटामिव।।14।।

वही ''आकाशभाव'' को प्राप्त ब्रह्म निज सत्तारूप स्पर्श तन्मात्रायुक्त ''वायुरूपता'' को अपने आत्मा में आप ही ऐसे अनुभव करता है, जैसे स्थिर पवन प्राप्त करके स्पन्द–गति को।।13।। वह वायुभाव को प्राप्त ब्रह्म अपनी सत्तारूप तेज तन्मात्रा युक्त ''तेजरूपता'' को अपनी आत्मा में तेज प्रकाशता की तरह अनुभव करता है।।61.14।।

वायुज ब्रह्मा : सर्गः 47, स्थितिप्रकरण

इहसृष्टिषुपुष्टासुनिकृष्टासुचराघव।।
परमान्नभसोजाता स्तन्मात्रमलमालिका।।31।।
कदाचित्प्रथमंव्योमप्रतिष्ठामधिगच्छति।।
ततः प्रजायते ब्रह्माव्योमजोसौप्रजापतिः।।32।।
कदाचित्प्रथमंवायुः–प्रतिष्ठामधिगच्छति।।
ततः प्रजायते – ब्रह्मावायुजोसौप्रजापतिः।।33।।

इस ब्रह्माण्ड में स्थूल भूतों से रचित देहादिकों में एवं सूक्ष्म भूतों से रचित इन्द्रिय आदि के विषय में सम्पूर्ण जगत् के पदार्थ अव्याकृत आकाश से उत्पन्न हुए हैं। ये सभी भूत सूक्ष्म सूत्र में ग्रथित माला के समान हैं।।31।। कदाचित् सर्वप्रथम आकाश स्थूल भाव से स्थिति को प्राप्त होता है। ''उससे उत्पन्न ब्रह्मा–प्रजापति आकाशज कहलाता है।।32।।'' प्रकारान्तर में वायु स्थूल भाव से स्थिति को प्राप्त होता है। उससे ब्रह्मा उत्पन्न होता है। ''इसलिये यह ब्रह्मा वायुज (वायु से उत्पन्न) प्रजापति कहलाता है।।47.33।।

प्राणवायु महावायु भेद : सर्गः 86, उत्पत्तिप्रकरण

प्राणानिलस्तथास्पंदंविशत्वद्यप्रभंजनम्।।57।।

प्राणवायु और चेष्टा महावायु में प्रवेश करे।।57।। योगवासिष्ठ में जीवनमुक्ति की स्थिति, राग आदि से तिलांजलि विषय वर्णन में प्राणवायु और महावायु को अलग–अलग कहा है। ब्रह्माण्डों के महासलिल में महावायु है और सृष्टि की व्यष्टि में प्राणवायु है। देह मुक्ति के बाद प्राणवायु महावायु में समा जाती है।

सृष्टि से पूर्व समष्टि व्यष्टि एक : सर्गः 51

शुद्धासंवित्संभवतीसवेदननिंदितम्।।2.51.5।।

सृष्टि के पूर्व व्यष्टि–समष्टि एक ही शुद्ध संवित संभव होती है।।2. 51.5।।

वायु : शुद्ध चेतन ब्रह्म : सर्ग 81, उत्पत्तिप्रकरण

वायु क्या

एषोणुर्वेद नाद्वायुः स्वभ्रांतिर्दृश्यत।।

अतोनकिंचिद्वाय्वादिकेवलंशुद्धचेतनम्।।6।।

श्रीराम ने पूछा कि कौन वायु और अवायुरूप है। वसिष्ठ महामुनि ने कहा : "यही चिदणु जब अपने आत्मा में वायु रूप का अनुभव करता है तब भ्रान्ति से वायुरूप दिखाई देता है। यथार्थ में वायु आदि इसमें कोई नहीं, किन्तु केवल शुद्ध चेतन ब्रह्म ही है।।81.6।।

आकाश अनाकाश व्याख्या : सर्ग 80, उत्पत्तिप्रकरण

आकाशंबाह्यशून्त्यत्वादनाकाशंतुचित्त्वतः।।

अतींद्रियत्वान्नोकिंचित्सएवायुरनंतक।।17।।

आकाश और अनाकाश क्या है? इसका उत्तर यह है कि वही चिदणु परमात्मा बाह्य वस्तुओं से रहित–शून्य होने से आकाश है। यह शुद्ध चेतन रूप होने से आकाश से भी भिन्न है। वही अनन्त चिदणु इन्द्रियों का विषय नहीं होने से किंचित् स्वरूप भी नहीं है।।80.7।।

सृष्टि परब्रह्म : सर्गः 58

सर्गाएवपरंब्रह्मपरंब्रह्मैवसर्गता।।19।।

नवायोरणुप्यस्तिसर्गैर्निर्विरोनयः।

नचकचनविद्यतेसर्गाब्रह्मखमेवत्तत्।।13।।

खंनाणुमात्रमप्यस्तिसर्गेर्निर्विवरंनयन्।

नचक्वचनसर्गास्तेसंतिब्रह्मखमेवतत्।।14।।

भूताकाशेमहत्यस्मिन्खशून्यत्वमनुज्झति।
संतिसर्गसहस्राणिकथयेतिप्रदृश्यते।।6।।

महामुनि वसिष्ठ ने कहा : सृष्टि ही परब्रह्म है और ब्रह्म ही सृष्टि है। दोनों में कोई भेद नहीं है।।19।। ऐसे ही 'वायु' जल भी अनेक ब्रह्माण्ड समूहों से पूर्ण है, और वास्तव में अणुमात्र भी नहीं है और कहीं वायुजल की सृष्टि नहीं है। यह सभी शुद्ध चिदाकाश ही है। अनेक ब्रह्माण्ड समूहों से पूर्ण यह भूताकाश एवं उसकी सृष्टि भी कुछ नहीं है, किन्तु ब्रह्ममात्र ही है।।13, 14।। समस्त पदार्थों के अभाव के अधिष्ठानभूत इस भूताकाश के भी अधिष्ठानरूप चिदाकाश में अनन्त सृष्टि हैं।।7।।

आकाश की नीलता भ्रम : सर्गः 114, उत्पत्तिप्रकरण

मेरुनीलमविच्छायानेयंतापितःप्रभा।।
तदेतत्किंकृतंब्रह्मन्नीलत्वंनभसोवद।।35।।
श्रीवसिष्ठउवाच।।
ननामनीलताप्योम्नःशून्यस्यगुणवत्स्थिता।।
अन्यरत्नप्रभाभावान्नवाप्येषाचमैरवी।।36।।
स्वदृष्टिक्षयसंपत्तावक्ष्णोरे वोदितंतमः।।
वस्तुस्वभात्तद्व्योम्नः कार्ष्ण्यमित्यवलोक्यते।।39।।

भौतिकविद दौ सौ वर्षों से इस प्रश्न में उलझे हैं कि आकाश नीला क्यों दिखाई देता है ? सूर्य की सप्त वर्ण की किरणों का रहस्य क्या है ? त्रेतायुग में श्रीराम ने महामुनि वसिष्ठ से पूछा कि आकाश की नीलता किसकी है ? भौतिकविदों की उलझी पहेली को वसिष्ठ ऋषि ने हल किया। "जहाँ पर नेत्रों की दर्शन शक्ति का कुण्ठीभाव होता है, वहाँ पर अंधकाररूप जो अदर्शन उत्पन्न होता है, वही वस्तु के स्वभाव से आकाश की नीलता के समान दृष्टिगत हो रहा है। आकाश का वर्ण भ्रम है।।114.35,36,39।।

प्राणवायु महावायु मिलन : सर्गः 55.3,4,5 उत्पत्तिकरण

तस्मिन्देहेशवीभूतेवातेचानिलतांगते।।5।।
शुद्धंहिचेतनंनित्यंनोदेतिनचशाम्यति।
स्थावरेजंगमेव्योम्निशैलेग्नौएवनेस्थितम्।।3।।
केवलं वातसंरोद्यदास्पंदःप्रशाम्यति।।4।।

इस सर्ग में आदिसृष्टि से जीव की संसारगति की विचित्रता और ईश्वर की भी उनके कर्मों के अनुसार गुण की स्थिति का वर्णन है। इसमें श्रीदेवी ने कहा : "हे लीले! नाड़ी का प्रवाह नष्ट होने से प्राणी के शरीर का

वायु शान्त हो जाता है, उस समय अन्तःकरण उपाधि के नष्ट होने से दूसरी चेतना शान्त के सदृश हो जाती है।

जब वह देह मृतक हो गया, और तब ''प्राणवायु जाकर महावायु में मिल जाता है।।''1.55.3,4,5।।

नव प्रारब्ध, पुरुषार्थ से : सर्गः 6 मुमुक्षव्यवहारकारण

श्रीवसिष्ठ उवाच।।

तस्मात्प्राक् पौरुषाद्दैवं नान्यत्तत्प्रोज्झ्य दूरतः।

साधुसंगम सच्छास्त्रैर्जीवमुत्तारयेद्बलात्।।1।।

यथा यथा प्रयत्नः स्याद्भवेदाशु फलं तथा।

इति पौरुषमेवास्ति दैवमस्तु तदेवच।।2।।

ह्यस्तनो दुष्ट अचार आचारेणाद्य चारुणा।

यथाशु शुभतामेति प्राक्तनं कर्म तत्तथा।।5।।

पौरुषेण कृतं कर्म दैवाद्यदभिनश्यति।

तत्र नाशयितुर्ज्ञेयं पौरुषं बलवन्त्तरम्।।7।।

ऋषिवर वसिष्ठ ने ''दैव–प्रारब्ध प्रबल को प्रधान पौरुष से विजित'' करने का महामन्त्र दिया। दूसरे शब्दों में ''दैव प्रारब्ध को आज के शुभ उत्तम आचार (पौरुष) से मनवांछित बदलने'' का मूलमन्त्र दिया। अर्थात् ''पौरुष से दैव–प्रारब्ध को नव रूपाकार दिया जा सकता है। हर व्यक्ति अपना नवभाग्य शुभ कर्मों से लिख सकता है।''

श्री वसिष्ठ ने कहाः ''शुभ पौरुष से शुभ फल शीघ्र नित्य ही प्राप्त होता है। अशुभ से अशुभ प्राप्त होता है। ''शुभेन पौरुषेणाशु शुभमासाद्यते फलम्।।1.5.18।।'' ''वह पौरुष यत्न भी सत्शास्त्र, सत्संग एवं सदाचार सहित होता है तो फल देता है : यह उसका स्वभाव है, अन्यथा अर्थ की सिद्धि नहीं होती है। यह सदाचार सहित पौरुष का स्वरूप है। इस प्रकार पौरुष व्यवहार से कोई भी मनुष्य कभी भी निष्फल नहीं होगा।।5.25,26।।'' ''स च सच्छास्त्रसत्संगसदाचारैर्निजं फलम्।। ददातीति स्वभावोऽयमन्यथा नार्थसिद्धये।। ।।25।। स्वरूपं पौरुषस्यैतदेवं व्यवहरन्नरः। याति निष्फलयत्नत्वं न कदाचन कश्वन।।5.25,26।।''

''इस कारण से पूर्व जन्म के पौरुष से पृथक दैव (प्रारब्ध) कोई पदार्थ नहीं है। इसलिये दैव (प्रारब्ध) को दूर से त्यागकर संसार से जीव को अपना उद्धार बल (पौरुष) से करना चाहिए।।1।। जैसा अधिक प्रयत्न होगा वैसा ही शीघ्र फल होगा। इसी का नाम ''पौरुष'' है। इसको दैव भी कहते हैं।।2।। जिस प्रकार गत दिन का दुष्ट आचार वर्तमान उत्तम आचार से शुभदशा को

प्राप्त होता है, उसी प्रकार पूर्व कर्म भी इस जन्म के शुभ कर्म से उत्तम दशा को प्राप्त होता है।।5।।1.6.1,25।।

मेघमार्ग के बाद वायुलोक : 29.41 उत्पत्तिप्रकरणम्

मेघमार्गमतिक्रम्यवातस्कन्धावनिंतथा।।41।।

वायुलोक के बारे में आकाशमण्डल में गमन के वर्णन में उल्लेख आता है। ''मेघमार्ग को अतिक्रमण करके वायुलोक में प्राप्त हुई।।''29.41।।

पवन स्कन्ध : सर्गः 9.17 उत्पत्तिप्रकरणम्

खंभूत्वापवनस्कंधंधत्तेसर्षिसुरासुरम्।।

कुलाचलगतोभूत्वालोकपालसुरास्पदः।।17।।

यहाँ पवन का विशेषण स्कन्धः है। स्कन्धः का आशय ''स्कन्ध्यते आरुह्यतेऽसौ सुखेन शाखया वा कर्मणि धञ'' है। स्कन्ध का आशय कंधा, शरीर, वृक्ष का तना, आदि है। ''पवन स्कन्धसा आकाश होकर ऋषि सहित देवता एवं दैत्यों को धारण करता है। सुमेरु होकर लोकपालों के पुर का स्थान होता है।।9.17।।

एक–एक अणु में करोड़ों ब्रह्माण्ड : 4.17 उत्पत्तिप्रकरणम्

यथेदंभासुरंभातिजगदंडकर्जृंभितम्।।

यथाकोटिसहस्राणि भांत्यन्यान्यप्यणावणौ।।17।।

वैदिक सनातन परम्परा में परम ऋषि वसिष्ठ अणु, परमाणु आदि का उल्लेख करते हैं (भौतिक विज्ञान ने मात्र 200–300 वर्षों में अणु, परमाणु शब्दों का उल्लेख किया है। यह स्वतः प्रमाणित है कि वेदयुग अर्थात् 39 लाख वर्ष पूर्व क्रान्तदर्शी, मन्त्रद्रष्टा ऋषियों को अणु परमाणु के बारे के बारे में सूक्ष्मतम जानकारी रही।)। ''जैसे वृद्धि को प्राप्त यह ब्रह्माण्ड भान होता है, ऐसे ही अन्य सहस्रों कोटि (करोड़ों) ब्रह्माण्ड एक–एक अणु में भान होते हैं।।4.17।।''

ब्रह्माण्ड में वायु स्फुरता : 14.64 उत्पत्तिप्रकरणम्

स्वयंविचित्रंस्फुरतिचिदंड कमनाहतम्।।

स्वयं विलक्षण स्पंदंचिद्वायुरंडजात्मकः।।64।।

यह चेतन छिद्ररहित होकर भी आप ही सर्वप्रथम आकाश की कल्पना से छिद्ररहित होने से ब्रह्माण्डरूप से स्फुरता है। उसके अनन्तर आपही यह चित् अण्डजात्मकरूप से सूत्रात्मक वायुरूप से स्फुरता है।।14.64।।

वायु से अतिरिक्त वायु की गति कहीं नहीं : सर्गः 9.33, उत्पत्तिप्रकरणम्

स्पंदत्वपवनादन्यन्नकदाचनकुत्रचित्।।

स्पंदएवस्रदावायुर्जगत्तस्मान्न भिद्यते।।33।।

परम ऋषि वसिष्ठ ने जीवनमुक्ति के लक्षण, जीवनमुक्त की सर्वात्मा एवं जगत् के प्रलय में शेष आत्मा का स्वरूप विषय का वर्णन किया है। उनके अनुसार ब्रह्म में रमण करनेवाले का चित्त एवं प्राण में लगा रहता है। (वे) ब्रह्म के ही कथन में सन्तुष्ट होते हैं। उन्होंने कहा : ''वायु से अतिरिक्त (अलग) वायु की गति कहीं कुछ नहीं है। वायु की गति–स्पन्द सदैव वायुरूप ही है।'' इसका अध्यात्मिक अर्थ है कि जगत् ब्रह्मरूप ही है।।9.33।।

चिदात्मा सत्ता में आकाश, वायु आदि : 1.13.1 उत्पत्तिप्रकरणम्

परमेब्रह्मणिस्फारेसमेरामसमस्थिते।

अनुत्पन्ननभतेजस्तमःसदाचिदात्मनि।।1।।

हे राम! सर्वत्र एकरस व्यापक परब्रह्मरूप सम अधिष्ठान रूप से स्थित होने की दशा में अनुत्पन्न आकाश, वायु, तेज, तम आदि के कारण रूप से सत्ता उसी चिदात्मा में रहती है।।13.1।।

परब्रह्म पन्द्रह भ्रम : 96.14 उत्पत्तिप्रकरणम्

योगवासिष्ठ में महामुनि वसिष्ठ कर्मों की विचित्रता से अनेक प्रकार की आकृति कहते हैं। इनकी शुद्धि के लिये तत्त्वों का वर्णन किया।

मनोबुद्धिरहंकारश्चित्तंकर्माथकल्पना।।

संसृतिर्वासनाविद्याप्रयत्नः स्मृतिरेवच।।13।।

इंद्रियंप्रकृति र्भायाक्रियाचेतीतराअपि।।

चित्राःशब्दोक्तयोब्रह्मन्संसारभ्रमहेतवः।।14।।

ये पन्द्रह – 1. मन, 2. बुद्धि, 3. अहंकार, 4. चित्त, 5. कर्म, 6.कल्पना, 7. संसृति, 8. वासना, 9. विद्या, 10. प्रयत्न, 11. स्मृति, 12. इन्द्रिय, 13. प्रकृति, 14. माया, 15. क्रिया और अन्य संसार के भ्रम के कारण विचित्र शब्दों की उक्ति परब्रह्म है।।1.96.13, 14।।उत्पत्तिप्रकारण।।

महाकाश में पंचक सृष्टि : सर्गः 13, उत्पत्तिप्रकरणम्

जगतः पंचकंबीजंपंचकस्यचिदव्यया।।9।।

यद्बीजंतत्फलंविद्धि–तस्माद्ब्रह्ममयंजगत्।

एवमैषमहाकाशेसर्गादौपंचकोगणः।।10।।

चिच्छत्तयास्वांगभूतात्माकल्पितोस्तिनवास्तवः।।

चिदात्मा–चेतनरूप चाहे जिस दशा में हो परन्तु जगत् आदि के अंकुर को त्याग ही देता है। ''जगत् के अंकुर के बीज पँचतन्मात्रा है।'' पँचतन्मात्रा का बीज अविनाशी चेतन है। जैसा बीज होता है, वैसा ही फल होता है। इस कारण सम्पूर्ण जगत् ब्रह्ममय है। इस प्रकार ''महाकाश'' में यह

पँचक (पँचतन्मात्र) सृष्टि के आदि में चेतन शक्ति में अपने अंक के समान कल्पित किया गया है। यद्यपि यह वृद्धि को प्राप्त करके इस स्थूल जगत् का विस्तार करता है। यह आशय सत्य नहीं है। मुनिवर वसिष्ठ यहाँ ऋग्वेद की परम्परा में महाकाश–परमव्योम का उल्लेख कर रहे हैं। परमव्योम महाशून्य सत्यलोक, ब्रह्मलोक, रुद्रलोक हैं। ऋग्वेद में–अन्तरिक्ष, आकाश एवं परम आकाश (महाकाश, परमव्योम) का वर्णन है।।13.9,10,11।।

ब्रह्माण्ड ब्रह्म में लीन : सर्गः 84, उत्पत्तिप्रकरणम्

ब्रह्मणः सर्वमुत्पन्नंसर्वसंर्वब्रह्मैवमेतिच।।
मद्गीर्भिःसंप्रबुद्धःसन्ज्ञास्यस्यलमनिंदितम्।।17।।

ब्रह्म से यह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड उत्पन्न हुआ है। ब्रह्म में आकर ही लीन हो जाता है। अर्थात् जगत् की उत्पत्ति कहने से भी उसका विलय करके ब्रह्मज्ञान ही प्रयोजन है।।84.17।।

इष्ट–अनिष्ट समता मोक्षदायक : सर्गः 29, उपशमप्रकरणम्

इष्टानिष्टदृशोस्त्यागे समतोदेतिशाश्वती।।
तयाहृदयवर्तिन्यापुनर्जंतुर्नजायते।।53।।

सूर्य विज्ञान के महाजनक, महारुद्र के परम भक्त लंकेश्वर दशकन्धर रावण ने ''रुद्रताण्डव स्तोत्र'' में ''समता'' प्रदान करने की प्रार्थना की। लंकेश्वर ने महारुद्र से राजा–प्रजा, महल–कुटिया, सोने के आभूषण–सर्प, बहुमूल्य मणियों की माला–सर्प की चमकती आँख, पक्ष–विपक्ष एवं शत्रु–मित्र में समभाव चाहा। योगवासिष्ठ महारामायण में उपशमप्रकरणम् में ''समता'' को मोक्षदायक कहा है। वसिष्ठ ऋषि के अनुसार ''इष्ट और अनिष्ट दृष्टि के त्याग से निरन्तर समता उदित होती है। इस समता के हृदय में स्थिर होने से जीव पुनः संसार में नहीं जन्मता''।।29.53।। अर्थात् दशानन ने मोक्ष अथवा सत्यलोक चाहा। रावणकृत रुद्रताण्डव स्तोत्र की फलश्रुति प्रकारान्तर में जोड़ी गई। इस फलश्रुति पाठ का आशय समभाव के विपरीत है। इसका पाठ अनिष्टकारी है।

वायु स्पन्दशक्ति चित् से बोधित : सर्ग : 13, उपशमप्रकरणम्

वायुतः स्पंदशक्तिर्या साचिताचेत्यतेयदा।।
सचेत्याचित्तदैवांतःसंकल्पाद्यातिचित्तताम्।।91।।

वायु की स्पन्दशक्ति जब चित् से बोधित की जाती है, तब विषय सहित वही चित् चित्त को देनेहारी अन्तःकरण के संकल्प से चित्तता को प्राप्त होती है।।91।।

ब्रह्मज्ञान से प्राणवायु निरोध : सर्गः 13, उपशमप्रकरणम्

वैराग्यात्कारणाभ्यासाद्युक्तिव्यसनक्षयात्।।

परमार्थावबोधच्चरोध्यंतेप्राणवायवः।।85।।

हे राम! वैराग्य से, प्राणायाम के अभ्यास से, समाधि से एवं व्यसनों के क्षय से और परमार्थ ब्रह्म ज्ञान से ''प्राणवायु'' निरोध होता है।।13.85।। इसलिये कहा है : ''नान्योऽस्ति विज्ञाता।'' ''तो नान्योऽस्ति द्रष्टा।''

आत्मा से प्राणादि संचालन शक्ति उल्लास : सर्गः 36, उपशमप्रकरण

मनःप्रक्षोभमायातिस्फुरंतींद्रियवृत्तयः।।

शक्तिरुल्लसतिस्फाराप्राणापानप्रवाहिनी।।28।।

आत्मा के प्रताप से अथवा प्रेरणा से मन क्षोभ को प्राप्त होता है। इन्द्रियों की वृत्तियाँ स्फुरित होती हैं। प्राण एवं अपान वायु को चलानेवाली शक्ति उल्लास को प्राप्त होती है।।36.28।।

प्राण शरीर संचलन शक्ति : सर्गः 52, उपशमप्रकरणम्

स्पंदोहिवातशक्तीनामवबोधोमहाचितः।।41।।

इस देह में ''संचलन शक्ति प्राणों'' की है। ज्ञान महाचित् का है।।52.41।।

प्राण प्रवाह संयम से मन चंचलता शून्य : सर्गः 55, उपशमप्रकरणम्

मुनिवर वसिष्ठ ने उपशमप्रकरण के सर्गः 55 में प्राणरूप पवन को रोकने, नौ इन्द्रिय द्वारा संयम, शून्य में मन एवं दृष्टि को लगाने आदि की क्रिया का वर्णन किया है। उनके अनुसार इस दृष्टि में स्थित जीवनमुक्त महात्मा भूमि में पारद–पारे के समान और आकाश में वायु के समान रहते हैं।

प्राणप्रवाहसंरोधसमःस्वच्छाननच्छविः।।

अंगचित्संविदुत्तानरोमकंटकितांगभूः।।17।।

प्राणों के प्रवाह के निरोध से समूची देह और मन आदि चंचलता से शून्य हो जाते हैं। परिणामतः समरूप, प्रसन्नमुख, चिद्रूप, ब्रह्मानन्द के अनुभव से रोम सीधे खड़े हो जाते हैं।।55.17।।

प्रत्यगात्मा–ब्रह्म : सर्गः 40, स्थितिप्रकरणम्

ब्रह्मचिद्ब्रह्मचमनोब्रह्मविज्ञानवस्तुच।।

ब्रह्मार्थोब्रह्मशब्दश्वब्रह्मचिद्ब्रह्मधातवः।।29।।

श्री वसिष्ठ ने स्थितिप्रकरणम् के इस सर्ग में उपाधियों के कारण जीव के भेदों की उत्पत्ति और जीवों का एवं उपाधियों के ब्रह्मभाव का सविस्तार वर्णन किया है।

''प्रत्यगात्मा ब्रह्म'' ही है, मन एवं बुद्धि के भेद ब्रह्म ही है। शब्द एवं अर्थ ब्रह्म ही है। परमेश्वर एवं साक्षी चेतन ब्रह्म है। वास्तव में सभी में तत्त्ववस्तु ब्रह्म ही है।।40.29।।

प्राणवायु अमृत किरण : सर्गः 54, उपशमप्रकरणम्

उपशमप्रकरण के इस सर्ग में उद्दालक मुनि द्वारा पद्मासन में ओंकार उच्चारण से मूलाधार से लेकर ब्रह्मरन्ध्र (सुषुम्ना नाड़ी सहित) गूंजायमान करने का आख्यान है। प्रणव के आकार, उकार एवं मकार (साढ़े तीन मात्रा) को उच्च स्वर में उच्चारित किया। इस क्रिया में ''रेचक'' (प्राणों का निष्क्रमण), ''कुंभक'', ''पूरक'', ''अन्तःकरण कुण्डलिनी जागरण'', ''पाँचों इन्द्रियों को बांधने'', ''प्राण एवं अपान के वेग'', ''बाह्याकार वृत्तियों से विच्छेद'', ''विषय सुख निषेध'' आदि का सविस्तार वर्णन है।

रसायनमयधाराः संपन्नाःप्राणवायवः।।

इस समूची प्रक्रिया में नव रूपान्तरण होता है। ''प्राणवायु अमृतमय किरण'' जैसे हो गया।।54.21।।

सत्संग की महिमा : सर्गः 16, मुमुक्षुव्यवहारप्रकरण

महामुनि वसिष्ठ ने अन्तःकरण की शुद्धि के लिये सत्संग, शम, संतोष, कर्म (सद्), सद्ज्ञान आदि को धारण करने पर बल दिया। साथ ही उनकी महिमा का वर्णन किया। ईसा पूर्व श्रीमद्आदिशंकराचार्य ने चर्पटमंजरी में ''सत्संग से जीवनमुक्ति'' का महामन्त्र दिया।

साधुसंगतयो लोके सन्मार्गस्य च दीपिकाः।

हार्दांधकारहारिण्यो भासो ज्ञानविवस्वतः।।9।।

साधु महात्माओं की संगति अज्ञान रूपी महारात्री को नष्ट करनेवाली सन्मार्ग की दीपिका है। यह हृदय के अन्धकार को हरनेवाली ज्ञानरूपी सूर्य की दीप्ति है।।16.9।।

प्राणवायु मन : सर्गः 32, निवार्णप्रकरणम्

यत्रप्राणोमरु–द्यातियत्रेंदुस्तत्रतच्छविः।।

संवित्तिः पवनस्पंदान्नाडीसंस्पर्शनश्वस।।50।।

महर्षि वसिष्ठ ने निर्वाणप्रकरणम् में मन और प्राण में ऐक्य का मनोहारी वर्णन किया है। ''जहाँ प्राणवायु जाता है, वहाँ ही मन''। जैसे जहाँ प्राण वहाँ मन का व्यापार है। इसी प्राण के द्वारा समस्त नाड़ियों में अन्न रस

आदि का प्रवेश (संचार) होता है। अतः यह प्राणवायु सभी नाड़ियों का स्पर्श करता है।।50।। अर्थात् प्राणवायु से अनुभव स्मरण होता है।

प्राणरूप भ्रमर अविद्या का विलास : सर्गः 7, निवार्णप्रकरणम्

संसारसरस्फारेचरंतिप्राणषट्पदाः।।

शरीर पुष्करेष्वंतश्विद्रूपरसपायिनः।।25।।

इस संसार रूप विशाल तडाग में, शरीर रूप कमल पुष्पों में चिद्रूप रस को पान करनेवाले प्राणरूप भ्रमर चल रहे हैं। वह भी अविद्या का विलास है।।7.25।।

प्राण रजोगुण प्रधान, पुर्य्यष्टक : सर्गः 32, निवार्णप्रकरणम्

चित् सूक्ष्म शरीर में प्राप्त होकर देह आदि को चेष्टित करता है। श्री ईश्वर ने स्पष्ट किया कि यह चित् जड़ जीवन रूप को स्वीकार करता है। उसको ''प्राणरूप घोड़े'' खींचते हैं। वह मन रूपी रथ पर सवार होता है।

''चिज्जडंतूररीकृत्यरूपपंजीवत्वमेत्यच।।

मनोरथमुपारुह्यवहत्प्राणतुरंगमम्।।32.13।।

विरजंविगताधारंमनोहिशिष्यतेमुने।।

तिष्ठत्यात्मपदंलब्ध्वाजलादितरुबीजवत्।।27।।

हे मुने! ''रजोगुणा प्रधान प्राण'' के शान्त होने पर रजोगुण शून्य हो जाते हैं। प्राणरूप आधार शून्य मन केवल कारण रूप में शेष रहता है। आत्मपद को प्राप्त करके उसकी स्थिति जल आदि को प्राप्त कर वृक्ष बीज सरीखी होती है।।32.27।। प्रकारान्तर में ह्रदय कमल के स्फुरण से पुर्य्यष्टक (पँचभूत, अन्तःकरण, पँचप्राण, ज्ञानेन्द्रिय, कर्मेन्द्रिय, अविद्या, काम एवं कर्मरूप लिंग देह; कुल आठ) स्पष्ट रूप से प्रकाशित होता है। जब तक पुर्य्यष्टक है तभी तक स्थूल देह है।।32.30,31।।

प्राणवायु में लिंगशरीर लय : सर्गः 32, निवार्णप्रकरणम्

यथैवव्योममरुतिलीनंपुर्यष्टकंभवेत्।।

तथैवतत्रैवतदालयमेतिमनोमुने।।37।।

जैसे प्राणवायु में लिंगशरीर लीन होता है, वैसे ही उसी स्थान में (ह्रदय स्थित प्राण में) उसी समय मन भी लीन होता है।।32.37।। यहाँ प्राणवायु से वर्जित मृतकता है।

पँचतन्मात्र से बाह्य पँचभूत : सर्गः 51, निवार्णप्रकरणम्

एभ्यएवसमुत्पन्नंबहिः स्थंभूतपंचकम्।।21।।

पँचतन्मात्र से बाह्य पँचभूत (आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथिवी) उत्पन्न हुए हैं।।51.21।।

आत्माब्रह्म—वायु में वायुरूप : सर्गः 60, निवार्णप्रकरणम्

पयस्तयाचपयसिवायौतया स्थितम्।।12।।

शुद्ध परमात्मा की निजमाया से विभूतियों के द्वारा सर्वाकार से स्थिति का वर्णन चकित करता है। मुनिश्रेष्ठ वसिष्ठ ने कहा : ''आत्मा ब्रह्म आकाश में वायु में वायुरूप से स्थित है।।''60.12।।

पँचभूतों से प्राण संयुक्त : सर्गः 69, निवार्णप्रकरणम्

वासनासात्मकान्येवविद्धितन्मात्रकाणिवै।।

तदात्मकैर्मनोवद्‌भिःप्राणैःश्लिष्यंतिनेतरैः।।31।।

जिन पँचभूतों की तन्मात्राओं से प्राण संयुक्त होते हैं, वे भी वासना सहित होती हैं। इसलिये उन्हीं—उन्हीं वासना एवं मन सहित प्राणों से मिलती हैं न कि अन्य से।।69.31।।

ज्ञानी के प्राण—पूरक, कुंभक, रेचक आज्ञाकारी : सर्गः 80, निवार्णप्रकरणम्

ज्ञानीजन द्वारा कुछ काल तक प्राणायाम के दृढ़ अभ्यास से कोप, लोभ आदि का त्याग होता है और समस्त प्राण—पूरक, कुंभक एवं रेचक भृत्य की तरह आज्ञाकारी हो जाते हैं।।80.33,34।।

प्राणायामघनाभ्यासाद्रामकालेनकेनचित्।।

कोपलोभादिसंत्यागाद्भोगत्यागाच्चसुव्रत।।33।।

त्यागादाननिरोधेषुभृशंयांतिविधेयताम्।।

प्राणाःप्रभुत्वातज्ज्ञस्यपुंसोभृत्याइवाखिलाः।।

इस सर्ग में ''आकाशगमन'' आदि सिद्धियों का बीज विषय वर्णित है।

प्राण की सम्पूर्ण व्याधि नाश : सर्गः 81, निवार्णप्रकरणम्

वायोपचार

सर्वथात्मनितिष्ठेच्चेत्त्यक्त्वोर्ध्वाधोगमागमौ।

तज्जंतोर्हीयतेव्याधिरंतर्मारुतरोधतः।।9।।

सामान्यनाडीवैधुर्यात्सामान्यव्याधिसंभवः।

प्रधाननाडीवैधुर्यात्प्रधानव्याधिसम्भवः।।10।।

दुर्व्याधिमाध्याख्यंवासनामयम्।।

मौर्ख्यमूलेहितेविद्यात्तत्वज्ञानेपरिक्षयः।।14।।

मुनिवर वसिष्ठ ने स्पष्ट किया : ''देह के दुःख को 'व्याधि' कहते हैं और वासना से मन के दुःख को 'आधि' कहते हैं। इन दोनों का मूलकारण अज्ञान है। इनका 'क्षय' 'तत्त्वज्ञान' से होता है''।।14।। सर्वथा प्राण अपान वृत्ति के निरोध द्वारा ऊपर नीचे के गमन को त्यागकर समानवृत्ति से जीव संवित् आत्मा में स्थित रहे। उससे प्राणी की समस्त व्याधि नष्ट हो जाती है। मृत्यु पर भी विजय होती है। सामान्य नाड़ियों के व्यापार का अभाव होने से अन्नरस अपरिपक्व रहता है। इससे सामान्य रोगों की उत्पत्ति होती है। प्रधान नाड़ियों के अभाव से प्रधान रोग उत्पन्न होते हैं।।81.9,10।। इस सर्ग में प्राणवायु, कुण्डलिनी और रोग–व्याधि की उत्पत्ति एवं उपशमन की सविस्तार व्याख्या की गई है। यह ''वायोपचार'' की आधारशिला है।

मन एवं प्राण–रथ सारथी : सर्गः 69, निवार्णप्रकरणम्

मनसःस्पंदनंप्राणःप्राणस्यस्पंदनंमनः।।
एतौविहरतोनित्यमन्योन्यंरथसारथी।।46।।

महामुनि वसिष्ठ ने निर्वाणप्रकरणम् में ''योग से प्राणों का लय'', मृत्यु से पुनः उत्पत्ति, राजयोग–हठयोग, मन निग्रह, योग ऐश्वर्य, योगयोगी (हठयोग से परमपद प्राप्त), राजयोग से ज्ञानी–सांख्ययोग, एकतत्त्व–ब्रह्म का दृढ़ अभ्यास आदि पर प्रकाश डाला है। उनके अनुसार मन का स्पंद–गति प्राण है और प्राण का स्पंद मन है। ये दोनों परस्पर एक दूसरे को ऐसे सिद्ध करते हैं, जैसे रथ और सारथी।।69.46।।

षट्चक्रयुक्त हृदय नाड़ियाँ एवं प्राण : सर्गः 24,25 निवार्णप्रकरणम्

निवार्णप्रकरणम् के दो सर्गों–24,25 में देह में क्रम से युक्त नाड़ियों ; षट्चक्रयुक्त हृदय ; प्राण स्पंद; प्राण की चिन्ता ; प्राण की गति,रेचक; पूरक; कुंभक;प्राण; अपान; बाह्यविषयों से निवृत्ति; देह आकाश में प्राणवायु समापन ; अग्निशिखा के बाहर; आकाश की ओर प्राणवायु बहना; प्राणरूप सूर्य अथवा अग्नि द्वारा शरीर के भीतर से तपाकर परिपक्व करना एवं प्रतिक्षण हृदयाकाश को तपाकर अमृत प्रवाह ; अपान संधि अवस्था; हृदय अंधकार क्षय से आत्मा का दर्शन; बाह्यकुम्भक–अपान अस्त–प्राण का भी उदय नहीं अन्तस्थ कुंभक–परमपद; प्राण का भी प्राण चिदात्मा; प्राण पवन का निमित्त–ब्रह्म; आत्मपद आदि की सविस्तार व्याख्या है। इस प्रकार योगवासिष्ठ में समग्र ''योगविद्या'' सूत्रात्मक रूप में उपलब्ध है।

पँच महाभूत मन्त्रोपचार : सर्गः 81 निवार्णप्रकरणम्

एवमाधेर्भवेद्वयाधिस्तस्याभावाच्चनश्यति ।।
यथामंत्रैर्विनश्यंतिव्याधयस्तत्क्रमंशृणु ।।38 ।।
तथाविरेकंकुर्वतिहरीतक्यःस्वभावतः ।।
भावनावशतःकार्यंतयायरलवादयः ।।39 ।।

श्रीराम का यक्षप्रश्न रहा कि ''आधि से व्याधि (शरीर में रोग) ओषध से भिन्न–मन्त्र आदि से कैसे नष्ट होते हैं''? यह प्रश्न वर्तमान चरम भौतिकवाद में पुनः पूछा जा रहा है। महामुनि वसिष्ठ ने वैदिक परम्परा में गम्भीर रहस्योद्घाटन किया। हे राम! आधि से व्याधि होती है और आधि के अभाव में व्याधि भी नष्ट हो जाती है। मन्त्र आदि से व्याधि नष्ट होने की रीति सुनो।।38।। जैसे हरीतकी (हर्रे–हरड) के फल विरेचन–जुलाब रूप कार्य अपने स्वभाव वश में करते हैं, ऐसे ही आकाश, वायु, तेज (अग्नि), जल, पृथिवी के बीज रूप पर लव आदि मन्त्र के वर्ण भी मान्त्रिक भावना के स्वभाव से नाड़ियों में रोगाकार परिणत अन्न रस के पान आदि करते हैं।।39।। शुद्ध चित् में आनन्द ऐसे बढ़ता है जैसे पूर्ण चन्द्र के उदय से संसार में अमृतमय प्रकाश। अन्तःकरण की शुद्धि से प्राणवायु अपने क्रम से बहते हैं। अन्न को परिपक्व करते हैं। परिणामतः व्याधि जड़ से समाप्त हो जाती है। अक्षरब्रह्म की अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक शक्ति के रहस्य के आवरण को ''शिवदृष्टि (परमऋषि दुर्वासा के चौदहवे वंशज स्वामी सोमानन्द कृत), शरभ तन्त्रम् (श्री अनन्त स्वामी, दतिया पीठ एवं कविराज नानक चन्द शर्मा सम्पादित), एकाक्षरनामकोष संग्रह (मुनि जिनविजय सम्पादित), नागेश भट्ट कृत स्फोटवाद, स्फोट सिद्धि आदि हटाते हैं। पँच महाभूतों के बीजाक्षर मंत्र हैं। ऋग्वेद में ''ख'' आकाश है। ''रं'' अग्नि–तेज–सूर्य का बीज मन्त्र है। ''वं'' वरुण देवता (जलाधिपति) का बीज मन्त्र है। ''यं'' वायु का बीज मन्त्र है। ''लं'' पृथिवी का बीजाक्षर है।पँच महाभूतों के मन्त्रों के हृदय (भौतिक हृदय नहीं) में जप से शरीर में उससे सम्बन्धित रोग निश्चित रूप से समाप्त होते हैं। यहाँ अध्यात्म मूलभूत रूप से आस्था एवं विश्वास पर आधारित है। मन्त्र और मन्त्र की शक्ति एक लम्बा विषय है।

आकाशगमन सिद्धि क्रिया : सर्गः 81, निर्वाणप्रकरणम्

पुर्यष्टकपराख्यस्यजीवस्यप्राणनामिकाम् ।।
विद्धिकुंडलिनीमंतरामोदस्येवमंजरीम् ।।44 ।।
तायदापूरकाभ्यासादापूर्यस्थीयतेसमम् ।
तदैतिमैरवंस्थैर्यंकायस्यापीनतातथा ।।45 ।।

यदापूरकपूर्णांतरायतप्राणमारुतम्।।
नीयतेसंविदेवोर्ध्वंसोढुंधर्मक्लमंश्रमम्।।46।।
सर्पीवत्वरितैवोर्ध्वंयातिदंडोपमांगता।।
नाडीःसर्वाःसमादायदेहबद्धालतोपमाः।।47।।
तदासमस्तमेवेदमुत्प्लावयतिदेहकम्।।
नीरंध्रंपवनापूर्णंभस्त्रेवांबुततांतरम्।।48।।

पुर्य्यष्टक नाम जीव की आधारभूत कुण्डलिनी को सुगन्धित पुष्पलता की भांति समझो।।44।। उस कुण्डलिनी में पूरक प्राणायाम के अभ्यास से समरूप से प्राणी में स्थित होता है। इस स्थिति में मेरु के समान स्थिरता और ''शरीर को गुरुतारूप सिद्धि'' प्राप्त होती है।।45।। जिस समय पूरक से पूर्ण शरीर को मूलाधार से लेकर ब्रह्मरन्ध्र–सहस्रार पर्यन्त सीधी करके प्राण के आकर्षणपूर्वक शारीरिक एवं मानसिक परिश्रम सहने के लिये कुण्डलिनी संवित् ऊपर प्राप्त की जाती है।।46।। उस समय प्राण के आकर्षण से दंड के तुल्य दीर्घता प्राप्त होती है। उससे कुण्डलिनी समस्त नाड़ियों को अपने साथ लेकर देह में बंधी हुई लता के समान शीघ्र ऊपर की ओर जाती है।।47।। उस समय वायु से पूर्ण छिद्ररहित इस शरीर को कुण्डलिनी संवित् ऊपर ले जाती है। यह योगी का ''आकाशगमन'' है।।48।। जिस समय अन्य नाड़ियों के व्यापार के निरोधक रेचक प्राणायाम के प्रयोग से कुण्डलिनी शक्ति ब्रह्म अर्थात् सुषुम्ना नाड़ी के भीतर प्राण प्रवाह से शिर के दोनो कपाटों का संधिरूप कपाट के बारह अंगुल बाहर के शांत नामक स्थान में एक मुहूर्त पर्यंत स्थित रहती है। इस समय ''आकाशगामी सिद्धों'' का दर्शन होता है।।81.50।। महामुनि वसिष्ठ ने अपने उपदेश में कुण्डलिनी के परिचय से लेकर जाग्रत करने की विधि का भी वर्णन किया है।

प्राणायाम सिद्ध योगी परकाया प्रवेशः

सर्गः 81, निर्वाणप्रकरणम्

स्नप्नावलोकनंयद्वत्तद्वत्सिद्धावलोकनम्।।
केवलोथविशेषोयंसिद्धप्रातौस्थिरार्थता।।55।।
मुखाद्वहिर्द्वादशांतेरेचकाभ्यासयुक्तितः।।
प्राणेचिरंस्थितिंनीतेप्रविशत्यपरांपुरीम्।।56

श्री वसिष्ठ ने कहा : हे महाबाहो राम! स्वप्न के दर्शन तुल्य सिद्धों का दर्शन भी होता है (विज्ञान अथवा योगाभ्यास से प्राप्त दिव्य नेत्रों से)। यह अवश्य है कि सिद्धों की प्राप्ति में वरदान आदि फलरूप पदार्थों की स्थिरता रहती है।।55।। ''रेचक के अभ्यास रूप युक्ति से मुख से बारह अंगुल बाहर

प्राण के चिरकाल तक स्थित रखने से योगी अन्य शरीर में प्रवेश कर सकता है।।56।।श्रीमद्आदिशंकराचार्य द्वारा परकाया प्रवेश का वृत्तान्त मिलता है।

प्राणवायु–स्थूलता, अणुतादि सिद्धि :

सर्गः 82, निर्वाणप्रकरणम्

संवित्तिः सैवयात्यंगरसाद्यंतंयथाक्रमम्।
रसेनापूर्णतामेतितंत्रीभारइवांबुना।।10।।
रसापूर्णायमाकारंभावयत्याशुतत्तथा।।
धत्तेचित्रकृतोबुद्वौरेखारामयथाकृतिम्।।11।।

कुण्डलिनी शक्ति पूर्व काल में अग्नि में उपसंहार किये रसाभाग को त्यागती है। उस समय पुनः स्थूल भावना से क्रम से रस पूर्ण हो जाती है। महर्षि वसिष्ठ ने इसकी तुलना जल से भरे चड़स से की है।।10।। ''वह रस से परिपूर्ण होकर जिस आकार की भावना करती है, उसी आकार को शीघ्र धारण करती है।।82.10,11।। वसिष्ठ ऋषि ने अणिमा सिद्धि की क्रिया का भी बहुत विस्तार से वर्णन किया है। उनके अनुसार इसीप्रकार प्राणवायु नियमन और कुण्डलिनी जागरण से दूसरी सिद्धियाँ निश्चित रूप से मिलती हैं। ब्रह्मरन्ध्र–सहस्रार से व्यक्ति समूचे विश्व की भौगोलिक स्थिति के चप्पे–चप्पे की जानकारी प्राप्त करने में सक्षम है। आधुनिक वैज्ञानिकों की भाषा में यह जीपीएस–वैश्विक स्थिति प्रणाली है। वैदिक विज्ञान 39 लाख वर्षों से मस्तिष्क के ब्रह्मरन्ध्र में स्थिति वैश्विक भूगोल की जानकारी का उद्घोष करता रहा है। विगत दशक में नोबल पुरस्कार प्राप्त वैज्ञानिकों ने सिद्ध किया कि मस्तिष्क में वैश्विक भौगोलिक स्थिति (जीपीएस) की सटीक जानकारी है। ब्रह्मविद्या समाज के फादर चार्ल्स डब्लू. लीडबीटर ने ''मास्टर्स पथ'' में 1600 वर्षीय महान योगी कुथमी बाबा के घोड़े पर तिब्बत से सीधे उड़कर ब्रिटेन पहुँचने का वर्णन किया है। परमपवित्र कैलास महापर्वत के हिमनदों में चतुर्युगों से संचालित अदृश्य गुह्य सिद्धाश्रमों के परमहंस आकाशमार्ग से भ्रमण करते रहे और कर रहे हैं। स्वामी विशुद्धानन्द परमहंस, जगत्गुरू शंकराचार्य स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वती, जयपुर राजगुरु पण्डित श्रीविद्यानाथ ओझा आदि ''आकाशगमन'' विद्याविज्ञ रहे। ब्रह्मविद्या समाज की ''गुप्तज्ञानसंहिता'' (सीक्रेट डाक्ट्राइन) में दावा किया गया है कि आचार्य शंकर (श्रीमद्आदिशंकराचार्य) कैलास की गुहा में साधनारत हैं। तेरापंथ के महान आचार्य महाप्रज्ञ भी सूक्ष्मदेह से रात्री में आकाशगमन करते रहे।

ब्रह्मरूप पवन चित् स्पंद सृष्टि :
सर्गः 34 निर्वाणप्रकरणम्

चित्स्पंदोब्रह्ममरुतोयत्रसर्गइतिस्मृतः।।

नात्रचित्स्पंदनंयत्स्यानिवाणंतदुदाहृतम्।।37।।

परम ऋषि दृष्टि सृष्टि मात्र को जगत् कहते हैं। उनका विचार से नाश होता है। इसी क्रम में वसिष्ठ महामुनि ने कहा है कि पवन की सत्ता ही स्पंद की विचित्रता भासता है। निराकार ब्रह्म में सृष्टि एवं अहंकार भासते हैं। एक चेतन में वायु के स्पंद के तुल्य भेद दृष्टि है। इस जगत् में चिदचित् का भेद ज्ञान ही सृष्टि है।

''ब्रह्मरूप पवन में जहाँ चित् स्पंद है, वहाँ ही सृष्टि है। चित् का स्पंद नहीं होना ही निवार्ण कहा गया है''।।34.37।।

महाचित्रूप वायुः सर्गः 38, निर्वाणप्रकरणम्

महाचिदात्मनैवास्तिजलानिलधराश्मतम्।।

नैतेषुस्पंदबुद्धयादिप्राणजीवाद्यभावतः।।13।।

''वायु–अनिल'', जल, पृथिवी एवं पाषाण आदि पदार्थ सभी ''महाचित्रूप'' ही हैं। क्योंकि इनमें स्पंद, बुद्धि, प्राण जीव आदि नहीं है।।38. 13।।

निरन्तर अभ्यास योग से दुःसाध्य कार्य सिद्ध :
सर्गः 67, निर्वाणप्रकरणम्

दुःसाध्याः सिद्धिमायांतिरिपवोयां तिमित्रताम्।।

विषाण्यमृततांयांतिसंतताभ्यासयोगतः।।33।।

योगवासिष्ठ में विद्याधरी, मुनि को अभ्यास के महात्म्य का वर्णन करती है। विद्याधरी ने कहा : ''निरन्तर अभ्यास के योग से दुःसाध्य कार्य भी सिद्ध हो जाते हैं। शत्रु भी मित्र हो जाते हैं। ओषध के लिये सेवित विष भी अमृत तुल्य आरोग्यता के हेतु होते हैं।।'' 67.33।।

वायु धारणा से वायु रूप : सर्गः 92, निर्वाणप्रकरणम्

श्रीवसिष्ठ उवाच।।

अथवातमयींकृत्वाजगत्प्रेक्षणकौतुकात्।।

धारणां धीरयावृत्त्यावितताम हमागतः।।1।।

महर्षि वसिष्ठ ने कहा : अनेक जगत् देखने के कौतुक से ''वायु की धारणा'' करके वायु की गतिपर्यन्त विस्तारता प्राप्त की। मैं लतारूप

ललनाजनों के विलास हेतु और कमल कुन्दादि के सुगन्धों का पालक ''वायुरूप'' हो गया''।।92.1।।

ब्रह्मपिण्ड आख्यान सर्गः 176, निर्वाणप्रकरणम्, उत्तरार्द्धम्

श्रीब्रह्मोवाच।।
ब्रह्मैवेदंमुनेसर्वंगदित्यवभासते।।
सतामनंतंसत्वेनजगत्त्वेनासतामपि।।9।।
शुभंममेदमाख्यानंशृणुश्रवणभूषणम्।।
ब्रह्मांडपिंडइत्युक्तंब्रह्मांडाख्यानमेवच।।10।।
अस्तिस्वेस्वादनन्यात्माचिद्वयोमपरमाणुकः।।
शून्यरूपमिवाकाशेशुद्धःस्पंदइवानिले।।11
सोपश्यदात्मनास्वप्नइवजीवत्वमात्मनि।।
शून्यरूपमिवाकाशंपवनस्पंदनंयथा।।12।।

ब्रह्माजी ने कहा : हे मुने! ब्रह्म ही सम्पूर्ण जगत् रूप में भासता है। यह तत्त्व ज्ञानियों को ब्रह्मसत्तारूप से अनन्त ब्रह्म भासता है। अज्ञानियों को जगत् रूप में भासता है। इसे ''ब्रह्माण्डाख्यान'' एवं ''ब्रह्मपिण्डाख्यान'' कहते हैं। आकाश में शून्य, वा वायु में शुद्ध स्पंद के सदृश निजसत्ता मात्र से जगत् की चेष्टा का कारण चिदाकाश रूप परमाणु आकाश से अभिन्न रूप आकाश में है। आकाश निज रूप में शून्य, वायु स्पन्द का अनुभव करता है। उसी तरह चिदाकाश रूप परमाणु ने स्वप्न के तुल्य अपने चिद्रूप में समष्टि जीव को देखा।।176.9—12।। इसलिये कहा गया है : ब्रह्म से भिन्न कुछ नहीं है। ''नेहनानास्तिकिंचन।''

निरन्तर प्रचण्ड वायु से निर्जन : सर्गः 64, निर्वाणप्रकरणम्, उत्तरार्द्धम्

क्वचिनित्यंवहद्वाताजातस्थावरजंगमः।।
क्वचित्सर्वक्षयोन्यमुक्तस्थिरस्थावरजंगमः।।21।।

वायु की लीला विचित्र है। कहीं निरन्तर प्रचण्ड वायु प्रवाहित होने से स्थावर जंगम की उत्पत्ति रहित है (प्रचण्ड वायु से निर्जनता) और कहीं रोगों से निर्मुक्त होने से स्थावर जंगम की स्थिरता से सम्पन्न पर्वत है।।64.21।।

प्राण निरोध से वातस्कन्ध क्षय : सर्गः 72, निर्वाणप्रकरणम्, उत्तरार्द्धम्

श्रीवसिष्ठ उवाच।।
अथाकृष्टवतिप्राणान्स्वयंभुविनभोभुवः।।

विराडात्मनितत्याजवातस्कंधस्थितःस्थितिम् ।।1।।
तेहितस्यकिलप्राणास्तेनक्रांवेषुतेष्वपि।।
ऋक्षचक्रेस्थितिंकोन्योधत्तेभूतैकधारिणीम् ।।2।।
वातस्कंधेसमाक्रांतेब्रह्मणाप्राणमारुते।।
समंगंतुंपरित्यज्यसंस्थितिंक्षोभमागते।।3।।
निराधारास्सवाताग्निदाहोल्मुकवदापतन्।।
व्योम्नस्तारास्तरोःपुष्पनिकराइवभूतले।।4।।

महामुनि वसिष्ठ ने प्राणनिरोध से वातस्कन्ध क्षय से प्रलय का वर्णन बहुत यथार्थपरक किया है। "विराट् ब्रह्माजी ने प्राणों का उपसंहार किया। उसी क्षण वायु ने ग्रह नक्षत्र आदि का धारण रूप त्याग दिया। क्योंकि ये वात स्कन्ध ब्रह्माजी के प्राण हैं। इसलिये उनके उपसंहृत होने पर समस्त भूतों को धारण करनेवाला नक्षत्रमण्डल में स्थिति को कौन धारण कर सकता है ? ब्रह्माजी द्वारा प्राणवायु स्वरूप वातस्कन्ध के उपसंहार के साथ ही संक्षोभ प्राप्त होने से सभी ने अपनी–अपनी स्थिति को त्यागना आरम्भ किया। वायुसहित अग्निदाह प्रारम्भ होने से निराधार तारागण आकाश गिरने लगे।।72.1–4।। वैज्ञानिक रूप से भी प्राणवायु समाप्त होते ही पृथिवी पर निश्चित रूप से प्रलय होगी।

कल्पान्तरुद्र भैरव व्याख्या :
सर्गः 82, निर्वाणप्रकरणम्, उत्तरार्द्धम्

श्रीवसिष्ठ उवाच।।
नासौपुमान्नचासौस्त्रीनतन्नृत्तंनतावुभौ।।
तथाभूतेतथाचारेआकृतीनचतेतयोः।।3।।
अनादिचिन्मात्रनभोयत्तकारणकारणम्।।
अनंतंशांतमाभासमात्रमव्ययमाततम्।।4।।
शिवंतत्सच्छिवंसाक्षाल्लक्ष्यतेभैरवाकृति।।
तथास्थितोजगच्छांतौपरमाकाशएवसः।।5।।

भैरवरूपी कल्पान्तरुद्र के सामने महाभयंकर देवी आकाशाकार देह से नर्तन करती है। यहाँ श्रीराम ने प्रश्न किया कि जब सभी कुछ नष्ट हो गया, तब किन अंगों से काली देवी नृत्य करती है ? यह भी प्रश्न उठा भैरव क्या है?

श्री वसिष्ठ ने गूढ़ रहस्य उद्घाटित किया : "यह भैरव परमात्मा नहीं तो स्त्री नहीं है और पुरुष भी नहीं है। उन्होंने नृत्य भी नहीं किया। वे काली एवं भैरव रूप भी नहीं थे। वे अनादि, चिन्मात्र, परमव्योम रूप सभी कारणों का

कारण, अनन्त, शान्त, आभासमात्र, अव्यय एवं सर्वव्यापक परमेष्ठीरहे। निरतिराय आनन्दरूप सद्ब्रह्म–परमेष्ठी ही शिव त्रिनेत्र नीलकण्ठ आदि रूप धारण करता है। उपासक की भावना के अनुसार वह भैरवाकार स्थित है। जगत् शान्त होने पर वह चिदाकाश रूप धारण करता है।।''82.3,4,5।।

मुनिवर वसिष्ठ ने अपने ऋग्वेद के दर्शन के अनुरूप परमेष्ठी को निराकार, निर्गुण, निष्काम, निश्चल, अव्यक्त, सर्वव्यापक, सूक्ष्म से सूक्ष्म, निरंजन, सर्वोत्कृष्ट, सर्वशक्तिमान, सत्य आदि कहा।

आत्मा एवं सृष्टि : सर्गः 166, निर्वाणप्रकरणम्, उत्तरार्द्धम्

आदिसर्गात्प्रभृत्येवचिद्व्योमैत्थमाततम्।।
कचत्यात्मनियत्तस्यबुद्धातेनैवसर्गता।।2।।
आत्मैवेदंजगत्संर्वख्यातिर्यत्रनकिंचन।।5।।

सृष्टि के आरम्भ से पूर्ण व्यापक चिदाकाश ही इस जगत् रूप में स्फुरित है। उसने स्वयं निज आत्मा में आत्मा ही से निज चैतन्य बल से सृष्टि को प्रसिद्ध किया। अतः आत्म एवं ख्याति–आत्मा ही सृष्टि रूप है।।2।। आत्मा ही सम्पूर्ण जगद्रूप है। उसने निजस्वप्रकाश से भिन्न किसी ख्यातिसे इसे प्रसिद्ध नहीं किया।।5।।

विषैली वायु से महामारी एवं निवारण : सर्गः 68,69 उत्पत्तिप्रकरणम्

वैश्विक महामारी, विषैली वायुप्रकोप, महामारी विषाणु का वायु से संचार, विषाक्तजीव, प्रदूषित पर्यावरण, परमाणुधर्मी महाविनाशक वायु, पराबैंगनी किरण युक्त वायु आदि के सामने विश्व समुदाय असहाय सरीखा है। परमाणुधर्मी वायु और प्रदूषित जल निवारण में अभी वैज्ञानिक शोध कर रहे हैं। परमाणु बम की महाविनाशक विकिरणधर्मी वायु से निपटने के पर्याप्त साधन नहीं हैं। यह उल्लेखनीय है कि योगवासिष्ठ में वेद रचनाकाल 39लाख वर्ष के बाद त्रेतायुग तक अनेक महायुद्धों का सविस्तार वर्णन है। इन महासमरों में पृथिवी, जल, वायु और आकाश को दूषित करनेवाले महास्त्रों का प्रयोग हुआ। प्रकारान्तर में वैदिक विज्ञान से उनके सृष्टि विनाश के महाप्रभावों को अथक प्रयासों से निष्प्रभावी किया गया।

इसी क्रम में योगवासिष्ठ में कर्कटी नामक राक्षसी की रोचक गाथा है। कर्कटी की वडवानल सरीखी जिव्हा रही। उसके लिये अपनी क्षुधा मिटाना कठिन समस्या रही। कर्कटी सम्पूर्ण समूह की हिंसा के उद्देश्य से तप के लिये हिमालय के शिखर पर गई। वह हिमालय पर एक पाद पर वर्षों–वर्षों तप

करती रही। आकाश ही उसका साक्षी हुआ। राक्षसी कर्कटी की कठोर तपस्या के समय जर्जर शरीर चर्म ही वस्त्र स्वरूप रहे। वह शिला समान हुई।

आठ हजार वर्ष गुजरने पर कर्कटी के दारुण तप से सिद्धि का पावन अवसर आया। यह स्मरण रहे कि उग्र तप की सिद्धि में विष सहित अग्नि भी शीतल हो जाती है। तप से कुछ भी असाध्य नहीं है। अन्त में तपस्या के वशीभूत ब्रह्माजी कर्कटी के समक्ष प्रकट हुए। कर्कटी राक्षसी ने मन ही मन ब्रह्माजी को प्रणाम किया। उसने विचारा कि क्षुधा शान्ति के लिए कौन सा वरदान मांगना सार्थक होगा। उसे विचार कौंधा कि सर्वसमर्थ ब्रह्माजी से रोगरूपी एवं लौहमयी जीव सहित सूचिका होने का वरदान देने की प्रार्थना करुँ (सूच का अर्थ कुशा सरीखा नुकीला अंकुर)। मैं ब्रह्माजी के वरदान से अनेक प्रकार की सूचिका होकर अदृश्य होकर सम्पूर्ण प्राणियों के हृदय में नासिका इन्द्रिय से खींचा हुआ सौगन्ध्य की तरह प्रवेश करूंगी। इस वरदान के द्वारा अपनी क्षुधा की शान्ति के लिये क्रम से समूचे जगत को ग्रास कर जाऊंगी। कर्कटी ने विचारा कि क्षुधा शान्त करना परमसुख है। वह यह चिन्तन करने लगी।

ब्रह्माजी ने दिव्य दृष्टि से राक्षसी कर्कटी की दया आदि धर्मयुक्त तपस्वियों के विरुद्ध अभिलाषा को जाना। उस पर ब्रह्माजी ने कहा : हे राक्षस कुलरूपी पर्वत की मेघ–मालिके! हे पुत्रि कर्कटी! उठो, मैं आपकी कठोरतम तपस्या से प्रसन्न हूँ। अपनी अभिलाषा के अनुदान (वरदान) ग्रहण करो। कर्कटी ने कहा : हे भगवन्! भूत एवं भविष्य के स्वामिन्, यदि आप मुझे वर देते हैं तो "मैं अनायास ही लोहकी अर्थात् रोगरूप, एवं लोहकी जीव सहित विषूचिका होऊँ।

ब्रह्माजी ने कहा कि ऐसा ही हो। ब्रह्माजी ने आगे राक्षसी कर्कटी से कहा कि रोग सहित सूचिका विसूचिका होवेगी। मनुष्यों से दुर्लक्ष्य होकर संसार की हिंसा करोगी। निषिद्ध अपक्व अकाल में और अधिक भोजन करनेवाले, दूसरों के अनिष्ठ कार्य आरम्भ करनेवाले दुष्ट आदि को निवाला बनाओगी। "उनकी प्राण द्वारा अपान देश से लेकर हृदय पर्यन्त प्रवेश करके हृदय पद्म की प्लीहा की और उसके समीप मांस ग्रन्थि की, बस्तिस्थानकी और नाड़ी आदि की बाधा करने से हिंसा करोगी।"

"आप वायु रेखा स्वरूप व्याधि होंगी। इससे शास्त्र सदाचारनिष्ठ और शास्त्रीय गुण सहित दोनों ही नहीं प्रभावित होंगे।"

ब्रह्माजी ने इस रोग के प्रतिकार का मन्त्र दिया : "ऊं ह्रां ह्रीं श्रीं रां विष्णुशक्तये नमो।" (बारह अक्षर का दिव्य मन्त्र)इस संगुणानां चिकित्सा का

पूर्ण महामन्त्र ''ऊँ ह्रां ह्रीं श्रीं रां विष्णुशक्तये नमो भगवति विष्णुशक्ति एहि एनां हरहर दहदह हनहन पचपच मथमथ उत्सादयउत्सादय दूरे कुरुकुरु स्वाहा। विषुचिके त्वं हिमवन्तं गच्छगच्छ जीव सारचन्द्रमण्डलं गतोऽसिस्वाहा।।'' कर्कटी राक्षसी द्वारा ''वायु के माध्यम से रोमकूपों में घुसकर महानरसंहार का निवारण प्रजापति ने इस मन्त्र द्वारा बताया। योगवासिष्ठ में इससे पूर्व भी मन्त्रशक्ति से रोगहरण का वृत्तान्त मिलता है। यह उल्लेखनीय है कि ऋग्वेद की तीन ऋचाओं से असाध्य रोग समापन का वर्णन है। सन 1708 में बीदर, कर्नाटक के पूर्व प्रधानमंत्री आचार्य भास्कर राय ने सविता देवता की तीन ऋग्वेदिक ऋचाओं से असाध्य रोगों से मुक्ति एवं कायाकल्प किया। सूर्यविज्ञानविद स्वामी विशुद्धानन्द सरस्वती, जयपुर के पूर्व राजगुरु रहे पण्डित श्रीविद्यानाथ ओझा, अरुण संहितावाले पण्डित हवेलीराम जोशी आदि ने कायाकल्प विज्ञान की पुष्टि की। आचार्यों के अनुसार कर्कटी राक्षसी प्रसंग का बारह अक्षर का मन्त्र ''ऊँ ह्रां ह्रीं श्रीं रां विष्णुशक्तये नमो'' सुनिश्चित रूप से वैश्विक महामारी निवारक है।

हिमाद्रेरुत्तरे पार्श्वे कर्कटीनाम राक्षसी।।सर्गः 68,2।
स्थिरविद्युल्लतानेत्रा खर्जूरतरुजानुका।
वैदूर्यसूर्याग्रनखा स्नाय्यस्थिग्रन्थिदेहिनी।।6।।
तस्या विपुलकायत्वाद्दुर्लभत्वान्निजान्धसः।
अतृप्तोऽर्णवलेखाया इवाभूज्जाठरोऽनलः।।9।।
न कदाचन सा तृप्तिमुपयाति महोदरी।
वडवानलजिव्हेव चिन्तयामास चैकदा।।10।।
जम्बुद्वीपगतान्सर्वान्निगिरामि जनानपि।
अनारतमनुच्छ्वासं जलराशिमिवार्णवः।।11।।
मेघेन मृगतृष्णेव तन्मे क्षुदुपशाम्यति।।12।।
तपः करोमि परममखिन्नेनैव चेतसा।।14।।
इति संचिन्त्य सा सर्वजन्तुजातजिघांसया।।15।।
तपोऽर्थमथ सस्मार पर्वतं भूतदुर्गमम्।
तत्र गत्वाथ सा स्नात्वा तपः कर्तुं व्यवस्थिता।।
अतिष्ठदेकपादेन चन्द्रार्कस्पन्दलोचना।
क्रमेण दिवसाः पक्षास्तस्या मासास्ततो ययुः।।
शीतातपेष्वलीनायाः कृताया इव शैलतः।।81।।
अष्टवर्षसहस्रेणं तां पितामह आययौ।।
दारुणं हि तपः सिद्धयै नीचानामपि जायते।। सर्गः 69,1।।

मनसैव प्रणम्यैनं ता तथैव स्थिता सती।
को वरः क्षुच्छमायालमिति चिन्तापराभवत्।।2।।
आ स्मृतं प्रार्थयिष्येऽहं वरमेकमिमं विभु।।
अनायसीवायसीव स्यामहं जीवसूचिका।।3।।
यथाभिमतमेतेन ग्रसेयं सकलं जनम्।
क्रमेण क्षुद्धिनाशाय क्षुद्धिनाशः परं सुखम्।।5।।
प्राणिनामिह सर्वेषां हृदयं प्रविशाम्यहम्।
इति संचिन्तयन्तीं तामुवाच कमलालयः।।6।।
पुत्रि कर्कटिके रक्षःकुलशैलाभ्रमालिके।
उतिष्ठ तव तुष्टोऽसि गृहाणाभिमतं वरम्।।7।।
कर्कट्युवाच।।
भगवन्भूतभव्येश स्यामहं जीवसूचिका।
अनायसीवायसीव विधे दास्यसि चेद्वरम्।।8।।
वसिष्ठ उवाच।।
एवमस्त्विति तामुक्त्वा पुनराह पितामहः।
सूचिका सोपसर्गा त्वं भविष्यसि विसूचिका।।9।।
दुर्भोजना दुरारम्भा मूर्खा दुःस्थितयश्च ये।।10।।
दुर्देशवासिनों दुष्टास्तेषां हिंसां करिष्यसि।
प्रविश्य हृदय प्राणैः पद्मप्लीहादिबाधनात्।।11।।
वातलेखात्मिका व्याधिर्भविष्यसि विषूचिका।
संगुणानां निर्गुणं चैव जनमासादयिष्यसि।।12।।
संगुणानां चिकित्सार्थं मन्त्रोऽयं तु मयोच्यते।।13।।
ऊँ ह्रां ह्रीं श्रीं रां विष्णुशक्तये नमो भगवति विष्णु–
शक्ति एहि एनां हरहर दहदह हनहन पचपच
मथमथ उत्सादयउत्सादय दूरे कुरुकुरुस्वाहा।
विषूचिके त्वं गच्छगच्छ जीव सारचन्द्रमण्डलं
गतोऽसिस्वाहा। इति मन्त्री महामन्त्रं न्यस्य वामकरोदरे।
मार्जयेच्चातुराकारं तेन हस्तेन संयतः।।14।।

।।उत्पत्तिप्रकरणम्, सर्गः 68,69।।

वायु आकाशीय सीमा से स्वतन्त्र

देहसंस्थोप्यदेहत्वाद् अदेहोसि विदेहदृक्।
व्योमसंस्थोप्यसक्तत्वाद् अव्योमेव हि मारुतः।।

शरीर में स्थित होने पर भी आप शरीर से परे हो, अशरीर हो। द्रष्टा हो, यह अभौतिक दृष्टि है। वायु आकाश में विद्यमान रहने पर भी आकाश से संपृक्त नहीं होती और आकाशीय सीमा से भी स्वतन्त्र होती है।

तीन प्रकार के आकाश

चित्ताकाशं चिदाकाशं आकाशं च तृतीयकम।
द्वाभ्यां शून्यतरं विद्धि चिदाकाशं वरानने।।17.10।।

तीन प्रकार के आकाश हैं– मनोवैज्ञानिक आकाश, भौतिक आकाश एवं चेतना का अनन्त आकाश। इन तीनों में सबसे उपयुक्त चेतना का अनन्त आकाश है।

आशा दासी होने से सम्पूर्ण जगत् दास

आशा बन्धन

आशाय ये दासास्ते दासाः सन्ति सर्वलोक्स्य।
आशा येषां दासी तेषां दासायते विश्वम्।।

योगवासिष्ठ में आशा को बन्धन का हेतु कहा है। ''इस संसार में मनुष्य आशा के दास हो रहे हैं, उनको सभी लोगों का दास होना ही पड़ता है। अर्थात् जिन्होंने स्त्री, पुत्र, पौत्र–पौत्री, धन, भौतिक ऐश्वर्य, प्रतिष्ठा आदि की प्राप्ति की और चिरकाल तक जीने की आशा लगाई है। वे मूलतः दास हैं। अर्थात् लोक में वे सभी के दास हैं। जिन्होंने आशा को अपनी दासी बना लिया है, उनका सम्पूर्ण जगत् अर्थात् तीनों लोक दास बन गया है।'' मूलतः योगवासिष्ठ एषणा अथवा आशा को विजित कर तीनों लोकों को विजित करने का मूल मन्त्र दे रहा है।

वायु रहस्य अनावर्त

योगवासिष्ठ के अनुशीलन से प्राणवायु–महावायु और आत्मा–परमात्मा के सम्बन्ध स्पष्ट होते हैं। यह भी रहस्य उद्घाटित किया गया है कि हिरण्यगर्भ में आकाश, वायु आदि लीन होते हैं। वायु महाचित् रूप, स्पन्द वायु की अभिन्नता, वायु में सूक्ष्म जगत् का वाहित होना, ब्रह्मरूप पवन में चित् स्पन्द शक्ति, प्राणान्तर्गत चित् प्रेरणा, पँच पवन, समष्टि जीव, हिरण्यगर्भ आदि विषयों का निरुपण भी मिलता है। योगवासिष्ठ के छह प्रकरणों– वैराग्यप्रकरणम्, मुमुक्षुव्यवहारप्रकरणम्, उत्पत्तिप्रकरणम्, स्थितिप्रकरणम्, उपशमप्रकरणम्, निर्वाणप्रकरणम् में नये–नये रूप में वायु, वात, मारुत्, पवन, प्राणवायु, महावायु आदि की व्याख्या की गई है। ऋग्वेद का अनुसरण करते हुए ''विराट् पुरुष'' से सभी भूतों की उत्पत्ति का उल्लेख है। यह भी स्पष्ट किया है कि ''प्राण–श्वास का आयाम–नियंत्रण प्राणायाम है।'' प्राणायाम के

तीन प्रकारों—पूरक (श्वास हवा को भीतर फेफड़े में भरना), कुम्भक (वायुरूपी श्वास को भीतर देर तक रोकना) और रेचक (वायु—श्वास को बाहर छोड़ना) नियमन की विधि का सविस्तार वर्णन किया गया है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्राण—आन्तरिक सूक्ष्म शक्ति द्वारा जगत् से जीवात्मा का देह से सम्बन्ध है। पँचवायु एवं पँच प्राणशक्ति—प्राण, व्यान, अपान, समान, उदान हैं। इनके संचालक – धनंजय, कृकर, कूर्म, नाग, देवदत्त अन्य प्राण हैं। समस्त ब्रह्माण्ड की सृष्टि एवं स्थिति के मूल में सूक्ष्म प्राणशक्ति का साम्राज्य है। प्राणशक्ति की उत्पत्ति परमात्मा की इच्छा शक्ति से स्वीकारी गई है। सारसंक्षेप में 32000 श्लोकी योगवासिठ ''वायुविद्या दृष्टि का सर्वोत्कृष्ट पोथा है।''।।ऊँ।।

वायु गर्वहरण

ब्रह्म उपदेशक हैमवती उमा कुण्डलिनी शक्ति!

केन उपनिषद् में ''यक्ष द्वारा वायु एवं अग्नि'' के गर्वहरण की बहुत ही रोचक गाथा है। सभी देवों के यक्ष को जानने में बुरी तरह असफल होने पर अन्त में देवाधिपति इन्द्र स्वयं यक्ष को जानने गये। यह अप्रत्याशित अभूतपूर्व रहा कि ''यक्ष'' विलुप्त अर्थात् अदृश्य हो गये। इन्द्र यक्ष के विलुप्त होने से अपनी असफलता से बहुत ही लज्जित हुआ। इन्द्र का दर्प, अहंकार, गर्व चूर—चूर हो गया।

उसी समय आकाश में ''हैमवती उमा'' प्रकट हुई। उसका आभा—मण्डल कोटि—कोटि सूर्यों के समान रहा। हैमवती अति शौभायमान रही। इन्द्र ने उससे पूछा कि वह यक्ष कौन है ? यह स्मरण रहे कि इन्द्र वायु, अग्नि की तरह पीछे नहीं लौटा।

अथेंद्रमुब्रुवन, मघवन्नेतद्विजानीहि, किमेतद्यक्षमिति,
तथेति, तथेति, तदभ्यद्रवत्, तस्मात्तिरोघधै।।24।।
स तस्मिनेवाऽऽकाशे स्त्रियमाजगाम बहुशोभमानामुमाँ
हैमवतीं ताँ होवाच, किमेतद्यक्षमिति।।25

यहाँ यक्षप्रश्न यह है कि वेदाधारित उपनिषद् में ''हैमवती उमा'' कौन है ? केन उपनिषद् का शांकरभाष्य (मन्त्र 25) हैमवती उमा के रहस्य की गुत्थी सुलझाता है। आचार्य शंकर के अनुसार हैमवती उमा ''ब्रह्मविद्या'' है।

''विद्या उमारूपिणी प्रादुरभूत् स्त्रीरूपा।

स इंद्रस्तां उमा बहु शोभमानां ..... विद्या
तदा बहु शोभमानेति विशेषणमुपपन्नं भवति।
हैमवतीं हेमकूताभरणवतीमिव बहु शोभमानामित्यर्थः।
अथवा उमा एव हिमवतो दुहिता हैमवती
नित्यमेव सर्वज्ञेन ईश्वरेण सह वर्तत इति
ज्ञातुं समर्थेति कृत्वा तामुपजगाम।।
।।केन उपनषिद् मंत्र 25, शांकरभाष्य।।
स्त्रियमतिरूपिणी विद्यामाजगाम।
अभिप्रायोद्वोधहेतुत्वात् रुद्रपत्नी उमा। हैमवतीव सा शोभमाना विद्यैव।
विरूपोऽपि विद्यावान् बहु शौभते।।शांकरभाष्य ; वाक्यविवरण।।

इन्द्र की यक्ष में भक्ति से स्त्रीवेशधारिणी हैमवती उमा विद्यादेवी प्रकट हुई। इन्द्र अभिमान शान्त होने से जिज्ञासु भाव में रहा। वह इन्द्र उस अत्यन्त शोभामयी हैमवती उमा के पास गया। समस्त शोभायमानों में विद्या (ब्रह्म) ही सबसे शोभामयी है। इस दृष्टि से ''बहुशोभना'' विशेषण उचित है। आचार्य शंकर ने पदभाष्य में लिखा है कि हैमवती ''हेम'' के समान अत्यन्त शोभामयी रही। वह ''हिमवान्'' की कन्या होने से ''पार्वती'' है। वह ''रुद्रपत्नी'' ''हिमालय पुत्री पार्वती'' के समान शोभामयी ''ब्रह्मविद्या'' ही रही। क्योंकि ''विद्यावान्'' रूपहीन होने पर भी बहुत शोभा पाता है।

शांकरभाष्य में हैमवती उमा को ''हिमवतो दुहिता'', ''रुद्रपत्नी'', ''सुवर्ण आभूषण–हेम'' आदि सम्बोधन का भौतिक के स्थान पर अध्यात्मिक अभिप्राय है। पर्वत हिमवतो की पुत्री (हिमत्सुता, शैलसुता, पर्वतराज पुत्री) के पीछे का अर्थ अध्यात्मिक रहस्य है। पर्वत के लिये ''हिमवान्, हिबवान्, नगराज, मेरु, गिरिराज, सुमेरु, पर्वतराज, नगोत्तम, शैलेन्द्र, शैलराज, शैल आदि नामों का चलन रहा। अध्यात्म के ज्ञान रहित भौतिकवादियों ने प्रश्न उठाया कि हिमवतो (पर्वत) की पुत्री कैसे हुई, यह गल्प है ?

यहाँ रुद्रपत्नी, हेमवत्तो दुहिता आदि शब्दों का अनुशीलन आवश्यक है। इससे उमा के रहस्य को समझने से चक्रव्यूह भेदन सरल होगा अर्थात् चक्रव्यूह भेदन करने में सक्षम होंगे। ''पर्ववान् शब्द का अर्थ–पदों से युक्त है।'' वह ''पर्व–वत्'' ''पर्वत'' कहलाता है। गिरिराज को ''हिम–वान्'' कहने का आशय पर्वत पर ''हिम–बर्फ'' का होना है। प्रत्येक देह के पृष्ठवंश में ''मेरुदण्ड'' है। मेरुशिखर पर हिम का जमा होना स्वाभाविक है। ''देह में मेरु शिखर पर मस्तिष्क का भाग (मज्जा) होता है।'' मस्तिष्क भाग मज्जा श्वेत होने से उसको हिम की उपमा दी गई है। शरीर शास्त्र और वैदिक देवताओं

में समानता है। वेद के अनुसार ब्रह्माण्ड के देवता पिंड में भी विराजमान हैं। शरीर के पृष्ठवंश में ''कुण्डलिनी शक्ति मेरुदण्ड में रहती है। ''मूलाधार चक्र–गुदा के समीप पृष्ठवंश समाप्त होता है।'' मूलाधार चक्र में कुण्डलिनी मानों रुद्र की तपस्या कर रही है। जप, उपासना, तपस्या, योग, प्राणायाम आदि से शरीर की आन्तरिक उष्णता वृद्धि से कुण्डलिनी जागृत होती है।

कुण्डलिनी प्राणयुक्त आत्मा के साथ मेरुदण्ड के बीच से सुषुम्ना मार्ग से ऊपर के उच्च्व स्थानों का आक्रमण करती हुई ऊपर ब्रह्मरन्ध्र जाती है। हठ योग प्रदीपिका में ब्रह्मरन्ध्र के लिये सात नाम– सुषुम्ना, मध्यमार्ग, श्मशानं, शून्यपदवी, महापथ, शांभवी, ब्रह्मरन्ध्र बताये गये हैं। यह उल्लेखनीय है कि ''रुद्र (महादेव शिव) का नाम एक श्मशानवासी भी है।'' रुद्र ही मूलशक्ति है। प्राण के साथ आत्मा कुण्डलिनी के पास आने पर शक्ति जाग्रत होती है। प्रतीक रूप में रुद्र तपस्या से उठते हैं और इस प्रकार रुद्र, रुद्राणी का विवाह होता है। ईश एवं शक्ति ईश्वरी का मिलन होता है। वे हिमालय के शिखर (हिममय) कैलास (ब्रह्मरन्ध्र, मस्तिष्क, शिर) पर विराजमान होते हैं। सुषुम्ना से ऊपर, सभी चक्रों से गुजर कर मेरुपर्वत शीर्ष पर देवसभा में पहुँचते हैं। वैदिक देवों के शरीर शास्त्र जीवाकृति में रुद्र मस्तिष्क स्थित हैं। मस्तिष्क में श्वेत को हिम की संज्ञा दी गई है।

सुषुम्ना शून्यपदवी ब्रह्मरंध्रं महापथः।
श्माशानं शांभवी मध्यमार्गश्चेत्येकवाचकः।।4।।हठयोग प्रदीपिकाः 3।।

हठ योग प्रदीपिका में कुण्डलिनी के सात नाम– कुटिलांगी, कुंडलिनी, भुजंगी, शक्ति, ईश्वरी, कुंडली एवं अरुंधती मिलते हैं। रुद्राणी, उमा, पार्वती के वाचक शक्ति, ईश्वरी हैं। ''शाक्तों की उपास्य शक्ति, ईश्वरी है।'' यह ''आत्मशक्ति'' है।

कुटिलांगी कुंडलिनी भुजंगी शक्तिरीश्वरी।
कुंडल्यरुंधती चैते शब्दाः पर्यायवाचका।।104।।हठ योग प्रदीपिका,3।।

यजुर्वेद में शरीर में सप्त ऋषियों और सदैव साथ रहनेवाली भगवती अरुंधती का वर्णन किया है। यजुर्वेद में कहा है : ''प्रत्येक शरीर में सप्त ऋषि हैं।'' इन सप्त ऋषियों के साथ अरूधंती कुण्डलिनी रहती है।

सप्त ऋषयः प्रति हिता शरीरे रक्षंति सदमप्रमादम्।।यजुर्वेद 34.55।।

इस प्रकार रुद्राणी पर्वत (मेरुदण्ड) के मूल में (मूलाधार चक्र) रुद्र के लिये तपस्या करती है (शरीर के पृष्ठवंश में मूलशक्ति आदिमाया, शक्ति शांभवी, दुर्गा, चण्डिका, अम्बिका आदि हैं।)। वह रुद्र को ही वरने की इच्छा करती है। यह ''रुद्र कोई अन्य नहीं प्राण सहित आत्मा'' है। इन्द्र जब घमंड

त्यागकर हैमवती उमा की शरण में जाता है, उस समय हैमवती उसको सत्य ज्ञान करवाती है। ''अध्यात्मिक रूप से कुण्डलिनी की जागृति होती है। मन एवं प्राण से संयुक्त होकर आत्मा वहाँ जाता है। तभी ब्रह्मशक्ति का ज्ञान होता है।'' यह मूलभूत रूप से अनुभवजन्य ज्ञान है।

केन उपनिषद् में इन्द्र शब्द इन्द्रिय वाचक शरीर में विद्युत् तत्त्व मन है (अध्यात्म में इन्द्र मन) (अधिदैवत में विद्युत्)। अध्यात्म में सूर्य–नेत्र, वायु–प्राण एवं अग्नि वाक् है। अथर्ववेद के केन सूक्त में ''यक्ष'' का हृदयधाम स्थित स्वर्गधाम में निवास कहा गया है। ''जिसमें आठ चक्र हैं, नौ द्वार हैं, ऐसी देवों की नगरी अयोध्या है। इसके तेजस्वी कोश में प्रकाशमय स्वर्ग है। इसी तेजस्वी कोश में आत्मवान् यक्ष है।।'' अथर्ववेद 10.2.31–33।।

अष्टाचक्रा नवद्वारा देवानां पुरयोध्या।
तस्यां हिरण्ययः कोशः स्वर्गो ज्योतिपावृतः।।31।।
तस्मिन् हिरण्यये कोशं त्र्यरे न्त्रिप्रतिष्ठितै।।
तस्मिन् यद् यक्षमात्मन्वत् तद्वै ब्रह्मविदो विदुः।।32।।
।।अथर्ववेद 10.2.31,32।।

''तप'' का अर्थ–सत्य के आग्रह से प्राप्त कर्तव्य करने के समय जो कष्ट होंगे, उनको आनन्द से सहन करना है। ''तस्ये तपो दम कर्मेति प्रतिष्ठा। वेदाः सर्वांगानि, सत्यमायतनम्।।केन उपनिषद्33।।

यक्ष गाथा में वायु (प्राण), अग्नि (वाक्) आदि ''ब्रह्मरूपी यक्ष'' को जानने में असफल रहते हैं। अन्त में मन यत्न करता है, लेकिन वह भी एक सीमा पर कुण्ठित होता है। मन शक्ति का चिन्तन करते हुए ब्रह्मविषयक चिन्ता करता है। हैमवती उमा (कुण्डलिनी शक्ति) तारणहार सिद्ध होती है। ब्रह्मज्ञान के लिए तप, दम, कर्म आवश्यक है।

देवता गर्व हरण का केन उपनिषद् का प्रसंग ''देवी भागवत'' में बहुत ही रोचक स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है। बादरायण व्यास ने महाराज जनमेजय को दैत्यों पर देवों की विजय का वृत्तान्त सुनाया। सभी देव श्रेष्ठ शक्ति देवी के प्रभाव को नहीं जानकर अपनी शक्ति पर मोहित हो गये। वे स्वयं को श्रेष्ठतम मान रहे थे। उनके गर्वहरण–मोह भंग करने के लिये जगन्माता जगत्जननी यक्ष रूप में प्रकट हुई। उस देवी का तेज कोटि–कोटि सूर्यों के समान प्रकाशमय और कोटि–कोटि चन्द्रों के समान शोभायमान, शीतल था। कोटिशः विद्युतों के समान चमकीला रहा एवं हस्तपाद आदि अवयवों से रहित स्वरूप रहा। यह परम सुन्दर तेजस्वी रूप था। यह देवों ने पहिले कभी देखा नहीं था। देव विस्मित हुए। यक्ष को देखकर देव आपस में

पूछने लगे कि यह महायक्ष कौन है ? सभी देव इकट्ठे होकर यह विचारने लगे कि यह यक्ष कौन है ? जिससे उसके बल का विचार करके ही उसका प्रतिकार किया जा सकता है। इन्द्र ने अग्नि जातवेदा को बुलाकर उसे यक्ष का पता लगाने को कहा। देवी भागवत की शेषकथा केन उपनिषद् की है।

देवी भागवत में भी इन्द्र के गर्वहरण के बाद वह श्रेष्ठ से श्रेष्ठ यक्ष विलुप्त हुआ। इन्द्र को यक्ष से सम्भाषण नहीं करने पर छोटापन प्राप्त हुआ। वह स्वयं से कहने लगाः ''अब मेरा देवसभा में जाना उचित नहीं। वहाँ जाकर क्या कहूँगा ? इससे मृत्यु अच्छी है, सम्मान ही श्रेष्ठों का धन है। सम्मान नष्ट होने पर जीवन मरण के समान है। यह विचार करता हुआ इन्द्र उसी परमदेव की शरण में गया।

उसी क्षण आकाशवाणी हुई : हे इन्द्र! माया बीज का जप करो, और सुखी हो जाओ। इन्द्र ने एक लक्ष (लाख) वर्ष तक निराहार एकाग्रदृष्टि से माया बीज का जप किया। चैत्र नवमी के दिन जगन्माता प्रकट हुई।

जगन्माता ने कहा : ''वह हमारा ब्रह्मरूप है। वह सर्वकारणों का मूल कारण है।'' उन्होंने आगे कहा : ''ओंकार यह एकाक्षर ब्रह्म है, वही मय (माया) है। हे देवश्रेष्ठ! ये दो बीज मेरे दो मुख्य मन्त्र हैं। ''मैं मायाभाग एवं ब्रह्मभाग से सम्पूर्ण जगत् की सृष्टि करती हूँ।'' उनमें एक भाग सत्–चिद्–आनन्द और दूसरा माया–प्रकृति संज्ञक है। वह श्रेष्ठ ही ''मायाशक्ति'' है। मैं उस ''शक्ति से युक्त ईश्वरी'' हूँ। चन्द्र की जैसी चन्द्रिमा वैसा ही यह शक्ति मेरे साथ एकरूप है। यह मेरी माया साम्य नवस्थारूप है। समूचे जगत् का प्रलय होने के बाद भी मेरे अन्दर रहती है। प्राणियों के कर्मों का परिपाक होने पर भी वह ही अपना अव्यक्त रूप व्यक्त करती है। ''अन्तर्मुख अवस्था माया है।'' ''बहिर्मुख माया को तम कहते हैं।'' बहिर्मुख तमोरूप माया से ''सत्व'' कहते हैं। उत्पत्ति के प्रारम्भ में उसी समय ''रजोगुण'' उत्पन्न होता है। ये ही त्रिगुणात्मक ब्रह्मा, विष्णु, महेश्वर हैं। ''रजोगुण आधिक्य से ब्रह्मा, सत्वगुण आधिक्य से विष्णु एवं तमोगुण विशेष से रुद्र है, जो सर्वकारण का रूप धारण करता है। ''स्थूल देह ब्रह्मा है, कारण देह रुद्र है और लिंगदेह विष्णु है।'' मैं तुरीय अवस्था हूँ। ''तीन गुणों की साम्यवस्था सर्वांतर्यामिनी है।'' मेरा वास्तव रूप रहित परब्रह्म है। मेरा रूप दो प्रकार का –''निर्गुण एवं सगुण'' है। माया रहित निर्गुण होता है और माया सहित सगुण है। मैं सकल जगत् उत्पन्न करके, उसमें प्रविष्ट होकर, सभी जीवों को उनके कर्मों एवं संस्कारों के अनुकूल प्रेरित करती हूँ। इतना ही नहीं उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के लिये ब्रह्मा, विष्णु एवं रुद्र को प्रेरित करती हूँ। मेरे भय से वायु, सूर्य, इन्द्र, अग्नि,

जल, मृत्यु आदि देवों के विषय हैं।।64–79।। इस प्रकार देवी भागवत में जगन्माता द्वारा की गई ब्रह्म व्याख्या वेदानुसार ही है।

ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म तदेबाहुश्च ह्रीमयम्।
द्वे बीजे मम मंत्रौ स्तो मुख्यत्वेन सुरोत्तम।।64।।
भागद्वयवती यस्मात् सृजामि सकलं जगत्।
तत्रैकभागः संप्रोक्तः सच्चिदानंदनामकः।।65।।
माया–प्रकृति–संज्ञस्तु द्वितीयो भाग ईरितः।
सा च माया पराशक्तिः ममाभिन्नत्वमागता।।66।।
चंद्रस्य चंद्रिकेवेयं ममाभिन्नत्वमागता।
साम्यावस्थात्मिका सैषा माया मम सुरोत्तम।।67।।
प्रलये सर्वजगतो मदभिन्नैव तिष्ठति।
प्राणिकर्मपरीपाकवशतः पुनरेव हि।।68।।
रूपं तदेवमव्यक्तं व्यक्तीभावमुपैति च।
अन्तर्मुखा तु याऽवस्था सा मायेत्यभिधीयते।।69।।
बहिर्मुखा तु या माया तमः शब्देन सोच्यते।
बहिर्मुखात्तमोरूपाज्जायते सत्वसंभवः।।70।।
रजोगुणस्तदैव स्यात् सर्गादौ सुरसत्तम।
गुणत्रयात्मकाः प्रोक्ता ब्रह्माविष्णुमहेश्वराः।।71।।
रजोगुणाधिको ब्रह्म विष्णु सत्वाधिको भवेत्।
तमोगुणाधिको रुद्रः सर्वकारणरूपधृक्।।72।।
स्थूलदेहो भवेद्ब्रह्मा लिंगदेहो हरिः स्मृतः।
रुद्रस्तु कारणो देहस्तुरीया त्वहमेव हि।।73।।
साम्यावस्था तु या प्रोक्ता सर्वांतर्यामिरूपिणी।
अत ऊर्ध्वं परं ब्रह्म मद्रूपं रूपवर्जितम्।।74।।
निर्गुणं संगुणं चेति द्विधा मद्रूपमुच्यते।
निर्गुणं मायया हीनं सगुणं मायया युक्तम्।।75।।
साऽहं सर्वं जगत् सृष्ट्ठा तदेतः संप्रविश्य च।।
प्रेरयाम्यनिशं जीवं यथाकर्म यथाश्रुतम्।।76।।
सृष्टिस्थितितिरोधाने प्रेरयाम्यहमेव हि।
ब्रह्माणं च तथा विष्णुं रुद्रं वै कारणात्मकं।।77।।
मद्भयाद्वाति पवनो भीत्या सूर्यश्य गच्छति।
इंद्राग्निमृत्युवस्तद्वत् साहं सर्वोत्तमा स्मृता।।78।।देवी भागवत।।

अन्त में महादेवी ने कहा : ''आप सभी अहंकार, दर्प, दंभ, घमंड के कारण महामोहवश मुझे भूल गये!'' ''इसलिये आप समस्त प्रकार का गर्व छोड़कर सच्चिदानन्दरूप मेरी ही शरण में आ जाइये।।'' देवी भागवत की गाथा वैदिक धारणा के अनुरूप है। ऋग्वेद में कहा है : ''ब्रह्मज्ञानीजन एक ही सत्य को (ब्रह्म) अनेक नामों से वर्णन करते हैं।।1.164.46।।'' (अनेक नामों में एक ही सत्य तत्त्व बोध होता है।)

एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यम मातरिश्वानमाहुः।।

।।ऋग्वेद 1.164.46।।

शाक्तमत का मूल ऋग्वेद की ऋचाओं में (वागाम्भृणी सूक्त आदि) है। शाक्त धर्म में ''शक्ति'' की उपासना होती है। इस मत में प्रधान तत्त्व परमात्व शक्ति को अपने अन्दर देखना और परमात्मा शक्ति कार्य अनुभव करना है। शाक्तमत में आद्यशक्ति जगन्माता द्वारा यक्ष रूप में देवों का गर्वहरण महत्वपूर्ण आख्यान है। केन उपनिषद् में हैमवती उमा (हिमवतो दुहिता, रुद्रपत्नी) इन्द्र को उपदेश देती है और देवी भागवत में महादेवी आद्यशक्ति इन्द्र को सत्यज्ञान देती है।

वेदाधारित उपनिषद् हैमवती उमा प्रतीकों के माध्यम से कुण्डलिनी जागरण और ब्रह्मरन्ध्र से परब्रह्म प्राप्ति का महामार्ग स्पष्ट करती है। ऋग्वेद के वागाम्भृणी सूक्त (10.125.1–8) में स्वयं को ''रुद्र, वसु, आदित्य आदि सहित सभी देवों की प्रेरक शक्ति होने का वर्णन है।'' ''वागाम्भृणी सूक्त'' को वेद के ''चण्डीपाठ'' की संज्ञा दी गई है।

केन उपनिषद् का तात्पर्य है कि अन्तः की व्यापक मूल दिव्य आत्मशक्ति सर्वोपरि है। वायु, अग्नि (प्राण, वाक्) को आत्मा का ज्ञान नहीं होता है। एक मात्र इन्द्र (मन) ही उमा की सहायता से आत्मा का ज्ञान प्राप्त कर सकता है। यजुर्वेद में यही कहा है :

अनजेदकं मनसो जवीयो नैनद्देवा आप्नुवन पूर्वमर्षत्।

तद्धावत्तोऽन्यानत्येति तिष्ठत् तस्मिन्नपो मातरिश्वा दधाति।।

।।यजुर्वेद 40.4।।

''वह ब्रह्म अथवा आत्मा नहीं हिलनेवाला है, अर्थात् स्थिर है। वह मन से वेगवान है। इसको देव प्राप्त नहीं कर सकते। वह दौड़नेवाले दूसरों से परे होता है। उसी आत्मतत्त्व में रहनेवाला, माता के गर्भ में रहनेवाला गर्भस्थ जीव कर्मों को धारण करता है''।।यजुर्वेद 40.4।।ऊँ।।

यजुर्वेद

अन्तरिक्ष के प्रधान देवता वायु का विश्वकर्मन्!

वैदिक विज्ञान में सूर्य–मण्डल ''सत्य'' और अन्तरिक्ष ''वायु ऋत'' है। वैदिक परिभाषा में प्रकीर्ण भाव में (केन्द्र बनाकर नहीं रहे) रहे वह ऋत है। और केन्द्रबद्ध को सत्य कहते हैं।

यजुर्वेद में ''वायुदेव की क्रिया का कारण सविता–सूर्य'' बताया गया है। ''दिवो वः सविता पार्पयतु'' का अर्थ है कि हे वायु! सविता देवता आपको गतिशील करें। शतपथ ब्राह्मण में कहा है : ''सविता वै देवानां प्रसविता''। सविता (आदि सूर्य) ही सभी देवताओं को प्रेरणा देनेवाला है अथवा सभी देवों को प्रसव देनेवाला है। ऐतरेय ब्राह्मण में इसे अधिक स्पष्ट करते हुए कहा है कि सूर्य–सविता देवता द्वारा चलित वायु सभी लोकों को पवित्र कर रहा है : ''सवितृप्रसूतो ह्येष एतत्यवते।'' वायु वृष्टि के बल का कार्य जगत् का आप्यायन (पोषण) का कारण है। सूर्य किरणों से वायु में गति होती है।

इषे त्वोर्जे त्वा वायवःस्थ देवो वः सविता।

प्रार्पयतु श्रेष्ठतमाय कर्मण आप्याययध्वम्।।यजुर्वेद 1.11।।

शतपथ ब्राह्मण में ''वायु का नाम वराह'' चौंकाता है : ''इयत्यग्र आसीद्द्वितीयती वो इयमग्रे पृथिव्यास प्रादेशमात्रो। तामेमूष इति वराह उज्जघान।।14.12.11।। शतपथ ब्राह्मण के पृथिवी उत्पत्ति वृत्तान्त में आठ अवस्थाओं के संघात का विवरण है। जल के ऊपर वायु भ्रमण करता है। आठों तत्त्व जल में यत्र–तत्र बिखरे हैं (देखें पृथिवीविद्या)। चारों दिशाओं में वेग रखनेवाली विशेष वायु अपने वेग से सभी तत्त्वों को एकत्र करता है (पृथिवी विद्या)।

उस वायु के दबाव से वे तत्त्व घनीभूत होकर विशीर्ण नहीं हो पाते हैं। श्रुतियों में उस ''वायु का नाम वराह'' रखा गया है। वराह शब्द ''वृ'' और ''अह'' दो धातुओं से मिलकर बना है। वह चारों ओर की वायु सभी तरफ से पृथिवी पिण्ड को आवृत कर लेती है, अर्थात् घेर लेती है। वायु संघात रूप बना देती है। इस कारण उसका नाम वराह रखा है (पृथिवी संरचना का विस्तृत विवरण पृथिवीविद्या में है।)। वैदिक विज्ञान में वैदिक देवों के ''शास्ता रुद्र एवं सूर्य दिवोवराह हैं।'' पौराणिक गाथाओं में जलमग्न पृथिवी का उद्धार वराह द्वारा करने की रोचक गाथा है। वराह देव ने जलमग्न पृथिवी को

घुसकर बाहर निकाला। यह पृथिवी वराह दंष्ट्रा पर ठहरी है। यह श्रुति गाथा का विस्तार भर है। वास्तव में श्रुति का कथन विज्ञान सम्मत है।

ऋग्वेद की भांति यजुर्वेद में वायु के नवनाम ''मातरिश्वा'', ''कवि'' ''मनीषी'', ''अनिल'', ''स्वयंभू'' आदि प्रस्तुत होते हैं।

अनेजदेकं मनसो जवीयो नैनद्देवा आप्नुवन्पूर्वमर्षत्।
तद्धावतोऽन्यानत्येति तिष्ठत् तस्मिन्नपो मातरिश्वा दधाति।।4।।
तदेजति तन्नेजति तद्दरे तद्वन्तिके।
सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः।।5।।
स पर्यगाच्छुक्रमकायमव्रणं अस्नाविरं शुद्धमपापविद्धम्।
कविर्मनीषी परिभूः स्वयम्भूर्याथातथ्यतोऽर्थान्
व्यदधाच्छाश्वतीभ्यः समाभ्यः।।8।।
वायुरनिलममृतमथेदं भस्मान्तं शरीरम्।
ओउम् क्रतो स्मर। क्लिबे स्मर। कृतं स्मर।।15।।

।।यजुर्वेद 40.4,5,8,15।।

मातरिश्वा (अलुक् समास) ''मातरि अन्तरिक्ष श्वयति वर्धते श्विकतिन् डिच्च'' अर्थात् वायु है (पुनरुषसि विविक्तैः मातरिश्वावचूर्ण्य ज्वलयति मदनाग्निं मालतीनां रजोभिः।।शिशुपाल वध 11.17।।)

प्रथम ऋचा का अर्थ है : ''जो बिलकुल नहीं चलता और मन से भी अधिक वेग रखता है।'' यह किसी स्थित गतिशील तत्त्व का संकेत है। इसे देवता भी प्राप्त नहीं कर सकते हैं। वह ठहरा हुआ भी अन्य दौड़नेवालों से आगे रहता है। वह मातरिश्वा वायु तत्त्व है। अन्य ऋचा के उत्तरार्ध में वायु का विशेषण कवि (कल्पनाशील, सर्वकार्यकुशल, सृजनधर्मी), मनीषी (मनन करनेवाला, मन का भाग भी उसमें है, सबको व्याप्त करने का स्वभाव) और स्वयंभू अर्थात् मूलतत्त्व तत्त्व का रूपांन्तरण (स्वयं उत्पन्न) आते हैं।

वह परमात्मा कम्पन्न अथवा गति करनेवाला नहीं है। वह एक है। वह मन से भी अधिक वेगवाला है। उस वेग को देवता भी नहीं पा सकते। वह पहले से सर्वत्र व्याप्त है। दौड़ते हुए अन्य लोगों को लांघ सकता है। उस परब्रह्म में ही स्थित होकर यह वायु पवन आप् (जलों) को धारण करता है।।4।। जीवरूप वह परमात्मा गमन करता है और स्थावर रूप में कभी गतिशील नहीं है। वही चराचर रूप है। वह अज्ञानी के लिये दूर है और ज्ञानी के निकट (हृदय स्थित) है। वह सभी के अन्दर है। वह सभी विकारों से परे है (निरंजन)।।5।। वह परमात्मा सर्वत्र व्यापक है। वह वीर्यरूप (शक्ति), अकाय, अव्रण, स्नायुओं के बंधन से परे, शुद्ध, पाप रहित, कवि, मनीषी,

परिताव्याप्त, स्वयं जायमान आदि है। ''वही परमेष्ठी सदा–सर्वदा के लिये पूर्वकल्पनुकूल ही पँचभूत आदि को बनाता है'' ।।8।।

''वायु (सत्तरह पदार्थों से निर्मित लिंग शरीर) प्राणत्व में मिल जाता है और जीवात्मा उस अमृतमय परमात्मा में।'' अब यह शरीर–भस्म पर्यवसायी शरीर है। अर्थात् लिंग शरीर, जीवात्मा और स्थूल शरीर, मुक्त होने पर अपनी–अपनी गति को प्राप्त हो जाते हैं। हे जीव! संसार के कर्त्ता परमात्मा का ''ओउम्'' करके स्मरण करो। इस परमात्मा को आप मृत्यु–शय्या पर विद्यमान क्लीवता के लिए स्मरण करो। साथ ही अपने किए कर्मों का भी सदा विचार करते रहो। कहीं कोई अनुचित कर्म तो नहीं हो गया है। यहाँ विद्या–अविद्या का उल्लेख है। वे दोनों ही साधन हैं। एक ''अविद्या–लौकिक ज्ञान'' के द्वारा लौकिक दुःखों से पार हुआ जाता है और दूसरा ''विद्या–ब्रह्मविद्या के द्वारा अमृतलाभ'' कराता है।।15।। यजुर्वेद 40.4,5,8,15।।

ऋग्वेद के ''अस्य वामस्य'' सूक्त के ऋषि दीर्घतमा है। दीर्घतमा ऋषि ने तीन देवों–सूर्य, वायु और अग्नि के परस्पर सम्बन्ध का वर्णन किया है।

अस्य वामस्य पलितस्य होतुस्तस्य भ्राता मध्यमो अस्त्यश्नः।
तृतीय भ्राता घृतपृष्ठो अस्यात्रापश्यं विश्वपतिं सप्त पुत्रम्।।
।।ऋग्वेद 1.8.1।।

इस ऋचा में वायु विषयक अधिदैवत अर्थ में मझौला भाई ''वायु सर्वव्यापक'' है। निरुक्तकार वायु विषयक अर्थ करते हैं कि सूर्यदेव अपनी रश्मियों द्वारा आकृष्ट रस को वायु में समर्पित करते हैं। अपनी किरणों द्वारा वायु को गति देते हैं। अथवा ''वायु सूर्य से अन्तरिक्षस्थ रस को हरण कर लेता है।'' मानों तीन लोकों के स्वामी ही थे, उनसे अन्तरिक्ष स्थान वायु ने छीन लिया। अध्यात्मिक रूप से मध्य में रहनेवाला ''वायु सूत्रात्मा'' है। वह परमात्मा का अंश है।

ऋग्वेद के पुरुष सूक्त को मुण्डकोपनिषद् द्वारा नया विस्तार दिया गया है। सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड ही परमात्मा का शरीर है। अग्नि, जिसका मस्तक है, चन्द्रमा–सूर्य दोनों नेत्र हैं। दिशाएँ श्रोत्र हैं, वेद वाणी है। ''विश्वव्यापी वायु प्राण रूप में हृदय में है।'' पृथिवी पाद् रूप है। वह समस्त भूतों का अन्तर्रात्मा है।। मुण्डकोपनिषद् 2.1.4।।

तैत्तिरीयोपनिषद् में स्पष्ट घोषणा की गई है कि ''आकाश से ही वायु की उत्पत्ति मानी जाती है : तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः आकाशाद्वायुः।।'' मूलभूत रूप से वायु, सोम और अप् (आपः) तीनों ही एक ही तत्त्व की तीन

सूक्ष्मतम, सूक्ष्म एवं स्थूल अवस्थाएँ हैं। ''इसलिए परमेष्ठीमण्डल को सोममय मण्डल, आपोमय मण्डल, वायोमय मण्डल भी कहते हैं।''

यजुर्वेद में प्रधान रूप से ''अन्तरिक्ष के प्रधान देवता वायु'' की महिमा का वर्णन है :

।।सप्तविंशोऽध्यायः।।

वायु शुक्रो अयामि ते मध्वो अग्रं दिविष्टिषु।
आ याहि सोमपीतये स्पार्हो देव नियुत्वता।।27.30।।
वायुरग्रेगा यज्ञप्रीः साकं गन्मनसा यज्ञम्।
शिवो नियुद्भिः शिवाभिः।।27.31।।
वायो ये ते सहस्रिणो रथासस्तेभिरा गहि।
नियुत्वान्त्सोमपीतये।।27.32।।
तव वायवृतस्पते त्वष्टुर्जामातरद्भुत।
अवांस्या वृणीमहे।।27.34।।

।।नवमोऽध्यायः।।

वातो वा मनो वा गन्धर्वाः सप्तविंशतिः।।
ते अग्रेऽश्वमयुंजस्ते अस्मिंजवमा दधुः।।9.7।।
वातरंहा भव वाजिन्युज्यमान इन्द्रस्येव दक्षिणः श्रियैधि।
युंजन्तु त्वा मरुतो विश्ववेदस आ ते त्वष्टा पत्सु जवं दधातु।।9.8।।

।।त्रयोदशोऽध्यायः।।

विश्वस्मै प्राणायापान व्यानायोदानाय प्रतिष्ठायै चरित्राय।।13.19।।
वातस्य जूतिं वरुणस्य नाभिमश्वं जज्ञानं सरिरस्य मध्ये।
शिशुं नदीनां हरिमद्रिबुध्नमग्ने मा हिंसीः परम व्योमन्।।13.42।।

।।चतुर्दशोऽध्यायः।।

वायष्ट्रवाऽभि पातु मह्या स्वस्त्या छर्दिया शन्तमेन।
तया देवतयाऽङ्गिरस्वद् ध्रुवा सीदे।।14.14।।
विश्वकर्मा त्वा सादयत्वन्तरिक्षस्य पृष्ठे ज्योतिष्मतीम्।
विश्वस्मै प्राणयापानाय व्यानाय विश्वं ज्योतिर्यच्छ।
वायुष्टेऽधिपतिस्तया देवतयाऽङ्गिरस्वद् ध्रुवा सीदे।।14.14।।

।।पंचदशोऽध्यायः।।

अयं दक्षिणा विश्वकर्मा तस्य रथस्वनश्च रथेचित्रश्व सेनानीग्रामण्यौ।
मेनका च सहजन्या चाप्सरसौ यातुधाना हेती रक्षांसि प्रहेतिस्तेभ्यो नमो
अस्तु। ते नोऽवन्तु ते नो मृडयन्तु ते यं द्विष्मो यश्च नो द्वेष्टि तमेषां
जम्भे दध्मः।।15.16।। (वायु सेनापति स्वरूप में)

।।सप्तदशोऽध्यायः।।

ये देवा देवानां यज्ञियां यज्ञियानां संवत्सरीणमुप भागमासते।
अहुतादो हविषों यज्ञे अस्मिन्त्स्वयं पिबन्तु मधुनो धृतस्य।।17.13।।
ये देवा देवेष्वधि देवत्वमायन् ये ब्रह्मणः पुर एतारो अस्य।
येभ्यो न ऋते पर्वते धाम किंचन न ते दिवो न पृथिव्या अधि स्नुषु।।
।।17.14।।
प्राणदा अपानदा व्यानदा वर्चोदा वरिवोदाः।
अन्याँस्ते अस्मत्तपन्तु हेतयः पावको अस्मभ्यं शिवो भव।।17.15।।

।।अष्टादशोऽध्यायः।।

प्राणश्च मेऽपानश्च मे व्यानश्च मेऽसुश्च मे चितं च म
आधीतं च मे वाक् च मे मनश्च मे चक्षुश्च मे श्रोत्रं
च मे दक्षश्च मे बलं च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्।।18.2।।

।।एकोनविंशोऽध्यायः।।

वायोः पूतः पवित्रेण प्रत्यङ्.क्सोमो अतिद्रुतः।
इन्द्रस्य युज्यः सखा।
वायो पूतः पवित्रेण प्राङ्.क्सोमो अतिद्रुतः।
इन्द्रस्य युज्यः सखा।।19.3।।
वायव्यैर्वायव्यान्याप्नोति सतेन द्रोणकलशम्।
कुम्भीभ्यामम्भृणौ सुते स्थालीभिः स्थालीराप्नोति।।19.27।।

।।द्वाविंशोऽध्यायः।।

प्राणाय स्वाहा ऽपानाय स्वाहा व्यानाय स्वाहा चक्षुषे स्वाहा
श्रोताय स्वाहा वाचे स्वाहा मनसे स्वाहा।।22.33।।
वाताय स्वाहा धूमाय स्वाहा ऽभ्राय स्वाहा मेघाय स्वाहा
विद्योतमानाय स्वाहा......।।22.26।।
ऽन्तरिक्षाय स्वाहा....।।22.29।।
आयुर्यज्ञेन कल्पतां स्वाहा प्राणो यज्ञेन कल्पतां स्वाहा
ऽपानो यज्ञेन कल्पतां स्वाहा व्यानो यज्ञेन कल्पतां स्वाहोदानो
यज्ञेन कल्पतां स्वाहा समानो यज्ञेन कल्पतां स्वाहा....।।22.33।।

।।त्रयोविंशोऽध्यायः।।

वायुष्टा पचतैरवत्वसितग्रीवश्छागैर्न्यग्रोधश्चमसैः शल्मलिर्वृद्ध्या।
एष स्य राथ्यो वृषा पड्भिश्चतुर्भिरेदगन्ब्रह्मा कृष्णश्च नोऽवतु
नमोऽग्नये।।23.13।। द्यौस्ते पृथिव्यन्तरिक्षं वायुश्छिद्रं पृणातु ते।
सूर्यस्ते नक्षत्रैः सह लोकं कृणोतु साधुया।।23.43।।

।।चतुर्विंशोऽध्यायः।।

प्रजापतये च वायवो गोमृगो.........।।24.30।।

सुपर्णः पार्जन्य अतिर्वाहसो दर्विदा ते वायवे..।।24.34।।

।।पंचविंशोऽध्यायः।।

वातं प्राणेनापानेन नासिके उपयाममधरेणौष्ठेन सदुत्तरेण
प्रकाशेनान्तरमनूकाशेन बाह्यं निवेष्यं मूर्ध्ना स्तनयित्नुं
निर्बाधेनाशनिं मस्तिष्केण विद्युतं कनीनकाभ्यां कर्णाभ्यां
श्रोत्रं श्रोत्राभ्यां कर्णौ तेदनीमधरकण्ठेनापः शुष्ककण्ठेन चित्तं
मन्याभिरदितिं शीर्ष्णा निर्ऋतिं निर्जर्जल्येन शीर्ष्णा
संक्रोशैः प्राणान् रेष्माणं स्तुपेन।।25.2।।

।।षड्विंशोऽध्यायः।।

वायुश्चान्तरिक्षं च सन्नते ते मे सं नमतामद।।26.1।।
(यह वायु एवं अन्तरिक्ष परस्पर संगत हैं।)

।।सप्तविंशोऽध्यायः।।

दैव्या होतार ऊर्ध्वमध्वरं नोऽग्नेर्जिव्हामभि गृणीतम्।
कृणुतं नः स्विष्टिम्।।27.18।।

।।अष्टाविंशोऽध्याय।।

देवी दैव्या होतारा देवमिन्द्रं वयोधसं देवौ देवमवर्धताम्।
त्रिष्टुभा छन्दसेन्द्रियं त्विषिमिन्द्रे वयो दधद्वसुवने वसुधेयस्य वीतां यज।।28.4।।

।।एकोनत्रिंशोऽध्यायः।।

प्रथमा वां सरथिना सुवर्णा देवौ पश्यन्तौ भुवनानि विश्वा।
अपिप्रयं चोदना वां मिमाना होतारा ज्योतिः प्रदिशा दिशन्ता।।29.7।।

।।त्रिंशोऽध्यायः।।

अग्नये पीवानं पृथिव्यै पीठसर्पिणं वायवे चाण्डालमन्तरिक्षं
वंशनर्तिन दिवे खलतिं सूयार्य हर्यक्षं नक्षत्रेभ्यः किर्मिरं
चन्द्रमे किलासमह्ने शुक्लं पिंगाक्षं रात्र्यै कृष्णं पिंगाक्षम्।।30.21।।

।।एकत्रिंशोऽध्याय (पुरुष सूक्त विस्तार)।।

पशुँस्ताँश्चके वायव्यानारण्या ग्राम्याश्च ये।।30.6।।

।।त्रयस्त्रिंशोऽध्यायः।।

श्वितीचयः श्वात्रासो भुरण्यन्नो वनर्षदो वायवो न सोमाः।।33.1।।
आपश्चित्पिप्यु स्तर्यो न गावे नक्षन्नृतं जरितारस्त इन्द्र।
याहि वायुर्न नियुतो नो अच्छा त्वं हिधीभिर्दयसे वि वाजान्।।33.18।।

इन्द्राग्नी मित्रावरुणादितिं स्वः पृथिवीं द्यां मरुतः पर्वताँ2 अपः।
हुवे विष्णुं पूषणं ब्रह्मणस्पतिं भगं नु शंसं सवितारमूतये।।33.45।।
विश्वे अद्य मरुतो विश्व ऊती विश्वे भवन्वग्नयः समिद्धाः।
विश्वे नो देव अवसा गमन्तु विश्वमस्तु द्रविणं वाजो अस्मे।।52।।
विश्वे देवा शृणुतेमं हवं मे ये अन्तरिक्षे य उप द्यवि ष्ठ।
ये अग्निजिव्हा उत वा यजत्रा आसद्यास्मिन्बर्हिर्षि मादयध्वम्।।53।।
प्र वायुमच्छा बृहती मनीषा बृहद्रयिं विश्वारं रथप्राम्।
द्युतद्यामा नियुतः पत्यमानः कविः कविमियक्षसि प्रयज्यो।।33.55।।
इन्द्रवायू इमे सुता उप प्रयोभिरा गतम्।
इन्दवो वामुशन्ति हि।।33.56।।
आ नो यज्ञं दिविस्पृशं वायो याहि सुमन्मभिः।।
अन्तः पवित्र उपरि श्रीणानोऽयं शुक्रो अयामि ते।।33.85।।

।।चतुस्त्रिंशोऽध्यायः।।

यस्मिन्नृचः साम यजूंषि यस्मिन् प्रतिष्ठिता रथनाभाविवाराः।
यस्मिँश्चित्तं सर्वमोतं प्रजानां तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु।।34.5।।
सप्त ऋषयः प्रतिहिताः शरीरे रक्षन्ति सदमप्रमादम्।
सप्तापः स्वपतो लोकमीयुस्तत्र जागृतो अस्वप्नजौ सत्रसदो च देवौ।।
।।34।।

।।पंचत्रिंशोऽध्यायः।।

वायुः पुनातु सविता पुनात्वग्नेर्भाजसा सूर्यस्य वर्चसा।
वि मुच्यन्तामुस्रियाः।।35.3।।
शं वातः शं हि ते घृणिः शं ते भवन्त्विष्टकाः।।
शं ते भवन्त्यग्नयः पार्थिवासो मा त्वाऽभि शूशुचन्।।35.8।।

।।षटत्रिंशोऽध्यायः।।

ऋचं वाचं पद्ये मनो यजुः प्र पद्ये साम प्राणं प्र पद्ये चक्षुः श्रोत्रं प्र पद्ये।
वागोजः सहौजो मयि प्राणापानौ।।36.1।।
शं नो वातः पक्तां शं नस्तपतु सूर्यः।
शं न कनिक्रदद्देवः पर्जन्यो अभि वर्षतु।।36.10।।
द्यौः शान्तिरन्तरिक्षं शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः।
वनस्पतयः शान्तिर्विश्वे देवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः सर्वं शान्तिः शान्तिरेव
शान्ति सा मा शान्तिरेधि।।36.17।।

।।सप्तत्रिंशोध्यायः।।

स्वाहा मरुद्भिः परि श्रीयस्व दिवः

संस्पृशस्पाहि मधु मधु मधु।।37.13।।
।।अष्टात्रिंशोऽध्यायः।। (वायु नाम जप)
समुद्राय त्वा वाताय स्वाहा सरिराय त्वा वाताय स्वाहा।
अनाधृष्याय त्वा वाताय स्वाहा ऽप्रतिधृष्याय त्वा वाताय स्वाहा।
अवस्यवे त्वा वाताय स्वाहा ऽशिमिदाय त्वा वाताय स्वाहा।।38.7।।
चतुःस्रक्तिर्नाभिर्ऋतस्य सुप्रथाः स नो विश्वायुः सप्रथा स नः
सर्वायुः सप्रथाः। अप द्वेषो अप व्हरोऽन्यव्रतस्य सश्चिम।।38.20।।
एकोनचत्वारिंशोऽध्यायः।।
स्वाहा प्राणेभ्यः साधिपतिकेभ्यः। पृथिव्ये स्वाहा ऽग्नये स्वाहा
ऽन्तरिक्षाय स्वाहा वायवे स्वाहा। दिवे स्वाहा सूर्याय स्वाहा।।1।।
दिग्भ्यः स्वाहा चन्द्राय स्वाहा नक्षत्रेभ्यः स्वाहा ऽदभयः
स्वाहा वरुणाय स्वाहा। नाभ्यै स्वाहा पूताय स्वाहा।।2।।
वाचे स्वाहा प्राणाय स्वाहा प्राणाय स्वाहा। चक्षुसे स्वाहा
चक्षुषे स्वाहा श्रोताय स्वाहा श्रोताय।।3।।
मनसः काममाकूतिं वाचः सत्यमशीय।
पशूनां रूपमन्तस्य रसो यशः श्रीः श्रयतां मयि स्वाहा।।4।।
प्रजापतिः सम्भ्रियमाणः सम्राट् सम्भृतो वैश्वदेव संसन्नो धर्मः
प्रवृक्तस्तेज उद्यत आश्विनः पयस्यानीयमाने पौष्णे।
विष्यन्दमाने मारुतः क्लथन्।
मैत्रः शरसि सन्ताय्यमाने वायव्यो ह्रियमाणं
आग्नेयो हूयमानो वाग्घुतः।।5।।
सविता प्रथमेऽहन्नग्निर्दितीये वायुतृतीय आदित्यश्चतुर्थे
चन्द्रमाः पंचम ऋतुः षष्ठे मरुतः सप्तमे बृहस्पतिरष्टमे।।39.6।।
।।पंचविंशोऽध्यायः।।
मरुतां स्कन्धा विश्वेषां देवानां प्रथमा कीकसा रुद्राणां
द्वितीयाऽऽदित्यानां तृतीया वायोः पुच्छमग्नीषोमयोर्भासदौ
क्रुंचौ श्रोणिभ्यामिन्द्राबृहस्पती ऊरुभ्यां मित्रावरुणाल्गाभ्यामाक्रमणं
स्थूराभ्यां बल कुष्ठाभ्याम्।।25.6।।
यः प्राणतो निमिषतो महित्वैक इद्राजा जगतो बभूव।
य ईशे अस्य द्विपदश्चतुष्पदः कस्मै देवाय हविषा विधेम।।25.11।।
तन्नो वातो मयोभु वातु भेषजं तन्माता पृथिवी तत्पिता द्यौः।
तद् ग्रावाणः सोमसुतो मयोभुवस्तदश्विना शृणुतंधिष्ण्या युवम्।।
।।25.17।।

स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्ताक्ष्र्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु।।25.19।।
मा नो मित्रो वरुणे अर्यमायुरिन्द्र ऋभुक्षा मरुतः परिख्यन्।
यद्वाजिनो देवजातस्य सप्ते प्रवक्ष्यामो विदथे वीर्याणि।।25.20।।

वायु के नामों का इन्द्रजाल

श्रुतियों–स्मृतियों में वायु के नाम इन्द्रजाल के समान हैं। श्रुतियों में वायु के 49 नामों का उल्लेख है, कहीं वायु के कुछ प्रकारों का वर्णन है। शब्दकोशों में उपलब्ध वायु के प्रमुख नाम है : श्वसनः, स्पर्शनः, मातरिश्वाः, सदागति, पृष्ठगन्ध, गन्धवहः, गन्धवाहः, अनिलः, आशुगः, समीरः, मारुतः, मरुत्, जगत्प्राणः, समीरणः, नभस्नान्, वातः, पवनः, पवमानः, प्रभंजनः, स्वन्यासः, वाहः, धूलिध्वजः, फणिप्रियः, वातिः, नभःप्राणः, भोगिकान्तः, साकन्यनः, अक्षतिः, कन्यलक्ष्मा, शसीनिः, आवकः, मृगवाहनः, हरिः, वासः, सुस्वाशः, सारः, त्तंचलः (चंचल), विहगः, प्रकमपनः, नभस्वरः, निश्वासकः, स्तनूतः, पृष्ठतांपति (शबदकल्पद्रुम, जटाधर, शब्द रत्नावली से); प्रवाह, आवह, उद्वाह, संवह, विवह, परिवह सप्तषिम, परावाह (सप्तवायु); इन्सांक्रुत, धूनाय, ऋषिदंश, द्यूतनया (द्यौतनया), परिजया, महिष, अभ्यव, सुदनव, चित्रभानव, मंचिन, स्वात्वासा, रघुश्यद, गिरे, हस्तिन, मृगैव, प्रचेतस, सूपीष, सब्द (शब्द), अहिमन्यव, रुष्टिमी, प्रष्टिभि, रुद्रस्य, युवना, अभोग्य धन, अधिग्रव, अजरा, रुद्रको (निघण्टु), ववक्षु, चित्रेय, नारा (नर), अज्जोभि, वक्षसु, दिवा, निमिमुक्षु, हिरण्यय, नगराज आदि।

वेद

वायु, वात, मातरिश्वा, मरुत, मारुत, पवमान, प्राण, वत्स, नियुत्वता रथेन, शुचिपा, सुक्रतु, अमृतस्य निधि, परिपाणं, सर्वस्य ईश्वर, भेषज, अवांसि वृणीमहे, वपुषि स्वराट्, अंगिरस्वत्, नृषोम, रारहाणाः, सुनृता, सुकृताः, नव्येषु, परावति, धर्मणा, आसुर्यात्, भुवनात् पासि, अपूर्व्यः, अस्थिरन्, वीतये, सुवायो, इमे बाहु ओजसः बाव्होजस, सहस्त्रिणः रथासः, दिविष्टिषु, पूर्वपाः, विवःन, विपः, नियुत्वान्, अशस्तीः, बसु–धिती, विश्व–पेशस्, मनोयुजः, युक्तासः, वीतये, वरिया, पोष्याणाम्, विश्व–वार, कवि, मनीषी, अन्–अवद्यास्, अध्वर, सुमेधा, रयिं–वृधः, अभि–श्री, स्वपत्यं, त्वष्टुः जामाताः, अपूर्व, ईशानं, शतंदासे, दिविस्पृशं, सुमन्मभिः, महिमानं, अरुणानि कृण्वन्, अनिल, महाघोषा, शंभु, मयोभुः, शाक्वराय, शक्वने, तनूनप्त्रे, ओजिष्ठाय, आपतये, विकस्तं ह्वदय, विश्वकर्मा, परमेष्ठी, समुद्रः असि, आर्द्रदानुः, विचर्षणीः, अग्रेगाः, शिवाभिः, यज्ञप्रीः, विश्ववारं, विश्वम्भर देव, वैश्वानर, सहःदाः, बलं दाः, परिपाणं दाः, तपस्वी, संदीपन शक्ति,

हरणशक्ति, तेजः शक्ति, शोचिः शक्ति, अर्चिः शक्ति, सर्वं प्रतिष्ठितम्, स्तनयित्नवे, परायते, तिष्ठते, सुश्रवः, सर्वजन्मनः, व्रात्यः, प्रजापतिः, अन्तरिक्षे वायवे समनमन अन्तरिक्ष में वायु का सन्मान, गन्धर्व, देवानां आत्मा, रुद्र आदि। वेद में वायु के लिये प्रयुक्त विशेषण ही उनके सहस्र नामों की संरचना करनेवाले हैं।।ऊँ।।

योग याज्ञवल्क्य :दशवायु
दशम् वायु धनंजय का मायाजाल

वेद से लेकर योग याज्ञवल्क्य वायु के गोपन से गोपन रहस्य से साक्षात्कार करवाते हैं। योग वासिष्ठ के बाद महर्षि याज्ञवल्क्य ने अपनी विदुषी पत्नी गार्गी को ब्रह्माजी से प्राप्त योग, साधना, प्राणवायु, दशप्रकार की वायु आदि का ब्रह्मज्ञान सूत्रात्मक, कूटात्मक, लक्षणात्मक, अभिव्यंजनात्मक, प्रतीकात्मक आदि स्वरूप में दिया। महर्षि याज्ञवल्क्य ने दश वायु–प्राण, व्यान, अपान, समान, उदान (प्रधान) और नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त एवं धनंजय के शरीरस्थ निवास (स्थान), कार्य, शक्ति, महामायावी रूपाकार को स्पष्ट किया। उनकी व्याख्या उपवेद–आयुर्वेद से कुछ इतर है।

इन दश प्राणवायु में ''धनंजय वायु'' अधिकांश आगमों एवं वर्तमान भौतिक वैज्ञानिकों के लिए अनुत्तरित पहेली बनी है। वैदिक विज्ञान के अनुसार अन्तिम दशवी धनंजय वायु मनुष्य की मृत्यु के उपरान्त भी शरीर में घण्टों रहती है। यह अवधि चार से छह घण्टे मानी जाती है। धनंजय के देह त्यागने पर ही मनुष्य की वास्तविक मृत्यु होती है। यह यक्षप्रश्न है कि क्या इन चार घण्टे अथवा अधिक समय में धंनजय के रहते मृतक को पुनः जीवित किया जा सकता है ? ''धनंजय वायु वास्तव में आकाश तत्त्व है। यह देह से महाकाश में विलीन होती है।''

योग याज्ञवल्क्य धनंजय की गूढ़तम माया को सुलझाने की महाकुंजी है। यह स्मरण रहे कि महर्षि याज्ञवल्क्य ने प्राण और प्राणायाम के चक्रव्यूह भेदन का ज्ञान विदुषी गार्गी को दिया। गार्गी की जिज्ञासा रही कि मूलतः प्राणायाम क्या है ? महर्षि याज्ञवल्क्य कहा कि (प्रधान प्राण) ''प्राण एवं अपान के मध्य संतुलन ही प्राणायाम हैं। प्राणायाम में रेचक, पूरक एवं कुंभक शामिल हैं। प्राणायाम प्रणव अ, उ, म (ओउम्) है।''

प्राणापानसमायोगः प्राणायाम इतीरितः।

प्राणायाम इति प्रोक्तो रेचपूरककुम्भकैः।।6.2।।
वर्णत्रयात्मका ह्येते रेचपूरककुम्भकाः।
स एषः प्रणवः प्रोक्तः प्राणायामश्च तन्मयः।।6.3।।
बाह्यादापूरणं वायोरुदरे पूरको हि सः।
सम्पूर्णकुम्भवद्वायोर्धारणं कुम्भको भवेत्।। 6.24।।
बहिर्यद्रेचनं वायोरुदराद्रेचकः स्मृतः।
प्रस्वेदजनको यस्तु प्राणायामेषु सोऽधमः।।6.25।।

योगयाज्ञवल्क्य के सूत्रों के अनुसार प्राणवायु की ऊर्ध्वगति और अपानप्राणवायु की नीचे की ओर गति है। इन दोनों में समायोग आवश्यक है। इसमें ऊर्ध्वगति के आधिक्य से कफ, व्याधि और नीचे की गति अधिक होने से दस्त, मासिक धर्म आदि रोग होते हैं। इसलिये दोनों प्रधानवायु प्राण–अपान के मध्य गत्यात्मक सम्बन्ध से ही निरोग रह सकते हैं। चतुर्थ अध्याय में गार्गी ने देहस्थ नाड़ियों के शुद्धिकरण, प्राण की स्थिति, दशवायु के कार्य एवं शरीर में स्थिति आदि की जिज्ञासा की :

उत्पत्तिं चापि नाडीनां चारणं च यथाविधि।
कन्दं च कीदृशंः प्रोक्तं कति तिष्ठन्ति वायवः।।4.3।।
स्थानानि चैव वायूनां कर्माणि च पृथक्पृथक्।
विज्ञातव्यानि यान्यस्मिन्देहे देहभृतां वर।।4.4।।

महर्षि याज्ञवल्क्य ने स्पष्ट किया कि यह देह 96 अँगुल की है। प्राण देह से 12 अंगुल अधिक बृहद है। देह में कन्दस्थान देहमध्य से नौ अँगुल पर है।

''शरीरं तावदेव हि षण्णवत्यङ्.गुलात्मकम्।।4.6।।''
''शरीराषिकः प्राणो द्वादशाङ्.गुलमानतः।।4.7।।

कन्दस्थान का मध्य नाभि कहलाता है। नाभि पर चक्र का उद्भव होता है। इसके बारह आरों पर देह अवस्थित है। नाभि को सभी नाड़ियों का उत्पत्ति का केन्द्र स्थान बताया गया है (पंतजलि योगसूक्त)। इस चक्र पर मनुष्य के पाप, पुण्य भ्रमण करते हैं। योग याज्ञवल्क्य में 72000 नाड़ियों में से 14 प्रधान नाड़ियों का वर्णन किया गया है।

प्रधान 14 नाड़ियाँ

कन्दरमध्ये स्थिता नाडी सुषुम्णेति प्रकीर्तिका।
तिष्ठन्ति परितः सर्वाश्चक्रेऽस्मिन्नाडीसंज्ञका।।4.25।।
नाडीनामपि सर्वासां मुख्यास्त्वेताश्चतुर्दश।
इडा च पिंगला चैव सुषुम्णा च सरस्वती।।4.26।।

वारुणी चैव पूषा च हस्तिजिव्हा यशस्विनी।
विश्वोदरा कुहूश्चैव च शंखिनो च पयस्विनी।।4.27।।
अलम्बुषा च गान्धारी मुख्याश्चैताश्चतुर्दश।
आसां मुख्यतमास्तिस्त्रस्तिसृष्वेकोत्तमोत्तेमा।।4.28।।

कन्दस्थान के मध्य सुषुम्ना नाड़ी है। नाभिचक्र के सभी ओर नाड़ियाँ हैं। इनमें प्रमुख चौदह नाड़ियाँ– इडा, पिंगला, सुषुम्ना, सरस्वती, वारुणी, पूषा, हस्तिजिव्हा, विश्वोदरा, कुहू, यशस्विनी, शंखिनी, पयस्विनी, अलम्बुषा एवं गांधारी हैं। सुषुम्ना मुक्ति का द्वार है। यह ब्रह्मरन्ध्र तक ले जाती है। महर्षि याज्ञवल्क्य ने देह में सभी प्रधान नाड़ियों की स्थिति और कार्यों की बहुत ही सुन्दर व्याख्या की है। उन्होंने नाड़ियों के उद्गम और अन्तिम छोर का बहुत चित्रलिखित वर्णन किया है।

चौथे अध्याय में प्राण के आवास के अलावा अपान, व्यान, उदान, समान (पँच प्रधान वायु) के देहस्थ स्थान और कार्यों का वर्णन दिया गया है।

प्राणालय

आस्यनासिकयोर्मध्ये ह्रन्मध्ये नाभिमध्यमे।
प्राणालय इति प्राहुः पादाङ्.गुष्टेऽपि केचन।।4.50।।
अघश्चोर्ध्वं च कुण्डल्याः परीतः प्राणसंज्ञकः।
तिष्ठन्नेतेषु सर्वेषु प्रकाशयति दीपवत्।।4.51।।

अपाननिलय

अपाननिलयं केचिद् गुदमेढोरुजानुषु।
उदरे वृषणे कटयां जंघेनाभौ वदन्ति हि।।4.52।।
गुदाग्न्यागारयोस्तिष्ठन्मध्येऽपानः प्रभंजनः।
अघश्चोर्ध्वं च कुण्डल्याः प्रकाशयति दीपवत्।।4.53।।

व्यानालय

व्यानः श्रोत्राक्षिमध्ये च कृकटयां गुल्फयोरपि।
घ्राणे गले स्फिजोर्देशे तिष्ठत्यत्र न संशयः।।4.54।।

उदाननिलय

उदानः सर्वन्धिस्थः पादयोर्हस्तयोरपि।

समानालय : 72000 नाड़ी पथ

समानः सर्वगात्रेषु सर्व व्याप्य व्यवस्थितः।।4.55।।
भुक्तं सर्वरसं गात्रे व्यापयन्वह्निना सह।
द्विसप्ततिसहस्रेषु नाडीमार्गेषु संचरेत्।।4.56।।

समानवायुरेवैकः साग्निर्व्याप्य व्यवस्थितः।
अग्निभिः सह सर्वत्र सांगोपांगकलेवरे।।4.57।।

दश वायु : प्राण से धनंजय

प्राणोऽपानःसमानश्च उदानो व्यान एव च।
नागः कूर्मोऽथ कृकरो देवदत्तो धनंजयः।।4.47।।
एते नाडीषु सर्वासु चरन्ति दश वायवः।
एतेषु वायवः पंच मुख्याः प्राणादयः स्मृताः।।4.48।।
तेषु मुख्यतमावेतौ प्राणापानौ नरोत्तमे।
प्राण एवेतयोर्मुख्यः सर्वप्राणभृतां सदा।।4.49।।

नाग से धनंजय निलयं

नागादि वायवः पंच त्वगस्थ्यादिषु संस्थिताः।
तुन्दस्थं जलमग्नं च रसानि च समीकृतम्।।4.58।।

वायु के कार्य

निःश्वासोच्छ्वासकासाश्च प्राणकर्मेति कीर्त्यते।
अपानवायोः कर्मैतद्विण्मूत्रादिविसर्जनम्।।4.67।।
हानोपादानचेष्टादि व्यानकर्मेति चेष्यते।
उदानकर्म तत्प्रोक्तं देहस्योन्नयनादि यत्।।4.68।।
पोषणादि समानस्य शरीरे कर्म कीर्तितम्।
उद्गारादि गुणो यस्तु नागकर्मेति कीर्त्यते।।4.69।।
निमीलनादि कूर्मस्य क्षुतं वै कृकरस्य च।
देवदत्त विप्रेन्द्रे तन्द्रीकर्मेति कीर्तितम्।।4.70।।
धनंजयस्य शोफादि सर्वं कर्म प्रकीर्तितम्।
ज्ञात्वैवं नाडीसंस्थानं वायूनां स्थानकर्मणी।।4.71।।

योग याज्ञवल्क्य में महर्षि याज्ञवल्क्य ने सभी दशों वायु के निलय और कार्यों का संक्षिप्ततम कूटात्मक विवरण दिया है। प्रधानतम वायु प्राण का स्थानहनु एवं नासिका के मध्य हृदय स्थान में नाभि के चारों ओर, पादांगुली, कुण्डलिनी को घेरे और कार्य–श्वास लेना, श्वास निकालना, भोजन पृथकीकरण, रस, छींकना, कफ आदि ; अपान वायु का आलय–गुदा, जनेन्द्रिय, जंघा, घुटने, पेट, अण्डकोश, जानुफलक, नितम्ब, नाभि, एवं कार्य–मलोत्सर्जन; व्यान का आलय–नेत्र एवं कर्ण के मध्य, नाक, कण्ठ, गले के पार्श्व में, नितम्ब और कार्य–अन्दर लेना एवं बाहर छोड़ना ; उदान का निलय–सभी अस्थि एवं अन्य संधि स्थल, टांग, हाथ एवं कार्य–विकास, उन्नति, नमन आदि और समान–सर्वत्र शरीर में व्याप्त और कार्य पोषण, देह

विकास है। उधर भौतिक देहस्थ में नागवायु का कार्य डकार, उलटी ; कूर्म वायु का कार्य– नेत्र को खोलना एवं बंद करना ; कृकर वायु का कार्य – छींकना ; देवदत्त वायु का प्रकार्य – निद्रा, तंद्रालुता, उनींदापन और धनंजय का कार्य – महातरंग, सूजन, स्फीति, वृद्धि, उभार, बढ़ाव, फुलाव आदि है। आयुर्वेद इन दश वायु के निलय और प्रकार्य को योग याज्ञवल्क्य से इतर कहता है।

दश वायु में ''धनंजय वायु'' आकाश तत्त्व होने से समूची देह में और बहत्तर हजार नाड़ी पथों में स्वतन्त्र विचरण करता है। धनंजय का प्रधान केन्द्र मस्तिष्क का मध्य भाग, त्रिकुटी में और शतदल कमल में है। शब्द कल्पद्रुम, शारदा तिलक, सुबोधिनी, वैदिक अग्निविद्या आदि धनंजय के रहस्यों से आवरण हटाते हैं। वैदिक अग्निविद्या में अग्नि का नाम धनंजय है। धनंजय का अर्थ धन प्रदाता है। धन का आशय अध्यात्मिक है।

धनंजय–देह मारुतः। स च शरीरबाह्यपंचवायुन्तर्गतः।।मेदिनी।।

धनंजयः पोषणकरः।।वेदान्तसारः।।

न जहाति न्टव्यापि सर्व्वव्यापी धनंजयः।।सुबोधिनी।।

धनंजयस्तथा घोषे महारजतवर्णकः।
ललाटे चोरसि स्कन्धे हृदि नाभौ त्वगस्थिषु।।

।।शारदातिलकटीका राघवभट्ट।।

उद्वेजयति भूतानि क्रूरवाक् धनदोऽपि सन्।। कामन्दकीय नीतिसारे।।

धनंजय (धन+जि+खच्, मुम्)। महाभारत में धनंजय नाम की व्युत्पत्ति के बारे में लिखा है : ''सर्वांजनपदान् जित्वा वित्तमादाय केवलम्, मध्ये धनस्य तिष्ठामि तेनाहुमाँ धनंजयम्।।'' धनंजय अग्नि का भी विशेषण है। धनंजय का एक अर्थ पोषण करनेवाला भी है। वैदिक विज्ञान में पाँच प्रमुख वायु और शेष पाँच वायु युगल का उल्लेख मिलता है। इन युगल में प्राण एवं नाग ; अपान एवं कूर्म, समान एवं कृकर (कृकल) ; उदान एवं देवदत्त और व्यान एवं धनंजय हैं। व्यान का रक्त संचार प्रकार्य बताया गया है। व्यान–धनंजय प्रबुद्धता प्रदान करते हैं। इसमें साधना से ''ऋतुम्बरा प्रज्ञा'' प्राप्त होती है।

समूचे शरीर में व्याप्त धनंजय वायु 72000 नाड़ी मार्गों में आकाश तत्त्व स्वरूप में उपस्थित होने से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। आकाशविद्या के अनुसार सम्पूर्ण शरीर में आकाश तत्त्व विद्यमान है। आकाशविद्या की साधना से परमव्योम से सम्बन्ध स्थापित होता है। वेद में ''ख'' आकाश है। श्रीतन्त्रालोक के अनुसार ''ख'' का उच्चारण दश प्रकार से किया जाता है और उनके अधिभौतिक, अधिदैविक, अध्यात्मिक प्रभाव भी अलग–अलग हैं।

वहीं ''राव'' भी दश प्रकार के हैं। ''राव'' से मुक्ति–मोक्ष–कैवल्य की प्राप्ति होती है। यह ''राविणी विद्या'' कहलाती है। पँच महाभूतों में आकाश प्रथम महाभूत एवं परमेष्ठी है। यहाँ महर्षि याज्ञवल्क्य द्वारा उल्लेखित धनंजय वायु आकाश तत्त्व होने से सर्वशक्तिमान, सार्वभौम, सर्वजनिन, सर्वकालिक, सर्वव्याप्त आदि है। अतः मनुष्य के शरीर में सभी बहत्तर हजार नाड़ियों एवं सर्वत्र व्याप्त धनंजय वायु से असम्भव भी सम्भव करना सामान्य है। किन्तु इसके लिए प्राणवेद (यजुर्वेद), प्राणसूक्त (अथर्ववेद), योगवासिष्ठ, योग याज्ञवल्क्य, घेरण्ड संहिता, त्रिशिखिब्राह्मण उपनिषद्, वायवीय संहिता, योगविज्ञान, व्योमवाद, स्फोटवाद, स्फोटसिद्धि, अग्निविद्या, आदि के सिद्ध ऋषि के मार्गदर्शन में आत्मसात करना प्राथमिक एवं अनिवार्य शर्त है। वैसे उपनिषद्, योग ग्रन्थों, पुराण आदि में भी धनंजय का विवरण मिलता है।

(धनंजय वायु से उपचार का लम्बा–चौड़ा विवरण मिलता है। लेकिन वह योग याज्ञवल्क्य का विरोधाभासी है। महर्षि याज्ञवल्क्य ने वायु से देह के रोगों के उपचार का भी वर्णन किया है। उनका उल्लेख वायोपचार खण्ड में है।)।।ॐ।।

सर्वव्यापी, सर्वपोषक, प्रकाश से भी तीव्रतर : धनंजय वायु

त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्, योगशिखोपनिषद्, योग विज्ञान, घेरण्ड संहिता, वायवीय संहिता, व्योमवाद, प्राणवेद, प्राण सूक्त, प्राणविद्या आदि दश वायु और उनमें धनंजय वायु के गोप्यं गोप्यं परमं गोप्यं स्वरूप से परिचय करवाते हैं। यह अभूतपूर्व अप्रत्याशित है कि ''धनंजय वायु की गति प्रकाश की गति से भी तेज है।'' ''धनंजय वायु व्यान वायु की तरह हल्की गुलाबी आभावाला'' माना गया है। व्यान वायु की गुणवत्ता रजोगुण है।

पँच प्रधानवायु में अन्तिम व्यान वायु का आभा मण्डल बृहद होता है। सभी सात चक्रों में हल्की गुलाबी वर्ण की व्यान वायु अल्प मात्रा में उपलब्ध रहती है। व्यान वायु कभी भी धनंजय वायु को नहीं उलांघती है। वहीं कूर्म वायु हल्के नीले रंग की बतायी जाती है। यह अद्भुत है कि पाँचवी प्रधान वायु आकाश महाभूत है। यह वायु स्थूल तत्त्व है। ''अध्यात्मिक दृष्टि से हल्की गुलाबी आभा उच्चतर अध्यात्मिक स्थिति का द्योतक है'' और नीला रंग

स्थूल भावना की अभिव्यक्ति है। सिद्ध शरीर का आधार हल्का गुलाबी वर्ण का होता है।

अव्यक्त प्राण–व्यान प्राण वायु और उपप्राण धनंजय वायु का मिलन होता है। योग याज्ञवल्क्य आदि के अनुसार व्यान वायु–धनंजय वायु का युगल है। वैदिक विज्ञान के अनुसार व्यान वायु का धनंजय वायु में सीधा प्रवाह होता है। धनंजय वायु प्रथम महाभूत आकाश तत्त्व प्रधान है। धनंजय वायु उच्चतर मनोमय कोष को नियंत्रित करती है। धनंजय मन की स्थिरता को भी नियंत्रित करनेवाली है। धनंजय महत्वपूर्ण वायु आवरण है। धनंजय का सीधा सम्बन्ध मन शरीर एवं कारण शरीर से है : ''अन्तःकरण चतुष्टय।'' ''व्यान–धनंजय से सहस्रार अमृत कलश, सहस्र पंखडीवाला कमल सक्रिय होते हैं।'' धनंजय समूचे शरीर में सर्वव्यापी एवं सर्व पोषक है। इनमें ''साधना से सूक्ष्म दिव्य लोकों का ज्ञान'' होता है। यह सहस्रार में प्रतिष्ठित मानी गई है।

शुक्ल यजुर्वेद के अन्तर्गत त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् है। इसमें ब्रह्मज्ञानी त्रिशिखि और सूर्य के मध्य संवाद है। त्रिशिखि का अर्थ–तीन शिखाधारी, तीन गुच्छ, तीन मोरपंख, तीन ब्रह्मविद अर्थात् तीनों वेदों का ज्ञाता, तीन विद्याओं का ज्ञाता, ब्रह्मविद आदि है। त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् के अनुसार त्रिशिखि आदित्य लोक गया और सूर्य से पूछा : देह क्या है, प्राण क्या है और आत्मा का कारण क्या है ? अखिल जगत् की उत्पत्ति कैसे हुई ? सूर्य के आकाश आदि में नाम भेद, उनके विषय भेद, सूक्ष्मभूत मात्रा, उनके अध्यात्मिक विभाग, कर्मयोग, निर्विशेषब्रह्मज्ञानोपाय, हठयोगरीत्या आसनादि, नाड़ीशुद्धि, अग्निमण्डल स्वरूप, नाभिस्थान, नाड़ीचक्रे जीवभ्रमण, कुण्डलिनी स्थान, देहमध्यनाड़ीकन्दस्वरूप, नाड़ीचराः वायु आदि पर प्रकाश डाला। यह नाडीचरः वायुवः दश वायु उनके आलय एवं उत्तरदायित्व की व्याख्या करता है।

नाडीचरः वायवः

प्राणापानौ समानश्च उदानो व्यान एव च।
नागः कूर्मश्च कृकरो देवदत्तो धनंजयः।।77।।
चरन्ति दशनाडीषु दश प्राणादिवायवः।
प्राणादिपंचकं तेषु प्रधानं त्रय च द्वयम्।।78।।
प्राणा एवाथवा ज्येष्ठो जीवात्मानं विभर्ति यः।
आस्यनासिकयोर्मध्यं हृदयं नाभिमण्डलम्।।79।।
पादंगुष्ठमिति प्राणस्थानानि द्विजसत्तम।
अपानश्चरति ब्रह्मन् गुदमेढ्रोरुजानुषु।।80।।
समानः सर्वगात्रेषु सर्वव्यापी व्यवस्थितः।

उदानः सर्वसन्धिस्थः पादयोर्हस्तयोरपि।।81।।
व्यानः श्रोत्रोरूकट्यां च गुल्फस्कन्धगलेषु च।
नागादिवायवः पंच त्वगस्थ्यादिषु संस्थिताः।।82।।
तुन्दस्थं जलमन्नं च रसादि च समीकृतम्।
तुन्दमध्यगतः प्राणस्तानि कुर्यात्पृथक्पृथक्।।83।।
इत्यादिचेष्टनं प्राणः करोति च पृथक्स्थितः।
अपानवायुर्मूत्रादेः करोति च विसर्जनम्।।84।।
प्राणापानादिचेष्टादि क्रियते व्यानवायुना।।
उज्जीर्यते शरीरस्थमुदानेन नभस्वता।।85।।
पोषणादि शरीरस्य समानः कुरुते सदा।
उद्गारादिक्रियो नागः कूर्मोऽक्ष्यादिनिमीलनः।।86।।
कृकरः क्षपयोः कर्ता दत्तो निद्रादिकर्मकृत्।
मृतगात्रस्य शोभादि धनंजय उदाहृतः।।87।।
।।एक सौ आठ उपनिषद्, अडियार।।।त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्।।

त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् में आत्मा एवं ब्रह्म विषयक प्रश्नोत्तर अद्भुत हैं। इसमें पँच महाभूतों के पँचीकरण से व्यावहारिक पँचभूतों के उद्भव एवं विकास की प्रक्रिया की बहुत ही सुन्दर व्याख्या मिलती है। इसके प्रथम ब्राह्मण के नवम् मंत्र में कहा है : आकाश– ''ज्ञातृत्व'' ''समन वायु'' के योग से, श्रोत्र के द्वारा शब्दरूपी गुण वाणी के आश्रय से आकाश में अवस्थित है। आकाश भी उसमें प्रतिष्ठित है। वायु– ''मन'' ''व्यान वायु'' के द्वारा स्पर्श गुण हाथ के माध्यम से वायु में अवस्थित है एवं वायु भी उसी में विद्यमान है। अग्नि– ''बुद्धि'' ''उदान वायु'' के योग से नेत्र द्वारा रूप गुण, पैरों के आश्रय से अग्नि में प्रतिष्ठित है एवं अग्नि भी उसी में अवस्थित है। जल–''चित्त'' ''अपान वायु'' के योग से जिव्हा के द्वारा रस गुण, उपस्थ के माध्यम से जल में अवस्थित है, जल भी उस में अवस्थित है। पृथिवी– ''अहंकार'' ''प्राण वायु'' के संयोग घ्राण–गुण, गुदा के माध्यम से पृथिवी में अवस्थित है एवंपृथिवी भी उसी में अवस्थित है।।1.9।। यहाँ समान वायु– ज्ञातृत्व, व्यान वायु–मन, उदान वायु–बुद्धि, अपान वायु– चित्त एवं प्राण वायु–अहंकार योग का उल्लेख किया गया है। वहीं व्यान वायु–वायु तत्त्व, समान वायु– आकाश तत्त्व, उदान वायु – अग्नि तत्त्व, अपान वायु – जल (आप्ः) तत्त्व एवं प्राण वायु–पृथिवी तत्त्व बताया गया है।

स्थूल एवं सूक्ष्म नाड़ियों में दश प्राण वायु–प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान, नाग, कूर्म, कृकर (कृकल), देवदत्त और धनंजय विचरण करते

हैं। इनमें प्राण आदि (प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान) प्रथम पाँच प्रमुख हैं। जिनमें से भी दो (प्राण–अपान) प्रधान हैं।।2.77,78।। अथवा प्राण वायु ही सबसे प्रमुख है। यह जीव को धारण किये रहता है। हे ब्रह्मविद! मुख्य ''प्राण वायु'' के प्रधान निवास पाँच स्थान–मुख एवं नासिका के मध्य भाग, हृदय, नाभिमण्डल एवं पैर का अँगूठा कहे गये हैं। ''अपान वायु''–गुदा, मेढ्र, जंघा और घुटनों में विचरण करता है।।2.79,80।। ''समान वायु'' शरीर के समस्त अंगों में संव्याप्त है। ''उदान वायु'' हाथ–पैर और शरीर के संधि स्थानों में प्रतिष्ठित है।।2.81।। ''व्यान वायु'' श्रोत्र, जंघा, कमर, ऐड़ी, कन्धा, कण्ठ में निवास करती है। ''नाग वायु एवं अन्य'' (उपवायु) त्वचा, अस्थि आदि में प्रतिष्ठित रहते हैं। ''प्राणवायु'' आमाशय में स्थित जल, अन्न एवं रस आदि को सर्वप्रथम एकत्र करता है। उसके बाद पृथक्–पृथक् करता है। प्राणवायु इन सभी कार्यों को अलग स्थिर होकर करता है। ''अपान वायु'' मल–मूत्र आदि के विसर्जन का कार्य करती है।।2.82–84।।

प्राण एवं अपान आदि की चेष्टाएँ ''व्यान वायु'' के योग से सम्पन्न होती हैं। ''कूर्म वायु'' का कर्म नेत्रों का संचलन है। ''शरीर में विद्यमान उदान वायु'' नभोगामी–ऊर्ध्वगामी है। ''समान वायु'' शरीर का सर्वदा पालन–पोषण करता है। ''नाग वायु'' का उत्तरदायित्व डकार आदि क्रिया है। ''कृकर (कृकल), वायु का कर्म भूख लगाना है। ''देवदत्त वायु'' के द्वारा निद्रा आदि कर्म होते हैं। ''धनंजय वायु'' का कर्म मृतक की शोभा है। धनंजय का कार्य मृत्यु उपरान्त भी एक निर्धारित समय तक देह को अविकृत रखना है। मूलतः नाड़ी, वायु, प्राणों के स्थान एवं चेष्टाएँ अनेक प्रकार की हैं। उन सभी का अनुशीलन आवश्यक है।।2.85–88।। इससे पूर्व महान ऋषि ने व्यान वायु को मन में प्रतिष्ठित कहा है। धनंजय वायु और व्यान वायु के युगल होने से धनंजय भी मन में अवस्थित है। इसलिये धनंजय मनोमय कोष से सम्बन्धित है। मनोमय कोष आत्मा को आवृत करनेवाले कोषों में से दूसरा है। दूसरे, धनंजय मनोजव हुआ : जुअच् मनो जवं वेगवत् नभनाय यस्मिन्। मनस इस जवो यस्य। अतिवेगवतिः (शब्दस्तोममहानिधि, पृष्ठ 322)। अर्थात् विचार की भांति गति, आशुगामी, चिन्तन एवं विचारण में तेज (संस्कृत–हिन्दी शब्दकोश)। अतः धनंजय मन अथवा विचार के गतिवाली वायु है। स्पष्टतः मन की गति विद्युत् से भी तेज है।

वायवीय संहिता : उत्तर भाग

सप्तत्रिंशोध्याय : धनंजय, सर्वव्यापी, पोषक वायु : दश वायु भेद

तस्मात्सगर्भं कुर्वन्ति योगिनः प्राण संयमम्।।34।।

प्राणस्य विजयादेव जीयंते देहवायवः।
प्राणोऽपानः समानश्च ह्युदानो व्यान एव च।।35।।
नागः कूर्मश्च कृकलो देवदत्तो धनंजयः।
प्रयाणं कुरुते यस्मात्तस्मात्प्राणोऽभिधीयते।।36।।
आवाङ्.नयत्यपानाख्यो यदाहारादि भुज्यते।
व्यानो व्यान शयत्यंगान्यशेषाणि विवर्धयन्।।37।।
उद्वेजयति मर्माणीत्युदानो वायुरीरितः।
समं नयति सर्वागं समानस्तेन गीयते।।38।।
उद्गारे नाग आख्यातः कूर्म उन्मीलने स्थितः।
कृकलः क्षवथौ ज्ञेयो देवदत्तो विजृंभणे।।39।।
न जहाति मृतं चापि सर्वव्यापी धनंजयः।
क्रमेणाभ्यासमानोय प्राणायामप्रमाणवान्।।40।।
।।वायुनैमिषेयर्षिसंवादे उत्तरखण्डे योगगतिवर्णनं।।

(नाग प्रकाशन, सन 1981)

वायवीय संहिता में वायु देवता और नैमिषारण्यवासी ऋषियों के बीच संवाद है। वायवीय संहिता में प्राणायामयुक्त मन्त्रयोग मनोवृत्ति स्पर्शयोग कहा गया है। जिस योग से समस्त जगत् तिरोहित रूप हो जाता है, यह अभाव योग कहाता है। इसमें विद्यमान वस्तु का भी भान नहीं रहता है। एक उपाधिरहित शिव के तत्त्वमात्र के चिन्तन करनेवाली मनोवृत्ति जिसमें प्रपंच की उपाधि नहीं है, इसका नाम महायोग है।

वायवीय संहिता में दो प्रकार के प्राणायाम—अगर्भ—सगर्भ का उल्लेख है। "अगर्भ से गर्भसंयुक्त प्राणायाम सौ गुना अधिक है।" मूलभूत रूप से "जप ध्यान के बिना अगर्भ और जप ध्यान से संयुक्त सगर्भ है।" इस कारण योगी सगर्भ प्राणायाम करते हैं। "प्राण पर विजय से दश वायु जीते जाते हैं। दश वायु—प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान, नाग, कूर्म, कृकर (कृकल), देवदत्त एवं धनंजय हैं।" यह दश वायु प्रयाण करता है, इससे इसको प्रमाण कहते हैं। जो कुछ भोजन किया जाता है, उसको नीचे ले जाता है। इससे उसको अपान कहते हैं। शरीर के अंगों को व्याप्त करना है, इससे उसे व्यान कहते हैं। और शेष को बढ़ता हुआ मर्मस्थानों को उद्वेचित करता है, इससे उदान कहाता है। सब अंगों को समान करने से समान कहाता है। मुख से उद्गार करनेवाला नाग, उन्मीलन में कूर्म, छींक में कृकर और जंभाई देवदत्त की अहम् भूमिका है। "धनंजय पोषक पवन एवं सर्वव्यापी है। वह मृतक देह को भी त्याग नहीं करता है।" क्रम से अभ्यास किया हुआ प्रमाण युक्त प्राणायाम

है।।34.40।। (खेमराज श्रीकृष्णदास, श्रीवेंकटेश्वर प्रेस)। वायवीय संहिता में सिंहगर्जना की गई कि ''धनंजय पोषक एवं सर्वव्यापी वायु है।''

सूर्य भेदः : घेरण्ड संहिता

धनंजय से शब्द

महामुनि घेरण्ड ने अपने शिष्य चण्ड कपालि को योग का अनुशासन किया। मुनिवर घेरण्ड विरचित योग ग्रन्थ में तान्त्रिक पद्धति का अनुसरण किया गया है। घेरण्ड संहिता में हठयोग की क्रियाओं का सर्वाधिक विवरण बताया गया है। हठयोग के अधिकारिक ग्रन्थों में प्रमुख सिद्धसिद्धान्त पद्धति हठयोग प्रदीपिका (चण्ड कापालि), गोरक्ष पद्धति, शिव संहिता, योगबीज, महार्थमंजरी, योग सूत्र आदि प्रमुख हैं। दा थियोसोफिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया, अडियार, मद्रास ने 350 श्लोकोंवाली घेरण्ड संहिता का वर्षों–वर्षों पूर्व अंग्रेजी अनुवाद सहित प्रकाशित किया। लगभग पाँच दशक पूर्व श्री पीताम्बरा संस्कृत पीठ ने श्री स्वामीजी महाराज कृत घेरण्ड संहिता का हिन्दी भाष्य प्रकाशित करवाया। घेरण्ड संहिता का पँचमोपदेश–प्राणायामः है। इसके सूर्यभेद अध्याय में दश वायु भेद स्पष्ट किये गये हैं।

कथितं सहितं कुम्भं सूर्यभेदनकं श्रृणु।
पूरयेत् सूर्यनाडया च यथा शक्ति बहिर्मरुत्।।57।।
धारयेत् वहुयत्नेन कुम्भकेन जलन्धरैः।
यावत्स्वदेनखकेशाभ्यां तावत्कुर्यात् हि कुम्भकम्।।58।।
प्राणोऽपानः समानश्च व्यानोदानौ तथैव च।
नागः कूर्मः कृकरो देवदत्तो धनंजयः।।59।।
ह्वदिप्राणो वहेन्नित्यं अपानो गुदमण्डले।
समानो नाभिदेशेतु उदानः कण्ठमध्यमः।।60।।
व्यानो व्याप्य शरीरे तु प्रधानाः पंचवायवः।
प्राणाद्याः पंच विख्याता नागाद्याः पंचवायवः।।61।।
तेषामपि च पंचानां स्थानानि च वदाम्यहम्।
उद्गारे नाग आख्यातः कूर्मस्तून्मीलनेस्मृतः।।62।।
कृकरः क्षुत्कृतेज्ञयो देवदत्तो विजृम्भणे।
न जहाति मृतेक्वापि सर्वव्यापी धनंजय।।63।।
नागोगृह्नाति चैतन्यं कूर्मश्चवनिमेषणम्।
क्षत्तृट् कृकरश्चैव चतुर्थेन तु जृम्भणम्।।64।।
भवेत् धनंजयाच्छब्दं क्षणमात्रं न निःसरेत्।

मुनिश्रेष्ठ घेरण्ड ने कहा : हे चण्ड! वायु सहित कुम्भक कह चुका हूँ। अब ''सूर्यभेद'' कहता हूँ। सुनो, पहले जालन्धरबन्ध से दक्षिण नासिका से वायु भरे, अति यत्न से कुम्भक करके इसे धारण करें। जब तक पैर से केश पर्यन्त पसीना नहीं आ जावे, तब तक कुम्भक द्वारा वायु को धारण करें।।57,58।। घेरण्ड महामुनि ने दश वायु उनके स्थान और कर्म का वर्णन त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्, वायवीय संहिता, योग याज्ञवल्क्य आदि की तरह ही किया है।।59–63।। लेकिन 64वें श्लोक में नया रहस्योद्घाटन किया। नाग से चेतनता, कूर्म से निमेषण, कृकर से क्षुधा–तृषा, देवदत्त से जंभाई और 'धंनजय से शब्द' होता है। ''यदि क्षण मात्र भी वह नहीं निकले''।।64।। यह उल्लेखनीय है कि आकाश का गुण शब्द है। ऋग्वेद के अनुसार वेद की ऋचाएँ (शब्द) परमव्योम में अवस्थित हैं। ऋग्वेद की दृष्टि से धनंजय वायु आकाश तत्त्व का प्रतिनिधित्व करता है। आकाश तत्त्व सर्वाधार है। आकाश से (महा) वायु की उत्पत्ति हुई। आकाश तत्त्वमय धनंजय के देह में रहते वह विकृत (क्षरण) नहीं हो सकता है। घेरण्ड संहितानुसार सूर्य भेद जरा–मृत्यु नष्ट करता है।।67।।

''कुम्भकः सूर्यभेदश्च जरामृत्युविनाशकः।।67।।ऊँ।।

सिद्धसिद्धान्तपद्धति : महायोगी गोरक्षनाथ

दशवायु

महायोगी गोरक्षनाथ ने पँचात्मक शरीर में वायुतत्त्व के पाँच गुण बताये हैं। शरीर स्थित वायु के पाँच गुण– 1. धावन (दौड़ना), 2. भ्रमण (घूमना), 3. प्रसारण (फैलाव), 4. आकुँचन (सिकुड़ना) एवं 5. निरोधन (रोकना) हैं। शरीरस्थ वायु के ये गुण शरीर को जीवित रखने का मुख्य हेतु हैं। क्योंकि भौतिक शरीर में वायु की स्थिति ही उसकी सजीवता अथवा प्राणमयता सिद्ध करती है।।प्रथम उपदेश 42।।

वायु तत्त्व के पाँच गुण

धावनम्, भ्रमणम्, प्रसारणम्, आकुँचनम्, निरोधनम्–इति पँचगुणो वायुः।। प्रथम उपदेश 42।।

महासिद्ध गोरक्षनाथ ने शरीर में प्राणवाहिनी दश (10) नाड़ियों को प्रमुख कहा है। उन्होंने दश नाड़ियों के 10 द्वारों का वर्णन किया है।

दश नाडी, दश द्वार

अथ नाडीनां दशद्वाराणि–
इडा, पिंगला च नासाद्वारयोर्वहतः।
सुषुम्ना तालुमार्गेण ब्रह्मरन्ध्रपर्यन्त वहति।
सरस्वती मुखद्वारेण वहति।
पूषा अलम्बुषा च चक्षुर्द्वारयोर्वहतः।
गन्धारी, हस्तिजिव्हिका च कर्णद्वारयोर्वहतः।
कुहूः गुदद्वारे वहति।
शंखिनी लिंगद्वारे वहति।
(सा दण्डमार्गेण ब्रह्मरन्ध्रपर्यन्तं वहति)
एवं दशद्वारेषु वहन्ति
(अन्याः सर्वा नाड्यो रोमकूपेषु)।।प्रथम उपदेश 68।।

नासिका के दोनों रन्ध्रों (द्वारों) से, क्रमशः वामद्वार से इडा एवं दक्षिण द्वार से पिंगला नाड़ी बहती है।।1,2।। सुषुम्ना नाड़ी नालु (ब्रह्मदण्ड) मार्ग से ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त बहती है।।21।। सरस्वती मुखद्वार से बहती है।।4।। चक्षुर्द्वारों से, क्रमशः चक्षुर्द्वार से पूषा एवं दक्षिण चक्षुर्द्वार से अलम्बुषा नाड़ी बहती है।।5,6।। कर्णद्वारों से क्रमशः गान्धारी एवं हस्तिजिव्हिका नाड़ियाँ बहती हैं।।7,8।। गुदाद्वार से कुहू नाड़ी एवं लिंग द्वार से शंखिनी नाड़ी बहती है (वह ब्रह्मदण्ड मार्ग से ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त बहती है)।।9,10।। इस प्रकार ये दश नाड़ियाँ दश द्वारों से बहती हैं। अवशिष्ट सभी नाड़ियाँ शरीर के रोम कूपों से बहती हैं। यहाँ नाड़ियों के नामों का अनुशीलन आवश्यक है।।ऊँ।।

अथ दश वायवः

हृदये प्राणवायुः उच्छ्वासनिःश्वासकारको हकारसकारात्मकश्च।
गुदे त्वपानवायुः रेचकः कुम्भकश्च।
नाभौ समानवायुः दीपकः पाचकश्च।
कण्ठे व्यानवायुः शोषणाप्यायन–कारकश्च।
तालो उदानवायुः ग्रसन–वमन–जल्पकारकश्च।
नागवायुः सर्वांगव्यापक मोचकश्चालकश्च।
कूर्मवायुः चक्षुषोरुन्मेषकारकश्च।
कृकल उद्गारकः क्षुत्कारकश्च।
देवदत्तो मुखे विजृम्भकः।
धनंजयो ''नादो'' घोषकः।।प्रथम उपदेश 69।।

हमारे शरीर में ''मुख्य वायु दश'' हैं। उनमें से – 1. ''प्राणवायु'' हृदय में रहती हुई हमारे श्वास एवं निःश्वास का संचालन करती है। यही ''प्राण वायु'' हकारात्मक एवं ठकारात्मक भी है ; क्योंकि हकार की ध्वनि से यह वायु अन्दर आती है। ठकार की ध्वनि से बाहर जाती है। इसी वायु की अवस्था भेद से ''हठयोग'' भी संज्ञा–नाम है। इसमें हकार को ''सूर्य'' और ठकार को ''चन्द्र'' कहा गया है। यह हकार एवं ठकार का ''योग ही हठसाधना'' अथवा ''प्राणसाधना'' है। 2. गुदादेश से निकलनेवाली ''अपान वायु'' कहलाती है। यह अपान वायु रेचक, कुम्भक एवं पूरक की शक्ति से युक्त है। यह प्राणवायु को शरीर में रोकती है। अपान वायु प्राणायाम के अभ्यास से सिद्धि भी प्रदान करती है।

3. ''नाभि प्रदेश में समान वायु'' बहती है। यह उदर की अग्नि को प्रदीप्त करती है और भोज्य पदार्थों को पचाती है। 4. ''उदान वायु कण्ठ देश'' में बहती है। इसका कार्य–वमन, शोषण एवं शरीर से प्राण का उत्क्रमण है। 5. ''व्यान वायु समूचे शरीर'' में व्याप्त है। यह शरीरस्थ समग्र नाड़ियों में विद्यमान मलादि दोषों का शोषण कर शरीर की आभा एवं तेज में वृद्धि करती है। 6. ''नाग वायु सर्वशरीर'' में व्याप्त रहती है। नाग वायु अंग–प्रत्यंग के संचालन में सहायता करती रहती है। 7. ''कूर्म वायु'' का कर्म नेत्र, पलकों का उन्मीलन एवं निमीलन (खोलना एवं बंद करना) है। 8. ''कृकल (कृकर) वायु'' का कार्य उद्गार (डकार) लेना एवं भूख वृद्धि है। 9. ''देवदत्त वायु'' मुख में रहती है। देवदत्त वायु का कर्म जृम्भिका–जम्हाई लेना आदि है।

10. ''धनंजय वायु'' समस्त शरीर में व्याप्त रहती है। धनंजय वायु अव्यक्त नाद, घोष करती है।

इति दश वाव्यवलोकनेन पिण्डोत्पतिः नरनारीरुपा।

इस प्रकार, इन उपरिव्याख्यात दश वायुओं के सम्बन्ध से नर–नारी पिण्ड की उत्पत्ति होती है।। प्रथम उपदेश 69।।

आदेश व्याख्या

आत्मेति परमात्मेति जीवात्मेति विचारेण।
त्रयाणामैक्यसम्भूतिः ''आदेश'' इति कीर्तितेः।।94।।
''आदेश'' इति सद्वाणीं सर्वद्वन्दक्षयापहाम्।
यो योगिनं प्रतिवदेत् स यात्यात्मानमैश्वरम्।।95।।

।।षष्ठ उपदेश 94,95।।

आत्मा, परमात्मा, जीवात्मा–इन तीनों शब्दों पर चिन्तन–मनन करने से ज्ञात होता है कि इन तीनों पदों की एकता की उत्पत्ति, सम्भूति (अभिन्न

सत्ता) ही ''आदेश'' पद के रूप में प्रसिद्ध है।।94।। ''आदेश'' पद परमात्मा की वाणी है। इस सद्वाणी के उच्चारण मात्र से जरा–मृत्यु, सुख–दुःख, राग–द्वेष आदि समस्त प्रपंचात्मक द्वन्द्व नष्ट हो जाते हैं। जो मनुष्य किसी योगी के प्रति ''आदेश'' पद का व्यवहार करता है, वह आत्मा एवं परमात्मा के अभिन्न रूप को तत्त्वतः जान लेता है।।95।। षष्ठ उपदेश।।

आकाश गमन करनेवाले महासिद्ध, महारसज्ञ गोरक्षनाथ ने सिद्धसिद्धान्त पद्धति में शरीरस्थ दश वायु और उनके कर्मों की व्याख्या की है।महायोगी ने दश वायु में कहीं नहीं कहा है कि पाँच प्रधान वायु हैं और पाँच उपवायु हैं। महासिद्ध गोरक्षनाथ ने स्पष्ट रूप से कहा है कि ''धनंजय वायु नाद घोष'' करती है। योग में ''नाद'' की अहम् भूमिका है। सिद्धसिद्धान्तपद्धति में ''योग'' शब्द की व्याख्या में कहा है कि ''लोक में अनित्य फलप्रद दो वस्तुओं का मिलाना ही योग'' कहा जाता है, परन्तु यह इस शब्द का गौण अर्थ है। इसका मुख्य अर्थ ''सत्संगति, प्रमाण एवं युक्तियों के द्वारा प्राप्त होनेवाले मोक्षदायक ज्ञान के साधन का उपाय है।''

योगः सन्नहनोपाय ज्ञानसंगतियुक्तिषु।।पँचम उपदेश : 22।।

यह अभूतपूर्व है कि ऋग्वेद की परम्परा में महासिद्ध गोरक्षनाथ ने न केवल ''महावायु'' का उल्लेख किया है बल्कि महावायु के गुण का भी वर्णन किया है। ''महावायु के पाँच गुण'' होते हैं। इसका प्रथम गुण ''संचार'' (वायु चलन क्रियायुक्त होती है) है। द्वितीय गुण ''संचालन'' है। महावायु स्वयं चलन प्रकृतिक होने से यह दूसरों को भी चलाती है। तृतीय गुण ''स्पर्श'' है। यह समस्त पदार्थों एवं लोकों का स्पर्श करती है। चौथा गुण ''शोषण'' है। महावायु जल आदि युक्त पदार्थों को सुखाता है। पँचम गुण ''धूम्रवर्णत्व'' है। वायु धूँए के रंग की होती है।।प्रथम उपदेश 33।।

संचारः, संचालनम्, स्पर्शनम्, शोषणम्
धूम्रवर्णत्वम्–इति पँचगुणो महावायुः।।1.33।।ऊँ।।

शिवसंहिता दशवायु
प्राण प्रकरण : तृतीय पटल

शिवसंहिता योगशास्त्र का अद्‌भुत ग्रन्थ है। इसके पाँच प्रकरणों में योग की समस्त वस्तुविषय का परिचय एवं विवरण दिया गया है। शिवसंहिता में वायु की अनेक प्रकार की धारणा एवं साधना योगसिद्धिदायक और

स्वास्थ्यप्रद कही गई है। इसमें दश वायु और उनके कर्म की व्याख्या अत्यन्त सुन्दर है। इसके तृतीय पटल में योगानुष्ठानपद्धतिर्योगाभ्यास का वर्णन है।

प्राण प्रकरण

प्राणोऽपानः समानश्चोदानो व्यानश्च पंचमः।
नागः कूर्मश्च कृकलो देवदत्तो धनंजयः।।4।।
दश नामानि मुख्यानि मयोक्तानीह शास्त्रके।
कुर्वन्ति तेऽत्र कार्याणि प्रेरितानि स्वकर्मभिः।।5।।
अत्रापि वायवः पँच मुख्याः स्युर्दशतः पुनः।
तत्रापि श्रेष्ठकर्त्तारौ प्राणापानौ मयोदितौ।।6।।
हृदि प्राणो गुदेऽपानः समानो नाभिमण्डले।
उदानः कण्ठदेशस्थो व्यानः सर्वशरीरगः।।7।।
नागादिवायवः पँच कुर्वन्ति ते च विग्रहे।
उद्गारोन्मीलनं क्षत्तृट् जृम्भा हिक्का च पँचमः।।8।।

प्राण, अपान, समान, उदान एवं व्यान ये पाँच प्राण हैं। नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त एवं धनंजय मिलाकर कुल दश प्राण हैं। ये प्रेरित होकर अपने–अपने कर्मों के कार्यों को करते हैं।।4,5।। यद्यपि पाँच मुख्य वायु हैं। वहाँ भी मेरे द्वारा श्रेष्ठकर्ता दो प्राण–अपान है।।6।। हृदय में प्राण, गुदा में अपान, नाभिमण्डल में समान, कण्ठदेश में उदान और सारे शरीर में व्यान होता है।।7।। नाग आदि पाँच वायु शरीर विग्रह रूप में डकार, नेत्र बंद करना–खोलना, क्षुधा–पिपासा, जंभाई, हिचकी (इन सबको) करता है।।8।।ऊँ।।

शिवगीता : दश वायु रहस्य

देवगाथा के अनुसार महारुद्र शिव ने दण्डकवन में सम्राट दशरथ के सुपुत्र रामचन्द्र को गुह्याद्गुह्यात ''शिवगीता'' का उपदेश दिया। शिवगीता का नवम अध्याय शरीर निरूपण का है। इसमें शिव ने स्पष्ट किया कि मुझसे माया के द्वारा आकाश आदि की उत्पत्ति होती है। मुझ से प्रथम आकाश, आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल, जल से पृथिवी उत्पन्न होता है। उन्हीं पाँचों से उत्पन्न यह देह पँचभूतात्मक कहाता है।।9.8।।वायु के पँच कर्म– स्पर्शगुण, त्वगिन्द्रिय, उत्प्रेक्षण, अवक्षेपण, आकुंचन, प्रसारण, गमन हैं।

उत्क्षेपणमवक्षेपाकुँचने गमनं तथा।।9.24।।

प्रसारणमितिमानि पँच कर्माणि वायुतः।।9.25.1।।

एक वायु, दश नाम : धनंजय शोक, हर्ष, प्रसन्नताकारक

प्राणाप्रानौ तथा व्यानसमानोदानसंज्ञकाः।।9.25.2।।
नागः कूर्मश्च कृकलो देवदत्तो धनंजयः।
दशेति वायुविकृतीस्तथा गृहणाति लाघवम्।।9.26।।
तेषां मुख्यतरः प्राणो नाभेः कण्ठादधः स्थितः।
चरत्यसौ नासिकयोर्नाभौ हृदयपंकजे।।9.27।।
शब्दोच्चारणनिश्वासोच्छ्वासादेरपि कारणम्।।9.28।।
अपानस्तु गुदे मेढ्रे कटिजंघोदरेष्वपि।
नाभिकण्ठे वृषणयोरूरुजानुषु तिष्ठति।।
तस्य मूत्रपुरीषादिविसर्गः कर्म कीर्तितम्।।9.29।।
व्यानोऽक्षिश्रोत्रगुल्फेषु जिव्हा घ्राणेषु तिष्ठति।
प्राणायामधृतित्यागग्रहणाद्यस्य कर्म च।।30।।
समानो व्याप्य निखिल शरीरं वह्निना सह।
द्विसप्ततिसहस्रेषु नाडीरन्ध्रेषु संचरन्।।31।।
भुक्तपीतरसान्सम्यगानयन्देहपुष्टिकृत्।
उदानः पादयोरास्ते हस्तयोरंगसंधिषु।।9.32।।
कर्मास्य देहोन्नयनोत्क्रमणादि प्रकीर्तितम्।
त्वगादिधातूनाश्रित्य पँच नागादयः स्थिताः।।9.33।।
उद्गारादि निमेषादि क्षुत्पिपासादिकं क्रमात्।
तन्द्रीप्रभृति शोकादि तेषां कर्म प्रकीर्तितम्।।9.34।।

यह पाँच प्राण–प्राण, अपान, व्यान, समान एवं उदान हैं।।25।। नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त एवं धनंजय पाँच वायु हैं। यह "एक ही वायु के विकार को प्राप्त होने पर दश नाम धर लिये हैं।।26।। दूसरे शब्दों में एक ही वायु दश विकारों, विशेषताओं, गुण–कर्म से दश स्वरूप में है।" यह उल्लेखनीय है कि ऋग्वेद में कहा है कि ब्रह्मविद एक ही ब्रह्म को अनेक नामों से जानते हैं, कहते हैं। यह अभूतपूर्व है कि ऋग्वेद में रुद्र परमेष्ठी है, वरुण परमेष्ठी है, अग्नि परमेष्ठी है, आकाश परमेष्ठी है, वायु परमेष्ठी है, आदि कहा है। सर्वशक्तिमान, सर्वनियामक, सर्वसंचालक, सर्वव्याप्त, सर्वज्ञ परमेष्ठी भिन्न–भिन्न रूपाकारों में हैं। इस प्रकार "महावायु विकार से दश कलेवर में है।"

इनमें प्राण पवन मुख्य है। यह नाभि से लेकर कण्ठ तक स्थित रहता है। यह नासिका, नाभि और हृदय कमल में गमन करता है।।27।। शब्द के

उच्चारण निःशब्द निःश्वास एवं श्वास आदि का यही कारण है।।28।। ''अपान वायु'' गुदा, लिंग, कटि, जंघा, उदर, नाभि, कण्ठ, अण्डकोष, जोड़ों की संधि आदि में रहता है। इसका कर्म मूत्र एवं पुरीषका विसर्जन है।।29।। ''व्यान वायु'' पाँच स्थानों–नेत्र, कर्ण, पाँव के घुटने, जिव्हा एवं नासिका में रहता है। इसके कर्म ''प्राणायाम–रेचक, पूरक एवं कुम्भक'' हैं।।30।। ''समान वायु'' समूचे शरीर में व्याप्त होकर जठराग्नि के सहित 72,000 नाड़ियों के रन्ध्र में संचार करता है।।31।। ''उदान वायु'' भोजन एवं पान किए सम्पूर्ण रसों को देह की पुष्टि के निमित्त लेकर चरण, हाथ एवं अंगों की संधियों में रहता है।।32।। इसका कर्म देह का उठाना, चलाना कहा है। त्वचा, मांस, रक्त, अस्थि एवं स्नायु इन पाँच धातुओं के आश्रय नाग आदि पाँच उपप्राण रहते हैं।।33।।

नाग पवन का कर्म–डकार, हुचकी ; कूर्म का कर्म–पलक संचालन, कटाक्ष ; कृकल का कर्म–भूख, प्यास, छींकना एवं देवदत्त का कर्म–आलस्य निद्रा, जंभाई है। ''धनंजय का कर्म–हास्य, प्रसन्नता एवं शोक है''।।34।। यहाँ शिवगीता में साक्षात महारुद्र ने दश वायु के शरीर में स्थान एवं कर्म की व्याख्या की है। धनंजय का सम्बन्ध हर्ष, प्रसन्नता एवं शोक से दर्शित किया है। ''वह मानवीय जीवन में इन दोनों संवेदनाओं का संचालक है।''।।ॐ।।

सर्वसारोपनिषद् : दश वायु

पँचकोशनिरुपणम्

प्राणदिचतुर्दशवायुभेदा अन्नमयकोशे यदा
वर्तन्ते तदा प्राणमयकोश इत्युच्यते।।5।।
(प्राणकोशस्वरूपमाह–प्राणादीति। सुबालोपनिषदुक्तप्राणादि–
नागान्तश्चतुर्दशवायवो यदा....।।5।।)

शाण्डिल्योपनिषद् : दश वायु

प्राणादिदशवायुस्थानचेष्टाः

प्राणापानसमानोदानव्याना नागकूर्मकृकरदेवदत्तधनंजया
एते दश वायवः सर्वासु नाडीषु चरन्ति।।12।।
आस्यनासिका–कण्ठनाभिपादांगुष्ठद्वयकुण्डल्यध–
श्चोर्ध्वभागेषु प्राणः संचरति।
श्रोत्राक्षिककटिगुल्फघ्राणगलस्फिग्देशेषु व्यानः संचरित।

गुदमेढ्रो–रुजानूदरवृषणकटिजंघानाभि–गुदाग्न्यगारेष्वपानः संचरति। सर्वसंधिस्थ उदानः।
पादहस्तयोरपि सर्वगात्रेषु सर्वव्यापी समानः।
भुक्तान्नरसादिकं गात्रेऽग्निना सह व्यापयन् द्विसप्ततिसहस्रेषु–नाडीमार्गेषु चरन् समानवायुरग्निना सह सांगोपांगकलेवरं व्याप्यष्ठ–नागादिवायवः पँच त्वगस्थ्यादिसंभवाः
तुन्दस्यं जलमन्नं च रसादिषु समीरितं–तुन्दमध्यगतः प्राणस्तानि पृथक्कुर्यात्। अग्नेरुपरि जल स्थाप्य जलोपर्यन्नादीनि संस्थाप्य स्वयमपानं संप्राप्य तनैव सह मारुतः प्रयाति देहमध्यगतं ज्वलनम्। वायुना पतितो वह्निरपानेन शनौर्देहमध्ये ज्वलति। ज्वलनो ज्वालाभिः प्राणेन कोष्ठमध्यगतं जलमत्युष्णमकरोत्। जलोपरि समर्पितं व्यंजनसंयुक्तमन्नं वह्निसंयुक्तवारिणा पक्वमकरोत्। तेन स्वेदमूत्रजलरक्तवीर्य–रूपरसपुरीषादिकं प्राणः पृथक्कुर्यात्। समानवायुना सह सर्वासु नाडीषु रसं व्यापयन् श्वासरूपेण देहे वायुश्चरति। नवभिर्व्योमरन्ध्रैः शरीरस्य वायवः कुर्वन्ति विण्मूत्रादिविसर्जन्। निश्वासोच्छ्वासकासश्च प्राणकर्मोच्यते। विण्मूत्रादिविसर्जनमपानवायुकर्म। हानोपादानचेष्टादि व्यान कर्म। देहस्योन्नयनादिकमुदानकर्म। शरीरपोषणादिकं समान कर्म। उद्गारादि नागकर्म। निमीलनादि कूर्मकर्म। क्षुत्करणं कृकरकर्म। तन्द्री देवदत्तकर्म। श्लेष्मादि धनंजयकर्म।।13।।

शाण्डिल्योपनिषद् में दूसरी उपनिषदों आदि से हटकर ''धनंजय वायु'' का कर्म ''श्लेष्मा आदि'' बताया गया है।

सुबालोपनिषद् : दश वायु

हृदस्यस्थनाडीस्वरूपम् : चतुर्थ खण्ड

हृदयस्य मध्ये लोहितं मांसपिण्डं यस्मिंस्तद्दहरं पौडरीकं कुसुदमिवानेकधा विकसितं हृदयस्य दश छिद्राणि भवन्ति येषु प्राणाः प्रतिष्ठिताः।।1।।

(तस्य हृदयस्य दश छिद्राणि रन्ध्राणि भवन्तु येषु दश दश वागादयः प्राणाः मुख्यप्राणादयः नागाद्याश्च प्रतिष्ठिताः त इमाः दशनाड्यः प्रथमः कोशः।।1।।)

सुबालोपनिषद् में दश प्राण वायु को ह्रदय के दश छिद्र की उपमा दी गई है। उपनिषद्कार ने मुख्य को प्राणवायु और शेष पाँच को नाग आदि वायु का नाम दिया है।।ऊँ।।

धनंजय वायु का मायावी रूप

सिद्धसिद्धान्तपद्धति, शिवसंहिता, शिवगीता, शाण्डिल्योपनिषद्, सुबालोपनिषद्, सर्वसारोपनिषद्, घेरण्ड संहिता, त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्, योग याज्ञवल्क्य, योग वसिष्ठ, योग तत्त्व आदि में स्पष्ट रूप से ''दश प्राणवायु'' का वर्णन मिलता है। इनमें दशवीं ''धनंजय वायु का कर्म–नाद, घोष, शोक–हर्ष, शोध, श्लेष्मा, शब्द, मृत्यु उपरान्त शरीर को विकृत नहीं होने देना, शरीर की शोभा–आभा आदि बताया गया है।'' यहाँ यह स्मरण रहे कि ''आर्ष ग्रन्थ नाद को ब्रह्म'' कहते हैं। नाद सूक्ष्मतम लय है, वहीं नाद को ब्रह्म माना गया हैं। नाद सूक्ष्मतम लय है, वहीं घोष उच्चतम स्वर है। घोष वैखरी है। इससे पूर्व उल्लेख आया है कि धनंजय, व्यान वायु के साथ रहता है। इसी कारण धनंजय का स्थान सहस्रार एवं मन कहा गया है। धनंजय मनोजव है। अर्थात् मन के समान वेग से चलता है। ब्रह्मविद्योपनिषद्, ध्यानबिन्दूपनिषद्, योगचूडामण्युपनिषद्, दर्शनोपनिषद्, योगशिखोपनिषद्, योगराजोपनिषद्, शिवस्वरोदय आदि में धनंजय नये मायावी स्वरूप में प्रकट होता है। ब्रह्मरन्ध्र सहस्रार योग के चक्रों में सर्वोच्च है। सहस्रार से सीधे परमेष्ठी से सम्बन्ध किया जा सकता है। सहस्रार में नाद से ब्रह्म की अनुभूति होती है। इसी कारण उपनिषद् में कहा गया है कि ''नमस्ते वाये त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्म''। यह शोध अनुसंधान का विषय है कि प्रकाश की गति से भी तेज गतिमान धनंजय शरीर के मृत होने के पश्चात चार–छह घण्टे शरीर में क्यों रहता है और शरीर को नष्ट होने से रोकने के पीछे क्या संदेश है ?

इससे विपरीत अन्त्येष्टि सूक्त (ऋग्वेद) में धनंजय का कोई उल्लेख नहीं है। कर्मकाण्ड अनुसार धनंजय का कार्य मृत्यु उपरान्त भी है। यह परमव्योम (शरीर में शिर अथवा सहस्रार) में विद्युत् की भांति है। यह मृत्यु के समय शरीर से सूक्ष्म शरीर को परम आकाश में ले जाती है। इसके शरीर में रहने तक देह विकृत नहीं होती है। आगम में यह भी एक मान्यता है कि धनंजय अमंगल, परन्तु यह निराधार है। धनंजय से शरीर फूलता है। यह

अभूतपूर्व है कि ''बृहन्नारदीय महापुराण में सात वायु का आख्यान है और ''यजुर्वेद में उनचास मरुत (वायु) के नाम'' दिये गये हैं।

ब्रह्मविद्योपनिषद् : दश वायु : पाँच ज्ञानेन्द्रिय, पाँच कर्मेन्द्रिय परक ; धनंजय ज्ञानेन्द्रियपरक

देहस्थ दशवायु के रहस्य को ब्रह्मविद्योपनिषद् ओर गहराती है। ब्रह्मविद्योपनिषद् कृष्ण यजुर्वेद से सम्बद्ध है। इसके ''हंसस्यासनतिरूपणम्'' में स्पष्ट किया है कि ''पँच वायु कर्मेन्द्रिय युक्त और पँच वायु ज्ञानेन्द्रिय युक्त'' हैं। कर्मेन्द्रिय युक्त वायु–प्राण, अपान, समान, उदान एवं व्यान हैं। और ज्ञानेन्द्रिय युक्त वायु–नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त एवं धनंजय हैं। यह व्याख्या धनंजय का नया भव्य दिव्य स्वरूप प्रस्तुत करती है। ''धनंजय ज्ञानशक्ति को बल, शक्ति प्रदान करती है।''

हंसस्यासननिरूपणम् : ब्रह्मविद्योपनिषद्

मध्यदेशे परं हंस ज्ञानमुद्राऽऽत्मरूपकम्।
प्राणापानसमानाश्चोदानव्यानौ च वायवः।।66।।
पंचकर्मेन्द्रियैर्युक्ताः क्रियाशक्तिबलोद्यताः।
नागः कूर्मश्च कृकरो देवदत्तो धनंजयः।।67।।
पंचज्ञानेन्द्रियैर्युक्ता ज्ञानशक्तिबलोद्यताः।।
पावकः शक्तिमध्ये तु नाभिचक्रे रविः स्थितः।।68।।
बद्धमुद्रा कृता येन नासाग्रे तु स्वलोचनं।

इससे पूर्व महायोगी गोरक्षनाथ ने सिद्धसिद्धान्त पद्धति में धनंजय को कर्म–नाद एवं घोष कहा है। ऋग्वेद से सम्बन्धित ''नादबिन्दूपनिषद्'' में नादानुसन्धानम् में स्पष्ट किया गया है कि नाद में चित्त का विलय हो जाता है। उपेयनादस्वरूपम् में लिखा है : ''निःशब्दं तत्परं ब्रह्म परमात्मा समीर्यते। नादो यावन्मनस्तावन्नादान्ते तु मनोन्मनी।।48।। सशब्दश्चाक्षरे क्षीणे निःशब्दं परमं पदम्। सदा नादानुसंधानात्संक्षीणा वासना भवेत्।।49।। निरंजने विलीयते मनोवायू न संशयः। नादकोटिसहस्राणि बिन्दुकोटिशतानि च।।50।। सर्वे तत्र लयं यान्ति ब्रह्मप्रणवनादके।'' नादारूढ़ योगी की विदेहमुक्ति होती है।

ध्यानबिन्दूपनिषद् : दश वायु

ध्यानबिन्दूपनिषद् कृष्ण यजुर्वेद परम्परा से सम्बद्ध है। ध्यानबिन्दू उपनिषद् का मुख्य भाव ''ध्यान'' है। इस उपनिषद् का आरम्भ ही ब्रह्मध्यान से है। इसमें ब्रह्म की सूक्ष्मता, सर्वजनीनता, सर्वव्यापकता, प्रणव का स्वरूप, प्राणायाम के साथ प्रणव ध्यान आदि अनन्त योग सम्बन्धित विषयों, नाड़ी चक्र,

दश प्राण आदि विषय का वर्णन है। साधना की दृष्टि से ध्यानबिन्दूपनिषद् व्यावहारिक पथप्रदर्शक है।

प्राणदिदशवायवः

प्राणोऽपानः समानश्चोदानो व्यानस्तथैव च।।56।।
नागः कूर्मः कृकरको देवदत्तो धनंजयः।
प्राणाद्याः पंच विख्याता नागाद्याः पंच वायवः।।57।।ध्यानबिन्दूपनिषद्।।

ध्यानबिन्दूपनिषद् दश वायु के शरीरस्थ स्थान एवं कर्म पर मौन है।

योगचूडामण्यूपनिषद् : दश वायु
मृत्योपरान्त सर्वव्यापी धनंजय

योगचूडामण्यूपनिषद् सामवेद परम्परा से सम्बद्ध है। इस उपनिषद् में चूडोमणित्व कैवल्य है? योगचूडामण्यु में स्पष्ट घोषणा की गई है कि सर्वव्यापी धनंजय वायु मृत्यु के बाद भी शरीर में रहती है। इसमें शेष नौ वायु के कर्म अन्य आर्ष ग्रन्थों के अनुरूप हैं। इस उपनिषद् में 72000 नाड़ियों में संचारित वायु और उनके व्यापार अथवा कर्म वर्णन सुन्दर तरीके से किया गया है।

नाडीसंचारिवायवः तद्व्यापाराश्च

इडापिंगलसौषुम्नाः प्राणमार्गे च संस्थिताः।।21।।
सततं प्राणवाहिन्यः सोमसूर्याग्निदेवताः।
प्राणापानसमानाख्या व्यानोदानौ च वायवः।।22।।
नागः कूर्मोऽय कृकरो देवदत्तो धनंजयः।
हृदि प्राणः स्थितो नित्यमपानो गुदमण्डले।।23।।
समानो नाभिदेशे तु उदानः कण्ठमध्यगः।।
व्यानः सर्वशरीरे तु प्रधानाः पंच वायवः।।24।।
उद्गारे नाग आख्यातः कूर्म उन्मीलने तथा।
कृकरः क्षुत्करो ज्ञेयो देवदत्तो विजृम्भणे।।25।।
न जहाति मृतं वापि सर्वव्यापी धनंजय।
एते नाडीषु सर्वासु भ्रमन्ते जीवजन्तवः।।26।।

दर्शनोपनिषद् : धनंजय शोभादि कर्म–आभामण्डल

दर्शनोपनिषद् एक सौ आठ उपनिषदों में से एक है (प्रकाशन–अडयार, सन 1938)। इसमें महायोगी दत्तात्रेय ने अपने शिष्य को योग का ज्ञान दिया। इसमें दश वायु के नाड़ी संचार और वायु व्यापार का विस्तृत विवरण है। इसमें नौ वायु के कर्म अन्यों के ही अनुरूप हैं, लेकिन ''धनंजय

वायु कर्म शोभा—आभा मण्डल आदि'' कहा गया है। अतः धनंजय से ही शरीर शोभायमान आदि रहता है।

नाडीषु वायुसंचारः : दश वायवः

प्राणोऽपानस्तथा व्यानः समानोदान एव च।।23।।
नागः कूर्मश्च कृकरो देवदत्तो धनंजयः।
एते नाडीषु सर्वासु चरन्ति दश वायवः।।24।।
तेषु प्राणादयः पंच मुख्याः पंचसु सुव्रत।
प्राणासंज्ञस्तथाऽपानः पूज्यः प्राणस्तयोर्मुने।।25।।
आस्यनासिकयोर्मध्ये नाभिमध्ये तथा हृदि।
प्राणसंज्ञोऽनिलो नित्यं वर्तते मुनिसत्तम।।26।।
अपानो वर्तते नित्यं गुद मध्योरुजानुषु।
उदरे सकले कट्यां नाभौ जंघे च सुव्रत।।27।।
व्यानः श्रोत्राक्षिमध्ये च ककुद्भयां गुल्फयोरपि।
प्राणस्थाने गले चैव वर्तते मुनिपुंगल।।28।।
उदानसंज्ञो विज्ञेयः पादयोर्हस्तयोरपि।
समानः सर्वदेहुषु व्याप्य तिष्ठत्य संशय।।29।।
नागादिवायवः पंच त्वगस्थ्यादिषु संस्थिताः।

वायुव्यापारः

निःश्वासोच्छ्वासकासाश्च प्राणकर्म ही सांकृते।।30।।
अपानाख्यस्य वायोस्तु विण्मूत्रादिविसर्जनम्।
समानः सर्वसामीप्यं करोति मुनिपुंगव।।31।।
उदान उर्ध्वगमनं करोत्येव न संशयः।
व्यानो विवादकृत् प्रोक्तो मुने वेदान्तवेदेभिः।।32।।
उद्गारदिगुणः प्रोक्तो नागाख्यस्य महामुने।
''धनंजयस्य शोभादि कर्म'' प्रोक्तं हि सांकृते।।33।।
निमीलनादि कूर्मस्य क्षुधा तु कृकरस्य च।
देवदत्तस्य विपेन्द्र तन्द्रीकर्म प्रकीर्तितम्।।34।।
सुषुम्नायाः शिवो देव इडाया देवता हरिः।
पिंगलाया विरिंचः स्यात् सरस्वत्या विराण्मुने।।35।।
पुषाऽधिदेवता प्रोक्तो वरुणा वायुदेवता।।

योगशिखोपनिषद् : दश वायु, दशेन्द्रियपरिच्छदम्

योगशिखोपनिषद् कृष्ण यजुर्वेद परम्परा की योगशास्त्र की उपनिषद् है। इस उपनिषद् में ''पिण्डाण्डस्य शिवालयत्ववर्णनम्'' में देह के दश द्वार,

दश (प्रधान) नाड़ी, दश वायु और दश इन्द्रिय का उल्लेख है। दश वायु दश इन्द्रिय को परिच्छ किये हुए है। अर्थात् शरीरस्थ दश वायु का पँच कर्मेन्द्रिय एवं पँच ज्ञानेन्द्रिय से सम्बन्ध है। उपनिषद्कार ने पिण्ड में शिवालयत्व का वर्णन बहुत ही सूत्रात्मक रूप में किया है।

दशद्वारपुरं देहं दशनाडीमहापथम्।।165।।
दशभिर्वायुभिर्व्याप्तं दशेन्द्रियपरिच्छदम्।
षडाधारापवरकं षडन्वयमहावनम्।।166।।
चतुःपीठसमाकीर्णं चतुराम्नायदीपकम्।
बिन्दुनादमहालिंग शिवशक्तिनिकेतनम्।।167।।
देहं शिवालयं प्रोक्तं सिद्धिदं सर्वदेहिनाम।

योगराजोपनिषद् : दशम द्वार–मुक्ति प्राप्ति

''योगराजोपनिषद्'' योगपरक उपनिषद् है। इसमें मात्र 21 मन्त्र हैं। इस उपनिषद् में मन्त्रयोग, लययोग, हठयोग एवं राजयोग (चार योगों) का वर्णन है। इसमें दशवें द्वार का मार्ग, राजदन्त भी कहा गया है। वहाँ पर शून्य में (मन को) लय करने से निश्चित रूप से मुक्ति प्राप्त होती है।।14।।

दशमद्वारमार्ग तद्राजदन्तं च तज्जगुः।
तत्र शून्ये लयं कृत्वा मुक्तो भवति निश्चितम्।।14।।

शिवस्वरोदय : धनंजय मृत शरीर को भी नहीं त्यागता

''शिवस्वरोदय'' में उमा महेश्वर संवाद द्वारा तत्त्वज्ञान दिया गया है। शिवस्वरोदय शैव मत के तान्त्रिक ग्रन्थ शृंखला में से एक है। इसमें महेश्वर से महेश्वरी ने पूछा : हे देवताओं के देव! यह ब्रह्माण्ड कैसे उत्पन्न हुआ, इसका पालन किस प्रकार होता है एवं कैसे इसमें प्रलय होती है ? इस ब्रह्माण्ड के निर्णय को मुझ से कहो।।3।। महेश्वर ने कहा : ''यह ब्रह्माण्ड तत्त्वों से उत्पन्न होता है एवं तत्त्वों से ही इसकी पालना होती है। ब्रह्माण्ड तत्त्वों में ही लीन होता है। इसके तत्त्वों से ही इसका निर्णय समझो।'' उन्होंने कहा कि ''निरंजनो निराकार एको देव महेश्वर''। उस परमेष्ठी महेश्वर से (प्रथम तत्त्व) आकाश की उत्पत्ति हुई, क्रमशः आकाश से वायु, वायु से तेज, तेज से आपः –जल, जल से पृथिवी तत्त्व उत्पन्न हुए।।6,7।। इनसे ब्रह्माण्ड उत्पन्न होता है। इन्हीं से ब्रह्माण्ड की पालना होती है। ब्रह्माण्ड इन्हीं में लीन होकर फिर सूक्ष्मरूप में बना रहता है।।8।।

पाँच तत्त्वों से उत्पन्न देह में ये पाँच तत्त्व सूक्ष्म रूप से वर्तते हैं। उन पाँच तत्त्वों के ज्ञान को योगी जन जानते हैं।

पंचतत्त्वये देहे पंचातत्त्वानि सुन्दरि।

सूक्ष्मरूपेण वर्त्तन्ते ज्ञायन्तेतत्त्वयोगिभिः।।9।।

परमेष्ठी महेश्वर ने सिहगर्जना की : "जो मनुष्य नाड़ी, प्राणतत्त्व एवं सुषुम्ना आदि मिश्रित तीन नाड़ियों के भेद को जानता है, वह मुक्ति को प्राप्त होता है।" "साकार व्यावहारिक अथवा निराकार (परमार्थिक) में वायु (स्वर) के बल से शुभ होता है"।।18,19।।

नाडीभेदं तथा प्राणतत्त्वभेदं तथैव च।

सुषुम्नामिश्रभेदं च यो जानाति समुक्तिगः।।18।।

साकारे वा निराकारे शुभं वायुबलाकृतम्।।19।।

यहाँ शिवस्वरोदय में "वायु अथवा स्वर" के बल को सर्वोपरि कहा गया है। यह कहा है : "इस स्वरोदय में तिथि, नक्षत्र, वार, ग्रह, देवता, भद्रा, व्यतीपातवैधृति आदि का दोष नहीं होता है। इसमें कोई कुयोग नहीं है और न कभी होगा। स्वर का शुद्ध बल प्राप्त हो तब सम्पूर्ण फल शुभ ही होता है।।29,30।।

न तिथिर्न च नक्षत्रं न वारो ग्रहदेवता।

न च विष्टिर्व्यतीपातो वैधृत्याद्यास्तथैव च।।29।।

कुयोगो नास्त्यतो देवि भविता वा कदाचन।

प्राप्ते स्वरबले शुद्धे सर्वमेव शुभं फलम्।।30।।

श्री महेश्वर ने स्पष्ट किया : "नाड़ी में स्थित एवं सर्प के समान होती हुई कुण्डली शक्ति है। उससे ऊपर की ओर गयी हुई दश नाड़ी हैं और दश ही नीचे को गई हैं।।33।।

नाडीस्था कुण्डलीशक्तिर्भुजंगाकारशायिनी।

ततो दशोर्ध्वगा नाड्योदशैवाधः प्रतिष्ठिताः।।3।।

उन्होंने रहस्योद्घाटन किया : "दश नाड़ी प्रधान हैं और उनमें दश वायु के प्रवाह होते हैं।।"34।। "प्रधाना दश नाड्यस्तु दश वायुप्रवाहकाः।।34।।" देह में दश द्वारों से दश नाड़ी टिकती हैं। पिंगला, इडा, सुषुम्ना ये तीनों प्राणमार्ग में आश्रित हैं और ये दश नाड़ी देह के मध्य में स्थित हैं।।40,41।।

एवं द्वारं समाश्रित्यं तिष्ठन्ति दश नाडिकाः।।40।।

पिंगलेड़ा सुषुम्ना च प्राणमार्गे समाश्रिताः।

एताहिं दश नाड्यस्तु देहमध्ये व्यवस्थिताः।।41।।

नाड़ियों के आश्रय में जो वायु हैं, उनके नाम हैं, उन्हे कहता हूँ। दश वायु वर्णन है।।42–47।।

नामानि नाडिकानां तु वातानां तु वदाम्यहम्।

प्राणोऽपानः समानश्च उदानोव्यान एव च।।42।।
नागः कूर्मोऽथ कृकलो देवदत्तो धनंजयः।
हृदि प्राणो वसेन्नित्यमपानो गुदमण्डले।।43।।
समानो नाभिदेशे तु उदानः कण्ठमध्यगः।
व्यानो व्यापी शरीरेषु प्रधाना दश वायवः।।44।।
प्राणाद्याः पंच विख्याता नागाद्याः पंच वायवः।
तेषामपि च पंचाना स्थानानि च वदाम्हम्।।45।।
उद्गारे नाग आख्यातः कूर्म उन्मीलने स्मृतः।
कृकलः क्षुतकृतज्ज्ञेयो देवदत्तो विजृम्भणे।।46।।
न जहाति मृतं वापि सर्वव्यापी धनंजयः।
एते नाडीषु सर्वाषु भ्रमन्ते जीवरूपिणः।।47।।

शिवस्वरोदय में प्राण, अपान, समान, व्यान, उदान, कूर्म, नाग, कृकल या कृकर एवं देवदत्त नौ वायु के शरीरस्थ स्थान एवं कर्म अन्य ग्रन्थों के लगभग–लगभग समान हैं। ''अन्तिम दशम धनंजय वायु सर्वशरीर में व्याप्त और मृत शरीर को भी नहीं त्यागता है।'' अर्थात् धनंजय वायु मृत शरीर में भी लम्बे समय तक रहता है।

पाँचों तत्त्वों एवं राशि के सम्बन्ध भी शैव तन्त्र (शिवस्वरोदय) में स्पष्ट किये गये हैं। ''पृथिवी तत्त्व में बुध ; जल तत्त्व मेंचन्द्रमा ; अग्नि तत्त्व में सूर्य, मंगल ; वायु तत्त्व में राहु एवं शनि और आकाश तत्त्व में बृहस्पति कहा है।।184।।''

पृथ्वी बुधो जलादिन्दुः शुक्रो वह्नि रविः कुजः।
वायु राहुशनी व्योम गुरुरेवं प्रकीर्तितः।।184।।

''वायु तत्त्व के सात नक्षत्र हैं। ये विशाखा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, पुनर्वसु, अश्विनी और मृगशिरा हैं''।।204।।

विशाखोत्तरफाल्गुन्यौ हस्तचित्रे पुनर्वसुः।
अश्निीमृगशीर्षे च वायुतत्त्वमुदाहृतम्।।204।।

यह बीज ''यँ'' पवन तत्त्व में ध्यान करने योग्य और वर्तुल एवं ''श्याम रंग'' का होता है। इसका ध्यान करनेवाला आकाश में गमन एवं पक्षियों के समान विचरण कर सकता है।।212।।

यं बींज पवनं ध्यायेद्वर्तुलं श्यामलप्रभम्।
आकाशगमनाद्यं च पक्षिवद्गमनं तथा।।212।।

परमेष्ठी ने कहा : ''इस कायारूपी नगर में टिका हुआ प्राणवायु रक्षक (पहरुआ) है। यह प्राण प्रवेश के समय दश अंगुल और निकलने के समय बारह अंगुल का होता है।।221।।''

कायानगरमध्यस्थो मारुतो रक्षपालकः।
प्रवेशे दशभिः प्रोक्तो निर्गमे द्वादशांगुलः।।221।।

इसप्रकार हंसस्यासननिरुपणम्, ध्यानबिन्दूपनिषत्, योगचूडामण्यूपनिषद्, दर्शनोपनिषद्, योगशिखोपनिषद्, योगराजोपनिषद्, शिवस्वरोदय आदि दश वायु और विशेषकर धनंजय वायु के रहस्यमय तिलिस्म का परत दर परत भेदन करते हैं। परिणामतः ''धनंजय वायु के अभूतपूर्व दिव्य स्वरूप का दर्शन होता है।''

''धनंजय ज्ञानेन्द्रिय, आभा मण्डल–शोभा, इन्द्रियपरिच्छदम्, नाद, घोष, शब्द, मुक्तिद्वार, मृत शरीर को भी नहीं त्यागना आदि दिव्य कार्यों का प्रतिनिधित्व करता है।'' पूर्व में यह भी उल्लेख किया गया कि धनंजय का सम्बन्ध प्रभामण्डल से है। इसका साक्ष्य दर्शनोपनिषद् है। यह आवश्यक है कि सभी दश वायु–प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान, नाग, कूर्म, कृकर अथवा कृकल, देवदत्त एवं धनंजय का अनुशीलन हो। इसमें विशेषकर आभामण्डल, नाद, घोष आदि कर्मवाली ''धंनजय वायु'' पर वैदिक विद्वान, साधनाविद, योगविद, अदृश्य सिद्धाश्रम के महातपा आदि गहन शोध–अनुसंधान कर व्याख्या करने की कृपा करें। वैसे अग्निविद्या में अग्नि ही धनंजय है। अग्नि चित्ततत्त्व, आत्मतत्त्व है। यही धनंजय है। मूलतः धनंजय दिव्य अनूभूति है। इसी कारण महायोगी गोरक्षनाथ ने धनंजय के नाद, घोष कर्म कहकर गहन मौन साधा।।ऊँ।।

बृहन्नारदीयपुराणम्
वायु के सप्त नाम, सप्त प्रवाह

बृहन्नारदीयपुराणम् के षष्टितमोऽध्याय में शुकदेव ने वासिष्ठ व्यास से पूछा कि यह प्रचण्ड वायु कहाँ से उत्पन्न हुआ ? आप वायु के प्रत्येक व्यापारों का वर्णन कीजीए? इन प्रश्नों पर व्यासजी को परम विस्मय हुआ। उन्होंने वायु की उत्पत्ति और उनके नाम, कार्य की व्याख्या की।

सनत्कुमार का शुक को ज्ञानोपदेश

देवयानचरो विष्णोः पितृयानश्च तामसः।।11।।
द्वावेत्तौ प्रत्ययं यातौ दिवं चाधश्च गच्छतः।
पृथिव्यामन्तरिक्षे च यतः संयान्ति वायवः।।12।।
सप्त ते वायुमार्गा वै तान्निबोधानुपूर्वशः।
तत्र देवगणाः साध्याः समभूवन्महाबलाः।।13।।
तेषामप्यभवत्पुत्रः समानो नाम दुर्जयः।
उदानस्तस्य पुत्रोऽभूद्व्यानस्तस्याभवत्सुतः।।14।।
अपानश्च ततो जज्ञे प्राणाश्चापि ततः परम्।
अनपत्योऽभवत्प्राणो दुर्द्धर्षः शत्रुमर्दनः।।15।।
पृथक्कर्माणि तेषा प्रवक्ष्यामि यथा तथा।
प्राणिनां सर्वतो वायुश्चेष्टा वर्तयते पृथक्।।16।।
प्रीणनाच्चैव सर्वेषां प्राण इत्यमिधीयते।
प्रेषयत्यभ्रसंघातान्धूमजांश्मोष्मजांस्तथा।।17।।

सात वायु, सात प्रवाह : षष्टितमोऽध्यायः

प्रथमः प्रथमे मार्गे ''प्रवहो'' नाम सोऽनिलः।
अम्बरे स्नेहमात्रेभ्यस्तडिद्भ्यश्चोत्तमद्युतिः।।18।।
''आवहो'' नाम सोऽभ्येति द्वितीयः श्वसनो नदन्।
उदयं ज्योतिषां शश्वत्सोमादीनां करोति यः।।19।।
अन्तर्देहेषु चोदानं यं वदन्ति मनीषिणः।
यश्चतुभ्यः समुद्रेभ्यो वायुर्द्धारते जलम्।।20।।
उद्धृत्य ददते चापो जीमूतेभ्यो वनेऽनिलः।
योऽद्भिः संजोज्य जीमूतान्पर्जन्याय प्रयच्छति।।21।।
उद्वहो नाम बंहिष्ठस्तृतीयः स सदागतिः।
संनीयमाना बहुधा येन नीला महाघनाः।।22।।
वृक्षमोक्षकृततारम्भास्ते भवन्ति घनाघनाः।
योऽसौ वहति देवानां विमानानि विहायसा।।23।।
चतुर्थः ''संवहो'' नाम वायुः स गिरिमर्दनः।
येन वेगवता रुग्णाः क्रियन्ते तरुजा रसाः।।24।।
पंचमः स महावेगो ''विवहो'' नाम मारुतः।
यस्मिन्परिप्लवे दिव्या वर्हत्यापो विहायसा।।।25।।
पुण्यं चाकाशयम्मायास्तोयं तिष्ठति तिष्ठति।

दूरात्प्रतिहतो यस्मिन्नेकरश्मिर्दिवाकरः।।26।।
योनिरंशुसहस्रस्य येन याति वसुन्धराम्।
यस्मादाप्यायते सोमो निधिर्दिव्योऽमृतस्य च।।27।।
षष्ठः "परिवहो" नाम स वायुर्जीवतांवरः।
सर्वप्राणभृता प्राणान्योऽन्तकाले निरस्यति।।28।।
यस्य धर्मेऽनुवर्तेते मृत्युवैवस्तावुभौ।
सम्यगन्वीक्षता बुद्धया शान्तयाऽध्यात्मनित्यया।।29।।
ध्यानाभ्यासाभिरामाणां योऽमृतत्वाय कल्पते।
यं समासाद्य वेगेन दिशामन्तं प्रपेदिरे।।30।।
दक्षस्य दश पुत्राणां सहस्राणि प्रजापतेः।
येन वृष्टया पराभूतस्तोयान्येन निवर्तते।।31।।
"परीवहो" नाम वरो वायुः स दुरतिक्रमः।
एवमेते दितेः पुत्रा मरुतः परमाद्भुताः।।32।।
अनारमन्तः सर्वातः सर्वगाः सर्वचारिणः।
एतत्तु महादाश्र्च यदयं वेगसमीरितः।।34।।
सहसोदीर्यते तात जगत्प्रव्यथते तदा।
तस्माद्ब्रह्मविदो ब्रह्म न पठन्त्यतिवायुतः।।35।।
वायोर्वायु भवं ह्युक्तं ब्रह्म तत्पीडितं भवेत्।।षष्टितमोऽध्यायः।।

विष्णुलोक का पथ देवयान चर है और पितृयान तमसाच्छन्न या तामस है।।11।। ये दो मार्ग स्वर्ग एवं पितरलोक जानेवालों के लिए हैं।

"पृथिवी और अन्तरिक्ष में सात वायु बहता है"। अतः उन सात वायोमार्गों को यथार्थ रूप से समझ लो। सर्वप्रथम साध्य के समान नामक अजेय पुत्र हुआ। समान का पुत्र उदान और उदान के व्यान नामक पुत्र हुआ। व्यान के अपान और अपान के प्राण नामक पुत्र रत्न हुआ। दुर्धर्ष योद्धा एवं सभी शत्रुओं को पराजित करनेवाले प्राण को कोई पुत्र नहीं हुआ।।12—15।। उनके जो पृथक्—पृथक् कर्म हैं उनको कह रहा हूँ।

वायु ही समस्त प्राणियों को गति और स्फूर्ति प्रदान करता है।।16।। "सम्पूर्ण प्राणियों को तृप्त करने के कारण वायु को प्राण कहते हैं।" प्रथम "वायु प्रवह" नामक है। यह धुआँ से उत्पन्न अथवा ताप से उत्पन्न को ले जाता है। दूसरा "अनिल आवह" है। वह ध्वनि करता हुआ बहता है। यह आकाश में स्नेहमय पदार्थों और विद्युत् से भी उत्कृष्ट प्रकाशवाला है। जो सर्वदा चन्द्रमा आदि ज्योतिष्क पिण्डों को उदित करता है और शरीर के भीतर संचरणशील वायु को मनीषी "उदान" कहते हैं। तीसरा पद गतिशील

रहनेवाला एवं प्रशंसनीय वायु ''उद्वह'' कहलाता है। यह चारों महासमुद्रों से जल खींचता है। जीमूत नामक मेघों को लेकर वनों आदि में वर्षा करता है और पुनः जीमूत को जल भर देता है। पर्जन्य को जल से युक्त कर देता है। चौथा, पर्वतों का मानमर्दन करनेवाला ''मारुत संवह'' है। यह नील महामेघों को प्रायः इधर–उधर दौड़ाता है। पाँचवा महावेगवाला ''मरुत विवह'' है। इस वेगवान वायु से वृक्षों से उत्पन्न रस में रोग के कीटाणु घुस जाते हैं। ''छठवा वायु परिवह'' है। जिसके आधार पर आकाश में दिव्य जल प्रवाहित होता है। यह ''आकाशगंगा'' के पवित्र जल को धारण करके स्थित है। जिसके द्वारा दूर से प्रवाहित होकर सहस्रों किरणों के उत्पत्तिस्थान सूर्यदेव एक ही किरण से युक्त प्रतीत होते हैं। जिनसे यह पृथिवी प्रकाशित होती है और अमृत की दिव्यनिधि चन्द्रमा का पोषण होता है।।17–27।।

उस छठे ''वायु का नाम परिवह'' है। वह सम्पूर्ण जीवनधारियों में श्रेष्ठ है। ''सातवी श्रेष्ठ वायु परीवह'' है। जिसको कोई वश में नहीं कर सकता है। यह समस्त प्राणियों के प्राण को मृत्यु के समय खीच लेता है। जिसके वशवर्ती मृत्यु एवं वैवस्वत हैं (यह यक्षप्रश्न है कि परीवह एवं धनंजय का क्या सम्बन्ध है ?)। ध्यान एवं योगाभ्यास में लीन रहनेवाले योगी जिसको नित्य अध्यात्म और शान्त बुद्धि से भली भाँति देखकर अमृत्व प्राप्त करते हैं। परीवह वायु के वेग में पड़कर प्रजापति दक्ष के दस हजार पुत्र बड़े वेग से सम्पूर्ण दिशाओं के अन्त में पहुँच गए और जिससे वृष्टि का जल तिरोहित होकर वर्षा बन्द हो जाती है।।27–31।।

इस प्रकार ''दिति के परम आश्चर्यजनक पुत्र वायु'' हैं। ये मरुत सबके अन्तःकरण में प्रवेश करनेवाले, सर्वत्र गतिशील, सर्वव्यापक और सभी स्थानों में पहुँचनेवाले हैं। यह आश्चर्यजनक है, कि उस वायु के चलने से यह गिरिराज हिमालय भी सहसा हिल उठा। जब विष्णु के निःश्वास से निकला हुआ यह वायु अत्यन्त वेग से सहसा उठता है तो उस समय यह संसार इस वायु से अत्यन्त व्यथित हो जाता है। ब्रह्मन्! इसलिए इस प्रकार के अद्भुत वायु के चलने के कारण ब्रह्मज्ञानी अपने वेदाध्ययन को बन्द कर देते है।।32–35।। वायु के द्वारा जो भय होता है, उसको कह दिया गया है। ''इस वायु से ब्रह्म भी पीड़ित होता है।।''36।।

बृहन्नारदीयपुराणम् में ''सप्त वायु–प्रवह, आवह, उद्वह, संवह, विवह, परिवह एवं परीवह'' का उल्लेख मिलता है। साथ सप्त वायु के कर्मों का वर्णन है। यह चौंकाता है कि इन सप्त वायु को दिति का पुत्र कहा गया है (श्रुति में वायु का सम्बन्ध देवमाता अदिति से बताया गया है।)। यह अनुशीलन

का विषय है कि बृहन्नारदीयपुराणम् में इन सप्त वायु को दिति का पुत्र क्यों कहा गया ? यह भी अनुत्तरित है कि ब्रह्म भी वायु से पीड़ित है ?

यह भी अप्रत्याशित है कि बृहन्नारदीयपुराणम् के सृष्टि वर्णन (द्विचत्वारिंशोध्याय) में वायु के पाँच भेद की व्याख्या की गई है।

सृष्टि वर्णन द्विचत्वारिंशोध्याय

प्राणात्प्रीणयते प्राणी व्यानाद्व्यायच्छते तथा।
गच्छत्यपानोऽधश्चैव समानो हृद्यवस्थितः।।79।।
उदानादुच्छ्वसितीति पंच प्रति भेदाच्च भाषते।
इत्येते वायवः पंच वेष्टयन्तीह देहिनम्।।80।।

''प्राण वायु'' से प्राणी तृप्त होता है। ''व्यान'' से अंग प्रसारण करता है। ''अपान'' शरीर के अधो भाग से बाहर निकलता है। ''समान वायु'' हृदय में रहता है और ''उदान'' से मनुष्य उच्छ्वास छोड़ता है। इस प्रकार ''पाँच भेद'' हैं। ये पाँच वायु देही को घेरे रहते हैं।।79,80।।

वायु के ग्यारह गुण : द्विचत्वारिंशोध्याय

वायु के गुणों के बारे में बृहन्नारदीय पुराणम् के द्विचत्वारिंशोध्याय में सविस्तार वर्णन मिलता है। यह वर्णन स्वयं में विशिष्ट है। वायु का गुण मुख्यतः स्पर्श ही माना गया है। स्पर्श के भेद–उष्ण, शीत, सुख, दुःख, विशद, खर, मृदु, श्लक्ष्ण, लघु एवं गुरुतर हैं। अथवा वायु के शब्द एवं स्पर्श दो गुण समझने चाहिए। इस प्रकार वायु के ग्यारह गुण होते हैं।।93–95।। शब्द को आकाशज कहा गया है। यह अनुशीलन का विषय है कि (शब्द) वह उन वायु गुणों के साथ अबाध रूप से चेतना प्रदान करता है।।96।। प्राणियों में जल, अग्नि एवं वायु सर्वदा जाग्रत रहते हैं।।97।। ये शरीर के मूल तत्त्व हैं और प्राणों में व्याप्त होकर रहते है। शक्तिमान वायु पार्थिव धातुओं को प्राप्त कर क्रियाएँ करता है।।98।।

वायुव्यस्तु गुणः स्पर्शः स्पर्शश्च बहुधा स्मृतः।।93।।
उष्णः शीतः सुखं दुःख स्निग्धो विशद एव च।
तथा खरो मृदुःश्लक्ष्णो लघुर्गुरुतरोऽपि च।।94।।
शब्दस्पर्शौ तु विज्ञेयौ द्विगुणौ वायुरित्युत।
एकमेकादशविधो वायव्यो गुण उच्यते।।95।।
आकाशजं शब्दमाहुरेभिर्वायुगुणैः सह।
अव्याहतैश्चेतयते नेवति विषमा गतिः।।96।।
आप्यायन्ते च ते नित्यं धातवस्तैस्तु धातुभिः।
आपोऽग्निर्मारुतश्चैव नित्यं जाग्रति देहिषु।।97।।

मूलमेते शरीरस्य व्याप्य प्राणानिह स्थिताः।
पार्थिवं धातुमासाद्य तथा चेष्टयते बली।।98।।
।।सृष्टि वर्णनः द्विचत्वारिंशोऽध्यायः।।

जीव की गति : वायु वियुक्त से जीव नष्ट

प्राणी के मृत्युकाल में जीव का निकलना नहीं देखा जाता है। वायु ही शरीर को छोड़ देता है। परिणामतः शरीर का ऊष्मभाव नष्ट हो जाता है।।3।। यदि जीव वायुमय है, वह वायु से चिपका रहता है। वायुमण्डल के समान देखता है। मरुद्‌गणों के साथ जाता है। वायु के साथ जीव का दृढ़ संयोग है। उससे वियुक्त होने पर नष्ट हो जाता है।।4–6।।

त्रिचत्वारिंशोऽध्याय : जीव की गति

जन्तोः प्रम्रियमाणस्य जीवो नैवोपलभ्यते।
वायुरेव जहात्येनमूष्मभावश्च नश्यति।।3।।
यदि वायुमयो जीवः संश्लेषो यदि वायुना।
वायुमण्डलवत्पश्येद्‌गच्छेत्सह मरुद्‌गणैः।।4।।
संश्लेषो यदि वा तेन यदि तस्मात्प्रणश्यति।
महार्णवविमुक्तत्वादन्यत्सलिलभाजनम्।।5।।
कूपे वा सलिलं दद्यात्प्रदीपं वा हुताशने।
क्षिप्रं प्रविश्य नश्येत तथा नश्यत्यसौ यथा।।6।।ऊँ।।

शुक्ल यजुर्वेद में दश प्राणवायु

शुक्ल यजुर्वेद संहिता के चतुर्दश अध्याय में ''दश प्राणा आत्मैकादशः'' का उल्लेख मिलता है।

नवभिरस्तुवत पितरोऽसृज्यन्तादितिरधित्या–
सीदेकादशभिरस्तु ऋतवोऽसृज्यान्तार्तव।
अधिपतय आसंस्त्रयोद शभिरस्तुवत मासा
असृज्यन्त संवत्सरोऽधिपतिरासीत्पंचदशभि–
रस्तुवत क्षत्रमसृज्यतेन्द्रोऽधिपतिरासी–
सप्तदशभिरस्तुवत ग्राम्याः पशवोऽसृज्यन्त
बृहस्पतिरधिपतिरासीत्।।14.29।।

इसका महीधरभाष्य, उवटभाष्यम व्याख्या चकित करता है।

नवभिः सप्त शिरः प्राणा द्वावध इति नवप्राणैः

प्रजापतिरस्तौत्। ततः पितरः अग्निष्वात्तादयः सृष्टाः।

अदितिः अखण्डिता प्रजापतिशक्तिः

सृष्टानां पितृणामधिपत्नी स्वामित्वेनाधिकं पालयिंयासीत।

''नव वै प्राणः सप्त शीर्षन्नवाश्चो द्वौ तैः इति श्रुते।

एकादशभिः दश प्राणाः आत्मैकादशस्तैरस्तुवत।

ऋतयः वसन्ताद्याः सृष्टाः आर्तवाः ऋतुपालका देवविशेषः

स्वामिनीऽभूवन्। दश प्राण आत्मौकादशः'' इति श्रुतेः।

प्रजापति ने सात शिरस्थ और दो निम्नस्थ प्राणों से परमात्मा की स्तुति की, तब पितरों की सृष्टि हुई। अदिति उनकी स्वामिनी रही। प्रजापति ने ''दश प्राण एवं एक आत्मा'' अर्थात ग्यारह प्राणों की स्तुति की। उससे ऋतुएँ उत्पन्न हुई। उन ऋतुओं के अधिष्ठातृ देवता ही उनके अधिपति थे। उन्होंने तेरह प्राणों से स्तवन किया। तब क्रम प्राप्त बारह और लोदे लेकर तेरह मास उत्पन्न हुए। उनका (माहों का) अधिपति संवत्सर रहा। प्रजापति ने पन्द्रह प्राणों से स्तवन किया। उनसे योद्धा की उत्पत्ति हुई। इन्द्र उनका अधिपति रहा। सप्तदश प्राणों से स्तवन किया। परिणामतः ग्राम्य पशु उत्पन्न किये गये। उनका अधिपति बृहस्पति रहा।।14.19।। अन्त में प्रजापति ने तेंतीस (33) प्राणों (हाथ–पैर की बीस अंगुलियाँ, दश प्राण, दो पैर एवं आत्मा) से स्तवन किया। उससे सर्वभूत सुखी–शान्त हुए। परम स्थान में स्थित प्रजापति ही उनका अधिपति था। तदन्तर में तीन लोकम्पृणा इष्काएँ चुनना हुआ।।14.31।। ''यहाँ दश प्राणों का वर्णन स्पष्टतः मिलता है।

प्राण वै दशवीराः : दश वायु

यजुर्वेद के उन्नीसवें अध्याय के 48वें मंत्र में प्राण वायु दशवीर के नव अवतार में प्रस्तुत है। यजुर्वेद के महर्षि याज्ञवल्क्य ने योग याज्ञवल्क्य में इसी को विस्तार दिया है।

इदं हविः प्रजननं मे अस्तु दशवीरँ सर्वगणँ स्वस्तये।

आत्मसनि प्रजासनि पशुसनि लोकसन्य भयसनि।

अग्निः प्रजां बहुला मे करोत्वन्न पयो रेतो अस्मासुधत्त।।

।।शुक्लयजुर्वेद 19.48।।

उवटभाष्यम्

शेषं यजमानो भक्षयति।

इदं हविः त्र्यवसाना अष्टिर्यजमानाशीः।

इदं पयोलक्षणं हविः प्रजननं उत्पादकम् मे मम अस्तु।
दशवीरम्। ''प्राणा वै दशवीराः।'' सर्वगणम्।
''अंगा वै सर्वगणः''। स्वस्तये अविनाशाय।
पुनरपि हविर्विशेष्यते। आत्मसनि आत्मानं यद्धविः सनोति
संभजते तदात्मसनि। एवं प्रजासनि पशुसनि लोकसनि अभयसनि।
अभयमपुनरावृत्तिः। अग्निः प्रजां बहुलाम् अतिवृद्धां मम करोतु।
यूयं च हे ऋत्विजः, अन्नं च पयश्च ऐतश्च अस्मातु धत्त।।48।।

महीधरभाष्यम्

शेषं यजमानो भक्षयतीदँ हविरिति।
उखास्थितं पयो यजमानो भक्षयतीत्यर्थः।
यजमानाशीर्देवस्या त्र्यवसाना अष्टिः एको व्यूहः।
इदं पयोरूपं हविर्मे मम स्वस्तये अविनाशायास्तु।
कीदृशं हविः। प्रजननं प्रजनयतीति प्रजननं प्रजोत्पादकम्।
''दशवीरं दश वीराः प्राण यत्र तत्।
यत्र पीते दशाना प्राणापानव्यानोदानसमाननागकूर्मकृकरदेवदत्त–
धनंजयसंज्ञानां प्राणानां स्वास्थ्यं भवतीत्यर्थः।''
''प्राणा वै दशवीराः प्राणानेवात्मन्धत्ते'' (12.8.1.22) इति श्रुतेः
तथा सर्वगणं सर्वे गणा अंगानि यस्मिंस्तत्।।19.48।।

यजुर्वेद के उवटभाष्य और महीधरभाष्य दोनों ही में दशवीर का अर्थ दश प्राण (वायु) ही लिया है। महीधर भाष्य में इन दश प्राणों के श्रुति आधारित नाम– प्राण, अपान, उदान, समान, व्यान, कूर्म, कृकर, देवदत्त एवं धनंजय दिये गये हैं। यजुर्वेद में वायु को ''ज्योतिष्मति'' की संज्ञा दी है।

महीधर भाष्य

विश्वज्योतिषमुपदधाति।
विश्वकर्मा त्वा।
वायु देवत्या।।14.14।।

महीधर भाष्यम्

विश्वकर्मेति विश्वज्योतिषमुपरि पूर्वस्या (का.17.9.3)।
प्रथमोपहिताया विश्वज्योतिष उपरि विश्वज्योति–
तिष्मिष्टकामुपदधाति। वायुदेवत्यं शकरीच्छन्दस्कं यजुः।
हे इष्टके, ज्योतिष्मतीं वायुरूपां त्वां
विश्वकर्मान्तरिक्षस्य पृष्ठे त्वां सादयतु।
अन्तरिक्षस्य पृष्ठे ह्ययं ज्योतिष्मान् वायुः इति श्रुतेः(3.2.3)।

किंच सर्वप्राणादिलाभयं त्वं सर्वं ज्योतिर्यच्छ प्रयच्छाः।वायुः तवाधिपतिः
तया देवतया ध्रुवा सती सीद अंगिरसां चिताविव।।14.14।।

मूलपाठ

विश्वकर्मा त्वा सादयत्वन्तरिक्षस्य पृष्ठे ज्योतिष्मतीम्।
विश्वस्मै प्राणायापानाय व्यानायं विश्व ज्योतिर्यच्छ।।
वायुष्टेऽधिपतिस्तया देवतयांगिरस्वद्भुवा सीद।।14.14।।

यहाँ चिति में विश्वज्योतिष नामक ईंट के ऊपर विश्वज्योतिष ईंट को तृतीय चिति में भी चयन का वर्णन है। हे इष्टके! "आप ज्योतिष्मतीवायुरूपा को स्वयं प्रजापति ही इस तृतीय चिति में विश्वज्योति ईंट का चयन करें। हे विश्वज्योतिष इष्टके! समस्त प्राण–अपान–व्यान–समान आदि की दृढ़ता के लिए आप इस तृतीय चिति में दृढ़ होओ।।14.14।।

दश प्राणभृत्

यजुर्वेद के चौदहवें अध्याय के सत्रहवें मन्त्र में दश प्राणों को धारण करने का सूत्रात्मक वर्णन नये रहस्यलोक में ले जाता है। शब्दकोश में प्राणभृत्–प्राणधारी जन्तु लिखा है। रघुवंश के अनुसार "अन्तर्गत प्राणभृताँ ही वेद" है अर्थात् "दशप्राणभृत् इष्टकाओं को धरना।" हे प्राणभृत इष्टके! आप मेरी आयु की रक्षा करो। मेरे प्राण की रक्षा करो। मेरे अपान की रक्षा करो। मेरे व्यान की रक्षा करो। मेरे श्रोत्रों की रक्षा करो। मेरी वाणी को फलाढ्य बनाओ। मेरे मन को प्रसन्न करो। मेरी आत्मा की रक्षा करो और मुझे प्रकाश (ज्ञान) प्रदान करो।।यजुर्वेद 14.17।।

आयुर्मे पाहि प्राणं मे प्राह्यपानं मे पाहि
व्यान मे पाहि चक्षुर्मे पाहि श्रोत्रं मे पाहि
वाचं मे पिन्व मनो मे जिन्वात्मानं मे पाहि ज्योतिर्मे यच्छ।।
।।यजुर्वेद14.17।।

उवटभाष्यम्

दश प्राणभृतः। आयुर्मे पाहि गोपाय।
वाचं मे पिन्व त्रयीलक्षणां वाचं मे मम पिन्व सिंच कामैः पूरय।
मनो मे जिन्व। जिन्वतिः प्रीतिकर्मा।
ज्योतिर्मे यच्छ देहि। सुबोबोध्यमन्यत्।।यजुर्वेद 14.17।।

महीधरभाष्यम्

पूर्वार्धे प्राणभृतो दशायुर्म इति प्रतिमन्त्रम् (का.17.9.6)।
आत्मनः पूर्वभागे प्राणभृत्संज्ञा दशेष्का उपदधातीति सूत्रार्थः।
दश यजूंषि लिंगोक्तदेवत्यानि।

हे इष्टके! मे ममायुः त्वं पाहि पाहि रक्ष।

यजर्वेद की वायुविद्या

शुक्ल यजुर्वेद में इस तरह स्पष्ट रूप से दश प्राण, दश प्राण वायु, तैंतीस प्राण, सप्त प्राण, दश प्राण वीर (वीर अर्थात् वायु), वायु ज्योतिष्मति, दश प्राणभृत्, वायु ज्योति यानी आत्मा, चेतना आदि गुप्त वायुविद्या की व्याख्या है। शुक्ल यजुर्वेद के मन्त्रद्रष्टा परम ऋषि याज्ञवल्क्य ने सूत्रात्मक, प्रतीकात्मक, रहस्यात्मक, कूटात्मक, अभिव्यंजनात्मक, बहुअर्थी, संहत, ध्वन्यात्मक, अध्यात्मिक, संक्षिप्त आदि भाषा में जीवनी ऊर्जा वायु के दश प्राण अथवा तेंतीस (33) प्राणों में प्रतिष्ठित होने की वायुविद्या को प्रस्तुत किया है। यहाँ पुनः दोहरा रहे हैं कि वैदिक संस्कृत वर्तमान लौकिक संस्कृत से अलग होने से अध्येताओं के लिये चक्रव्यूह बनी है।

शुक्ल यजुर्वेद के मन्त्रद्रष्टा ऋषि याज्ञवल्क्य हैं। ''यजुर्वेद में 40 अध्याय, 1975 कण्डिका एवं 3988 ऋचाएँ हैं। परमऋषि याज्ञवल्क्य काल के यजुर्वेद की पन्द्रह शाखाएँ रही। वर्तमान में शुक्ल यजुर्वेद की मात्र माध्यदिन एवं काण्ड शाखा ही शेष हैं।'' इन्हें वाजसनेयी शाखा कहते हैं। इसमें पवित्र पाठ गद्यात्मक संग्रह है। वैसे यजुर्वेद की दूसरी धारा तैत्तिरीय अथवा कृष्ण यजुर्वेद है। याज्ञवल्क्य ने सूर्य देवता की घोर तपस्या की। सूर्य देवता ने वाजी (अश्व) का स्वरूप धारण कर याज्ञवल्क्य को यजुः ग्रन्थ दिया। यह उनके गुरु वैशम्पायन को भी अज्ञात था। यह संहिता सूर्य देवता द्वारा प्रदान होने से शुक्ल (श्वेत) एवं वाजसनेयी कहलाती है। कात्यायन ने उल्लेख किया है कि याज्ञवल्क्य ने यह वेद सूर्य से प्राप्त किया है। ''यजुर्वेद में ऋग्वेद की 663 ऋचाएँ हैं।'' यह उल्लेखनीय है किअश्वनौ देवों को चिकित्सा शास्त्र का गोपनीय ज्ञान महर्षि दधीच ने अश्व का शिर लगाकर दिया। हयग्रीव अर्थात् वेद उद्धारक देव का शिर अश्व का है।

यजुष् शब्द का शाब्दिक अर्थ–यज्ञ, पूजा, श्रद्धा, आदर, यज्ञीय विधि, यज्ञीय प्रार्थना मन्त्र, समर्पण क्रिया आदि है। यज्ञ शब्द का अर्थ–सम्मिलित विचार, सत्कार्य, यजन, पूजन, वैदिक विधानों में परमेश्वर आराधना, उपासना आदि धार्मिक कार्य हैं। पँचमहायज्ञ ब्रह्मविद के लिए अनुष्ठेय वर्णित हैं। इनमें ''ज्ञानयज्ञ'' भी सम्मिलित है। इनकी यजुर्वेद में विस्तृत व्याख्या है। यजुर्वेद को ''प्राणवेद'' एवं ''वायुवेद'' भी कहा गया है।

यजुर्वेद में गोपनीय प्राणविद्या, वायुविद्या के सूक्ष्मतम रहस्यों का वर्णन है। मूलतः यज्ञ में वायु की नाभकीय भूमिका है। स्वर उच्चारण एवं वायु में अन्तर्सम्बन्ध है। सूर्य देवता से दीक्षित महर्षि याज्ञवल्क्य ने दश इन्द्रियों (पाँच

कर्मेन्द्रियाँ, पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ) से सम्बन्धित प्राणवायु को दशवीर अथवा दश प्राण की उपमा दी है।

परम ऋषि याज्ञवल्क्य ने शतपथ ब्राह्मण, बृहदारण्यकोपनिषद्, योग याज्ञवल्क्य, याज्ञवल्क्य स्मृति आदि की कालजयी रचना की। ''योग याज्ञवल्क्य'' में मुनिश्रेष्ठ याज्ञवल्क्य ने ''दश वायु के नाम और उनके कर्मों का रहस्य'' समझाया है। यह यजुर्वेद के दशवीर, दश प्राण, दश प्राणभृत् आदि की व्याख्या है। दश वायु पर महर्षि दत्तात्रेय, त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद् आदि से लेकर तन्त्र शास्त्र एवं योगशास्त्र में प्रकाश डाला है।।ऊँ।।

तन्त्रशास्त्र

दशवायवः दशाग्नय

मन्त्रयोग के महाग्रन्थ शारदातिलक में स्पष्ट रूप से दश वायु और दश अग्नियों का वर्णन मिलता है। शारदातिलक में शरीर की दशवायु एवं दश अग्नियों के कार्यों की व्याख्या भी की गयी है। यह अवश्य है कि शारदातिलक में नौ वायु—प्राण, अपान, उदान, व्यान, समान, नाग, कूर्म, कृकर (कृकल) एवं देवदत्त शरीरस्थ अवस्था एवं कर्म अन्य ग्रन्थों के समानही वर्णित हैं। लेकिन ''धनंजय वायु द्वारा घोष एवं महारजतवर्णक बताया गया है। ''धनंजय घोषे महारजतवर्णकः।'' (आचार्यास्तुधनंजयाख्यो देहेऽस्मिन् कुर्यात् बहुविधान् रवान्। स तु लौकिकवायुत्वान्मृतंच न विमुंचति।) (धनंजय वायु शरीर में मृत्यु के बाद रहती है।)।

वायवोऽत्र दश प्रोक्ता वह्नयश्च दश स्मृताः।
प्राणाद्या मरुतः पँच नागः कूर्मो धनंजय।।44।।
कृकलः स्याद् देवदत्त इति नामभिरीरिताः।।
अग्नयो दोषदूष्येषु संलीना दश देहिनः।।45।।

योगार्णव व्याख्या

इन्द्रनीलप्रतीकाशं प्राणरूपं प्रकीर्त्तितम्।
आस्यनासिकयोर्मध्ये हृन्मध्ये नाभिमध्यगे।
प्राणालय इति प्राहुः पादांगुष्ठेऽपि केचन।
अपानयत्यपानोऽयमाहारंच मलायितम्।।
शुक्रं मूत्रं तथोत्सर्गमपानस्तेन मारुतः।

इन्द्रगोपप्रतीकाशः सन्ध्याजलसन्निभः।
स च मेढ्रे च पायो ऊरुवंक्षणजानुषु।
जंघोदरे कृकाट्यांच नाभिमूले च तिष्ठति।।
व्यानो व्यानशयत्यन्नं सर्वव्याधिप्रकोपनः।
महारजतसुप्रख्यो हानोपादानकारकः।।
स चाक्षिकर्णयोर्मध्ये काटयां वै गुल्फयोरपि।
घ्राणे गले स्फिगुद्देशे तिष्ठत्यत्र निरन्तरम्।।
स्पन्दयत्यधरं वक्त्रं गात्रनेत्रप्रकोपनः।
उद्वेजयति मर्माणि उदानो नाम मारुतः।
विद्युत्पावकवर्णः स्यादुत्थानासनकारकः।
पादयोर्हस्तयोश्चापि स तु सन्धिषु वर्त्तते।
पीतं भक्षितमाघातं रक्तपित्तकफानिलान्।
समं नयति गात्राणि समानो नाम मारुतः।।
गोक्षीरसदृशाकारः सर्वदेहे व्यवस्थितः।
उद्गारे नाग इत्युक्तो नीलजीमूतसन्निभः।।
उन्मीलने स्थितः कूर्म्मा भिन्नांजनसमप्रभः।
कृकरस्तु क्षुते चैव जवाकुसुमसन्निभः।
विजृम्भने देवदत्तः शुद्धस्फटिकसन्निभः।
धनंजयस्तथा घोषे महारजतवर्णकः।
ललाटे चोरसि स्कन्धे हृदि नाभो त्वगस्थिषु।
नागाद्या वायवः पँच सहैव परिनिष्ठितः।।इति।।
(व्याख्या में वायु के लिये मारुत शब्द का प्रयोग किया गया है।)
।। शारदातिलकम्, प्रथमः पटलः।।ऊँ।।

महर्षिकुलवैभवम्

दश प्रजापति, दश ऋषि रहस्यम् !

वैदिक दशप्राण, दशवीर, दशप्राणवायु आदि की श्रृंखला में दश प्रजापति एवं दश ऋषि हैं। वेद में त्रयी, सप्त एवं दश की संख्या का प्रयोग बहुत हुआ है। ये त्रयी, सप्त एवं दश अत्यन्त रहस्यात्मक हैं।

सप्त व्याहृति–भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः एवं सत्यं ही सप्त लोक हैं। "महर्षिकुलवैभवम्" के "प्राजापत्यं कुरुक्षेत्रम्" के अनुसार इन सप्त लोकों

में अक्षर पुरुष व्याप्त है। इन सातों लोकों में तीन त्रिलोकी हैं। इन सप्त लोकों में ''सत्यलोक स्वयम्भू है'' (इसको कोई उत्पन्न नहीं करता है।)। यह ''ब्रह्माग्निलोक'' कहलाता है। इसमें व्याप्त अग्नि, ब्रह्माग्नि के नाम से विख्यात है। ''स्वयम्भू मण्डल वेदमय'' है। वेद तीन ही प्रसिद्ध हैं। इन ऋक्, यजु एवं साम में ''यजु को ब्रह्माग्नि'' कहा जाता है।

यजुः शब्द (यच्च जूश्च, यजुः) ''यतः'' एवं ''जूः'' से बना है। इसमें गत्यर्थक ''इ'' धातु से बने ''यत्'' शब्द से गतिशील वायु का बोध होता है। दूसरे, ''जू'' धातु से बने ''जू'' शब्द से अचल, वायु के आधार आकाश का बोध होता है। अर्थात् ''वायु एवं दोनों के सम्मिलित रूप का नाम यजु अथवा ब्रह्माग्नि है।'' ब्रह्माग्नि से आकाश एवं वायु दो रूपों से परिचय होता है।

यह उल्लेखनीय है कि ''यह भौतिक वायु नहीं है। यह प्राण रूप अधिदैविक वायु है।'' प्रकारान्तर में भौतिक वायु का विकास होता है। ऋग्वेद में इसी कारण (अधिदैविक) वायु और (भौतिक) वात के अलग–अलग सूक्त हैं। स्वयम्भू मण्डल ''प्राणमय'' के साथ ''वाय्वाकाशमय'' है। एक ही तत्त्व प्राण को यजुः वाय्वाकाश आदि नामों से सम्बोधित किया गया है। इस ''यजुः'' में ये ''यत्'' नाम का वायु अनन्त है। इसके प्रधानतया दो भेद–उन्मुग्धावयव (असत् प्राण) एवं उद्बुद्धावयवाश्च हैं।

(7) तत्र स्वयम्भूः सत्यलोको द्यौः परमेष्ठी जनल्लोकः पृथिवी।
तयोरन्तरतोऽन्तरिक्षं तपोलोकः। अथ परमेष्ठी द्यौः।
सूर्यः पृथ्वी तयोरन्ततोऽन्तरिक्षं महर्लोकः।
अथ सूर्यः स्वर्लोको द्यौः।
इयं पृथिवी पृथ्वी। तयोरन्ततोऽन्तरिक्षं भुवर्लोकः।
अथेयं पृथ्वी भूर्लोकः।
तेऽमि सप्त लोका उत्तरोत्तरं क्रमेण सन्निविशन्ते।
(8) तत्रायं सत्यलोकः स्वयम्भूर्ब्रह्माग्निलोकः।
ऋक्सामयजुषां यजुर्ब्रह्माग्निरूच्यते।
यच्च जूश्चेति व्युत्पत्त्या वाय्वाकाशमेदभिन्नोयं ब्रह्माग्निः।
तत्रानन्ता वायवोऽमी ऋषय उच्यन्ते।
(9) त चे द्विविधाः – उन्मुग्धावयवाः, उद्बुद्धावयवाश्च
आद्या असत्प्राणाः सत्यलोकेऽवतिष्ठन्ते।

।।महर्षिकुलवैभवम्; प्राजापत्यं कुरुक्षेत्रम्।।

महर्षिकुलवैभवम् के विराट्–अमृतमर्त्यपशूनां विराट्त्वम् अध्याय में ''प्राण के दश भाग–वाणी, दो नासिका, दो नेत्र, दो कान, पायु (मलत्याग

करने का इन्द्रिय), शिश्न एवं नाभि हैं।'' साथ ही यज्ञ के दश अक्षर भाग– प्राण, देवता, ऋषि, ग्रह, स्तोम, पृष्ठ, ऋतु, दिशा, छन्द एवं साम बताये गये हैं।

प्राणाश्च देवा ऋषयो ग्रहा श्च स्तोमा श्च पृष्ठान्यृ तवो दिश श्च
छन्दासि सामानि दशाक्षरैषा विराट् प्रतिष्ठां लभतेऽधियज्ञम्।।1।।
वाक्प्राणचक्षुःश्रुतयः पुरीष्यं शिश्नं च नाभिर्दशमीति प्राणः।।
।।महर्षिकुलवैभवम्; विराट्।।

''इन्द्रब्रहतो वेदसृष्टिः'' में स्पष्ट किया है कि ''ऋग्वेद का देवता अग्नि है, यजुर्वेद का देवता वायु, सामवेद का आदित्य एवं अथर्ववेद का चन्द्रमा देवता है।'' ''ऋचामग्निर्दैवतम्, यजुषां वायुर्दैवतम्, साम्नामादित्यो दैवतमथर्वणं चन्द्रमा दैवतम्।'' (1.29)।। वैदिक विज्ञान में अनेक स्थानों पर प्रजापति शब्द आया है। प्रजापति शब्द का सम्पूर्ण निरूपण आवश्यक है। अतः प्रजापति शब्द के संग्रहों से ''दशप्रकार का प्रजापति'' होता है।

1. अनिरुक्त प्रजापति : केन्द्र में जो इन्द्रप्राण बताया गया है। इसे नभ्य शब्द से भी कहा जाता है।

2. प्राण प्रजापति : आत्मा और अंगरूप जो अमृत भाग कहा गया है। जिसमें देवों की स्थिति बताई जाती है। यह शिरःस्थ अग्नि है। इसे चितेनिधेयाग्नि भी कहा जाता है।

3. भूत प्रजापति : आत्मा एवं अंगरूप जो मर्त्यभाग भौतिक शरीर के रूप में कहा जाता है। इसे चित्याग्नि भी कहते हैं।

4. पशु प्रजापतिः पिण्ड के बाहरी एवं उससे सम्बद्ध ओषधि वनस्पति, चेतन, कृमिकीट, पशु, मनुष्यादि प्राणी हैं।

5. सहस्र प्रजापति : त्रयीविद्या (तीनों वेद), ब्रह्म, यज्ञ, वा सहस्र शब्द से प्रसिद्ध है।

6. अथर्वा प्रजापति : त्रयी विद्या के बाहर व्याप्त सोमभाग जो अथर्ववेद या अथर्वा के नाम से कहा जाता है।

7. छन्दः प्रजापति : चारों वेदों के अन्त तक व्याप्त जो आत्मा को छन्दन अर्थात् परिछिन्न कर देता है।

8. विराट् प्रजापति : आत्मा, अमृत और मर्त्य इन तीनों के समुदाय तक जो संघटित स्थिति; जो यज्ञ अथवा प्रतिष्ठा के नाम से कही जाती है।

9. शिपिविष्ट प्रजापति : आत्मा से लेकर पशुभाग तक व्याप्त। इसे विराट् वा यज्ञ कहते हैं।

10. सर्व प्रजापति : आत्मा से लेकर सहस्र पर्यन्त अथवा अथर्वापर्यन्त भाग को संगृहित करनेवाला (सर्व प्रजापति में सब कुछ अन्तर्गत हो जाता है।)।

प्रजापतेर्दश व्यूहाः

प्रजापतिश्चेत्थं दशविधः संपद्यते–1. इन्द्रस्तावदनिरुक्तो नभ्यो वा प्रजापतिः। 2. आत्मांगलक्षणो मर्त्यभागो देवः शिरोऽग्निनिषेयाग्निर्वा प्रजापतिः।3.आत्मांगलक्षणो मर्त्यभागो भूतं शरीरं चित्याग्निर्वा प्रजापतिः। 4. ओषधिवनस्पतिचेतनादिप्राणिजातानि पशुप्रजापतिः। 5. त्रयी विद्या तु ब्रह्म वा यज्ञो वा सहस्रं वा प्रजापतिः। 6. अथर्ववेदस्तु ब्रह्म वाथर्वा वा प्रजापतिः। 7. चातुर्विद्यमात्मनश्छादनं छन्दो वा प्रजापति। 8. मर्त्यान्तः स प्रतिष्ठा वा यज्ञो वा विराड् वा प्रजापति। 9. पश्वन्तुस्तु विराड् वा शिपिविष्टो वा यज्ञो वा प्रजापतिः। 10. सहस्रान्तोऽथर्वान्तो वा सर्वः प्रजापतिः।।महर्षिकुलवैभवम्; प्रजापतेर्दशव्यूहाः। ।।ॐ।।

वायुर्वेद–प्राणवेद
उनचास मरुत् वायवः महागाथा

वैदिक देव मरुत् अध्यात्म में ''प्राण'', अधिदैवत में ''वायु'' एवं अधिभूत में ''प्राणों का उत्सर्ग करने को उद्यत वीर'' है। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के छठे सूक्त में मरुतः को इन्द्र के समान वर्चस् वाला कहा गया है। भाष्यकारों ने इसका अर्थ क्रमशः सूर्य एवं वायु किया है।

उणादिकोष में मरुतः की व्युत्पत्ति है : ''म्रियते मारयति वा'' (मरने, मारने को उद्यत)। निरुक्तकार यास्क द्वारा दी गई व्युत्पत्ति है : ''मरुतो मितराविणो वा ; मितरोचिनो वो महद् द्रवन्तीति वा।'' मरुतः मितभाषी, परिमित प्रकाशवान एवं अत्यन्त वेग से कार्य करनेवाला आदि कहलाता है। दुर्गाचार्य ने अपरिमित ज्ञान से सम्पन्न होकर बोलने वाले, अपरिमित प्रकाश देनेवाले एवं अपरिमित शक्ति से सम्पन्न होकर कार्य करनेवाले को मरुतः कहा है। ''मरुतोऽमितराविणो वाऽमितरोचिनो वा महद् रवन्तीति वा।'' मरुतः–मर्तुम्+उद्यतः। ऋग्वेद के दशम मण्डल के सूक्तों में मरुतों को अट्ठाईस उपमाएँ देकर सम्बोधित किया है। इसमें ''वातासो न स्वयुजः सद्य ऊतयः ; वातासो न धुनयो जिगत्नवः ; शुभंययो नांजिभिर्व्यश्वितन्....'' लिखा है।

भाष्यकार मरुतः को वायु वाचक बताते हैं। वे मरुतः शब्द की व्युत्पत्ति– "मुग्रोरतिः। इति मृड्. धातोरुति प्रत्ययः। मरुतः इति पदनामसु पठितम्।।निघण्टु 5.5।। सुदानवः विशेषण की व्याख्या "सुष्ठु दानहेतवः" शब्दों से की है। "अनेन गमनागमनक्रियाप्रापका वायवो गृह्यन्ते।" अर्थात् पवन प्राणियों के चेष्टा, बल, वेग, यान और मंगल आदि व्यवहार को सिद्ध करता है। इसलिए विद्वान को चाहिए कि पवन के इन गुणों की परीक्षा करके इन पवनों से यथायोग्य उपकार ग्रहण करे। ऋग्वेद की एक ऋचा में मरुतों अर्थात् "वायुओं की द्विविध गति का संकेत है : सुखकारिणी एवं दुःखकारिणी।"दुर्ग ने टिप्पणी की है कि वायु ही मरुतः है : "वायु रेव ही भेदनापेक्ष्यमाणो मरुदभिधानो बहुवचनभाग् भवति।"

विभिन्न विद्वानों ने मरुत् के अनेक रूपों की व्याख्या की है। वेद–विदों के अनुसार एक ओर मरुत् ब्रह्माण्ड वायु है, वहीं दूसरी ओर शरीरस्थ प्राण भी है। वे वृष्टि लानेवालेझंझावात हैं और चमकते आयुधवाले सेनानी भी हैं।

यजुर्वेद में मरुतः पवन–वायु रूप में सीधे प्रकट होते हैं। पृथिवी पर सभी मरुतः पवन मानवों की रक्षा आदि के साथ प्रसिद्ध हों।

विश्वे अद्य मरुतो विश्व ऊती विश्वे भवन्त्वग्यः समिद्धाः।
विश्वे नौ देवा अवसा गमन्तु विश्वस्य द्रविणं वाजो अस्मे।।
।।यजुर्वेद 18.31।।

इन्द्रवायू बृहस्पतिं मित्राग्निं पूषणं भगम्।
आदित्यान्मारुतां गणम्।।यजुर्वेद 33.45।।

यजुर्वेद में मरुत् बल के कारण प्राण (39.9) और मरुत्वती उक्थ–प्राणप्रद संदेश कहा गया है। प्राणों की नितान्त पवित्रता मारुत गुणों के कारण है। "यजुर्वेद (18.45) में वायु को मरुत् बताया गया है।" वायु ही मरुत् समूह है, मरुत् गण है (यजुर्वेद 18.45)।। मरुत प्रबल पवन और वीरों का ओज है। मरुत् दैवी विशः है : "इन्द्रं दैवीर्विशो मरुतोऽनुवर्त्मानोऽभवन् यथेन्द्रं दैवीर्विशो मरुतोऽनुवर्त्मानेऽभवन्।। यजुर्वेद 17.86।।" इन्द्र मरुत्वान् है। अधिभौतिक रूप से मरुत् मेघवाहक वायु के देवता हैं। संस्कृत हिन्दी शब्द कोश में मरुत् का अर्थ वायु मिलता है।

वेद विद्या की भूमिका (श्री वासुदेव शरण अग्रवाल) में (मरुत्) इनकी ओजस्विता और वायु की प्राणदायिनी शक्ति के आधार पर इन्हें प्राण माना है। ऐतरेय ब्राह्मण (3.16) में "प्राणों वै मरुतः स्वापयः" लिखा है। जैमिनीय ब्राह्मण में प्राणों की व्यापकता के कारण मरुतों को भूमा (व्यापक एवं असीम) कहा

गया है : "अथो भूमा वै मरुतः" ।।2.203।। वैदिक विज्ञान में मरुत् को वसवा भी कहा गया है। "प्राणा वै वसवः।" शतपथ ब्राह्मण में लिखा है : "प्राणा वै मारुताः।" अर्थात् प्राण मरुत् है।

"शरीर त्याग के बाद जीवात्मा को मरुत् प्राण ही स्वतः घृत कर्मों और संस्कारों के अनुरूप गर्भ दिलाते हैं" (आदह स्वधामनु पुनर्गर्भत्वमेरिरे।)। अर्थात् मृत्यु के समय मात्र स्थूल शरीर छूटता है। प्राण एवं सूक्ष्म इन्द्रियाँ साथ जाती हैं। वैदिक विज्ञान में सावधान किया है : प्राणसाधक मानवों! ऋतु अनुकूल खानपान करो (मरुतः पिबत ऋतुनां पोत्राद्यज्ञं पुनीतन।)। यह स्पष्ट है कि श्रुति में मृत्यु के बाद भी मरुत् के कर्म का वृत्तान्त है। यह शोध–अनुसंधान का विषय है कि क्या यहाँ मृत्य उपरान्त शरीर में रहनेवाले वायु (धनंजय) की ओर संकेत किया जा रहा है ?

मरुत् की उपमायें, विशेषण चमत्कृत करती हैं। श्रुति में ये – पावकासः; अरेपसः; ईशानकृतः; महिषासः; नृषाचः; संमिश्रासः, सुविसः, मारुत शर्धः; अमवन्तः; वनिनः; रघुस्यदः, रिशादशः; देव होताः ; पूर्णबला ऋत्विजः; रघुपत्वानः ; सभाध्यक्षदायतः ; ब्रह्मयुजः हरयः ; सुमातरः, सोभरयः ; गोबन्धवः ; सुजातासः ; महान्तः, पृश्निमातर ; गोमातर ; विशः मरुतः ; दैवीःविशः ; मनीषिणाः ; समन्यवः ; कवयः ; सूरयः ; मनोजुवः, त्वेषसंदृशः ; सत्यशवसः ; सत्यश्रुत ; मत्तयः निचेतारः ; दूरेदृशः ; विश्वस्य नवंदस ; सुमति ; सांतपना ; गृहमेधास ; सूर्यत्वचः ; स्वतवसः ; सहस्री ; सुदानवः ; रुद्राः ; रुद्रासः ; शंभविष्ठा ; शतस्वी ;शत देवकर्मभि ; मानुषी विशः ; क्रीडिनः मरुतः आदि–आदि हैं।

उनचास मरुतः यजुर्वेद।।17.79–86।।

सप्त ते अग्ने समिधः सप्त जिव्हा सप्त ऋषयः
सप्त धाम प्रियाणी। सप्त होत्राः सप्तधा त्वा
यजन्ति सप्त योनीरापृणस्वा घृतेन स्वाहा।।79।।
शुक्रज्योतिश्च चित्रज्योतिश्च सत्यज्योतिश्च ज्योतिष्माँश्च।
शुक्रश्च ऋतपाश्चात्यँहाः।।80।।
ईदृड्. चान्यादृड्. च सदृड्. च प्रतिसदृड्.।
मितश्च संमितश्च सभराः।।81।।
ऋतश्च सत्यश्च ध्रुवश्च धरुणश्च।
धर्ता च विधर्ता च विधारयः।।82।।
ऋतजिच्च सत्यजिच्च सेनजिच्च सुषेणच्च।
अन्तिमित्रश्च दूरेअमित्रश्च गणः।।83।।

ईदृक्षास एतादृक्षासऽऊषुणः सदृक्षासः प्रतिसदृक्षास एतन।
मित्रासश्च संमितासो नो अद्य सभरसो मरुतो यज्ञे अस्मिन्।।84।।
स्वतवांश्च प्रघासी च सांतपनश्च गृहमेधी च।
क्रीडी च शाकी चोज्जेषी।।85।।
इन्द्रं दैवीर्विशो मरुतोऽनुवर्त्मानोऽभवन्यथेन्द्रं
दैवीर्विशो मरुतोऽनुवर्त्मानोऽभवन्।
एवमिमं यजमानं दैवीश्च विशो मानुषीश्चानुवर्त्मानो भवन्तु।।86।।

इन ऋचाओं में कहा गया है : हे अग्ने! आपकी सात समिधाएं हैं। ''समिधा का अर्थ प्राण है।'' सात जिव्हाएं (काली, कराली, मनोजवा, विलोहिता, सधूम्रवर्णा, स्फलिंगिनी, विश्वरूची) हैं। सात ऋषि (सात दैवी ऋषि–भरद्वाज, कश्यप, गौतम, अत्रि, विश्वामित्र, जमदाग्नि, वसिष्ठ) हैं। सात ही प्रिय गायत्री प्रभृति छन्द स्थान हैं। सात ऋत्विज् आपका सात अग्निष्टोमादि यज्ञ विधानों के द्वारा यजन करते हैं। हे अग्ने! आप सात चिति वाली वेदि को घृत से आपूरित करो। यह आहुति है।।17.79।। इसके बाद सप्तम मरुत अपने–अपने सप्तगण के साथ हमारे यज्ञ में आवें कहकर मारुत (अथवा मरुत्) पुरोडाश से होम करना।

यज्ञ में आमन्त्रित 49 (उनचास) मरुत गणों के नाम– शुक्रज्योति, चित्रज्योति, सत्यज्योति, ज्योतिष्मान, शुक्र, ऋतपा एवं पाप (प्रथम सप्त समूह); ईदृङ्., अन्यादृङ्., सदृङ्., प्रतिसदृङ्., मित, समित एवं संभर संज्ञक (द्वितीय सप्त समूह) ; ऋत, सत्य, ध्रुव, धरुण, भर्त्ता, विधर्ता एवं विधारय (तृतीय सप्त समूह); ऋतजित्, सत्यजित्, सुषेण, अन्तिमित्र, दूरे, अमित्र एवं गण (चतुर्थ सप्त समूह); ईदृक्षास, एतादृक्षास, ऊषुण, सदृक्षास, प्रतिसदृक्षास, मितास एवं सम्मितास (पँचम सप्त मरुत समूह); स्वतवान्, प्रघासी, सान्तपन, गृहमेधी, क्रीडी, शाकी एवं उज्जेषी (षष्ठ सप्त मरुत समूह) और उंग्र, भीम, ध्वान्त, धुनि, साहसवान्, अभियुग्वा एवं विक्षिप (सप्तम् सप्त समूह) हैं। इनसे अपने गणों सहित पधारने की प्रार्थना की गई है।।17.80–86।।

वायु : गन्धर्व राज, नगराज

इषिरो विश्वव्यचा वातो गन्धर्वस्तस्यापो
अप्सरस ऊर्जो नाम। स न इदं ब्रह्म क्षत्र पातु
तस्मै स्वाहा वाट् ताभ्यः स्वाहा।।यजुर्वेद 18.41।।

वैदिक विज्ञान में ''वायु को गन्धर्व राज'' कहा गया है। यजुर्वेद के अट्ठारहवें अध्याय की 41वीं ऋचा में ''वायु को गन्धर्व'' बताया गया है। ''क्षिप्रगति एवं सर्वत्रगति वायु ही गन्धर्व है। आपः उनकी अप्सराएँ हैं। उनका

नाम ऊर्ज है। यह वायुरूप गन्धर्व ब्रह्मविद एवं योद्धाओं का पालन करे। इसके लिए यह आहुति है। उन आपः के लिए यह आहुति है।।''यजुर्वेद 18.41।। इस ऋचा में ''वायु की दोक्षिप्रगति एवं सर्वत्रगति'' का वर्णन किया गया है।

नभस्वान्, शम्भू, मयोभू, मरुत् समूह : वायु

समुद्रोऽसि नभस्वानार्द्रदानुः शंभूर्मयोभूरभि मावाहि स्वाहा।
मारुतोऽसि मरुतां गणः शंभूर्मर्योभूरभि मा वाहि स्वाहा।
अवस्यूरसि दुवस्वांछंभूर्मयोभूरभि मा वाहि स्वाहा।।यजुर्वेद 18.45।।

उवटभाष्यम्

वातहोमांजुहोति। समुद्रोऽसीति त्रीणी यंजूषि त्रिलोकस्थानं वायुं लोकद्वारेण स्तुवन्ति। यस्त्वं हे वायो, समुद्रोऽसि समुन्दोऽसि। नभस्वांश्च नभस् इति नक्षत्राण्युच्यन्ते। तानि हि नितरां भान्ति तैः संयुक्तो नभस्वान्। आर्द्रदानुश्च एष ह्यार्द्रं ददाति वृष्टयवश्यायादि। तं त्वां प्रार्थये शंभूः मयोभूश्च शं भावयतीति शंभूः। मयं सुखं भावयतीति मयोभूः। अभि मा वाहि अभि मां वाहि स्वाहा। मारुतोऽति यस्त्वं मारुतोऽसि मरुतां पुरोवातप्रभतीनां वातानां प्रकृतिभूतोऽसि। मरुतां शुक्रज्योतिःप्रभृतीनां गणोऽसि तं त्वां ब्रवीमि। शंभूश्च मयोभूश्च भूत्वा अभि मां वाहि स्वाहा। अवस्यूरसि यस्त्वमवस्यूरसि। अवनं तर्पणं रक्षणं वा तत्सीव्यतीत्यवस्यूः। ''षिवु तन्तुसंताने'' इतस्य ''च्छ्वोः शूडनुनासिके च'' इति क्विपि कृते संप्रसारणे च अवस्यूः। दुवस्वांश्च दुवश्च हविर्लक्षणमन्नमुच्यते। हविर्लक्षणेनान्नेन युवश्च आर्द्रदानुश्च। तं त्वां याचे। शंभूर्मयोभूरित्यादि।।45।।

हे वायो! आप गीला करनेवाले समुद्र हो। आप नक्षत्रों से संगत होनेवाले ''नभस्वान्'' हो। वर्षा–नीहारादि के द्वारा सम्पूर्ण गीला करनेवाले आप ''आर्द्रदानु'' हो। आप ऐहिक सुख देनेवाले ''शम्भू'' हो। आप पारलौकिक सुख को प्राप्त करानेवाले ''मयोभू'' हो। वह आप हमें अभिवहन करो। ''आप मरुत समूह हो।'' ''आप मरुतों के गण हो।'' आप ऐहिक सुखदाता एवं पारलौकिक सुख देनेवाले हो। आप मुझे अभीष्ट के लिए वहन करो। परिचर्या को पानेवाले आप ही हमारे रक्षक हो। आप लौकिक–पारलौकिक सुख देने वाले हो। आप मुझे वहन करो। यह आहुति आपके (वायु देवता) के लिए है।। यजुर्वेद 18. 45।।

इस तरह यजुर्वेद के अट्ठारहवें अध्याय की पैंतालीसवी ऋचा में स्पष्ट रूप से ''वायु देवता को मरुत् समूह'' घोषित किया गया है। वायु शम्भू एवं मयोभू होने से लौकिक–संसारिक एवं पारलौकिक (दैविक, अध्यात्मिक) सुख देनेवाले हैं। सारसंक्षेप में यजुर्वेद में वायु ही मरुत और गगन विहार करनेवाले गन्धर्व हैं।

देवों के वायु–अग्नि दैवी होता

देवा देवानां भिषजा होताराविन्द्रमश्विना। वषट्कारैः
सरस्वती त्विषिं न हृदये मतिँ होतृभ्यां दधुरिन्द्रियं
वसुवने व्यन्तु यज।।यजुर्वेद 21.53।।
हेमन्तेन ऋतुना देवास्त्रिणवे मरुतः स्तुताः।
बलेन शक्वरीः सहो हविरिन्द्रे वयो दधुः।।यजुर्वेद 21.27।।

महीधर भाष्य

मरुतो देवाः इन्दे (इन्द्रे) बलेन सह।
सहः इन्द्रियसामर्थ्यं हविर्वयश्च दधुः।
कीदृशा मरुतः। हेमन्तेन ऋतुना त्रिणवेन स्तोमेन स्तुताः।
शक्वरीरिति शाक्वरस्य योनिनिर्देशः।
शक्वरेण पृष्ठेन स्तुता इत्यर्थः।।यजुर्वेद 21.27।।

देवों के दो दैवी होता–वायु–अग्नि हैं (पंचभूतों के उत्पत्ति क्रम में आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल एवं जल से पृथिवी हैं।)। देव चिकित्सक अश्विनौ एवं सरस्वती ने उन दैवी होताओं एवं वषट्कारों के साथ इन्द्र में कान्ति और उसके मस्तिष्क में मति को धारित किया।।21.53।। इस ऋचा में वायु देवों के दैवी होता के रूप में प्रतिष्ठित हैं।

दूसरी ऋचा 21.27 में मरुत इन्द्र में बल स्थापित करते हैं। ''हेमन्त ऋतु, त्रिणवस्तोम एवं शाक्वरपृष्ठ से संस्तुत होकर मरुतों ने इन्द्र में बल के साथ हवि ; इन्द्रिय सामर्थ्य और आयुष्य को धारित किया (यजुर्वेद 21.27)।''

दक्षिणी सर्वकर्मकारी वायु : सर्वशत्रु नाशक

दक्किना। विश्वकर्मेतिविश्व कर्म्मा।
रथस्वनऽइतिरथ स्वनः।
रथेचित्त्रऽइतिरथे चित्रं।
मेनका। सहजन्न्येतिसह जन्नया।
यातुधानाऽइतियातु धानाँ। रक्क्षाँसि।।यजुर्वेद 15.16।

दक्षिण दिशा में अतिशयत्व को प्राप्त यह ''सर्वकर्मकारी वायु'' है। उस ''वायु के सेनापति रथ में स्थित शब्दकारी स्थस्वन'' है। रथ में बैठकर विचित्र ढंग से युद्ध करनेवाला रथचित्र इसका ग्रामणी (गर्मी ऋतु के वैशाख –ज्येष्ठ मास) है। ''उस वायु की अप्सराएँ मेनका एवं सहजन्या हैं।'' उसकी हेति यातुधान एवं उसकी प्रहेति (आयुध) राक्षस है (हेतिः– हन् करणे क्तिन्: निरुक्त। शस्त्र, सूर्य की किरण, प्रकाश, आभा, ज्वाला)। उन सभी के लिए नमस्कार है। वे (वायु) हमें बचावें। वे हमें सुखी रखें। हम जिनसे द्वेष करते हैं

और जो हमसे द्वेष करता है, उसे हम इनके मुख में धरते हैं।।यजुर्वेद 15. 16।। अर्थात् ''वायु अरिहन्त'' है।

वायु के द्वादश नाम जप

समुद्राय त्वा वाताय स्वाहा सरिराय त्वा वाताय स्वाहा।
अनुधृष्याय त्वा वाताय स्वाहा प्रतिधष्याय त्वा वाताय स्वाहा।
अवस्यवे त्वा वाताय स्वाहाऽशिमिदाय त्वा वाताय स्वाहा।
।।यजुर्वेद 38.7।।

महीधर भाष्य

''पैतु ब्रह्मणस्पतित्युच्यमाने समुद्राय त्वेति वातनामानि जपति गच्छन्नाहवनीयम् (का. 26.6.1)।'' पैत्विति होत्रोच्यमाने आहवनीयं प्रति गच्छन्नध्वर्युः समुद्रायेत्यादीनि ''द्वादश वातनामानि'' स्वरेण जपतीत्यर्थः। द्वादश यजूंषि वातनामदेवत्यानि। हे धर्म, वाताय त्वा त्वां स्वाहा जुहोमि। कीदृशाय वाताय। समुद्राय समुद्द्रवन्युद्भवन्ति सर्वाणि भूतानि यस्मात् स समुद्रस्तस्मै ''अयं वै समुद्रो योऽयं पवत्त एतस्माद्वै समुद्रात्सर्वे देवाः सर्वाणि भूतानि समुद्द्रवन्ति तस्मा एवैनं जुहोति'' (14.2.2.2) इति श्रुतेः। सरिराय। सह ईरते यच्छन्ति सर्वभूतानि सिद्धार्थानि यस्मात् सरिरस्तस्मै वाताय धर्म, त्वां जुहोमि। ''अयं वै सरिरो योऽयं पवत्त एतस्माद्वै सरिरात्सर्वे देवाः सर्वाणि भूतानी सहेरते'' (14.2.2.3) इति श्रुतेः। अनाधृष्याय न आधर्षितुं परा भवितुं शक्योऽनाधृष्यः तस्मै। अप्रतिधृष्याय न प्रतिधृर्षितुं प्रतियोद्धुं शक्योऽप्रतिधृष्यस्तस्मै वातायेत्युक्तम् ''अय वा अनाधृष्योऽप्रतिधृष्यो योऽयं पवत्ते'' (14.2.3.4) इति श्रुतेः। अवो रक्षणमिच्छति अवस्यति अवस्यतीत्यवस्युः ''सुप आत्मनः क्यच्'' ''क्याच्छन्दसि'' इत्युप्रत्ययः। अवनशीलाय। अशिमिदाय। क्लेशात्मकं कर्म शिमि तन्न ददातीत्यशिमिदस्तस्मै क्लैशनिवर्तकाय वाताय ''अयं वा अवस्युरशिमिदो योऽयं पवते'' (14.2.2.5) इतिश्रुतेः।।
।।यजुर्वेद 38.7।।

अध्वर्यु इन (द्वादश) वायु के नामों का जप करता है। समुद्र रूप वायु के लिए हे धर्म! आप स्वाहा हो। सहमति वायु के लिये हे धर्म! आप स्वाहा हो। अप्रधर्षित वायु के लिए हे धर्म! आप स्वाहा हो। शत्रु को प्रतिधर्षित करनेवाले वायु के लिए हे धर्म! आप स्वाहा हो। रक्षक वायु के लिए हे धर्म! आप स्वाहा हो। अक्लेशद् वायु के लिए हे धर्म! आप स्वाहा हो।। यजुर्वेद 38. 7।।

पितृमेध–अन्त्येष्टि संस्कार : वायु पवित्रकर्ता

वायुः पुनातु सविता पुनात्वग्नेर्भ्राजसा सूर्यस्य वर्चसा।
विमुच्यन्तामुस्रियाः।।यजुर्वेद 33.3।।

वायु उस स्थान (अन्त्येष्टि) को पवित्र करे। सविता उस स्थान को पवित्र करे। अग्नि के तेज एवं सूर्य के प्रकाश से हर स्थान पवित्र हो। उस क्षेत्र में चार बार हल चलाना(अध्यात्मिक अर्थ लें।)।।यजुर्वेद 35.3।।

यज्ञ में सर्वप्रथम सोमपान : वायु

आ नो यज्ञं दिविस्पृशं वाये याहि सुमन्मभिः।
अन्तः पवित्र उपरि श्रीणानोऽयँ शुक्रो अयामि ते।।यजुर्वेद 33.85।।

हे वायो! सत्स्तोमों के द्वारा स्वर्ग को स्पर्श करनेवाले आप हमारे यज्ञ को प्राप्त होओ। आपको पात्र के अन्दर विद्यमान, दशापवित्र के ऊपर डालकर शुद्ध किया गया, दुग्ध आदि विमिश्रित और वीर्यप्रद (दिव्य शक्तिवान, ऊर्जावान) सोमरस उपस्थित किया जा रहा है। कृपा कर सोमपान करें।।यजुर्वेद 33.85।।ऊँ।।

वैदिक मरुत्

वैदिक विज्ञान में मरुत् अप्रत्याशित रूप से वायु स्वरूप में प्रकट होते हैं। मरुत् को निःस्वार्थ, माननीयकर्ता, विश्व मधुर, वृत्र वध में अहम् भूमिका, अभेद्य सुरक्षा प्रदाता, क्रान्तद्रष्टा ऋषि, कवि, सूर्य समान तेजस्वी, प्राण स्वरूप, सप्त शीर्षण्य प्राण, वर्षा मेघवाहक, यज्ञ में सर्वप्रथम सोमपानकर्ता आदि कहा गया है।

मरुत् : निःस्वार्थ, माननीय कर्त्ता

एष वः स्तोमो मरुत इयं गीर्मान्दार्यस्य
मान्यस्य कारोः।।यजुर्वेद 34.48।।

हे मरुतो! यह आपका स्तोम है। यह निःस्वार्थ माननीयकर्त्ता की स्तुति है।।यजुर्वेद 34.48।।

विश्व मरुत्

विश्वे अद्य मरुतो विश्व ऊती विश्वे भवन्त्यग्नयः समिद्धाः।
विश्वे नो देवा अवसागमन्तु विश्वमस्तु द्रविणं वाजो अस्मे।।
।।यजुर्वेद 18.31।।

विश्व मरुत् हमारे यज्ञ में पधारें। हविरान्न से प्रसन्न (आकर्षित) होकर विश्वदेवता आवें। वे अपनी सभी प्रकार की रक्षाओं को हमें प्रदान करें। उन देवों की कृपा से समस्त अग्नियाँ प्रज्ज्वलित होवें। यज्ञों के सुफल स्वरूप से हमें समस्त प्रकार के धनधान्य प्राप्त होवें।।यजुर्वेद 18.31।।

मधुरवायु रहस्य

मधुर वाता ऋतायते मधु क्षरन्ति सिन्धवः।।यजुर्वेद 13.27।।

ऋत (यज्ञ) की कामना करनेवाले यजमान के लिए वायु मधुर होकर बहती है और साथ ही उसके लिए महानदियाँ मधुर होकर बहती हैं।।यजुर्वेद 13.27।।

मरुत् : वृत्र वध

ये त्वाहिहत्ये मघवन्नवर्धन्ये शाम्बरे हरिवो ये गविष्ठौ।
ये त्वा नूनमनु मदन्ति विप्राः पिबेन्दु सोमँ सगणो मरुद्भिः।।63।।
जनिष्ठा उग्रः सहसे तुराय मन्द्र ओजिष्ठो बहुलाभिमानः।
अवर्धन्निन्द्रं मरुतश्चिदत्र माता यद्वीरं दधनद्धनिष्ठाः।।64।।
।।यजुर्वेद 33.63, 64।।

यजुर्वेद की इन दो ऋचाओं में ''वृत्र वध में मरुत् की अहम् भूमिका'' को चिन्हित किया गया है। ''हे मघवन! जिन मरुतों ने आपको वृत्र वध में उत्साहित किया, उत्प्रेरित किया था ; हे हरे अश्वों वाले! जिन्होंने शम्बर युद्ध में आपको बढ़ाया था, और गो को खोज निकालने में आपको उत्साहित किया था। ये बुद्धिमान् मरुत आपको निश्चित रूप से हमेशा बढ़ावा देते हैं, उन मरुतों के साथ गणवान होकर सोमपान करो।।63।। उग्रस्वभाव, स्तुत्य, अत्यन्त तेजस्वी और स्वयं को सर्वमूर्ति माननेवाला इन्द्र शत्रु के क्षिप्र अभिभव के लिए ही उत्पन्न हुआ है। इस विषय में मरुतों ने इन्द्र को अभिवृद्ध किया। अत्यन्त धन्या माता अदिति ने ही इस वीर मरुत् को गर्भ में धारण किया था।।64।।यजुर्वेद 33.63,64।।

मरुत् सोमपान : अभेद्य सुरक्षा प्राप्ति

मरुतो यस्य हि क्षये पाथ दिवोविमहसः।
स सुगोपातमो जनः।।यजुर्वेद 8.31।।

हे मरुतों! जिस भी यजमान के घर में द्युलोक के विशिष्ट प्रकाश में आप सभी सोमरस पान करते हो, वह यजमान अत्यन्त सुरक्षा प्राप्त होता है।।यजुर्वेद 8.31।।

मरुत् : क्रान्तद्रष्टा कवि

तव व्रते कवयो विद्मनापसोऽजा यन्त मरुतो भ्राजंदृष्यः।।

।।यजुर्वेद 34.12।।

इस ऋचा में मरुत् को क्रान्तद्रष्टा–कवि, विदितकर्मा एवं चमकता ऋषि तुल्य वाला बताया गया है।।यजुर्वेद 34.12।। ऋग्वेद में मन्त्रद्रष्टा ऋषि के लिये कवि शब्द का प्रयोग किया गया है।

मरुत् : सूर्यवत् तेजस्वी

पृषदश्वा मरुतः पृश्निमातरः शुभयावानो विदथेषु जग्मयः।।

अग्निजिव्हा मनवः सूरचक्षसो विश्वे नो देवा अवसा गमन्निह।।

।।यजुर्वेद 25.20।।

मरुत्, सबुन्द अश्वोंवाले, विचित्र वर्ण की माता वाले, शुभगतिवाले, देवों के युद्ध में आनेवाले और अग्नि ही जिनकी जिव्हा है। मरुतों में ओज, तेज एवं कान्ति है। वे "सूरचक्षसः" अर्थात् "सूर्यवत् तेजस्वी" हैं। मरुत्, विश्वदेवा यहाँ हमारे यज्ञ में पधारें।।यजुर्वेद 25.20।।

मरुत्–वर्षा के मेघ ले जानेवाली वायु भी

मरुतां पृषतीर्गच्छ, वशा पृश्निर्भूत्वा दिवं गच्छ,

ततो नो वृष्टिमावह।।यजुर्वेद 2.16।।

समुद्रं गच्छ, अन्तरिक्षं गच्छ,...... दिवं ते घूमो गच्छतु,

पृथिवीं भस्मनाऽऽपृण।।यजुर्वेद 6.21।।

यजुर्वेद की इन दो ऋचाओं (2.16, 6.21) में मरुत् को पृथिवी से समुद्री जल की भाप को अन्तरिक्ष में ले जानेवाली वायु बताया गया है।

मरुत् : प्राण

अध्यात्मिक रूप से "मरुत् प्राणवायु अथवा प्राणशक्ति" है। ऐतरेय ब्राह्मण में "प्राण को मरुत्" कहा है। यह भी स्पष्ट किया है कि मरुत् अच्छे विश्वस्त मित्र हैं। ये समूह में रहते हैं। इसका अर्थ यह है कि "मरुत रूपी प्राणशक्ति समूह में रहती है।" सम्पूर्ण शरीर के समस्त क्रियाकलापों के नियन्ता प्राण है।"

प्राणाः वै मारुताः।।शतपथ ब्राह्मण 9.3.1.7।।

प्राणो व मरुतः स्वापय।।ऐतरेय ब्राह्मण 3.16।।

गणशो हि मरुतः।।तांड्य ब्राह्मण 19.14.2।।

सप्त शीर्षण्य प्राण

सप्त शिरसि प्राणाः।।तांड्य ब्राह्मण 2.14.2।।

सप्त हि शीर्षण्याः प्राणाः।। जैमिनी उपनिषद् 2.3.2–1।।

यजुर्वेद की उनचास मरुत् की ऋचाओं में सप्त प्राण का वर्णन है। तांड्य ब्राह्मण और जैमिनी उपनिषद् में सप्त शीर्षण्य प्राण के तथ्य को दोहराया गया है। ये सप्त प्राण– 2 आँख, 2 नाक, 2 कर्ण एवं एक मुख हैं। ये शिर में रहते हैं। अतः इन्हे शीर्षण्य प्राण कहा जाता है।

वैदिक काल केबाद मध्य युग की सुन्दर काण्ड में उनचास वायु का उल्लेख आया है।

हरि प्रेरित तेहि अवसर चले मरुत उनचास।
अट्टाहास करि गर्ज कपि बदि लाग आकास।।25।।
।।सुन्दर काण्ड।।ऊँ।।

वायुवेद की प्राणविद्या
दिव्य महाप्राण सूक्ष्मांश प्राणियों का प्राण विज्ञान

त्रिवेद में से एक यजुर्वेद यज्ञात्मक, उपासनात्मक, वैदिक कर्मकाण्डात्मक, अध्यात्मिक रहस्यात्मक आदि होने से उसका दिव्य महावायु–महाप्राण और प्राणियों में उसके सूक्ष्मांश प्राणवायु से घनिष्ठ सम्बन्ध है। ब्रह्माण्ड की महावायु का लघु से लघुतम अथवा सूक्ष्म से सूक्ष्मतम अंश जगत् के प्राणियों में है। यजुर्वेद प्राणवायु विषयक उपदेश क्रिया अथवा अनुष्ठान प्रधान है। वायु की अनुष्ठान में अहम् भूमिका है।

यजुर्वेद में प्राणवायु की केन्द्रीय भूमिका होने से उसे ''वायुवेद'' अथवा प्राणवायुवेद भी समझा जाता है। अनुष्ठान, यज्ञ आदि द्वारा प्राणवायु के बल में वृद्धि होती है। इसमें यजुर्वेद सहायक है। यजुर्वेद प्राण शक्ति के विकास के साधन और परमेष्ठी उपासना के अन्तर्सम्बन्ध को स्पष्ट करता है। यजुर्वेद अनुष्ठान करने के समय इसको व्यावहार में लाने का मार्गदर्शन करता है।

आयुर्यज्ञेन कल्पतां प्राणों यज्ञेन कल्पताम्।।यजुर्वेद 9.21 ; 18.29।।

वाजपेय–याग से मेरी आयु कल्पित होवे। यज्ञ के द्वारा (मेरे) प्राण कल्पित होवें।।यजुर्वेद 9.21।।

प्राणश्च मेऽपानश्च मे व्यानश्च मे ऽसुश्च मे
चितं च म आधीतं च मे वाक् च मे मनश्च चक्षुश्च
मे श्रोत्रं च मे दक्षश्च मे बलं मे यज्ञेन कल्पन्ताम्।।यजुर्वेद 18.21।।

प्राण, अपान, व्यान, प्रवृत्तिमान् वायु, चित्त, बाह्य विषय ज्ञान, वाक्, मन, चक्षु, श्रोत्र, ज्ञानेन्द्रिय, कौशल एवं कर्मेन्द्रिय कौशल मुझे यज्ञ के द्वारा सिद्ध होवें।।यजुर्वेद 18.2।।

आग्निश्च मे धर्मश्च मेऽर्कश्च मे सूर्यश्च मे
प्राणश्च मेऽश्वमेधश्च मे पृथिवी च
मेऽदितिश्च मे द्यौश्च मेऽंगुलयः शकरयो
दिशश्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्।।यजुर्वेद 18.22।।

मुझे यज्ञ के द्वारा प्राण, प्रवर्ग्य, अग्नि, सूर्य, पृथिवी, अदिति, दिति, द्यौ, यज्ञविशेष, शक्तियाँ एवं दिशाएँ सिद्ध होवें।।यजुर्वेद 18.22।।

इन तीनों ऋचाओं में कहा है कि "मेरा प्राण यज्ञ से समर्थ हो, यज्ञ से मेरी आयु में वृद्धि हो। यज्ञ द्वारा मेरा प्राण, अपान, व्यान एवं साधारण प्राण बलवान बने। मेरा प्राण यज्ञ के लिए समर्पित हो।" वैदिक परम्परा में विशेषकर ब्रह्मविद, गृहस्थ आदि को "पाँच यज्ञ–भूतयज्ञ, मनुष्ययज्ञ (नरयज्ञ), पितृयज्ञ, देवयज्ञ एवं ब्रह्मयज्ञ प्रतिदिन" करने होते हैं। यही पाँचों समष्टिरूप में "पँचमहायज्ञ" कहलाते हैं। "अध्यापनं ब्रह्मयज्ञः पितृयज्ञस्तु तर्पणम्, होमो दैवो (देवयज्ञः) बलिर्भौतो (भूत यज्ञः) नृयज्ञोऽ तिथिपूजनम्"।।मनुस्मृति 3. 70–72।। यज्ञ याग अथवा मख भी कहाता है। ब्रह्मविद "ज्ञानयज्ञ, जपयज्ञ, उपासनायज्ञ, भक्तियज्ञ" आदि को महत्व देते हैं। अतः वैदिक यज्ञ शब्द बहुअर्थी है। यज्ञ के प्रकारों में से एक भौतिक हवन भी सम्मिलित है।

आचार्य श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, आचार्य भगवद्दत वेदालंकार, परमाचार्य कपाली शास्त्री, प्रो. भारत भूषण विद्यालंकार आदि "यज्ञ का अभिप्राय सत्कर्म" से लेते हैं। जिन कर्मों से बड़ों का सत्कार होता है, वह भी सत्कर्म है। सभी में आपसी विरोध समाप्त कर एकता से परस्पर उपकार होता है। यह भी यज्ञ हुआ करता है। यज्ञ के अनेक प्रकार हैं–भूतयज्ञ, मनुष्ययज्ञ, पितृयज्ञ, देवयज्ञ, ब्रह्मयज्ञ, ज्ञानयज्ञ, भक्तियज्ञ आदि। परन्तु समस्त यज्ञों का तत्त्व एक ही है।

इस दृष्टि से यज्ञ के साथ प्राण का सम्बन्ध होने से प्राण के बल में वृद्धि होती है (यज्ञ–सत्कर्म से प्राण बलवान होता है।)। लोककल्याण, लोकहित, लोकसंग्रह आदि के व्यापक कर्म करने में प्रवृत्त होने से प्राण शक्ति का मायावी विस्तार निश्चित रूप से होता है। इसलिए स्वयं को शुभ कर्मों को समर्पित करके प्राण को विराट् स्वरूप दे सकते हैं। अतः प्राण शुभ कर्म में प्रदान करना प्राणरक्षण है। दूसरी तरफ, स्वार्थ, निजी लाभ, लोकविरोधी कार्य, चरम भौतिकवादी प्रवृत्ति आदि से प्राण शक्ति का संकुचन होता है।

शुन्धामि प्राणं ।।यजुर्वेद 6.14।।

प्राणस्त आप्यायताम् ।।यजुर्वेद 6.15।।

यहाँ प्राण को शुद्ध करने (नासिकारन्ध्रों को स्पर्श करने) एवं प्राण संवर्धन का उपदेश है। प्राण की शक्ति के साथ ही समस्त अवयवों की शक्ति का सम्बन्ध है। इस ऋचा में अपना प्राण संवर्धित करो का निर्देश है।

ब्रह्मचर्य एवं आंगिरसविद्या

यह पुनः दोहरा रहे हैं कि यजुर्वेद की ''आंगिरसविद्या'' भी चकित करती है। वेद में आत्मा सम्बन्धी प्राण है। ''आत्मा की शक्ति से प्रेरित प्राण प्रत्येक अंग में पहुँचता है। आत्मा की शक्ति से प्रेरित उदान प्रत्येक अंग में रखा गया है''।।यजुर्वेद 6.20।। वेद में आंतरिक शक्ति का सूत्रात्मक वर्णन है। यह अभूतपूर्व है कि प्रत्येक अंग (ज्ञानेन्द्रिय, कर्मेन्द्रिय आदि) में प्राण रहता है। यह प्राण आत्मा की प्रेरणा से ही कार्य करता है। यह स्पष्ट है कि जिस अंग, इन्द्रिय अथवा अवयव में प्राण शक्ति की न्यूनता है, वहाँ आत्मा की प्रबल इच्छा शक्ति से प्राण की शक्ति में वृद्धि की जा सकती है। यही ''आंगिरसविद्या'' है। यह जानना समझना आवश्यक है कि शरीर के किस अंग में प्राण की शक्ति न्यूनतम है ? ब्रह्मचर्य (सद्विचार, सद्कार्य, धर्म–अध्यात्म अध्ययन, विरति, इन्द्रियनिग्रह, सतीत्व रक्षण, आत्मसंयम आदि) से प्राण बलवान हो जाता है। ''ब्रह्मचर्य से शीघ्र एवं सहजसिद्धि होती है। ब्रह्मचर्य उम्र के किसी भी पड़ाव में नियम, अनुष्ठान से कर सकते हैं।''यजुर्वेद में प्राण संवर्धन के अनेक मार्ग (उपाय) उल्लेखित हैं।

प्राणाय स्वाहापानाय स्वाहा व्यानाय स्वाहा।।यजुर्वेद 22.23।।

प्राणाय मे वर्चोदा वर्चसे पवस्य व्यानाय मे वर्चोदा
वर्चसे पवस्वोदानाय मे वर्चोदा वर्चसे पवस्य।।यजुर्वेद 7.27।।

साम प्राणं प्रपद्ये।।यजुर्वेद 36.1।।

प्राण सवंर्धन एवं यज्ञ सम्बन्ध का यजुर्वेद में बार–बार उल्लेख किया गया है। ''यज्ञ में यह आहुति प्राण–अपान–व्यान के लिए है (यजुर्वेद 22.23)।'' इन ''प्राण'' प्रभृति यजुषों को अवकाश संज्ञा दी गई है। हे उपांशु ग्रह! आप ब्रह्मवर्चस् को देनेवाले हैं। अतः आप मुझे ब्रह्मवर्चस एवं ''प्राण'' देने के लिए स्वकर्म में प्रवर्तित होओ। हे अन्तर्यामग्रह! ब्रह्मवर्चस के प्रदाता, आप मुझे ब्रह्मवर्चस देने एवं मेरे ''उदान'' की पुष्टि के लिए स्वकर्म में प्रवर्तित होओ।।यजुर्वेद 7.27।।

''प्राण को लेकर साम की शरण में जाता हूँ।।यजुर्वेद 36.1।।'' यह सुविख्यात है कि सामवेद उपासना, गान का वेद है। वेद के अनुसार परमात्मा

की उपासना, परमात्मा के गुणों–महिमा गान से प्राण का शक्तिवर्धन होता है। परमात्मोपासना गान में लीन होने से एकाग्रता एवं विचार निरंजन होते हैं, अन्तःकरण की शुद्धि होती है। एकाग्रतापूर्वक गान एवं उस गान के श्रवण का दिव्य प्रभाव होता है। अक्षरब्रह्म की शक्ति का अध्यात्मिक, दैविक एवं भौतिक प्रभाव होता है। यह स्मरण रहे कि ब्रह्मयामल के अनुसार ''राव'' की ध्वनि दश प्रकार की होती है (तन्त्रालोक)। राव के दशम प्रकार से सुनिश्चित रूप से मोक्ष प्राप्त होता है। समझा जाता है कि कैलासपति महारुद्र शिव के आदेश पर महान संगीतविद दशकन्धर लंकाधिपति दशानन रावण ने वेद का गायन किया। इस कारण एक वर्ग दशानन लंकेश्वर रावण को सामवेद के महान ऋषियों में मानते हैं। इतना ही नहीं लंकेश्वर रावण (अथवा रावण नामक महान ऋषि) ने ऋग्वेद एवं यजुर्वेद का अद्‌भुत भाष्य भी किया।

ऋग्वेद के रावण भाष्य का उल्लेख मिलता है। यह भाष्य विस्मृति की गर्भ में है। प्रो. भारत भूषण विद्यालंकार इसकी पुष्टि करते हैं। दा रायल एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल ने रावणकृत ऋग्वेदभाष्य की समीक्षा भी की (सन 1862)। वैसे डॉ. सुशील कुमार गुप्ता ने सन 1967 में रावणभाष्यम् का प्रकाशन किया।यह उल्लेखनीय है कि गायन के दौरान मन की तल्लीनता से प्राण के बल, शक्ति में अभूतपूर्व वृद्धि होती है। वैदिक युग से संगीत चिकित्सा भी प्रचलन में रही और वर्तमान में भी है (संगीत का मनोविज्ञान)। लंकेश्वर रावणकृत शिवताण्डव स्तोत्रम् का सस्वर पाठ से निम्न रक्तचाप छूमंतर हो जाता हैं। यहाँ 39 लाख वर्ष पूर्व मन्त्रद्रष्टा याज्ञवल्क्य यजुर्वेद में प्राण संवर्धन का सबसे सरल मार्ग अध्यात्मिक, धार्मिक (दिव्य) कंठ संगीत बता रहे हैं।

प्राणपा में अपानपा...।।यजुर्वेद 20.33।।

इस ऋचा में ऋत्विज कहते हैं कि हे ग्रह! आप मेरे प्राण के पालक हो; अपान के पालक हो (हमें अनृत से हटाकर सत्कर्म में लगानेवाले हो। आप मेरे मन के सत्प्रेरक हो)।।यजुर्वेद 20.23।।

प्राणं मे पाह्यपानं मे पाहि व्यानं मे पाहि।।यजुर्वेद 14.8।।

(पाँच ''प्राणभृत्'' संज्ञक ईटों को द्वितीय चिति में धरना।) हे प्राणभृत् संज्ञक इष्टके! आप मेरे प्राण की रक्षा करो। मेरे अपान की रक्षा करो। आप मेरे व्यान की रक्षा करो।।यजुर्वेद 14.8।।

मयि प्राणापानौ।।यजुर्वेद 36.1।।

यजुर्वेद शिव (कल्याणमय) संकल्प एवं दृढ़ धारणा का उपदेश दे रहा है। "यह दृढ़ संकल्प एवं धारणा हो कि मेरे अन्दर प्राण एवं अपान (प्रधान प्राण) महाबली रहें।"

प्राण मे तर्पयत।।यजुर्वेद 6.31।।

प्राण की तृप्ति कीजिए।।यजुर्वेद 6.31।। व्यक्ति अतृप्त इन्द्रिय से भोगों की ओर भागता है। अन्ततः पतित होता है। प्राण संवर्धन के लिए जीवन में संयम, पवित्र जीवन, नित्यतृप्त वृत्ति हो। असंतुष्टता एवं अपवित्रता प्राण शक्ति में कमी लाते हैं। अर्थात् चरम भौतिकवाद महापतन को आमन्त्रण है।

प्राणं न वीर्यं नसि।।यजुर्वेद 21.49।।

वातं प्राणेन अपानेन नासिके।।यजुर्वेद 25.2।।

राजा मे प्राणः।।यजुर्वेद 20.5।।

नाक में प्राणशक्ति एवं जीवनी शक्ति में बढ़ोत्तरी करो।।यजुर्वेद 21. 49।। यह स्मरण रहे कि प्राणशक्ति नासिका से सम्बन्धित है। नासिका से ही श्वास लेते हैं। प्राणशक्ति बलवान होने से जीवनीशक्ति (रेतस) भी बढ़ता है एवं स्थिर होता है। प्राण एवं रेतस साथ–साथ रहते हैं और दोनों शक्तियाँ परस्पर आश्रित हैं। प्राण का आयाम अभ्यास से रेतस स्थिर हो जाता है।

प्राण से वायु की प्रसन्नता एवं अपान वायु से नासिका की पूर्तता करनी चाहिए।।यजुर्वेद 25.2।। प्राण ब्राह्य प्रसन्न एवं शुद्ध वायु के साथ देह में जाता है। उसका प्रवेश द्वार नासिका है। यह आवश्यक है कि वायु बाह्य प्रसन्नता एवं शुद्धता के साथ देह में जाये। उसका प्रवेश द्वार नासिका है, अतः बाह्य वायु की प्रसन्नता (प्रदूषण रहित, निरंजनता) प्राप्त हो और नाक मलिनता ग्रस्त नहीं हो अन्यथा प्राण की गति में अवरोध आता है। अब वेदकाल (39लाख वर्ष) के बाद वैश्विक स्तर पर पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, वायु की मलिनता, दूषितता, प्रदूषण आदि विषय छाया है।

यजुर्वेद (20.6) में घोषणा की गई है कि "मेरा प्राण राजा है।" शरीर के सम्बन्ध में विचार करने से स्पष्ट होता है कि सबका राजा प्राण है। भौतिकता के महादौर में लोक में सभी इन्द्रिय भोगों में आकंठ डूबने की महादौड़ में लगे हैं। प्राण शक्ति वृद्धि की उपेक्षा की जा रही है। यह पुनः लिख रहे है कि ऋग्वेद की ऋषिका ने भौतिकता की चकाचौंध से पतित होने से सावधान किया। इस कारण (चरम भौतिकवादी पतन से) प्राण अप्रसन्न हो जाता है। प्राण की अप्रसन्नता से शरीर असाध्य व्याधि (रोग) से घिर जाता है। भौतिकता से मानसिक चिन्ताएँ (आधि) घेर लेती हैं। विश्व में राजा प्राण की अप्रसन्नता से ही आधि–व्याधि की सुनामी चल रही है।

अयं पुरो भुवः। तस्य प्राणो भौवायना वसन्तः प्राणायनः।।
।।यजुर्वेद 13.64।।

यह आगे भुवर्लोक है, उसमें (प्राण) रहता है। इसलिये ''प्राण को भौवायान'' कहते हैं। वसन्त प्राणायन है।।यजुर्वेद 13.64।। भूलोक पृथिवी है और अन्तरिक्ष लोक भुवर्लोक है। यह प्राण का स्थान है। इस अवकाश (परमव्योम) में व्यापक प्राण है। वायु का एवं प्राण का एक ही स्थान है। दोनों अन्तरिक्ष में ही रहते हैं। प्राण की ऋतु वसन्त है।

सप्त व्याहृतियाँ (भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः, सत्यं) हैं। इनमें तीन ''भूः, भुवः, स्वः महाव्याहृतियाँ'' हैं। व्याहृति का अर्थ–संकेत भाषण, गुप्त संकेत का शब्द, गूढ़ अर्थ का शब्द, गुप्तभाव की सूचना देनेवाला शब्द, शब्द, कथन एवं भाषण है। यह दोहराना चाहेंगे कि वैदिक धर्म–संकेतमय, सूत्रात्मक आदि है। ऋग्वेद में भूः शब्द का प्रयोग अनेक ऋचाओं में मिलता है। लेकिन मात्र ''कुछ ऋचाओं में भूः का अर्थ पृथिवी है एवं अन्य ऋचाओं में क्रियावाचक है।'' ऋग्वेद की ऋचाओं का सार ''भूः का अर्थ प्राण है।'' भूः सबका आदि है। आत्मा रूपी पुरुष का शिर भूः है। भूः का उच्चारण करके स्वाहा किया जाता है।। तैत्तिरीयोपनिषद् : भूरिति वै प्राणः (1.5.3)। यहाँ भूः का अर्थ अस्तित्व है।

प्राणशक्ति, वसन्त ऋतु का सौन्दर्य एवं गायत्री मन्त्र का महत्व यह सब जो ''पुरो भुवः'' अग्रगामी रहता है, उसका वैभव है। यह अन्तरिक्ष लोक एवं यज्ञ का अग्रणी है। रजोलोक ही भुवर्लोक है। यह यज्ञस्थान है। यह समस्त मानवी हलचल का स्थान है। सभी प्रकार के (सद्) प्रयत्नों का प्रतीक यज्ञ है। इसलिये इससे पूर्व भुवः का आशय ज्ञानपूर्वक किया कर्म है : ''भुवो यज्ञस्य रजसश्च नेता यत्रा नियुद्भिः सचसे शिवाभिः। दिवि मूर्धानं दधिषे स्वर्षां जिव्हामग्ने चकृषे हव्यवाहम्।।यजुर्वेद 15.23।।'' मनुष्य के तीन शरीर–स्थूल, सूक्ष्म एवं कारण हैं। स्थूल के नाश होने पर भी सूक्ष्म एवं कारण देह रहते हैं। सूक्ष्म देह के विलीन होने पर कारण देह रहता है। स्थूल देह–अन्नमय है, (भूः); सूक्ष्म देह प्राणमय है (भुवः) है और कारण मनोमय एवं महाकारण–विज्ञानमय बुद्धि (स्वः) है (यह अमर क्षेत्र है)।

जिस प्रकार समूची सृष्टि प्राण की प्रसन्नता से पुष्पवती एवं फलवती होती है, उसी प्रकार प्राण को वश में करने से अभीष्ट वर सिद्धि प्राप्त की जा सकती है।

पुनर्मनः पुनरायुर्म आगन्पुनः प्राणः पुनरात्मा आ आगन्।।
पुनश्चक्षुः पुनः श्रोत्रं म आगन् वैश्वानरो अदब्धस्तनूपा
अग्निर्नः पातु दुरिता दवद्यात्।।यजुर्वेद 4.16।।

मेरा प्राण, आत्मा, मन, आयुष्य, चक्षु, श्रोत्र आदि मुझे पुनः प्राप्त हुए हैं। शरीर का रक्षक, सभी जनों का हितकारी आत्मा पापों से हम सबको बचावे।।यजुर्वेद 4.15।। वह ध्यान रहे कि निद्रा के समय मन आदि सब इन्द्रियाँ लीन हो जाती हैं। ''यद्यपि देहिक निद्रा के समय प्राण जागता रहता है।'' हमको प्राण के कार्यों का पता नहीं है। वह सब निद्रा के बाद कल के समान आज पुनः प्राप्त हुआ है। यह प्राण शक्ति आत्मा की शक्ति का आश्चर्यजनक चमत्कारिक प्रभाव है। प्राणशक्ति में इन्द्रिय शक्तियों का लीन होना एवं पुनः प्राप्त होना, प्रतिदिन हो रहा है। यह विचारणीय है कि प्राण के साथ अन्य इन्द्रियाँ थककर कैसे लीन होती हैं ? इसके अनुशीलन से आत्मशक्ति का ज्ञान (साक्षात्कार) होता है।

अविर्नमसो नसि वीर्याय, प्राणस्य पंथा अमृतो ग्रहाभ्याम्।

सरस्वत्युपवाकैर्व्यानंनस्यानि बहि र्बदरैर्जजान।।यजुर्वेद 19.90।।

मेंढ़े के समान लड़नेवाला संरक्षक प्राणवायु जीवनीशक्ति–रेतस (वीर्य) के लिये नाक में रखा है। श्वास–उच्छ्वास रूप दोनों प्राणों से प्राण का अमृतमय मार्ग बना है। स्थिर स्तुतियों के द्वारा सरस्वती अर्थात् सुषुम्ना नाड़ी (व्यान) सर्व शरीर व्यापक प्राण को एवं नासिका के साथ सम्बन्ध रखनेवाले अन्य प्राणों को प्रकट करती है।।यजुर्वेद 19.90।।

यहाँ प्राण को मेंढ़ा की उपमा दी गई है। मेंढ़ा शत्रु के साथ युद्ध कर पराजित करनेवाला, प्रतिस्पर्धा करनेवाला होता है। यही कार्य देह में प्राण का है। यह समस्त आधि–व्याधियों से रक्षण करता है। यह शरीर का संरक्षक प्राण नासिका में रहकर अनेक कार्य करता है। प्राण का मार्ग अ–मृत (मरण नहीं) का है। इस मार्ग के अजेय योद्धा–श्वास, उच्छ्वास हैं। इनसे प्राण का मार्ग अ–मृत हुआ है। शरीर में इडा, पिंगला एवं सुषुम्ना है। यजुर्वेद में इन्हें गंगा, यमुना एवं सरस्वती नाम दिया गया है। सुषुम्ना अथवा सरस्वती प्राण की प्रेरक शक्ति है। दृढ़ विश्वास, संकल्प, स्थिर चित्त से उपासना से सुषुम्ना द्वारा प्राण का संवर्धन होता है। वैसे सुषुम्ना में उपासना की शक्ति से सभी दश प्राणों को बल मिलता है।

अश्विना तेजसा चक्षुः प्राणेन वीर्यं सरस्वती।

वाचेंद्रो बलेनेंद्राय दधुरिंद्रियम्।।यजुर्वेद 20.80।।

सरस्वती प्राण शक्ति के साथ वीर्य–रेतस–जीवनीशक्ति देती है। अश्विनौ तेज के साथ चक्षु देते हैं। इन्द्र जीवात्मा के लिये वाणी एवं बल के साथ इन्द्रिय शक्ति अर्पण करता है।।यजुर्वेद 20.80।।

यहाँ सुषुम्ना को पुनः सरस्वती से सम्बोधित किया गया है। अध्यात्मिक रूप से धन एवं ऋण शक्तियों का वाचक इन्द्र है। इस ऋचा में इन्द्र शब्द परमात्मा का एवं जीवात्मा का सूचक है। आत्मशक्ति का वाचक इन्द्रिय शब्द है।

अग्ने सहस्राक्ष शतमूर्ध्वं छतं ते प्राणाः सहस्र व्यानाः।

त्वं साहस्रस्य राय ईशिषे तस्मै ते विधेम वाजाय स्वाहा।।

इस ऋचा में सैकड़ों प्राण, सैकड़ों उदान एवं हजारों व्यान का उल्लेख किया गया है। मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने कहा है कि अग्नि सहस्र नेत्रवान है। उसके शत प्राण, शत उदान, सहस्र व्यान हैं। आपका प्रभुत्व सहस्रों धनों (अध्यात्मिक, दैविक अर्थ में) पर है। इस ऋचा में सहस्राक्ष अग्नि का आशय आत्मा है और शतक्रतु, इन्द्र आदि भी आत्मावाचक है। ऋचा के अनुसार प्राण, उदान, आदि शत अथवा सहस्रों प्रकार के प्राण देहस्थ हैं। प्राण देह के सूक्ष्म से सूक्ष्म भेद में अवस्थित है। प्राणशक्ति का विस्तार हजारों–हजारों रूपों में सम्पूर्ण शरीर के सूक्ष्म से सूक्ष्म अंश में हुआ है। दूसरे शब्दों में, प्राणशक्ति को वश में करने से सभी अंग–प्रत्यंग अधीन हो जाते हैं। प्राणशक्ति नियंत्रण से शरीर से व्याधियाँ (रोग) भाग जाती हैं।

धान्यमसि धिनुहि देवान् प्राणाय त्वोदानाय त्वा व्यानाय त्वा।

दीर्घामनु प्रसितिमायुषे धां।।यजुर्वेद 1.20।।

आप धान्य हैं। देवों को धन्य करो। आपको प्राण, उदान, व्यान के लिये स्वीकार करता हूँ। आयुष्य के लिये दीर्घ मर्यादा धारण करता हूँ। ।।यजुर्वेद 1.20।। यहाँ प्राण एवं धान्य के अन्तर्सम्बन्ध को स्पष्ट किया गया है। यह स्पष्ट है कि "इन्द्रिय आदि देवों को शुद्ध, पवित्र, सात्विक धान्य का आहार प्रसन्न करता है। सात्विक भोजन से प्राण का बल बढ़ता है। शुद्धता से प्राण की शक्ति विकसित होती है।" यजुर्वेद में स्पष्ट रूप से शाकाहार को प्राणशक्ति में अभिवृद्धि करनेवाला कहा गया है।

यजुर्वेद की प्राण विषयक ऋचाएँ क्रिया प्रधान हैं। ये ऋचाएँ प्राण सम्बन्धित अनुष्ठान की व्याख्या करती हैं।।ऊँ।।

स्फोट तत्त्व का रहस्य

ऋग्वेद से अथर्ववेद में द्यौष्–आकाश के वाक्तत्त्व से सृष्टि उत्पत्ति का वर्णन है। "अहमेव वात इव प्र वामि आरम्भमाणा भुवनानि विश्वा।। (ऋग्वेद

10.125.8)।'' वैयाकरण में ''वाक्तत्त्व को शब्दब्रह्म'' कहा गया है। ऋग्वेद में अम्भृण ऋषि की कन्या वाक् ब्रह्म के साक्षात्कार से पावन होकर अपनी विश्वात्मक अनुभूति कर रही है। वास्तव में यह कोई हाड़–मांस की कन्या नहीं होकर ऋषि की मानी हुई पुत्री याने स्तुतिरूपा वाणी है। वाणी ही समूचे विश्व का आधार बनी हुई दैवी वाक् के रूप में प्रस्तुत सूक्त की अधिष्ठात्री देवता है। यह ब्रह्मस्वरूपा वाग्देवी का वर्णन अद्भुत है (ऋग्वेद 10.125.1–8)। दूसरी मान्यता के अनुसार यह वायु की स्तुति है। स्फोटवाद में वायु ही वाक् है। ऋग्वेद के 10.71.3 एवं 8.100.10–11 में वाक् शक्ति का वर्णन मिलता है।

वागाम्भृणी–वाक् सूक्त में वाग्देवी का कहना है कि इन सभी भुवनों (लोकों) को अपने स्पर्श से आधार देते हुए मैं स्वयं वायु की तरह सर्वत्र संचरण करती हूँ। मैं अपनी महानता से इस स्वर्ग के उस पार अर्थात् ऊपर और पृथिवी के उस पार नीचे (पाताल आदि) सभी प्रदेश व्याप्त करने योग्य एवं इतनी विशाल बनकर रही हूँ (ऋग्वेद 10.125.8)। यह ऋचा सिंहगर्जना करती है कि आकाश के गुण शब्द से ही सृष्टि का निर्माण प्रारम्भ हुआ है। नाथ सम्प्रदाय के नवनाथों से प्रमुख गुरू भर्तृहरि आचार्य ने वाक्यपदीयम् (वैयाकरण महाग्रन्थ) प्रथम कांड में शब्द ब्रह्म के महत्व की व्याख्या की है। संस्कृतचार्य भर्तृहरि ने शब्दब्रह्म को ''प्रतिभात्माऽयम्''–प्रतिभा की शक्ति की संज्ञा दी है। यह प्रतिभा शक्ति ही सृष्टि में बुद्धि का परिष्कृत रूप होकर कार्य कर रही है। शब्द का नित्य रूप स्फोट है। यह प्रत्येक परमाणु में प्रतिक्षण होता है। स्फोट के दो रूप–स्फोट एवं ध्वनि है। स्फोट नित्य है, अविनाशी है और ज्योतिर्मय है। वहीं ध्वनि अनित्य है, परिवर्तनशील है और परिणामी है। इसी तरह अक्षर नित्य है। यह ध्वनि ही आकाश आदि पंचमहाभूतों को ग्रहण करती है। इसे सृष्टि की प्रक्रिया बताया गया है। भर्तृहरि नाथ ने वाक्यपदीयम् में स्पष्ट किया है कि शब्दब्रह्म अक्षर, अविनाशी एवं अनादि–अनन्त है। यही अर्थ के रूप में परिवर्तित होता है। ''अनादिनिधनं ब्रह्म शब्दतत्त्वं यदक्षरम्। विवर्ततेऽर्थभावेन प्रक्रिया जगतो यतः (वाक्यपदीय 1.4)।'' ''शब्दस्य परिणामोऽयम्.......एतद् विश्वं व्यवर्तत (वाक्यपदीय 1.120)।'' ''वागेव विश्वा भुवनानि जज्ञे....(1.120)।'' अर्थात् महानसंस्कृताचार्य भर्तृहरि ने इस मन्त्र में कहा है कि वाक् या शब्द से ही अनश्वर एवं नश्वर दोनों प्रकार का संसार उत्पन्न हुआ है।

वेद आधारित उपनिषदों में स्पष्ट घोषणा की है कि सर्वप्रथम आकाश की उत्पत्ति हुई। आकाश से वायु, वायु से तेज, तेज से जल और जल से पृथिवी ने रूपाकार लिया। आकाश शब्द का आधार है। दूसरे शब्दों में

आकाश से ही सृष्टि की उत्पत्ति हुई। शतपथ ब्राह्मण में विश्वकर्मा ऋषि को ही वाक्तत्त्व बताया गया है। वाणी से भुवनों की रचना होने से उन्हें विश्वकर्मा कहा गया है। ऋग्वेद में वाणी के चार भेद–परा, पश्यन्ति, मध्यमा और वैखरी हैं। वाणी द्वारा वर्णों का उच्चारण वैखरी है। तीन गुह्य हैं। परावाक् वाणी का नित्य स्वरूप अक्षय, अनादि अनन्त है। पश्यन्ती मन में विचारों का उठना है। विचारों को व्यक्त करना मध्यमा है। बृहदारण्यक उपनिषद् में वाक्तत्त्व को परमब्रह्म एवं सम्राट कहा है। ''वाग् वै सम्राट परमं ब्रह्म।'' तांड्य ब्राह्मण में शबली वाक्तत्त्व है। ''वाग् वै शबली।'' सायण ने वाक्तत्त्व को कामधेनु बताया है। वाग्देवी सभी कामनाओं की पूर्ति करती है। ''कामधेनुः इति सायणः।''

वैदिक विज्ञान में ''वेद का समानार्थक वाक् शब्द भी सुप्रसिद्ध है'' (वेद शब्द विद् ज्ञाने धातु से घञ् प्रात्यय होकर बना है। घञ् प्रत्यय का अर्थ भी भाव, कर्म अथवा कारण हो सकता है। इसलिए ज्ञान, ज्ञान का विषय, ज्ञेय पदार्थ एवं ज्ञान के साधन तीनों ही वेद शब्द के वाच्य हो सकते हैं। प्राचीन वाड्.मय में ब्रह्म, विद्या और वेद इन तीनों शब्दों का प्रयोग एक ही अर्थ में मिलता है। तीनों वेदों के लिए ''त्रयं ब्रह्म'', ''त्रयी विद्या'' एवं ''त्रयो वेदाः'' तीनों प्रकार के प्रयोग यत्र–तत्र–सर्वत्र मिलते हैं। इन शब्दों में सूक्ष्म विचार से अर्थ में व्यावहारिक दृष्टि से किंचित भेद है।)। वैदिक परिभाषा में अग्नि शब्द प्राण का वाचक साथ वायु का भी वाचक है। है। प्राणतत्त्व का ही आवागमन होता है। वाक् का अंश तो प्राण के साथ चला जाता एवं आ जाता है। किन्तु, उस वाक् के अंश के कारण अग्नि के दो रूप हो जाते हैं–एक अग्नि और दूसरा सोम। श्रुति का सिद्धान्त है–''अग्निषोमात्मकं जगत्।'' वाक् के अंश की प्रधानता हो जाने पर सोम पड़ता है और प्राण की प्रधानता से अग्नि नाम व्यवहृत है।

वैदिक ''पुरुष विज्ञान'' में कहा गया कि अव्यय पुरुष की कलाएँ–मन, प्राण और वाक् ही समूची सृष्टि के मूलतत्त्व हैं। उनमें वाक् को ऋग्वेद, प्राण को यजुर्वेद एवं मन को सामवेद कहा गया है। भूतों का आदिम सूक्ष्म भाग ही वाक् है। वाक् से ही सभी पदार्थों का सृजन होता है। श्रुतियों के अनुसार वाक् के भेद ऋक्, साम एवं यजुः हैं। तैत्तिरीय ब्राह्मण (2.12) में कहा गया है कि सब मूर्तियाँ ऋक् से उत्पन्न हुई हैं। जगत् में सभी क्रियाएँ–गति वे सदा यजुः से उत्पन्न हुई हैं। सभी तेज साम के रूप हैं। इस प्रकार ब्रह्म, अर्थात् वेद से ही सब कुछ की सृष्टि हुई है। ब्रह्म नाम वेद का है। वेद ही ब्रह्म है,

शब्दब्रह्म है। ऋक् को मूर्तिरूप पिण्ड की उत्पत्ति बताना ऋक् को वाक् का रूप सिद्ध करता है। क्योंकि वाक् से ही समस्त मूर्त्ति एवं पिण्ड बनते हैं।

ऋगभ्यो जातां सर्वशो मूर्त्तिमाहुः

सर्वा गतिर्याजुषो हैव शश्वत्,

सर्वं तेजः सामरूपं हि शश्वत्

सर्वं हीदं ब्रह्मणा हैव सृष्टम्।। तैत्तिरीय ब्राह्मण 2.12।।

श्रुति के अनुसार ऋक् एवं साम वाक्‌रूप होने से इन्द्र हैं। यह वाक्–ऐन्द्री ही कही जाती है। इन्द्र का अधिष्ठाता यजुः विष्णु (या विष्ण) है। वह मन है। यह पुनः स्मरण रहे कि कुछ श्रुतियों में ऋक् को वाक्, प्राण को यजुः एवं मन को साम कहा गया है। इसका अभिप्राय यह है कि प्राण और वाक्, एक ही रूप हैं। प्राण ही चयन के द्वारा वाक्–रूप में परिणत होता है। ऋक्‌संहिता की ऋचा में रहस्योद्‌घाटन किया कि विदितार्थ धीर पुरूषों ने पद से प्राप्त होने योग्य वाक् के मार्ग को "यज्ञ" से प्राप्त किया। उस वाक् को अति सूक्ष्म अर्थों के जाननेवाले ऋषियों में प्रविष्ट पाया। तदन्तर, उस वाक् को विस्तार से संवादन कर बहुतों में फैलाया।

यज्ञेन वाचः पदवीयमान् तामन्वविन्दन्नृषिषु प्रविष्टाम्।

ता माभृत्या व्यदधुः पुरूत्रा तां सप्तरेभा अभि संनवन्ते।

।।ऋग्वेद 10.71.3।।

स्मृतियों–श्रुतियों के अनुसार प्रजापति ने "भू" शब्द उच्चारित किया और भूमि को उत्पन्न किया : "स भूरिति व्याहरत भुवमसृजत्।" ऐतरेय ब्राह्मण में वाक् की सर्वरूपता का वर्णन है : "वागेवेदं सर्वम्।।" शतपथब्राह्मण की पुरश्चरणश्रुति (4.6.7.1) में कहा है कि ऋक्, यजुः एवं साम तीन विद्याएँ हैं। पृथिवी ही ऋक् है, अन्तरिक्ष ही यजुः और द्युलोक ही साम है। श्रुतियों में अव्यय पुरूष की पाँच कलाओं के नाम– आनन्द, विज्ञान, मन, प्राण एवं वाक् हैं। शतपथब्राह्मण आदि में आया है : "सोऽयमात्मा मनोमयः प्राणमयो वाङ्. मयः।" अर्थात् अव्ययपुरुष की कलारूप के ये तीन तत्त्व ही आत्मरूप से सम्पूर्ण प्रपंच में अवस्थित हैं। उनके मूलतत्त्व तीन स्वीकारे गये हैं –सम्पूर्ण ज्ञान का मूलतत्त्व मन, क्रिया का मूलतत्त्व प्राण एवं अर्थों का मूलतत्त्व वाक्। मूलतः "वाक्" शब्द "अवाक्' से आया है। "अव्" उपसर्ग के अकार का लोप व्याकरण में लिखा है। अतः अवाक् का वाक् शेष रह जाता है। दूसरी अवधारणा यह है कि "उ", "अ" और "अक्" तीनों से मिलकर वाक् बना। "अ" विशुद्ध तत्त्व (मन का वाचक) एवं "उ" प्राण का वाचक है। अतः मन एवं

प्राण के मिलन से वाक् मिला। श्रुति में अधिभौतिक पाँच मण्डल–स्वयम्भू, परमेष्ठी, सूर्य, पृथिवी एवं चन्द्र हैं। इनके संयोग से उत्पन्न होनेवाले प्राणिशरीरों की पाँच कलाएँ–बीजचिति (कारणशरीर), देवचित्ति (सूक्ष्मशरीर), भूतचिति (स्थूल शरीर), प्रजा (सन्तति) एवं वित्त सम्पत्ति हैं। इनकी मूलभूत कलाएँ पूर्ववत–प्राण, आप्, वाक्, अन्नाद और अन्न हैं।

ऐतरेय महर्षि के अनुसार ''मन का प्राण में आकर वाक् बनना और वाक् का पुनः मन में परिवर्तित होने का क्रम यज्ञ है'' (सभी यज्ञों का क्रम स्वयम्भू यज्ञ से सम्बद्ध है) : ''वाचश्चित्तस्योत्तरोत्तरक्रमो यज्ञः।'' मन एवं वाक् दोनों प्राणरूप यज्ञ के साथ चलनेवाले हैं। श्रुतियों में आत्मा मन, प्राण, वाक इन तीनों को त्रिधातु कहा गया है। वाक् के तीन विकार– काम, शुक्र एवं भूतों के पाँच गुण हैं। ''वैदिक विज्ञान, दर्शन शास्त्र में मन, वाक् एवं वस्तु की शक्तियों का सम्मिश्रण है।'' आधुनिक भौतिक विज्ञान वाक् एवं मन की अनन्त, अक्षय शक्ति से अनभिज्ञ है। शतपथ ब्राह्मण में यज्ञ–कर्म के प्रारम्भ में आचमन की व्याख्या मिलती है। मूलभूत रूप से यज्ञ वैज्ञानिक प्रक्रिया है।

निष्क्रिय ब्रह्म के परमात्मा, परमशिव, अव्याकृता प्रकृति, पराशक्ति, पराशिव आदि नाम हैं। यह निष्क्रियावस्था में अशब्द, प्रयत्नहीन, निर्विषय आदि रहता है। वहीं यह सक्रियावस्था में शब्द, अर्थ और प्रत्यय रूपाकार लेता है। निष्क्रिय ब्रह्म की अनन्त शान्ति में, इसकी स्वेच्छा से, इसमें शक्ति का स्पन्दन–स्फुरण शुरू होता है। परिणामतः नाद उत्पन्न होता है। इसकी घनीभूत शक्ति ही बिन्दुरूप लेती है और इसका प्रसार होता है। यही सृष्टि कल्पना का विस्तार होना है। शक्ति की यह लीला चेतना के विस्तार चिदाकाश में होना प्रारम्भ होती है। स्पन्दन के साथ–साथ, ध्वनि एवं विन्दु की उत्पत्ति होने लगती है। स्पन्दन के अनन्त होने के कारण ध्वनि एवं रूप भी अनन्त हैं। इस स्पन्दन की ध्वनि का परिणत अथवा परिपक्व रूप–शब्दब्रह्म अथवा वेद है।

इसकी मध्यमवस्था में ''पचास ध्वनि, पचास मातृकावर्ण–अ से क्ष तक की ध्वनि के रूप में प्रकट होकर वैखरी रूप में श्रुतिगोचर होती है। तन्त्रालोकः (काश्मीरसंस्कृतग्रन्थावली, श्रीनगर, सन 1922) में इसे कल्याणमय प्रपंच एवं परमार्थसिद्धिप्रद होने से तत्त्व ''प्रेममय माता'' कहते हैं। ''शब्दराशि भैरव–शब्दब्रह्म के अन्तर्गत–अन्तरी शक्ति, निस्पन्द होने के कारण–अनुच्छूनतया माता की तरह होनेवाली है। यह जगत् को उत्पन्न करनेवाली होने से इसे मातृका कहा गया है।''

शब्दराशेर्भैरवस्य यानुच्छूनतयान्तरी।

सा मातेव भविष्यत्त्वात् तनासौ मातृकोदिता।

अनुच्छूनतया भविष्यत्त्वात्।।

अक्षरब्रह्म की इन पचास ध्वनि–वर्ण–रूप ब्रह्म के भिन्न–भिन्न रूपों में, विभिन्न प्रकार की मात्राओं के रूप में परिकल्पना की जाती है। इन मातृकाओं के वर्ण, रूप, दिव्य एवं भौतिक शक्ति एवं देवता का वर्णन मुनिवर जिनविजय द्वारा सम्पादित एकाक्षरनामकोशसंग्रह, स्वामी सोमानन्द कृत शिवदृष्टि एवं आकाश भैरव कल्पोक्तम् में मिलता है। शैवमत एवं शाक्तमत में इसे ''मुण्डमाल'' एवं वैष्णव, बौद्ध आदि में ''पद्ममाल'' कहते हैं। ब्रह्म के स्पन्दनक्रिया में उठनेवाली ध्वनियों में सबसे व्यापक एवं मूल ध्वनि ''ऊँ'' है। वैदिक एवं पौराणिक साहित्य में वाक् का विस्तृत मिलता विवरण है। उनके अनुसार प्रारम्भ में एकमात्र प्रजापति थे। उनके साथ वाक् रहा। वाक् ही परम ब्रह्म है : ''प्रजापतिर्वै इदमासीत्। तस्य वाग्द्वितीयासीत्। वाग्वै परमं ब्रह्म।'' ''प्रजापतिर्वै इदमासीत्। तस्य वाग्द्वितीयासीत्। तं मिथुनमभवत्। स गर्ममधत्त। सा अस्मात् अपक्रामत्। सा इमाः प्रजाः असृजत्। सा प्रजापिमेव पुनः प्राविशत्।।'' (काठक.)।। पहले केवल प्रजापति रहे। उनके साथ वाक् था। उनका संग हुआ। उसने गर्भ धारण किया। वह (वाक्) ब्रह्म से निकल पड़ी। उसने जीवजगत् की सृष्टि की। फिर वह प्रजापति में प्रवेश कर गई।

बृहदारण्यक उपनिषद् में इसे नये ढंग से कहा कि उसने मनसा वाक् का संग किया। इसका अर्थ यह है कि अपनी इच्छा शक्ति से वाक् में क्रिया–गति पैदा की : ''स मनसा वाचं मिथुनं समभवत्।'' अप्रकाशित उपनिषद में उल्लेखित परमात्मिकोपनिषत् (अड्यार, सन 1933) में लिखा है : ''जिसकी इच्छा ही संसार में प्रजा की आयति करती है (सृष्टि का विस्तार) उसे नमस्कार, जो है, था और होगा; जो सबका शासन करता है। अर्थात् मात्र उसकी मानसिक इच्छा से सृष्टि, स्थिति एवं संहार की क्रिया होती है।'' बृहदारण्यकोपनिषत् (अध्याय 1, ब्राह्मण 3, श्लोक 20) में लिखा है कि वही बृहस्पति है, वाक् बृहती है। यह उसका अधीश्वर होने से बृहस्पति है (1.3. 20)। यही ब्रह्मणस्पति है। वाक् ब्रह्म है। यह उसका पति होने से ब्रह्मणस्पति है (1.3.21)। (देखे बृहस्पति देवता : आचार्य भगवद्दत्त)

स उ एव बृहस्पतिर्वाग्वै बृहती तस्या एष पतिस्तस्मादु बृहस्पतिः।

ए ष उ एव ब्रह्मणस्पतिर्वाग्वै ब्रह्म तस्या एष पतिस्तस्मादु

ब्रह्मणस्पतिः ।।बृहदारण्यकोपनिषत् 1.3.20,21।।

शैव पुराणों में से एक स्कन्द पुराण में इसी को दोहराते हुए लिखा है कि ''शब्दब्रह्म और परब्रह्म में कोई भेद नहीं है।'' लयकाल में यह एक ही है। सृष्टि की दृष्टि से दोनों में भेद है। ''शब्द और अर्थ एक दूसरे पर आश्रित हैं। अर्थ नहीं रहने से शब्द नहीं है एवं शब्द नहीं रहने से कुछ बोध नहीं हो सकता है।'' कोषग्रन्थों में भी वाक् के नाम ब्राह्मी, ब्रह्मशक्ति एवं सरस्वती (गतिवाली–निष्क्रिय ब्रह्म की स्पन्दशक्ति का क्रियाशक्ति) हैं।

शब्दब्रह्म परं ब्रह्म नानयोर्भेद इष्यते।
लये तु एकमेवेदं सृष्टौ भेदः प्रवर्त्तते।।
अन्योन्यापेक्षिणौ भूप शब्दार्थौ हि परस्परम्।
अर्थाभावे न शब्दोऽस्ति शब्दाभावे न बुध्यते।।

।।स्कन्द पुराण (विष्णखण्ड)28.40.41।।

इसका अभिप्राय यह है कि वाक्तत्त्व–शब्दतत्त्व–अक्षरब्रह्म अनादि है। यह तरंगों, स्पन्दन, स्फोट आदि के रूप में सर्वव्याप्त है। आकाश में भी वाक् स्पन्दन, स्फुरन, तरंग उत्पन्न करता है।

वागाम्भृणी सूक्त : वाक् अथवा वायुसूक्त

ऋग्वेद : मण्डल–10; ऋषि–वागाम्भृणी ; देवता–आत्मा

सूक्त–125; छन्द–त्रिष्टुप्, जगती

अहं रुद्रेभिर्वसुभिश्चराम्यहमादित्यैरूत विश्वदेवैः।
अहं मित्रावरूणोभा बिभर्म्यहमिन्द्राग्नी अहमश्विनोभा।।1।।
अहं सोममाहनसं बिभर्म्यहं त्वष्टारमुत पूषणं भगम्।
अहं दधामि द्रविणं हविष्मते सुप्राव्ये 3 यजमानाय सुन्वते।।2।।
अहं राष्ट्री संगमनी वसूनां चिकितुषीं प्रथमा यज्ञियानाम्।
तां मा देवा व्यदधुः पुरूत्रा भूरिस्थात्रां भूर्यावेशयन्तीम्।।3।।
मया सो अन्नमत्ति यो विपश्यति यः प्राणिति य ईं शृणोत्युक्तम्।
अमन्तवो मां त उप क्षियन्ति श्रुधि श्रुत श्रद्धिवं ते वदामि।।4।।
अहमेव स्वयमिदं वदामि जुष्टं देवेभिरूत मानुषेभिः।
यं कामये तंतमुग्रं कृणोमि तं ब्रह्माण तमृषि तं सुमेधाम्।।5।।
अहं रुद्राय धनुरा तनोमि ब्रह्मद्विषे शखे हन्तवा उ।
अहं जनाय समदं कृणोम्यहं द्यावापृथिवी आ विवेश।।6।।

अहं सुवे पितरमस्य मूर्धन् मम योनिरप्स्व 1न्तः समुद्रे।

ततो वि तिष्टे भुवनानु विश्वोतामूं द्यां वर्ष्मणोप स्पृशाभि।।7।।

अहमेव वातइव प्र वाम्यारभमाणा भुवनानि विश्वा।

परो दिवा पर एना पृथिव्यैतावत्ती महिना सं बभूव।।8।।

वाक् सूक्त की प्रथम ऋचा में मन्त्र द्रष्टा ने कहा है कि मैं (वाक् शक्ति–वाक् देवी) नित्य रुद्र, वसु, आदित्य, विश्व देवों के साथ संचरण करता हूँ। मेरा ही आधार देव सम्राट वरूण, मित्र, इन्द्र, अग्नि, उभय अश्विना देवों को है। वसु, रुद्र, आदित्य आदि गणात्मक देवता हैं। वरूण ब्रह्माण्डों के दिव्य समुद्र में रहनेवाले वैदिक देव सम्राट हैं। रुद्र वैदिक देवों के शास्ता एवं आदित्य जगत् की आत्मा हैं। दोनों अश्विनी कुमार दिव्य चिकित्सक हैं। वेद में इनकी संख्या 8 वसु, 11 रुद्र एवं 12 आदित्य है। ऋग्वेद के सूक्त 7.10.4 में इनके नेता के रूप में क्रमशः अदिति, रुद्र, इन्द्र हैं। ।।1।।

मैं ही पराक्रमी सोम एवं त्वष्टा, पूषा एवं भग सभी देवों का भरण पोषण करता हूँ। मैं ही देवों के लिए अत्यधिक अनुकूल होकर और हवि समर्पित करके सोमक स्तवन करनेवाले यजमान को धन भी देता हूँ। सुप्रायी यजमान, वह याजक है जो यज्ञ, दान आदि के कारण देवों के लिए अनुकूल हो।।2।।

मैं यज्ञार्ह देवों में प्रधान होकर इन सभी का ज्ञान रखनेवाली और नाना प्रकार की संपदा संग्रह करने वाली साम्राज्ञी अथवा सम्राट हूँ। देवों ने प्रार्थना करके अनेक वस्तुओं में मेरा निवास एवं अनेक रूपों में मेरा प्रवेश करवाया है। साथ ही अनेक स्थानों में मेरी स्थापना की है। इन पदों में ''दैवी वाक् की विश्वात्मकता सूचित की गई है। ''भगवद्गीता (8.22) में भी कहा है : यस्यान्तःस्थानि भूतानि येन सर्वमिदं ततम्।।3।।

जो जो प्राणी आँखों से देखता है, जो जो श्वासोच्छ्वास करता है, जो–जो बोला हुआ वचन सुन सकता है वह मेरे कारण ही अपना अपना प्राण धारण के लिए आवश्यक अन्न भक्षण करता है। वे सभी जीव मुझे नहीं जानते हुए मुझ पर पूरी तौर पर निर्भर रहते हैं अथवा मेरे ही आश्रित हैं। हे सर्वत्र विश्रुत ऋषे, सुनो, श्रद्धा रखने योग्य, बात ही आपसे कह रहा हूँ।।4।।

देवों ने और सुज्ञ पुरूषों ने जिस बात को प्रसन्नता से मान लिया ऐसी यह बात मैं आपको अपनी और से कहता हूँ। ''जिस पर मैं प्रसन्न होता हूँ उसे उग्र अजेय योद्धा, ऋत्विज्, द्रष्टा ऋषि अथवा विलक्षण प्रतिभाशाली

बनाकर छोड़ देता हूँ।'' सुमेधान् शब्द बृहस्पति के लिए विशेषण के रूप में प्रयुक्त हुआ है। सुमेधा को आकारान्त शब्द समझें।।5।।

हमारे ब्रह्मों के विद्वेषी का वध करने के उद्देश्य से शरसंधान करने के लिए रुद्र पर अनुग्रह करूँ इस विचार से मैं उनका धनुष झुकाकर सज्ज करता हूँ। उसकी प्रकार लोगों की इच्छा के लिए उनमें परस्पर युद्ध भी मैं छेड़ देता हूँ। मैं सभी भुवनों—स्वर्ग एवं पृथिवी दोनों में सर्वत्र स्पर्श कर रही हूँ, प्रविष्ट होकर रहा हूँ।।6।।

इस विश्व के मूर्धा पर अधिष्ठित द्युदेव नामक विश्वपिता का निर्माण कर रहा हूँ। मेरा विश्रामस्थान ब्रह्माण्डों—परमव्योम के दिव्य समुद्र के गहरे आपः में है। मैं वहाँ से सभी सृष्ट पदार्थों के अनेक स्थानों का अवतरण करता हूँ। मैं उस द्युलोक को अपने शिर से नित्य ही स्पर्श करता हूँ। ''अर्थात् वाक् द्यौः रूपी पिता का निर्माण करने वाली है। प्रस्तुत ऋचा में वाक् ने (वाग्देवी अथवा वायुदेव या वाग्देव ने) अपने सर्वव्यापी, सर्व सृजनकर्ता स्वरूप को उद्घाटित किया है।।7।।''

मैं इन सभी भुवनों को मात्र अपने स्पर्श से आधार देते हुए वायु की तरह सर्वत्र संचरण करता हूँ। मैं अपनी महानता से स्वर्ग के ऊपर और पृथिवी के नीचे सभी प्रदेश व्याप्त करने योग्य एवं इतनी विशाल बनकर रहा हूँ। अर्थात सभी चौदह लोकों को वाक् का आधार है।।8।।

।।ऋग्वेद 8.100.10,11।।वाक् देवता।।

यद्वाग्वदन्त्यविचेतानि राष्ट्री देवानां निषसाद मन्द्रा।

चतस्त्र ऊर्जं दुदहे पयांसि क्व स्विदस्या परमं जगाम।।10।।

देवीं वाचमजनयन्त देवास्तां विश्वरूपाः पशवो वदन्ति।

सो नो मन्द्रेषमूर्जं दुहाना धेनुवार्गस्मानुप सुष्टुतैतु।।11।।

जिस समय यह वाग्देवी अथवा वागीश दुर्बोध शब्दों का उच्चारण करनेवाले देवों की मधुरवचना अधिष्ठात्री महासाम्राज्ञी अथवा अधिष्ठात्र महासम्राट बनकर अपने सिंहासन पर अधिष्ठित हो गई उस समय उसने अपने दूध एवं पुष्टिप्रद अन्न के स्थान में चार द्रव्यों का निर्माण किया (वाक् के चार भेद)। किन्तु इन चारों में से वाक् का सर्वश्रेष्ठ वाणीरूपी द्रव्य किधर गया होगा ? ''चार वाणियों के रूप में अन्न, दूध को जन्म देने का अर्थ—परा, पश्यन्ती, मध्यमा एवं वैखरी रूप है।''

देवों ने इस वाग्देवी या वाग्देव को उत्पन्न किया। उसका उच्चारण भिन्न–भिन्न रूप धारण करनेवाले प्राणी करते हैं। यह आनन्ददायक वाक् रूपी धेनु (कामदुघा) हमारे द्वारा संस्तुत हो गई है। इसलिये पुष्टिप्रद अन्न एवं ओज हमें देकर वह हमारे पास आये। दसवीं ऋचा के उत्तरार्द्ध में वर्णित चतुर्रूपा वाणी है। मन्त्र द्रष्टा कवि ने यहाँ वाणीरूपी कामधेनु उपमा का सुन्दर प्रयोग किया है (ऋग्वेद 8.100.10,11)।

परमव्योम में ऋचा : अक्षरब्रह्म : वाक् के भेद

ऋग्वेद 10.164.39,45

ऋचो अक्षरे परमे व्योमन् यस्मिन् देवा अधि विश्वे निषेदुः।

जस्तन्न वेद किमृचा करिष्यति य इत्तद्विदुस्त इमे समासते।।39।।

चत्वारि वाक् परिमिता पदानि तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिणः।

गुहा त्रीणि निहिता नेंगयन्ति तुरीयं वाचा मनुष्या वदन्ति।।45।।

परब्रह्म परमव्योम महाकाश महाव्यापकतम है और वेद की ऋचाएँ अक्षर उसमें अवस्थित हैं। अर्थात वेद की ऋचाएँ एवं उनके अक्षर परमव्योम की तरह अविनाशी हैं। यानी वेद के मन्त्र वर्तमान में भी परमव्योम में विद्यमान हैं (आधुनिक विज्ञान ने भी इसकी पुष्टि की है। प्रश्न यह है कि कलयुग में मन्त्रद्रष्टा ऋषि–ऋषिका कहाँ हैं, कैसे बनें और वेद के अमृत का पान कैसे करें ?)। जिस प्रकार परमेष्ठी में सभी देवगण निवास करते हैं, उसी प्रकार उसकी वाणी वेद की ऋचाओं के अक्षर समूह में देवगण निवास करते हैं। वेद में स्पष्ट लिखा है कि जो मनुष्य उस परमेष्ठी परमात्मा की सत्ता में विश्वास नहीं करता, जो नास्तिक है, वह इन वेद की ऋचाओं का सदुपयोग क्या करेगा ? पर जो परमात्मा परमेष्ठी पर श्रद्धा–आस्था–विश्वास करते हैं, वे इन ऋचाओं का मनन करके परमस्थान मोक्ष को प्राप्त करते हैं। यह स्मरण रहे कि आकाश भैरव कल्पोक्तम्, एकाक्षरनामकोष संग्रह, शिवदृष्टि आदि अक्षरब्रह्म मातृका की दिव्य शक्ति आदि का रहस्योद्घाटन करते हैं।।1.164. 39।।

यह स्मरण रहे कि वाणी के चार रूप–परा, पश्यन्ति, मध्यमा, वैखरी हैं। इसमें "परा वाणी का स्थान मूलाधार है।" वहाँ से प्रकट होकर हृदय में पहुँचती है। उस हृदयस्थानीय वाणी को पश्यन्ति कहते हैं। वहाँ से गुजरती हुई वाणी बुद्धि में पहुँचती है। उस बुद्धिस्थानीय वाणी का नाम मध्यमा है। उस बुद्धि से निकलकर वाणी कण्ठ एवं मुख में प्रकट होती है। यही वैखरी वाणी है। इनमें मूलाधार की परा, हृदयस्थानीय पश्यन्ति, बुद्धिस्थानीय मध्यमा

ये तीन वाणियाँ गुहा (गुप्त स्थानों) में छिपी हुई होने के कारण विद्वान–ऋषि–ज्ञानी–योगी ही इसे जान सकते हैं। कण्ठस्थानीया चौथी वाणी है, उसे सभी मनुष्य बोलते हैं और सभी जानते हैं। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के इस सूक्त की इस ऋचा में वाक् के भेद की स्पष्ट व्याख्या की गई है (ऋग्वेद 1.164.45)।

तत्त्वदर्शियों को प्राप्त वाणी : यज्ञ कर्म

ऋग्वेद 10.71.3

यज्ञेन वाचः पदवीयमायन् तामन्वविन्दन्नृषिषु प्रविष्टाम्।

तामाभृत्या व्यदधुः पुरुत्रा तां सप्त रेभा अभि सं नवन्ते।।3।।

वे ज्ञानीजन! उत्कृष्ट वाणी से प्राप्त करने योग्य अभिप्राय को यज्ञ के द्वारा प्राप्त करते हैं। उन्होंने तत्त्वदर्शी ऋषियों में प्रविष्ट हुई उस वाणी को प्राप्त किया। अनन्तर उस वाणी को प्राप्त करके उन्होंने जगत् में उसका ज्ञान के लिए प्रसार किया। इस प्रकार की उस वाणी को उन्होंने छन्दों में स्तुति रूप दिया। (ऋग्वेद 10.71.3)

यज्ञ से वेद के मन्त्र : पुरुष सूक्त

ऋग्वेद 10.90.9

तस्माद्यज्ञात् सर्वहुत ऋचः समानि जज्ञिरे।

छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत।।9।।

उस सर्वहुत यज्ञ से ऋग्वेद की ऋचाएँ (मन्त्र) एवं सामगान बनें! छन्द अर्थात् अथर्ववेद की ऋचाएँ भी उसी से उत्पन्न हुई।।ऋग्वेद 10.90.9।।

हिरण्यगर्भ : द्यावापृथिवी शब्दायमान

।।ऋग्वेद 10.121.6।।

यं क्रन्दसी अवसा तस्तभाने अभ्यैक्षेतां मनसा रेजमाने।

यत्राधि सूर उदितो विभाति कस्मै देवाय हविषा विधेम।।6।।

द्यावा पृथिवी ''शब्दायमान'' होकर लोगों की रक्षा के लिए स्थिरभूत होकर और अत्यन्त प्रकाशित होकर जिसको मन से प्रत्यक्ष देखती हैं, जिसके आश्रय से सूर्य उदित होकर आकाश में चमकता है उस सर्व प्रकाशक परमेष्ठी की हम सभी प्रकार उपासना करते हैं (ऋग्वेद 10.121.6)।

वेद ऋचा यज्ञानुष्ठान : देवों का संघ

।।ऋग्वेद 10.72.1।।

देवानां नु वयं जाना प्र वोचाम विपन्यया।

उक्थेषु शस्यमानेषु यः पश्यादुत्तरे युगे।।1।।

हम देवों, आदित्यों के जन्मों का स्पष्ट रूप से उत्तम रीति से वर्णन करते हैं। जो देवों का संघ पहले से वेदमन्त्रों के स्तोत्रों से यज्ञानुष्ठान में स्थापित होता है; वह आनेवाले काल में स्तोता का साक्षात दर्शन करेगा (ऋग्वेद 10.72.1)।

सूर्य–सविता प्रणव पाठ : मधुर जिव्हा

।।ऋग्वेद 6.71.4।।

उदुष्य देवः सविता दमूना हिरण्यपाणिः प्रति दोषमस्थात्।

अयोहनुर्जयतो मन्द्रजिव्ह आदाशुषे सुवति भूरिवामम्।।4।।

सबका प्रेरक यह सविता देवता मन का दमन करने वाला हितकारी और रमणीय हाथों वाला रात्रि समाप्ति पर अर्थात् प्रभात में उठ खड़ा होता है। उसकी लोहे के समान दृढ़ ठोड़ी यजनीय है और मन्द एवं मधुर जिव्हावाला है। वह आत्मदानी को वाञ्छनीय ऐश्वर्य प्रभूत मात्रा में देता है। इस ऋचा में सविता की लोहे के समान ठोड़ी होने से मुख बहुत कम खुलने का रहस्योद्घाटन किया गया है। फलस्वरूप सविता ऊँ (ओउम्) का पाठ बहुत ही धीमे मधुर स्वर में करता है। वैदिक विज्ञान में सविता में नाद से सृष्टि की उत्पत्ति कही गई है। इस वैदिक ऋचा को आधुनिक भौतिक विज्ञानविदों ने गल्प कहा। हाल ही अमेरिकी संस्था नासा ने सूर्य की ध्वनि अंकित की। यह अभूतपूर्व अप्रत्याशित है कि सूर्य की ध्वनि में ओउम् का बहुत धीमा निरन्तर पाठ मिला। अतः उनतालीस (39) लाख पूर्व रचित वेदवाणी सत्य सिद्ध हुई (ऋग्वेद 6.71.4)।

वाक सुधा में चतुष्पदी वाक् की व्याख्या बहुत ही सुन्दर एवं व्याख्यात्मक की गई है।

।।आधिभौतिकी वाक्।।

वाग् वै सैयमचेतना ध्वनिमयी व्योमादितन्मात्रका

सा तेजो–जल–भूमिभिश्च मरूता मेघेन चिद्विद्युता।।

साकं तेषु मिथोऽभिघातमुखतः सं श्रूयते सा बहिः

साक्षात् तत्स्वर–वर्ण–शब्दवचनाद् बाह्या भेवद् भौतिकी।।

।।आधिदैविकी वाक्।।

दिव्या केवलचेतनाऽम्बरतता वाक् संविदानाऽऽत्मना
वेद्या वेदमुखेन वेदवदना ब्राह्मात्मसंवित्स्वना।।
तपसा श्रोतुं च सा शक्यते
योगे मूर्धनि संश्रुतेति ऋषिभिः सा दैविकी शस्यते।।

।।आध्यात्मिकी वाक्।।

सर्वान्तस्तु सचेतनाऽऽत्मनि हिता सिद्धा त्रिशकत्यात्मिका
साऽहम्प्रत्ययचित्तिसंस्फुरणतः सोच्चार्यते ज्ञानदा।।
मूलाप्ता च चतुष्पदी स्वरपरा प्राणोदिता वैखरी
मूर्धन्यन्तरनाहताऽऽत्मनिनदा वागेव साऽऽध्यात्मिका।।

।।तुरीयात्मिका परा वाक्।।

पूर्णात्मा परमाऽऽत्मसत्त्वरसना सा पूर्णबिन्द्वानना
तुर्या पूर्णकलारसेन्दुनयना सर्वात्मसत्त्वायना।।
संज्ञारूपगुणक्रियादिचितिभिः संज्ञापयन्तीप्यते
सर्वज्ञानरसप्रदा स्वरवती सर्वज्ञकल्पायते।।

।।दिग् व्योमादिदेशगुणात्मिका वाक्।।

दिग्देशात्मकदिव्यधामनिलया सर्वस्वभूताश्रया
दिव्या विश्वविभूतियोगकलया सर्वात्मशक्योच्चया।।
दिग्व्योमादितिबिन्दुसत्त्वनिचया शब्दैकसन्मात्रया
दिव्या ब्रह्म शरीरपाद हृदया वाग्विश्वदेशाप्तया।।

।।तन्त्र–पुराण आदि : प्रसिद्ध वाग् देवता।।

सत्यज्ञानमहः सुधारसनिधिः सच्छान्तिशक्तिप्रदा
साक्षाद् ब्रह्म सरस्वती गुणनिधिः सर्वार्थसंवित्पदा।।
वीणापुस्तकमालिका भंयकरा विद्यादिसौभाम्यदा
विश्वस्मिन्निह वाक्सुधावितरणात् साम्राजते शारदा।।

।।वेद–ब्रह्मात्मिका शारदा।।

वेदात्मेयमनाद्यनन्ततततया छन्दश्चिता संहिता
दिग्व्योमाखिलदेशकालपरया मर्यादयाऽत्योहिता।।
नित्या (ऽ)सर्वतमानयाऽऽत्मकलया पूर्णा विरात्मात्मना
सत्यात्मा भुवि शारदा विजयते सद्ब्रह्मणा स्वात्मना।।

।।दशमहाविद्या : भगवती तारा वाग् देवता।।

ब्रह्माण्डे सर्वतोऽन्तः स्वरदमृतकला व्योम्नि दिक्षु स्वरात्मा
शब्दार्थप्रत्ययाप्ता स्वररसकलिता छन्दसौताऽक्षरात्मा।।
आत्मन्यन्तः स्फुरन्ती श्रुतिनयनमनः प्राणचित्यादिनेया
तारा श्रीवार्क् पराख्या सुनियतकरणैः संविदोपासनीया।।

।।त्रयोविंशी कला सम्पूर्णा।।

छन्दसां स्वराप्तयाऽसुनीतया सुतारया
छन्दया सुगीतया सुपूर्णयेन्दुतारया
दैवतेन्द्रशक्तिराप्यते धियाऽसिधारया
दैवेरातवाक्सुधारसप्रवाहधारया।।

।।वेदांगनिघण्टुपठितानिः सप्तपंचाशद् वाङ्.नामानि।।

श्लोकः। धारा। इळा। गौः। गौरी। गान्धर्वी। गभीरी। मन्द्रा। मन्द्राजनी। वाशी। वाणी। वाणीची। वाणः। पविः। भारती। धमनिः। नाळी। मेळिः। मेना। सूर्या। सरस्वती। निवित्। स्वाहा। वग्नुः। उपब्दिः। मायुः। काकुत्। जिव्हा। घोषः। स्वरः। शब्दः। स्वनः। ऋक्। होत्रा। गीः। गाथा। गणः। धेना। ग्नाः। विपा। नना। कशा। घिषणा। नौः। अक्षरम्। मही। अदितिः। शची। वाक्। अनुष्टुप। धेनुः। वल्गुः। गल्दा। सरः। सुपर्णी। बेकुः।

।।वाशी एकादशम् वाङ्.नाम।।

''वाशी'' व्योमनि वाशति स्वरवती शब्दायते स्वार्चिषा वाच्या स्वात्मनि वाश्यते स्वरचिता कान्त्याऽयते ज्योतिषा।।

सा वाङ्.नामसु संशिता हिमवती सैकादशी वाशिका साम्यात् सौम्यमुखा सिता रसवती काम्या कला काशिका।।ॐ।।

वायु : सर्वव्यापक स्फोटतत्त्व

''शब्दब्रह्मणि निष्णातः परं ब्रह्माधिगच्छति।।''

शब्दब्रह्म के द्वारा उपासना से मोक्ष प्राप्ति होती है, अर्थात् शब्दब्रह्म मोक्षशास्त्र है। ऋग्वेद के वागाम्भृणी सूक्त के आधार पर सर्वप्रथम स्फोटायन ऋषि ने सर्वव्यापक वाक् तत्त्व के विज्ञान (विशेष ज्ञान) को सार्वजनिक किया। जिसे ''स्फोटवाद'' कहा गया। यह बात अलग है कि ऋग्वेद के वागाम्भृणी सूक्त को वायु सूक्त एवं वाक् सूक्त भी कहा जाता है। दूसरे ''स्फोटायन ऋषि द्वारा रचित स्फोटवाद ग्रन्थ का उल्लेखभर मिलता है, किन्तु स्फोटायन ऋषि का ग्रन्थ विस्मृति के गर्भ में है।'' सम्भवतः देश के पाण्डुलिपि भण्डारों में स्फोटायन ऋषि की दुर्लभ पाण्डुलिपि हो।

स्फोटतत्त्व पर सबसे महत्वपूर्ण कार्य ईसा पूर्व पहली शती के महान वैयाकरण भर्तृहरि ने ''वाक्यपदीयम्'' में किया। इसी श्रृंखला में आचार्य मण्डन मिश्र ने स्फोट सिद्धि ग्रन्थ प्रस्तुत किया। प्रकारान्तर में सत्रहवीं सदी में ''आचार्य नागेश भट्ट ने स्फोटवाद'' ग्रन्थ में स्फोटतत्त्व की मीमांशा की। आचार्य नागेश भट्ट ने स्फोट दर्शन से साक्षात्कार करवाया। ऋषिश्रेष्ठ दुर्वासा के चौदहवे वंशज स्वामी सोमानन्द ने ''शिवदृष्टि'' में और मुनि जिनविजय ने ''एकाक्षरनामकोषसंग्रह'' में नित्य अक्षरों की अध्यात्मिक, भौतिक एवं दैविक शक्तियों से परिचय करवाया।

''तद्द्वारमपवर्गस्य वाङ्.मलानां चिकित्सितम्।''

महावैयाकरण भर्तृहरि ने स्फोट तत्त्व का विशद विवेचन कर पद एवं वाक्य स्फोट का स्पष्टीकरण किया है। यही नहीं बल्कि कहा : ''वह मुक्ति का द्वार और वचन के मलों की अनुपम चिकित्सा है।'' भर्तृहरि ने इसप्रकार ''व्याकरणशास्त्र'' की स्तुति की है और उसे मुक्ति–मोक्ष का मार्ग भी बताया है। भर्तृहरि ने वाक्यपदीयम् में कहा कि शब्दस्फोट के द्वारा शब्द की नित्यता है। ''अल्पे महति वा शब्दे स्फोटकालो न भिद्यते। परस्तु शब्दसन्तानः प्रचयापचयात्मकः।।103।। तस्माद्यः शब्दसंस्कारः सा सिद्धिः परमात्मनः। तस्य प्रवृत्तित्त्वज्ञस्द् ब्रह्मामृतमश्नुते।।132।। भर्तृहरि वाक्यपदीयम्, ब्रह्मकाण्ड।। यह भी कहा गया है कि जो शब्दों को जानते हैं उन्हीं के सामने शब्द अपने स्वरूप को प्रकट करते हैं। उत त्वः पश्यन्न ददर्श वाचमुतः त्वः श्रृण्वन्त। उतो त्वस्मै तन्वं विसस्रे जायेव पत्य 3 शती सुवासः।। मीमांसकों ने भी ''क, ख, ग, आदि पृथक्–पृथक् वर्णों को नित्य माना है'', परन्तु वर्णों के समूह रूप पदों

एवं पद समूह रूप वाक्यों को अनित्य माना है। (मीमांसासूत्र के भाष्यकार शबरस्वामी एवं कुमारिल भट्ट आदि विद्वान) (मीमांसाशास्त्र के प्रवर्त्तक आचार्य जैमिनि ने ''औत्पत्तिकस्तु शब्दस्यार्थेन सम्बन्धः'' सूत्र से शब्द–पद के अर्थ के साथ सम्बन्ध को नित्य मानकर पद को भी नित्य मान लिया है।)।

वैदिक सृष्टि प्रकरण में तीन पुरुषों–क्षर, अक्षर एवं अव्यय की विवेचना मिलती है। इनमें प्रत्येक की पाँच–पाँच कलाएँ बताई गई हैं। अव्यय पुरुष की पाँच कलाएँ– आनन्द, विज्ञान, मन, प्राण, एवं वाक् हैं। उनमें ''वाक् कला को व्याकरण में स्फोट नाम दिया गया है।'' वैदिक विद्वान इस अवधारणा को सही मानते हैं। इसी से सकल शब्दार्थमय जगत् की सृष्टि है। क्षर पुरुष की कला रूप में जिस अन्य ''वाक्शक्ति'' का शास्त्रों में निरूपण किया गया है, उसको व्याकरण दर्शन में ''व्यावहारिक स्फोट'' माना गया है। श्रुतियों में ''प्रकृत स्फोट का वर्णन वाक् शब्द'' से किया गया है। ''श्रुतियों का वाक् व्याकरण दर्शन में स्फोट'' कहलाया। तैत्तिरीय ब्राह्मण में स्फोट के लिए वाक् शब्द व्यवहार में लिया गया।

वाचं देवा उपजीवन्ति विश्वे वाचं गन्धर्वा पशवो मनुष्यः।
वाचीमा विश्वा भुवनान्यर्पिता सानो हवं जुषतामिन्द्रपात्री।।
।।तैत्तिरीय ब्राह्मण।।

सम्पूर्ण देवता, गन्धर्व, पशु, एवं मानव वाक् के आधार पर ही जीवित रहते हैं। यह समस्त ब्रह्माण्ड वाणी पर ही अवलम्बित है (तैत्तिरीय ब्राह्मण)। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार प्रजापति से भी परतत्त्व है, वह वाक् ही है : ''यद् वै प्रजापतेः परमस्ति वागेव तत्।'' अर्थात् ''वाक्–तत्त्व उतना ही व्यापक है, जितना कि ब्रह्म।'' आर्ष वाङ्.मय में वाक् तत्त्व को सर्वव्यापक माना गया है। महावैयाकरण भर्तृहरि ने वाक्यपदीयम् में कहा है : ''आदि और अन्तरहित जो अक्षर–अविनाशी शब्दतत्त्व है, वही ब्रह्म है। वही अर्थरूप से भासित होता है। उसी से जगत् की प्रक्रिया–सृष्टि है।''

अनादिनिधनं ब्रह्म शब्दतत्त्वं यदक्षरम्।
विवर्त्ततेऽर्थभावेन प्रक्रिया जगतो यतः।।वाक्यपदीयम्।।

श्रुति में चिन्मय आत्मा के तीन स्वरूप–प्राणमय स्थूल रूप, मनोमय सूक्ष्म एवं वाङ्.मय सूक्ष्मतर कहे गये हैं : ''अयमात्मा वाङ्.मयः मनोमयः प्राणमयश्च।'' प्राणमय स्थूल शरीर की रक्षा करता है, मनोमय सूक्ष्म शरीर की और वाङ्.मय कारण शरीर की रक्षा करता है। यह स्मरण रहे कि प्राणमय रूप अचिरविनाशी ; मनोमय, प्रलय–पर्यन्त स्थायी और वाङ्.मय स्वरूप महाप्रलय पर्यन्त स्थायी है। इस प्रकार ब्रह्म का अंशभूत आत्मा के मनोमय रूप का नाम

जीव है। ''वही वाड्.मय स्वरूप है, जो स्फोट शब्द का वाच्य है, वही लौकिक शब्दों के रूप में भासित होता है।'' परमात्मा का वाड्.मय स्वरूप वैदिक शब्दों के रूप में परिणित होता है, और वही वेद शब्द का वाच्य है। वाड्.मय ब्रह्म का शरीर स्फोट शब्द वाच्य होता है।

''वाड्.मय स्वरूप मूलाधार आदि स्थानों में अभिव्यक्त होकर–परा, पश्यन्ती, मध्यता और वैखरी नामों से व्यवहृत होता है।'' स्फोटात्मा एक ही प्रकार का है। वह उपाधि भेद से भिन्न सा प्रतीत होता है। इस रीति से शब्दब्रह्मात्मक रव है, वह सच्चिदानन्द स्वरूप है, और समूचे शब्दमय जगत् का उपादान होकर प्राणियों के मूलाधार में व्यक्त है।

स तु सर्वत्र संस्यूतो जाते भूताड्.कुरे पुनः।

आविर्भवति देहेषु प्राणिनामार्थविस्तृत।

पँचभौतिक शरीर के उत्पन्न होने पर उसमें सर्वत्र व्याप्त–अनुस्यूत जो ''रव'' है, वह संस्कृत ''वायु'' के वश में होकर मूलाधार में अभिव्यक्त होता है। शास्त्रकारों ने मूलाधार में वायु की उत्पत्ति को स्पष्ट किया है :

''देहेऽपि मूलाधरेऽस्मिन् समुद्यति समीरण...।''

पुरुषों की कहने की इच्छा करनेवाले के उत्पन्न प्रयत्न से मूलधार स्थित पवन संस्कृत होता है। उसी संस्कृत वायु से सर्वत्र व्यापक रूप से अवस्थित रव रूप जो शब्दब्रह्म है, वह मूलाधार में ही अभिव्यक्त होता है।

मूलाधारात् प्रथममुदितो यस्तु भावः पराख्यः

पश्चात्पश्यन्त्यथ हृदयगो बुद्धियुड्.मध्यमाख्यः।

वक्त्रे वैखर्यथ रुरुदिवोरस्य जन्तोः सुषुम्णा

बद्धस्तस्माद् भवति पवनप्ररितो वर्णसंज्ञ।।

परवाड्.मूलचक्रस्था पश्यन्ती नाभिसंस्थिता।।वाक्यपदीय।।

आर्ष ग्रन्थों में स्फोट के चार स्वरूप : 1. निर्विकल्पक ज्ञानरूप परा, 2. सविकल्पक ज्ञानरूप पश्यन्ती, 3. स्फोटरूप मध्यमा एवं 4. कार्यरूप वैखरी बताये गये हैं। वेद में रहस्योद्घाटन किया गया है कि इन चारों में से तीन गुहा में (छिपे) हैं और चतुर्थ वैखरी नाम की वाणी मनुष्य बोलते हैं।

चत्वारी वाक्परिमिता पदानि तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिणः।

गुहा त्रीणि निहिता नेंगयन्ति तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति।।यजुर्वेद।।

उपनिषदों के अनुसार, जिस प्रकार तपाये हुए लौह पिण्ड से स्फुलिंग निकलते हैं, उसी प्रकार हृदयस्थ आत्मा से भी आत्मा निकलते रहते हैं। इसी अभिप्राय से सूक्ष्म शरीराभिमानी आत्मचैतन्य की तैजस संज्ञा समस्त वेदान्त शास्त्रों में वर्णित है। समस्त योगाचार्यो, महायोगीगण एवं वैदिक आचार्यों ने

''ऊर्ध्वमुख आधारचक्र में स्थित चैतन्य का 'वायवीय' होना माना है।'' इसी लिये कहा गया है : ''हंसः प्राणश्रयो नित्यम्'' इत्यादि। ''आधार पद्मस्थित हंस–चैतन्य सदा प्राणवायु के आश्रित रहता है।

निस्सरन्ति यथा लोहपिण्डात्तप्तात् स्फलिंगकाः।

सकाशादात्मनस्तद्वत् आत्मानः सम्भवन्ति हि।।उपनिषद।।

वैदिक वैयाकरणों ने इसी शृंखला में प्रतिसाख्य में कहा है : ''वायुः खात् शब्दस्तत्।'' ''आकाश से वायु उत्पन्न होता है, वही शब्द है।'' श्रुति के अनुसार ''वायोरेवायं महिमात्रयीलक्षणः (वायु की ही यह महिमा है, जो त्रयीलक्षण–वेद राशि है।)(अर्थात् वेद तीन ही माने गये हैं) (त्रयी वेदः)।'' विद्वानों ने ''स्फोट से उत्पन्न शब्दों को वायु का व्यङ्.ग्य होना बताया है।'' वायवीय चैतन्य एवं तैजस चैतन्य में वायवीय चैतन्य अर्थात् स्फोट का ही प्रकाशक और तैजस चैतन्य आत्मा का प्रकाश्य होना निश्चित होता है। वैसे ''स्फोट का ही नाम प्रणव'' है। स्फोट एवं प्रणव में कोई भेद नहीं है (यह अभिसन्धि है।)। प्रणव का प्रादुर्भाव ब्रह्म से ही होता है। उसी ''ब्रह्म से प्रणव को द्वार मानकर (प्रणव के द्वारा) अकार से क्षकार पर्यन्त पचास वर्णों का प्रादुर्भाव हुआ।

आदिक्षान्ता इमे वर्णाः सम्भूताः परमात्मनः।

द्वारीकृत्य प्रणवकं सर्वशब्दस्य कारणम्।।

अकारात् स्वरसम्भूतिः स्पर्शसृष्टिरुकारतः।

अन्तःस्थोष्मक्षकाराणां मकारात्सम्भवो मतः।।

स्वराः षोडश विज्ञेयाः स्पर्शास्तु पँचविंशतिः।

अन्तःस्थाश्च तथोष्माणः वेदवेदमिताः स्मृताः।।

क्षकारो वर्णसंयोगस्योपलक्षणमीरितः।

ह्रस्वदीर्घाबुभौ भेदावनाद्यौ हि प्रकीर्तितौ।।

प्लुत उत्पत्तिकालीनोऽतः पाश्चात्यो विधीयते।

इसका अर्थ यह है : ''अकार से क्षकार पर्यन्त पचास वर्ण हैं। वे समस्त शब्दमय जगत् के कारण हैं। उनका प्रादुर्भाव उसी पूर्वोक्त ब्रह्म से प्रणव के द्वारा हुआ है। ''ओम्' प्रणव में अ, उ, म् तीन वर्ण हैं। उनमें 'अकार से स्वर' (अ, आ, इ, ई इत्यादि); 'उकार से स्पर्श' (क से म तक) एवं 'मकार से अन्तःस्थ, ऊष्म और क्षकार'' का प्रादुर्भाव हुआ। स्वर–सोलह, स्पर्श–पचीस, अन्तःस्थ–चार, ऊष्म–चार और क्षकार–एक, ये समस्त मिलकर पचास (50) वर्ण होते हैं। समस्त संयुक्त वर्णों का उपलक्षण क्षकार है। स्वर में ह्रस्व, दीर्घ आदि का भेद अनादि है। प्लुत उत्पत्तिकालीन होने से पाश्चात्य (पीछे का)

माना गया है। ये पचास वर्ण समस्त वाङ्मय जगत् के उपादानकारण माने गये हैं।'' यह मातृका स्वरूप वर्णन है।

प्राण, अपान, समान, उदान एवं व्यान—पाँच प्रकार की वायुओं की और मन, बुद्धि, अहंकार—इन अन्तःकरण वृत्तियों की उत्पत्ति—ख, फ, छ, ठ, थ, च, ट, त इन आठ वर्णों से है। इनमें भी वर्गों के द्वितीय अक्षर ख, फ, छ, ठ, थ से प्राणादि पाँच वायुओं की उत्पत्ति होती है। मध्यम वर्ग के तीन अक्षरों से अन्तःकरण की वृत्तियों की उत्पत्ति होती है। यह प्राणादि पँचक एवं अन्तःकरण का उद्भव प्रकार है।

प्राणादि पँचकंचैव मनोबुद्धिरहंक तिः।
बभूव कारणत्वेन ख फ छ ठ थ च ट तत्र्।।
वर्गवद्वितीयर्णोत्थाः प्राणादिपँच वायवः।
मध्यवर्गत्रयाज्जाता अन्तःकरणवृत्तयः।।

सारसंक्षेप में ''सनातन नित्य—अविनाशी प्रणव नामक स्फोट के परिणाम भूत जो स्फोट रूप वर्ण हैं, वे भी नित्य हैं।'' अतः अक्षरसमाम्नायस्थ वर्ण शब्दब्रह्म के सूक्ष्मरूप हैं। मन्त्रात्मक स्थूल रूप है। अखण्ड वाक्यस्फोट का मुख्य उदाहरण मन्त्र है। ये ''वाक्यस्फोटात्मक मन्त्र—वैदिक एवं तान्त्रिक प्रकार'' के होते हैं। ''वैदिक के दो प्रकार—प्रगीत एवं अप्रगीत हैं।'' प्रगीत साम कहलाता है। अप्रगीत छन्दोबद्ध एवं विलक्षण दो प्रकार के हैं। छन्दोबद्ध ऋक् है और द्वितीय यजुष है।

यजुर्वेद में स्फोटात्मक शब्दब्रह्म का वर्णन वृषभ रूप में मिलता है।

चत्वारि श्रृंगात्त्रयो अस्य पादाः द्वे शीर्षे सप्त हस्तासो अस्य।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महो देवी मर्त्यां आविवेश।।

इसकी व्याख्या ''शब्द ब्रह्म'' तक ले जाती है। एक वृषभ के चार श्रृंग पदसमूह हैं। ये नाम, आख्यात, उपसर्ग एवं निपात हैं। तीन पैर अर्थात् तीन काल—भूत, भविष्य एवं वर्तमान हैं। दो शिर हैं, अर्थात् दो प्रकार के शब्दात्मा, नित्य एवं कार्य हैं। शब्दात्मा का अर्थ शब्दस्वरूप है। शब्दस्वरूप के दो भेद व्यङ्गा एवं व्यंजक हैं। दो प्रकार के शब्द स्वरूप में वैखरी ध्वनि व्यंजक है। यह कार्य एवं अनित्य है। व्यंजक रूप ध्वनि से अभिव्यङ्ग्य आन्तर प्रणव रूप स्फोट है। जिसे शब्दब्रह्म कहते हैं। यह नित्य है। यद्यपि प्रणव रूप नित्य शब्द एक है, किन्तु मूलाधार आदि उपाधि भेद से ''परा, पश्यन्ती एवं मध्यमा'' रूप से शास्त्रों में व्यवहृत होते हैं। यह ही सकल वाङ्मय ब्रह्माण्ड का आदि कारण है। इसके ''सप्त हाथों का आशय सात विभक्तियाँ हैं। त्रिधा बद्धः अर्थात् तीन स्थानों में बद्ध है — हृदय, कण्ठ एवं शिर में।'' ऋचा में ''वर्षण

का तात्पर्य–ज्ञानपूर्वक अनुष्ठान से फल प्रदान करना और रोरीवति का अर्थ शब्द करना है।''

स्थूल शरीर में व्यापक वर्णों का आविर्भाव प्रकार अद्भुत है। यह स्मरण रहे कि ''मूलाधार चक्र में स्फोट ब्रह्म का निवास'' है। जिसकी रश्मियाँ ऊपर की ओर जाती हैं। ऊर्ध्व रश्मिवाले स्फोटब्रह्म की महिमा प्रदर्शन के लिए और सकल लोकव्यवहारार्थ स्थूल शरीर में मूलाधार से ललाटस्थ आज्ञाचक्र तक चक्र बताये गये हैं। इन चक्रों में वर्णों के आविर्भाव के लिए उन वर्णों के आश्रयीभूत कमलों की परिकल्पना की गई है। यह दोहरा रहे हैं कि ''स्फोट की वायवीय रश्मियाँ मूलाधार से उद्गत होकर अथवा ऊपर उठकर उन्हीं पद्मपत्रों में वर्णभाव को प्राप्त करती है, अर्थात् वर्ण रूपों में परिणत हो जाती है।'' उसके बाद में कण्ठ, तालु, आदि स्थानों के अभिघातों से विभिन्न रूपों में मुख के द्वारा प्रादुर्भाव होती है। पुनः श्रोताओं की श्रोत्रेन्द्रियों के द्वारा भीतर प्रविष्ट होकर उन पद्मपत्रों में स्थित वर्णों के द्वारा ही अपने मूलकारण स्फोट में लीन हो जाती है। यह ''वर्णों के आविर्भाव एवं तिरोभाव की प्रक्रिया है।''

वैदिक विज्ञान के अनुसार ''परा नाम की वाक्शक्ति ही समस्त विश्व में शब्दों के आकार में भासित होती है'' : ''वागेन विश्वा भुवनानि जज्ञे।'' यह पुनः स्मरण रहे कि आधारचक्र–स्थित पराशक्त्थात्मक स्फोटतत्त्व ही (जिसको शब्दब्रह्म कहा जाता है।) परमात्मा का प्रकाशक है। यह अनादि जीवोपाधि के आश्रित होकर कर्मप्रेरित प्राणवायु के व्यापार के पश्चात नाभिचक्र में जाकर पश्यन्ती के रूप में परिणत होता है। प्रकारान्तर में वह उसी ''प्राणवायु की सहायता से हृदयस्थ अनाहत चक्र में मध्यमा शब्द का वाच्य होता है''। यह अद्भुत है कि वह उसी वायु की सहायता से कण्ठस्थ विशुद्धि चक्र में जाकर वैखरी नाम से विभूषित होता है। वैखरी सकल वेद, शास्त्र, पुराण, उपनिषद् आदि समूचे वैदिक वाङ्मय जगत् के आकार में परिणत होती है। अथवा इन्हीं के आकार में भासित होती है।

सर्वं परात्मकं पूर्वं ज्ञप्तिमात्रमिदं जगत्
ज्ञप्तेर्बभूव पश्यन्ती मध्यमा वाक् ततः परम्।।
वक्त्रे विशुद्रिचक्राख्ये वैखरी सा मता ततः।
सृष्ट्याविर्भावमाध्यात्मं मध्यमावाक्समायुत।।

पँच भूतों की उत्पत्ति ''ह'', ''य'', ''व'', ''र'' आदि स्वरूप महेश्वर से होने का उल्लेख मिलता है। व्योम–आकाश, वायु–पवन, अम्बु–जल और वह्नि–अग्नि इन भूतों के रूप में महेश्वर रहे। हकार से आकाश, यकार से वायु, रकार से अग्नि और वकार से जल उत्पन्न हुआ। यह शिववाक्य है।

भूतपँचकमेतस्माद् हयवर महेश्वरात्।
व्योमवाय्वम्बुवह्न्याख्यभूतान्यासीत् स एव हि।।
हकाराद् व्योमसंज्ञश्च यकाराद् वायुरुच्यत।
रकाराद् वह्निस्तोयन्तु वकारादिति शैववाक्।।

पँच तन्मात्र–शब्द, स्पर्श, रूप, रस एवं गन्ध हैं। उनके पँचीकरण से स्थूल आकाश आदि भूतों की उत्पत्ति होती है। परिणामतः समस्त भूतों में शब्द तन्मात्रों का अनुगम है। दूसरों शब्दों में ''शब्द तन्मात्र सर्वत्र अनुस्यूत है। अतः सभी भूतों में आघात होने पर शब्द का अवगम स्पष्ट होता है। पृथिवी में ''चट्चट्'' शब्द, जल में ''बुद्–बुद्'' ध्वनि, अग्नि–तेज में ''भुग–भुग'' और वायु में ''सन्–सन्'' शब्द का अवगम प्रत्यक्ष अनुभव किया जाता है।

क्षितौ चटचाटा शब्दः चले बुदुबुदु ध्वनिः।
अग्नौ भुगुभुगु ध्वनिः वायौ वीसीति शब्दनम्।।

वेदज्ञों का मानना है कि समस्त प्रपँच शब्द का ही परिणाम है। छन्दोमयी वाक् से ही अनेक प्रकार के पदार्थों की उत्पत्ति होती है। उनमें शब्दों की व्याप्ति है।

शबदस्य परिणामोऽयमित्याम्नाय विदो विदुः।
छन्दोभ्य एव प्रथममेतद्विश्वं व्यवर्त्तत।।

महावैयाकरण भर्तृहरि ने वाक्यपदीयम् में लिखा है :

स्वशक्तौ व्यज्यमानायां प्रयत्नेन समीरिताः।
अभ्राणीव प्रचीयन्ते शब्दाख्याः परमाणवः।।

वाक्यपदीयम् में भर्तृहरि ने स्फोट का वर्णन किया है :

अनादिनिधनं ब्रह्म शब्दतत्त्वं यदक्षरम्।
विवर्ततेऽर्थभावेन प्रक्रिया जागतो यतः।।वाक्यपदीयम्1–1।।

प्रपँचसार, सौभाग्यास्कर, शारदातिलक आदि में शब्द सृष्टि क्रम का निर्दिष्ट क्रम–ईश्वर, माया, विन्दु, नाद अथवा परा, पश्यन्ती, मध्यमा एवं वैखरी कहा गया है। श्लोकवार्तिका, स्फोटसिद्धि (मण्डनमिश्रकृत), स्फोटतत्त्वनिरूपणम्(शेषकृष्णसुधीकृत), स्फोटवाद(नागेशभट्टकृत), स्फोटचन्द्रिका (मौनिश्रीकृष्णभट्ट कृत), स्फोटसिद्धि(अज्ञातकृत), स्फोटनिरूपणम् (आपदेवकृत), स्फोटसिद्धिन्यायविचारश्चेति, वाक्यपदीयम्, ऋग्वेदप्रतिसाख्य, तत्त्वसमग्रः, संगीतरत्नाकर, स्फोटतत्त्वनिर्णय (शेषकृष्णकृत), भामती, सांख्यसूत्र, न्यायपरिशुद्धि, न्यायमंजरी, तत्त्वबिन्दु, शब्दनिर्णय, श्रीभाष्य, पदार्थतत्त्वनिर्णय, न्यायसूत्र भाष्य, न्यायलीलावती, मीमांसासूत्र, शाबरभाष्य, काव्यदर्शा, शिवदृष्टि, तैत्तिरीयोपनिषद्, अष्टाध्यायी, पतंजलि योगसूत्र, एकाक्षरनामकोषसंग्रह,

स्फोटवाद (हिन्दी), स्वरोदय विज्ञान, आदि प्रमुख ग्रन्थ स्फोटतत्त्व के रहस्य को उद्घाटित करने में सहयोगी हैं। वैदिक स्वर बोध पुनश्च : शब्दस्फोट का गलत प्रयोग विनाश का कारण होता है (अक्षर उच्चारण)। जैसे त्वष्टा के पुत्र विश्वरूप को दुष्ट शब्द (त्रुटीपूर्ण उच्चारण) के प्रयोग करने से इन्द्र ने मार दिया : दुष्टः शब्दः स्वरतो वर्णतो वा मिथ्याप्रयुक्तो न तमर्थमाह। स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात्।। इस प्रकरण का सीधा सन्देश है कि संस्कृत मन्त्रों स्तोत्रों–स्तुतियों का शुद्ध पाठ करें, अन्यथा मन्त्रपाठ का संहारक प्रतिफल प्राप्त होगा। अधिक अच्छा रहे कि पाठ करें, स्वर गान यथा सम्भव नहीं करें।।ऊँ।।

एक देवता प्राण देव : एक ब्रह्म!

वायुर्वेद यजुर्वेद के रचयिता महर्षि याज्ञवल्क्य से शतपथ ब्राह्मण में यह प्रश्न पूछा गया किएक मात्र देवता का नाम बताइए ? महर्षि याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया कि "एक देवता प्राणदेव है।" इसका स्पष्ट अभिप्राय है कि ब्रह्म एवं प्राण एक ही तत्त्व–सार्वभौम ऊर्जा–विश्वव्यापी समष्टि ऊर्जा है।

कतम एको देव इति। स ब्रह्म त्यदित्याचक्षते।।

।।शतपथ ब्राह्मण 14.6.9.10।।

कतम एको देव इति। प्राण इति।।शतपथ ब्राह्मण 11.6.3.10।।

वास्तव में याज्ञवल्क्य ने ऋग्वेद के दर्शन का ही विस्तार किया। ऋग्वेद में सर्वप्रथम स्पष्ट किया कि उस एक तत्त्व–ब्रह्म को ब्रह्मज्ञानी विद्वान इन्द्र, मित्र, वरुण, अग्नि, यम, मरुत्, वायु आदि नाम से सम्बोधित करते हैं। इस ऋचा का देवता (विषय) सूर्य है।। ऋग्वेद 1.164.46।।

इन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहुरथो दिव्यः स सुपर्णो गरुत्मान्।
एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः।।

।।ऋग्वेद 1.164.46।।

ऋग्वेद के एक ब्रह्म और अनेक नाम को ही यजुर्वेद में दोहराया गया है। उस ब्रह्म को अग्नि, आदित्य, वायु, चन्द्रमा, शक्र आदि कहा जाता है।।यजुर्वेद 32.1।।

तदेवाग्निस्तदादित्यस्तद्वायुस्तदु चन्द्रमाः।
तदेव शुक्रं तब्द्रम ता आपः स प्रजापति।।यजुर्वेद 30.1।।

यजुर्वेद (17.19) की ऋचा में कहा गया है कि द्युलोक एवं पृथिवी उत्पन्न करनेवाला एक ही देव (ब्रह्म) है।

विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतोमुखो विश्वतोबाहुरुत विश्वतस्पात्।
सं बाहुभ्यां धमति सं पतत्रैर्द्यावाभूमि जनयन् देव एकः।।
।।यजुर्वेद 17.19।।

अथर्ववेद के तेरहवें काण्ड के चौथे सूक्त में अत्यन्त विस्तार से स्पष्ट किया है कि वह मूल तत्त्व ब्रह्म एक ही है, वह दो, तीन, चार, दस आदि नहीं है। वह देवों की समष्टि है। उसके ही व्यष्टि रूप में अनेक नाम हैं। उनको ''एकवृत् एकः'' कहते हैं।

एते अस्मिन् देवा एकवृतो भवन्ति।।13।।
कीर्तिश्च यशश्चाम्भश्च नभश्च ब्राह्मणवर्चसं चान्नं चान्नाद्यं च।।14।।
य एतं देवमेकवृत वेद।।15।।
सर्वे दे अस्मिन् देवा एकवृतो भवन्ति।।21।।
।।अथर्ववेद 13.4—5,13,14,15,21।।

कठ उपनिषद् में ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद की ऋचाओं के आधार पर व्याख्या की है कि वह एक ब्रह्म समस्त प्राणियों के अन्दर विद्यमान है। वह अकेला होते हुए भी अनेकों—अनेकों रूपों को धारणा करता है। ''एको वशी..............एकं रूपं बहुधा यः करोति।।''कठ उपनिषद् 2.5.12।।

आचार्य यास्क ने निरुक्त में ऋग्वेद के एक ही ब्रह्म और अनेक नामों से सम्बोधन की व्याख्या की है। वह एक देवता—ब्रह्म महाशक्तिशाली है। उस एक की अनेक नामों से स्तुति की जाती है। उस महान देव के अन्य सभी देवता अंग—प्रत्यंग हैं।।निरुक्त 7.4।।

महाभाग्याद् देवताया एक आत्मा बहुधा स्तूयते।
एकस्यात्मनोऽन्ये देवाः प्रत्यङ्.गानि भवन्ति।।निरुक्त 7.4।।

शतपथ ब्राह्मण में स्पष्ट निर्देश है कि पूर्ण तत्त्व परमात्मा—परमेष्ठी या आत्मा है। समस्त देवता समष्टि रूप अथवा एकीकृत रूप में उसमें विद्यमान हैं। उसकी उपासना करनी चाहिए।।14.4.2.18।।

आत्मा इत्येव उपासीत।
अत्र ह्येते सर्व एकीभवन्ति।।शतपथ ब्राह्मण 14.4.2.18।।

वेद में ''ब्रह्म—परमेष्ठी—परमात्मा'' की व्याख्या बहुत ही व्यापक है। इस विषय पर अलग से चर्चा करेंगे। ऋग्वेद की ऋचाओं में परमेश्वर के विशिष्ट गुणों का विस्तार से वर्णन मिलता है।

विश्वमेको अभि चेष्टे शचीभिर्धाजिरेकस्य ददृशे न रूपम्।।

।।ऋग्वेद 1.164.44।।

इदाहनः पीतिमुल वो मदं धुर्न ऋते श्रान्तस्य सख्याय देवा।।

।।ऋग्वेद 4.33.11।।

(श्रप्तस्य ऋते देवाः सख्याय न भवन्ति।)

आ त्व1 द्य सर्वदुघां हवे गायत्रवेपसम्।

इन्द्रं धेनुं सुदुघामन्यामिपमुरुधारामरंकृतम्।।ऋग्वेद 8.1.10।।

नकीमिन्द्रो निकर्तवे न शक्रः परिशक्तिवे।

विश्वे शृणोति पश्यंति।।ऋग्वेद 8.78.5।।

त्वे वसूनि संगता विश्वा च सोम सौभगा।

सुदात्वपरिव्हता।।ऋग्वेद 8.78.8।।

विद्मा हि त्वा तुविकूर्मि तुविदेष्णं तुवीमघम्

तुविमात्रमवोभि।।2।।

नहि त्वा शूर देवा न मर्तासो दित्सन्तम्।

भीमं न गां वारयन्ते।।3।।

एतो न्विन्द्रं स्तवामेशानं वस्वः स्वराजम्।

न राधसा मर्धिपन्नः।।ऋग्वेद 8.81.2–4।।

इत ऊती वो अजरं प्रहेतारमप्रहितम्।

आशुं जेतार हेतारं रथीतममतूर्तं तूग्न्यावृधम्।।7।।

इष्कर्तारमनिष्कृतं सहस्कृतं शतमूर्ति शतक्रतुम्।

समानमिन्द्रमवसे हवामहे वसनानं वसूजुवम्।।8।।ऋग्वेद 8.99.7–8।।

ऋतेन देवः सविता शमायत शृंगमुर्विया वि पप्रथे।

ऋतं सासाह महि चित्पृतन्यता या नो वि यौष्टं संख्यामुमोचतम्।

।।ऋग्वेद 8.86.5।।

ऋग्वेद में कहा है कि "परमेष्ठी निराकार होते हुए भी सब कुछ सुनता है और देखता है। उसकी शक्ति अनिर्वचनीय है।।" ऋग्वेद 8.78.5।। "वह परमात्मा अजर अमर है। वह सभी को गति देनेवाला है। वह अघर्षणीय है। वह शीघ्रगामी है। वह सर्वत्र विजयी है। परमात्मा सभी दोषों को दूर करनेवाला है। वह सभी दोषों से मुक्त है, निरंजन है। वह अनन्त प्रकार से रक्षा करता है। उसके अनन्त पराक्रम हैं। वह सर्वत्र व्याप्त है। वह धन–वैभव–ऐश्वर्य का प्रदाता है।।" ऋग्वेद 8.99.7–8।।

ऋग्वेद में सिंहगर्जना की है कि "वह परमेश्वर परमेष्ठी अपनी दिव्य दृष्टि से जगत् को देखता है। यद्यपि परमेष्ठी निराकार है। उसका रूप दिखाई नहीं देता है। उसकी गति मात्र ही दृष्टिगोचर होती है"।।ऋग्वेद 1.

164.44।। ऋग्वेद में यह स्पष्ट किया है कि ''परमात्मा–ब्रह्म कठोरतम परिश्रम करनेवालों की ही सहायता करता है। जब तक मनुष्य अथक परिश्रम नहीं करता, तब तक देवों की कृपा प्राप्त नहीं होती। इसी तरह घोरतम तपस्या से ही ब्रह्म प्रसन्न होते हैं।।''ऋग्वेद 4.33.11।। यही सूक्ति पश्चिमी धर्म–दर्शन में ज्यों की त्यों ली गई है।

ऋग्वेद एवं यजुर्वेद में ब्रह्म के विशिष्ट गुणों का वर्णन करते हुए कहा है कि वह जगत् का एकमात्र स्वामी है। वह द्युलोक एवं पृथिवी को धारण करता है। परमात्मा आत्म शक्ति प्रदाता, शारीरिक शक्ति प्रदाता है। उसकी आज्ञा का पालन समस्त देवता करते हैं। उसका अनुग्रह अमृतमय और अकृपा मृत्यु है। वह अचर, चर जगत् का एकमात्र राजा (स्वामी) है। पृथिवी, समुद्र, पर्वत आदि उसकी आज्ञा में हैं। वह अन्तरिक्ष, आकाश में विभिन्न लोकों (ब्रह्माण्डों) को रोके हुए है। ब्रह्म ने द्युलोक, आकाश, अन्तरिक्ष एवं पृथिवी को दृढ़ता प्रदान की है। ब्रह्म ने ही परमव्योम में सविता एवं व्योम में सूर्य को प्रकाशित किया है। ब्रह्म – परमात्मा – परमेष्ठी सभी देवों का अधिपति है।।ऋग्वेद 10.121.1–8।।

ऋग्वेद के अनुसार ''परमात्मा मित्रवत् शुभ कर्मों की ओर प्रेरित करता है एवं दुर्गुणों से रक्षा करता है।'' परमात्मा को उरुधारा धेनु कहकर कामधेनु (कामदुघा) कहा गया है। ''परमात्मा को कामधेनु कहने का गूढ़ अभिप्राय है कि वह पवित्र आत्मा भक्त की समस्त मनोकामना पूर्ण करता है।'' परमात्मा की स्तुति, उपासना, यज्ञ, जप आदि से मनुष्य की आत्मिक शक्ति उद्बुद्ध होती है। उसके आत्मबल, मनोबल में वृद्धि होती है। इसी से वह समस्त अभीष्ट प्राप्त करता है।।ऋग्वेद 8.1.10।। यजुर्वेद (9.2) की ऋचा में स्पष्ट किया है कि ''उस सर्वव्यापक परमात्मा का हृदय में साक्षात्कार किया जा सकता है (यहाँ हृदय का अर्थ अध्यात्मिक रूप में लें।)।'' ऋग्वेद (8.82. 2–4) में कहा है कि वह (ब्रह्म, परमात्मा) संसार का स्वामी है। वह अपने तेज से ज्योतिर्मय है। वह महादानी, महाधनी, महाज्ञानी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान, सर्वोत्कृष्ट, सर्वजनीन, सर्वव्याप्त, अव्यक्त, निराकार, निर्गुण, निरंजन आदि है। वह महानतम पराक्रम करनेवाला है।

परमात्मा के विशिष्ट गुणों के वर्णन में ऋग्वेद में कहा है कि ''ब्रह्म अमर ज्योति है (ज्योतिर्मय), वह मनुष्य के अन्दर ही विद्यमान है''।।ऋग्वेद 6. 9.4।।

अयं होता प्रथमः पश्यतेममिदं ज्योतिरमृतं मर्त्येषु।
अयं स जज्ञे ध्रुव आ निषत्तो ऽमर्त्यस्तन्वा 3 वर्धमानः।।ऋग्वेद 6.9.4।।

यो विद्यात्सूत्रं विवतं यस्मिन्नोताः प्रजा इमाः।
सूत्रं सूत्रस्य यो विद्यात्स विद्याब्द्रह्मणं महद्।।37।।
वेदाहं सूत्रं विततं यस्मिन्नोताः प्रजा इमाः।
सूत्रं सूत्रस्याहं विदायो यब्द्राह्मणं महत्।।38।।
।।अथर्ववेद 10.8.37–38।।

अथर्ववेद के ज्येष्ठ ब्रह्म का वर्णन सूक्त (ऋषि–कुत्सः, देवता–आत्मा) में कहा है कि ''ब्रह्म सूत्रात्मक'' है। उस सूत्र में समस्त प्राणी पिराये हुए हैं। मैं इस सूत्र का सूत्र भी जानता हूँ और वह ज्येष्ठ ब्रह्म है, वह भी मैं जानता हूँ। जो इस फैले हुए सूत्र के सूत्र को जानता है, वह ब्रह्म को जानता है। अर्थात् समस्त जीव–जगत् को बांधनेवाली एक शक्ति है। उस शक्ति का नाम आत्मा, परमात्मा, परमेष्ठी अथवा ब्रह्म है। इससे समूची मानवता में एकत्व (विश्वबन्धुत्व, विश्वनीडम्, विश्वप्रेम, वसुधैव कुटुम्बकम्, विश्वहित, वैश्विक समभाव आदि) की अनुभूति होती है।। अथर्ववेद 10.8.37,38।।

ऋग्वेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेद में ''ब्रह्म को हंस'' की उपमा दी गई है। ब्रह्म को हंस कहने के मुख्यरूप से दो अभिप्राय हैं। प्रथम, हंस की विशिष्टता–नीर–क्षीर– विवेक का गुण है। इसी तरह ब्रह्म में नीर–क्षीर–विवेक का गुण है। ब्रह्म ऋत–अनृत, सत्–असत्, हेय–उपादेय, सत्य–असत्य, कर्तव्य–अकर्तव्य, गुण–दोष का विवेचन कर मात्र उपादेय को करने की प्रेरणा देता है। द्वितीय, हंस जल में रहकर भी निर्लेप रहता है। ब्रह्म इस निर्लेपता, निःस्पृहता, असंग, अनासक्ति आदि के कारण सृष्टि के कण–कण में निर्लेपता से व्याप्त है। ऋग्वेद की ऋचा में शुचिषद् (पवित्र स्थान में निवास करना), अतिथि (मानवीय देह में अतिथि की भांति ठहरना), नृषद् (मानवमात्र के हृदय में होना), वरसद् (पवित्र आत्माओं के हृदय में ब्रह्म का प्रकाश होना), ऋतसद् (सत्यनिष्ठा, सत्यप्रियता से ही ब्रह्म को प्रतिष्ठित करना सम्भव), ऋतजाः (सत्य अपनाने से ब्रह्मनिष्ठा एवं तत्त्वज्ञान की उत्पत्ति होना), ऋतम् (ब्रह्म सत्यस्वरूप) और बृहत् (ब्रह्म सृष्टि की सर्वश्रेष्ठ शक्ति) मुख्य कथन है।।ऋग्वेद 4.40.5।।

हंसः शुचिषद् वसुन्तरिक्षसद्धोता वेदिषदतिथिर्दुरोणसत्।
नृषसद् वरसदृतसद् व्योमसदब्जा गोजा ऋतजा अद्रिजा ऋतम्।।
।।ऋग्वेद 4.40.5।।

उस ईश–ब्रह्म को मनुष्यों ने यज्ञों (अध्यात्मिकता का अर्थ) के द्वारा हृदय में जाग्रत किया।।ऋग्वेद 1.131.2।। यह यज्ञ एवं ब्रह्म के सम्बन्ध उद्घाटित करता है।

इन्द्रं न यज्ञैश्चितयन्त आयवः स्तोमेभिरिन्द्रमायवः।।2।।

।।ऋग्वेद 1.131.2।।

वह परब्रह्म आकाश के समान व्यापक और वेद ऋचाओं के अक्षरों के समान अविनाशी है। जिस प्रकार परब्रह्म में सभी देवगण निवास करते हैं, उसी प्रकार उसकी वाणी वेद की ऋचाओं के अक्षर समूहों में देवगण निवास करते हैं। इस वैदिक सिद्धान्त के आधार पर अक्षर एवं उनकी अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक शक्ति की आगम में व्याख्या की गई (देखें–एकाक्षरनामकोश संग्रह, शिवदृष्टि, आकाशभैरव तन्त्रम्, बीजाक्षर मंत्रकोष, मातृका एवं उनके देवता, स्फोटवाद, स्फोटसिद्धि आदि)। जो मनुष्य उस परब्रह्म की सत्ता में विश्वास नहीं करता है, जो नास्तिक है, वह इन वेद ऋचाओं का क्या सदुपयोग करेगा ? पर जो परमात्मा–परब्रह्म में श्रद्धा, विश्वास, आस्था रखते हैं, वे इन ऋचाओं का मनन करके परमस्थान–मोक्ष को प्राप्त करते हैं।।ऋग्वेद 1.164.39।। मन्त्रद्रष्टा ऋषि के अनुसार वेद की ऋचाएँ आदि–काल से अनवरत परमव्योम में गूँजित हो रही हैं (पश्चिम के वैज्ञानिकों ने इसकी पुष्टि की है।)।

ऋचो अक्षरे परमे व्योमन यस्मिन् देवा अधि विश्वे निषेदुः।
यस्तन्न वेद किमृचा करिष्यति य इत् तद् विदुस्त इमे समासते।।

।।ऋग्वेद 1.164.39।।

इस ऋचा में स्पष्ट किया है कि सभी देवता परमात्मा की आज्ञा के अनुसार चलते हैं।।ऋग्वेद 4.26.2।।

मम देवासो अनु केतमायन्।।ऋग्वेद 4.26.2।।

जब यह जीवात्मा (शरीर) द्युलोक रूपी सहस्रार ब्रह्मरन्ध्र में प्रविष्ट होकर वहाँ अमृततत्त्व को प्राप्त कर लेता है, जब उसके लिए असाध्य जैसा कुछ नहीं रहता है। उसका जीवन अमृततत्त्व को प्राप्त करने के बाद शान्त एवं मधुर हो जाता है। वह महान यश को प्राप्त करता है। अथर्ववेद के यक्ष प्रसंग में देवी हैमवत्ती दृष्टान्त में मूलाधार से कुण्डलिनी जाग्रत कर ब्रह्मरन्ध्र तक पहुँचने का संदेश है।।ऋग्वेद 4.26.5।।

भरद यदि विरसो वेविजानः पथोरुणा मनोजवा असर्जि।
तूयं ययौ मधुना सोम्येनोत श्रवो विविदे श्येनो अत्र।।

।।ऋग्वेद 4.26.5।।

यह (ब्रह्म) भुवनों का राजा है। जिस तरह वर्षा धान्य को पुष्ट करती है, उसी तरह यह भूमि (अध्यात्मिक अर्थ में) को उर्वरा बनाता है।।ऋग्वेद 5. 85.3।।

तेन विश्वस्य भुवनस्य राजा यवं न वृष्टिर्व्युनत्ति भूम।।

।।ऋग्वेद 5.85.3।।

ऋग्वेद के छठे मण्डल के छत्तीसवें सूक्त की चौथी ऋचा में दोहराया है कि ईश–ब्रह्म आप अनुपम, सर्वोत्कृष्ट एवं समस्तप्राणियों के स्वामी हो। आप ही समस्त भुवनों के राजा हो।।ऋग्वेद 6.36.4।।

पतिर्बभूथासमो जनानामेको विश्वस्य भुवनस्य राजा।।

।।ऋग्वेद 6.36.4।।

ऋग्वेद के सप्तम मण्डल के बत्तीसवें सूक्त की बाइसवीं ऋचा में कहा है कि स्थावर जंगम का एकमात्र प्रभु (ब्रह्म, ईश, परमात्मा) है। वही मनुष्यों द्वारा उपासना योग्य है। मनुष्य उतनी आतुरता से ईश की स्तुति करे, जितनी आतुरता से न दुही गाय दोहन के लिए उत्सुक रहती है।ऋग्वेद 7.32. 22।।

अभि त्वा शूर नोनुमो ऽदुग्धा इव धेनवः।

ईशानमस्य जगतः सर्वदृशमीशानमिन्द्र तस्थुषः।।ऋग्वेद 7.32.22।।

ऋग्वेद के अष्टम मण्डल के तीसरे सूक्त की छठी ऋचा में दोहराया है कि समस्त भुवन ब्रह्म में ही नियन्त्रित होते हैं।।ऋग्वेद 8.3.6।।

इन्द्रे ह विश्वा भुवनानि येमिरे इन्द्रे सुवानास इन्दवः।।

।।ऋग्वेद 8.3.6।।

ऋग्वेद के अष्टम मण्डल में पुनरुक्ति है कि ईश मनुष्यों का राजा है। वह गुणवर्णन से वृद्धि करनेवाला, संरक्षण की इच्छा कर्ता और सभी को वश में करनेवाला है।।ऋग्वेद 8.13.9।।

उतो पतिर्य उच्यते कृष्टिनामेक इद् वशी।

नमोवृधैरवस्युभिः सुते रण।।ऋग्वेद 8.13.9।।

यह ''ब्रह्म–प्रभु की महिमा'' है कि उसने इतने विस्तृत, गहरे समुद्रों की रचना की। साथ ही अनेक बड़ी–बड़ी नदियाँ प्रवाहित की। उस ब्रह्म की महिमा के कारण ये द्यु एवं पृथिवी लोक उसका अनुकरण कर रहे हैं।।ऋग्वेद 8.3.10।।

येना समुद्रमसृजो महीरपस्तदिन्द्र वृष्णि ते शवः।

सद्यः सो अस्य महिमा न संनशे यं क्षोणीरनुचक्रदे।।ऋग्वेद 8.3.10।।

पार्थिव, वाडव, दाव आदि के रूप में अग्नि के अनेक प्रकार (रूप) हैं, परन्तु इन सबमें व्याप्त अग्नि एक ही है। जिस तरह एक सूर्य एवं उषा सम्पूर्ण विश्व को प्रकाशित करते हैं। उसी तरह एक ही ब्रह्म इस सम्पूर्ण विश्व में

प्रकाशित हो रहा है। इस ऋचा का आशय यही है कि एक ही ब्रह्म को ब्रह्मज्ञानी अनेक नामों–रूपों से जानते हैं।।ऋग्वेद 8.58.2।।

एक एवाग्निर्बहुधा समिद्ध एकः सूर्यो विश्वमनु प्रभूतः।

एकैवोषाः सर्वमिदं वि भात्येकं वा इदं वि बभूव सर्वम्।।

।।ऋग्वेद 8.58.2।।

वह (ब्रह्म) नेता है और मनुष्यों द्वारा की गई प्राचीन स्तुतियों का स्वामी है।।ऋग्वेद 8.68.7।।

यः पूर्व्यामनुष्टतिमीशे कृष्टीनां नृतुः।।ऋग्वेद 8.68.7।।

ईश–ब्रह्म–प्रभु विश्व के समस्त ज्ञान का एकमात्र ज्ञाता है। इसके अलावा वह ब्रह्म विश्व में उत्पन्न समस्त पदार्थों, भविष्य में जो कुछ होनेवाला है, उन सबका स्वामी है।।ऋग्वेद 8.89.6।।

तत् ते यज्ञो अजायत तदर्क उत हस्कृति।

तद्विश्वमभिभूरसि यज्जातं यच्च जन्त्वम्।।ऋग्वेद 8.89.6।।

ऋग्वेद के नवम मण्डल के अडसठवें सूक्त की पाँचवी ऋचा में उपमा देकर समझाया है कि ब्रह्म ऋत् तत्त्व का मूल है।

सं दक्षेण मनसा जायते कविऋतस्य गर्भो निहितो यमा परः।

यूना ह सन्तः प्रथमं वि जज्ञतुर्गुहा हितं जनिम नेममुद्यतम्।।

।।ऋग्वेद 9.68.5।।

ब्रह्म जगतधार है। इसको ऋग्वेद में बहुत ही रहस्यात्मक ढंग से प्रस्तुत किया है। वह द्युलोक का आधार, विश्व को धारण करनेवाला, सर्वत्र व्यापक, सर्वत्र परिपूर्ण रीति से भरा हुआ, वह सर्वत्र व्यापता है।

दिवो यः स्कम्भे धरुणः स्वातत आपूर्णो अशुः पर्येति विश्वतः।

सेमे मही रोदसी यक्षदावृता समीचीने दाधार समिषः कविः।।

।।ऋग्वेद 9.74.2।।

मन्त्रद्रष्टा ऋषि अकृष्टा माषाः ने बहुत ही अलंकारिक भाषा में कहा है कि वह प्रभु सभी का पालक है। वह सबका निरीक्षक है। वह विश्व के समस्त स्थानों में जाता है। वह व्यापक होनेवाला है। वह सभी भुवनों का पालक होकर विराजता है।।5।। "वह देवों में देवत्व उत्पन्न करनेवाला" और अनेक धनों से युक्त गुप्त धन को धारण करनेवाला, द्यावा पृथिवी के लिए धारण करता है।।10।। "उसकी शक्ति से पाँचों दिशाएँ हैं।" वह समस्त प्राणियों की रचना करनेवाला और सब भुवनों का राजा है। यह विश्व उसके वश में है। वह सभी का आश्रयदाता है। सभी उसके आश्रय में हैं।।29।। यहाँ

पुनः कहा गया है कि त्वं विश्वस्य भुवनस्य राजसि (आप इन भुवनों के राजा हो।)।।ऋग्वेद 9.86.5,10,29।।

विश्वा धामानि विश्वचक्षु ऋभ्वसः प्रभोस्ते सतः परि यन्ति केतवः।
व्यानशिः पवसे सोम धर्मभिः पतिविश्वस्य भुवनस्य राजसि।।5।।
ज्योतिर्यज्ञस्य पवते मधु प्रियं पिता देवानां जनिता विभूवसुः।
दधाति रत्नं स्वधयोरपीच्यं मदिन्तमो मत्सर इन्द्रियो रसः।।10।।
त्वं समुद्रो असि विश्ववित् कवे तवेमाः पंच प्रदिशो विधर्मणि।
त्वं द्यां च पृथिवी चाति जाभ्रिषे तव ज्योतीषि पवमान सूर्यः।।29।।
।।ऋग्वेद 9.86.5,10,29।।

ऋग्वेद के नवम मण्डल के 89वें सूक्त की छठी ऋचा में दोहराया गया है कि वह द्युलोक एवं पृथिवी का आधार है। इसके हाथ में समस्त प्रजाएँ हैं। "हे मृत मनुष्य! आपका नेत्र सूर्य के पास जाये और प्राण वायु में ; और आप अपने पुण्य आदि फल से स्वर्ग (मोक्ष) अथवा पृथिवी पर जायें अथवा जल में। यदि उनमें आपका हित है तो सूक्ष्म शरीर से ओषधि में रह।।" ऋग्वेद 10.16.3।। यहाँ मन्त्रद्रष्टा ऋषि (दमनो यामायनः) ने स्पष्ट किया है कि प्राण वायु में विलीन होता है।

सूर्य चक्षुर्गच्छतु वातमात्मा द्यां च गच्छ पृथिवीं च धर्मणा।
अपो वा गच्छ यदि तत्र ते हितमोषधीषु प्रति तिष्ठा शरीरेः।।
।।ऋग्वेद 10.16.3।।

वेद में ईश–ब्रह्म की अनन्त शक्तियों का वर्णन भी बहुत ही सुन्दर किया गया है। "द्यावा पृथिवी का देवों ने निर्माण किया। इतना ही उनका सामर्थ्य नहीं है ; इससे भी अधिक है। वह जगत् को निर्माण करने वाला एवं द्यावापृथिवी को धारण करेनवाला है। वही अन्नादि पोषक पदार्थों का स्वामी है। जिस समय सूर्य नहीं रहा, उसी समय बलवान हिरण्यगर्भ ने तेजस्वी शरीर धारण किया।।" ऋग्वेद 10.31.8।।

नैतावदेना परो अन्यदस्त्युक्षा स द्यावापृथिवी बिभर्ति।
त्वचं पवित्रं कृणुतु स्वधावान् यदीं सूर्यं न हरिता वहन्ति।।
।।ऋग्वेद 10.31.8।।

विश्वकर्मा भौवनः : ब्रह्म वर्णन

ऋषि ने विश्वकर्मा सूक्त में एक ही अद्वितीय प्रभु ब्रह्म का वर्णन किया है। "वह विश्व निर्माता परमेश्वर सर्वत्र देखनेवाला, सर्वत्र मुखवाला, सहस्रों पैरोंवाला एवं सहस्रों हाथोंवाला है (निराकार स्वरूप)। ऐसा परमेश्वर तीनों लोकों की रचना करता है। वह अपने दोनों हाथों एवं पदों से एक ही

साथ द्यावापृथिवी का निर्माण करता है। वह एक ही अद्वितीय देव प्रभु है'' ।।ऋग्वेद 10.81.3।।

''विश्वकर्मा सर्वज्ञानी, महान्, समस्त विश्व को धारणकर्ता, जगत् का निर्माता, परम ज्ञानवान एवं समस्त कार्यों का द्रष्टा है। जिसके विषय में विद्वान कहते हैं कि वह सप्त ऋषियों से भी परे है। वह एक ही अद्वितीय है।।'' ऋग्वेद 10.82.2।। ''वह द्युलोक से भी परे है और इस पृथिवी से भी परे है। जो देव एवं असुरों से भी परे है, वह श्रेष्ठ है।।'' ऋग्वेद 10.82.5।। इसी सूक्त में पुनः कहा गया है कि वह हमारा पालक, उत्पन्न करनेवाला, विशेष रूप से जगत् को धारण एवं पोषण करनेवाला है। विश्व के सभी धामों, सभी ब्रह्माण्डों के सभी लोकों एवं उत्पन्न होनेवाले पदार्थों को जानता है। वह समस्त देवों के नाम रखकर, उनको उनके स्थान पर रखनेवाला एकमात्र, अद्वितीय है। ऋग्वेद 10.82.3।।

विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतोमुख विश्वतोबाहुरुत विश्वतस्पात्।
सं बाहुभ्यां धमति सं पतत्रेर्द्यावाभूमी जनयन् देव एकः।।
।।ऋग्वेद 10.81.3।।

विश्वकर्मा आद्विहाया धाता विधाता परमोत संदृक्।
तेषामिष्टानि समिषा मदन्ति यत्रा सप्तऋषीन पर एकमाहुः।।2।।
यो नः पिता जनिता यो विधाता धामानि वेद भुवनानि विश्वा।
यो देवानां नामधा एक एव तं संप्रश्नं भुवना यन्त्यन्या।।3।।
परो दिवा पर एना पृथिव्या परो देवेभिरसुरैर्यदस्ति।
कं स्विद्गर्भे प्रथमं दध्र आपो यत्र देवाः समपश्यन्त विश्वे।।5।।
।।ऋग्वेद 10.82.2,3,5।।

नारायण ऋषि ने सुविख्यात ''पुरुष सूक्त'' में कहा है कि ब्रह्म भूत, भविष्य एवं वर्तमान में व्याप्त है।।ऋग्वेद 10.90.2।।

पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भव्यम्।
उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति।।ऋग्वेद 10.90.2।।

अरुणो वैतहव्य ने यह दोहराया है कि ''वह (ब्रह्म) ही अकेला अद्वितीय स्वामी है'' ।।ऋग्वेद 10.91.3।।

वसुर्वसूनां क्षयसि त्वमेक इद् द्यावा च यानि पृथिवी च पुष्यतः।
।।ऋग्वेद 10.91.3।।

''विद्वान् मेधावी क्रान्तप्रज्ञ जन उत्तम पालन–पोषण करनेवाले एकमेव अद्वितीय प्रभु की स्तुति–स्तोत्रों से अनेक प्रकार से करते हैं।'' इस ऋचा में

बहुत ही अलंकारिक रूप से कहा गया है कि एकमेव ब्रह्म की स्तुति अनेक नामों–रूपों में करते हैं।।'' ऋग्वेद 10.114.5।।

सुपर्णं विप्राः कवयो वचोभिरेकं सन्तं बहुधा कल्पयन्ति।।

।।ऋग्वेद 10.114.5।।

आथर्वणो बृहद्दिवः के अनुसार ''समस्त लोकों में वह परब्रह्म ही सर्वश्रेष्ठ आदिभूत है।।'' ऋग्वेद 10.120.1।।

तदिदास भुवनेषु ज्येष्ठं यतो जज्ञ उग्रस्त्वेषनृम्णः।।ऋग्वेद 10.120.1।।

प्रजापति सूक्त (कः) में यह पुनरुक्त किया है कि ''इस सृष्टि के निर्माण होने के पहले हिरण्यगर्भ परमात्मा विद्यमान रहा। वही उत्पन्न सम्पूर्ण जगत् का एकमात्र परमात्मा है''।।ऋग्वेद 10.121.1।।

हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत।

स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविधा विधेम।।1।।

।।ऋग्वेद 10.121.1।।

प्रजापति सूक्त में यह दोहराया गया है कि ब्रह्म–प्रजापति एकमात्र अद्वितीय देव है।।ऋग्वेद 10.121.8।। ऋग्वेद के दशम मण्डल के 124 वें सूक्त की दूसरी ऋचा में ''ब्रह्म से अमरत्व'' की प्राप्ति का उल्लेख मिलता है।।ऋग्वेद 10.124.2।।

अदेवाद्देवः प्रचता गुहा यन् प्रपश्यमानो अमृतत्वमेमि।।

।।ऋग्वेद 10.124.2।।

यह ''सृष्टि एक यज्ञ'' है। इस यज्ञ में ''पँचभूत'' रूपी वस्त्रों को बुना जाता है। अनन्त काल तक यह सृष्टि देवों के कर्मों से धारण की जाती है। इस सृष्टि यज्ञ में विद्वान वस्त्र को बुनते हुए अनेक प्रकार के उत्कृष्ट एवं निकृष्ट वस्त्र अथवा पदार्थों की रचना करते हैं। इस ऋचा में वस्त्र का आशय अध्यात्मिक रहस्यपूर्ण है।।ऋग्वेद 10.130.1।।

यो यज्ञो विश्वतस्तन्तुभिस्तत एकशतं देवकर्मेभिरायतः।

इमे वयन्ति पितरो य आययुः प्र बयाप वयेत्यासते तते।।

।।ऋग्वेद 10.130.1।।

ब्रह्म द्वारा अनेक रूप धारण करने अथवा ब्रह्म के नाना रूपों में प्रकट होने का वर्णन गाथिनो विश्वामित्र ऋषि ने ऋग्वेद के तीसरे मण्डल के तिरेपनवें सूक्त की आठवीं ऋचा में किया है।

रूपंरूपं मघवा बोभवीति मायाः कृण्वानस्तन्वं 1 परि स्वाम्।

त्रियर्द् दिवः परि मुहर्तमागात् स्वैर्मन्त्रैरनृतुपा ऋतावा।।8।।

।।ऋग्वेद 3.53.8।।

ऋग्वेद में सृष्टि उत्पत्ति का रहस्योद्‌घाटन दशम मण्डल के 129 वे सूक्त की सातवी ऋचा में किया गया है। ''यह सृष्टि जिससे उत्पन्न हुई वह इसे धारण करता भी है या नहीं, इसको हे विद्वान्! वही जानता है। वह परमव्योम–परम आकाश में रहता हुआ इस सृष्टि का अध्यक्ष है।।'' ऋग्वेद 10.129.7।। अर्थात् इस सृष्टि का उत्पत्ति कर्ता, इसका अध्यक्ष, इसका धारक परब्रह्म है। और वही इस सृष्टि को पूर्णतया जानता है।

इयं विसृष्टिर्यत आबभूव यदि वा दधे यदि वा न।
यो अस्याध्यक्षः परमे व्योमन् त्सो अंग वेद यदि वा न वेद।।
।।ऋग्वेद 10.129.7।।

ब्रह्म एक ही सर्वरूप है। यह पुनः लिख रहे हैं कि ऋग्वेद के विश्वकर्मा सूक्त का कथन है कि ''वह ब्रह्म ही पिता ; विधाता विश्वकर्मा ; जगत् को धारण एवं पोषण करनेवाला; विश्व के समस्त धामों; लोकों एवं उत्पन्न होनेवाले पदार्थों को जाननेवाला आदि है। वह समस्त देवों के नाम रखकर उनको उनके स्थान पर रखनेवाला एकमात्र अकेला, अद्वितीय है।''

इस समूची पृष्ठभूमि में महर्षि याज्ञवल्क्य द्वारा वर्णित ''एकमात्र देवता प्राण विश्वव्यापिनी ऊर्जा विश्वव्यापिनी जीवनीशक्ति है।'' प्राण की सत्ता ही जीवन है, इसका अभाव मृत्यु है। ''प्राण के भी दो रूप समष्टि एवं व्यष्टि हैं। समष्टि प्राण को ही महासत्ता, विराट् सत्ता एवं विश्वव्यापी ऊर्जा कहते हैं। यह चराचर जगत् को धारण करता है। व्यष्टि प्राण प्रत्येक जीव में व्याप्त है।'' अथर्ववेद में प्राण के विषय में कहा है कि यह समस्त प्रजा का पिता की तरह पालन करता है। वह सृष्टि स्वामी है। समूचा जगत् प्राण में स्थित है। प्राण के लिए कहा गया है कि यह विश्व को जन्म देनेवाला है। ''प्राण को मातरिश्वा कहते हैं और वायु का नाम प्राण है। भूत, भविष्य और वर्तमान काल में जो है, वह प्राण में ही रहता है।''

प्राणाय नमो यस्य सर्वमिदं वशे।
यो भूत सर्वस्येश्वरो यस्मिन्सर्वं प्रतिष्ठितम्।।1।।
प्राणः प्रजा अनु वस्ते पिता पुत्रमिव प्रियम्।
प्राणो ह सर्वस्येश्वरोयच्चं प्राणति यच्च न।।10।।
यो अस्य विश्वजन्मन ईशे विश्वस्य चेष्टतः।
अन्येषु क्षिप्रधन्वने तस्मै प्राण नमोऽस्तु ते।।23।।
प्राणमाहुर्मातरिश्वानं वातो ह प्राण उच्यते।
प्राणे ह भूतं भव्यं च प्राणे सर्वं प्रतिष्ठितम्।।15।।
।।प्राणविद्या : अथर्ववेद 11.4.1,10,15,23।।ऊँ।।

वेद : ब्रह्म की प्रतिमा नहीं!

ऋग्वेद एवं अथर्ववेद में कहा है कि ''ब्रह्म की कोई प्रतिमा नहीं है। ''हे लोको! जिसको छोड़कर विजय को प्राप्त नहीं होते और युद्ध करनेवाले रक्षण के लिये जिसकी प्रार्थना करते हैं। वह (ब्रह्म) विश्व की प्रतिमा हो गया है। वह स्वयं नहीं हिलता हुआ दूसरों को हिलाता है। वह समस्त जगत् का राजा है।।'' ऋग्वेद 2.12.9।। अथर्ववेद 20.34.9। ''विश्व नेतृत्वकर्ता ब्रह्म की प्रतिमा इतनी है कि जितना द्युलोक ऊपर और उपरले एवं नीचले आकाश में अग्नि ने अन्तर बनाया है''।।अथर्ववेद 8.9.6।।

इन दोनों ऋचाओं में जगत् के समान उस परमात्मा का प्रतिमान है, कहा है। अर्थात् ''उस ब्रह्म का कोई प्रति–मा नहीं है।'' उसकी प्रतिमा आकाश के अवकाश के बराबर है। रोदसी शब्द आकाश के दो अर्धों का वाचक है। आकाश का एक अर्ध ऊपर है और दूसरा नीचे है। ''यह आकाश अनन्त है। आकाश की कोई सीमा नहीं है। उसी प्रकार ब्रह्म–परमेश्वर की कोई सीमा नहीं है। अथवा कोई प्रति–मा नहीं है। उपमा, प्रतिमान भी नहीं है।''

यस्मान्न ऋते विजयन्ते जनासो यं युद्धयमाना अवसे हवन्ते।
यो विश्वस्य प्रतिमानं बभूव यो अच्युतच्युत् स जनास इन्द्रः।।
।।ऋग्वेद 2.12.9; अथर्ववेद 20.34.9।।

वैश्वानरस्य प्रतिमोपरि द्यौर्यावद्रोदसी विवबाधे अग्निः।।
।।अथर्ववेद 8.9.6।।

त्वं भुवः प्रतिमानं पृथिव्याः।।ऋग्वेद 1.52.13।।

ऋग्वेद की ऋचाओं में एक देव अथवा ब्रह्म की अवधारणा को नये–नये अलंकारिक रूप से समझाया गया है। ''समस्त देवों का एक आत्मा है। वह सभी भुवनों का गर्भ है। वह एक देव अपनी स्वाधीनता से चलता है।।'' ऋग्वेद 10.168.8।। वह देवों का आत्मा एवं प्रजाओं का जनक है''।।ऋग्वेद 4.3.7।।

आत्मा देवानां भुवनस्य गर्भो यथावशं चरति देव एषः।
।।ऋग्वेद 10.168.8।।

आत्मा देवानां जनिता प्रजानाम्।।ऋग्वेद 4.3.7।।

ब्रह्म के एकत्व के बारे में अथर्ववेद की तेरहवीं कण्डिका के चतुर्थ सूक्त में पुनरुक्ति की गई है। ''ब्रह्म द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पँचम, षष्ठ, सप्तम,

अष्टम, नवम, दशम आदि अनन्त संख्या से नहीं कहा जाता। यह सम्पूर्ण जगत् उसमें निःशेष गया है, अर्थात् उसी में है। वह अनन्त सहन शक्ति से युक्त अर्थात् अत्यन्त बलवान है। वह एक ही है, केवल एक ही है। निश्चिय से एक है। समस्त तेजस्वी पदार्थ इसमें केवल एक बनकर रहते हैं।''

न द्वितीयो न तृतीयश्चतुर्थो नाप्युच्यते।।16।।
न पंचमो न षष्ठः सप्तमो नाप्युच्यते।।17।।
नाष्टमो न नवमो दशमो नाप्युच्यते।।18।।
तमिदं निगतं सहः स एष एक एकवृदेकएव।।20।।
सर्वे अस्मिन् देवा एकवृतो भवंति।।21।।अथर्ववेद 13.4.16–21।।

ऋग्वेद की ऋचाओं में एक ब्रह्म और उसका कोई प्रतिमान नहीं की पुनरुक्ति के पीछे मूल आशय अद्वितीय ब्रह्म अवधारणा की प्रतिस्थापना रही। ''अत्यंत तेजस्वी, स्थिर और दुष्टता को नष्ट करनेवाले ब्रह्म की महानता द्युलोक एवं पृथिवी की सीमाओं–शक्तियों–मर्यादाओं से भी बाहर व्याप्त है। अर्थात् ब्रह्म समूचे ब्रह्माण्डों में सर्वव्याप्त है। इस ब्रह्म का कोई शत्रु नहीं है, न ही इसकी कोई प्रतिमा है। अनन्त ज्ञानवाले एवं असीम सहन शक्तिवाले महाशक्तिमान ब्रह्म को छोड़कर कोईओर आश्रय नहीं है। अर्थात् सभी का एक आश्रय ब्रह्म है।।'' ऋग्वेद 6.18.12।।

प्र तुविद्युम्नस्य स्थविरस्य घृष्वेर्दिवो ररप्शे महिमा पृथिव्याः।
नास्य शत्रुर्न प्रतिमानमस्ति न प्रतिष्ठिः पुरुमायस्य सह्योः।।
।।ऋग्वेद 6.18.12।।

''समस्त मनुष्यों को पूजा करने योग्य एक परमात्मा–परमेश्वर है। उस परम ऐश्वर्ययुक्त देवता (ब्रह्म) की इन सूक्तों के द्वारा स्तुति–पूजा करो। यह सर्वशक्तिमान, समस्त सिद्धियों से युक्त अटल, अनंत ज्ञानवान, सहन शक्ति युक्त ब्रह्म विविध शक्तियों को प्राप्त करता है।।'' ऋग्वेद 6.22. 1।।अथर्ववेद 20.36.1।।

यजुर्वेद में ''परमात्मा ब्रह्म को सर्वोत्तम ज्योति'' कहा है (20.21)। ऋग्वेद में कहा है कि सहस्रों (हजारों) सूर्य भी उस ब्रह्म के तेज से समानता नहीं कर सकते हैं।।8.70.5।। ऋग्वेद का कथन है कि ''परमात्मा अमरज्योति है और मनुष्य के अन्दर विद्यमान है।।''6.7.4।।

ज्योतिरुत्तमम्।।यजुर्वेद 20.21।।
न त्वा वज्रिन सहस्रं सूर्या अनु।।ऋग्वेद 8.70.5।।
ठदं ज्योतिरमृतं मर्त्येषु।।ऋग्वेद 6.9.4।।

ऋग्वेद के दशम मण्डल के 136वें सूक्त में वायु (अथवा सूर्य) रूपी केशी मुनि हैं। ''वातरशन के वंशज मुनिगण पीत वर्ण के हैं अथवा उनके पीत केश हैं और मलिन वस्त्र धारण करते हैं (अध्यात्मिक रूप से पीत वर्ण सर्वोच्च अध्यात्मिक स्तर का सूचक है।)। जब वे देवत्व प्राप्त करते हैं, तब वे वायु की गति के अनुगामी हो जाते हैं। वे प्राणोपासना करके प्राणरूप प्राप्त करते हैं।।2।। समस्त लौकिक व्यवहारों को त्यागकर मुनिवृत्ति धारण किये हुए परम आनन्दयुक्त होकर हम वायुरूप स्वीकारते हैं। हे मनुष्यो! आप हमारे शरीर को नहीं देख सकते हो, क्योंकि हम अभी वायुरूप हो गये हैं।।3।। वायु के समान व्यापक, वायु का भोक्ता, वायु का मित्र और देवों से भी चाहने योग्य ''वायुरूप मुनि'' जो पूर्व एवं जो अपर है, दोनों समुद्रों को प्राप्त होता है।।5।। केशी रुद्र के साथ जिस समय विष को पात्र से ग्रहण करता है, तब वायु इसको मंथित करता है'' एवं कठिन माध्यमिका–वाक् को भड्.ग कर देता है''।।ऋग्वेद 10.136.2,3,5,7।। यहाँ केशी सूर्य है। अर्थात् ज्योतिमय सूर्य केशी है।।1।। इस सूक्त में केशी मुनि को वायुरूप कहा गया है।

मुनयो वात रशनाः पिंगला वसते मला।
वात्तस्यानुधाजिं यन्ति यद्देवासो अविक्षत।।2।।
उन्मदिता मौनेयेन वातामातष्थिमा वयम्।
शरीरेदस्माकं यूयं मर्तासो अभिपश्यथ।।3।।
वातस्याश्वो वायोः सखाऽथो देवेषितो मुनिः।
उभौ समुद्रावाक्षेति यश्च पूर्व उतापरः।।5।।
वायुरस्मा उपामन्थत्, पिनष्टि स्मा कुनन्नमा।
केशी विषस्य पात्रेण यदु द्रेणापिबत् सह।।7।।
।।ऋग्वेद 10.136.2,3,5,7।।

इस सूक्त में केशी अर्थात् मुनि अथवा सूर्य का वायुरूप होना रहस्यपूर्ण है। साथ ही इसका गूढ़तम अध्यात्मिक अर्थ है। दूसरे, केशी का प्राणोपासना से प्राणरूप प्राप्त करना चौंकाता है। इसका यजुर्वेद के मन्त्रद्रष्टा ऋषि याज्ञवल्क्य द्वारा एक देवता प्राण देव से स्पष्ट रूप से सीधा सम्बन्ध है। अथर्ववेद में कहा गया है कि प्राण के वश में सम्पूर्ण जगत् है। उसमें ही समूचा जगत् अवस्थित है। इसका अभिप्राय यह है कि प्राण के कारण ही जगत् का अस्तित्व है। प्राण के लिए कहा गया है कि प्राण विश्वजन्मन् है (अथर्ववेद 11.4.1)। अर्थात् प्राण महासत्ता के रूप में सृष्टिकर्ता है।

प्राणाय नमो यस्य सर्वमिदं वशे।
यो भूतः सर्वस्येश्वरो यस्मिन्सर्वं प्रतिष्ठितम्।।अथर्ववेद 11.4.1।।

यह पुनः लिख रहे हैं कि महर्षि याज्ञवल्क्य ने कहा : हे गोतम! ''वायु ही वह सूत्र है। वायुरूप सूत्र के द्वारा ही यह लोक, परलोक एवं समस्त भूत–समुदाय ग्रंथित हैं।।'' बृहदारण्यकोपनिषद् 3.7.2।।

शैव उपनिषदों में से एक ''अथर्वाशिखोपनिषत्'' के द्वितीय खण्ड में ''तस्य ब्रह्मत्वम्'' शीर्षक से कहा है : ''सर्वाणि बृंहयतीति ब्रह्म।'' वहीं ''अथर्वशिर उपनिषद्'' में ''परंब्रह्मशब्दार्थ'' कहा है : ''अथ कस्मादुच्यते परं ब्रह्म यस्मादुच्चार्यमाण एव बृहति बृहंयति तस्मादुच्यते परंब्रह्म।।''53।। (परंब्रह्मशब्दार्थमाह–अथेति। स्वातिरिक्तं ग्रसित्वा स्वयमेव सर्वोत्कर्षेण वर्तत इति परं तद्रूपेणोपबृहंणात् परंब्रह्म।।53।।)

पँचब्रह्मोपनिषत् में ''तत्पुरुषस्वरूपम्'' की व्याख्या मिलती है। ''यह तत्पुरुष वायुमण्डल से संवृत है, अथवा उसके चारों ओर वायुमण्डल है। यह पँच अग्नि समायुक्त है एवं मन्त्र शक्ति नियामक है।''

तत्पुरुषस्वरूपम्

यत्तत् तत्पुरुषं प्रोक्तं वायुमण्डलसंवृतम्।
पंचाग्निना समायुक्तं मन्त्रशक्ति नियामकम्।।15।।
।।पँचब्रह्मोपनिषत् 15।।

वैदिक विज्ञान से सम्बन्धित रसेश्वर में दो प्रकार के कर्मयोग– रसमूलक एवं वायु का प्राणमूलक उल्लेख है। वायु एवं रस दोनों में ही यह विशेषता है कि मूर्छित होने पर व्याधि (रोग) को दूर करते हैं। मृत होने पर जीवन देते हैं और बद्ध होने पर अमर बना देते हैं अथवा आकाश में विचरण योग्य बना देते हैं (सर्वदर्शन संग्रह, पृष्ठ 204)।

कर्मयोगेण देवेशि प्राप्यते पिण्ड धारणम्।
रसश्च पवनश्चेति कर्मयोगो द्विधास्मृतः।।
मूर्छितो हरित व्याधिन् मृतो जीवयति स्वयम्।
बद्ध खेचरतां कुर्यात् रसो वायुश्च भैरवि।।
(बद्धश्चामरतां नेति रसो वायुश्च भैरवि।।)।।सर्वदर्शन संग्रह पृ.204।।

नाथ सिद्ध मत में उल्लेखित वायु प्राणमूलक का मूर्छित होना, मृत होना एवं बद्धता अबूझ पहेली है। यह अवश्य है कि वायु का प्राणमूलक कर्मयोग ब्रह्म से साक्षात्कार करवाकर जीवन–मृत्यु चक्र से मुक्ति देता है, अर्थात् अमरता प्रदान करता है। मूलतः सिद्ध मत के रसेश्वर का सम्बन्ध हठयोग से है। यह स्मरण रहे कि वायुर्वेद–यजुर्वेद के मन्त्रद्रष्टा महर्षि याज्ञवल्क्य ने इस वेद में योग एवं प्राणायाम के मूलभूत सिद्धान्तों की व्याख्या की है। जिसमें प्राणोपासना अर्थात् वायु उपासना का तत्त्वज्ञान वर्णित है।

मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद एवं अथर्ववेद की अनेक–अनेक ऋचाओं में बार–बार यह कहा है कि ब्रह्म–परमात्मा–परमेष्ठी–परमेश्वर–परब्रह्म एक है। ब्रह्मज्ञानी–ब्रह्मजिज्ञासु उस एकमात्र ब्रह्म को भिन्न–भिन्न रूपों में देखता है। उस ब्रह्म के ही अनेक नाम हैं। वैदिक ऋचाओं में यह अभूतपूर्व है कि प्रजापति, हिरण्यगर्भ, विराट् पुरुष, विश्वकर्मा, सोम, इन्द्र, सविता, सूर्य, मरुत्, अर्यमा, द्यौ, वायु, अग्नि, वरुण, रुद्र, आकाश आदि सभी परमेष्ठी रूप में प्रकट होते हैं। वेद की ऋचाओं की विशेषता यह है कि एक ओर सभी वैदिक देवता पृथक–पृथक प्रकट होते प्रतीत हैं और दूसरी ओर वे ब्रह्म के रूप में अवतरित होते हैं। चारों वेद निराकार, निष्काम, निष्क्रिय, निर्विकार, निरंजन, निगुर्ण ब्रह्म को प्रतिपादित करते हैं।

इसी पृष्ठभूमि में ऋग्वेद में कहा है : ''वायु इस सारे संसार का राजा है : अस्य विश्वस्य भुवनस्य राजा।।'' ऋग्वेद 10.168.2।। वायु देवों का आत्मा है एवं संसार का उत्पादक है। ''आत्मा देवानां भुवनस्य गर्भः।।'' ऋग्वेद 10.168.4।। इस श्रृखंला में वायु प्राण होने से ही शतपथ ब्राह्मण में याज्ञवल्क्य ऋषि ने कहा कि एक देवता वायु देव है।।ऊँ।।

वायु देवता वैश्विक स्वरूप

माया–इंका–पर्थिया–यूनान–रोम–सुमेरिया–असीरिया–मिस्र–तिब्बत –चीन–जापान–बाल्टिक–स्लाव–जर्मनी–हित्ति–अफ्रीका–यूरेशिया में वायुदेवता के अद्भुत रूपाकार

विश्व की प्राचीन सभ्यता, संस्कृति में वैदिक सनातन परम्परा के अनुसरण में नये–नये नामों में वायु देवता अवतरित होते हैं। वैदिक धर्म के बाद विश्व के प्राचीनतम धर्मों– जैन, बौद्ध, शिन्तो, ताओ, मिस्री, इंका, माया, असीरिया, सुमेरिया, रोम, पारसी, यहूदी, ईसाई, इस्लाम, बोन–टोन आदि में वायु देव का विवरण बहुत ही मनोहरी है। यह आश्चर्यजनक है कि कुछ प्राचीन धर्मों में वैदिक नाम वायु, वात को ज्यों का त्यों अपनाया गया है।

जम्बूद्वीप के प्राचीनतम धर्मों में से एक ''जैन धर्म'' में ''वायु दिक्पालों'' में से एक हैं। जैन चित्रकला में वायुदेव मृग पर बैठे चित्रित किये गये हैं। ज्ञानार्णव में वायु का उल्लेख है (2,000 श्लोकी रचना)। जैन योग में वायु के महत्व की व्याख्या है। जैन धर्म की एक शाखा के चित्र में वायु के

हाथ में वज्र दिखाया गया है। ''वायु उत्तर पश्चिम दिशा के अधिष्ठाता हैं।'' तत्त्वार्थ सूत्र में (दूसरी शताब्दी) ''वायु पाँच स्थावर'' में से एक है। वायु को चेतना विहीन बताया गया है। साथ ही चार तरह की वायु का विवरण मिलता है।

''बौद्ध धर्म'' की चार धातु में ''वायुधातु'' है। बौद्ध धर्म के ''अष्ट लोकपालों में वायु'' भी सम्मिलित है। इतना ही नहीं दश लोकपाल एवं चौदह लोकपाल में भी वायु एक है। धर्मसंग्रह के पाँच महाभूतों में एक वायु एवं छठा सद्धातु है। इसके अलावा ग्यारह स्पार्श्तव्या में वायु का नाम दिया गया है। तिब्बत के बौद्ध धर्म में ''वायुदेव दिक्पाल हिरण'' पर सवार और दो हाथ वाले बताये गये हैं। महापण्डित अभ्यंकर के अनुसार ''वायु का नीलावर्ण है।'' गुनाकारा, दाकार्नव में वायु को श्मशान से सम्बद्ध किया गया है। पाली शब्दकोश में वायु का गति सिद्धान्त लिखा है।

''पारसी–जरथुष्ट्र'' धर्म के ''अवेस्ता'' में सीधे–सीधे ''वायु–वात'' का वर्णन है (ऋग्वेद में वायु एवं वात के सूक्त हैं।)। वायु के देव एवं दानवी दोनों ही स्वरूप हैं। कुषाण शासक कनिष्क प्रथम की मुद्राओं पर वायु और वात दोनों को उकेरा गया है। जरथुष्ट्र धर्म देवशास्त्र के बारह देवों में वायु–वात हवा के देव हैं। ये सर्वोच्च देव अहुरमज़्दा और अंगरा मैन्यू के मध्य रहते हैं। वायु को पूजा योग्य ''यजता'' और दैत्य शक्ति 'दाइवा'' कहा गया है। वायु के बहने की दिशा से उसके अच्छे एवं बुरे होने का निर्णय होता है। वायु दुर्धर्ष उग्रतम योद्धा है। उनका तीक्ष्णतम शूल अंधकार हटाता है। प्रकारान्तर में वायु–वात को अनन्त काल और समय से जोड़ा गया।

अवेस्ता मे ''वायु मृत्यु के देव के रूप में'' अवतरित होते हैं। अवेस्ता में वायु को उयरा–महाशक्तिमान, ओरवा–गत्यात्मक, विशाल सीनेवाला, विशालपाद, बृहद नितम्ब, महापदध्वनि, कमरबन्ध बांधे, स्वर्ण मुकुट, स्वर्ण गलहार, सुपोशाक, चरणपादुका आदि से युक्त दर्शित किया है। वह (वायु) स्वर्णरथ पर आरुढ़ है। रथ के सोने के बहुत सुदृढ़ चक्र (पहिये) हैं। वायुदेव के शूल का फलक बहुत चौड़ा और धारदार है। वायुदेव की प्रार्थना में कहा गया है कि हम (प्रकृतिरूपा) वायु की उपासना करते हैं। जरथुष्ट्र धर्म में वायु वात–वायु मण्डल एवं प्राणवायु दोनों हैं।

साढ़े सात हजार वर्ष पुरानी ''माया'' संस्कृति में ''हुराकान'' वायुदेव हैं। हुराकान को ''एकपाद'' कहा गया है। इससे सम्बन्धित देवों के नाम–तोहिल (कीचे देवशास्त्र), बोलोन जाकाब (यूकाते्क देवशास्त्र), तेज्कतलीपोका (अज़्तेक) एवं कोकिजो (जपोतेक) हैं।

''इंका की आदि सभ्यता संस्कृति'' में ''कोन'' वायु एवं वर्षा के देवता हैं। कोन उत्तर से आये। देवगाथा के अनुसार कोन काल (सृष्टि) के प्रारम्भ में आये। अन्य पुराकथाओं के अनुसार कोन चेहरे पर पक्षी का मुखौटा लगाकर आकाश में उड़ रहे थे। उनके नेत्र रहे। उन्हें कहीं सूर्य का पुत्र तो कहीं इन्ती का पुत्र कहा गया है। उन्होंने पृथिवी पर घूमकर पर्वत, घाटियों आदि की रचना की। कोन ने मानवों का सृजन किया। साथ ही फल और भोजन उत्पन्न किया। वे पृथिवी पर वर्षा लाये और कृषि का श्रीगणेश हुआ। प्राचीन इंका वासी कोन को प्रसन्न करने के लिये नृत्य करते रहे। एकबार इंका वासी कोन की आराधना भूल गये और परिणामतः कोन का क्रोध सातवें आसमान पर पहुँचा। कोन ने उन्हें भीषण दण्ड दिया। पारकस सभ्यता इंका में ईसा पूर्व 800 से 100 वर्ष रही। उसके पतन पर ईसा पूर्व 200 से वर्तमान छठी शताब्दी में नज़्का संस्कृति का उदय हुआ।

''इंका साम्राज्य ने पेरु, इक्वाडोर, बोलिविया, चिली, अर्जेन्टीना आदि में पैर पसारा।'' सन 1483 तक इंका में इंका एवं नज़्का दोनों सभ्यताओं की समानान्तर धारायें विद्यमान रही। नज़्का में कोन को नया नाम ''अस्तोनात'' मिला। प्रकारान्तर में सर्वोच्च देव कोन का स्थान ''विरोचन'' ने लिया। भारतीय देवगाथाओं में भक्त प्रहलाद के पुत्र विरोचन हुए। असुरराज विरोचन के पुत्र महादानी बलि रहे। महादानी बलि ने नारायण अवतार वामन को तीन पग भूमि दान में पृथिवी, स्वर्ग आदि दिया। वामन अवतार ने बलि से तीसरे पग के लिए स्थान मांगा। असुरराज बलि ने वामन के सामने अपना शिर रखा और तीसरा पद उसके शिर पर रखा गया। वामन देव ने वरदान में महादानी बलिराजा को रसातल (पाताललोक) राज दिया। इस तरह विरोचन और बलिराज रसातल गवल महाद्वीप (दक्षिणी–उत्तरी अमेरिका) के शासक बने (गवल द्वीप में वास्को डि गामा के जाने से पूर्व अनगिनत ककुद–कोहान–थूह वाला वैदिक गोवंश रहा; जिन्हें वर्तमान में बायसन कहा गया) (विमल दे ने सूर्य प्रणाम में इंका के महातान्त्रिक से भेट की और गरुडनुमा विशाल पक्षीराज पर आकाश भ्रमण का वृत्तान्त लिखा है।)। विरोचन को तितिकाका महाझील से आये बताये गये हैं। विरोचन को ''कोन–तिकी'' से भी सम्बद्ध करने से भ्रम उत्पन्न होता है।

प्राचीन ''मिस्र के वायु, शांति, सिंह आदि के देवता शु हैं।'' ''वायुदेव शु'' को सत्य, न्याय, व्यवस्था आदि के देवता एवं 'मात'' के मित्र माना गया है। मिस्री देवशास्त्र में पृथिवी और आकाश को विभाजित करनेवाला शुष्क वायुमण्डल ही शु है। हेलीयोपोलिटन ब्रह्माण्ड शास्त्र के अनुसार ब्रह्माण्ड में

सर्वप्रथम शु और तेफ्नुत का जोड़ा उत्पन्न हुआ। उनकी उत्पत्ति ''आकाश देव'' नुत एवं पृथिवी देव गेब'' से हुई। मिस्र की देवगाथाओं में स्पष्ट किया है कि शु द्वारा नुत एवं गेब को पृथक करने से भौतिक जीवन की उत्पत्ति हुई। मिस्र पुराकथाओं में शु का रोचक प्रसंग है। एक समय शु और उसकी पत्नी तेफ्नुत में मतभेद हो गया। देवी तेफ्नुत मिस्र छोड़कर नूबिया चली गई। तेफ्नुत का रूपान्तर ''बिल्ली'' में हुआ। तेफ्नुत दिव्य शक्तियों के कारण उसकी तरफ आनेवाले देव एवं मनुष्यों को नष्ट करने लगी। उधर शु तेफ्नुत को लेकर व्याकुल हुआ। वह उसे वापस लाना चाहता था। इसका समाधान ''थोथ देव'' ने किया।

''मिस्र'' में वायुदेव शु को मानवीय देहधारी और शिर पर ''फर'' (पंख) लगाये दिखाया गया है। कहीं–कहीं मिस्री में वायुदेव सिंह रूपाकार में हैं। ''शुतरमुर्ग के पँखों का मुकट शु को प्रिय है।'' प्राचीन मिस्र में उन्हें सर्वशक्तिमान ''रा'' (सूर्य देवता) और ''मेन्हित'' का पुत्र कहा गया है। उनकी पत्नी तेफ्नुत से ''हथोर, बास्तेत, सेखमेत, तेफ़्नुत संतान उत्पन्न हुई। उनका सम्प्रदाय हेलियोपोलिस रहा और केन्द्र लायनतोपोलिस रहा।

''ग्रीक'' देवशास्त्र में ''वायुदेव एओलस'' को मुँह से प्रचण्ड हवा छोड़ते दिखाया गया है। वे ब्रह्माण्डीय वायुओं के देवता हिप्पोटेस के पुत्र हैं। उनके छह पुत्र एवं एक पुत्री रही। एओलस ने पश्चिमी सौम्य वायु के अलावा शेष को एक थैली में भरकर ओडीसीयस को दिया। ओडीसीयस को लगा कि इस थैली में दिव्य खजाना है। उसने थैली खोली और शेष हवायें बहकर पुनः एओलस के पास चली गई। होमर के अनुसार जीउस (ज्यूस) ने एओलस को सभी तरह की हवाओं का स्वामी नियुक्त किया। उनकी पत्नी ''देओपिया अप्सरा'' है। प्रकारान्तर में वायुदेव का निवास ''सिसली'' के समीप तैरता टापू ''एओलिया'' कहा गया।

''ताओवाद'' में ''फेंगबो (फेंगशी) वायुदेव हैं। प्राचीन काल में वायुदेव की विहत आकृतिवाला चित्रित किया गया है। उसका शरीर मृग का, शिर पक्षी का, सींग वाला, सर्प की पूँछवाला और सिंहाकृति वाला बताया गया है। ''प्राचीन चीन'' में वायुदेव फेंगबो के मन्दिरों में विधिवत पूजा, अर्चना चलती रही और मेलों–उत्सवों का आयोजन होता रहा। चीन के प्राचीनतम इतिहास में लिखा है कि फेंगबो का स्थान ''फेंग–पो–पो'' ने लिया। मिंग साम्राज्य काल में फेंगबो की देवाकृति वृद्धव्यक्ति, हाथ में पंखा थामे, नीला लाल मुकुट पहने, सफेद दाढ़ी, हाथ में बकरी की खाल से बना हवा का थैला लिये और पीली समय सूचिका थामे चित्रित की गई है। वह प्रसन्न होकर वायु संचालन

करते हैं। नक्षत्र देवशास्त्र में फेंगबो धनु राशि के नियन्ता माने गये हैं। उनके नक्षत्र के समीप चन्द्रमा गुजरने पर उनके दिव्य थैले से तेज हवायें निकलने लगती हैं।

''जापान'' की देवगाथाओं में ''रायजिन'' तूफान एवं विद्युत के देवता हैं। उन्हें ''कामीनारी सामा'', ''रायडेन–सामा'', ''नारीकामी'', ''रायाकाउ'' एवं ''कामोवाकइकाशुची–नो–कामी'' आदि के नाम से भी जाना जाता है। वे उग्र मुद्रा में बादलों के ऊपर विराजमान हैं। वे उग्र वाद्ययन्त्र का वादन करते हैं। यद्यपि प्राचीन जापान के ''वायुदेव फूजिन'' हैं। वायुदेव फूजिन के देवालयों में रायजिन को भी विशेष स्थान मिला है। रायजिन की संतानों में वायुदेव–फूजिन, अग्निदेव–कागूत्सुचि,चन्द्रदेव–त्सुकूयामी एवं सूर्यदेव–अमातेरासु हैं। पुरागाथाओं के अनुसार मंगोल द्वारा जापान पर आक्रमण के समय रायजिन ने ही रक्षा की। वैसे चीन में तूफान के देवता ''लई गोंग'' हैं।

प्राचीन ''हंगरी'' में ''वायु देवी स्जेलन्या'' है। यह वायु मातृ देवी पृथिवी के अन्त में सबसे ऊँचे पर्वत के शिखर पर वास करती है। वे बहुत ही मेधावी एवं बुद्धिमान हैं। वे वृद्ध होने के बावजूद गरिमामय दिव्य स्वरूपवान हैं। वे वायु पर सवार हैं और तूफान एवं तेज हवायें भी उत्पन्न करती हैं।

''स्लावाक'' देवगाथाओं में स्जेलन्या अप्सरा रूपी हैं। वे वायु की शासिका हैं और अत्यन्त ऊँचे पहाड़ों पर रहती हैं। वे प्रसन्न होकर तूफान छोड़ती हैं। हंगरी एवं तुर्कीया की देवगाथाओं में दिव्य अप्सरा के रूप में वायु देवी अवतरित होती है। स्जेलान्या वायुदेवी नाम अन्य भाषाओं में उज़्बेक–येन ओना; ततार–किल अना; कज़ाक–किलअना; तुर्क–येल इजे आदि हैं। उनके पति स्जेलत्या देव हैं।

''मेसोपोटामिया'' में ''वायुमण्डल के देव ''इनलिल'' हैं। इनलिल नामकरण ''सुमेरिया के अन'' और ''इंकी के इआ'' से आया। दोनों झंझावात और सौम्य वायु के अधिष्ठाता हैं। ''सुमेरीयायी संस्कृति'' में ''अन सर्वोच्च देव'' रहे। इनलिल की महत्वपूर्ण भूमिका ऊर्जा, शक्ति–बल एवं शासन में रही। इनलिल मत का केन्द्र निप्पुर रहा। इनलिल कृषि के भी देव स्वीकारे गये।

''बेबीलोन'' के सर्व देव मन्दिरों में इनलिल का स्थान ''मरदुक'' ने लिया। इनलिल रूपी मरदुक ईसा पूर्व दूसरी शताब्दी तक छाये रहे।

''सुमेरीयायी सभ्यता'' में मेसोपोटामिया संस्कृति की देवी ''बेलिट'' इनलिल की पत्नी है। बेलिट की उपासना निप्पुर एवं शुरूप्पक में होती रही। उन्हें सुमेरिया में चन्द्र देव (नान्ना) की माता माना गया। ''असीरिया'' के

धर्मशास्त्र में बेलिट को इनान्ना (सुमेरिया) और कभी महान देव ''अशुर'' की पत्नी कहा गया है। मेसोपोटामिया क्षेत्र में निनूरुता–निंगिरसु वर्षा के तूफान, वसन्त एवं झंझावात के देव हैं। निनूरुता वायु देव इनलिल एवं देवी बेनिट के पुत्र हैं।

''तिब्बत में वायुदेव लूंगता'' हैं। लूंगता का दिव्य व्यक्तित्व है। उनकी सृजनात्मक विशेषतायें हैं। वे आकाश में विद्यमान हैं और भूलोक पर प्राणवायु संचारक हैं। लूंगता शब्द ''लुंग'' और ''ता'' शब्दों से बना है। उल्लेखनीय है कि प्राचीन तिब्बती में प्राचीन संस्कृत एवं शारदा का सम्मिश्रण है। लुंग शब्द पँच महाभूत–आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथिवी में आकाश को प्रदर्शित करता है। वह सर्वसत्तात्मक है। ''ला'' शब्द ''अतुल्य दिव्य अश्व'' को ध्वनित करता है। वेद में अश्व–ब्रह्म, सूर्य, अनन्त ऊर्जा, शक्ति, बलगति, राष्ट्र, विभुशक्ति, ब्रह्मशक्ति आदि कहा गया है। तिब्बत में अश्व को सर्वाधिक गति से दौड़ने वाला माना गया है। इस तरह ''लूंगता उड़नेवाले अश्व'' का पर्याय बना। इसका आशय है कि हवा पर सवार लूंगता सौभाग्य एवं जीवनी शक्ति है। यह दुष्ट नकारात्मक शक्तियों का नाशक और चेतना प्रदाता है। तिब्बत के बौद्ध धर्म से पूर्व लूंगता छाया रहा और है। इसकी उपासना के ध्वज पर बाघ, हिम सिंह, गरुड एवं महासर्प दानव चारों को चित्रित किया जाता है और लूंगता मध्य में होते हैं। तिब्बती बौद्ध धर्म में शरीर की अन्तः की वायु ऊर्जा पर मन–मस्तिष्क आश्रित माना गया है। अध्यात्मविदों के अनुसार लूंगता और चार चित्र पँचभूतों का ही प्रतिनिधित्व करते हैं। आन्तरिक ऊर्जा को पँखवाले अश्व (घोड़े) के रूप में दिखया गया है। भारतीय पुरागाथाओं में समुद्र मंथन के समय सपक्ष सप्तशिरवाला श्वेत उच्चैःश्रवा अश्व प्रकट हुआ। जिससे असुर सम्राट बलि को दिया गया।

''पोलैण्ड'' में ''स्लाव वायु देव स्ट्रीबोग'' रहे। पूर्वी स्लाव देवशास्त्र में धन देनेवाले और वायु के अधिष्ठाता स्ट्रीबोग हैं। बारहवीं शती में व्लादिमिर महान के काल में स्ट्रीबोग का प्रभुत्व छाया रहा (प्राईमरी क्रोनिकल)। उस समय व्लादिमिर महान कीव में आसीन थे। उन्होंने पर्वत पर अपने दुर्ग के ऊपर (वायुदेव की) प्रतिमा स्थापित की। प्रतिमा यद्यपि काष्ठ (लकड़ी) की रही, लेकिन शिर चांदी से सजा, एवं मूछ स्वर्ण की थी। स्ट्रीबोग को भेट, उपहार अर्पित किये जाते रहे। दानवों को प्रसन्न करने के लिए नरबलि भी देने की प्रथा का चलन रहा। पुरागाथाओं के अनुसार उससे ''रुस की भूमि और पर्वत रक्त से भर गया।'' इस ''गिरि पर सेंट बेसिल का गिरजाघर'' है। रोम जकोब्सोन के अनुसार स्ट्रीबोग में स्ट्री प्रोटो स्लाव से लिया गया। इसका

आशय गति आदि है। प्रोटो–भारतीय–यूरोपीय एवं लेटिन में स्त्रे है, उसकातात्पर्य फैलने से है। बोग का अर्थ देव है। अतः स्ट्रीबोग का अर्थ धन का बरसानेवाला भी है। यह स्मरण रहे कि वेद में वायुदेव धन देनेवाले हैं। जरथुस्ट्र धर्म के अवेस्ता में वायु फैलानेवाला माना गया है।

''जावा, इण्डोनेशिया में पवन देवता बातारा–बायु–वात है।'' जावा में ''महादेव शिव–बातारा गुरु ; देवों के गुरु–बातारा शम्भु ; नरक के देव–बातारा काल ; उत्तरी समुद्र की देवी–देवी लंजार ; चन्द्रदेवी–देवीरति ; भाग्य की देवी – श्री ; भारतीय महासागर की देवी–न्यायी रोरो किदुल आदि हैं।'' ''बाली'' में सर्वोच्च देव ''अचिन्त्य'' हैं।

''जापान के वरिष्ठ शिन्तो देवों में फूजिन (फूतेन)'' वायुदेव के रूप में अवतरित होते हैं। फूजिन का रूपाकार चकित करता है। फूजिन भयावह चेहरेवाले विकराल स्वरूपा–विरूपाक्ष हैं। वे बघेरे (तेंदुआ) का चर्म पहने हैं। उनके अतिविशाल कन्धों पर बेलनाकार हवा का थैला है। जापान में उन्हें रायजिन के साथ ही प्रदर्शित किया जाता रहा। प्राचीन काल के रेशम मार्ग के कारण ''ग्रीक वायुदेव बोरयस'' ग्रीक–बौद्ध कला में वारडो (ओडो) के रूप में प्रकट हुआ। चीन के भीत्तिचित्रों में ''फेंग बो'' ''वायु चाचा'' कहलाये। अन्ततः फूजिन ने रूपाकार लिया। वायु को प्रतीक रूप में बेलनाकार थैले में प्रदर्शित किया गया। क्योटो के मन्दिरों में वायुदेव की उग्र प्रतिमायें हैं। इनका स्वरूप तेरहवीं शताब्दी की देवगाथाओं के रूपानुकूल है।

''लेतिन अमेरिका (ब्राजील), बेनिन एवं नाइजिरिया (अफ्रीका)'' में वायु, तूफान, झंझावात, आकाशीय विद्युत्, मृतकों के देव ''ओया'' हैं। ओया ओरिशा देवमण्डल के सदस्य हैं। उनका वर्ण बैंगनी–लाल–इन्द्रधनुषी है। ओया के विविध नामों में यान्सन–अन, इअन्सो, यान्सा, ओया–इयानसन–अन, लान्सा, आया आदि हैं। ''योरुबा'' धर्म में ''इअन्सा'' वायु, विद्युत, बवन्डर के स्वामी हैं। इअन्सा निगरी नदी की साम्राज्ञी एवं नाइन की माता हैं। वे अद्वितीय, अजेय, अपराजिता योद्धा हैं। वे मृतकों से सम्बन्धित रहस्यों–चमत्कारों की नियन्ता हैं। अंगोला कांगो में उन्हे रक्त वर्णा माना गया है। ब्राजील में ओया को पकवान अर्पित करते हैं। रियो–डी–जनिरो, ब्राजील में ओया देवी की प्रतिमा आकर्षित करती है। उनके उपासक योरुबा धर्म के अलावा उम्बान्डा, कान्डोम्बले, कीयम्बान्डा, सन्तेरिया, हैतीवादी वोडोउ, लोक कैथोलिक आदि में भी हैं। वे योरुबा मानवजातीय समूह में सर्वोपरि हैं।

उधर प्राचीन ''ग्रीक'' में वायुदेव ''एनेमोई'' की अपनी चमत्कारी देवगाथायें हैं। ''मिकिनियन'' ग्रीक में वायु की महादेवी (महापुरोहित) एनेमोई

रही। उन्हें एओलस देव के अधीन कहा गया है। कहीं–कहीं उन्हें पंखवाले नर देव के रूप में व्यक्त किया गया है। देवशास्त्र में तूफ़ान के देव एओलस को अश्व के रूप में भी बताया गया है। ''रोम देवशास्त्र'' में चार प्रमुख एनेमोई हैं। उत्तरी हवाओं एवं शीत वायु के एनेमोई ''बोरेयस'' है। लेतिन के ''फवोनियस अथवा जेफीरस'' पश्चिमी हवा, वसन्त की समीर आदि के वायुदेव हैं। ''नोटस अथवा अस्तर'' दक्षिणी हवाओं और ग्रीष्मकाल के बवन्डर आंधी के वायुदेव हैं। ''यूरुस'' दक्षिण पूर्व (पूर्वी भी) के वायु देव हैं।

''रोम'' के देवशास्त्र में ''वन्ती'' वायु देव हैं। प्टोल्मी के विश्व मानचित्र में बारह प्रकार की हवाओं का उल्लेख मिलता है। एथेन्स के वायु स्तम्भ में चार वायु देवों–कैकैस, एपेलियोतैस, स्कीरोन एवं कोरस का भी उल्लेख है।

''दक्षिणी चीन के तियान शान पर्वतों में किसिल में 300 गुहाएँ एवं 100 चित्र हैं।'' किसिल में ''वायु देवी'' का भव्य चित्र बताया जाता है। वायुदेवी हवा का संचारण मुँह खोलकर करती है। हन साम्राज्य में चीन के वायुदेव नये कलेवर में प्रकट हुए।

''ईसाई धर्मशास्त्र बाईबल में चार प्रकार की वायु'' का वृत्तान्त मिलता है। ''इस्लाम के पवित्रतम कुरान में इस तरह का सीधा उल्लेख नहीं है।'' वैसे इस्राफिल सर्वशक्तिमान के निकट देवदूत–फ़रिस्ता है। यह समझा जाता है कि वह कयामत के दिन येरुशलम की पवित्र चट्टान से तूर्यनाद करेगा। इस्राफिल के चार पंख हैं। इनमें से एक पूरब की ओर, दूसरा पश्चिम की ओर, एक उसके पैरों को ढके और एक अल्लाह के सामने भय से चेहरा ढके है। उसके और उनके बीच सात आवरण पर्दे हैं। प्रत्येक आवरण 500 वर्षों का समझा जाता है। सर्वसुन्दर इस्राफिल सर्वशक्तिमान की स्तुति हजारों भाषाओं में करता है। दुनिया का समय पूरा होने पर इस्राफिल उनके निर्देश से बहेगा। ''इस्राफिल पर गुस्ताव डेविडसन ने फ़रिस्ता कोश'' का प्रकाशन किया (सन 1967)।''

इस तरह वैदिक धर्म के अलावा विश्व के प्राचीनतम धर्मों में ईसा पूर्व से वायु देवता विभिन्न नामों से विद्यमान हैं। विश्वव्यापी वायु देवता के नामों का सारसंक्षेप प्रस्तुत है।


विश्व में वायुदेव नाम वाचक

मिस्र–शु ; अल्बानिया–शुरधि, वेर्बती ; लिथुवानिया–वेजोपतिस ; स्लाव–स्ट्रीबोग ; बास्क–इगोई ; केल्तिक–आयरलैण्ड–सिधे, बोर्रुम; नोर्स–जर्मन–कारी; ग्रीक–रोम–एओलस, एनेमोइ, बोरयस, यूरुस, नोट्स, जेफिरस,

लिप्स, ओरा, ओरइ, कार्डिया, वेन्ति (वेंति) आदि ; पर्थिया—जरथुष्ट्र—वायु, वात; मेसोपोटामिया—इनलिल, पज़ुज़ु ; फिनलैण्ड—ल्लमारिनेन, तूलेटर ; हंगरी—स्जेलत्या, स्जेलन्या ; सामी—बाइगोलमइ, बाइग्केगयाल्लिस; चीन—फेंग बो, फेंग क्लोसा, फाई लियान ; जापान—फूजिन, शिनात्शुहिको, सुसानू ; वियतनाम—थान जिओ ; फिलिपाइन्स—अनितुन ताबू, हबागात, तागालोग, लिहांगिन आदि ; हवाई—पाका, हिन—तु—वेनुआ ; मारी—हनुई—ओ—रांगी ; कोरिया—यनदुंग हालमोनी ; अमेरिकी (उत्तरी) मूल निवासी— इपिगिशमोग, दा—जो—जो, गा—ओह, ने—ओ—गाह, ओ—यान—दो—ने, शिल्प इन्वा, ताकू स्कांस्कान, ताते, निल्तसी, होतारु ; मध्य अमेरिया—अज़्तेक—इहेकाटी ; माया—हुराकान ; ताइनो—गुहाबान्केक्स ; ब्राजील—इन्सा, ओया; बौद्ध धर्म—वायु धातु ; जैन धर्म—दिक्पालों में से एक वायु ; ईसाई धर्म—चार प्रकार की वायु; इस्लाम—इस्राफिल फरिस्ता;तिब्बत—लूंगता; बेबीलोन—मरदुक; सुमेरियायी—के अन; असीरिया—बेलिट ; इंका—विरोचन, कोन; जावा, इण्डोनेशिया—बतारा—वात—बायु ; ताओवाद—फेंगशी, फेंग—पो पो; ऋग्वेद—वायु, वात आदि आदि।।ऊँ।।



चर्या खण्ड



अष्ट मूर्ति रुद्र

वायु महिमा स्तुति

ऋग्वेद में जगत् की जीवनीशक्ति वायु–वात की महिमा में मात्र दो सूक्त हैं। ऋग्वेद के मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने ब्रह्माण्ड में व्याप्त महावायु और सृष्टि में बहनेवाले वात की महिमा का पृथक्–पृथक् वर्णन किया है। वेदकाल अर्थात् उनतालीस लाख वर्ष पूर्व क्रान्तदर्शी कवि को दोनों के अन्तर की सूक्ष्मतम जानकारी रही।यजुर्वेद एवं अथर्ववेद में प्राण की लम्बी स्तुति मिलती है। प्रश्नोपनिषद् की प्राण स्तुति बहुत ही सारगर्भित है। श्रुति में ''नमस्ते वायो, त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मसि'' ही एक मात्र वायु देवता की स्तुति है (तैत्तिरीयोपनिषद्)। छान्दोग्योपनिषद् में नमोवायवेऽन्तरिक्षक्षिते...स्तुति है। छान्दोग्योपनिषद् एवं तैत्तिरीयोपनिषद् के अलावा वायु ब्रह्म की स्तुति कहीं नहीं मिलती है। यह आठवाँ आश्चर्य है कि ''वायु महापुराण में भी जगत्प्राण वायु का कोई स्तोत्र, स्तुति, महिम्न स्तोत्र, मन्त्र आदि नहीं है।'' तन्त्र शास्त्र में भी आश्चर्यजनक रूप से ''वायु देवता विस्मृति के गर्भ में हैं अथवा रहस्यमय तिलिस्म में है।'' अथवा वायु देवता सम्बन्धित ग्रन्थों की पाण्डुलिपियाँ अंध कूप में बंद हैं। देश में निगम–आगम की करोड़ों पाण्डुलिपियाँ हैं। जिन्हें लिपिबद्ध करना शेष है।

दक्खन में पँच महाभूत के प्राचीन मन्दिरों में वायु तत्त्व (रुद्र की अष्टमूर्ति, उग्र–वायु) को समर्पित देवालय हैं। किन्तु ''वायु तत्त्व महिम्नस्तोत्रम्'' लगभग विलुप्त सा है।

ऋग्वेद वायु महिमा : भुवनों का राजा

वातस्य तु महिमानं रथस्य रुजन्नेति स्तनयन्नस्य घोषः।
दिविस्पृग्यात्यरुणानि कृण्वन्नुतो एति पृथिणाव्या रेणुमस्यन्।।1।।
सं प्रेरते अनु वातस्य विष्ठा ऐन गच्छन्ति समनं न योषाः।
ताभिः सयुक् सरथ देव ईयते ऽस्य विश्वस्य भुवनस्य राजा।।2।।
अन्तरिक्षे पथिभिरीयमानो न नि विशते कतमच्चनाहः।
अपां सखा प्रथमजा ऋतावा क्व स्विज्जातः कुत आ बभूव।।3।।
आत्मा देवानां भुवनस्य गर्भो यथावशं चरति देव एषः।
घोषा इदस्य शृण्विरे न रूपं तस्मै वाताय हविषा विधेम।।4।।
।।ऋषि अनिलो वातायन 10.168.1–4।।

वायुवात अमृतस्य निधि : ऋग्वेद

वात आ वात भेषजं शंभु मयोभु नो हृदे।

प्र ण आयूँषि तारिषत्।।1।।
उत वात पितासि न उत भ्रातोत नः सखा।
स नो जीवातवे कृधि।।2।।
यदुदो वात वे गृहे3 ऽमृतस्य निधिर्हितः।
ततो नो देहि जीवसे।।3।। ऋग्वेद 10.186.1—3।।

ऋग्वेद शान्ति सूक्त में वायु : 7.35.4

शं नः सुकृतां सुकृतानि सन्तु।
शं न इषिरो अभि वातु वातः।।7.35.4।।

तैत्तिरीयोपनिषद्, प्रथमोऽनुवाक : नमस्ते वायो!

ॐ शं नो मित्रः शं वरुणः।
शं नो भवत्वर्यमा।
शं न इन्द्रो बृहस्पतिः।
शं नो विष्णुरुरुक्रम्रः।
नमो ब्रह्मणे।
नमस्ते वायो।
त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मसि।
त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि।
ऋतं वदिष्यामि।
सत्यं वदिष्यामि।
तन्मामवतु।
तद्वक्तारमतु।
अवतु माम।
अवतु वक्तारम।
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।

छान्दोग्योपनिषद् : नमो वायवे

अथ जुहोति
नमोवायवेऽन्तरिक्षक्षिते लोकक्षिते लोकं मे यजमानाय विन्दैष वै यजमानस्य लोक एतास्मि।।9।।
अत्र यजमानः परस्तादायुषः स्वाहापजि परिघमित्युक्त्वोत्तिष्ठति तस्मै रुद्रा माध्यन्दिनँ सवनँ सम्प्रयच्छन्ति।।2.24.9,10।।

प्राण स्तुति

।।अथर्ववेद 11.4.1—26।।

प्राण स्तुति

।।प्रश्नोपनिषद् : द्वितीय प्रश्न 5–13।।

प्राण स्तुति

नमस्ते अस्त्वायते नमोत्वायते नमोऽस्तु परायते।
नमस्ते प्राण तिष्ठत आसीनायोत ते नमः।।7।।
नमस्ते प्राण प्राणते नमो अस्त्वपानते।
पराचीनाय ते नमः प्रातीचीनाय ते नमः।।
र्स्वस्मै त इदं नमः।।8।। (सार भाग, अ.वे.)

वायु बीजाक्षर मन्त्र

।।यँ।।

यकारं वायुबीजं स्यात् कृष्ण बलविवर्धनम्।।
सर्वोच्चटकरं क्रूर संग्रामे जयवर्धनम्।।

।।एकाक्षरनामकोषसंग्रह : अध्याय 18।।

वायु मन्त्र

ॐ यं वायवे नमः।।
ॐ वायु देवाय नमः।।

वायु गायत्री

।।ॐ जगत्प्राणाय विद्महे वजा हस्ताय धीमहि
तन्नो वायु प्रचोदयात।।

तान्त्रिक वायो धारणा : वायु तत्त्व साधना

तान्त्रिक शास्त्रों की साधना में प्रमुख पंचभूतों की धारणा है। इस साधना का उद्देश्य स्वरूप की उपलब्धि है। यद्यपि साधना, उपासना, जपयोग, यज्ञ, मन्त्रयोग आदि मार्ग में अनेक प्रकार की सिद्धियाँ मिलती है। मूलतः प्रारम्भिक सिद्धियाँ परमपद के मार्ग में अवरोध हैं। उनसे बचना चाहिए। मूलभूत रूप से सप्त तत्त्व बताये गये हैं : 1. पृथिवी, 2. जल, 3. तेज (अग्नि), 4. वायु, 5. आकाश, 6. अव्यक्त एवं 7. अहंकार। इनकी साधना का अर्थ है कि क्रमशः चित्त को इन्हीं में बांधना (यद्यपि यह सब चित्त से बंधे हुए हैं।)। वर्तमान काल में शरीर की पाप मनोवृत्ति को देखते हुए इनको ऊपर उठाने का यही क्रमिक उपाय है।

वायुतत्त्वधारणा रहस्यम्

हृदय से लेकर भौहों के बीच तक ''वायुमण्डल है। इसका वर्ण अंजन पुंज के समान काला है। यह अमूर्त तत्त्व शक्ति रूप है।'' इसका बीज ''यं''

है। इसके अधिष्ठात्री देवता ''ईश्वर'' हैं। इसका चिंतन प्राणों को स्थिर करके हृदय (भौतिक नहीं, अध्यात्मिक) में करना चाहिये। इसकी भावना जब पाँच घटिका पर्यन्त होने लगती है तब ऐसा अनुभव होने लगता है कि मैं वायु हूँ। मेरा एक ही विकार अग्नि है (वायु से ही अग्नि उत्पन्न हुई।)। मैंने ही अनन्त आकाश में सूर्य, चन्द्रमा, पृथिवी आदि को धारण कर रखा है। यदि मैं (महावायु) नहीं होता तो यह सभी शून्य में निराधार कैसे टिकते ? मेरी (महावायु) सत्ता ही इनकी सत्ता है। प्रत्येक वस्तु में जो आकर्षण–विकर्षण शक्ति है, वह मैं (महावायु) ही हूँ। यह ब्रह्माण्ड मण्डल मेरी (महावायु) ही क्रीड़ा का कन्दुक है, मैं गतिस्वरूप हूँ। मैं बड़े–बड़े वृक्षों को झकझोरकर पुष्पवर्षा करता हूँ। सभी की गतियाँ मेरी कला है। मैं (महावायु) ही समुद्र में आसमान छूती तरंग उछालता हूँ। मेरी गति अबाध है। शास्त्रों के अनुसार वायु धारणा सिद्ध होने पर साधक निर्द्वन्द भाव से आकाश में विचरण कर सकता है। वह न ही जल से गलता है, न ही आग से जलता है।

वायुतत्त्वाकृति

यह ''वायु तत्त्व अनाहत चक्र हृदय'' (भौतिक नहीं, आत्मा) प्रदेश में है और ''महः'' लोक का प्रतिनिधि है। इस ''वायु तत्त्व की आकृति षट्कोण एवं वृत दोनों ही तरह की मानी गयी है।'' इसका गुण स्पर्शः, ज्ञानेन्द्रिय एवं कर्मेन्द्रिय हाथ है। वायु तत्त्व विकार से अनेक रोग उत्पन्न होते हैं।

ध्यान विधि : एक पहर रात रह जाने पर शांत स्थल में पवित्र आसन पर दोनों पैरों को पीछे की ओर मोड़कर उन पर बैठ जाय। आसन में स्थित होकर ''यं'' बीजवाला वृतुल एवं हरीप्रभावाले वायु तत्त्व का उक्त चक्र में ध्यान करें। इससे आकाश गमन एवं पक्षियों की भांति उड़ना आदि सिद्ध होता है (योग विज्ञान, भाग दो, श्रीपीताम्बरा पीठ, दतिया)।

वायु धारणा

अंगुष्ठगुल्फजानूरुसीमनीलिंगनाभिषु।
हृद्ग्रीवाकण्ठदेशेषु लम्बिकायां ततो नसि।।270।।
भ्रूमध्ये मस्तके मूर्ध्नि द्वादशान्ते यथाविधि।
धारणां प्राणमरुतो धारणेति निगद्यते।।27।।

पँचभूतधारणा : वसिष्ठ संहिता

भूतानां मानसं चैकं धारणा च पृथक् पृथक्।
मनसो निश्चलत्वेन धारणा साऽभिधीयते।।274।।
।।आगमरहस्यम्, सप्तविंश पटल।।

वायुधारणा

वायुवच्चलितं चित्तं स्थिरीकर्तुं न शक्यते।
तदर्थं सकले योज्यं चित्त स्थरीकर्तुं न शक्यते।।289।।
।।आगम रहस्यम्, सप्तविशं पटल।।

वायुबीज स्मरण

वायुबीजं स्मरन् वायुं सम्पूर्य्यैनं विशोषयेत्।
स्वशरीरयुतं मन्त्री वह्निबीजेन निर्दहेत्।।20।।
कुम्भके परिजप्तेन ततः पापनरोद्भवम्।
बहिर्भस्म समुत्सार्य वायुबीजेन रेचयेत्।।21।।
सुधाबीजेन देहोत्त्थं भस्म संप्लावयेत् सुधीः।
भूबीजेन घनीकृत्य भस्म तत् कनकाण्डवत्।।22।।
।।आगमरहस्यम्, नवम पटल।।

वायुधारणा प्रक्रिया

नासाभ्रूमध्यदेशे तु तथा वायुं च धारयेत्।
वायवी धारणा सेयं मृत्युस्तस्य न वायुना।।153।।
भ्रूमध्यस्योपरिष्टाच्च धारयेत् पँच नाडिकाः।
वायुं योगी प्रयत्नेन सेयमाकाशधारणा।।154।।
आकाश धारणां कुर्वन् मृत्युं जयति निश्चितम्।
यत्र यत्र स्थितो वापि सुखमत्यन्तमश्नुते।।155।।
अथध्यानम्–
वायुः परिचितो यत्नादग्निना सह कुण्डलीम्।
बोधयित्वा सुषुम्णायां प्रविशेदनिरोधतः।।156।।
महापथं प्रविश्यैव शून्यस्थाने लयं व्रजेत्।
यदा कदा भवेद् योगी त्रिकालामलदर्शनः।।157।।

वायोः धारणा कथनम्

यन्मूलं च जगत् प्रपंचसहितं दृष्टं भ्रुवोरन्तरे।
तद्वत् सत्त्वमयं यकारसहितं यत्रेश्वरो देवता।।
प्राणांस्तत्र विनीय पँचघटिकाचित्तान्वितं धारयेदेषा।
खे गमनं करोति नियतं वायोः सदा धारणा।।278।।
।।आगमरहस्यम्, सप्तविंश पटल।।

वायु वर्ण : कृष्ण मेघ

वायुः कृष्णाभ्रवर्णः।।आगमरहस्यम्, विंश पटल।।

वायु : मृत्युंजय क्रिया

नाभेरूर्ध्वमधश्चापि पानं कुर्यात् प्रयत्नतः।
षण्मासाभ्यासतो मृत्युं जयत्येव न संशयः।।20।।
।।आगमरहस्यम्, सप्तविंश पटल।।

न तेजो न वायु : निर्वाणषटकम्

मनोबुद्धयहंकारचित्तानि नाहं न च श्रोतेजिव्हे न च घ्राणनेत्रे।
न च व्योमभूमि न तेजो न वायु
श्चिदानन्दरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम्।।1।।
न च प्राणसंज्ञो न वै पँचवायर्नवा सप्तधातुर्न वा पँचकोषाः।
न वाक्पाणिपादं न चोपस्थपायु
चिदानन्दरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम्।।2।।
।।श्रीमद्आदिशंकराचार्य कृत।।

तान्त्रिक वायु स्नान

योग में कहा गया है : "पवनो लीयते यत्र मनस्तत्र विलीयते।।"

तन्त्र में सप्त प्रकार के स्नानों का वर्णन है : "1. मन्त्र, 2. भौम, 3. आग्नेय, 4. वायव्य, 5. दिव्य, 6. वारुण एवं 7. मानस।" इसके विपरीत श्रीमद्अभिनवगुप्त कृत श्रीतन्त्रालोक के पँचम भाग में पार्थिव स्नान, जल स्नान, भस्म स्नान, नाभस स्नान, वायु स्नान, चान्द्र स्नान, सौर स्नान एवं आत्म स्नान (आठ स्नान) का वर्णन मिलता है। देह का स्नान आत्मतुष्टि के लिए कहा गया है। श्रीमदानन्दशास्त्र में वर्णित है कि ज्ञानवान् पुरुष की अशुद्धि सम्भव नहीं है।।तन्त्रालोक।।

श्रीमदानन्दशास्त्रे च नाशुद्धिः स्याद्विपश्चितः।
किन्तु स्नानं सुवस्त्रत्वं तुष्टिसंजननं भवेत।।45।।
तत्र प्रसिद्धदेहादिमातृनिर्मलताक्रमात्।
अयत्नतोऽन्तरन्तः स्यान्नैर्मल्यं स्नायतां ततः।।46।।
।।श्रीतन्त्रालोक, पँचदशमाह्निकम्।।

वायुस्नान

गोरजोवत्यनुद्रिक्ते वायो ह्लादिनि मन्त्रवाक्।
गत्यागतिप्रयोगे वा वायव्यं स्नानमाचरेत्।।56।।
।।श्रीतन्त्रालोक, पँचदशमाह्निकम्।।

पवन–वायु मूलमन्त्र

ऊँ पँ पँ ऊँ वाँ वाँ ऊँ युँ युँ ऊँ पवनपुरुषाय नमः।।
।।मन्त्रमहार्णव, देवीखण्ड।।

पवन–वायु गायत्री

षडंगन्यासः ऊँ पवनपुरुषाय ह्रदयाय नमः।।1।।
ऊँ विद्महे शिरसे स्वाहा।।2।। ऊँ सहस्रमूर्तये च शिखायै वषट्।।3।।
ऊँ धीमहि कवचाय हुम्।।4।। ऊँ तन्नो वायुः नेत्रत्रयाय वौषट्।।5।।
ऊँ प्रचोदयादस्त्राय फट्।।6।।

मन्त्र

ऊँ पवनपुरुषाय विद्महे सहस्रमूर्तये च धीमहि।
तन्नो वायुः प्रचोदयात्।।मन्त्रमहार्णव, देवी खण्ड, प्रथम तरंग।।

कर्मनिरुपणम् वायु

वायुरूपं महाधूपं समर्पयामि।।आगमरहस्यम्।।

प्राण शक्तियोग एवं परकाया प्रवेश

श्रीमद्जगदगुरु शंकराचार्य ने प्राणमय शरीर के परकाया प्रवेश विद्या साधन के लिये एक मंत्र बताया है। यह सौन्दर्य लहरी का श्लोक है। महामुनि पतंजलि का ''यथाभिमत ध्यानाद्वा'' सूत्र इसका आधार है।

हिमानी हन्तव्यं हिमगिरिनिवासैक चतुरो।
निशायां निद्राणं निशिचरम भागे च विशदो।
वरं लक्ष्मी पात्रं श्रियमति सृजन्तो सममितां।
सरोजं त्वत्पादौ जननि जयतश्चित्रमिहकिम्।।

योगकुण्डल्युपनिषद् में खेचरी मुद्रा से ''परकाया प्रवेश'' का मन्त्र है :

।।ऊँ हीं रं सं मं फं लं अं म् ख् फ्रें ग् स्म लों।।

श्लोक : सोमांशतवकं वर्ण प्रतिलोभेन चोद्धरेत्।
तस्मादप्यष्टमं वर्ण विलोमेन परं मुने।
तथा तत्परमं विद्धि तदादिरपि पंचमी।।
इन्दोश्च बहुभिन्ने च कूटोऽपं परकीर्तितः।
तस्य खेचरी सिद्धिः स्वयमेव प्रवर्तते।
।।योगकुण्डल्युपनिषद्। मेलन मंत्र राजयुद्धरति–खेचरति।।
।।स्रोत : प्राणमय शरीर उद्गमन ग्रन्थ।।

प्राणतोषणी : काण्ड 1, परिच्छेद 1

वायुलिंग उल्लेख है (बंगाक्षर, कलकत्ता, प्रकाशन सन 1335।)।

लिंग परिभाषा

लयं गच्छन्ति भूतानि संहारे निखिलं यतः।
सृष्टिकाले पुनः सृष्टिस्तस्माल्लिंगमुदाहृतम्।।लिंगपुराण : 99.8।।

वायु : जगत् का प्रभु

वायुर्विश्वमिदं सर्वं प्रभुर्वायुश्च कीर्तितः।

आत्मा को धारण करनेवाला वायु

वायुरायुर्बल वार्युरयुर्धाता शरीरिणाम्।
वायुर्विश्वमिदं सर्वं प्रभुर्वायुश्च कीर्तितः।।

वायु देव, प्राण वायु भेद

तौ वा एतौ द्वौ संर्वगौ वायुरेव देवेषु प्राणः प्राणेषु।।

वायु नाम व्याख्या

वानाद्गमनाद्गन्धग्रहणाद् वायुः।।

वायु रूपम् : विष्णुधर्मोत्तर पुराण

अष्टपँचाशोऽध्यायः।

मार्कण्डेय :—
वायुरम्बरवर्णस्तु तदाकारोऽम्बरो भवेत्।
वाय्वापूरितवस्त्रश्च द्विभुजो रूपसंयुतः।।1।।
गमनेच्छा शिवा भार्या तस्य कार्या च वामतः।
कार्यो गृहीतवस्त्रान्तः कराभ्या पवनो द्विज।।2।।
तथैव दैवी कर्तव्या शिवा परमसुन्दरी।
व्यावृत्तास्यस्तथा कार्यो देवो व्याकुलमूर्धजः।।3।।
वायुराश्रयतो धत्ते गन्धवर्णादिकं यतः।
तस्मादँजनवर्णस्तु गगनस्य समाश्रयात्।।4।।
तदेव वसनं तस्य गगनं परिकीर्तितम्।
या गतिः सा शिवा देवी योऽनिरुदश्च सोऽनिलः।।5।।
एतद्धि रूपं पवनस्य राजन्तवोदितं सर्वजगन्मयस्य।
देव्याः शिवायाश्च महानुभावपरं पवित्रं विदितं द्विजानाम्।।6।।
।।इति श्रीविष्णु धर्मोत्तरे मार्कण्डेयवज्रसंवादे वायुरूपनिर्माणं नाम।।
(इसमें वायु देवता की पत्नी का नाम शिवा बताया गया है।)

पँच लोकपाल : वायु मन्त्र

ऊँ आ नो नियुद्धि शतिनीभिध्वर सहस्त्रिरध्वर याहि यज्ञम्।
वायो अस्मिन्त्सवने मादयस्व यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः।
आवाहयाम्यहं वायुं भूतानां देहधारिणम्।
सर्वाधारं महावेगं मृगवाहनमीश्वरम्।
ऊँ भूर्भुवः स्वः वायो! इहागच्छ, इह तिष्ठ वायवे नमः,

वायुमावाहयामि, स्थापयामि।।पूजा प्रकाश।।

(यहाँ पँच लोकपाल गणेश, दुर्गा, वायु, आकाश, आश्विनौ हैं।) (पूजाप्रकाश में दश दिक्पाल में वायु के मन्त्र में "आवाहयाम्यहं... मृगवाहनमीश्वर।" के स्थान पर "मनोजवं महातेजं सर्वतश्चारिणं शुभम्। यज्ञसंरक्षणार्थाय वायुमावाहयाम्यहम्।।" लिखा है।)

वायुमंत्राणि

ऊँ यं वायवे प्राणाधिपतये नमः।।

ऊँ वायवे नमः, इदं वायवे न मम।।

ऊँ उग्राय वायुमूर्तये नमः।। अष्टमूर्ति पूजा।।पूजा प्रकाश।।

तद्ब्रह्म ऊँ तद्वायु, तदात्मा, ऊँ तत्सत्यम्, ऊँ तत्सराम,

ऊँ तत्पुरोन्नमः।।मन्त्रपुष्प।।

वायव्ययन्त्रम्

यौ द्वौ साक्ष्यधरेन्दुखण्ड शिरसौ स्यातां डे.न्युत

कोपेशं नमसाऽन्वितं विरचयेन्मध्ये दलेष्वष्टसु।

वायव्यान् यपुटान् विलिख्य विधिना शिष्टार्णमन्त्ये दले

यन्त्रं वायुगृहेण वेष्टितमिदं स्यात्तालपत्रे स्थितम्।।55।।

स्वात्यां मन्दोदंये यन्त्रं वायव्ये निखनेद् रिपोः।

द्वार्युच्चाटनकृत् तस्य मृतिर्वा भवति ध्रुवम्।।56।।

।।शारदातिलकम्, सप्तमः पटलः।।

विघ्नहर्ता वायु

वायव्ये विघ्नहर्त्तार द्राविण्या सहितं यजेत्।।48।।

।।शारदातिलकम्, त्रयोदशः पटलः।।

लोकपाल पूजा : वायु

वायुवह्निपुरान्तस्थं बींज स्मृत्वा जपेत् सुधीः।

ज्वरभूतमहारोगा नश्यन्ति तेन तत्क्षणात्।।102।।

क्रुद्धस्य हृदये ध्यात्वा जपेत् बीजमनन्यधीः।

स वश्वो जायते शीघ्रं मन्त्रस्याऽस्य प्रभावतः।।103।।

।।शारदातिलकम्, एकोनविंशः पटलः।।

प्राणशब्दव्युत्पत्तिः

आधारादुद्तो वायुर्यथावत् सर्वदेहिनाम्।

देहं व्याप्य स्वनाडीभिः प्रयाणं कुरुते बहिः।।38।।

द्वादशांगुलमानेन तस्मात् प्राण इतीरितः।।

रम्ये मृद्वासने शुद्ध पटाजिनकुशात्तरे।।39।।

।।शारदातिलकम्, पँचविंशः पटलः।।

वायु स्तुति : कर्मकाण्ड

ऊँ नमो ब्रह्मणे, नमस्ते वायो,
त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मसि,
त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि,
ऋतं वदिष्यामि सत्यं वदिष्यामि
तन्मामवतु तद्वक्तारमवतु
अवातु माम् अवतु वक्तारम्।
मा मतिः परदारेषु परद्रव्येषु मा मतिः।
परापवादिनी जिव्हा मा भूज्जन्मनि जन्मनि।
सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयः
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःखभाग् भवेत्।
अनायासेन मरणं विना दैन्येन जीवनम्।
देहान्ते परमं स्थानं देहि मे परमेश्वर।।

।।कर्मठगुरु, प्रकाशन सन 1942; पृष्ठ 19,20।।

ऋग्वेद : वायु महिमा

वायवा याहि दर्शतेमे सोमा अरंकृताः।
तेषां पाहि श्रुधी हवम्।।1।।
वाय उक्थेभिर्जरन्ते त्वामच्छा जरितारः।
सुतसोमा अहर्विदः।।2।।
वायो तव प्रपुँचती धेना जिगाति दादशुषे।
उरुची सोमपीतये।।3।।

।।ऋग्वेद 1.2.1—3; ऋषि : मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः।।

तीव्राः सोमास आ गह्याशीर्षन्तः सुता इमे।।
वायो तान् प्रस्थितान पिब।।1।।

।।ऋग्वेद 1.23.1; मेधातिथिः काण्वः ऋषि।।

तान्त्रिक साधना : वायु

वायुबीजं (यं) स्मरन्वायुं संपूर्य्यैनं विशोषयेत्।
स्वशरीरयुतं मंत्रीवह्नि (रं) बीजेन निदंहेत्।।29।।
कुम्भकेपरिजप्तेन ततःपापनरोद्भवम्।
बहिर्भस्मसमुत्सार्य्य वायुबीजेन यं रेचयेत्।।30।।

।।मन्त्रमहोदधि, प्रथम तरंग।।

तत्त्व मैत्री भाव

सपत्नं वह्निसम्भूतमुदासीनं तु वायवम्।
तैजसस्याथ वर्णस्य वायवं मित्रमुच्यते।।86।।
विदेषी वारुणो वर्णउदासीनस्तुपार्थिवः।
पवनोत्थितवर्णस्य मित्रं वह्निसमुद्भवम्।।87।।

"वर्गों के प्रथम अक्षर (क, च, ट, त, प) अनन्त (आ) झिंटीश (ऐं) आ, य एवं ष– ये वर्ण वायुमय हैं। वायु तत्त्ववाले वर्णों के लिए वह्नि तत्त्ववाले वर्ण मित्र हैं।" नेत्र (इ, ई), वर्गों के द्वितीय अक्षर (ख, छ, ठ, थ, फ) ए, र एवं क्ष–ये वर्ण अग्निमय हैं। आकाश तत्त्व वाले वर्ण से शेष वायु, अग्नि, जल एवं पृथिवी सदैव मित्र होते हैं। अपने कुल का मन्त्र लेने से अभीष्ट की सिद्धि होती है। मित्र कुल का मन्त्र लेने पर भी सिद्धि होती है। शत्रु मन्त्र एवं उदासीन मन्त्र को छोड़ देना चाहिए।।मन्त्रमहोदधि, चतुर्विंशति तरंग।।ऊँ।।

रुद्र–शिव अष्ट मूर्ति रहस्यम् :
वायु उग्र मूर्ति

रुद्र–शिव के अष्टरूप–विशेषण हैं। "या सृष्टिः स्रष्टुराद्या वहति विधिहुतं या स्थिता व्याप्य विश्वम्। यामाहुः सर्वभूतप्रकृतिरिति यथा प्राणिनः प्राणवन्तः, प्रत्यक्षाभिः प्रपन्नस्तनुभिरवतु वस्ताभिरष्टाभिरीशः।" संस्कृत में संक्षेप से कह गये क्रमानुसार नामः– "जलं वह्निस्तथा यष्टा सूर्याचंद्रमसो तथा, आकाशं वायुरवनो मूर्तयोष्टौ पिनाकिनः।।" "अष्टौ मूर्तयो यस्य" (शिवः)।। इति हेमचन्द्रः।। "तत्प्रत्येकमूर्त्तिनामानि। क्षितिमूर्तिः सर्व्वः ; जलमूर्त्तिभवः ; अग्निमूर्त्तिः रुद्रः ; वायुमूर्त्तिरुग्रः ; आकाशमूर्त्तिभीमः ; यजमानमूर्त्तिः पशुपतिः ; चन्द्रमूर्त्तिर्म्महादेवः ; सूर्य्यमूर्त्तिरीशानः।" इति तन्त्रशास्त्रं।। एताः "शरभरूपिशिवस्याष्टपादाः।" इति कालिकापुराणं।। "अष्टमूर्त्तिनिधीशंच ज्ञानचक्षुस्तमोमयः। इति बटुकभैरवस्तोत्रं।।" तस्याष्टमूर्त्तयो यथा। "अथाग्निः रविरिन्दुंच भूमिरापः प्रभंजनः। यजमानः खमष्टौ च महादेवस्य मूर्त्तयः।" इति शब्दमाला।।

अवेहि मां किंकरमष्टमूर्त्तेः
कुम्भोदरं नाम निकुम्भमित्रम्।।इति रघुवंशे।।
तत्राग्निमाधाय समित्समिंद्धं स्वमेव मूर्त्यन्तरमष्ठमूर्त्तिः।।कुमारे।।

अष्टौ भूम्यादयो मूर्त्तयोऽस्य। ''क्षितिर्जलं तथा तेजो वायुराकाशमेवच। यष्टार्कंच तथा चन्द्रः मूर्त्तयोष्टौ पिनाकिनः।'' इत्युक्ताष्टमूर्त्तिधारिणि शिवे।।शब्दस्तोममहानिधि।। शरभ अष्टमूर्त्ति : ऊँ नमो अष्टपादाय सहस्रबाहवे द्विशिरसे त्रिनेत्राय द्विपक्षाय अग्निवर्णाय मृगविहंगम रूपाय वीर शरभेश्वराय हुँ फट्।।शरभ तन्त्रम्, शरभयन्त्र पूजा।।ऊँ।।

शिव की अष्ट मूर्ति : वायु–उग्र मूर्ति

त्वमष्टमूर्त्या सकलं विभर्षि
त्वदाज्ञया वर्त्तत एव सर्वम्।।ब्रह्म पुराण 97.21।।
पूजयेदष्टमूर्तीश्चत्रैवत्रिजगन्मयीः।।45।।
क्षितिरापोनलोवायुराकाशः सूर्य्यसोमकौ।
यजमानइतित्वष्टौमूर्तयः परिकीर्तिताः।।46।।
शर्वोभवश्चरुद्रश्चउग्रोभीमइतीश्वरः।।
महादेवःपशुपतिरेतान्मूर्तिभिरर्चयेत्।।47।।
।।श्री शिवमहापुराणम् : विश्वेश्वर संहिता।।

महारुद्र महादेव शिव की अष्ट मूर्त्ति की व्याख्या श्री शिवमहापुराणम् की विश्वेश्वर संहिता के इक्कीसवें अध्याय में मिलती है। श्री शिवमहापुराणम् के अनुसार महादेव महारुद्र सदाशिव की त्रिजगन्मयी अष्ट मूर्त्ति का पूजन करें।।45।। इनकी अष्ट मूर्त्तियाँ–''शर्व, भव, रुद्र, उग्र, भीम, ईश्वर, महादेव एवं पशुपति हैं।'' इनका मूर्ति द्वारा अर्चन करें। शिव की अष्ट पूज्यमान मूर्तियाँ–क्षिति पृथिवी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, चन्द्र, सूर्य एवं यजमान हैं।।46–47।। इनमें क्षिति मूर्त्ति–शर्व ; जल मूर्ति– भव; अग्नि मूर्ति – रुद्र ; वायु मूर्ति–उग्र ; आकाश मूर्ति–भीम; यजमान मूर्ति–पशुपति; चन्द्र मूर्ति–महादेव एवं सूर्य मूर्ति–ईशान है।

सर्वेश्वर महारुद्र सदाशिव अष्ट रूप में ब्रह्माण्ड में विराजमान हैं। समूचे जगत् की गति एवं आयु वायु रूप सदाशिव पर निर्भर है। वायु रूप महादेव से ही जीवन सम्भव है। सदाशिव का वायु स्वरूप जगत् का पालन–पोषण करता है। इस मूर्ति के स्वामी उग्र हैं (औग्री)। सदाशिव के रौद्र ताण्डव नृत्य में यही उग्र शक्ति स्वरूप प्रकट होता है।शतपथ ब्राह्मण एवं सौर पुराण में भी अष्ट मूर्ति उल्लेख है।

रुद्र शिव की अष्टमूर्त्ति ब्राह्मणादि एवं शिव महिम्नस्तोत्रम्, अष्टमूर्ति स्तोत्रम्

ऋग्वेदीय रुद्र का संहिता काल में शिव के साथ आत्मसात कर भव्य स्वरूप प्रदान किया गया। इनमें ऋग्वेद के रुद्र के पँच महाभूतों से सम्बध का अद्भुत वर्णन मिलता है। आचार्य श्रीपाद दामोदार सातवलेकर, आचार्य भगवद्दत, परमआचार्य टी.वी. कपाली शास्त्री, लंकेश्वर दशानन रावण, (अथवा महान ऋषि रावण), सायणाचार्य आदि ने वैदिक रुद्र की ऋचाओं को लेकर अभूतपूर्व कार्य किया है (देखें–रुद्र देवता; सातवेलकर एवं भगवद्दत्त)। आचार्य भगवद्दत्त कृत रुद्र देवता अप्राप्य है, किन्तु यह वैदिक रुद्र पर सर्वोत्तम कृति है। ऋग्वेद के कौषीतकि ब्राह्मण, शतपथ ब्राह्मण आदि में रुद्र अथवा शिव की अष्ट मूर्ति को रेखांकित किया गया है। शतपथ ब्राह्मण में वेद के अनुरूप रुद्र (शिव)–भव, शर्व, उग्र, ईशान, पशुपति, महादेव आदि हैं। भाष्यकारों ने इसे आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथिवी, सूर्य, चन्द्र एवं यज्ञ कहा है। पाणिनी अष्टाध्यायी में रुद्र के विभिन्न रुप–भव, शर्व, गिरीश, महादेव, मृदा आदि मिलते हैं। कौषीतकि ब्राह्मण में यह विस्तार से है :

यद् भव आपस तेन।
यत् सर्वो अग्निस तेना।
यत् पशु पतिर वायुस तेन।
यद् उग्रो देवा ओषधयो वनस्पतयस तेना।
यद् रुद्रशं चंद्रमास तेन।
यद् ईशानो अन्नम तेन।
अशनिर इन्द्रस तेना।।कौषीतकि ब्राह्मण।।

''यक्षराज पुष्पदंत एवं ऋषि श्रेष्ठ दुर्व्वासा का परमशंभुमहिम्न स्तवः एवं शिव महिम्न स्तोत्रम्'' अष्टमूर्ति अवधारणा को नया आयाम देते हैं। मूलतः लंकेश्वर दशकन्धर दशानन वेदज्ञ रावण कृत शिव ताण्डव स्तोत्र, परमशंभु महिम्न स्तवः एवं शिव महिम्न स्तोत्र सदाशिवः रुद्र की सर्वोच्च दार्शनिक उपासना है। यक्षराज पुष्पदंत ने कहा : ''रुचीनां वैत्रित्र्यादृजु...।'' शिव महिम्न स्तोत्रम् का अठाइसवाँ गीत अष्ट मूर्ति परिकल्पना के अनुरूप है।

''भवं शर्वो रुद्रः पशुपतिरथोग्रः सह महांस्तथा

भीमेशानाविति यदभिधानाष्टकमिदम्।
अमुष्मिन् प्रत्येकं प्रविचरति देव श्रुतिरपि
प्रियायाऽस्मै धाम्ने प्रविहित–नमस्योऽस्मि भवते।।''28।।
।।शिव महिम्न स्तोत्रम्।।
उग्रं शान्तं च वीरं सकलमयमहाविष्णुमग्निं ज्वलन्तं
सर्वत्रानन्तवक्त्रं नरमृगवपुषं भीषणं सर्वभद्रम्।
सर्वज्ञं मृत्युमृत्युं बहुविधनुतिभिर्वन्दितं सर्वलौकेः
विश्वाहंकारजृम्भं परमशिव गुरुं त्वां भजे मन्त्रराजम्।।10.2।।
शांभव्यो रश्मिदेव्यः समरसमुदिता मातृकावर्णरूपा
भास्वन्तो भैरवाष्टा अपि सरसकलापानमत्ताः क्रमस्थाः।
वेदान्तैरागमान्तैरभिदधति परं शांभवं वैभवं ते
सर्वानिर्वाच्यसत्तावियदुदितपदं श्रीविभोविश्वमूर्ते।।6.12.6।।
।।श्रीदुर्व्वासाकृत श्री परंशंभुमहिम्नस्तवः।।

''हिमालयकृतं शिवस्तोत्रम्'' में शिवजी को पँच भूत रूप कहकर स्तुति की गई है।

प्रकृतिः प्रकृतीश्च प्राकृतः प्रकृतेः वरः।।2।।
नानारूपविधातां त्वं भक्तानां ध्यानहेतवे।
येषु रूपेषु यत्प्रीतिस्तत्तद्रूपं बिभर्षि च।।3।।
सूर्यस्त्वं सृष्टिजनक आधारः सर्वतेजसाम्।
सोमस्त्वं सस्यपाता च सततं शीतरश्मिन।।4।।
वायुस्त्वं वरुणस्त्वं च विद्वांश्च विदुषां गुरुः।
मृत्युंजयो मृत्युमृत्युः कालकालो यमान्तकः।।5।।
।।हिमालयकृतं शिवस्तोत्रम्।।

अष्टमूर्तिस्तोत्रम्

ध्यायेन्नित्यं महेशं रजत–गिरिनिभं चारुचन्द्रावतंसं
रत्नाकल्पोज्ज्वलांगं परशु–मृग–वरा भीतिहस्तं प्रसन्नम्।
पद्मासीनं समन्तात् स्तुतममरगणैर्व्याघ्रकृत्तिं वसानं
विश्वाद्यं विश्ववन्द्यं निखिलभयहरं पंचवक्त्रं त्रिनेत्रम्।।
ईशा वास्यमिदं सर्वं चक्षोः सूर्यो अजायत।
इति श्रुतिरुवाचातो महादेवः परावरः।।1।।
अष्टमूर्तेरसौ सूर्यो मूर्तित्वे परिकल्पितः।
नेत्रत्रिलोचनस्यैकमसौ सूर्यस्तदाश्रितः।।2।।
यस्य भासा सर्वमिदं विभातीति श्रुतिरिमे।

तमेव भान्तमीशानमनुभान्ति खगादयः।।3।।
ईशानः सर्वविद्यानां भूतानां चेति च श्रुतेः।
वेदादीनाप्यधीशः स ब्रह्मा कैर्न पूज्यते।।4।।
यस्य संहारकाले तु न किंचिदवशिष्यते।
सृष्टिकाले पुनः सर्वं स एकः सृजति प्रभुः।।5।
सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्।
इति श्रुतेर्महादेवः श्रेष्ठोर्यः सकलाश्रितः।।6।।
विश्वं भूतं भवद्भव्यं सर्वं रुद्रात्मकं श्रुतम्।
मृत्युंजयस्तारकोऽतः स यज्ञस्य प्रसाधनः।।7।।
विषमाक्षोऽपि समदृक् स शिवोऽपि शिवः स च।।
वृषसंस्थोऽप्यतिवृषो गुणात्माऽप्यगुणोऽमलः।।8।।
यदाज्ञामुद्वहन्त्यत्र शिरसा साऽसुराः सुराः।
अन्नं वातो वृष इतीषवो यस्य स विश्वपाः।।9।।
भिषक्तमं त्वा भिषजां श्रृणोमीति श्रुतेरयम्।
स्वभक्तं–संसारमहा–रोगहर्ताऽपि शंकरः।।10।।
।।इत्यष्टमूर्तिस्तोत्रं सम्पूर्णम्।।ऊँ।।

वैदिक रुद्र विश्वरूपं से अष्ट मूर्ति तक

वेद काल अर्थात् उनतालीस लाख वर्ष पूर्व वैदिक देवों के शास्ता रुद्र का विराट् स्वरूप अथवा अष्टमूर्ति की अवधारणा को प्रतिपादित किया गया। यह अवश्य है कि शास्ता रुद्र के विराट् स्वरूप वैदिक ऋचाओं में सूत्रात्मक रूप में इन्द्रजाल की तरह पिरोयो गये हैं। इसके लिए ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद एवं अथर्ववेद की रुद्र सम्बन्धित ऋचाओं का समग्रता में अनुशीलन अनिवार्य है। (वैदिक रुद्र देवता पर समग्र ग्रन्थ विलुप्त सा लगता है। रुद्र देवता–सातवलेकर, रुद्र देवता–भगवद्दत्त के आगे शोध अनुसंधान होना शेष है।)। यह पुनः दोहरा रहे हैं कि वैदिक संस्कृत भाषा वर्तमान लौकिक संस्कृत से अलग है। वेद की भाषा– सूत्रात्मक, प्रतीकात्मक, संकेतात्मक, बहुअर्थी, रहस्यात्मक, अत्यन्त गूढ़, अभिव्यंजनात्मक, ध्वन्यात्मक, अध्यात्मिक, संहत, संक्षिप्त, लाक्षणिक आदि है।

यह अभूतपूर्व है कि वैदिक रुद्र के सूत्रादि की व्याख्या ब्राह्मण ग्रन्थ, आरण्यक, उपनिषद् , तन्त्र, संहिता, स्मृति, पुराण, इतिहास आदि में की गई

है। उनमें रुद्र की अष्ट मूर्ति में शर्व (क्षिति), भव (जल), रुद्र (अग्नि), उग्र (वायु), भीम (आकाश), ईशान (सूर्य), महादेव (चन्द्र) एवं यजमान (पशुपति) कहा गया है।

दैवत संहितान्तर्गत रुद्रदेवताया गुणबोधक पद सूचि (ऋग्वेदसंहिता, यजुर्वेदसंहिता, सामवेदसंहिता एवं अथर्ववेदसंहिता) में ईशान, उग्र, पशुपति, भव, महादेव, भीम, रुद्र, वरुण, वसु, शर्व, शिव, सोम, पुष्टानां पति, पृथिव्यां ये, दिवो वराह (सूर्य), महाभेषज्य, विश्वकर्मा आदि अनेक सम्मिलित हैं। इसप्रकार इन्हीं में से अष्टमूर्ति को लिया गया है। वेद में सीधे–सीधे रुद्र को पतिः पशूनाम्, पतिः जगताम्, दिशां पतिः, अमृतं सः, अरुणः, अन्नानां पतिः, अन्तरिक्षे, अग्नि, भवा शर्वौ, पशूनां पति, भूतानां अधिपतयः, मीढुष्टम्ः, विश्वरूपाः, शंकर, हिरण्यरुपः (अग्नि), होता (अग्नि) आदि कहा गया है। रुद्र के मृत्युनिवारक एवं मृत्युदेवता गुणबोधक पद भी मिलते हैं। वेद में रुद्र यत्र–तत्र–सर्वत्र है।

रुद्रसूक्त और रुद्र की वैदिक ऋचाएँ उन्हें सर्वशक्तिमान, समूची सृष्टि के स्वामी, भुवनों (जगत्) का पिता, सृष्टि पालक–रचनाकर्ता–संहारक आदि के माध्यम से परमेष्ठी बताती हैं।

भुवनस्य पितरं गीर्भिराभी रुद्रं दिवा वर्धया रुद्रमक्तौ।
बृहन्तमृष्वमंजरं सुषुम्नमृधग्घुवेम कविनेषितासः।।ऋग्वेद 6.49.10।।
स्थिरेभिरंगैः पुरुरूप उग्रो बभ्रुः शुक्रेभिः पिपिशे हिरण्येः।
ईशानादस्य भुवनस्य भूरेर्न वा उ योषद्रुद्रादसुर्यम्।।
अहर्न् विभर्षि सायकानि धन्वार्हन्निष्कं यजतं विश्वरुपम्।
अर्हन्निदं दयसे विश्वमभ्वं न वा ओजीयो रुद्र त्वदस्ति।।
।।ऋग्वेद 2.33.9,10।।
अन्तरिच्छन्ति तं जने रुद्रं परो मनीषया।
गृभ्णन्ति जिव्हवा ससम्।।ऋग्वेद 8.72.3।।
तदिद्रुद्रस्य चेतति यव्हं पत्नेषु धामसु।
मनो यत्रा वि तद्वधुर्विचेतसः।।ऋग्वेद 8.13.20।।
यो अग्नौ रुद्रो यो अप्स्वन्तर्य ओषधीर्वीरुघ आविवेश।
य इमा विश्वानि भुवनानि चाकलृपो तस्मे रुद्राय नमोस्त्वग्नये।।
।।अथर्ववेद 7.92.1।।
तव चतस्नः प्रदिशस्तव द्यौस्तव पृथिवी तदेव मुग्रोर्वन्तरिक्षम्।
तदेदं सर्वमात्मन्वद् यत्प्राणत् पृथिवीमनु।।अथर्ववेद 11.2.10।।

रुद्र देव समस्त सृष्टि का पिता और सर्वशक्तिमान है। उसके महत्व की प्रशंसा करो। हम सभी उस महान, श्रेष्ठतम ज्ञानी, अजर–अमर, सुविचारी

आदि की विशेष प्रकार से उपासना करेंगे।।ऋग्वेद 6.49.90।। यह रुद्रदेव सृष्टि का निर्माण करके समस्त पदार्थों को रूप, रंग एवं आकार देता है। यह अत्यन्त तेजस्वी एवं सर्वशक्तिमान् है। वह अपने विविध तेजों एवं पवित्रता के कारण शोभायमान है। वह जगत् का ईश्वर है और उससे उसकी शक्ति कभी पृथक् नहीं होती है।। ऋग्वेद 2.33.9।। रुद्र योग्य होने के कारण सभी शस्त्रों को धारण करता है। रुद्र योग्य होने के कारण समूचे विश्व रूप एवं तेज को धारण करता है। रुद्र सर्वसामर्थ्यवान होने के कारण इस महान पर दया करके उसका संरक्षण करता है। हे रुद्र! आप सर्वशक्तिमान परमेष्ठी हैं।। ऋग्वेद 2. 33.10।।

मुमुक्षुजन उसी रुद्र को मनुष्य के अन्तःकरण में बुद्धि द्वारा जानना चाहते हैं। जिव्हा से फल को लेते हैं।।ऋग्वेद 8.72.3।। इस ऋचा के अनुसार मुमुक्षजन सात्विक आहार लेते हैं। वे परमेष्ठी को अन्तःकरण के अत्यन्त गहरे स्थान में अपनी सात्विक विचारशक्ति के द्वारा ढूँढ–ढूँढ कर साक्षात्कार की इच्छा रखते हैं।

जो रुद्र अग्नि, जल, ओषधि, वनस्पति आदि पदार्थों में व्याप्त है और जो समस्त भुवनों का रचनाकार है, उस एकमात्र महातेजस्वी रुद्रदेव को नमन करते हैं।।अथर्ववेद 7.92.1।। हे रुद्र! आप सर्वव्यापक हैं। रुद्रदेव! चारों दिशाएँ, पृथिवी, अन्तरिक्ष एवं द्युलोक सभी कुछ आपका ही है। जो कुछ आत्मयुक्त अर्थात् प्राण धारण करनेवाला है, जो इस पृथिवी पर जीवनरूप में रहता है, वह आपका ही है।।अथर्ववेद 11.2.10।।

रुद्र देव की वह एक महान् प्रेरक शक्ति अनेक सनातन स्थानों में निश्चय रूप से चेतना देती है वैदिक विज्ञान में सृष्टि का बीज सनातन माना गया है। जिस शक्ति में विशेष ज्ञानी अपना वह मन विशेष प्रकार धारण करता है। इस ऋचा में "रुद्र शक्ति यव्ह का वर्णन है।।" ऋग्वेद 8.13.20।। यह यव्ह ही रहस्य है।

रुद्र देवता का विश्वरूप वर्णन यजुर्वेद वाजसनेयी संहिता का सोलहवाँ अध्याय ; काण्डसंहिता का सत्रहवाँ अध्याय ; मैत्रायणी संहिता का दूसरा काण्ड, नवम् प्रपाठक ; काठकसंहिता का 17.13–14 ; कपिष्ठलसंहिता कठसंहिता का 27.3–4 ; तैत्तिरीयसंहिता का 7.5.4–5 आदि में मिलता है। वेद में भव–सबका उत्पादक ; शर्व–प्रलयकर्ता ; ईशानः – ईश्वर ; विरूप–विविध रूप धारण करनेवाला ; शिव–कल्याण करनेवाला ; शंभु– आनन्दप्रदाता–समृद्धिप्रदाता, शंकर–शांति करनेवाला ; मयोभव, मयस्कर–सुख देनेवाला ; मीढुष्टम–सुखदाता ; त्विषीमत्–तेजस्वी ; शिपिविष्ट– किरणों से व्याप्त,

सहस्राक्षः – सहस्रों किरणों से युक्त आदि शब्द वैदिक ऋचाओं के अन्तर्निहित अर्थ समझने में सहायक हैं। यजुर्वेद के रुद्रवाचक शब्दों की संख्या 240 के आसपास है। सर्वव्यापक परमेश्वर, वायु, वरुण, सूर्य, आदि रुद्र ही हैं। ''रुद्राः प्राणरूप वायवः।।यजुर्वेद 11.34।। रुद्रो बलवती वायवः।।यजुर्वेद 15.11।।

आदित्याः रुद्राः

ये नः सपत्ना अप ते भवन्त्विन्द्राग्निभ्यामव बाधामह एनान्।
आदित्या रुद्रा उपरिस्पृशो न उग्रं चेत्तारमाधिराजमक्रत।।
।।अथर्ववेद 5.3.11।।

यः शुक्र इव सूर्यो हिरण्यमिव रोचते।।
श्रेष्ठो देवानां वसुः।।ऋग्वेद 1.43.5।।
दिवो वराहमरूपं कपर्दिनं त्वेषं रूपं नमसा नि व्हयामहे।
।।ऋग्वेद 1.114.5।।

रुद्रः (अग्निः)

आ वो राजानमध्वरस्य रुद्रं होतारं सत्ययजं रोदस्योः।
अग्निं पुरा तनयित्नोरचित्ताद्धिरण्यरूपमवसे कृणुध्वम्।।
।।ऋग्वेद 4.3.1।।

वरुणः स रुद्रः

सोऽर्यमा स वरुणः स रुद्रः स महादेवः।
रश्मिभिर्नभ आभृतं महेन्द्र एत्यावृतः।।अथर्ववेद 13.4.4, 13.6.25–26।।
रुद्राः संसृज्य पृथिवी बृहज्ज्योतिः समीधरे।
।।।वाजसनेयी यजुर्वेद 11.54।।

वैदिक देवों के शास्ता रुद्र ''त्र्यम्बक'' अर्थात् तीनों लोकों के पिता हैं। रुद्र से तीनों लोक कंपायमान होते हैं। ऋग्वेद के रुद्र के गुणादि अग्नि, सूर्य, वरुण, आकाश, वायु आदि से समरूप में हैं। ऋग्वेद में रुद्र केशी (सूर्य) के साथ विषपान करते हैं। वे प्रजापति का वध करते हैं। वे सर्वव्याप्त हैं। वेद में उनका विराट् रूप–सृष्टि रूप–विश्वरूप प्रकट होता है। वैदिक रुद्र दिवोवराह स्वरूप में सृष्टि का उद्धार करते हैं। वे सभी पँच भूतों में विद्यमान हैं। उनके शतकों नाम–गुण में प्रधान आठ को लेकर वेदोत्तर काल में अष्ट मूर्ति परिकल्पना को मूर्त रूप दिया गया। स्मृति–पुराण–आगम काल में शास्ता रुद्र को शिव में आत्मसात कर शिव अष्ट मूर्ति उपासना प्रारम्भ हुई।

।।यथा दृष्टि, तथा सृष्टि।।ऊँ।।

आरकूट शिव लिंग से वायु देवता उपासना

रुद्रयामल तन्त्र आदि तान्त्रिक ग्रन्थों में ''वायुरूपं महादेवं'' घोषित किया गया है। यद्यपि कुछ तन्त्रों में वायु देवता को महेष कहा गया है। ''गौतमीय महातन्त्र में वायु देवता को वासुदेव'' अर्थात् परमेष्ठी, आत्मा आदि बताया गया है। ''दकखन के काल हस्तीश्वर में वायु लिंगेश्वर मन्दिर'' है।

वायु देवता की लिंग स्वरूप उपासना की समृद्ध परम्परा वेदोत्तर काल से मिलती है। प्रमुख पुराणों में से एक ''लिंग पुराण'' में यह रहस्योद्घाटन किया गया है कि ''वायु देवता का लिंग आरकूट (धातु) निर्मित हो। संस्कृत में ''आरकूट'' का अर्थ पीतल, पित्तलं आदि है। ''आरं कूटयति स्तूपीकरोति पत्ताद्यच्।'' ''आकांचने कांचननायिकांके किमारकूटाभरणेन न श्रियः।'' यद्यपि ''आरः का अर्थ मंगलग्रह, शनिः, पित्तलं (हेमचन्द्रः), अशोषित लोहा, कोण, किनारा, क्षत–शलाका भी है। आरः–रम् (आ+ऋ+घञ्)। (उत्तर रामचरित)। आङ्.+ऋ+भावे घञ्। मुंडायसं, मुण्डायसं, मुण्डलोहं (राज निघण्टु)। चक्रांगकाष्ठभेदः (महाभारत)।। आरान्तरेनावपतत् संक्षिप्यांक क्षणेन ह।।'' ''यस्त्रिषष्टिशतारण्यं वेदार्थं स परः कविः।।''

इस प्रकार आरकूटः शब्द का आशय ताम्र (तांबा) एवं जिंक की मिश्रित धातु पीतल है। पीतल का पीत वर्ग सुवर्ण की आभा देता है। वैदिक काल से जम्बूद्वीप आर्यावर्त में ताम्र एवं पीतल का प्रयोग आम रहा। यह स्मरण रहे कि ताम्र आकाशीय दिव्य ऊर्जा शक्ति का संवाहक है।

लिंग पुराण में विभिन्न प्रकार के लिंग का वर्णन बहुत ही सुन्दर है।

विश्वेदेवास्तथा रौप्यं वसवः कान्तिकं शुभम्।
आरकूटमयं वायुरश्विनौ पार्थिवं सदा।।लिंग पुराण भाग 1,74.2।।

विश्वदेव का शिव लिंग चांदी (रौप्यं) का, वायु देवता का लिंग पीतल का एवं अश्विनौ का मिट्टी का लिंग हो। पीतल निर्मित लिंग से वायु देव अराधना की जाती है।।ऊँ।।

शिवस्तुति : नमः पवनरूपाय

नमो नीलशिखण्डाय अम्बिकापतये नमः।
नमः पवनरूपाय शतरूपाय वै नमः।।3।।ब्रह्मपुराण 37.3।।

पवनाय पतंगाय नमः सांख्यपराय च।।ब्रह्मपुराण 40.25।।

वात आवात मन्त्र जप विधि

ऊँ वात आवातु भेषजमित्यस्य वातायन उल ऋषिः वायुर्देवता गायत्री छन्दः विहितार्थ जपे विनियोगः (उल वैदिक सूक्त के भी ऋषि हैं।)।।

मन्त्रः

''ऊँ वातु आवातु भेषजं गुँ शंभूर्मयोभूर्नोह्वदेप्रख आयू गुँ षितारिदषत्।।''

इस मन्त्र का 10000 जप एवं 1000 हवन (आहुति) करने का विधान है। इससे वात आवात सम्बन्धित व्याधि (रोग) जड़ से समाप्त हो जाती है।।ऊँ।।

देवी–देवताओं द्वारा पूजित विभिन्न लिंग

लिंग पुराण के अनुसार श्री विश्वकर्मा देवता ने विभिन्न (महारुद्र) लिंगों का निर्माण कर देवताओं को पूजा, अर्चना, उपासना के लिए प्रदान किये (प्रथम भाग, चौहत्तरवाँ अध्याय)। देवताओं ने उन लिंगों का पूजन किया। श्री वायु देवता ने आरकूट (पीतल) से बने लिंग की, श्री विष्णु ने नीलकान्तमणि (इन्द्रनील) निर्मित, श्री इन्द्र ने पद्मराग निर्मित, विश्रवा के पुत्र श्री कुबेर ने सुवर्ण निर्मित, विश्वेदेवों ने रजत (चांदी) निर्मित, अश्विनौ ने मिट्टी से बने, वसुओं ने चन्द्रकान्तमणि निर्मित, वैदिक देव सम्राट वरुण ने स्फटिक से बने, आदित्यों ने ताम्र से बने, सोमराट् ने मोती से निर्मित, अनन्त आदि महानागों ने प्रवाल निर्मित, महात्मा दैत्यों ने लोहे से बने एवं गुह्यकों ने तीन लोह मिश्रण से निर्मित लिंग की सदैव पूजा की।

इसके अलावा गणों ने सर्वलोहमय, चामुण्डा एवं माताओं ने बालू से निर्मित, नैर्ऋति ने काष्ठ निर्मित, यम ने मरकत निर्मित, नील आदि रुद्रों ने विशुद्ध भष्म से बने, श्रीलक्ष्मी ने श्रीवृक्ष (विल्व) काष्ठ निर्मित, गुह ने गोमय से बने, मुनियों ने कुशा के अग्रभाग से बने, श्री वामदेव ने पुष्प निर्मित, मनोन्मनी ने गन्धों से निर्मित, श्री सरस्वती ने रत्न से निर्मित, श्री दुर्गा ने सुवर्ण निर्मित, उग्रों ने आटे से बने, मन्त्रों ने घृत निर्मित, पिशाचों ने शीश (सीस) निर्मित एवं वेदों ने दधि से बने लिंग की पूजा की।।1–12।।

द्रव्यों के भेद से छह प्रकार का लिंग कहा गया है। ''प्रथम'' प्रकार का ''पाषाण'' निर्मित कहा गया है। पाषाण लिंग चार प्रकार का होता है।

''द्वितीय'' प्रकार का लिंग ''रत्न'' निर्मित होता है। रत्न को रूपाकार देकर निर्मित लिंग सात प्रकार का होता है। ''तीसरे'' प्रकार का लिंग ''धातु'' निर्मित होता है। यह आठ प्रकार का होता है। ''चौथे'' प्रकार का लिंग ''काष्ठ'' को तराश कर निर्मित किया जाता है। काष्ठ निर्मित लिंग सोलह प्रकार का होता है। पाँचवे प्रकार का लिंग ''मिट्टी'' से बनाया जाता है। यह दो विभागों वाला होता है। छठे प्रकार का लिंग ''क्षणिक'' (रंगवल्ली) निर्मित होता है। इसके सात प्रकार होते हैं। द्रव्य भेद की दृष्टि से कुल चौवालीस (44) भेद होते हैं।।1.74.13—16।।

दूसरी ओर, श्री लिंग पुराण में श्री ''लिंगों के प्रमुख भेद नौ'' कहे गये हैं। लिंग के मूल में श्री ब्रह्मा, मध्य में श्री विष्णु एवं शीर्ष पर प्रणव संज्ञक महादेव सदाशिव रुद्र विराजमान हैं। लिंग की वेदी अम्बिका रुद्राणी है। वे सत्, रज, तम त्रिगुणों एवं त्रिदेवों से युक्त रहती हैं। जो वेदी सहित लिंग की पूजा करता है, उसने मानो महादेव—महादेवी रुद्र—रुद्राणी का पूजन कर लिया।।1.74.19—21।।ऊँ।।

अद्‌भुत सागर
वाताद्‌भुतावर्त्त

महाराज वल्लालसेन देव कृत अद्‌भुत सागर, दानसागर गागर में सागर के समान हैं। अद्‌भुत सागर का प्रकाशन एक सौ अट्ठारह वर्ष पूर्व हुआ एवं महाराज वल्लालसेन देव ने बारहवीं शती में इस सहित तीन ग्रन्थों की रचना की। इसकी विशेषता यह है कि इसमें विषयानुरुप सभी अद्‌भुत तथ्य प्रमाणिक धर्मशास्त्रों से उपलब्ध हैं। वायु के अद्‌भुत वर्त्त में मत्स्य पुराण, भागवत पुराण, महाभारत, बार्हस्पत्य, वाल्मीकि रामायण, वराह संहिता, मयूर चित्र, पराशर संहिता, गर्गसंहिता आदि से सन्दर्भित सामग्री प्रस्तुत की गयी है।

शुभ लक्षण सूचक

इह खलु वायवोऽष्टासु दिक्षु भवन्ति तेषां
सुरभिरनुकूलो मृदुः सम इति शस्यते।।पराशर।।
अनुकूलो मृदुः स्निग्धः सुखस्पर्शः सुखावहः।।मत्स्य पुराण।।

अशुभसूचक वात लक्षणं

वायुः सशर्करो रूक्षः सर्वविघ्नसमन्वितः।
प्रतिलोमस्तथाऽतीव विज्ञेयो भयकृद्बिज।।मत्स्यपुराण।।
वृक्षानुन्मूल्य वान्त्युग्रा वाताः शर्करकर्षिणः।।मत्स्यपुराण।।
वायुर्वाति खरस्पर्शो रजसा विसृजन् नभः।।भागवत।।
वाति चाकालजो वायुर्घोरः शर्करकर्षणः।
पातयन् वृक्षमेश्मादि गर्जयन्निव भीषणम्।।
सप्ताहमथ वा पक्षमनुब्रध्नाति दारुणम्।
ततो यदि न वर्षेत घोर शस्त्रभयं भवेत्।।बार्हस्पत्य।।
तयोः समुद्यतोरेव प्रादुरभून्महान्।
प्रचण्डः शर्कराकर्षो कम्पयन्निव मेदिनीम्।।रामायण, आदिपर्व।।
ववौ वायुः सुदुःस्पर्शः फूत्कारानीरयन महुः।
उन्मूलयन् नगपतीन् वात्यानीको रजोद्धतः।।
।।भागवत, हिरण्यकशिपूत्पत्तौ।।
पूर्वोऽभ्रजननो वायुरितरोऽभ्रविनाशनः।
उदग्जनयते वृष्टिं वर्षत्येव च दक्षिण।।गार्गीये।।

वातोत्पातशान्ति

त्र्यहातिरिक्ते पवने रूक्षे सर्वदिगुत्थिते।
वैकृते वातजे वाऽपि वायव्या शान्तिरिष्यते।।
वायोश्च पूजा द्विजशक्तुभिश्च हुत्वा तदुक्ताँश्च जपेच्च मन्त्रान्।
दद्यात् प्रभूतं परमान्नमत्र सदक्षिणं तेन समोऽस्य भूपः।।
।।मत्स्य पुराण।।
वायव्येष्वेषु नृपतिर्वायुं शक्तुभिरर्चयेत्।
अवायोरिति पँचर्चा जप्याश्च प्रयतैर्द्विजेः।।
ब्राह्मणान् परमान्नेन दक्षिणाभिश्च तर्पयेत्।
बव्हन्नदक्षिणाहोमाः कर्त्तव्याश्च प्रयत्नतः।।वराहसंहिता।।
वायव्येष्वेषु नृपतिर्वायुं शक्तुभिरर्चयेत्।
द्वामिमौ वाताविति च जप्तव्यं प्रयतैर्द्विजः।।
बव्हन्नदक्षिणाहोमा कर्त्तव्याश्च प्रयत्नतः।
वायव्यामेव शान्तौ च वायौः सवितुरोरयेत्।।
आदावन्ते च मध्ये च तथैव मनुजो जपेत्।
गुरवे दक्षिणां दद्याद्वायवीं शान्तिमद्भुताम्।।बार्हस्पत्ये।।ऊँ।।

पुराणोक्तः
पवनदेव दिव्य तीर्थ वायुपुर गाथा

ब्रह्मक्षेत्र तीर्थ में सप्त ऋषि—वशिष्ठ, शक्ति, पराशर, इन्द्रप्रमति, भरद्वसु, मैत्रावरुण एवं कुण्डिन निवास करते हैं। प्राचीनकाल में स्वयं ब्रह्माजी ने इस परम पावन महातीर्थ का निर्माण किया। पितामह ब्रह्माजी सेवित अत्यन्त पावन महातीर्थ ब्रह्मक्षेत्र अथवा कथित रूप से कुरुक्षेत्र में अवस्थित है।

उस ब्रह्मक्षेत्र महातीर्थ में एक समय देवताओं, ऋषि, मुनियों, ब्रह्मविदों आदि का विराट् समागम हुआ। इस अवसर पर ब्रह्माजी ने यह प्रश्न उपस्थित किया कि वायु देवता कहाँ देखे जाते हैं ? ऋषियों ने कहा कि हमने वायु देवता का दर्शन नहीं किया।

इस चर्चा के दौरान "एक अणु" दिखलायी दिया। वह "अणु एक पुर के रूप में परिणित दिखायी पड़ने लगा। जिसका वायुपुर नाम पड़ा।" उस विस्तृत वायुपुर में अठारह सहस्र ब्रह्मविदों के निवास स्थान निर्मित रहे। अत्यन्त प्रभावशाली वायुदेव ने उनकी संख्या से दो गुना सूतों की (आवास) स्थापना की। उन्हें ग्यारह गोत्रों में विभक्त किया और मांगलिक विधि निर्धारित की।

वायु देव ने कहा कि मेरे नाम से प्रसिद्ध "छह स्थानों" का दर्शन करके मनुष्य पवित्र हो जाते हैं। यह पावनतीर्थ समस्त पृथिवी मण्डल में विख्यात है। "यहाँ पर हनुमान् ने जीवन ग्रहण किया (डॉ. सम्पूर्णानन्द—डॉ. रामविलास शर्मा के अनुसार ऋग्वेद की रचना 39 लाख वर्ष पूर्व सरस्वती एवं दृषद्वती अथवा द्वषद्वती महानदों के समीप हुई।)।" ब्रह्मस्वरूप वायु देवता ने "उस स्थान पर धर्म की रक्षा के लिए ब्रह्मविदों की स्थापना भी की।" उसी स्थान पर देवों के "शास्ता रुद्र स्थायी रूप से सभी दिशाओं में मूर्तिमान रहते हुए अवस्थित हैं।" वायु ने उसी अवसर पर वहाँ "वाडादित्य" की प्रतिष्ठा की। सभी प्रकार के शस्त्रातों से विभूजित, सहस्र किरणोंवाले, रत्नादेवी से संयुक्त भगवान् सूर्य त्रयीमय (सत्व, रज, तमोगुण युक्त) एवं समस्त त्रिलोकी के आधारभूतः हैं। परमपावन "वायुपुर में भगवान सूर्य का दिव्य कुण्ड है। उसी के समीप ब्रह्मकुण्ड, विष्णुकुण्ड एवं रुद्रकुण्ड हैं।" इसप्रकार पवित्र ब्रह्मक्षेत्र के वायुपुर में चार कुण्ड विद्यमान हैं।

"वायुपुर की रक्षा के लिए वहाँ नवदुर्गा विराजमान हैं। उनमें से विष्णु की दो, रुद्र की तीन एवं ब्रह्मा की चार हैं।" उनके संस्कार किये जाते हैं।

वाडवों के लिए प्रत्यनसाध्य आचार कहे गये हैं। वायु के महान पुर में ''सुवर्ण एवं रत्नों से पूर्ण अमृत जलवाहिनी गंगा बहा करती रही।'' ''कलियुग में उस पुनीत गंगा का नाम द्वषद्वती अथवा दृषद्वती हुआ।'' द्वषद्वती–दृषद्वती घोर पाप नाश करनेवाली है। यह वायु देवता द्वारा स्थापित परम पुनीत क्षेत्र है। यह सुवन्दन वन क्षेत्र में है।

प्रकारान्तर में शाकल्य के मृत्यु के उपरान्त सभी ऋषियों को ब्रह्महत्या का पाप लगा। इससे अति चिन्तित ऋषि ब्रह्माजी की शरण में गये। ''ब्रह्माजी ने उन्हें ब्रह्महत्या के पाप से निवारण के लिये वायुपुर भेजा।'' ब्रह्माजी ने कहा : ''वहाँ बारह सूर्यों (द्वादश आदित्य), एकादश रुद्र बालुकेश्वर एवं वायुपुत्र की स्तुति करो और चारों कुण्ड–सूर्यकुण्ड, रुद्रकुण्ड, ब्रह्मकुण्ड एवं विष्णुकुण्ड में स्नान करो।'' आप ब्रह्महत्या के पाप से मुक्त हो जाओगे। ब्रह्माजी के निर्देश पर ऋषिगण वायुपुर की ओर रवाना हुए। उन्होंने विधिपूर्वक स्नान कर देवों के दर्शन किये एवं अर्चना की। वे वाडवों की कृपा से उत्तरेश्वर को नमस्कार करके सभी पापों से मुक्त हो सूर्यमण्डल को चले गये। देव गाथाओं के अनुसार ब्रह्मयोनि वायु देवता ने अंजली के गर्भ से होनेवाले वायुपुत्र (हनुमान्) के समय इस पावन तीर्थ की संरचना की।। श्री वायुमहापुराण में महातीर्थ स्थान वेदशाखा प्रणयन वर्णन नामक उनसठ, साठवाँ अध्याय।। हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रकाशन, सन 2005।। आनन्द आश्रम द्वारा प्रकाशित वायुपुराण में अध्याय 68।।

वसिष्ठश्चैव शक्तिश्च तथैव च पराशरः।
चतुर्थ इन्द्रप्रमतिः पंचमस्तु भरद्वसुः।।105।।
षष्ठस्तु मैत्रावरुणः कुण्डिनः सप्त मस्तथा।
एते सप्तर्षयौ विप्रा ब्रह्मक्षेत्रनिवासिनः।।106।।
ब्रह्मक्षेत्रं महातीर्थं ब्रह्मणा निर्मितं पुरा।
(कुरूक्षेत्रे पुण्यतमे पितामहनिषेविते।।107।।)
(कुरु–इदमर्धं नास्ति घः पुस्तके)
देवानां च ऋषीणां च मुनीनां तत्र संगमः।
ब्राह्मणा च कृतं प्रश्न क्व दृष्टा वायुदेवता।।108।।
ऋषिगणैस्तदा प्रोक्तं न दृष्टा वायुदेवता।
इति चिन्तयतां तेषामणुमात्रस्तु दृष्टवान्।।109।।
दृष्टं पुरं च तत्राऽऽसीद्वायोर्नाम्ना पुरं परम्।
(अष्टादशसहस्राणि द्विजाः संस्थापितास्तदा।।)।।110।।
शूद्रा (सूता) स्तद्द्विगुणास्तत्र स्थापिता मातरिश्वा।

भवतां तु भविष्यन्ति गोत्राह्ये (ण्ये) कादशैव हि।।111।।
तत्तीर्थं भुवि विख्यातं हनुमान्यत्र जीवितः।
तत्र वै स्थापिता विप्रा वायुना ब्रह्मवादिना।।118।।
देवत्रयाणामादेशार्द्धर्मसंरक्षणाय च।
यत्र रुद्रः स्थिरश्चाऽऽसीद्दिक्षु सर्वासु मूर्तिमान।।119।।
वाडादित्यश्च देवेशः स्थापिनो तदा।
कामदः सर्वदः सूर्यो प्रभुरीशः प्रतापवान्।।120।।
सहस्रकरसंयुक्तः सर्वायुधविभूषितः।
रत्नादेवीयुतः श्रीमांस्त्रयाधारस्त्रयीमयः।।121।।
सूर्यकुण्डं च तत्राऽऽसीद्ब्रह्मकुण्डमतः परम्।
रुद्रकुण्डं हरेः कुण्डमेत्कुण्डचतुष्टयम्।।122।।
(पुस्तके नास्ति : नवदुर्गाःस्थितास्तत्र क्षेत्र संरक्षणाय च।।
हरिद्वयं त्रिगुण्येशं तथा यज्ञचतुष्टयम्)।।123।।
आचार विविधाः प्रोक्ता वाडवानां प्रयत्नतः।।124।।
रत्नावती स्वर्गमयी गंगा चामृतवाहिनी।।127।।
कलौ दृषद्वती नाम महापातकनाशिनी।
वायुनां स्थापितं ह्येतच्छासनं पापनाशनम्।।128।।
सुवन्दनं वनं तत्र रम्यं राजर्षिसेवितम।।129।।

।।वायुपुराणम् ; एकोनषष्टितमोऽध्याय।।

शाकल्ये तु मृते सर्व ब्रह्मघ्नास्ते बभूविरे।
तदा चिन्तां परां प्राप्य गतास्ते ब्रह्मणोऽन्तिकम्।।67।।
तांज्ञात्वा चेतसा ब्रह्मा प्रेषितः पवन पुरे।
तत्र गच्छत यूयं वः सद्यः पापं प्रणश्यति।।68।।
द्वादशार्कं नमस्कृत्य तथा वालुकेश्वरम्।
एकादश तथा रुद्रान्वायुपुत्रं विशेषतः।।
कुण्डे चतुष्टये स्नात्वा ब्रह्महत्यां तरिष्यथ।।69।।
सर्वे शीघ्रतरा भूत्वा तत्पुरं समुपागतः।
स्नानं कृतं विधानेन देवानां दर्शनं कृतम्।।70।।
उत्तरेश्वरं नमस्कृत्य वाडवानां प्रसादतः।
सर्वे पापविनिर्मुक्ता गतास्ते सूर्यमण्डलम्।।71।।
तदा प्रभृति तत्तीर्थं जातं पातकनाशनम्।
वायोः पुरं पवित्रं च वायुना निर्मितं पुरा।।72।।
अंजनीगर्भसंभूतो हनुमान्पवनात्मजः।

यदा जातो महादेव हनुमान्सत्यविक्रमः।
तदैव निर्मितं तीर्थं वायुना ब्रह्मयोनिना।।73।।
।।वायुपुराणम् ; षष्टितमोऽध्याय।।

यह अनुत्तरित प्रश्न है कि सुवन्दन वन, दृषद्वती पावन नदी और वायुपुर कहाँ स्थित है ? वेदकालीन वायुपुर पहेली बना है। मूल वायुपुराण में ब्रह्म क्षेत्र परम पावन महातीर्थ के स्थल का नाम नहीं दिया गया है और नव दुर्गा देवालय का उल्लेख भी नहीं है। परन्तु प्रकारान्तर में ब्रह्मक्षेत्र महातीर्थ को कुरुक्षेत्र कहा गया। डॉ. सम्पूर्णानन्द कृत आर्यों का आदिदेश एवं डॉ. रामविलास शर्मा कृत ऋग्वेद और पश्चिम एशिया में सप्रमाण लिखा गया है कि ऋग्वेद की रचनास्थली दृषद्वती (द्वषद्वती) एवं सरस्वती महानदों के समीप रही (वे वेद रचनाकाल 39 लाख वर्ष पूर्व सिद्ध करते हैं।)। वर्तमान में दोनों दिव्य महानद विलुप्त हैं। सरस्वती महानद का उद्गम स्थल परम सूर्यभक्त सहस्रकवचासुर क्षेत्र बदरिकाश्रम के आगे है। दिव्य दृषद्वती का उद्गम भी भू–आकाश अर्थात् हिमालय, कैलास है (आर्षग्रन्थों में हिमालय को रहस्यप्रधान कहा है।)।

परम पवित्र, सर्वोत्कृष्ट कैलास महापर्वत के समीप हिमनदों एवं पर्वतों में कुबेर देव की दिव्य अलकापुरी है। देवगाथाओं के अनुसार कैलास के हिमनदों में ''रहस्यमय कलापग्राम'' है। कलापग्राम में आनेवाले मनवन्तर के मनु और वैदिक मन्त्रद्रष्टा ऋषि रह रहे हैं। इन्हीं हिमनदों में ''वैदिक ऋषियों के अदृश्य सिद्धाश्रम'' अवस्थित हैं। इन अदृश्य सिद्धाश्रमों की पुष्टि स्वामी विशुद्धानन्द परमहंस, साधक राम ठाकुर, पूर्व जगद्गुरु शकंराचार्य ब्रह्मानन्द सरस्वती, जयपुर के राजगुरु रहे पण्डित श्रीविद्यानाथ ओझा, आदि ने की। इन रहस्यमय सिद्धाश्रमों के दर्शन भौतिक वातावरण के संस्कार नष्ट होने एवं दिव्य संस्कार अणु अंगीकृत होने पर ही सम्भव है।

इसी भौतिक आँखों से ओझल दिव्य अलकापुरी, रहस्यमय सिद्धाश्रमों, राजराजेश्वरी मठ, कलापग्राम आदि की कड़ी में जगत् के प्राण वायु देवता का सुवन्दन महावन स्थित वायुपुर है। वायुपुर में केवल ब्रह्मविद ही प्रवेश कर सकते हैं।।ऊँ।।

वायुपुराण

वैदिक उनचास मरुत वायु उत्पत्ति महागाथा

यजुर्वेद में उनचास मरुतों के नामों के क्रम में वायुपुराण में नवीन देवगाथा का मायाजाल रचा है। यहाँ दिति के गर्भ को इन्द्र द्वारा काटने का विवरण है। दिति गर्भ के निष्फल होने पर कहती है कि इसमें आपका कोई अपराध नहीं है, क्योंकि शत्रु का वध करने में कोई दोष नहीं है। इसलिये मैं आपको कोई शाप नहीं दे रही हूँ, प्रत्युत आपका मंगल करने की इच्छा है।

दिति ने कहा : आप मेरे इस गर्भ का कल्याण करो। मेरे इन पुत्रों को स्वर्ग में सात स्थान प्राप्त हों। मेरे पुत्र ''वायु के सात स्कन्धों में मरुत् वायु'' के नाम से विचरण करें। ''उनके एक–एक गण में सात–सात मरुत् हों।'' इनका ''प्रथम स्कन्ध पृथिवी तल'' पर हो। ''दूसरा–स्कन्ध सूर्यमण्डल'' हो। ''तीसरा स्कन्ध चन्द्रमा में हो।'' ''चौथा स्कन्ध ज्योतिगणों'' में हो। ''पाँचवाँ स्कन्ध ग्रहों'' में हो। ''छठवाँ स्कन्ध सप्तर्षि मण्डल'' में हो। सबसे ''अन्तिम सप्तम् स्कन्ध ध्रुवमण्डल'' में होगा। इस प्रकार इन मण्डलों में मेरे पुत्र मरुत् वायु समय–समय पर विचरण करते रहें। पृथिवीतल से लेकर ''मेघमण्डल पर्यन्त प्रथम वात स्कन्ध आवह'' नामक है। उसमें (आवह) मेरे सातों गणों में से प्रथम गण के सात पुत्र विचरण करे। द्वितीय ''प्रवह वात स्कन्ध'' (मेघमण्डल से सूर्यमण्डल पर्यन्त) हमारे पुत्रों का द्वितीय गण विचरण करे। सूर्यमण्डल से चन्द्रमण्डल तक के ''उद्वह'' वात स्कन्ध में हमारे पुत्रों का तीसरा गण विचरण करे। चन्द्रमा से नक्षत्रमण्डल पर्यन्त ''सुवह'' वातस्कन्ध में हमारे पुत्रों का चौथा गण विचरण करे। नक्षत्रमण्डल के ऊपर से ग्रहों के मण्डल तक पाँचवा वात स्कन्ध ''विवह'' है, उसमें हमारे पुत्रों का पाँचवा गण विचरण करे। ग्रह मण्डल से सप्तर्षिमण्डल तक छठा ''पराहत'' वात स्कन्ध में हमारे पुत्रों का छठवाँ गण विचरण करे। सप्तर्षिमण्डल से ध्रुवमण्डल तक का सातवाँ ''परिवह'' वात स्कन्ध है। इसमें हमारे पुत्रों का सातवाँ गण निवास करे।

ये सभी आपके रखे हुए ''मरुत्'' नाम से विख्यात हों। मूलतः इन्द्र के (मा रोदी) (मत रोओ) कथन से उन सभी का नामकरण मरुत् गण पड़ा। ''प्रथम गण के मरुत्–सत्त्वज्योति, आदित्य, सत्यज्योति, तिर्यग्ज्योति, सज्योति

एवं ज्योतिष्मान'' कहे गये हैं। शेष मरुतों के नाम – ''ऋतजित्, सत्यजित्, सुषेण, सेनजित्, सत्यमित्र, अभिमित्र, हरिमित्र (द्वितीय मरुत् गण) ; ऋत, सत्य, ध्रुव, धर्ता, विधर्ता, विधारय, ध्वान्त, धुनि, उग्र, भीम, अभियु, साक्षिप, आव्ह (तृतीय, चतुर्थ मरुत्गण) ; ईदृक्, अन्यादृक्, प्रतिकृत्, यादृक्, ऋक्, समिति, संरम्भ (पाँचवें मरुत् के गण) ; ईदक्, पुरुष, अन्यादृक्ष, चेतस्, समिता, समिवृक्ष, प्रतिदृक्ष (छठवें मरुत् के गण) और साम, मानुषीविश, दैत्य, देव, मरुतिद्, सरत, दिश, यजु एवं अनुदृक् (सातवें मरुत् के गण) हैं।। श्रीवायुपुराण ; सरसठवाँ अध्याय।।(इस प्रसंग में इन्द्र ने दिति के गर्भ शिशु को सप्त भागों में काटा था। उन सात भागों को फिर से सात–सात भागों में विभाजित किया।)।

वायुपुराणम् : सप्तषष्टितमोऽध्याय

तस्मिंस्तु विफले गर्भे दितिः परमदुःखिता।
नापराधोऽस्ति देवेश ऋषिपुत्र महाबल।।108।।
शत्रोर्वधे न दोषोऽस्ति तेन त्वां न शपामि भोः।
प्रियं तु कर्तुमिच्छामि श्रेयो गर्भस्य मे कुरु।।109।।
भवन्तु मम पुत्राणां सप्त स्थानानि वै दिवि।
वातस्कन्धानिमान्सप्त चरन्तु मम पुत्रकाः।
मरुतश्चेति विख्याता गणास्ते सप्त सप्तकाः।।110।।
पृथिव्यां प्रथमस्कन्धो द्वितीयश्चैव भास्करे।
सोमे तृतीयो विज्ञेयश्चतुर्थो ज्योतिषां गणे।।111।।
ग्रहेषु पंचमश्चैव षष्ठः सप्तर्षिमण्डले।
ध्रुवे तु सप्तमश्चैव वातस्कन्धः परस्तु सः।।112।।
तानेते विचरन्त्वद्य काले काले ममाऽऽत्मजाः।
वातस्कन्धानिमान्भूत्वा चरन्तु मम पुत्रकाः।।113।।
पृथिव्यां प्रथमस्कन्ध आमेघेभ्यो य आवहः।
चरन्तु मम पुत्रास्ते सप्तमे प्रथम गणे।।114।।
द्वितीयश्चापि मेघ्येभ्यं आसूर्यात्प्रवहस्तु यः।
वातस्कन्धं द्वितीयं तु द्वितीयश्चरतां गणः।।115।।
सूर्योर्ध्वं तु ततः सोमादुद्वहो यस्तु वै स्मृतः।
वातस्कन्धं तु तं प्राहुस्तृतीयश्चरतां गणः।।116।।
(सोमादूर्ध्वं तथर्क्षेभ्यश्चतुर्थः सुवहस्तु यः।
चतुर्थो मम पुत्राणां गणस्तु चरतां विभो।।117।।
यक्षेभ्यश्च तथैवोर्ध्वमाग्रहाद्विवहस्तु यः।
पंचमं पंचमः सौम्यः स्कन्धस्तु चरतां गणः।।118।।)(पुस्तके नास्ति)

उर्ध्वं ग्रहादृषिभ्यस्तु षष्ठो यो वै पराहतः।
चरन्तु मम पुत्रास्तु तत्र षष्ठे गणे तु ये।।119।।
सप्तर्षयस्तथैवोर्ध्वमाध्रुवात्सप्तमस्तु यः।
वातस्कन्धः परिवहस्तत्र तिष्ठन्तु मे सुताः।।120।।
एतत्सर्वं चरन्त्येते काले काले ममाऽऽत्मजाः।
त्वत्कृतेन च नाम्ना वै भवन्तु मरुतस्तित्वमे।।121।।
ततस्तेषां तु नामानि मात्रापुत्रौ प्रचक्रतुः।
तत्कृते कर्मभिश्चैव मरुतो वै पृथक्पृथक्।।122।।

मरुत् नामावलि

सत्त्वज्योतिस्तथाऽऽदित्यः सत्यज्योतिस्तथाऽपरः।
तिर्यग्ज्योतिश्च सज्योतिर्ज्योतिष्मानपरस्तथा।।123।।
प्रथमस्तु गणः प्रोक्तो द्वितीयं मे निबोधत।
ऋतजित्सत्यजिच्चैव सुषेणः सेनजित्तथा।।124।।
सत्यमित्रोऽभिमित्रश्च हरिमित्रस्तथाऽपरः।
गण एष द्वितीयस्तु तृतीयं मे निबोधत।।125।।
ऋतः सत्यो ध्रुवो धर्ता विधर्ताऽथ विधारयः।
ध्वान्तश्चैव धुनिश्चैव ह्युग्रो भीमस्तथैवच।
अभियुः साक्षिपश्चैवमाव्हयश्च गणः स्मृतः।।126।।
ईदृक्चैव तथाऽन्यादृग्यादृक्च प्रतिकृत्तथा।
ऋक्तथा समितिश्चैव संरम्भश्च तथा गणः।।127।।
(ईदृक्च पुरुषश्चैव अन्यादृक्षाच्च चेतसः।
समितासमिवृक्षाच्च प्रतिदृक्षाच्च वै गणः।।128।।
मरुतिद्सरतश्चैव तथा देवो दिशोऽपरः।
यजुश्चैवानुदृक्सामस्तथान्यो मानुषीविशः।
दैत्यादेवाः समाख्याताः सप्तैवे सप्तका गणाः।।129।।(पुस्तकयोर्नास्ति)
एते ह्येकोनपंचाशन्मरुतो नामः स्मृतः।।130।।

।।वायुपुराणम् ; सप्तषष्टितमोऽध्याय।।

वायुपुराण में उनचास मरुत् वायु के नाम के साथ सप्त वायु स्कन्धों की विस्तृत व्याख्या है। ये ''वायु स्कन्ध–आवह, प्रवह, उद्वह, सुवह, विवह, पराहत एवं परिवह'' हैं। इनका उल्लेख बृहन्नारदीय महापुराण में भी मिलता है।

उधर वायुदेवता ने स्पष्ट किया कि ''प्राण की गति से विस्तार को प्राणायाम कहते हैं। वह तीन प्रकार–उत्तम, मध्यम एवं मन्द होता है। प्राण की गति निरोध प्राणायाम है।''

प्राणायामगतिश्चापि प्राणस्याऽऽयाम उच्यते।
स चापि त्रिविधः प्रोक्तो मन्दो मध्योत्तमस्तथा।।78।।
प्राणानां च निरोधस्तु स प्राणायामसंज्ञितः।।79।।

।।वायुपुराणम् ; दशमोऽध्यायः।।ऊँ।।

वायु अर्चना के दिव्य ब्रह्मक्षेत्र

जम्बूद्वीप में प्राणवायु के अधिष्ठाता वायु देवता के अधिकांश प्राचीनतम दिव्य देवालय विस्मृति के गर्भ में हैं। यद्यपि जम्बूद्वीप के त्रिविष्टप (महाचीन, तिब्बत), नीलकण्ठ देश (नेपाल), चम्पादेश (वियतनाम), कम्बदेश (कम्बोडिया), स्याम, मलाया, जावा, स्वर्णद्वीप, सिंहलद्वीप, भारतवर्ष, पारस, इन्दुद्वीप, इन्द्रद्वीप आदि के कुछ प्राचीन देवालयों में कहीं–कहीं पँच महाभूतों में द्वितीय वायु देवता की पाषाण प्रतिमा मिलती है।

यह अभूतपूर्व है कि नीलकण्ठ देश में प्रथम महाभूत आकाश के आकाश भैरव एवं वायु की भव्य प्रतिमायें हैं। नीलकण्ठ देश–नेपाल के ''गोकर्णेश्वर महादेव मन्दिर, काष्ठमण्डप अर्थात् काठमाण्डू में वायुदेवता की भव्यप्रतिमा है।'' गोकर्णेश्वर के वायु देवता की पूजा–अर्चना भी नियमित होती है। बाली में वात (वायु) देवता का देवालय है।

वायु तत्त्व–वायु लिंग : कालहस्तीश्वर

आन्ध्रप्रदेश में तिरुपति से मात्र 36 किलोमीटर पर वायु तत्त्व को समर्पित भव्यतम ''कालहस्तीश्वर'' मन्दिर है। यह स्वर्णमुखी नदी के समीप है। इसे ''दक्षिण का कैलास'' माना जाता है। देवगाथाओं के अनुसार त्रेता युग में (महाभारत काल) पाण्डवों ने कालहस्तीश्वर वायु लिंग की विधि विधान से पूजा की। कालहस्तीश्वर वायु लिंग को स्वयम्भू बताया जाता है।

पुरागाथाओं में उल्लेख है कि प्राचीन काल में ''कालहस्तीश्वर वायु लिंग कर्पूर'' का रहा। दक्षिण का कैलास कपूर की सुगन्ध से महकता रहा।

प्रकारान्तर में कालहस्तीश्वर वायु लिंग ''श्वेताकार'' का हुआ। पुरागाथाओं के अनुसार पौराणिक काल में ''कालहस्तीश्वर वायु लिंग का स्पर्श पूजा–अर्चना– स्तुति–यज्ञ के समय भी नहीं किया जाता रहा।''

वर्तमान देवालय दक्कन द्रविड स्थापत्य शैली का है। प्राचीन देवालय का प्रथम जीर्णोद्धार पाँचवी शती में किया गया। ग्यारहवी शताब्दी में बाह्य मन्दिर को नवरूपाकार दिया गया। पन्द्रहवीं शती में विजयनगर के राजा कृष्णदेवराय ने मन्दिर के स्थापत्य एवं मूर्तिकला को ओर समृद्ध किया। इसका गोपुरम 150 फीट ऊँचा होने से दूर से आकर्षित करता रहा। सन 2010 में इस गोपुरम को भारी क्षति का सामना करना पड़ा। वर्तमान में भी इसका निर्माण जारी है। देशभर से वायु सम्बन्धित ग्रहों (शनि, राहु) (कालसर्पयोग) की शान्ति के लिए सर्वोत्तम कालहस्तीश्वर वायु लिंग है। मन्दिर समारोह में मूल वायु लिंग की प्रतिकृति की ही शोभायात्रा निकलती है।

वायुदेव स्थापित रुद्र मन्दिर, नैमिषारण्य

जम्बूद्वीप का प्रथम तीर्थ नैमिषारण्य है। देव गाथा अनुसार परम ऋषि शौनक की आराधना से प्रसन्न होकर विष्णु भगवान ने उन्हें चक्र दिया और कहा कि इसे चलाते चले जाओ। जहाँ इस ''चक्र की नेमि (परिधि) गिर जाय, उसी स्थल को पृथिवी पर सबसे पवित्र मानना।'' वहीं आश्रम स्थापित कर ज्ञानसत्र करना। ''परम ऋषि के साथ अठ्ठासी सहस्र ऋषि रहे।'' वे उस चक्र के साथ समूचे जम्बूद्वीप में घूमने लगे। ''दिव्य गोमती महानद के किनारे सघन वन में विष्णुजी के दिव्य चक्र की नेमि गिर गयी और वह विष्णु जी का चक्र भूदेवी में समा गया।'' चक्र की नेमि गिरने से इस पवित्र वन का क्षेत्र ''नेमिष'' कहा गया। इसी से इसका ''नैमिषारण्य'' नामकरण हुआ।

देवगाथाओं में उल्लेख आता है : ''वायुदेवता ने सृष्टि कल्याण के लिए नैमिषारण्य में महादेव रुद्र का मन्दिर स्थापित कर उपासना की।'' इसमें आराधना से वायु देवता कृपा करते हैं।

श्री विरुथाम्बिगाई समेधा वाज्हवंथा वायु लिंगेश्वर

श्री विरुथाम्बिगाई समेधा वाज्हवंथा (वाझा वंथा) वायुलिंगेश्वर मन्दिर तमिलनाडु के अवडी, पुरुथीपट्ट में है। इस वायु लिंगेश्वर मन्दिर का स्थापत्य, मूर्तिकला चुम्बकीय आकर्षण रखता है।

वायुलिंगम, तिरुवन्नामलाई

अन्नामलाईयार, तिरुवन्नामलाई, तमिलनाडु में गिरिवलम मार्ग पर वायु लिंगेश्वर मन्दिर है। यह अरुणाचलेश्वर मन्दिर से 5.4 किलामीटर पर स्थित है। यह स्मरण रहे कि अरुणाचलम दिव्य अष्ट लिंगों के घेरे में है। इन अष्ट

लिंगों में दक्षिण में यम, पश्चिम में वरुण, उत्तर में कुबेर, पूर्व में इन्द्र, दक्षिण पूर्व में अग्नि, दक्षिण पश्चिम में निरुथी (निर्ऋति), उत्तर पश्चिम में वायु, उत्तर पूर्व में असन्या को समर्पित रुद्रलिंग स्थापित हैं।

"उत्तर पश्चिम कोण में स्थापित वायु लिंगेश्वर" की उपासना से वायु के ग्रहों के प्रकोप से मुक्ति मिलती है। यहाँ वायु देवता को समर्पित लिंग की चमत्कारिक देवगाथाएँ हैं। सूर्य सिद्धान्त के अनुसार वायु का प्रमुख ग्रह शनि, राहु, केतु हैं। वायु लिंग की चन्द्र राशि कर्क है।

वायुलिंगेश्वर, तिरुवल्लूर

देवगाथाओं– आर्षग्रन्थों के अनुसार साक्षात वायु देवता ने वायु लिंगेश्वर की स्थापना तिरुवल्लूर में की। वायु देवताने यहाँ वैदिक देवों के शास्ता रुद्रशिव की आराधना की। वायुलिंगेश्वर में अर्चना से असाध्य रोग उपचार एवं असम्भव कार्य सम्भव होते हैं।

शोबनेश्वर मन्दिर, निलाली, ओडीशा

पूरब के सिंहद्वार ओडीशा के निलाली शोबनेश्वर मन्दिर में वायु अर्चना होती रही है।

वायु स्तुति : उडूपी, कर्नाटक

कर्नाटक के उडूपी के श्री कृष्ण मन्दिर में "वायु स्तुति" की प्राचीन समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा है।

वायु देवालय : बोरावली, मुम्बई

महादेवी मुम्बा वाले मुम्बई के बोरावली में वायु देवता मन्दिर है। इसमें सनातन विधि विधान से अनुष्ठान होता रहा है एवं हो रहा है।

वायु, वरुण प्रतिमा : रायसेन

रायसेन के आशापुरी में वैदिक देवों के सम्राट वरुण एवं जगत् के विभु वायु देवता की स्तम्भ पर चिताकर्षक उकेरी प्रतिमायें हैं।

उत्तर पूर्व : वायु देवता

ऋषियुग के दो परम ऋषियों दुर्वासा एवं परशुराम को उत्तर पूर्व के राज्यों में सर्वशक्तिमान वैदिक देवता वायु की उपासना का श्रेय जाता है। परन्तु, अरुणाचल प्रदेश एवं असम में वायु देव मन्दिर विलुप्त ही हैं।

वायु स्तुति : ब्रह्मपुराण

भवान् प्राणो वायु सत्यं त्वयि स्थितम्।

वायु स्तुति : महाभारत, शान्तिपर्व

न हि वायोर्बलेनास्ति भूतं तुल्यबलं क्वचित।।

वायु देवता परिवार

वेदानुसार	:	त्वष्टा के जामाता
पत्नी	:	स्वस्ति अथवा भारती, अंजना (वायुपुराण)
संतान	:	हनुमान, भीम

सूर्य सिद्धान्त में वायु सम्बन्धित ग्रह

शनि, राहु (केतु भी)।।ऊँ।।

स्वर : शुभाशुभ विचार
स्वरोदय विज्ञान

चन्द्रः स्त्री पुरुष सूर्यश्चन्द्रो गौरोऽसितो रविः।
चन्द्रनाडीप्रवाहेण सौम्यकार्याणि कारयेत्।।60।।
सूर्यनाडीप्रवाहेण रौद्रकर्माणि कारयेत।
सुषुम्नायाः प्रवाहेण भुक्तिमुक्तिफलानि च।।61।।

चन्द्रमा स्त्री, गौरवर्ण एवं सूर्य पुरुष, कृष्णवर्ण जानना और जब चन्द्रमा की नाड़ी का प्रवाह हो उस समय सौम्य कार्यों को करें।।60।।सूर्य नाड़ी के प्रवाह में रौद्र कर्मों को करावे और सुषम्ना प्रवाह में भोग एवं मुक्तिफल देनेवाले कार्यों को करें।।61।। (इडा–चन्द्र एवं पिंगला सूर्य)।।शिवस्वरोदय।।

आकाशगमन विद्या रहस्य : वायवीय धारणा

यद्भिन्नांजनपुंजसन्निभमिदं धूम्रावभासं परे,
तत्त्वंसत्त्वमयं यकारसहितं यत्रेश्वरोदेवता।
प्राणांस्तत्र विनीय पँचघटिकां चिन्तान्वितां धारयेत्।
एषाखेगमनं करोति यामिमांस्याद वायवीधारणा।।77।।
नाभिभ्रुवोर्मध्ये तु प्रादेशद्वयसम्मिते।
धारयेत् पंचघटिका वायुं सैवहिवायवी।। घेरण्ड संहिता।।

घुटे हुए अंजन एवं धुएं के समान कृष्ण वर्ण ''यकार'' बीज देवता ईश्वर है। यह ''वायु तत्त्व सत्त्व गुणमय'' है। योग से इसके उदय होने पर ''एकाग्र मन से कुम्भक कर दो घण्टे (पँचघटिका) तक प्राण को धारण करने से वायवीय धारणा होती है।'' इसके अभ्यास पर वायु से मृत्यु नहीं होती है।

और साधक को आकाश गमन प्राप्त होता है।।77।। नाभि एवं भ्रूमध्य में दो बालिश्त स्थान में, कुम्भक द्वारा पाँच घटिका वायु धारणा करने से समस्त विपत्तियाँ विनाश होती हैं।।घेरण्ड संहिता।।

वातक्रम कपालभाति : रोग निवारक

इडयापूरयेद् वायुं रेचयेत् पिंगला पुनः।
पिंगलापूरियत्वा पुनश्चन्द्रेण रेचयेत्।।56।।
पूरकं रेचकं कृव्वा वेगेन न तु चालयेत्।
एवमभ्यासयोगेन कफदोषं निवारयेत्।।57।।घेरण्ड संहिता।।

इडा में वायु भर कर पिंगला से रेचन करे एवं दाहिने स्वर से पूर्ण करके वाम स्वर (इडा) से रेचन करे। इन दोनों क्रियाओं के करने में शीघ्रता नहीं करे। इसका साधन करने से ''कफ नष्ट'' होता है। इसे वातक्रम कपालभाति कहते हैं।।56,57।।घेरण्ड संहिता।।2

वातसार : समस्त रोग निवारक

काकचन्चुवदास्येन पिबेद्वायुं शनैः शनैः।
चालयेदुदरं पश्चाद् वर्त्मना रेचयेच्छतेः।।15।।
वातसारं परं गोप्यं देहनिर्मल कारणम्।
सर्वरोगक्षयकरं देहानलविदर्धकम्।।16।।घेरण्ड संहिता।।

''कौवे की चोंच की तरह दोनों अधरों को बनाकर धीरे–धीरे वायु का पान करे।'' पूरी तरह पान करने पर उदर में परिचालित कर–कर पश्चात् रेचन करे। इसे ''वातसार'' कहते हैं। यह वातसार बहुत गोपनीय क्रिया है। वातसार क्रिया से देह निर्मल होती है। साथ ही वातसार क्रिया से समस्त रोग नष्ट होकर जठराग्नि तीव्र होती है।।15,16।।घेरण्ड संहिता।।

प्राणायामस्य विशेषलाभः : अष्ट सिद्धि

प्राणायामेन योगीन्द्रो लब्ध्वैश्वर्याष्टकानि वै।
पापपुण्योदधिं तीर्त्वा त्रैलोक्यचरतामियात्।।61।।शिव संहिता।।

योगवित प्राणायाम से आठों सिद्धि को प्राप्त करके पाप–पुण्य रूप समुद्र को पारकर त्रिलोकी में विचरण करता है। अष्ट ऐश्वर्य, अष्ट सिद्धियाँ–अणिमा, महिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकम्य, ईशिता, गरिमा एवं वशिता हैं।।61।।शिव संहिता।।

वायु, अग्नि बीज से ओंकार

यकारो वायुबीजं स्याद् रकारो वह्निबीजकम्।
तयोरभेद ओंकारश्चिदाकारः प्रकीर्तितः।।21।।

''य'' कार वायु बीज है और ''र'' अग्नि बीज है। दोनों का ऐक्य अथवा समरसता ही चिद्रूप ओंकर (ऊँ) कहा जाता है।।षष्ठ उपदेश–2; सिद्धसिद्धान्तपद्धति।।

''योग'' शब्द वाच्यार्थ

योगः सन्नहनोपायो ज्ञानसंगतियुक्तिषु।।22।।
लोके निकृष्टं सततं यं वा यं वा प्रकुर्वते।
तं वा तं वा वर्जयन्ति लोका ज्ञानबलेन तु।।23।।
।।पँचम उपदेश, सिद्धसिद्धान्तपद्धति।।

लोक में ''अनित्यफलप्रद दो वस्तुओं का मिलाना ही योग'' कहा जाता है। यह इस शब्द का गौण अर्थ है। इसका मुख्य अर्थ – ''सत्संगति, प्रमाण एवं युक्तियों द्वारा प्राप्त होनेवाले मोक्षदायक ज्ञान के साधन का उपाय है''।।22।। ज्ञानी जन इस ''योग'' शब्द का लोकव्यह्वत् पूर्वोक्त निकृष्ट अर्थ ग्रहण नहीं कर, इस अनित्य एवं अनिष्ट फलदायक गौण अर्थ के स्थान पर पूर्वोक्त मुख्य अर्थ ही ग्रहण करते हैं।।23।। पँचम उपदेश, सिद्धसिद्धान्तपद्धति।।

प्राणयाम लक्षण

प्राणायाम इति प्राण स्थिरता। रेचकपूरककुम्भक संघट्टकरणानि चत्वारि प्राणायामलक्षणानि।।35।।
द्वितीय उपदेश,सिद्धसिद्धान्तपद्धति।।

शरीर की नाड़ियों में वायु–प्राण के प्रवाह को स्थिर करने की प्रक्रिया प्राणायाम है। रेचक, पूरक, कुम्भक एवं संघट्टन (मेलन)–ये चार भेद ही प्राणयाम के लक्षण हैं।।35।। सिद्धसिद्धान्तपद्धति।।ऊँ।।

व्रत वृत्तान्त
वायुव्रत–मरुद्व्रत–पवनव्रत
वायव्यकृच्छ्रव्रत

पँच महाभूतों में द्वितीय वायु तत्त्व की आराधना को सर्वोपरि स्वीकारा गया है। वैदिक विज्ञान में परमव्योम एवं असंख्य ब्रह्माण्डों में वैदिक वायु देवता की महावायु का साम्राज्य है। उस दिव्य महावायु का एक सूक्ष्मांश

हमारी वायु अथवा प्राणवायु है। वायु को जगत् का विभु एवं प्राण कहा गया है।

वेद के अनुसार वायु देव को साधने से अर्थात् वायुविद्या से उम्र को, आयु को मनवांछित विस्तार दिया जा सकता है। यह अवैदिक विचार है कि भगवान द्वारा जगत् में मनुष्य की आयु निश्चित की गई है। इसी वायुविद्या का अंग वायुव्रत, मरुद्व्रत, पवनव्रत, वायव्यकृच्छ्रव्रत, पवनक्तव्रत, वायुदान, वायु तीर्थ आदि है।

हेमाद्रि–चतुवर्गचिन्तामणि, विष्णुधर्मोत्तर पुराण, कृत्यकल्पतरु, ब्रह्माण्ड पुराण, धर्म शास्त्र का इतिहास, दानसागर, अद्भुत सागर, भविष्य पुराण, अग्नि पुराण, वराह पुराण, आदि में "वायुव्रत से परमोच्च पद प्राप्ति" का उल्लेख है। वायुव्रत में वायु देवता की स्तुति ऋग्वेद के दो पूर्ण सूक्तों, तैत्तिरीयोपनिषद् एवं छान्दोग्योपनिषद् के नमस्ते वायु मन्त्र, वायु गायत्री, अथर्ववेद की प्राण स्तुति, वायु देव के सिद्ध मन्त्रों के जप, वायु देव के पूजन, वायु मन्दिरों के दर्शन, उनचास मरुद्गणों की स्तुति, वायु के सात स्कन्धों की कथा श्रवण, वायुपुर गाथा वाचन, वायु देव को सोम अर्पण आदि महत्वपूर्ण है। वायु देव को समर्पित यज्ञ आयोजन बहुत ही गोपनीय किया जाता है। वायु देव यज्ञ की सामग्री एवं समिधा वरुण यज्ञ की तरह आम यज्ञ से अलग होती है। वायु देव के वृक्ष की पूजा भी लाभकारी रहती है। वैदिक देवों के "सम्राट वरुण का वृक्ष कल्पतरु" है। वायु देव वृक्ष नहीं मिलने पर कल्पतरु, मन्दार, हरिचन्दन, पारिजात, सन्तानः (पँच दिव्य वृक्ष) के द्वारा वायु देव वृक्ष की प्रतीकात्मक पूजा अर्चना की जा सकती है। यह शोध का विषय है कि सन्तानः एवं वायु देव वृक्ष कहाँ उपलब्ध है? वायु देव के दिव्य वृक्ष का वैदिक नाम क्या है ?

"वायु व्रत ज्येष्ठ शुक्ल 14 को प्रारभ होता है" (ज्येष्ठ में ग्रीष्म ऋतु चरम पर होती है।)। ज्येष्ठ शुक्ल 14 के दिन उपवास रखकर वायु देव की आराधना में लीन होना चाहिये। यह वायुव्रत एक वर्ष तक करना होता है। वायु व्रत में दो वस्त्रों का दान देते हैं।।" हेमाद्रि व्रत खण्ड–2.152।। विष्णुधर्मोत्तर पुराण 3.185.1–3।। धर्मशास्त्र का इतिहास, चतुर्थ भाग, व्रत।।

हेमाद्रि में भविष्य पुराणानुसार "पवनक्तव्रत" का विवरण है। पवनक्तव्रत प्रत्येक मास की 15वीं तिथि पर "नक्त विधि" का प्रयोग कर किया जाता है। यह प्रकीर्णक व्रत है।पवनक्त व्रत के देवता महारुद्र शिव हैं। वर्ष भर में पवनक्तव्रत सम्पूर्ण होने पर जगत्–ब्रह्माण्ड के स्वामी प्रसन्न हो की भावना से शिव भक्तों को भोजन कराने का विधान है (वायुलिंगम प्रकरण)।

इस पवित्र व्रत के प्रताप से मनुष्य योनि में पुनः जन्म नहीं लेना पड़ता है और रुद्रलोक–सत्यलोक–परमेष्ठीलोक–शिवलोक की प्राप्ति होती है।

मार्कण्डेय उवाच।

शुक्लपक्षे चतुर्दश्यं! ज्यैष्टारभ्य यादव।
वायुं संपूजयेहेवं सोपवासो जितेन्द्रियः।।
गन्धमाल्यनमस्कारदीपधूपान्नसम्पदा।
सम्वत्सरान्ते दातव्यं वस्त्रयुग्मं द्विजातये।
क्वत्वा व्रतं वत्सरमेतदिष्टमासाद्य लोकं सुविरं मनुष्यः।
सुखनि भुक्ता सुत्तिरं महीपो मानुष्यमासाद्यभवत्पुरोगः।।
।।इति विष्णुधर्मोक्तं वायुव्रतं।।

पवनक्तवर्त

योऽब्दमेकं प्रकुर्व्वीत नक्तं पर्व्वणि पर्व्वणि।
पर्व्व पंचदशौ।
ब्रह्मचारी जितक्रोधः शिवार्चनरतः सदा।
वत्सरान्ते च विप्रेन्द्र शिवभक्तान समाहितान्।।
भोजयित्वा ततो ब्रूयात् प्रीयतां भगवान प्रभुः।
एवं विधिसमायुक्तः शिवलोकंच गच्छति।
न च मानुषतां लोके अध्रुवां प्राप्नुते नरः।।
।।इति भविष्यत्पुराणोक्तं पर्वनक्तव्रतं।।
।।धर्म शास्त्र का इतिहास, चतुर्थ खण्ड।।

मरुद्व्रत

मरुद्व्रत स्वर्ग की प्राप्ति, विद्या, अध्यात्मिक ऐश्वर्य, धन, स्वास्थ्य, संतान आदि की प्राप्ति के लिये किया जाता है। मरुद्व्रत का उल्लेख हेमाद्रि व्रत खण्ड प्रथम में है। यह व्रत चैत्र शुक्ल 7 पर किया जाता है, सप्तमी पर ही ऋतुओं कीपूजा की जाती है। इसमें षष्ठीपर उपवास किया जाता है।

मरुद् व्रत करनेवाले को सात पंक्तियाँ बनानी होती है। प्रत्येक पंक्ति में सप्त मण्डल होते हैं। इस तरह कुल उनचास होते हैं (यजुर्वेद में 49 मरुत् गणों का विवरण है। वायु पुराण में 49 मरुत् उत्पत्ति गाथा है।)। इनको चन्दन से लेपित किया जाता है। प्रत्येक पंक्ति में ''एक ज्योतिः'' से ''सप्तज्योतिः'' तक के सात नाम लिखे जाते हैं। प्रत्येक पंक्ति में विभिन्न नाम होते हैं। इन पर 49 दीप जलाये जाते हैं। इस व्रत को करनेवाले को वर्षभर घी का होम एवं ब्रह्मभोज करवाना होता है। वर्ष के अन्त में भोजन, दक्षिणा

एवं गोदान का विधान है।।हेमाद्रि व्रत खण्ड एक ; विष्णु धर्मोत्तर पुराण 3.166. 1–22।। धर्मशास्त्र का इतिहास, चतुर्थ भाग।।

ऋग्वेद के पँचम मण्डल के बावनवें सूक्त में इन सप्त वीरों (सप्त मरुद्) का वर्णन बहुत ही सुन्दर है। तैत्तिरीय संहिता (2.2.11.1) में ''सप्तगणा व मरुत'' लिखा है।

सप्त में सप्त शाकिन एकमेका शता ददुः।
यमुनायामधि श्रुतमुद् राधो गव्ये मजे नि राधो अश्व्यं भृजे।।17।।
।।ऋग्वेद 5.53.17।।

वायव्यकृच्छ्र व्रत : प्रायश्चित कर्म

प्रायश्चित व्रतों में वायव्यकृच्छ्र व्रत आता है। इसमें एक माह तक प्रतिदिन केवल एक पसर (हथेली भर) भोजन किया जाता (धर्मशास्त्र का इतिहास तृतीय भाग) (विष्णुधर्मोत्तर पुराण, अग्नि पुराण)।

भीषण शीत–भीषण गर्मी : पवन व्रत

पवन व्रत षष्ठिव्रतों में से एक है। इस पवन व्रत करने से एक कल्प के लिये स्वर्ग लाभ होता है। स्वर्ग समयावधि पूर्ण होने पर भूलोक पर राजा का पद मिलता है। यह शीतकाल में माघ माह की अष्टमी को किया जाता है। पवन व्रत में पूरे दिन गीला वस्त्र धारण कर उपवास करना होता है। इस व्रत के समापन पर गोदान का विधान है।। (कृत्यकल्पतरु ; धर्मशास्त्र का इतिहास)।। यह स्मरण रहे कि माघ अति शीत का माह है। वायु देवता के व्रतों के अनुशीलन से स्पष्ट है कि जहाँ वायु व्रत प्रचण्ड गर्मी के ज्येष्ठ माह में आता है, वहीं पवन व्रत अत्यन्त सर्दीवाले माघ मास में आता है। दोनों में व्रत के नियम, विधि विधान बहुत चुनौतीपूर्ण हैं। उनचास मरुत् व्रत का विधि विधान भी बेहद कठिन है।

मरुद् दान का अभूतपूर्व विधान

वैदिक काल से अध्यात्मिक ज्ञान,तप, साधना, यज्ञ, उपासना एवं दान की समृद्ध परम्परा चली आ रही है। ऋग्वेद में अनेक प्रकार के दानों का प्रशस्ति गान मिला है।। ऋग्वेद 1.125 ; 1.126.1,5 ; 5.61 ; 6.47.22–25 ; 7. 18.22–25 ; 8.5.37–39 ; 8.6.46–48 ; 8.46.21–24 ; 8.68.14–19 ; 10.107. 2,7।। वैदिक काल में ज्ञानदान, ओषधिदान, भूमिदान, गोदान, अन्नदान, पर्वत दान आदि की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा रही। ऋग्वेद के अनुसार रुद्र रूपी चिकित्सक, वैद्य रोगी का निःशुल्क उपचार करे और निःशुल्क ओषधि प्रदान करे। रोगी देखने एवं ओषधि का कोई शुल्क लेना निषेध किया गया। गुरुकुलों में धनी–निर्धन दोनों वर्गों के विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती

रही। लोक स्वामित्व की परिकल्पना से आमजन स्वयं स्वेच्छा से विद्या एवं उपचार दोनों निःशुल्क बनाये था। यह विद्यादान, ओषधिदान की सांस्कृतिक परम्पराअट्ठारहवीं शती तक निरन्तर जारी रही। यह स्मरण रहे कि विश्वविख्यात तक्षशिला विश्वविद्यालय तक में ज्ञानदान की गंगा बह रही थी (ईसा पूर्व तीसरी शती)। विश्व के किसी भी देश में विद्यादान, चिकित्सा ओषधिदान, भूमिदान की परम्परा नहीं मिलती है।

छान्दोग्योपनिषद् के अनुसार जानश्रुति पौत्रायण ने लोक भोजनशालाओं का निर्माण करवाया। जिनमें कोई भी आकर निःशुल्क भोजन कर सकता था (4.1–2)। वैदिक परम्परा में शास्त्र द्वारा उचित माने गये व्यक्ति के लिये शास्त्रानुमोदित विधि से प्रदत्त धन को दान कहा जाता है। जब किसी उचित व्यक्ति को केवल अपना कर्तव्य समझकर कुछ दिया जाता है तो वह ''धर्मदान'' कहा जाता है।

बृहदारण्यकोपनिषद् के अनुसार तीन विशिष्ट गुण–''दम, दान एवं दया हैं।'' मूलतः दान अदृष्ट अध्यात्मिक पुण्य के लिये दिया जाता रहा एवं दिया जा रहा है। ऋग्वेद में इसकी पुष्टि करते हुए कहता है कि यज्ञ कर्मों–दान कर्मों से पुण्य उत्पन्न होता है।।10.14.8।। दान के छह अंग–दाता, प्रतिग्रहीता, श्रद्धा, धर्मयुक्त देय, उचित काल एवं उचित स्थान वर्णित है। दान के नित्य, नैमित्तिक एवं काम्य प्रकार हैं। ''पुराणों में सोलह महादानों'' का वर्णन मिलता है। उन महादानों में हिरण्यगर्भ, ब्रह्माण्ड, कल्पवृक्ष आदि बहुत अद्भुत हैं (वल्लालसेन देव कृत दानसागर देखें)।

वैसे ''महर्षि जैमिनी आदि ने अदेय पदार्थों को दान नहींदेने की व्यवस्था दी है। यही नहीं दान का काल भी निर्धारित किया गया है।''

इन महादानों में ब्रह्माण्ड पुराण और वायु पुराण में मरुद्दान का वर्णन चकित करता है। इसका हेमाद्रि के दान खण्ड में भी उल्लेख है। ब्रह्माण्ड पुराण में मरुद्दान को सभी पाप प्रणाशनं एवं वायु पुराण में मरुद् दान को सर्वकामना पूर्ण करनेवाला, देवत्व की प्राप्ति करवानेवाला बताया है।

मरुद्दान

अथातः संप्रवक्ष्यामि श्रृणध्वं मुनिसप्तमाः।
मरुद्दानमिति प्रोज्ञं सर्व्वपापप्रणाशनं।।
पुरा देवयुगे देवी ब्रह्मा लोकपितामहः।
ऋषिणा नारदेनेदं पृष्टः प्रोवाच नारदं।।
श्रृणु नारद भद्रन्ते दानं सर्व्वफलप्रदं।
यद्यत् कामयते दाता ततत् फलमुपात्र ते।।

पुण्यकालेषु सर्व्वेषु जन्मर्क्षेषु विशेषतः।
पुण्यदेशेषु सव्वेषु गृहे या दानमाचरेत्।।
देवा एकोनपंचाशत् देवेन्द्रसमतेजसः।
भ्रातरः पुरुहूतस्य मरुतः सूर्य्यवर्च्चसः।।
किरीट हार केयर कटकादिविभूषिताः।
खंगचर्न्मधरा नित्यं शक्रस्यानुचराः सदा।
तेषां तु प्रतिरूपाणि जातरूपेण कारयेत्।
तेषां दानानि तत् सर्व्वं विप्रेणैव समाचरेत्।।
शुचौ देशे समां भूमिं लिप्य गोमयवारिणा।
दक्षिणोत्तरतोविद्याल्लेखाः षट् तत्र ताः समाः।।
प्रागेकादशलेखाः स्युः पँचाशत्कोष्ठमुच्यते।
चतुरस्राः समाः सर्व्वे हस्तत्रितयसन्भिताः।।
कोठे मध्यमवीध्यां वै षष्ठे चोत्तरतः स्थितं।
इन्द्रमासनमित्युक्तमितरे मरुतस्तथा।।
कोष्ठेय सर्व्वेषु सरोरुहाणि कृत्वा सितै स्तुण्डुल मण्डलैय।
पद्मानि देवासनमारभेत संस्थापयेत्तेषु यथाक्रमेण।।
अत्र दक्षिणोत्तरतो रेखाषट्कमालिख्य पूर्व्वपश्चि
मायताभिरेकादशरेखाभिः पंचाशतकोष्ठनिष्पत्तिः
स्यात् तत्र मध्यमवीध्यां, उत्तरतः षष्ठे कोष्ठके इन्द्रासनं उत्तरे
अवशिष्टकोष्ठकाः, मरुतामासनं मरुन्नामानि तु।।
।।ब्रह्माण्ड पुराण।।हेमाद्रि दानखण्ड।।

मरुत् दान विधि

ततस्तेषान्तु नामानि मातापित्रोः प्रचक्रतुः।
तद्विधैः कर्प्मभिखैव मरुतान्तो पृथक् प्रथक्।।
शुक्रज्योतिस्थादित्यः चित्रज्योतिस्तथापरः।
सत्यज्योतिचं ज्योतष्मान् सत्यहा ऋतपास्तथा।
प्रथममोयं गणः प्रोक्तो द्वितीयन्तु निबोधत।
ऋतजित्सत्यजिच्चैव सुषैणः सेनजित्तथा।
अन्तिमित्रोह्यमित्रय दूरेमित्रस्तथा परः।
गण एष तृतीयस्तु तृतीयोयन्निबोधतः।।
ऋतः सत्यो ध्रुवोधर्त्ता विधर्त्ताय विधारय।
धरुणश्च तृतीयस्तु चतुर्थं मे निबोधत।।
ध्वान्तव धुनितश्चैव सभरश्च तथा गणः।

ईदृक्षासः पुरुषश्चैव अन्यादृक्षास एतनः।
संमिताः समदृक्षासः प्रतिदृक्षास वै गणः।
मरुतेन्द्रः सभरसः तथादेवविशोपरः।।
यज्ञश्वैवानुवर्त्मानस्तथान्योमानुषीविशः।
दैत्यादेवाः समाख्याताः सप्तैते सप्तका गणाः।।
एतेह्येकोनपंचाशप्मरुतोनामतः स्मृता इति।
प्रागादिपूर्व्वोत्तरमच चैव सर्व्वाणि कृत्यानि च कारियत्वा।
वस्त्रैरथावेष्ट्य कुशोदकैश्च संप्रोक्ष्य तल्लिंगयुतैर्युजुर्भिः।।
मध्ये महेन्द्रस्विगुणेन हेन्त्रा वज्जायुधः शक्तिधरः किरीटी।
हारादिकेयरविभूतांगो देवाधिपोलोकपतिः प्रशान्तः।।
कार्य्य इति अध्याहार्य्यं अभ्यंर्चा देवान् मरुतंच
पूर्व्व मनन्तरं विप्रवरांस्तथैव।
प्रत्येकमिव प्रददेत्तु तेषां प्रदक्षिणंचोत्तरपूर्व्वमेव।।
प्राप्ते शुभे पुण्यकाले थ दाता स्नात्वा ततस्तिलमिश्वैः कुशोदैः।
प्रदक्षिणं पुष्पगृहीतहस्तः कृत्वा तु विप्रेणसहैव सर्व्वान्।।
प्रणम्य पुष्पांजलिनां च सर्व्वं प्रदापयेद्देवगणं क्रमेण।
प्रत्येकमेवं द्विजपुंगवानां प्रणम्य मन्त्रं समुदाहरेहै।।
वृणोति देवं मरुतान्तथैकं मयि प्रभो देव कुरु प्रसादं।
तव प्रसादादघनाशनं मे सौवर्ण रूपास्तु सदा मरेशाः।।
इत्येवमुक्ता मरुतः प्रदाय ततोमहेन्द्रं प्रददेच्च देवं।
यः कारयेद्वि प्रवरस्तु तस्मै स्वस्तोति विप्राय पुराभिवाय।
ततः संपूज्यं गुरवे दक्षिणांच यथोचितान्
स्वस्तिवाचकविप्राणां दक्षिणांच यथार्हतः।।
त्रैलोक्यराजोजगतामधीशो देवाधिपोदैत्यगणाभिन्ता।
श्रेयांसि मह्यं प्रददातु देवो देवाग्रजोवज्रधरः प्रशान्तः।।
इत्युच्चार्य्य ततोदघाद्देवं वज्रधरं हरिं।
पूजायामपि शक्तस्य मन्त्र एष प्रकीर्त्तितः।।
य एवं कुरुते दानं मरुताम्विपूर्व्वकं।।
स सर्व्वकामसंपन्नो देववाद्दिवि मोदते।।
यथोक्तं ब्रह्मणा वेदं नारदाय सुरर्षये।
तथा मयापि वः सर्व्वं प्रोक्तं वै मुनिसत्तमाः।।
इति मरुद्दानविधि।।वायु पुराणात्।।हेमाद्रि, दानखण्ड अध्याय11।।

यह मरुत् दान मरुत्–वायु देव के मन्त्र, स्तोत्र, स्तुति आदि के साथ सम्पन्न किया जाता है। वायु देवता अर्थात् उन्चास मरुतों की आराधना का अनुष्ठान भी होता है। वायु पुराण कृत मरुत् दान में स्पष्ट रूप से ''वायु बीज यं'' का उल्लेख मिलता है। इससे मरुत् देव की वायु देव स्वरूप में पूजा की पुष्टि होती है। ऋग्वेद में इन्द्र एवं वायु के सानिध्य के अनुरूप इन्द्र और मरुद् गण के सानिध्य का भी उल्लेख मिलता है। यही मरुद्दान विधि में है। मरुद्दान को सर्वार्थ सिद्धि करनेवाला बताया गया है।।ऊँ।।

जम्बूद्वीप

वायु तीर्थम्

यह अभूतपूर्व है कि वायु तीर्थ में मृतक का श्राद्ध करने से मुक्ति होती है। देशभर में वायव्य कोण में वायु तीर्थ स्थापित हैं।

देवगाथा के अनुसार भगीरथ की भीषणतम तपस्या से महारुद्र शिव प्रसन्न हुए। देवभूमि उत्तराखण्ड में गंगोत्री के समीप बिन्दुसार में महारुद्र की जटा पर देवलोक से देवनदी गंगा प्रवाहित हुई। देव नदी गंगा ब्रह्माण्डों की परिधि के मध्य का दिव्य अपः है। इन्द्र देवता भू–आकाश हिमालय के पर्वतों को काटकर गंगा को हरिद्वार के मैदानों तक लाये।

यह पुनः उल्लेख कर रहे हैं कि वायु देवता ने तीर्थराज प्रयाग में देव नदी गंगा की आराधना का विचार किया। देव नदी गंगा प्रयाग के वायव्य कोण में स्थिर होकर वायु देव की अर्चना में लीन हो गई। अर्थात् भगीरथ गंगा के स्थिर होने से चिन्तित हुए। उन्होंने गंगा से प्रवाहित होने की प्रार्थना की। जिससे कपिल मुनि के आश्रम तक जाकर उसका मनोरथ पूरा हो। वायु देव द्वारा गंगाराधना को ध्यान में रखकर भगीरथ ने वायु देवता की अर्चना की और गंगा का प्रवाह नहीं रोकने की प्रार्थना की। प्रार्थना से प्रसन्न होकर सर्वकल्याणकारी वायु देवता ने देव नदी गंगा को प्रवाहित होने को कहा। इस प्रकार उत्तर पश्चिम वायव्य कोण में जहाँ गंगा की वायु देवता ने आराधना की, वह वायु तीर्थ कहलाया।

यह स्मरण रहे कि शरीर में दश वायु (यजुर्वेद, योग याज्ञवल्क्य) रहती हैं। इनमें दशवीं धनंजय वायु है। धनंजय वायु मृत्यु के उपरान्त घण्टों शरीर में रहती है। इसकी गति मनोजुव है अर्थात् मन की गति से चलती है और प्रकाश की गति से भी तीव्र है। यह नाद, घोष करती है एवं शरीर की

शोभा है (आभा) है। कर्म काण्ड, अन्त्येष्टि अनुष्ठान आदि के अनुसार धनंजय ही देह से सूक्ष्म शरीर को लेकर आकाश में यमलोक जाती है। गंगा भी मृतक को आकाश लोक ले जाती है।

वायु देवता द्वारा गंगा अर्चना स्थल में गंगा सदैव उपस्थित रहती है। यहाँ श्राद्ध करना मुक्ति प्रदाता बताया गया है। वैसे भी प्रयागराज में तीन देव नदियाँ–सूर्यतनया यमुना, ब्रह्माजी से सम्बद्ध सरस्वती एवं महादेव की जटा से निकली गंगा का संगम है। तीनों का उद्गम सूर्य क्षेत्र चार धाम है। चतुर्युगों से पूर्व सम्पन्न समुद्र मंथन के बाद निकले अमृत की बूँद प्रयागराज में भी गिरी। इस तरह वायु तीर्थ त्रिविध तापों से भी छुटकारा दिलवाने वाला है।

वराह पुराण (126.75) (कुब्जाक्रम के अन्तर्गत) (धर्मशास्त्र का इतिहास, तीर्थ सूची) में ''वायव्यतीर्थ'' का उल्लेख मिलता है।

लोक आस्थाओं में कुरुक्षेत्र के थानेसर के समीप भी वायव्यतीर्थ माना जाता है। योगीराज श्रीकृष्ण की मथुरा के विश्रान्ति घाट, बोधिनी घाट आदि को भी वायव्यतीर्थ की श्रेणी में माना जाता है।।ऊँ।।

वायु वृक्ष, वायु ह्रद रहस्यम्!

पँच महाभूत में द्वितीय भूत वायु देवता का वृक्ष एवं वायु ह्रद दोनों ही विस्मृति के गर्भ में हैं।

वरुणविद्या एवं सूर्यविद्या के अनुसार वैदिक देवों के सम्राट वरुण का वृक्ष कल्पतरु है। वहीं सूर्य देवता का वृक्ष रक्त मन्दार है (यद्यपि मन्दार के स्थान पर श्वेत अर्क–आंकड़ा को सूर्य का वृक्ष मानने का कथित प्रचलन है। शास्त्र की दृष्टि से श्वेत अर्क को सूर्य वृक्ष कहना गलत है।)। चौंकें नहीं! वरुण देवता का कल्पतरु अपने तने में 250 से 2.5 लाख लीटर तक जल संग्रह रखता है। मैडागास्कर में 5,000 वर्ष के 300 फीट से भी ऊँचे विराट् कल्पवृक्ष हैं। इससे सृष्टि की उत्पत्ति के साथ कल्पतरु होनें की अवधारणा सटीक प्रतीत होती है। पूरब के असम, बंगाल, ओडीशा में बड़े पैमाने पर मिलनेवाले मन्दार का पुष्प सूर्य सरीखा होता है। मन्दार का पुष्प फरवरी में आता है। यह पुनः लिख रहे हैं कि पाँच दिव्य वृक्ष–कल्पतरु, मन्दार, पारिजात, हरिचन्दन एवं सन्तानः हैं। यह शोध का विषय है कि सन्तानः दिव्यवृक्ष का वर्तमान नाम क्या है और कहाँ पाया जाता है ? धर्मज्ञ इस पर गहन मौन साधे हैं ?

वायु देवता के वृक्ष में वायुवत होने की विशेषता आवश्यक है। लोकगाथाओं में कर्पूर के वृक्ष को वायु वृक्ष कहा गया है। यद्यपि कर्पूर को वायु वृक्ष मानने के आगम एवं निगम में कोई प्रमाण नहीं मिलते हैं। पुराण; इतिहास–रामायण ; स्मृति ; संहिता एवं महाभारत भी वायु वृक्ष पर मौन हैं। लेकिन रुद्र की वैदिक स्तुति ''त्र्यंबकं यजामहे सुगंधिं पुष्टिवर्धनं उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्युर्मुक्षीय मामृतात।।'' है। वैदिक देवों के शास्ता रुद्र को सुगन्ध प्रिय है। वैदिक यज्ञ में सुगन्धित द्रव्य समर्पित किया जाता रहा एवं जाता है। ऋग्वेद और अथर्ववेद में वृक्ष और ओषध का कारू का खजाना लिखा है (देखें–वेद ओषधि कल्पतरु)। वैदिक मन्त्रद्रष्टा ऋषि रसज्ञ रहे। उपनिषद् में दिव्यगंधा और श्रीगंधा का अपना मायाजाल है। तन्त्र में गन्धों के तान्त्रिक प्रयोग की पोथियाँ हैं।

ऋग्वेदानुसार रुद्र वैद्यनाथ हैं। आगम में रुद्र को कर्पूर के समान कहा है : ''कर्पूर गौरम करुणावतारम संसारसारं भुजगेन्द्रहारम, सदा वसंतम हृदयारविन्दे भवम भवानी सहितं नमामि।।'' शास्ता रुद्र को कर्पूर सदृश के आधार पर ही सम्भतः कर्पूर को वायु देवता के वृक्ष कथित रूप से मानने को बल मिला। तार्किक दृष्टि से कर्पूर खुला छोड़ने पर हवा में मिल जाता है। वामन पुराण में लिखा है कि कर्पूर आराधक की इच्छा को परमेश्वर तक पहुँचाता है। अनुष्ठान में कर्पूर की अहम् भूमिका है। देवार्चना में कर्पूर जलाकर ही स्तुति, अर्चना, आरती करने का विधान है। कर्पूर के द्वारा आराधक अपना अहंकार जलाकर सम्पूर्ण शरणागति होता है।

अध्यात्म में कर्पूर तृतीय नेत्र को सक्रिय करने में उत्प्रेरक की भूमिका का निर्वहन करता बताया गया है। यह चक्र संतुलन में सहायता प्रदान करता है। कर्पूर को चिन्ता–तनाव कम करनेवाला, नकारात्मक शक्तियों को नष्ट करनेवाला, विपत्ति नाशक, वास्तुदोष समाप्तकर्ता, अध्यात्मिक शक्ति केन्द्र जाग्रतकर्ता, बुरी आत्माओं से छुटकारा दिलवानेवाला, भौतिक–दैविक–अध्यात्मिक ऐश्वर्य प्रदाता, समृद्धि लानेवाला, वायु शुद्ध करनेवाला, परमेश्वर तक अर्चना ले जानेवाला आदि कहा गया है। वैज्ञानिक रूप से कर्पूर जीवन वायु–आक्सीजन प्रदाता है। सूर्य सिद्धान्त–ज्योतिष में कर्पूर राहु, केतु के दुष्प्रभावों का नाशक माना गया है।

यह भी बहुत ही चकित करनेवाला है कि पुराकथाओं में कहीं वायु लिंग कर्पूर का होने का उल्लेख मिलता है। यह शोध का विषय है कि वायु लिंग किस काल में कर्पूर का रहा ?

जम्बूद्वीप के प्राचीन धर्मों–जैन, बौद्ध, शिन्टो, ताओ, पारसी, मिस्री, जरुथुस्ट्र, ग्रीक, इस्लाम, बहाई आदि में कर्पूर एवं कर्पूर वृक्ष पूजित रहा। पूरब के सिंहद्वार जापान में 1800 वर्षीय दिव्य कर्पूर वृक्ष के सामने शिन्टो धर्म अनुयायी श्रद्धा से खड़े होते हैं। यह मान्यता है कि दिव्य कर्पूर वृक्ष उनकी आराधना ऊपर तक ले जाता है। कर्पूर वृक्ष को रक्षक और सुख समृद्धि दायक माना गया है। चम्पादेश–वियतनाम, कम्बदेश–कम्बोडिया, मलेशिया, थाईलैण्ड, इण्डोनेशिया, कोरिया, म्यामार, श्रीलंका, बांगलादेश, तिब्बत, मंगोलिया आदि में कर्पूर वृक्षों का अपना महत्व है। भारतवर्ष में दक्कन के केरल की अगस्त्यमाला पर्वत कर्पूर वृक्षों का केन्द्र समझा जाता है। दक्षिण पश्चिमी घाट में कर्पूर वृक्ष छाये हैं।

कर्पूर वृक्ष को कपूर, चन्द्रसु, चन्दारा, कप्पारा, चुकांतमारम, धनारासम, हिमांशु आदि नामों से जाना जाता है। कर्पूर के शीतलता के गुण के आधार पर उसे चन्द्रसु नाम मिला। यह सबसे उल्लेखनीय है कि परम पावन कैलास यात्रा और हिमालय के दुर्गम पर्वतों की यात्रा में विशुद्ध कर्पूर (भीमसेनी कपूर) को एक थैली में दिया जाता है। उन्हें यह स्पष्ट निर्देश होता है कि श्वास लेने में समस्या होने (हवा में आक्सीजन की कमी होने) पर कर्पूर को सूंघे। कर्पूर आक्सीजन (प्राण वायु) की कमी दूर करता है।

वर्तमान में ''कर्पूर के 6 प्रकार–भीमसेनी कर्पूर, बरास् कर्पूर, पट्टी कर्पूर, चीनी कर्पूर, जापानी कर्पूर, वियतनामी कर्पूर आदि'' उपलब्ध हैं। आम तौर पर जैन मन्दिरों में ''बरास् कर्पूर'' महकता है। सनातन धर्म में पूजा अर्चना में कर्पूर जलाकर आरती करते हैं। कर्पूर वृक्ष के काष्ठ आसवन से कर्पूर का निर्माण किया जाता है। ओषधीय गुणों के कारण कर्पूर का सभी चिकित्सा पद्धत्तियों में प्रयोग किया जाता है।

यह स्वयं में प्रश्नचिन्ह है कि आक्सीजन–प्राण वायु की कमी को तत्क्षण पूर्ति करनेवाले कर्पूर वृक्ष को निगम एवं आगम में कहाँ वायु वृक्ष कहा गया है ? सम्भवतः कर्पूर का वैदिक नाम इतर है।

''पवनस्थ–ह्रद'' का विवरण भी अभी स्पष्ट नहीं है।।ऊँ।।

वैदिक शान्तियों की आकाशगंगा : वायु

वैदिक काल से शान्ति सूक्त प्रचलन में हैं। जिससे अशुभ प्रभाव दूर हो अथवा प्रतिकूल परिणामों का निवारण हो। ऋग्वेद एवं यजुर्वेद का शान्ति सूक्त और रक्षोहणम् सूक्त अद्‌भुत है।

ऋग्वेद में शान्ति सूक्त सम्पूर्ण है और शान्ति की अन्य ऋचाएँ भी हैं। इनमें आ नो भद्राः (ऋग्वेद 1.89.1—10); स्वस्ति न इन्द्रो (ऋग्वेद 1.89. 6—10); शं न इन्द्राग्नी (ऋग्वेद 7.35.1—11); रात्री व्यख्यत् (ऋग्वेद 10.127. 1—8); आशुः शिशानो (ऋग्वेद 10.103.1—13); महि त्रीणाम् (ऋग्वेद 10.185. 1—3); मुंचामि त्वा (ऋग्वेद 10.161.1—5); भद्रं नो अपि वातय मनः (ऋग्वेद 10. 20.1); त्यमु शु (ऋग्वेद 10.185.1—3), यत इन्द्र भयामहे (ऋग्वेद 8.61.13—18) प्रमुख हैं। ऋग्वेद में वरुण, बृहस्पति आदि महारक्षक के रूप में अवतरित होते हैं। ऋग्वेद के शान्ति पाठ में वायु, वरुण, सूर्य, इन्द्र, रुद्र आदि से शान्ति की प्रार्थना की गई है। वहीं यह अभूतपूर्व अप्रत्याशित है कि बृहस्पति सृष्टि रक्षक के रूप में प्रकट हुए। वे बलासुर से सूर्य, अग्नि, चन्द्र, इन्द्र आदि को बचाकर लाये। वेदानुसार बृहस्पति का नाम सूर्य, चन्द्र रहने तक स्थायी है। ऋग्वेद में वैश्विक रक्षा के रक्षोहणम् सूक्त (10.87.1—5;7.104.1—25;10.181.1—9 एवं 10. 162.1—6) हैं। इनकी रक्षोघ्न (दुष्ट आत्माओं का हनन करनेवाले) ऋचाएँ हैं।

ऋग्वेद के ''त्र्यम्बक यजामहे'' को मृत्युंजय कहा जाता है (ऋग्वेद 7. 59.12) (यही तैत्तिरीय संहिता एवं वाजसनेयी संहिता, रुद्रीपाठ में है।)। तैत्तिरीय संहिता में ग्यारह अनुवाक हैं (4.5)। जिनका आरम्भ ''नमस्ते रुद्र मन्यव'' से होता है। तैत्तिरीय उपनिषद् में ''नमस्ते वायो'' है। छान्दोग्योपनिषद् में नमो वायवे...है। बौधायनगृह्यशेषसूत्र (3.11) का जप मन्त्र ''अपैतु मृत्युः'', तैत्तिरीय ब्राह्मण (3.7.14.5) का ''परं मृत्यो'' आदि है। ऋग्वेद से अथर्ववेद तक रक्षा के सूक्त एवं ऋचाएँ बिखरी हैं। वैश्विक महामारी निवारण का भी प्रावधान है। सामवेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेद में भी रक्षोहणम् अनुवाक हैं। इनसे वैश्विक स्त्र पर उत्पन्न महासंकटों का निवारण किया जाता रहा एवं किया जा रहा है (वेद ओषधि कल्पतरु)। योगवासिष्ठ, मन्त्रात्मक सप्तशती आदि में वैश्विक महामारी निवारण मन्त्र (एवं यज्ञ) मिलते हैं।

वेद काल अर्थात् 39 लाख वर्ष पूर्व से प्राण वायु की निर्मलता को केन्द्र में रखा गया। अनुष्ठानिक यज्ञ—हवन की समिधा एवं लगभग दो सौ जड़ी—बूटी—वनोषधि वायु की विषाक्तता को दूर कर निरंजन—निर्मल करती रही। वैदिक यज्ञ की समिधा (काष्ठ) और सामग्री ऋतु एवं माहवार पृथक—पृथक निर्धारित की गई। यह भी विधि—विधान निर्धारित किया गया कि यज्ञ की ओषधिमय वायु समूचे शरीर से स्पर्श करे। यज्ञ की चिति देवतानुसार ही रूपाकार लेती रही। उदाहरण के लिये सूर्य देवता का यज्ञ कुण्ड वृताकार होगा और वरुण देवता के यज्ञ के समापन दौर में जलती हुई यज्ञाग्नि की आहुति जल में देने का विधान रहा (वरुणविद्या)। वायु देव यज्ञ की चिति

आकार, समिधा, सामग्री आदि शोध का विषय है। वैदिक संशोधन मण्डल, पुणे में वेदानुसार चित्तियों को रूपाकार दिया गया है। इन चितियों में पूर्ण ईंट ही प्रयुक्त में होती है।

यह अवश्य है कि वायु देव की शान्ति के लिये ऋग्वेद एवं यजुर्वेद के शान्ति पाठ, उपनषिद् की वायु स्तुति, वायु स्तोत्र पाठ, वायु मन्त्र का जप आदि के उपरान्त वायुयज्ञ हो।।ऊँ।।

सूर्य सिद्धान्त में वायु देवता महत्ता

वेदांग ज्योतिष में वैदिक नक्षत्र ''स्वाती'' के वैदिक देवता ''वायु'' हैं। स्वाती के तैत्तिरीय ब्राह्मण, तैत्तिरीय संहिता में देवता ''निष्टया वायु'' है और मैत्रायणी संहिता में ''निष्ट्यम्'' (वायु) है। इसका एक तारा मात्र है। बौधायन गृह्यशेषसूत्र में विवाह के नक्षत्र—स्वाती, रोहिणी, मृगशीर्ष, उत्तरा फाल्गुनी आदि कहे गये हैं।

योगयात्रा (6.1) में आठ दिशाओं के देवताओं एवं उनके ग्रहों में अन्तर प्रदर्शित किया है। इसमें वायु पश्चिम, दक्षिण पश्चिम एवं पश्चिम उत्तर कोण का स्वामी है। वायु के ग्रह शनि एवं राहु और वर्ण काला है। यह बात अलग है कि वायुदेवता को चारों वेदों से सम्बद्ध रखा गया है। अध्येता यज्ञ अनुष्ठान प्रधान यजुर्वेद को वायुवेद एवं सामवेद को प्राणवेद कहते हैं। वायु देव के दोनों गृहों—शनि एवं राहु को तमोगुणी कहा गया है। वैदिक वायु देव सत्य एवं न्याय प्रिय हैं। उसी के अनुरुप शनिदेव न्याय के देवता हैं। शनि के मित्र ग्रह बुध एवं शुक्र हैं और उदासीन बृहस्पति है। गृह के चार बल—स्थान, दिशा, चेष्टा, काल के अनुसार होते हैं (दिग्बल, चेष्टाबल, कालबल, स्थानबल)। सारावली (5.2) में ग्रहों के नौ प्रकार के स्वरूपों का उल्लेख दिया गया है।

आथर्वण ज्योतिष में कार्य सफलता के लिये तिथि, नक्षत्र, करण एवं मूहर्त पर विचार कर कृत्य करने का निर्देश है। सभी कार्यों को निर्विघ्न सम्पादन में वायु देव के ग्रहों की महत्ता है। मूलभूत रूप से वायु देव सादा जीवन, उच्च विचार से प्रसन्न होते हैं (यह विवरण शिव स्वरोदय से भिन्न है)।।ऊँ।।

सर्वशक्तिमान वायु देवता
जेहि मारुत गिरि मेरु उड़ाही!

वैदिक वायु देवता परमेष्ठी हैं और सर्वशक्तिमान हैं। वैदिक देवता इन्द्र और वायु दोनों में सामीप्य है। वायु देवता, वरुण देवता एवं अग्नि के साथ भी रहते हैं। वायु देव जगत् के प्राण हैं और प्रभु हैं।

वेद के अलावा देवशास्त्र में भी वायु गन्धर्वों के राजा हैं और नगों (पर्वतों) के भी अधिपति हैं। गन्धर्व को पर्वतों का राजा माना गया है। देवगाथाओं के अनुसार देवर्षि नारद एक समय जगत् भ्रमण में पर्वतराज सुमेरु–मेरु के समीप पहुँचे। देवर्षि नारद ने मेरु से मार्ग देने की विनती की। दंभ एवं अहंकार में चूर मेरु ने उत्तर दिया कि वे विशेष को ही मार्ग देते हैं। इसलिए परिक्रमा लगाकर चले जाओ। देवशास्त्र के अनुसार चारों युगों के प्रारम्भ तक नगों–पर्वतों के पँख रहे (अध्यात्मिक अर्थ में)। वे पँखों से इधर–उधर जाते रहते थे।

देवर्षि नारद ने बार–बार नगराज मेरु से उन्हें जाने के लिए रास्ता देने की प्रार्थना की। परन्तु मेरु ने उनकी प्रार्थना को सुना अनसुना किया। तब देवर्षि नारद ने विनम्रता से कहा कि यदि देवराज इन्द्र कहें तो रास्ता देंगे। मेरु ने नकारात्मक उत्तर दिया। अन्त में देवर्षि नारद ने कहा कि आप जगत् के प्रभु वायु देव के अनुरोध पर तो राह छोड़ देंगे। मेरु ने त्वरा में कहा : नहीं।

नारदजी पृथिवी भ्रमण रोक कर देव लोक लौटे और वायु देव को समूचा वृत्तान्त सुनाया। वायु देवता को मेरु का रुख नागवार लगा। उन्होंने मेरु को पाठ पढ़ाने का निश्चय किया। वे पृथिवी पर भू–आकाश क्षेत्र स्थित मेरु पहुँचे। उन्होंने प्रचण्डतम वेग से वायु प्रवाहित करने का ताण्डव मचाया। मेरु पर्वत हिलने लगा। उसकी रक्षा के लिये रुद्र आराधनारत गरुड् आये। गरुड देवता मेरु की वायु से रक्षा में अजेय कवच बने। लम्बे समय तक गरुड रक्षा करते रहे और थककर एक पल विश्रान्ति की।

वायु देवता को इसी पल की प्रतीक्षा रही। प्रचण्ड वायु से सवर्ण सा झिलमिलाता मेरु का शिखर हवा में उड़ने लगा और भारतवर्ष के दक्षिण में महासागर में जा गिरा। वही वर्तमान श्रीलंका है। श्रीलंका से लंकेश्वर दशकन्धर दशानन रावण पर प्रकाशित अधिकारिक ग्रन्थ इसकी पुष्टि करते हैं। दा एशियाटिक सोसायटी पत्रिका में सन 1862 में रावणकृत ऋग्वेद भाष्य

की समीक्षा की। इसकी टीका सोलहवीं शती के सूर्यपण्डित ने की। सोलहवीं शती के पद्मनाभ के अनुसार रावण ने यजुर्वेद का भी भाष्य किया। गाथानुसार अहंकार के कारण मेरु पर्वत उखड़ गया।

दूसरा आख्यान, वायु पुत्र हनुमत् द्वारा उदित सूर्य को फल समझकर मुँह में लेने का है। इससे तीनों लोकों में हाहाकार मचा। इन्द्र देव ने सूर्य को छुड़वाने के लिये हनुमत् पर वज्र से प्रहार किया। परिणामतः सूर्य तो मुख से बाहर आ गये, परन्तु हनुमत् गहन मूर्छा में चले गये। इस घटना की जानकारी वायु देव को मिली। वायु देव कोपभवन में चले गये। उन्होंने तीनों लोकों में वायु का प्रवाह रोक दिया। एक पल में सभी लोकों में त्राहि–त्राहि मच गयी। गाथा के अन्त में देवों ने हनुमत् को पुनः स्वस्थ्य किया और वायु देवता ने वायु व्यापार पुनः प्रारम्भ किया। अर्थात् वैदिक देवों में वायु देवता सर्वसमर्थ, सर्वशक्तिमान हैं।।ऊँ।।

वायोपचार

स्वरोदय–सिद्धसिद्धान्त–स्वरोपचार

वैदिक काल से नासिका छिद्रों से श्वास उच्छ्वास अर्थात नासिका चक्र के माध्यम से वायोपचार की गोप्यं गोप्यं परमं गोप्यं विधि चली आ रही है। स्वरोदय से मानसिक, शारीरिक, आर्थिक, दैविक, अध्यात्मिक आदि समस्याओं से छुटकारा पाने का विधान है। स्वरोदय तन्त्र (तकनीकी) में देह में विचरण करनेवाली दशवायु ; नाड़ियों की संख्या ; इडा–पिंगला–सुषुम्ना नाड़ियों के कार्य एवं स्थान ; नाड़ियों का ज्ञान ; दुष्टादुष्ट नाड़ी भेद ; नाड़ी चलने पर उचित कार्य ; चन्द्र–सूर्य स्वर (इडा–पिंगला) के स्थित रहने का काल–गति–फल ; स्वरचलने का शुभाशुभ वर्णन ; सत्कार्य–क्रूर कर्म एवं स्वर; सूर्य स्वर–चन्द्र स्वर–सरस्वती स्वर का फल ; स्वर ज्ञान की श्रेष्ठता ; आठ प्रकार का तत्त्व ज्ञान ; पँच तत्त्वों का परिमाण ; पँच तत्त्वों से लाभ–लाभ विचार ; शुभाशुभ तत्त्व का परिज्ञान ; पँच महाभूतों के बीज लं, वं, यं, रं, हं के ध्यान का फल ; प्राण में वायु के लक्षण एवं तत्त्व ज्ञान ; स्वर से सम्मोहन, नाड़ियों का शुभाशुभ एवं गति वर्णन ; स्वर द्वारा मृत्यु पर विजय ; ''स्वरोदय से रोगापचार''; स्वरोदय से जगत् में कहीं भी देखने की शक्ति ; स्वर ज्ञान होने का फल ; नाड़ी एवं तत्त्वज्ञान के फल ; स्वरज्ञान होने के उपाय आदि सम्मिलित हैं।

स्वरोदय विद्या पर–शिव स्वरोदय ; स्वरोदय ; स्वरोदय तन्त्र ; सिद्धसिद्धान्त पद्धति ; गोरक्ष संहिता ; घेरण्ड संहिता ; योग याज्ञवल्क्य ; स्वरोदय विज्ञान ; स्वरोदय ज्ञान ; हठयोग प्रदीपिका ; कुण्डलिनी साधना ; शक्तिपात ; स्फोटवाद ; स्फोटसिद्धि ; स्वरोदय साधना के चमत्कार ; स्वर योग ; सर्वशक्तिमान सांस ; स्वर योग ; तान्त्रिक विज्ञान ; स्वरोदय रत्न ; शिव स्वरोदय रत्नाकार ; नरपतिजयचर्यास्वरोदय ; स्वर शास्त्र ; स्वर साधना स्वरोदय शास्त्र ; स्वरोदय–सर्वरोगोपचार आदि ग्रन्थ उपयोगी हैं। यह प्राणायाम से रोगोपचार की अचूक पद्धति है, लेकिन योग–प्राणायाम को योग्य गुरु के सानिध्य में ही करना चाहिए। योग प्राणायाम में त्रुटि असाध्य व्याधि को आमन्त्रण है।।ऊँ।।

रुद्रयामल उत्तरतन्त्रम्

वायुरूपं महादेवं, वायुरूपं परा देवी!

शैव ''रुद्रयामल'' उत्तर तन्त्र में वायु देवता का महादेव एवं परादेवी योगीश्वरी सम्बोधन का अत्यन्त गूढ़तम आशय है। यह स्मरण रहे कि वायु महाभूत ''परमेष्ठी परमेश्वर'' है।

रुद्रयामल तन्त्र में नासिका को भी महादेव एवं पूरक, कुम्भक, रेचक को त्रिदेव–ब्रह्मा, विष्णु महेष की उपमा दी गई है।

नासिकायां महादेव लक्षणत्रयमनुत्तमम्।
पूरकं कुम्भकं तत्र रेचकं देवतात्रयम्।।43।।
एतेषामप्यधिष्ठाने ब्रह्माविष्णुशिवाः प्रजाः।
त्रिवेणीसंगमे यान्ति सर्वपापापहारकाः।।44।।
''वायुरूपं महादेवं सिद्धो भवति नान्यथा।''
चन्द्रसूर्यात्मिकामध्ये वहि्नरूपे महोज्जवले।।48।।
ध्यात्वा कोटिवीरकरं कुण्डलीकिरणं वशी।
त्रिबारभ्रमणं वायुरूत्तमाधममध्यमाः।।49।।

।।रूद्रयामल उत्तर तन्त्र प्रथम भाग : पंचविंश पटल।।

सर्वेषां मूलभूता सा कुण्डली भूतदेवता।
''वायुरूपा पाति सर्वमानन्दचेतनामयी''।।37।।
जगतां चेतनारूपी कुण्डली योगदेवता।
आत्ममनःसमायुक्ता ददाति मोक्षमेव सा।।38।।

अतस्तां भावयेन्मन्त्री भावज्ञानप्रसिद्धये।
भवानीं भोगमोक्षस्थां यदि योगमिहेच्छसि।।39।।
वायुरोधनकाले च कुण्डली चेतनामयी।
ब्रह्मरन्ध्रावधि ध्येया योगिनं पाति कामिनी।।40।।
''वायुरूपां परां देवीं नित्यां योगेश्वरी जयाम्।''
निर्विकल्पां त्रिकोणस्थां सदाा ध्यायेत कुलेश्वरीम्।।41।।
।।रूद्रयामल उत्तरतन्त्र प्रथम भाग : षड्विंश पटल।।

रुद्रयामल में ''वायुकोण के रक्षक दश लिंगों'' का उल्लेख रहस्यमय है। इससे पूर्व शरीर में दश वायु, दश प्राण का वृतान्त आया है। एकादश प्राणों में दश इन्द्रियाँ एवं एक मन बताया गया है। दश ही दिशाएँ हैं। श्रीमद्अभिनवगुप्त के श्रीतन्त्रालोक में आकाशसूचक ''ख'' के दश प्रकार हैं और ''राव'' की ध्वनि भी दश प्रकार की है। ''राव'' की दशम् स्थिति मोक्षदायक है।

वायुकोण के रक्षक दश लिंग– 1. महारुद्र ; 2. वातनाथ ; 3. रुद्रात्मा; 4. रौद्ररूपक ; 5. रूपनाथ ; 6. हनुमत् ; 7. सूर्येश ; 8. वसुधेश्वर ; 9. वासुकीवल्लभ एवं 10. सत्यपति हैं। ये सभी महेश्वर हैं। ये सभी महारुद्रादि सबके वल्लभ हैं। ये अपने अपने आवरणों से संयुक्त हैं एवं सर्वश्रेष्ठ हैं। अपनी मनोकामना की सिद्धि के लिए इनका पूजन एवं ध्यान करना चाहिए।।रूद्रयामल उत्तर तन्त्रम् भाग दो ; एकोननवतितम् पटल–27.30।।

वायुकोणे स्थिता एते रुद्राश्वायुलिंगयाः।।27।।
महारुद्रो वातनाथो रुद्रात्मा रौद्ररूपकः।
रूपनाथे हि हनुमान् सूर्येशो वसुधेश्वरः।।28।।
वासुकीवल्लभः सत्यपतिरेते महेश्वराः।
परिवारयुताः श्रेष्ठा महारुद्रादि वल्लभाः।।29।।
एते पूज्याश्चिन्तनीयाः कामनाफलसिद्धये।
।।रूद्रयामल उत्तर तन्त्रम् भाग दो ; एकोननवतितम पटल।।

यह सबसे उल्लेखनीय है कि वायु कोण में रुद्र के वायु लिंग हैं। उनमें ''वातनाथ शिवलिंग'' नाम जगत् की वायु का है। ऋग्वेद में वायु (ब्रह्माण्डों की दिव्य महावायु) एवं वात (जगत् की प्राण वायु) के अलग–अलग सूक्त हैं। इस सन्दर्भ में स्मरण रहे कि दक्कन के आन्ध्रप्रदेश के कालहस्ती में वायु तत्त्व का मन्दिर है। कालहस्तीश्वर मन्दिर में वायुलिंग है।

पँचवायवी शक्तियाँ साधना

नवतितम पटल मे पँच तत्वों को पँच वायवी शक्तियाँ अपर्ण से योगवेत्ता सम्बन्ध की व्याख्या की गई है। वायुबीज ''यं'' रूपिणम में बताया गया है कि उग्रवेग को धारण करनेवाले वायु का नाम ''धरणीभंजन'' है। पृथिवी, जल, अग्नि–वह्नि, वायु, आकाश पँच बीज (पँच तत्त्व) पँचकोणों में प्रतिष्ठित हैं। इसके पूर्व कोण में इन्द्रबीज एवं पृथिवी त्रिकोण स्थित है। उसके दक्षिणवाले कोण में ''वायवीशक्ति का मण्डल है।।5,6।।

पँचकोणे पँचतत्त्वं पँचबीजं स्वमेव च।
पूर्णकोणे इन्द्रबीजं पृथिवव्याश्च त्रिकोणकम्।।5।।
''तद्दक्षिणे वायुबीजं वायवीशक्तिमण्डलम्।
वायुमुग्रवेगधरं धरणीभंजनाख्यकम्।।6।।''
पँचप्राणो पँचयोगं यः करोति कुलेश्वर।।14।।
वायवीष्वर्पयेन्नित्यं पँचतत्त्वं सुयोगवित्।

।।रुद्रयामल उत्तरतन्त्रम् भाग दो : नवतितम पटल।।

वायु सिद्धि : शाकनी कवच

शाकिनी कवच देव दुलर्भ है। शाकिनी कवच से वायु की सिद्धि प्राप्त होती है। यह कवच अमृतानन्द का साक्षात विग्रह है। इसके पाठ करने से वायु स्तम्भन, जलस्तम्भन, अग्निस्तम्भन में समर्थता प्राप्त होती है। पाठकर्ता खेचर एवं योग जेता हो जाता है। वह आशा का क्षय कर देता है। शिवशाकिनी के कुछ मन्त्र – ''ऊँ श्रीं क्लीं'', ''ब्लूँ हूँ'', ''द्रीं ह्रीं श्रीं'' आदि हैं।

इति ते कथितं नाथ कवचं देवदुर्लभम्।
पठित्वा सिद्धिप्राप्नोति राजत्वं लभते नरः।।37।।
अकस्मात् सूर्यतुल्यः स्यात् कामजेता स्वयं भवेत्।
धारणाद देहवृद्धिः स्यादायुरारोग्यसम्पदम्।।38।।
वायुसिद्धिकरं साद्वादमृतानन्दविग्रहम्।
अग्निस्तम्भं जलस्तम्भं वायुस्तम्भं करोति हि।।39।।
खेचरो योगजेता स्यादाशाक्षयकरो भवेत्।।

।।रुद्रयामल उत्तरतन्त्र भाग दो ; षष्ठसप्ततितम पटल।।

वायु ध्यान साधना

षट्पँचाशतम पटल में वायुबीज ''यं'' साधना का वृत्तान्त है। हृदयाम्भोज का मण्डल की वांछा का चिन्तामणि है। उसके मध्य में वायु का स्थान है। ''वायु का स्थान मण्डल अथवा गोलरूप के आकार में अत्यन्त उग्र है।'' वह स्थान बुद्धि की प्रतिभा से व्याप्त है। जिसके ''मध्य में पवन का

बीजाक्षर—यँ बीज है। यह आछन्नधूम के सदृश है। यह श्रेष्ठ प्रसिद्ध स्थान है।।34—35।। उसके मध्य में देवता का पीठ है। यह षट्कोण मण्डल के समान उत्कृष्ट है। उसके मध्य में अपने—अपने कल्प में कहे गए इष्ट साधन वाले वायु का ध्यान करना चाहिये।।36।।

वायुध्यान : वायु के इस प्रकार के स्वरूप का ध्यान करना चाहिए—जो अत्यन्त सूक्ष्मतम से सूक्ष्मतम रूप वाला है (अदृश्य), निराकार परब्रह्म है और शब्द (नाद घोष) रूप से साकार भी है। यह स्वकीय ''यँ'' अक्षर से युक्त है। वायु अत्यन्त उग्र होते हुए भी स्थिर रूपवाला है। वायु देव की चार भुजाएँ हैं। वह समूचे जगत् में व्याप्त है। वह दिव्य काले मृग की सवारी करता है। यह मृगवाहन मनोजव (मन की गति का प्रतीक) है। यह तीनों लोकों को वर (प्राणवायु) देनेवाला है। वायु देवता करुणा का सागर है। उसमें पँचभूतों की आत्मा सम्मिलित है। वह रौद्र है। उसकी संज्ञा प्राण है। वह किरीट धारण किए हुए है।।37—39।। वायु देव वर, अभय, घण्टा, डमरु एवं सेवकों को धारण किये हुए हैं। उन्हें ईश्वर के नाम से भी जाना जाता है। वायु देवता शक्ति मार्ग के ईश्वर हैं और परमहंस हैं। उनका समूचा शरीर अलंकार से शोभित है। वायुदेव ''ज्ञानोदय'' का कारण भी है। वायु देवता का ध्यान साधक परिकर समेत करे।।40—41।।

साधक को कमल पर ''यँ वर्णवाले वायुदेव'' का ईश्वर के रूप में ध्यान करना चाहिए। वायु देवता ईश्वर तो हैं ही, योगीश्वर भी हैं, वरदाता और परमेष्ठी भी हैं। वायु देवता का शरीर शुक्ल वर्णवाला एवं महान दिव्य दीप्ति से संयुक्त है। वायु देवता सभी के नाथ, तीनों लोकों का मंगल करनेवाले, चतुर्भुज, रत्नमाला पहने हुए आदि हैं।।42—43।।

षट्पंचाशतम पटल

वांछाचिन्तामणिगृहं ह्रदयाम्भोजमण्डलम्।
तन्मध्ये पवनस्थानं मण्डलाकारमुल्बणम्।।34।।
बुद्धिप्रतिभया व्याप्तं तन्मध्ये ''पवनाक्षरम्''।
आच्छन्नधूमसंकाशं प्रसिद्धस्थानमुत्ततम्।।35।।
तन्मध्ये देवतापीठं षट्कोणं मण्डलं परम्।
तन्मध्ये भावयेदिष्टं स्वस्वकल्पोक्तसधिकम्।।36।।
वायोध्यानं तत्र कुर्यादत्यन्तसूक्ष्मरूपिणम्।
निराकारं परं ब्रह्म साकारं शब्दरूपिणम्।।37।।
निरक्षरं स्वाक्षराढ्यं महोग्रं स्थिररूपिणम्।
चतुर्बाहुं जगद्व्याप्तं कृष्णसारासनं यवम्।।38।।

लोकत्रयाणं वरदं करुणासिन्धुरूपिणम्।
पंचभूतात्मकं रौद्रं प्राणसंज्ञं किरीटिनम्।।39।।
संबिभ्रतं वराभीतिघण्टाडमरुसेवकान्।
ईशनाम्ना परिचितं परमहंसं कुलेश्वरम्।।40।।
सर्वाऽलंकारशोभांगं विवेकोदयकारणम्।
विचिन्तयेत् साधकेन्द्रः परिवारगणावृतम्।।41।।
तत्र पंकेरूहे ध्यायेदीश्वरं वर्णरूपिणम्।
त्रैलोक्यमंगलं नाथं चतुर्बाहुं किरीटिनम्।।42।।
रत्नमालाशोभितांगं शुक्लवर्णं महाप्रभम्।
ईश्वरं योगिनामीशं वरदं परमेश्वर।।43।।
वराभीतिशंखपद्मश्रिया जुष्टं पुरातनम्।
रत्नाभरणभूषागं हृदयाम्भोजवासिनम्।।44।।
वां छातिरिक्तफलदं भावसिद्धिप्रकाशकम्।
परमहंसमीशान ध्यायेद् हत्पद्मण्डले।।45।।

रुद्रयामल उत्तरतन्त्रम् भाग दो के सप्तपंचाशतम पटल के वर्णध्यान के अनन्तर काकिनी साधना में निर्देश है : ''उनचास वायु, छह ऋतुएँ, संकल्प और पँच प्राण– ये सभी महात्मा जो मूर्तिमान रूप से महाव्रत परायण हैं, उनका ध्यान करें।।''18।।

वायव ऋतवश्चैव संकल्पः प्राण एव च।।
मूर्तिमन्तो महात्मानो महाव्रतपरायणः।।18।।

यामल के चतुष्षष्टितम पटल में श्रीआनन्दभैरवी ने वायुबीज साधना के बारे में स्पष्ट किया कि अग्निबीज ''रं'' को वायुबीज ''यँ'' से प्रज्ज्वलित करके साधक यतीश्वर को अपने शरीर का दहन करना चाहिए। उसको नेत्रद्वय से लेकर दोनों कर्ण पर्यन्त तक जला दे। भ्रमद्म में दोनों नेत्रों में वह्नि को वह्नि में विलीन कर दे। उसके शिखा पटल से ही ब्रह्मबिन्दुओं का क्षरण होता है। उन ब्रह्मबिन्दुओं की धारा से देह को वरुणों के द्वारा आप्लावित करे। उसके बाद स्नान से शुद्ध उस बीज से प्रथमांकुरित शरीर का ध्यान करे।।259–261।।

वायुबीजेन प्रज्वाल्य दहेद्देहं यतीश्वरः।
तन्नेत्रद्वयपर्यन्तं कर्णयुग्मावधि प्रभो।।259।।
प्रदह्य भ्रूदले नेत्रे वह्नी वह्निलयं चरेत्।
तच्छिखापटलेनैव क्षरन्ति ब्रह्मबिन्दवः।।260।।
तद्बिन्दुधारया देहं वरुणैः प्लावयेत्ततः।

शुद्धदेहं ततो ध्यायेद् बीजेन प्रथमाङ्.कुरम्।।261।।

पँचसप्ततितम पटल के अनुसार ''वायु कोण में वायुसभा एवं उत्तर में कुबेर की सभा है'' : ''वायुकोणे वायुसभा कौबेरी चोत्तरे सभा।।123।।'' (इस दृष्टि से धन सम्पति अधिपति कुबेर की अलकापुरी एवं वायुदेव का वायुपुर दोनों समीप–समीप ही अवस्थित हैं।)।

आत्रेयी शक्ति : वायवी कला : चतुर्दशपटल ; भाग एक

''आत्रेयी शक्ति'' सुषुम्ना नाड़ीस्थ है। यह सुषुम्ना के भीतर गमन करती है। सुषुम्ना ब्रह्म एवं शिव के मध्य रहनेवाली है। यह ''विधिशास्त्र की सिद्धि दात्री'' है। यह ''सर्वज्ञान'' प्रदान करनेवाली है। यह सबको आनन्द देनेवाली एवं हृदय में निवास करनेवाली है।।61–62।।''वायवी कला सर्वश्रेष्ठ शक्ति'' है। आत्रेयी शक्ति मन्द वायु से प्रेम करनेवाली है। यह सम्पूर्ण संसार के प्राणियों की रक्षा करती है। इसके अधीन समूचा विश्व है। इस ''वायवी कला के ज्ञान से साधक की कभी मृत्यु नहीं होती है। यह अपने सूक्ष्म आगमन से अष्ट ऐश्वर्य की सूक्ष्म सिद्धि देती है।'' यह उपासना में सहायक है।।65–67।।

आत्रेयी परमा शक्तिः सुषुम्नान्तरगामिनी।।61।।
मध्यस्था ब्रह्मशिवयोर्विधिशास्त्रस्य सिद्धिदा।
यैर्ज्ञायते सर्वसंस्था सर्वानन्दहृदि स्थिता।।62।।
मन्दवायुप्रिया यस्य कल्पनार्थे च वीरहा।
सा पाति जगतां लोकान् तस्याधीनमिंद जगत्।।65।।
नाकाले म्रियते कश्चिद् यदि जानाति वायवीम्।
वायवी परमा शक्तिरिति तन्त्रार्थ निर्णयः।।66।।
सूक्ष्मागमनरूपेण सूक्ष्मसिद्धिं ददाति या।
नाराणां भजनार्थाय अष्टैश्वर्यजयाय च।।67।।

समस्त वायवी शक्ति ब्रह्माण्ड मण्डल में राशि, नक्षत्र, तिथि के साथ स्थित है : ''वायवीशक्तयः कान्ता ब्रह्माण्डमण्डलस्थिताः। राशिनक्षत्रतिथिभिः सर्वदोज्ज्वलनायिकाः।।पँचदश पटल14।।

वायवी शक्ति–वेदों की जननी : सप्तदश पटल

यह वायवी शक्ति हमेशा परमाकाश (परमव्योम) में बहती रहती है। यह तारनेवाली है। यह वेदों की जननी (वेदमाता) है। यह प्रतिदिन शरीर के बाहर जाती रहती है।।17।।

सा देवी वायवी शक्तिः परमाकाशवाहिनी।
तारिणी वेदमाता च बहिर्याति दिने दिने।।17।।

वैदिक विज्ञान में अदिति को देवमाता कहा गया है। यह अनुशीलन का विषय है कि क्या वायवी शक्ति अदिति है ?

य वर्ण विचार : यम नष्टकर्ता : अष्टादश पटल

तन्त्र में ''यँ'' को वायुबीज कहा है। रुद्रयामल का ''य वर्ण विचार'' अनोखा है। यतियों से प्रेम करनेवाली ''यकारधिष्ठात्री योगिनी है। यामा अर्थात् रात्रि दिन के अष्टम भाग में स्थित रहनेवाली अथवा रात्रि स्वरूपा है।'' वह जिस प्रकार योनिस्थल की मुख्य आस्पदा है, उसी प्रकार योग की भी मुख्य आस्पदा है। वे यशः स्वरूपा एवं प्रवज्या स्वरूपा है। वह अपने साधक की हमेशा रक्षा करती है और ''यम को भी नष्ट कर देती है।''।।61।।

यातप्रिया या प्रतिभाति योगिनी
यामास्थिता योगमुखास्पदा यथा।
योनिस्थले सा यतिसाधकं
यथोयात्र सदा पाति यमदिकं दहेत्।।61।।

प्राणवायु धारणा रहस्य : सप्तविंश पटल

श्रीआनन्दभैरवी ने कहा कि अब मैं ''धारणा'' कहती हूँ, जिसके करने से साधक धीर हो जाता है। धारणा वाला योगी त्रैलोक्य को अपने उदर में रखकर पूर्णता प्राप्त कर लेता है। द्वादश स्थानों– 1. अंगूठा ; 2. गुल्फ ; 3. जानु ; 4. ऊरु ; 5. अण्डकोश ; 6. लिंग ; 7. नाभि ; 8. हृदय ; 9. ग्रीवा; 10. कण्ठ ; 11. जिव्हा एवं 12. नासिका के बाद मस्तक के भ्रूमध्य में अथवा शिर ; प्रदेश में प्राणवायु धारणा करने को धारणा कहा गया है। दूसरे शब्दों में सभी नाड़ियों के ग्रन्थि स्थल में, षट्चक्र में, जहाँ देवताओं का स्थान है अथवा ब्रह्ममार्ग–सहस्रारचक्र में प्राणवायु को धारण करना धारणा कहा जाता है।।31–34।। प्राणवायु को मूलाधार में, कुण्डली में एवं नासिका प्रदेश में शान्त रखना धारणा कहा जाता है। अत्यन्त तेजवान श्रीभगवती के चरणाम्भोज में भावपूर्वक चित्त को स्थापित करने से धारणा शक्ति प्राप्त होती है। अब ''ध्यान'' कहती हूँ। ध्यान करने से साधक सर्वज्ञ हो जाता है। ध्यान योग से मोक्ष मिलता है। वह (श्रीआनन्द भैरवी के) कौलिक आगम का ज्ञाता हो जाता है।।35–37।। ''ध्यान योग'' मन को अत्यन्त समाहित कर अन्तःकरणवर्ती चैतन्य द्वारा अपनी आत्मा में अथवा अभीष्ट देवता में ध्यान करना है।।38।।

अथ धारणामावक्ष्ये यत्कृत्वा धैर्यरूपभाक्।
त्रैलोक्यमुदरे कृत्वा पूर्णः तिष्ठति योगिराट्।।31।।
अङ्.गुष्ठगुल्फजानूरुसीमनि लिंगनाभिषु।
हृद्ग्रीवाकण्ठदेशेषु लम्बिकायां तथा नसि।।32।।

भ्रूमध्ये मस्तके मूर्ध्नि द्वादशान्ते यथाविधि।
धारणां प्राणमारुतो धारणेति निगद्यते।।33।।
सर्वनाडीग्रन्थिदेशे षट्चक्रे देवतालये।
ब्रह्ममार्गे धारणं यट् धारणेति निगद्यते।।34।।
धारणं मूलदेशे तु कुण्डलीं नासिकाततटे।
प्राणवायोः प्रशमनं धारणेति निगद्यते।।35।।
तत्र श्रीचरणाम्भोजमंगले चारुतेजसि।
भावेन स्थापयेच्चितं धारणाशक्तिमाप्नुयात्।।36।।
अथं ध्यानं प्रवक्ष्यामि यत् कृत्वा सर्वगो भवेत्।
ध्यानयोगाद् भवेन्मोक्षो मत्कुलागमनिर्गमः।।37।।
समाहितेन मनसा चैतन्यान्तर्वर्तिना।
आत्मन्यभीष्टदेवानां योगध्यानमिहोच्यते।।38।।

यकार ध्यान फल : चत्वारिंश पटल, भाग एक

महावाणी के नाथ, प्रेम से जड़ीभूत त्वक् एवं कल्पवृक्ष के समान मुकुन्द के आनन्द का अन्तरूप, पवन से मिश्रित, काम उत्पन्न करनेवाले ''यकार का जो साधक ध्यान'' करता है, वह सभी सौख्यों से विनोद–सुख करनेवाला, पृथिवी एवं आकाश में कल्पवृक्ष के समान अमर पदवीवाला बनकर सभी प्रकार की व्याधि से रहित हो जाता है।।12।।

विनोदी सौख्यानां सुरतरुसमानो भुवि दिवि
यकारं यो ध्यायेदमरपदवीव्याधिरहितः।
महावाणीनाथं प्रणयजडितं त्वक् सुरतरुं
मुकुन्दानन्दान्तः पवनमिलितं कामकरणम्।।12।।

प्राणायाम से सभी पापों का क्षय : पंचविंश पटल

जो मन्त्र वायु को धारण कराता है, जिससे धारणा शक्ति उत्पन्न होती है, उस मन्त्र के जप को बढ़ाकर प्राणायाम करना चाहिए। ''पापराशि के क्षय के लिए प्राणायाम से बढ़कर अन्य कोई साधन नहीं है।'' जब जप प्राणायाम से सभी पापों का क्षय हो जाता है, तब कौन वह पदार्थ पृथिवी पर है जो इससे सिद्ध नहीं हो।।125–126।।

यदुद्धरति वायुश्च धारणाशक्तिरेव च।
तन्मन्त्रं वर्द्धयित्वा प्राणायामं समाचरेत्।।125।।
प्राणायामात् परं नास्ति पापराशिक्षयाय च।
सर्वपापक्षये याते किन्न सिद्धयति भूतले।।126।।ऊँ।।

महाकाल संहिता दश वायु आख्यान

महाकाल संहिता शैव मत के प्रमाणिक तान्त्रिक ग्रन्थों में प्रमुख है। महाकाल संहिता के कामकला खण्ड, गुह्यकाली खण्ड में दशवायु के शरीरस्थ स्थान एवं कर्म का वर्णन है। यह अवश्य है कि धनंजय को छोड़कर शेष नौ वायु—प्राण, अपान, उदान, समान, व्यान, नाग, कूर्म, कृकर एवं देवदत्त के शरीरस्थ स्थान—कर्म अन्यों की तरह ही वर्णित हैं। महाकाल संहिता के अनुसार धनंजय शोथ आदि सर्वकर्म करती है। ''शोथ का अर्थ सूजन, स्फीति, पुनर्नवा आदि है।''

प्राणोऽपानः समानश्च उदानो व्यान एव च।।130।।
नागः कूर्मः कृकरश्च देवदत्तो धनंजयः।
एते नाडीषु सर्वासु चरन्ति दश वायवः।।131।।
एतेषु वायवः पंच मुख्याः पूर्वोदिताः प्रिये।
तेषु मुख्यतमः प्राणः कन्दस्याधः प्रतिष्ठितः।।132।।
मुखनासिकयोर्मध्ये हृदये नाभिमण्डले।
कन्दमध्येऽपि च प्राणः स्वयमेवावतिष्ठते।।133।।
अपानो मेढ्र पाय्वोश्च ऊरुवंक्षणजानुषु।
जंघोदरे च कट्यां च नाभिमूले च तिष्ठति।।134।।
व्यानः श्रोत्रामिमध्ये च हृत्कट्यां गुल्फयोरपि।
समानः सर्वदेहेषु सर्वव्यापी प्रतिष्ठितः।।135।।
भुक्तं सर्वरसं गात्रे व्यापयन् वह्निना सह।
द्विसप्ततिसहस्रेषु नाडीमध्येषु संचरन्।।136।।
समानो वायुरेवैकः स्थितो व्याप्य कलेवरम्।
नागादिवायवः पंच त्वगस्थ्यादिषु संस्थिताः।।137।।
निःश्वासोच्छ्वासकादिश्च प्राणकर्म इतीष्यते।
अपानवायोः कर्मेतद् विण्मूत्रादिविसर्जनम्।।138।।
प्राणोपादानचेष्टादि व्यानकर्मेति कीर्तितम्।
उदानकर्म तत् प्रोक्तं देहस्योन्नमनादिकम्।।139।।
शोषणादि समानस्य शरीरे कर्म कीर्त्यते।
क्षेपणादिगुणो यश्च नागकर्मेति कीर्तितम्।।140।।
निमीलनादि कूर्मस्य क्षुत् तृष्णा कृकरस्य च।
देवदत्तस्य देवेशि निद्रा तन्द्रेति कीर्तितम्।।141।।

धनंजयस्य शोथादि सर्वकर्म प्रकीर्तितम्।
ज्ञात्वैवं नाडिकास्थानं वायुयानं च यत्नतः।।142।।
।।महाकाल संहिता, कामकला खण्ड, सप्तम खण्ड।।

प्राणायाम

प्राणापानसमायोगः प्राणायामः प्रकीर्तितः।
।।महाकालसंहिता, गुह्यकालीखण्ड, एकादश पटल।।

मुण्डमालातन्त्र : दशवायु

प्राणोऽपानः समानश्चोदानव्यानौ च वायवः।
नागः कूर्मोऽथ कृकरो देवदत्तो धनंजय।।31।।
।।मुण्डमालातन्त्रम्, द्वितीय पटल।।

तन्त्रों मे महारूपा वायु

तान्त्रिक साहित्य में वायु देवता को महेश, भानु, महादेव, धूम्रवर्ण वायुबीज, तेज रूप, पाप शोधक, आत्मरूप, तडिदाकार, वायुबीज गायत्री में प्रतिष्ठित, समाकार, परम देवी, महादेव, वासुदेव आदि कहा गया है। तन्त्र में वायु देव का गायत्री तन्त्र में मन्त्र है : ''ऊँ ऊँ ऊँ यजुर्वेद स्वाहा ऊँ ऊँ ऊँ।''

भूतशुद्धितन्त्र

ततो वायुर्महेशानि! अनाहतपुरीं ययौ।
आदित्यपत्रसंयुक्तं वर्णैर्द्वादशभिर्युतम्।।8।।
वायुं तेजोयुतं जीवं दृष्ट्वा मनोलयं कुरु।।12।।
आत्मरूपं वायुरूपं निरीहं निमर्लं सदा।
यकारस्याष्टसंबीजं जीवं हेमप्रभं सदा।।13।।
धूम्रवर्णं महेशानि! विशुद्धाख्यं मनोहरम्।
तस्य मध्ये स्थितं देवी आकाशं शक्तिरूपिणम्।।17।।
ततो वायुं महेशानि! द्रुतमाज्ञापुरीं नयेत्।
तत्पुरीं परमेशानि द्विदलं युगवर्णकम्।।22।।
।।हरगौरीसंवादे, द्वितीय पटल।।
ततो नाभौ वायुबीजं धूम्रं संचिन्त्य तज्जपेत्।
दशधा वायुमुत्पाद्य वपुः पापं विशोधयेत्।।20।।
।।हरगौरीसंवादे, तृतीय पटल।।
तासु मुख्या दश प्रोक्तास्तासु तिस्रो व्यवस्थिताः।
वामनाड्यां महेशानि! वायुबीजेन पूरयेत्।।11।।
वायुं षोडशधा जप्त्वां पूरयेद वामवर्त्तनि।

मणिपूरे महेशानि चतुःषष्ठी च धारयेत्।।12।।

।।हरगौरीसंवादे, षष्ठ पटल।।

सनत्कुमारतन्त्र

योगयुक्तेन विधिना परं ब्रह्मणि योजयेत्।
वामनासापुटे धूम्रं वायुबीज विचिन्तयेत्।।2।।
दक्षया रेचयेद् वायुं द्वात्रिंशन्मानमानतः।
ईडया कर्षयेद् वायुं मनोः षोडशमात्रया।।8।।
सुषुम्नामध्यगं कृत्वा विद्यासङ्.ख्येन धारयेत्।
येनैव पूरयेद् वायुं तेनैव रेचयेत् पुनः।।9।।

।।सनत्कुमारतन्त्र, तृतीय पटल।।

मायातन्त्रम्

।।ऊँ ऊँ ऊँ ह्रीं ऊँ ह्रीं ऊँ।।
(सुषुम्ना के मध्य का सप्ताक्षर मन्त्र)।।सप्तम पटल।।

षडाम्नायतन्त्रम्

तरुणः अरुणो भानुर्वायुवेगे गतागतः।।67।।
वायुदर्पो भवेत् खर्वः प्रलये दिवि संगतः।
बाह्यनाशे मनोदेशे स्वप्नवत् सर्वमाप्लुतम्।।68।।
रविर्विलीयते वायौ वायुर्विलीयते च खे।
ध्यानयोगभूतशुद्धिप्राणसंयमनादिना।।259।।चतुर्थ पटल।।

गायत्रीतन्त्रम्

श्रीमहादेव उवाच—
त्रयोदशस्वरः शक्तिर्विसर्गान्तः स्वरोपरि।
त्रयोदशस्वराक्रान्तं वायुबीजं जपेत् ततः।।184।।
वायुबीजं जपेद् विद्वान पापोच्चाटनकर्मणि।
यो यो वर्णद्वयं भद्रे पापस्योच्चाटनं भवेत्।।185।।

।।देवदेवी संवाद, प्रथम पटल।।

यंकारं तडिदाकारं भकारं कृष्णमेव च।
गौकरंः रक्तवर्णंच देकारं श्यामलं तथा।।23।।प्रथमपटल।।
निकारान्ते वायुबीजे अनुस्वारेषु भावना।।21।।
परमाणुः सूक्ष्मतनुः सर्वव्यापी शिवो विभुः।।22.1।।
महामरकतभासा वायुबीजमितीरिता।
घोरचन्द्रप्रतीकाशा शमनाकारनिर्णयम्।।36।।

निकारान्ते वायुबीजस्वरूपा पुष्पशोभिता।।37.1।।
वायुबीजे समारुढः श्रीबिन्दुर्वरवर्णिनि।
संयुक्तश्चन्द्रसूर्याग्निमण्डलेन ह्यहर्निशम्।।67।।
वायुबीजं ततो भद्रे बिन्दुना सहितं प्रिये।
जिव्हातत्त्वमिदं प्रोक्तं रसनासिद्धिदायकम्।।93।।
वायुबीजद्वयं भद्रे गायत्रीषु प्रतिष्ठितम्।
निकारान्ते स्थितं बींज विसर्गान्तःस्वरोपमम्।।94।।
योकारं शून्यतत्त्वंच शून्यसिद्धिप्रदायकम्।
तत्त्वमेतन्महागुह्यं गायत्र्या देवता स्मृता।।101।।
योकारं वायुतत्त्वंच वायुसिद्धिप्रदायकम्।।102.1।।तृतीय पटल।।
वायुबीजसमाकारो विसर्गान्तः स्वरस्ततः।
गायत्र्यन्ते महेशानि द्वितीये सर्वभावना।।80।।पंचम् पटल।।

सम्पूर्ण गायत्री मन्त्र

।।ऊँ भूर्भूवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्। ऊँ आपो ज्योति रसोऽमृतं ब्रह्म भुभुर्वः स्वरोऽम्।।
(यह पुनः लिख रहे हैं।)

अथर्ववेद का मन्त्र

ऊँ अष्टाविंशति शिवानि शम्मानि सहयोगं भजन्तु मे।
योगं प्रपद्ये क्षेमंच क्षेमं प्रपद्ये योगंच नमोऽहोरात्राभ्यामस्तु।।
।।7.19.1.8.2।।

यजुर्वेद का मन्त्र

ऊँ प्राणश्च येऽपानश्च ये व्यानश्च येऽसुश्च
ये चितं च ये अधीतं च ये। वाक् च ये मनश्च
ये चक्षुश्च ये क्षोत्रं च ये दक्षश्च ये बलं च ये यज्ञेन कल्पन्ताम्!

जपयोग

जपयोग के मुख्य प्रकार चौदह हैं : 1. नित्य; 2. नैमित्तिक; 3. काम्य; 4. निषिद्ध; 5. प्रायश्चित; 6. अचल; 7. चल; 8. वांचिक; 9. उपांशु ; 10. भ्रमर; 11. मानस; 12. अखण्ड; 13. अजपा एवं 14. प्रदक्षिणा।।योगविज्ञान; श्रीपीताम्बरा पीठ।

आगम रहस्य (राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान)

यंकारं वायुदैवत्यं कृष्णमुच्चाटन भवेत्।।

लुप्तागमसङ्.ग्रह : चन्द्रज्ञानम्

अध उर्ध्वं दिशः सर्वा भूमिरापोऽनलस्तथा।
वायुश्च खं मनो बुद्धिरहंकारश्च ये गुणाः।।
सर्वं शून्यं निरालम्बं तत्र सर्वं प्रतिष्ठितम्।
यत् किंचित् सकलं भावरूपं तन्त्रेषु वार्णितम्।।565।।
ज्ञानपीठं तु मुद्राख्यं तद वायव्यं सुरेश्वरि।।640।।

महानिर्वाणतन्त्र

ऊँ यं वायवे नमः।।

श्री प्रत्यंगिरा पुरश्चरण : वायु मन्त्र

ऊँ भुर्भुवः स्वः वायवे नमः वायुमावाहयामि स्थापयामि।।

दिग्पाल देवता पूजन वायु मन्त्र

ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं वायवे नमः वायुशक्ति श्रीपादुका पूजयामि तर्पयामि।।

पंच लोकपाल स्थापना वायु मन्त्र

ऊँ भुर्भुवः स्वः भो!
वायवो इहागच्छ, इहतिष्ठ वायवो नमः वायुमावाहयामि स्थापयामि।।

मातृकाभेदतन्त्रम्, अष्टम पटल : वायुबीज

व्योमबीजं शिवान्तंच वर्गाद्यं बिन्दुमस्तकम्।
वायुबीजं च त्रितयं त्रितयं त्र्यम्बक प्रिये।।

व्योमबीज ''हं'' शिवात्मक बीज ''क्षं'' वर्ग आद्य ''कं'' वायुबीज ''यं'' तीन बार (यं यं यं) एवं त्र्यम्बक बीज तीन बार का मन्त्र करना चाहिये। इस प्रकार यह मन्त्र है : ''हँ क्षँ कँ यँ यँ यँ हँ हँ हँ।''

विज्ञानभैरव तन्त्र

काश्मीर संस्कृतग्रन्थावलि के 8, 9 ग्रन्थांक विज्ञानभैरव तन्त्र रहा। यह आठवीं शताब्दी की अद्‌भुत कृति है। इसकी टीका आचार्य क्षेमराज ने की। श्रीमद्‌अभिनवगुप्त ने विज्ञानभैरव को आगम, शिवविज्ञानोपनिषत् एवं रुद्रयामलसार के नाम से उद्‌धृत किया। सन1910 में त्रिवेन्द्रम संस्कृत ग्रन्थमाला में भी विज्ञानभैरव का प्रकाशन हुआ। विज्ञानभैरव परम तत्त्व विषयक है।

विज्ञानभैरव

वायुद्वयस्य संघट्टादन्तवां बहिरन्ततः।
योगी समत्वविज्ञानसमुद्‌गमनभाजनम्।।6।।
मरुतोऽन्तर्बहिर्वापि वियद्युग्मानिवर्तनात्।

भैरव्या भैरवस्येत्थं भैरवि व्यज्यते वपुः।।25।।
वायुद्वयस्य संघट्टादन्तर्वा बहिरन्ततः।
योगी समत्वविज्ञानसमुद्गमनभाजनम्।।64।।धारणा 41।।
विज्ञानभैरव के अनुसार वायु के शरीर में 16ठहराव अर्थात् आधार हैं।
मरुतोऽन्तर्बहिर्वाऽपि वियद्युग्मानि वर्तनात्।
भैरव्या भैरवस्येत्थं भैरवि व्यज्यते वपुः।।25।।
न व्रजेन्न विशेच्छक्तिर्मरुद्रूपा विकासि ते।
निर्विकल्पतया मध्ये तथा भैरवरूपता।।26।।धारणा 3।।

कामरत्न तन्त्रम : वायुमण्डल स्थित नक्षत्र

सिद्ध योगेश्वर नित्यनाथ ने कामरत्न तन्त्रम् की रचना की। इसके अनुसार अश्विनौ, भरणी, आर्द्रा, धनिष्ठा, श्रवण, मघा, विशाखा, कृत्तिका, पूर्वा फाल्गुनी और रेवती नक्षत्र वायुमण्डल में स्थित हैं। इन नक्षत्रों में वायु से सम्बन्धित तान्त्रिक कर्म करना चाहिये। ''वायु में विद्वेषण एवं उच्चाटन प्रभावी'' रहते हैं।

अश्विनी भरणी चार्द्रा धनिष्ठा श्रवणं मघा।
विशाखा कृत्तिका पूर्वाफाल्गुनी रेवती तथा।।18।।
वायुमण्डलमध्यस्थास्तत्तत्कर्म प्रसिद्धिदाः।
शान्तिकं पौष्टिकंचैव ह्यभिचारिक कर्म च।।19।।

इन नक्षत्रों में शान्ति, पुष्टि और अभिचार के कर्म अँगुल द्वारा करने से सिद्ध होते हैं।

गौतमीयमहातन्त्रम् : वायव्यां वासुदेवं

सप्तर्षियों में महर्षि गौतम का महत्वपूर्ण स्थान है। ''दलित देवो भव'' में महर्षि गौतम द्वारा गायत्री (सविता) साधना एवं माया की गो और उनके द्वारा शाप का उल्लेख मिलता है। ''गौतमीयतन्त्रम्'' महर्षि गौतम एवं देवर्षि नारद के मध्य संवाद के रूप में है। यह अभूतपूर्व है कि गौतमीयतन्त्रम् में ''वायु को वासुदेव'' कहा गया है : ''वायव्यां वासुदेवां''। इसके अलावा पँच प्राणों की आहुति के विधिविधान का वर्णन है। यह भी चकित करता है कि ''वायु का बीज यं के स्थान पर घं'' बताया गया है। यह स्मरण रहे कि ''वासु'' शब्द का अर्थ (सर्वोऽत्र वसति–वस्+उण्) ''आत्मा, विश्वात्मा, परमेष्ठी–परमात्मा'' आदि है। देवर्षि नारद ने इस दृष्टि से वायु को परमेष्ठी परमात्मा अथवा आत्मतत्त्व घोषित किया। यद्यपि वैष्णव मत में वासुदेव श्रीहरिविष्णु (श्रीकृष्ण) माने जाते हैं।

''वायव्यां वासुदेवं च प्राणाधिपसमाव्हयम्।''

दक्षहस्ताड्.कुशमेणवाहनं परिपूजयेत्।।10.101।।
"घं बींज वायुतत्त्वं च वदने विन्यसेत् पुनः।।2.138।।"
प्राणायामं विना मुक्तिमार्गो नास्ति यमोदितः।
प्राणायामं विना यद्यत् साधनं विफलं भवेत्।।2.158।।
"यं बींज पुंस्तत्त्वं संकर्षणमथो च।।2.142।।"
गमनागमनं वायोः प्राणस्य धारणं तथा।
प्राणायाम इति प्रोक्तो योगशास्त्रविशारदेः।।2.160।।
धनिष्ठा वायुमित्राश्विपित्र्यं त्वाष्ट्रं च नैऋतम्।
ऐन्द्रवैष्णवहस्ताश्च दीक्षायां तु शुभावहाः।।5.31।।
वायुर्नागश्च मुख्यश्च सोमो भल्लाट एव च।।5.57।।
मुद्गप्रियड्.गुनिष्पावे वायुरग्निःकुलत्थके।
आढक्यां रक्षसां देहो वृद्धौ वैवस्तस्तिले।।6.54।।
वातं वह्निसमायुक्तं चतुर्थस्वरभूषितम्।
श्रियो वीजमिति प्रोक्तं नृणां सर्वसुखप्रदम्।।7.20।।
धारणं प्राणमरुतौ धारणेति निगद्यते।
समाहितेन मनसा चैतन्यान्तरवर्तिना।।32.30।।
पोषितोयं भवेत्सिद्धो न चेत्कुर्वीत शोषणम्।
द्वाभ्यां च वायुबीजाभ्यां मन्त्र कुर्याद्विदिर्भितम्।।30.89।।

पँच प्राण आहुति

अन्वाहार्य प्राणाय स्वाहेति प्रथममाहुतिः।
अंगुष्ठानामिका मध्या प्राणाख्या मुद्रिकामता।।10.124।।
आहवनीयायापानाय स्वाहेति द्वितीयकाः।
कनिष्ठाड्.गुष्ठनाम्नी च मुद्रा तत्परिकीर्तिताः।।125।।
गार्हपत्याय व्यानाय स्वाहेति तृतीयाहुतिः।
तर्ज्जन्यड्.गुष्ठमध्यमानभिस्तन्मुद्रा परिकीर्त्तिताः।।126।।
सत्यायोदानाय स्वाहेति मुद्रास्याच्चतुर्थिका।
मध्यमानामिकाड्.गुष्ठा चतुर्थी च कनिष्ठिका।।127।।
अवसथ्यायसमानाय स्वाहेति पंचमी मता।
सर्वाभिरड्.गुलीभिस्तु तन्मुद्रा परिकीर्त्तिताः।।10.128।।ऊँ।।

स्वच्छन्द तन्त्रम्

पृथिवीलोक से सत्यलोक तक दश वायु प्रवाह, दश वायुपथों का मायाजाल

सर्वाधिक प्रमाणिक आगम पृथिवीलोक से सत्यलोक रुद्रलोक तक महावायु के विभिन्न सतह स्वरूप और वायुपथों के मायाजाल के रहस्य को उद्‌घाटित करते हैं। वायु के स्वरूपों की अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक शक्तियाँ चकित करती हैं।

आगम में ''दिव्य मेरु'' के वतुल में दिव्य पूरीयाँ अवस्थित होने का विवरण हैं। यद्यपि देवताओं की पुरी देखने के लिए दिव्यदृष्टि या दिव्यचक्षु (आर्ष) अनिवार्य शर्त है। महावायु सतहों एवं पथों के संजाल का सबसे प्रामाणिक वर्णन आगम के ''श्री स्वच्छन्दतन्त्रम्'' के पँचम खण्ड में मिलता है। तन्त्र जगत् में सर्वाधिक प्रतिष्ठित ''श्री स्वच्छन्दतन्त्रम्'' का प्रकाशन लगभग एक शतक वर्ष पूर्व सन 1930 में काश्मीर संस्कृतग्रन्थावलि–51 के अन्तर्गत किया गया है। श्री स्वच्छन्दतन्त्रम्'' में अप्रत्याशित रूप से वेदानुसरण करते हुए दश वायु पथों का ब्योरा दिया गया है। यह स्मरण रहे कि ''वायुवेद यजुर्वेद के मन्त्रद्रष्टा ऋषि याज्ञवल्क्य ने दशवायु'' का उल्लेख किया है। योग याज्ञवल्क्य में दशवायु के कर्म और शरीरस्थ स्थान की व्याख्या की गई है। उधर श्री स्वच्छन्दतन्त्रम् की टीका आचार्य श्री क्षेमराज ने की है।

श्री स्वच्छन्दतन्त्रम् में सर्वप्रथम यह स्पष्ट किया गया है कि ''वायु स्कन्धों में पवन के साथ अग्नि भी है।'' आगम के अनुसार ''महावायु के स्कन्धों में भिन्न–भिन्न प्रकार के जीव विद्यमान हैं। यह बात अलग है कि वे पृथिवी के आम वासियों के लिए अदृश्य अगम्य हैं।'' श्री स्वच्छन्दतन्त्रम् ग्रन्थांक 56 में घोषणा की गई हैं : ''ईश्वरो वायुतत्त्व तु आकाशे तु सदाशिव।।38।।'' साथ ही सृष्टि संहार के सन्दर्भ में लिखा है :

''आपस्तेजसि लीयन्ते तत्तेजश्चानिले पुनः।।284।।
तथानिलोऽम्बरं प्राप्य सह तेनैव लीयते।
तन्मात्रेषु प्रलीयन्ते यथोत्पन्नानि च क्रमात्।।285।।
दश वायुपथा मध्ये त्वयुतायुतसंख्यया।।423।।
(अयुतं दश सहस्राणि, अयुतायुतमन्तरमिति पाठे

तेषामयुतायुतमन्तर्निवासस्थानमिति व्याख्येयम्।।423।।)
तत्र
आद्ये वायुपथे मेघान्कथयामि यथास्थितान्।
(परमेश्वरेच्छानियमितवायुविततहरणोपभोगभूमयो वायुपथाः।।)
पंचाशद्योयनादूर्ध्वमृतर्द्धिर्नाम मारुतः।।424।।
यो विवर्धयते पुष्टिमोषधीनां बलं तथा।
बृंहयेच्च महीं सर्वामाप्याययति चाव्ययः।।425।।
(अव्यय इति सदा आप्यायादि कुर्वन्नपि न क्षीयते।।425।।)
किंच
दिवा हंसः स वै वायुर्मनुजाना सुखावहः।
स एव
यतो गृद्धान्धारयति तेन गृद्धधरः स्मृतः।।426।।
(एक एवायं नानासंज्ञो नानाव्यापारश्चेत्यर्थः।।426।।)
तदुपरि
प्राचेतसो नाम वायुः प्रचेतोभिविनिर्मितः।
स वै नाशयते वृक्षान् कदाचि त्संप्रवर्तयेत्।।427।।
(प्रचेतसा वरुणेनाभिविनिर्मितः उत्पादित। नाशयते दहति।
प्रवर्तयति उद्भिन्नांकुरान् संपादयति।।427)
वायोः कथं दाहकत्वमित्याह
अग्निः प्राचेतसो नाम तेनैव सह तिष्ठति।
तत्साहित्यादसौ
यदा दहति वेश्मानि तदासौ समुदाहृतः।।428।।
(एतन्नामैवेत्यर्थः।।428।।
अयं चाग्निर्वडवात्मेत्याह)
सुखी समुद्रे वसति स जलान्नोपशाम्यति।
(अयत्नोपनतनानानीरपानाशनः।। वसंश्चात्र प्रत्युत ज्वलति।।)
अथ
योजनानां शतादूर्ध्वं सेनानीर्वायुरुच्यते।।429।।
(नीचवायुरिति स्मृतः इति केचित्पठन्ति।
शतादूर्ध्वमित्यत्रायमाशयः—भूपृष्ठात्पंचाशद्योजनोर्ध्वं योजनापंचाशति ऋतार्द्धः, प्रचेताश्च पंचाशति।।429।।)
विद्युद्वन्तो मूकमेघा वसन्त्यस्मिंश्च मारुते।
चो ह्यर्थे।।

ते भुवः क्रोशमात्रेण तिष्ठन्तोऽपसृजन्त्यपः।।430।।
योजनानां शतादूर्ध्वं मेघाः सत्त्ववहाः स्मृताः।
मत्स्यमण्डूककूर्मांश्च वर्षन्त्येते च दुर्दिने।।431।।
योजनानां शतादूर्ध्वं वायुरोघः प्रकीर्तितः।।
तस्मिंस्तु रोगदा मेघा वर्षन्ति विषोदकम्।।432।।
तेनोपसर्गा जायन्ते मारकाः सर्वदेहिनाम्।
(चो ह्यर्थे।।तैश्चोपसर्गैः पीडादिभिः प्रवर्तन्ते।।)
मारकाः पीडादिभिः प्रवर्तन्ते।।
अथ
तस्मादूर्ध्वं तु तादृभ्यो देव्यमोघः स्थितो मरुत्।।433।।
तस्मिंस्ते मारका मेघा अमोघे संप्रतिष्ठाः।
अथ
वज्रांगो नाम वै वायुः पंचाशद्योजनस्थितः।।434।।
तस्मिंस्तूपलका नाम मेघास्तूपलवर्षिणः।
तदुपरि
तावद्भिर्योजनैरेव ततो वै वैद्युतोऽनिलः।।435।।
मेघाश्च वैद्युतास्तस्मिन्निवसन्ति तु वैद्युते।
(तावद्भिः पंचाशता।।वैद्युतत्वमेतेषां विद्युत्कारणत्वेनेत्याह अशनिर्वायु संक्षोभात्तेष्वतौ जायते महान्।।436।।)
अशनिर्वायु संक्षोभात्तेष्वतौ जायते महान्।।436।।
(अशनिर्विद्युत्। तेषु मेघेषु।।436।।)
तदूर्ध्वं योजनानां च पंचाशद्रैवत्तः स्मृतः।
तस्मिन्पुष्टिवहो नाम पुष्टिं वर्षति देहिनाम्।।437।।
(रैवत इति तदाख्यः। पुष्टिवहाख्यो मेघः।।437।।)
तदुपरि स्थिते
संवर्ते रोगदा मेघास्ते रोगोदकवर्षिणः।
पंचाशद्योजने ते वै तस्मिंस्तिष्ठन्ति तोयदाः।।438।।
ततोऽपि
विषावर्तो नाम वायुः पंचाशदुपरि स्थितः।
तस्मिन्क्रोधोदका नाम मेघो वै संप्रतिष्ठिताः।।439।।
ते क्रोधरागबहुलं संग्रामबहुलं तथा।
राज्ञां क्षयकरं चैव प्रजानां क्षयदं तथा।।440।।
वर्षं चैवात्र कुर्वन्ति यदा वर्षन्ति ते घनाः।

(ते घनां संर्वर्ताश्रयस्य पंचाशत उपरि पंचाशदुपरि।
विषावर्तस्य तु मानमग्रे वक्ष्यति। क्रोधसहितो रागः क्रोधरागस्तेन बहुलं पूर्णं तत्संपादकमिति यावत्।। ओघादीन् सप्त वायून् धर्मसाम्येन् विशिनष्टि)
ओघोप्यमेघो वज्रांगो वैद्युतो रैवतस्तथा।।441।।
संवर्तश्च विषावर्तो वायवो घोरवेगिनः।
(घोरवेगिन इति, घोरो वेगा भूम्ना विद्यते येषाम्।।
एतत्सप्तकं येषामास्पदं तान् क्रमेणाह)
ओघे वसिन्त वै दिव्याः पिशाचः स्कन्ददेहजाः।।442।।
त्रिंशत्कोटिसहस्राणि स्कन्दस्यानुचराः स्मृताः।
ते वै दिव्यैश्च कुसुमैरर्चयन्ति हरात्मजम्।।443।।
तदूर्ध्वस्थे
अमोघे विनायका घोरा महादेवसमुद्भवाः।
त्रिंशत्कोटिसहस्राणि तस्मिन् वायो प्रतिष्ठिताः।।44।।
ये हरन्ति कृतं कर्म नराणामकृतात्मनाम्। (अकृतात्मनामसंयमवताम्।।)
वज्रांगेऽपि तथा मातंगाः क्रूरकमिणः।।445।।
भिन्नांजननिभा घोरास्तापना नाम विश्रुताः।
तदारोहिणश्च
विद्याधराणामधमा मनः पवनगामिनः।।446।।
(मनः पवनन्मातंगरोहादेव गछन्ति तच्छीलाः, अत एवाधमाः। उत्तमास्तु विद्यादिप्रभावेणैव तत्तद्देशप्राप्तिमन्तः।।446।।)
किंच
ये विद्यापौरुषे ये च वेतालादींश्मशानतः।
साधयित्वा ततः सिद्धास्तेऽस्मिन् वायौ प्रतिष्ठिताः।।447।।
(विद्यापौरुषे शास्त्रविद्यादिस्पर्धायां तथा वेतालादीन् साधयित्वा ये प्रसिद्धा मृता इत्यर्थः।।447।।)
वैद्युतेऽप्सरसस्तस्मिन् वासवेन प्रयोजिताः।
तिष्ठन्ति सर्वदा तत्र पृथिवीपुरपालने।।448।।
(पृथिवीपुरपालनं चैतत् तासां यत् तन्निवासिसदाचारजनपदस्य विमानैः स्वभूमिप्रापणम्।।448।।)
तदाह
भृगौ वह्नौ जले वापि संग्रामेष्वनिवर्तकाः।
गोग्रहे बन्दिमोक्षे वा म्रियन्ते पुरुषोत्तमाः।।449।।

ते व्रजन्ति ततस्तूर्ध्वं विमानैर्मणिचिन्हितैः।
पताकादीर्घिकाकीर्णैर्दिव्यघण्टानिनादितैः।।450।।
(न निवर्तन्त इत्यनिवर्तकाः, संमुखं ये म्रियन्त इत्यर्थः। गवां ग्रहः सिंहादिभिराक्रमणम् बन्द्यो बलाद्नृहीता हठम्रियमाणाः परयोषितः। एते च संग्रामादौ मृताः सदाचारत्वात् पुरुषोत्तमाः न तु पूर्वे इति श्रुतौ तेषामनुत्तमत्वेनोक्तत्वात्। तत इति स्वभूमेः।।450।।)
कथं व्रजन्तीत्याह
स्त्रीसहस्रपरीवारैर्विमानैस्तान्नयन्ति ताः।
(यत इति शेषः। ता इत्यप्सरसः।।)
रैवते तु महात्मानः सिद्धा वै संप्रतिष्ठिताः।।451।।
गोरोचनांजने भस्मापादुके अजिनादि च।
साधयित्वा महात्मानः सिद्धास्ते कामरूपिणेः।।452।।
(सिद्धाः संपन्नाः।।452।।)
ततश्चात्र
ते वसन्ति महात्मानौ दिव्यां सिद्धिमवस्थिताः।
(वज्रांगस्थत्येन तद्रूपत्वात् विद्याधराधमा उक्ताः।।)
संवर्तेऽपि महावायौ विद्याधरगणाः स्मृताः।।453।।
दश त्रिंशच्च कोट्यस्ते दिव्याभरणभूषिताः।
दिव्यगन्धानुलिप्तास्ते दिव्यस्रग्धामभूषिताः।।454।।
(दश ये गणाः संक्षेपतः त एव विस्तरतस्त्रिंशत्कोटय इत्यत्रार्थः।
एते च विद्याधरा देवयोनिभेदा एव न
तु मनुष्याः सन्तः खंगादिसिद्धया सिद्धाः।।)
अथैतदुपरि
आग्नेया धूमजा मेघा शीतदुर्दिनदाः स्मृताः।
विषावर्तं नावमिव ते वायुं यान्ति मिश्रिताः।।455।।
तत्र गान्धर्वकुशला गन्धर्वसहधर्मिणः।
वंशवीणाविधिज्ञातश्च पक्षिणः कामरूपिणः।।456।।
(गन्धर्वसहधर्मिता गान्धर्वेण महेश्वराधकत्वम्।।456।।)
ब्रह्मजा नाम वै मेधा ब्रह्मनिःश्वाससंभवाः।
उपरिष्टाद्योजनशताद्दुर्जयस्योपरि स्थिताः।।457।।
(विषावार्ताख्यवायुव्याप्तयोजनशतोपरिष्ठात् यो दुर्जयो नाम वायुः, तस्योपरि ब्रह्मजा मेघाः स्थिता इति संगतिः।।457।।)
किंच

तत्र वै दुर्जया नाम इन्द्रस्य परिरक्षकाः।
परावहाभिधं वायुं ते समाश्रित्य संस्थिताः।।458।।
महावीर्यबलोपेता दश कोट्यः प्रकीर्तिताः।
(तत्रेति दुर्जयसमीपे परावहाभिधं वायु समाश्रित्येति संगतिः।।)
अतोऽयूर्ध्वं
पुष्करावर्तका नाम मेघा वै पद्मजोद्भवाः।।459।।
तथा
शक्रेण पक्षा ये च्छिन्नाः पर्वतानां महात्मनाम्।
परावहस्तान्वहति मनुजानिव वारणः।।460।।
(तानिति पुष्करावर्तकान् पर्वतपक्षांच्च परावहाख्यो वार्युर्वहति।।460।।)
किंच
तस्मिन्वायुगमा नाम गन्धर्वा गगनालयाः।
एकादश तु वै कोट्यस्तेषां तु समुदाहृताः।।461।।
तथा
जीमूता नाम ये मेघा देवभ्यो जीवसंभवाः।
द्वितीयमावहं वायुं मेघास्ते च समाश्रिताः।।462।।
तस्मिंजीमूतका नाम विद्याधरगणा दश।
(जीवसमुद्भवा इति जीवः श्वासः तत उद्भवाः।
द्वितीयमावहमिति पुष्करावर्तकाश्रयं परावहमित्यर्थः
नतु प्रथमं दुर्जयानामाधारम्।।)
अथ
आवहस्तु ततो वायुर्यत्र द्रोणाः समाश्रिताः।।463।।
तस्मिन्द्रोणाः समाख्याता मेघानां परिरक्षकाः।
(द्रोणा नाम मेघविशेषा अधोवर्तिमेघानामयथाकारित्वं रक्षन्ते।।)
यतः
हितार्थं तु प्रजानां वै निर्मितास्ते मया पुरा।।464।।
(मयेति कैलासस्थेन–इति तत्र प्रवक्तुरुक्तिः।
हितमघोवर्तिमेघेभ्य उपद्रवपरिरक्षा।।464।।)
अथैषाम्
उपरिष्टात्कपालोत्थाः संवर्ता नाम वै घनाः।
महापरिवहो नाम वायुस्तेषां समाश्रयः।।465।।
(कपालोत्था इति ममैवेत्यर्थात्।।465।।)
उपसंहरति

आद्ये वायुपथे ह्येवं मेघा वै वायुभिः सह।
सिद्धाश्च पतयश्चैव कथिता मेघचारिणः।।466।।
(दशसहस्रोन्मानो योऽयमाद्यो वायुपथस्तस्य भुव ऊर्ध्वं शून्यं पंचाशद्योजनानि, तदूर्ध्वमृताद्धः, प्राचेतसः, सेनानीः, सत्त्ववहः, ओघः, अमोघः, वज्रांगः, वैद्युतः, रैवतः, संर्वतः, विषावर्तः इति। एत एकादश ये वायवस्तेषां मध्यात्सेनानीः सत्त्ववहश्च शते शते योजनानां स्थितः, शेषाः प्रत्येकं पंचाशद्योजनावस्थितय इति कलनया भूपृष्ठाद्विषावर्तान्ते योजनसप्तशती। तदुपरि सहस्रनवके शतत्रये च दुर्जयपरावहद्वया–वहावहमहापरिवहाख्याः पंच वायवः स्थिता इति।।466।।
आद्यं वायुपथं वितत्योक्त्वा, अन्यान् संक्षेपेण विभजते)
द्वितीये वायुपथे ज्ञेया अग्निकन्याश्च मातरः।
ता वसन्ति गुणोपेता रुद्रशत्तया त्वधिष्ठिताः।।467।।
(मातरोऽपरेण रूपेण ब्राह्याद्याः।
गुणेन सर्वज्ञात्वादिनोपेता यतो रुद्रशत्तयधिष्ठिताः।।467।।)
अथ
तृतीये वायुपथे चैव वसन्ते सिद्धचारणाः।
स्वकर्मभोगसंसिद्धाः सर्वसिद्धैरधिष्ठिताः।।468।।
(स्वं प्राक्तनं शुभं कर्म, भोगस्तत्तत्पदोचितसुखात्मकः,
तद्वेशेन संसिद्धाः प्राप्ततत्पदाः। सर्वसिद्धैरप्यन्यैरपि
तत्तत्पदोचितयोगसिद्धैरधिष्ठिता आसादिताः।।468।।)
तदुपरि
चतुर्थे पथि चैवात्र वसन्त्यायुधदेवत्ताः।
नाराचचक्रचापर्ष्टिशूलशक्तीषुमुद्गराः।।469।।
(ऋष्टिरायुधविशेषः। आयुधानामेव च तद्देवतावाम।।469।।)
अथ
पंचमे पथि देवेशि वसन्त्यैरावतादयः।।
ऐरावतोऽंजनश्चैव वामनश्च महागजः।।470।।
सुप्रतीको गजेन्द्रश्च पुष्पदन्तस्तथैव च।
कुमुदः पुण्डरीकश्च सार्वभौमोऽपि चाष्टमः।।471।।
(वामनस्य विशेषणं महागज इति।
तथा सुप्रतीकस्य करीन्द्र इति।।471।।)
त एते
दिग्गजा इति विख्याताः स्वासु दिक्षु व्यवस्थिताः।

(व्यवस्थिता इति पूर्वादिक्रमेण नभस्येव।।)
ततोऽपि
षष्ठे वायुपथे देवि पक्षिराजे महाबलः।।472।।
गरुत्मानिति विख्यातो दुर्जयोऽतीव वीर्यवान्।।
सप्तमे व्योमगंगा तु नानाजलचरानुगा।।473।।
दिव्यामृतजला पुण्या त्रिधा सा परिकीर्तिता।
(दिव्यममृततुल्यं जलं यस्याः सा।
त्रिधेति सत्यलोकस्वर्लोकभुवर्लोकस्थित्या।।)
सा भ्रान्ता नभ सोमध्ये समन्तात्परिमण्डला।।474।।
आकाशगंगा प्रथिता देवानां सततोत्सवा।
पुष्पमालेव सा भाति नभसः शिरसि स्थिता।।475।।
तत्र सिदैर्महाभागैर्विद्याधरगणैस्तथा।
गन्धर्वैरप्सरोभिश्च साध्यैर्विश्वैर्मरुद्गणैः।।476।।
रुद्रैर्वसुभिरादित्यैः पितृदेवमहर्षिभिः।
रक्षोभिर्गुह्यकैश्चैव दिव्यस्तुति परायणैः।।477।।
स्तुवद्भिश्च जपद्भिश्च गायद्भिश्च महात्मभिः।
नृत्यद्भिर्वल्गमानैश्च दिव्यदुन्दुभिनिःस्वनैः।।478।।
भेरीमृदंगवाद्यैश्च वल्लीकानां च निःस्वनैः।
वंशवादित्रनादैश्च मनोवायुसमीरितैः।।479।।
(तत्र सिद्धेरिति सिद्धादिभिरूपलक्षिता। रुद्रादीनां त्रयाणां विशेषणं पितृदेवैरिति। स्तुवद्भिश्चेत्यादिभिर्विशेषणैः पूर्वे यथायोगं विशेष्याः। दिव्यदुन्दुभिनिःस्वनैरित्याद्या नृत्तं वल्गनं च प्रति हेतुतृतीयाः। मनोधिष्ठितेन वायुनेति प्राणेन समीरितैः पूरितैरिति योज्यम्।।479।।)
किंच
वैदूर्यनालेः कमलैर्हेमपत्रैः सुगन्धिभिः।
केसरैः पद्मरागैश्च महाचक्रप्रमाणकैः।।480।।
नृत्यन्तीव सरिच्छ्रेष्ठा विमानशतमण्डिता।
मण्डिता च वनैर्दिव्यैर्धर्माधारा महानदी।।481।।
(कैसरैः पद्मरागैरिति पद्मरागात्मककेसरयुक्तैः पद्मैरित्यर्थः। धर्म आ समन्ताद्धार्यते दर्शनस्पर्शनादिनाः संपाद्यते यथा।।481।।)
युक्तं चैतत यतः
मम नेत्राद्विनिष्क्रान्ता क्रियाशक्तिः परा हि सा।
एतत्पूर्वमेव निर्णीतम्।।

सैषा
महामन्दाकिनी देवी त्रिदशैः पर्युपासिता।।482।।
महाविमानकोटीभिर्निरन्तरमवस्थितैः।
शोभितासौ भगवती नित्यमास्ते नमस्तले।।483।।
(महत्त्वं प्रभावातिशयादस्याः। अवस्थितैरिति त्रिदशविशेषणम्।।483।।)
तत्रैषा मेरुशिरसि मम वै मस्तकाच्चयुता।
पपात धरणीपृष्ठे लोकानां हितकाम्यया।।484।।
(एषा गंगा पूर्ववर्णितयुक्तया देवैर्भ्यर्थितेन मया मर्त्यलोकपावनाय समाहूय विसृष्टा सती मेरुशिरःस्थितस्य मम मस्तकं प्राप्य, ततश्च्युता मेरुशिरसि स्थिता, पश्चात् धरणीपृष्ठे पपातेति संगतिः। उक्तं च प्राक् ''आगत्य मम मूर्धानं मेरुमूध्नि पुनर्गता। तस्मान्निर्गत्य देवेशि चतुर्दिक्षूदधिं गता''।।10.181।।इति।।484।।)
किंच मदीयनियतिशक्ति नियन्त्रणतः
अक्षोभ्या साप्यसौ गंगा तिष्ठत्यनिलधारिता
(अन्यथा कथमनिलेन न क्षोभ्येत कथं बाह्येत।।)
योजनानां शतं पूर्णं विस्तारोऽस्याः प्रकीर्तितः।।485।।
परिणाहस्ततः कोट्यः
(तत इति तस्मिन्नाकाशे। कोट्य इति बव्हयः कोटय इत्यर्थः।)
एषा चात्र
महावेगवती शुभा।
सा भ्रमन्तीव संतिष्ठेत्समन्तात्परिमण्डल।।486।।
(परिण्डलेति ब्रह्माण्डान्तराकाशस्य तथात्वात्।।486।।)
ध्रूवमापूर्य सा देवी त्वत्यद्भुतमवस्थिता।
(ध्रुवमिति तन्नाभिनिबद्धभचक्रमित्यर्थः।
देवी द्योतमाना। अत्यद्भुतं कृत्वावस्थिता।।)
किंच
दिव्यामृतवहा पुण्या सर्वपापप्रणाशिनी।।487।।
(दिवि भवं दिव्यं लोकोत्तरममृतं जलं वहति।।487।।)
अथ
अष्टमे वृषराजस्तु सपत्नीकः सनन्दनः।
वसति त्वप्रतीघातः प्रत्यक्षो धर्म एव सः।।488।।
(वृषराज इति महेश्वरस्य वाहनम्। अप्रतीघातः
स्वेच्छाविहारी। धर्म इति

''वृषो धर्मः स देवस्य गुणो ज्ञानक्रियात्मकः।
धत्ते स चिदचिद्यस्माद्धर्मस्तेनोच्युते बुधैः।।
इति श्रीमन्मयसंग्रहोक्तसतत्त्वः।।488।।)
नवमे पथि चात्रास्ते दक्षो नाम प्रजापतिः।
ब्रह्मैव साक्षाद्वसति ब्रह्मशक्तया त्वधिष्ठितः।।489।।
(ब्रह्मणः शक्तिर्निर्मातृरूपा।।489।।)
दशमे वायुपथे देवि वसुरुद्रदिवाकराः।
(एते च पूर्वं गंगासेवार्थमितोऽवतीर्णा वर्णिताः।।)
तत्र प्राधान्यादादौ रुद्रान्नामतो दर्शयति
अत्र चांगारकः सर्पिनैर्ऋतः सदसत्पतिः।।490।।
बुधश्च धूमकेतुश्च विख्यातश्च ज्वरस्तथा।
अजश्च भुवनेश्च मृत्युः कापालिकस्तथा।।491।।
एकादश स्मृता रुद्राः सर्वकामफलोदयाः।
(सदसत्पतिरिति यः क्वचिदुक्तः। ज्वरो विख्यातः त्रिजगत्प्रसिद्धः।
सर्वेषा कामफलानामुदयो येभ्य इति समासः।।)
तदित्थं
धाता ध्रुवश्च सोमश्च वरुणश्चानिलोऽनलः।।492।।
प्रत्यूषश्च प्रदोषश्च वसवोऽष्टौ प्रकीर्तिताः।
तदित्थं
वसवः कथिता ह्येते आदित्यांश्च निबोध मे।।493।।
अर्यमा इन्द्रवरुणौ पूषा विष्णुगर्भस्तिमान्।
मित्रश्चैव समाख्यातस्त्वजघन्यो जघन्यकः।।494।।
विवस्वांश्चैव पर्जन्यो धाता वै द्वादशः स्मृतः।
काश्यपेयान्विदुस्त्वेतान्
(कश्यपस्यामी कास्यपेयाः कश्यपापत्यानीत्यर्थः।।)
तेषां तेजोनिधेरथः।।495।।
अमृतोद्भवो रथो दिव्यः सर्वदेवसमन्वितः।
(तेषां वसुरुद्रादित्यानां मध्यात् तेजोनिधेरादित्यस्य क्षीरोदोद्भवो रथः तस्यैव तदारूढस्य जगत्प्रकाशाय नियुक्तवात्। तेजोनिधेश्चिदर्कस्य परशक्तयमृतोत्थितः पूर्वोक्तदृशा सर्वदेवमयः प्राणरूपो रथ इत्यपि सूचितम्।।)
अनेन यदुक्तं सर्वदेवमय इति, तद्विभजते
यज्ञश्चक्रं रथे तस्मिन्सर्वज्ञानमयी च धूः।।496।।

सप्ताश्वाश्च स्वराः सप्त वेदहूंकारनिःस्वनाः।
नागा योत्क्राणि तेषां वै अरुणश्चैव सारथिः।।497।।
सत्यं च मंचकं तस्य वायुर्वेगो रथस्य तु।
।।दशम पटल, पँचम भाग, स्वच्छन्दतन्त्रम्।।

श्री स्वच्छन्दतन्त्रम् में पृथिवीलोक से सत्यलोक तक वायु सतहों–वायु प्रवाहों की भौतिक, दैविक, अध्यात्मिक शक्तियों का सविस्तार ब्योरा दिया गया है। वायु के दशों पथों का वृत्तान्त अभूतपूर्व है। इस तरह की व्याख्या अन्य कहीं नहीं मिलती है।।ऊँ।।

महामेरु चक्राकारो वाटः पुरीणां समूहः
वायुदेवत्ता की गन्धवतीपुरी

स्वच्छन्दतन्त्रम् के दशम् पटल में वायु देवता की पुरी–गन्धवती को लेकर अनुत्तरित प्रश्नों के उत्तर रहस्योद्घाटित किये गये हैं। स्वच्छन्दतन्त्रम् में ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति से लेकर पृथिवी उत्पत्ति के गूढ़ रहस्यों की एक–एक करके व्याख्या की गई है। पृथिवी पर भू–आकाश (भूलोक के स्वर्ग) की चर्चा में पवित्रम महामेरु पर्वत (कैलास) का आख्यान आया है।

महामेरु के मूल विस्तार और उसका महाविस्तार दिव्यता की अनुभूति करवाता है। आचार्य क्षेमराज ने व्याख्या टीका में लिखा कि महामेरु में त्र्यम्बक परमेष्ठी परमेश्वर का आवास है। उन्होंने महामेरु को कैलास नाम से सम्बोधित किया है और कैलासवासी उमापते हैं। स्वच्छन्दतन्त्रम् में स्पष्ट किया है कि महामेरु के चक्राकारवाट है और इसमें दिव्य (देवताओं) पुर समूह हैं।

योजनानां परित्यज्य चक्रवाटः समन्ततः।।131।।
(चक्राकारो वाटः पुरीणां समूहः।।131।।)
पश्चिमेन जलेशस्य नाम्ना शुद्धवती स्मृता।।134।।
वायव्यां तु पुरी वायोर्नाम्ना गन्धवहा प्रिये।
उत्तरेणापि सोमस्य पुरी नाम्ना महोदया।।135।।
वायोर्दक्षिणतो देवि सिद्धा नाम पुरी स्मृता।
वसन्ति किन्नरास्तत्र पुरैर्हेमार्कसप्रभैः।।150।।
वायोः पूर्वेण गान्धर्वी हैमी चित्ररथस्य तु।
गन्धर्वराजमुख्यस्य दिव्यगन्धर्वनादिता।।151।।

स्वच्छन्दतन्त्रम् प्रामाणिक तत्त्व ज्ञानानुसार महामेरु अर्थात् परम पावन कैलास पर्वतराज के वृतुल में समस्त देवताओं की अलौकिक दिव्य पुरीयाँ अवस्थित हैं। इन्हें दिव्य चक्षुओं से ही देखा जा सकता है। लिंग पुराण का अड़तालिसवाँ अध्याय भूमध्य स्थित मेरु (सुमेरु) पर्वत और इन्द्र, वायु, अग्नि, कुबेर, यम, नैर्ऋत आदि की पुरियाँ स्थित होना बताता है। लिंग पुराण में भी वायुदेव की पुरी का नाम गन्धवती है। यह स्मरण रहे कि वायु पुराण में ब्रह्मक्षेत्र अथवा कुरुक्षेत्र में वायु देवता का वायु पुर होना बताया गया है। हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा प्रकाशित वायु पुराण में स्पष्ट लिखा है कि मूल पाठ में कुरूक्षेत्र का नाम नहीं रहा। यह दोहरा रहे हैं कि बारहवीं शती के महाराजा वल्लालसेन देव ने शैव मत की वह्नि पुराण में प्रक्षिप्त का रहस्योद्घाटन किया। उन्नीसवीं शती के अन्त में श्री बंकिम चन्द चट्टोपाध्याय ने श्री कृष्णचरित्र में सप्रमाण सिद्ध किया कि मूल पुराणों में श्रीकृष्ण द्वारा गोपियों के वस्त्र चुराने, आठ रानियाँ, सोलह हजार रानियाँ आदि प्रसंग नहीं हैं और ये प्रक्षिप्त बाद में जोड़े गये। पुराणों के मूलपाठ से इनका कोई सम्बन्ध नहीं है। वैसे क्षमा करें! कुरुक्षेत्र के महासमर की मूल गाथा जय संहिता मात्र 8,800 श्लोक की है (वर्तमान में 1,00,000 श्लोकी महाभारत उपलब्ध है।)। इस दृष्टि से यह शोध अनुसंधान का विषय है कि वायु पुराण में किस काल में वायु देवता के वायुपुर को कुरुक्षेत्र लिखकर जोड़ा गया?।।ऊँ।।

वायु संज्ञा भेद : दश नाड़ी, दश वायु

स्वच्छन्दतन्त्रम् में नाड़ी और वायु के सहस्रों भेद बताये गये हैं। शरीर में 72000 नाड़ियाँ हैं और नाड़ियों की संख्या के अनुसार उतनी संख्या में वायु हैं। लेकिन इन हजारों नाड़ियों में दश प्रधान हैं। उन्हीं के अनुसार शरीर में दश प्रधान वायु हैं। स्वछन्दतन्त्रम् के तीसरे खण्ड के सप्तम पटल में यह उल्लेख मिलता है।

मारुतापूरिताः सर्वा आत्मशक्तिचराः सदा।।11।।
पृथग्वृत्तिप्रभेदेन भिन्नाश्चारप्रभेदतः।
चारवृत्तिप्रभेदेन संज्ञाभेदो वरानने।।12।।
नाडीनां चैव वायूनां भेदो ज्ञेयः सहस्रशः।
प्रधाना दश याः प्रोक्ता नाडयश्च वरानने।।13।।

तासां मध्ये तु देवेशि वायवो ये व्यवस्थिताः।
नाडीनां चैव वायूनां संज्ञावृत्तीर्निबोध मे।।14।।
इडा च पिंगला चैव सुषुम्ना च तृतीयका।
गान्धारी हस्तिजिव्हा च पूषा चैव यशस्विनी।।15।।
अलम्बुसा कुहूश्चैव शंखिनी दशमी स्मृता।
एताः प्राणवहाः प्रोक्ता दश नाडयः।।16।।
(वायूनां संज्ञाभेदमाह)
प्राणोऽपानः समानश्च उदानो व्यान एव च।
नागः कूर्मोऽथ कृकरो देवदत्तो धनंजयः।।17।।
(एषां वृत्तिभेदं)
जल्पितं हसितं गीतं नृत्तं युद्धगतिः कला।
शिल्पं च सर्वकर्माणि प्राणस्येदं विचेष्टितम्।।7.104।।
इत्यादिना पटलान्ते वितत्य वदयति।।17।।
वायवो नाडयश्चैव चक्रवत्संस्थिताः प्रिये।
तासु संचरतः सिद्धिं योगं चैव वरानने।।18।।स्वच्छन्दतन्त्रम् ऊँ।।

काश्मीर संस्कृतग्रन्थावलिः

सूत्र एवं तन्त्रों में वायु वैभव

वायु देवता के तान्त्रिक महावैभव से सन 1918–1947 तक प्रकाशित काश्मीर संस्कृतग्रन्थावलि परिचय करवाती है। सन 1930 में श्री भटनारायणकण्ठ की "श्री मृगेन्द तन्त्रम्" (विद्यापाद एवं योगपाद) व्याख्या प्रकाशित हुई। इसका सम्पादन पण्डित मधुसूदन कौल शास्त्री ने किया।

श्री मृगेन्द्र तन्त्रम् के त्रयोदश पटल में "वायु देवता के वायुपुर अथवा गंधपुरी का (संक्षिप्त) वर्णन अद्भुत है।" श्री मृगेन्द्र तन्त्रम् में वायु देव के पुर का "गन्धवती" नामकरण मिलता है। इसका "ध्वज श्वेत पीत" है। यह दुर्लभ विचित्र रत्नों से निर्मित है।

वायु पुराण में वायु देवता के वायुपुर का वृत्तान्त मिलता है। जिसमें एकादश रुद्र, द्वादश आदित्य आदि के देवालय एवं चार दिव्य कुण्ड वर्णित हैं। आर्षग्रन्थों में इसे दिव्य "कलाप ग्राम" के समीप अवस्थित कहा गया है। श्री मृगेन्द्र तन्त्रम् ने वायु देवता की गन्धवती को नया आयाम दिया। महान तान्त्रिक सोमशम्भु रचित "कर्मकाण्डक्रमावली" (प्रकाशन सन 1947) में वायु

देवता का ध्वज पीत (पीला) बताया है : "मारुताय ध्वजं पीतं नागाय नागकेसरम्" ।।1286।।

गन्धवत्ती वायुपुर का श्वेत पीत ध्वज

वायोर्गन्धवती तुंगश्वेतपीतध्वजाकुला।
बलवद्भूतसंजुष्टा सर्वरत्नविर्निमिता।।51।।
(श्वेतैः पीतैश्च ध्वजैयुक्ता विचित्ररत्नविरचिता समर्थभूत निषेविता वायोः पुरी गन्धवत्ती नाम।।52।।)।।त्रयोदश विद्यापाद, श्री मृगेन्द्र तन्त्रम्।।
अथ व्यक्तान्तराब्दुद्धेगर्वोऽभूतत्करणं चितः।
व्यापाराद्यस्य चेष्टन्ते शरीराः पंच वायवः।।20।।
प्राणापानादयस्ते तु भिन्ना वृत्तेर्न वस्तुतः।।
।।एकादश पटल, विद्यापाद, श्री मृगेन्द्र तन्त्रम्।।
व्यूहोऽवकाशदानं च पंक्तिसंग्रहधारणाः।।21।।
वायुव्योमहुताशाम्बु धरणीनां च वृत्तयः।।22.1।।
आशीतोष्णो महीवाय्वोः शीतोष्णौ वारितेजसौ।।28.1।।
।।द्वादश पटल, विद्यापाद, श्री मृगेन्द्र तन्त्रम्।।
वाय्वधिपा उच्यन्ते
लघुशीघ्रमहद्वेगसूक्ष्मतीक्ष्णक्षयान्तकाः।।130।।
कर्पर्द्यब्देशपंचान्तपंचचूडाश्च वायुपाः।
निधीशो रूपवान् धन्यसौम्यशान्तजटाधराः।।131।।
कामप्रसादलक्ष्मीशप्रकाशाश्चेन्दुयक्षपाः।।132.1।।
ब्रह्माण्डादधोवर्तिनो रुद्रान् कथयितुमाह।
क्रोधनानिलभुग्भोगिग्रसनोदुम्बरेश्वराः।।134।।
।।त्रयोदश पटल, विद्यापाद, श्री मृगेन्द्र तन्त्रम्।।
प्राणः प्रागुदितो वायुरामोऽस्य प्रखेदनम्।
प्रेरणाकृष्टिसंरोधलक्षणं कृतुदोषनुत्।।4।।योगपाद, श्री मृगेन्द्र तन्त्रम्।।
खं समस्तेषु भूतेषु वारिवायू शिखिक्षिती।।42।।
वार्यग्नि भूमि पवनौ वारिक्ष्मे अनलानिलौ।
मध्यस्थारातिमित्राणि चतुष्के युग्मयुम्मशः।।43।।
परिज्ञायेति मतिमान् परिज्ञायेति मतिमान योजयेदिष्टसिद्धये।।
।।योगपाद, श्री मृगेन्द्र तन्त्रम्।।

लौगाक्षिगृह्यसूत्र

काश्मीर संस्कृतग्रन्थावलि के अन्तर्गत लौगाक्षिगृह्यासूत्र देवपाल भाष्य सन 1934 में प्रकाशित हुआ। इसकी एकचत्वारिंशी काण्डिका में "वायुपुत्र",

सूर्यपुत्र, अग्निपुत्र, विष्णुपुत्र का उल्लेख किया गया है। ''लौगाक्षिगृह्यसूत्र रचयिता ने ऋग्वेद के लिए अग्निपुत्र, यजुर्वेद के लिए वायु पुत्र एवं सामवेद के लिए सूर्यपुत्र के कूटप्रतीक सूत्रात्मक शब्दों का प्रयोग किया है।''

अग्निपुत्र वायुपुत्र सूर्यपुत्र विष्णुपुत्र ब्रह्मपुत्रैष च
ब्रह्मचारी तं गोपायस्व दीर्घायुः स मा मृत।।24।।

(अग्नेः पुत्रः ऋग्वेद। वायोः पुत्रो यजुर्वेदः। सूर्यस्य पुत्रः सामवेदः। हे ऋग्वेद यजुर्वेद सामवेद एष ब्रह्मचारी तुम्यं परिरक्षार्थं दत्त इति ते तव प्रत्येकं सम्बन्धी, अतस्तं गोपायस्व। तथाच ब्राह्मणमग्न्यदि–पुत्रत्वमृग्वेदादीनां दर्शयति इति। विष्णुपुत्रो ब्रह्मपुत्रश्चेति सम्भूतग्रामः। अथवा अग्नेः पुत्रो भूलोकः, अस्याधिष्ठात्री देवता अग्निः। एवं वायुपुत्रोऽन्तरिक्षलोकः, सूर्यपुत्रो द्युलोकः। यद्वा पुरु बहु त्रायते इति पुत्रः, अग्निश्वासौ पुत्रोऽग्निपुत्रः। एवमन्यत्रापि योजना। ।।24।।चत्वारिंशी काण्डिका, लौगाक्षिगृह्यसूत्र।।)

वायु भेषज

आ वात वाहि भेषजं वि वात वाहि यद्रूपः।
त्वं हि विश्वस्य भेषजो देवानां दूतं ईयसे।।
यतदो वात ते गृहे निहितस्य निधिहितः।
ततो नो धेहि जीवसे ततो नो अभयं कृधि।।
वाय्वऽश्वा रश्मिपतयो मरीच्यात्मानोअद्रुहः।
देवीर्भुवनसूवरीः पुत्रवत्त्वा इमेऽसुवः।।

।।इत्यरुणमन्त्रविवृति, लौगोक्षिगृह्मसूत्र।।

नमस्ते वायो

तैत्तिरीयोपनिषद् का वायु मन्त्र लौगाक्षिगृह्यसूत्र की त्रयश्चत्वारिंशी काण्डिका (43) में ज्यों का त्यों मिलता है।

नमो ब्रह्मणे नमो वायवो नमस्ते वायो
त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मसि त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म
वदिष्याम्यृतं सत्य वदिष्यामि तन्मामवतु
तद्वक्तारमवल्पवतु मामवतु वक्तारं शांतिः शान्तिः शान्तिः।।

(हे वायो नमऽस्तु। परोक्षेण स्तुत्वा प्रत्यक्षेण स्तौति, हे वायो त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मसि भवति, नाभेरुत्थितस्त्वमेव वेदरूपेण प्रत्यक्षेण विवर्तसे विपरिणमसे वेत्यर्थः। अतस्त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि यतस्त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्म। त्वामेव ऋतं वदिष्यामि सत्यं च। इह समुच्चीयमाने मोक्षोपायभूते ज्ञानकर्मणी ऋतशब्देनोक्ते, तदितिकर्तव्यता तु सत्य शब्देन। तदृतं च सत्यं च मामवतु, वक्तारवतु। पुनर्वचनं पूर्ववत्। अथवा मामवतु वक्तारं, प्रवक्तारं चौपाध्यायम्।

शान्तिः शान्तिः शान्तिरित्युस्तु विघ्नानामिति शेषः। त्रिर्वचनं संसारस्य विघ्नभूयस्त्वादतिशयार्थम्।)।।त्रयश्चत्वारिंशी काण्डिका, लौगाक्षिगृह्यसूत्र।।

वातगन्धर्व

विश्वं सर्वं यस्य कर्म कार्यं स विश्वकर्मा मन्यते इति मनः।।9।।
(प्रजापतिर्विश्वकर्मा मनो गन्धर्वः स न
इदं ब्रह्म क्षत्रं पातु तस्मै स्वाहा वट्।।9।।)
इषिरो विश्वव्यचा वातो गन्धर्वः स न इदं ब्रह्म क्षत्रं पातु तस्मै स्वाहा वट्।।10।। (इषु गतौ'' इषिरो गमनशीलः। व्यच संभवे विश्वव्यचाः सर्वसंभवहेतुर्वृष्टया द्विद्वारेण।।11।।)

।।सप्तचत्वारिंशी काण्डिका,लौगाक्षिगृह्यसूत्र।।

वायुरग्रेगा

वायुरग्रेगा यज्ञप्रीः साकंगन्मनसा यज्ञम्।
शिवो नियुद्भिः शिवभिः।।स्वा.।।
(वायुरग्रेगाः सर्वस्मात्सातिशयवेग इत्यर्थः। यज्ञं प्रीणाति यज्ञेन वा प्रीयते यज्ञप्रीः। साकं गच्छति साकंगत् मनसा यज्ञं, मनसा ग्रहयज्ञं गच्छतीत्यर्थः, संकल्पितमात्रं यज्ञं प्रापयतीत्यर्थः। शिवः श्रेयस्करः सर्वेषाम्। कैरग्रेगाः। नियुद्भिरश्वाभिः। कीदृशीभिः। शिवाभिः। सुशिक्षिताभिः सुखकारिणीभिः।।)।।लौगाक्षिगृह्यसूत्राणि, 49 काण्डिका।।

प्राणद्वायुरक्षितम्

यमो दाधार पृथिवीं यमो द्यामुत सूर्यम्।
यमाय सर्वामित्तस्थे यत्प्राणद्वायुरक्षितम्।।
(यमो वैवस्वतः पृथिवीः दाधार दध्रे उत् अपिच द्यां स्वर्गं सूर्यं चान्तरिक्षं लोके दध्रे। यमाय सर्वमित्तस्य यमस्य वशे सर्वमेव स्थितम्। किं तत्। यत्प्राणद्वारक्षितं, प्राणादिरूपेण वायुना यद्रक्षितं जीवरूपमित्यर्थं।।)।।लोगाक्षिगृह्यसूत्रम्, 49 काण्डिका।।

मरुद्भयो नमः

मरुद्भय इति दृषदि।
(मरुद्भयो नम इति पिष्टयधिकरणे बलिमुपहरे।।11।।)

वातजाः पित्तजा

काश्मीर संस्कृतग्रन्थावलि का ग्रन्थांक 61 श्रीनेत्रतन्त्रम् है। श्रीनेत्रतन्त्रम् की व्याख्या सुप्रसिद्ध आचार्य क्षेमराज ने की । सन 1939 में इसका प्रकाशन हुआ। इसमें कुल चौबीस अधिकार अथवा अध्याय हैं। श्रीनेत्रतन्त्रम् को अनेक भागों में प्रकाशित किया गया।

वातपित्तकफश्लेष्मसंनिपातादिविस्तरैः।।172।।
वातजाः पित्तजा भूताः श्लेष्मजाः संनिपातजाः।
भोक्तुकामा रतिकामा हन्तुकामास्तथापरे।।174।।
बलिकामाश्च बहवो हिंसकाः सुतजन्तुषु।
वातस्थानं समासाद्य वातजाः प्रभवन्ति हि।।175।।
।।एकोनविंशोऽधिकार, श्रीनेत्रतन्त्रम्।।
पृथिव्यापस्तथा तेजो वायुराकाशमेवच।
सामान्यं वर्तयत्येतदन्नं क्षुद्दोषहृद्यथा।।223।।
।।एकोनविंशोऽधिकार, श्रीनेत्रतन्त्रम्।।
वाय्वावरणमाश्रित्य बिन्द्वन्तं यावदुज्ज्वलाः।
शान्त्यवस्था तु तुर्याख्या नादान्ते संप्रचक्ष्महे।।32।।
।।द्वाविंशोऽधिकार, श्रीनेत्रतन्त्रम्।।

सप्तदश प्रजापति

काश्मीर संस्कृत ग्रन्थावलि ग्रन्थांक 14 ''श्रीमहानयप्रकाश ''सन 1918 में प्रकाशित हुआ। इसके रचयिता श्रीशितिकण्ठाचार्य हैं। इसके प्रारम्भ में लिखा है : ''श्रीमन्महाप्रकाशवपुषे शिवाय नमः।''

''सप्तदशः सर्वो भवति सप्तदशः
प्रजापतिः प्रजापतिमेवाप्नोति।''
''सर्वः सप्तदशो भवति।''।।श्रीमहानयप्रकाश, 1 म.उ.।।
भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धिरेव च।
अहंकार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा।।
अपरेयम्................।।श्रीमहानयप्रकाश, 1 म.उ.।।
तव्यु आदिवन्न कुहरा नभु उदियो
तस अंगलग्ग पवनाञीऊम।
उभय निप्परिशा पावकु वपयो
सेदु सलिल आशाञी भूम।।5।।
लोहितमदबिन्दू जू भिन्ने
वातजिमिर तेन मेलेसु आय।
ते ये रात हले परु दिन्ने
गण्डगण्डथिय्य इताय।।6।।
(पिथिव आपा ता तेजु तकारुसु वातशक्तितिर्यगअवयवति।
नभुरा पंच अक्कु अकारुसु एहुय सिष्टि पसरु आकलति।।)
।।श्रीमहानयप्रकाश 2.य.उ.।।

नाथेपवनपीठआदिष्टो बहिअन्दरपरमाथुकमौन।
अवतारेभूतदयाविष्टो सो ये कमसमुदायुवमोन।।9।।
।।श्रीमहानयप्रकाश, तृतीय उदय।।
आकाशवायुप्रभवः शरीरात्समुच्चरन्वक्त्रमुपैति नादः।।
स्थानान्तरेषु प्रविभज्यमानो वर्णत्वमांगच्छति यः स शब्दः।।
।।श्रीमहानयप्रकाश, दशम उदय।।

वायव्यभिन्द्रबीजस्थं

आगम में ''श्रीवामकेश्वरी तन्त्र'' का अपना महत्वपूर्ण स्थान है। इसमें आठ पटल हैं। श्रीवामकेश्वरी तन्त्र में श्रीत्रिपुरसुन्दरी की उपासना–बाह्य और गुह्य दोनों का वर्णन है। इसके अन्तिम तीन पटल योगिनीहृदय के नाम से सुविख्यात हैं। श्रीविद्या राजराजेश्वरी त्रिपुरसुन्दरी की उपासना के सभी पक्षों की श्रीवामकेश्वरी तन्त्र में सविस्तार व्याख्या मिलती है। इस प्राचीनतम तान्त्रिक ग्रन्थ (शाक्त मत) की व्याख्या बारहवीं शताब्दी के आचार्य जयरथ ने की। आचार्य जयरथ ने ''तन्त्रलोक विवेक'' सरीखे अद्भुत तान्त्रिक ग्रन्थ की भी रचना की। सन 1945 में काश्मीर संस्कृतग्रन्थावालि (ग्रन्थांक 66) में ''श्रीवामकेश्वरीमतम्'' (टीकाकार आचार्य जयरथ) प्रकाशित हुआ।

एतत्तन्मोदिनीबीजं सर्वतत्त्ववशंकरम्।
वायव्यमिन्द्रबीजस्थं षष्ठस्वरसमन्वितम्।।69।।
शिवबीजं तदादिस्थमधस्तादैन्द्रवारुणौ
वायुव्यमुपरोद्भिन्नं संयोज्य परमेश्वरि।।73।।
ब्रह्माणी पश्चिमद्वारे माहेश्वर्यपि चोत्तरे।
पूर्वे चैव तथेन्द्राणी कौमारी दक्षिणे तथा।।136।।
वैष्णव्यपिच वायव्वे वाराहीमीशदिग्गताम्।।137.1।।
।।श्रीवामकेश्वरीमतम्, अध्याय एक।।

वायुदेवता : कर्मकाण्डक्रमावली

कर्मकाण्ड क्रमावली, शैव सन्ध्या, अर्चना, उपासना आदि का अधिकारिक गन्थ है। इसकी रचना सन 1073 में आचार्य सोमशम्भु ने शारदा लिपि (काश्मीर की ग्यारहवीं शती की भाषा) में की। आचार्य सोमशम्भु ने कर्मकाण्डक्रमावली में सभी प्राचीन शास्त्रों–लीलावत्ती, महेषोत्तर, स्वच्छन्द तन्त्र, परमेश्वर आदि का सार प्रस्तुत किया। कर्मकाण्डक्रमावली तान्त्रिक साधना में मार्गदर्शन करती है। यह उल्लेखनीय है कि इसकी पाण्डुलिपि 61 से 100 ताडपत्रों पर लिखी हुई है। काश्मीर संस्कृतग्रन्थावलि द्वारा सन 1947 में ग्रन्थांक 73 में कर्मकाण्डक्रमावलि का प्रकाशन किया गया। वायु देवता के नये

स्वरूप को कर्मकाण्डक्रमावलि प्रस्तुत करती है। इनमें वायु देवता के दुर्लभ मन्त्र भी हैं।

ऊँ हां मरुद्भ्यः स्वाहा।(पृष्ठ 9)
ऊँ हां नागेभ्यः स्वाहा वायव्ये। (पृष्ठ 30)
ऊँ हां वायवे स्वाहा। (पृष्ठ 31)
ऊँ नागकूर्मकृकरदेवदत्तधनंजयेभ्य उपप्राणवायुभ्यः स्वाहा।(पृष्ठ 37)
ऊँ प्राणाय स्वाहा, ऊँ अपानाय स्वाहा, ऊँ समानाय स्वाहा,
ऊँ उदानाय स्वाहा, ऊँ व्यानाय स्वाहा इति प्राणाहुतिं दत्त्वा भुक्तवा च विधिना ततः। (पृष्ठ 37)
गणेशं वायुदिग्भागे पूजयित्वा चतुर्भुजम्।
पद्मिनीपत्रसंकाशं सायुधं विघ्नवारणम्।।409।।
अगुरुं नैर्ऋताशायां वायव्यां तु चतुःसमम् ?।।417।।
वायुकोणे चतुष्कोष्ठे वायुना सममीश्वरम्।।1150।।
मारुताय ध्वजं पीतं नागाय नागकेसरम्।
मुख्यं भक्ष्याणि भल्लाटे मुद्गसूपं सुंसस्कृतम्।।1286।।
पृथिवीजलतेजांसि वायुराकाश एव च।।1525।।
अकरादिविसर्गान्ता बीजे नादहकारकौ।
कुहूश्च शंखिनी नाड्यौ देवदत्तधनंजयौ।।950।।
मारुतौ वदनश्रोत्रे इन्द्रिये विषयो रवः।
शब्दो गुणो ह्यवस्था तु तुर्यातीता च पंचमी।।951।।
वह्निस्थं नाडियोगेन शिवं संयोजयेच्छिवे।।487।।
हृदि न्यस्याणुसंघातं पावकं च विसर्जयेत्
समाचम्य प्रविश्यान्तः कुम्भालुगतशम्बरान्।।488।।
प्राणापानावुभौ वायू घ्राणोपस्थौ तथेन्द्रिये।
गन्धस्तु विषयः प्रोक्तो गन्धादिगुणपंचकम्।।849।।
नैर्ऋता मारुतो हर्ता क्रूरदृष्टिर्भयानकः।
उर्ध्वकेशो विरूपाक्षो धूम्रो लोहितदंष्टिणौ।।827।।
प्राणवाद्येन जं यं नं थं चक्रमध्यवर्तिनम्।।670।।
दशनाडीदशप्राणानिन्द्रियाणि त्रयोदश।
तदधिपांश्च संपूज्य प्रणवाद्यैः स्वनामभिः।।1717।।
तत्र पीठस्य वायव्यां दिशि ऊँ हां गणपतये नमः। (पृष्ठ 18)
अग्नीशासुरवायूनां दिक्षु चत्वार्यनुक्रमात्।
हृदयं चन्द्रसंकाशं शिरश्चामीकरप्रभम्।।200।।

इति दिङ्.नामभेदेन सर्वदिक्षु बहिर्बलिम्।
दद्यादन्ये तु वायव्यां क्षेत्रपालबलिं जगु।।438।।
पावकस्थे शिवेऽप्येवं पवित्राणां चतुष्टयम्।।475।।
प्रणम्य शिवमभ्यर्च्य पावकं च विधानवित्।
विज्ञापयेच्छिवं भक्त्या वांछितार्थफलप्रदम्।।520।।
।।कर्मकाण्डक्रमावलि।। ॐ।।

वायुविद्यातन्त्रम् दिशासूचक प्रमुख आर्ष ग्रन्थ !

वायुविद्या के तात्त्विक रहस्य को समझने की ऋग्वेद (भाष्यकार आचार्य टी.वी. कपाली शास्त्री, रावण, श्रीपाद दामोदर सातवलेकर) ; यजुर्वेद एवं अथर्ववेद (भाष्यकार श्री रावण, श्रीपाद दामोदर सातवलेकर), ऋक वैजयन्ती (श्री हरिदामोदर वेलणकर) ; सविता देवता, बृहस्पति देवता, रुद्रदेवता (आचार्य भगवद्दत्त) ; आर्यों का आदिदेश (डॉ. सम्पूर्णानन्द) ; ऋग्वेद एवं पश्चिम एशिया (डॉ. रामविलास शर्मा) ; शतपथ ब्राह्मण ; वेद परिचय, वैदिक देवता (आचार्य गुरुदत्त) ; महर्षि कुलवैभव (डॉ. मधुसूदन ओझा) ; वैदिक विज्ञान एवं भारतीय संस्कृति (श्री गिरधर शर्मा चतुर्वेदी) ; वैदिक दर्शन ; (डॉ. कपिल देव द्विवेदी) ; एकाक्षरनामकोष संग्रह (सम्पादक–मुनि जिनविजय) ; एक सौ आठ उपनिषद्, अप्रकाशित उपनिषद्, शैव उपनिषद्, शाक्त उपनिषद्, वैष्णव उपनिषद् (दा थियोसोफिकल सोसायटी, अडयार) ; शंकराचार्य समग्र (वाणी विलास प्रेस, श्रीरंगम्) ; वसिष्ठ मुनि का दर्शन (श्रीपाद दामोदर सातवलेकर) ; वैदिक देवता ; शब्द कल्पद्रुम ; धर्मशास्त्र का इतिहास (पी.वी. काणे) ; धर्म कोश ; निरुक्त (दा एशियाटिक सोसायटी), सूत संहिता ; श्रीतन्त्रालोक ; सात्वत संहिता ; हिन्दूत्व कोश ; स्मृति सन्दर्भ ; वायु संहिता ; चतुर्वर्ग चिन्तामणि; स्फोटवाद ; स्फोटसिद्धि ; स्फोटवाद (बिहार राष्ट्रभाषा समिति) ; शिवदृष्टि (स्वामी सोमानन्द) ; शारदातिलक ; महाकाल संहिता ; आगम रहस्य; श्रीमहानयप्रकाश ; कर्मकाण्डक्रमावलि ; श्रीवामकेश्वरीमतम्; श्री स्वच्छन्दतन्त्रम्; लौगोक्षिगृह्यसूत्रम् ; श्रीनेत्रतन्त्रम् ; काव्यमाला ; शैवमत ; भारतीय प्रतीक विद्या; अंशुबोधिनी शास्त्र ; तृच भास्कर ; मंथान भैरव तन्त्र आदि लगभग 200 आर्ष ग्रन्थ कुंजी हैं।

वायुविद्यातन्त्र के गोप्यं–गोप्यं–परमं–गोप्यं ज्ञान का दिशानिर्देश करनेवाले आर्षग्रन्थों में से अधिकांश विस्मृतिगर्भ में हैं। चर्याखण्ड में कुछ आर्ष

ग्रन्थों में उपलब्ध सामग्री प्रस्तुत की गई है। वायु तन्त्र के गूढ़ज्ञान के बारे में कुछ दुर्लभ ग्रन्थों के नाम ''तन्त्र साहित्य'' (श्री गोपीनाथ कविराज) में मिलते हैं। यद्यपि इनमें अधिकांश विलुप्त हैं : ''व्योमसंहिता, पवन विजय तन्त्र (एशियाटिक सोसायटी), वायुलोकोत्तर आगम, नादचक्रतन्त्र, नैःश्वास तन्त्र, निःश्वासकारिका, निःश्वास तन्त्र, निःश्वासाख्यमहातन्त्र, निःश्वसोत्तर, महादेव तन्त्र, चन्द्रज्ञान तन्त्र, अनलाख्यागम, मंथानभैरवतन्त्र, प्राणतोषिणी तन्त्र, प्राणहोत्रसंहिता, गन्धर्वराज तन्त्र, बृहद् स्वरोदय आदि। ''तन्त्र अध्येताओं के अनुसार बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में ''वायुतन्त्रम्'' की पाण्डुलिपि चर्चाओं में रही। यह शोध अनुसंधान का विषय है कि वायुतन्त्र सम्बन्धित दुर्लभ पाण्डुलिपि देश के प्रमुख पाण्डुलिपि केन्द्रों में से किसमें एवं कहाँ उपलब्ध है?।।ऊँ।।

वैदिक दिशाएँ, अधिपति एवं इषवः
अन्तरिक्ष अधिपति वायु : उदीची दिक् एवं वातः

तिस्र एव देवता इति नैरुक्ताः।
अग्निः पृथिवीस्थानः।
वायुर्वा इन्द्रो वान्तरिक्षस्थानः।
सूर्यो द्युस्थानः।।निरुक्त 7.6।।

आचार्य यास्क ने निरुक्त में कहा है कि ''मुख्यरूप से तीन ही देवता हैं। एक पृथिवी पर अग्नि; द्वितीय अन्तरिक्ष में वायु अथवा इन्द्र एवं तृतीय द्युलोक में सूर्य। ये तीनों महान् शक्तिवाले देवता हैं।'' इस दृष्टि से देवों के निवास स्थान तीन हैं – भूलोक, अन्तरिक्ष एवं द्युलोक।

अथर्ववेद में प्रत्येक दिशा से सम्बद्ध देवता अथवा अधिपति का नाम दिया गया है। इसके अलावा उनके इषवः या बाणों का भी वर्णन किया गया है (यद्यपि शब्दकोशों में इषवः का अर्थ नहीं दिया गया है।) (बाण शब्द अर्थ अध्यात्मिक रहस्यमय है।)।

ये 3 स्यां प्राच्यां दिशि हेतयो नाम देवास्तेषां वो अग्निरिषवः।
ते नो मृडत ते नोऽधि ब्रूत तेभ्यो वो नमस्तेभ्यो वः स्वाहा।।1।।
ये 3 स्यां स्थ दक्षिणायां दिश्य विष्यवो नाम देवास्तेषां वः काम इषवः।
ते नो मृडत ते नोऽधि ब्रूत तेभ्यो वो नमस्तेभ्यो वः स्वाहा।।2।।

ये 3 स्यां स्थ प्रतीच्यां दिशि वैराजा नाम देवास्तेषां व आप इषवः।
ते नो मृडत ते नोऽधि ब्रूत तेभ्यो वो नमस्तेभ्यो वः स्वाहा।।3।।
ये 3 स्यां स्थोदीच्यां दिशि प्रविध्यन्तो नाम देवास्तेषां यो वात इषवः।
ते नो मृडत ते नोऽधि ब्रूत तेभ्यो वो नमस्तेभ्यो वः स्वाहा।।4।।
ये 3 स्यां स्थ ध्रुवायां दिशि निलिम्प्या नाम देवास्तेषां व ओषधीरिषवः।
ते नो मृडत ते नोऽधि ब्रूत तेभ्यो वो नमस्तेभ्यो वः स्वाहा।।5।।
ये 3 स्यां स्थोर्ध्वायां दिश्यवस्वन्तो नामदेवास्तेषां वो बृहस्पतिरिषवः।
ते नो मृडत ते नोऽधि ब्रूत तेभ्यो वो नमस्तेभ्यो वः स्वाहा।।6।।

।।अथर्ववेद 3.26.1–6।।

ये पुरस्ताज्जुव्हति जातवेदः प्राच्या दिशोभिदासन्त्यस्मान्।
अग्निमृत्वा ते परांचो व्यथन्तां प्रत्यगेनान्प्रतिसरेण हन्मि।।1।।
ये दक्षिणतो जुव्हति जातवेदो दक्षिणाया दिशोभिदासन्त्यस्मान्।
यममृत्वा वे परांचो व्यथन्ता प्रत्यगेनान्प्रतिसरेण हन्मि।।2।।
ये पश्चाज्जुव्हति जातवेदः प्रतीच्या दिशोभिदासन्त्यस्मान्।
वरुणमृत्वा ते परांचो व्यथन्त प्रत्यगेनान्प्रतिसरेण हन्मि।।3।।
य उत्तरतो जुव्हति जातवेद उदीच्या दिशोभिदासन्त्यस्मान्।
सोममृत्वा ते परांचो व्यथन्तां प्रत्यगेनान्प्रतिसरेण हन्मि।।4।।
ये 3 धस्ताज्जुव्हति जातवेदो ध्रुवाया दिशोभिदासन्त्यस्मन्।
भूमिमृत्वा ते परांचो व्यथन्तां प्रत्यगेनान्प्रतिसरेण हन्मि।।5।।
ये 3 न्तरिक्षाज्जुव्हति जातवेदो व्यध्वायां दिशोभिदान्त्यस्मान्।
वायुमृत्वा वे परांचो व्यथन्तां प्रत्यगेनान्प्रतिसरेण हन्मि।।6।।
य उपरिष्टाज्जुव्हति जातवेद उर्ध्वाया दिशोभिदासन्त्यस्मान्।
सूर्यमृत्वा ते परांचो व्यथन्तां प्रत्यगेनान्प्रतिसरेण हन्मि।।7।।
ये दिशामन्तर्देशेभ्यो जुव्हति जातवेदः सर्वाभ्या दिग्भ्योभिदासन्त्यस्मान्।
ब्रह्मर्त्वा ते परांचो व्यथन्ता प्रत्यगेनान्प्रतिसरेण हन्मि।।8।।

।।अथर्ववेद 4.40.1–8।।

इन्द्रो मा मरुत्वान् प्राच्या दिशः पातु बाहुच्युता पृथिवी द्यामिवोपरि।।
लोककृतः पथिकृतो यजामहे ये देवानां हुतभागा इह स्थ।।25।।
धाता मा निर्ऋत्या दक्षिणाया दिशः पातु बाहुच्युता पृथिवी द्यामिवोपरि।
लोककृतः पथिकृतो यजामहे ये देवानां हुतभागा इह स्थ।।26।।
अदितिर्मादित्यैः प्रतीच्य दिशः पातु बाहुच्यत पृथिवी द्यामिवोपरि।।
लोककृतः पथिकृतो यजामहे ये देवानां हुतभागा इह स्थ।।27।।
सोमो मा विश्वैर्देवैरुदीच्याः दिशः पातु बाहुच्युता पृथिवी द्यामिवोपरि।

लोककृतः पथिकृतो यजामहे ये देवानां हुतभागा इह स्थ।।28।।

।।अथर्ववेद 18.3.25—28।।

भद्रमिच्छन्त ऋषयः स्वर्विदस्तपो दीक्षामुपसेदुरग्रे।
ततो राष्ट्रं बलमोजश्च जातं तदस्मेदेवा उपसंनमन्तु।।

।।अथर्ववेद 19.41.1।।

प्राचीमारोह गायत्री त्वावतु स्थंतरं साम।
त्रिवृत्स्तोमो वसन्त ऋतुर्ब्रह्म द्रविणम्।।10।।
दक्षिणामारोह त्रिष्टुप्त्वावतु बृहत्साम।
पंचदश स्तोमो ग्रीष्म ऋतुः क्षत्रं द्रविणम्।।11।।
प्रतीचीमारोह जगती त्वावतु वैरूपं साम।
सप्तदश स्तोमो वर्षा ऋतुर्विड् द्रविणम्।।12।।
उदीचीमारोहानुष्टुप्त्वावतु वैराजं।
सामैकविंश स्तोमः शरदृतुः फलं द्रविणम्।।13।।
ऊर्ध्वामारोह पंक्तिस्त्वावतु शाक्वररैवते सामनी।
त्रिणवत्रयस्त्रिंशो स्तोमौ हेमन्तशिशिरावृतू वर्चो द्रविणम्।।14।।

।।यजुर्वेद अध्याय 10,10—14।।

उदीची दिक्सोमोऽधिपतिः स्वजो रक्षिताशनिरिषवः।
तेभ्यो नमोऽधिपतिभ्यो नमो रक्षितृभ्यो नम इषुभ्यो नम एभ्यो अस्तु।
यो 3 स्मान्द्वेष्टि यं वयं द्विष्मस्तं वो जम्भे दध्मः।।अथर्ववेद 3.27.4।।

यह अभूतपूर्व है कि वैदिक ऋचाओं में दिशाओं के नाम बहुत ही अद्भुत हैं। इन वैदिक ऋचाओं में दिशाओं के नाम वर्तमान प्रचलित (लौकिक) नामों से मेल नहीं खाते हैं। इसके अलावा दिशाओं के अधिपति देवता के नाम भी चकित करने वाले हैं। इन अधिपति देवों के ''इषवः'' स्वयं पहेली है। शब्द कल्पद्रुम के अनुसार ''इषुः'' (इष्यति गच्छ्तीति। इष्+3) बाणः। इत्यमरः।। (उत्कर्षः स च धन्विनां यदिषवः सिध्यन्ति लक्ष्ये चले। इति शाकुन्तले 2 अंके) है। संस्कृत–हिन्दी शब्दकोशों में ''इषवः अथवा इषुः'' का अर्थ नहीं मिलता है। परम आचार्य कपालेश्वर शास्त्री, श्री एच.डी. वेलणकर, आचार्य भगवद्दत्त एवं आचार्य श्रीपाद दामोदार सातवलेकर आदि ने भी इषुः, इषवः के रहस्य को रहस्य ही रखा और कहीं अन्य आचार्यों ने इषुः से अभिप्राय ''बाण'' ही लिख दिया। यह अनुशीलन का विषय है कि देवताओं के ''इषवः'' का वैदिक आशय क्या है ?

''यजुर्वेद एवं अथर्ववेद में दिशः (दिशाओं) के नाम – प्राची, दक्षिणा, प्रतीची, उदीची, ध्रुवा एवं ऊर्ध्वा हैं।'' अथर्ववेद के तृतीय काण्ड के 26वें सूक्त

एवं 27वें सूक्त में दिशा अधिपति देवता– ''हेतयः, अविष्यवः, वैराजः, प्रविध्यन्तः, निर्लिपाः, अवस्वन्तः (छब्बीसवाँ सूक्त) एवं अग्निः, इन्द्रः, वरुणः, सोमः, विष्णु, बृहस्पति (सत्ताइसवाँ सूक्त) हैं।''

अथर्ववेद के तीसरे काण्ड के छब्बीसवें सूक्त में ''प्राची दिशा अधिपति देव हेतय एवं इषवः अग्नि है। दक्षिणा दिशाधिपति देव अविष्यव एवं इषवः – बाण काम है। प्रतीची दिशाधिपति देव वैराजाः एवं इषवः आपः (जल) है। ''उदीचि दिशा के अधिपति देव प्रविध्यन्त एवं इषवः वात (वायु) है।'' ध्रुवा दिशाधिपति निर्लिपा देव और इषवः बाण ओषधी है। ऊर्ध्वा दिशा के अधिपति देव अवस्वन्त एवं इषुः बृहस्पति है।'' इस प्रकार ''उदीची दिशा के इषवः वात वायु है। वहीं तृतीय काण्ड के 27वें सूक्त में उदीची दिशा का इषुः–इषवः अशनिः अर्थात् विद्युत् है। अर्थात् ''उदीची दिशा के इषवः ''वात'' एवं अशनि हैं।'' यह उल्लेखनीय है कि अशनि का अर्थ विद्युत् है और उसका स्थान मध्यस्थान अर्थात् वायु का स्थान माना गया है। तीसरे काण्ड के 27वें सूक्त की छह दिशाएँ मानवीय उन्नति के छह केन्द्रों से परिचय करवाती हैं : ''प्राची–प्रगति, दक्षिणा–दक्षता, प्रतीची–विश्राम, उदीची–उच्चता, ध्रुवा–स्थिरता और ऊर्ध्वा–आत्मिक उन्नति के भाव।''

अथर्ववेद के तीसरे काण्ड के छब्बीसवें सूक्त में वैदिक दिशाओं का नाम भी तिलिस्म भेदन है। आचार्य श्रीपाद दामोदर सातवलेकर के अनुसार ''प्राच्या दिशि–पूर्व दिशा, दक्षिणाया दिशि–दक्षिण दिशा, प्रतीच्यां दिशि–पश्चिम दिशा, उदीच्यां दिशि–उत्तर दिशा, ध्रुवायां दिशि–ध्रुव दिशा(पृथिवी) एवं ऊर्ध्वा दिशि–आकाश है।'' वैदिक दिशाओं के बारे में अल्प साहित्य उपलब्ध है। इन वैदिक ऋचाओं के अनुशीलन (26वें, 27वें सूक्त) से दिशा अधिपति एवं इषवः में भेद लगता है। परन्तु इषवः अधिपति आदि शब्द वास्तविक नहीं हैं, आलंकारिक प्रतीत होते हैं।

अथर्ववेद के बारहवें काण्ड के तीसरे सूक्त की 7 से 11 (पाँच) ऋचाएँ दिशा, कर्म, साधन, साधक और क्रिया की व्याख्या करती हैं। ऋचा के अनुसार प्राची दिशा का अर्थ आगे बढ़ना, उन्नति करना, वृद्धि का मार्ग है। दक्षिण दिशा का अर्थ दक्षता, प्रबुद्ध, सीधे तरफ की दिशा, सच्चा मार्ग, निरन्तर पुरुषार्थ करना, नियम एवं स्वसंरक्षण का मार्ग है। प्रतीची दिशा शान्ति की दिशा, अन्दर मूल स्थान पर आने की दिशा, स्वस्थान पर आने का मार्ग, अन्तर्मुख होने की दिशा, निवृत्ति मार्ग, प्रतिगति, प्रतिगमन है। ''उदीची दिशा–उत्तर दिशा अधिक उच्चतर, अधिक श्रेष्ठ अवस्था प्राप्त करने का मार्ग है।'' ध्रुवा दिक् स्थिरता बताता है। यह स्वतन्त्रता का देवता है।

दिशाओं का तत्त्वज्ञान वैदिक दृष्टि से बहुत ही अद्‌भुत है। मूलतः वेद के सूक्त वह दिव्य दृष्टि उत्पन्न कर रहे हैं, कि जिस दृष्टि से जगत् के पदार्थ मात्र की ओर विशेष भावना से देखने का गुण वैदिक धर्मियों के अन्दर उत्पन्न हो। वैदिक ऋचाओं की रचना, उनके अन्तर्निहित गूढ़ आशय को समझने की रीति, वैदिक दृष्टि, उपदेश पद्धति आदि विलक्षण है। वह वर्तमान विचार अवस्था से भिन्न है। इसलिए वह दृष्टि अपने में उत्पन्न करना भगीरथ कार्य है। यद्यपि यह सभी को साध्य नहीं है, तथापि जिनको साध्य हो गई, उनका सहायता, सहयोग लें। वैदिक ऋचाओं का अध्ययन, मनन आदि विशेष दृष्टि एवं विशेष पद्धति, सृष्टि की ओर विशेष आत्मिक भावना आदि से करना आवश्यक है। उसके लिये आत्म शक्ति का विकास आवश्यक एवं अनिवार्यता है।

वेद में प्राची दिक् (पूर्व दिशा) को उदय की दिशा घोषित किया है (प्राची दिक् पूर्व दिशा की विभूति)। ''उदीचि (उत्–अंच्) उत्तर दिशा की विभूति उच्चता का अधिक भाव है। उदीची दिशा उच्च गति की सूचक है। ऋतुओं में उत्तर दिशा शरदृतु, महिनों में आश्विन–कार्तिक मास है। भावनाओं में उच्चतर होने की महत्वाकांक्षा है। शरीर में उत्तर दिशा बायीं बगल, इसमें हृदय मुख्य है। इसका अधिपति आत्मा है। हृदय में अंगुष्ठ मात्र पुरुष रहता है।'' अथर्ववेद के तीसरे काण्ड के 26वें सूक्त में ''उदीची दिशा का इषवः वात (वायु) है। हृदय में वात का अहम् स्थान है।''

उदीची दिक् के देवता ''प्रविध्यन्त'' भी रहस्यपूर्ण है, यद्यपि उदीचि का इषवः ''वात (वायु)'' है। यह वैदिक अध्येताओं के लिए शोध अनुसंधान का विषय है कि उदीची, प्रविध्यन्त एवं इषवः शब्दों का प्रयोग वैदिक ऋषियों ने किन अर्थों में लिया ?।।ॐ।।

वायु उपचार

ऋग्वेद : वायु चिकित्सा, यज्ञ चिकित्सा

ब्रह्मविद्या–सृष्टिविद्या अर्थात् ऋग्वेद में वायु उपचार एवं यज्ञोपचार का सूत्रात्मक वर्णन किया गया है। यह पुनः स्मरण करवाना चाहेंगे कि पँच महाभूतों में से एक वायु वैद्यराज होने के साथ–साथ अमृतमय हैं। इस शृंखला में यज्ञोपचार की चकित करनेवाली गाथा है। यज्ञ में प्रयुक्त विभिन्न जड़ी–बूटी–वनस्पति–समिधा काष्ठ–गोरस आदि का धूम्र अनेक भयानक

असाध्य रोगों एवं विषाक्त जीवाणुओं को समूल नष्ट करता रहा है और कर रहा है। ऋग्वेद में इनका वर्णन सूक्ष्म रूप से है और यजुर्वेद–वायुर्वेद में यज्ञ प्रक्रिया की विस्तार से व्याख्या है। उधर अथर्ववेद में 39 लाख वर्ष पूर्व सावधान किया है कि सूर्य के प्रकाश में कार्य नहीं करनेवालों में रक्ताल्पता आदि रोग निश्चित रूप से हो सकते हैं। उससे मुक्ति के लिए प्रकृति की शरण में पर्वतीय क्षेत्र में जायें (वेद ओषधि कल्पतरु)। यह चेतावनी वर्तमान में खरी उतर रही है।

आत्मेव वातः स्वसराणि गच्छतम्।।1.34.7।।
प्राणवायु आत्मा के तुल्य है।
आप हमारे शरीर रूपी घर में आवे।।1.34.7।।
आ त्वागमं शन्तातिभरथो अरिष्टतातिभिः।।10.137.4।।
मैं (वायु) आपके पास सुख एवं नीरोगता के
तत्त्वों के साथ आया है।।10.137.4।।
आ वात वाहि भेषजं, वि वात वाहि यद् रपः।।10.137.7।।
हे वायु (वात)! आप ओषधिरूप में बहो
और हमारे रोगों को दूर करो।।10.137.3।।
तन्नो वातो मयोभु वातु भेषजम्।।1.89.4।।
वायु हमारे लिए सुखद ओषधि के रूप में बहे।।1.89.4।।
त्वं हि विश्वभेषजो, देवनां दूत इयसे।।10.137.3।।
हे वायु! आप समस्त रोगों की दवा हो
और देवों के दूत के रूप में बहते हो।।10.137.3।।
दक्षं ते अन्य आ वात, परान्यो वातु यद् रपः।
द्वाविमौ वातौ वात आ सिन्धोरा परावतः।।10.137.2।।
प्राणवायु शक्ति प्रदान करे और अपानवायु रोग तत्त्वों को दूर करे।
प्राणवायु एवं अपानवायु दूरस्थ समुद्रों तक बहती है।।10.137.2।।
वात आ वातु भेषजं, शंभु मयोभु नो हृदे।।10.186.1।।
वायु ओषधिरूप में प्रवाहित हो
और हमारे हृदय को सुख शान्ति प्रदान करे।।10.186.1।।
शं वातो वात्वरपा अप स्रिधः।।8.18.9।।
सुखद एवं निर्दोष (निरंजन, शुद्ध) वायु बहे,
हमारे शत्रुरूप रोगों को दूर करे।।8.18.9।।
यददो वात ते गृहेऽमृतस्य निधिर्हितः।।10.186.3।।

हे वायु! आपके पास अमृत का खजाना भरा हुआ है।।10.186.3।।
वायु अजरता–अमरता प्रदान करनेवाला अमृत निधि सम्पन्न है।।ऊँ।।

यज्ञोपचार सूक्त : ऋग्वेद

मुंचाभि त्वा हविषा जीवनायु कमज्ञातयक्ष्मादुत राजयक्ष्मात्।
ग्राहिर्जग्राह यदि वैतदेनं तस्या इन्द्राग्नी प्र मुमुक्तमेनम्।।1।।
यदि क्षितायुर्यदि वा परेतो यदि मृत्योरन्तिकं नीत एव।
तमा हरामि निर्ऋतेरूपस्थादस्पार्षमेनं शतशारदाय।।2।।
सहस्राक्षेण शतशारदेन शतायुषा हविषाहार्षमेनम्।
शतं यथेमं शरदो नयातीन्द्रो विश्वस्य दुरितस्य पारम्।।3।।
शतं जीव शरदो वर्धमानः शतं हेमन्तांछतमु वसन्तान्।
शतमिन्द्राग्नी सविता बृहस्पतिः शतायुषा हविषेमं पुनर्दुः।।4।।
आहार्षं त्वाविदं त्वा पुनरागाः पुनर्नव।
सर्वांग सर्वं ते चक्षुः सर्वमायुश्च तेऽविदम्।।5।।ऋग्वेद 10.1611–5।।

हे रोगी! यज्ञ के हविर्द्रव्य से आपको, जिस रोग का पता नहीं चलता एवं राजयक्ष्मा से भी सुखदायक जीवन के लिये छुड़ाता हूँ। यदि इस समय इस रोगी की कोई पापग्रह ने प्रकट किया है, उस रोग से भी इस रोगी को इन्द्र एवं अग्नि मुक्त करावें।।1।।

यदि रोगी की आयु क्षीण हो गयी हो, यदि वह इस लोक से चला गया है और यदि वह मृत्यु के पास गया हुआ है तो भी उसको मैं मृत्यु देवता–निर्ऋति के पास से लौटा ला सकता हूँ। उसको सौ वर्ष के जीवन के लिए प्रबल करूँगा।।2।।

सहस्र नेत्र से युक्त, सौ वर्ष तक जीनेवाला एवं शत वर्ष तक दीर्घजीव से युक्त हविर्युक्त ओषधि आदि साधन से इस रोगी को रोग से मुक्त करूँगा। जिससे इसको शतायु तक इन्द्र सारे दुःखों के पार पहुँचाये।।3।।

हे रोगमुक्त मनुष्य! प्रतिदिन बढ़ता हुआ सौ वर्ष तक–सौ शरद ऋतु तक जीवित रह। सौ हेमन्त एवं सौ वसन्त ऋतुओं तक जी। इन्द्र, अग्नि, प्रेरक देव सविता एवं सभी देवों के पालनकर्ता बृहस्पति देव ये समस्त सौ वर्ष की आयु को देने के साधन हवि से इसकी जीवन शक्ति पुनः प्रदान करें।4।।

''हे रोगी! आपको हम मृत्युपाश से लौटा लाये हैं।'' आपको मैंने पाया है। पुनः नया जीवन धारण करनेवाले! आप हमारे पास पुनः पधारें। हे सर्वांग परिपूर्ण! आपके समस्त जगत् को देखनेवाले नेत्र एवं सम्पूर्ण आयुष्य को मैंने प्राप्त किया है।।5।।ऋग्वेद 10.161.1–5।।

इस सूक्त में ''यज्ञ से रोग मुक्ति'' का संदेश है। यह उल्लेखनीय है कि प्रत्येग रोगानुसार यज्ञ की हवि का चयन हो (यज्ञीय काष्ठ समिधा, यज्ञीय सामग्री–वनोषधि आदि पृथक–पृथक् होगी) (यज्ञ में नवग्रह समिधा में ग्रहों की काष्ठ निर्धारित वृक्ष की हो। सूर्य देवता के लिए रक्त मन्दार एवं मंगल–भोम देवता के लिए खदिर–काला खैर की काष्ठ का उपयोग करें) (यज्ञीय सामग्री में सर्वोषधि एवं न्यूनतम 190 जड़ी–बूटी–वनस्पति अर्थात् वनोषधि का अर्पण करें) (रोगानुसार चिति का रूपाकार हो) (मन्त्र के अक्षरों के अनुसार निर्धारित आहुति प्रदान करें) (कुशा के आसन का प्रयोग करें, मन्त्र का पाठ शुद्ध हो एवं यज्ञ के मन्त्र का अर्थ अवश्य ज्ञात हो।)।

इस प्रकार ''यज्ञीय हवि ही रोगोपचार'' करने में समर्थ है। ऋग्वेद के सूक्त में स्पष्ट सिंहगर्जना की गई है कि यज्ञ द्वारा मृत्यु मुख से लौटाना सम्भव है। प्रधानमन्त्री के पूर्व सूचना सलाहकार, भारतीय प्रशासनिक सेवाधिकारी रहे श्री पी.वी. आर.के. प्रसाद ने ''वरुणयज्ञ'' से तिरुपति में वर्षा करवायी (देखें : व्हेन आई मीट तिरुपति बालाजी : पी.वी.आर.के. प्रसाद)। वन खण्डेश्वर महादेव (दतिया) में यज्ञ से सन 1962 में चीनी आक्रमण को रोकने का महायज्ञ हुआ (वन खण्डेश्वर महादेव, दतिया में इसके प्रतीक रूप में चीन की दीवार है।)। ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट, वडौदा द्वारा प्रकाशित ''तृच भास्कर'' के अनुसार आचार्य भास्कर राय ने सविता देवता (सूर्य) के महायाग–अर्चना से सन 1708 में असाध्य रोगों के महाकष्टों से छुटकारा पाया और और कायाकल्प किया। वर्तमान में भी यज्ञोपचार यथावत प्रभावी है। इसके लिए यज्ञीय समिधा, नवग्रह समिधा, सर्वोषधि, दो सौ के आस–पास जड़ी–बूटी–वनोषधी आदि का प्रयोग एवं मन्त्रों का विशुद्ध पाठ अनिवार्यता है।।ऊँ।।

वैदिक वायोपचार रेखांकन

ऋग्वेद में यज्ञोपचार का रहस्य, वायु चिकित्सा के सूत्र!

दैवी भावना यज्ञ, राक्षसी भावना यज्ञ, संवत्सर यज्ञ

ऋग्वेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद में यज्ञ का नया अप्रत्याशित, अभूतपूर्व स्वरूप प्रस्तुत होता है। यह दोहरा रहे है कि वेद में यज्ञ–हवन–होम

रहस्यात्मक, कूटात्मक, सूत्रात्मक, प्रतीकात्मक, संकेतात्मक, अभिव्यंजनात्मक, बहुअर्थी, अध्यात्मिक आदि है। यह उल्लेखनीय है कि वैश्विक महामारी निवारण के लिए महायज्ञ आयोजन वेद सम्मत है (वेद ओषधि कल्पतरु)। वेद के अलावा ब्राह्मण ग्रंथों जैसे ''गोपथ ब्राह्मण'' में श्रेष्ठ दैवी यज्ञ से आरोग्य का वर्णन मिलता है। सात्त्विक श्रेष्ठ यज्ञों के हवन से आरोग्य बढ़ सकता है और घोर इष्टियों से व्याधियाँ भी फैल सकती हैं।

भैषज्य यज्ञा वा एते। तस्मादृतुसंधिषु प्रयुजन्ते।।

ऋतुसंधिषु वै व्याधिर्जायते।।गोपथ ब्राह्मण 1.19।।

''ये ओषधियों के ही यज्ञ हैं। इसलिये ऋतुओं की संधियों में यज्ञ किये जाते हैं, क्योंकि ऋतिसंधि में व्याधि होती है।।गोपथ ब्राह्मण 1.19।।''

वेदकाल में यज्ञावाध विज्ञान अत्यन्त उन्नत हो चुका था। वेद के अनुसार ''यज्ञ से सद्बुद्धि, बल–शक्ति–सफलता, वृष्टि कराना, धान्य में विशेष सत्त्व लाना, नगरों एवं गृहों में आरोग्य संपादन किया जाता रहा। वेद वायु की शुद्धि एवं प्रसन्नता के प्रति सचेत रहा। यह दैवी भावना के यज्ञों का स्वरूप रहा।'' इनके ठीक विपरीत वैश्विक स्तर पर ''राक्षसी भावना'' के यज्ञों की विकृत अपरोक्ष समानान्तर धारा भी अदृश्य रूप से बह रही थी। इन ''राक्षसी यज्ञों द्वारा शत्रु के नगरों में बीमारियाँ उत्पन्न की जाती रही। इसका प्रवर्तन राक्षसों के द्वारा होता रहा'' (वर्तमान में महामारी फैलाने वाली व्याधियों–भयानक रोगों के विषाक्त जीवाणु–वायरस पर कुछ देशों में गुप्त प्रयोगशालायें चल रही हैं।)। यहाँ निष्कर्ष यह है कि हवन–यज्ञ–होम में प्रयुक्त ओषधियुक्त वनोषधि, गोरस एवं मंत्र पाठ से ''एक विशेष शक्ति उत्पन्न होती है। उस यज्ञीय दिव्य शक्ति को उन्नति के कार्यों में उपयोग किया जाता रहा। यज्ञीय ओषधीय धूम्र वायु शरीरस्थ बीमारियों का उन्मूलन करती रही।'' चारों युगों में वैदिक वाङ्मय उल्लेखित यज्ञ के उज्ज्वल स्वरूप का अनुसरण किया जाता रहा है और वर्तमान में भी जारी है। क्योंकि ब्रह्मविद्या–सृष्टिविद्या–आत्मविद्या ''वैदिक वाङ्मय की प्रवृत्ति ही दैवी है।'' यह पुनः लिख रहे हैं कि जिस प्रकार ओषधि का योग्य उपयोग करने से आरोग्य एवं अयोग्य प्रकार से सेवन करने से अनारोग्य होता है, उसी प्रकार सात्त्विक यज्ञों से आरोग्य निश्चित रूप से प्राप्त होता है।

चारों वेद हमें ''यज्ञ तत्त्व द्वारा चिकित्सा की जानकारी दे रहे हैं।'' ''यज्ञ तत्त्व में निहित गुप्त रूप से विद्यमान आत्मतत्त्व का साक्षात्कार करवा रहे है।'' ऋग्वेद के दशम मण्डल का नब्बेवाँ (90) सूक्त अर्थात् ''पुरुष सूक्त'' यज्ञ के विराट् स्वरूप से परिचय करवाता है। अर्थात् ऋग्वेद के पुरुष सूक्त

की रचना के समय यज्ञ संस्था चर्मोत्कर्ष पर रही। यज्ञकर्म का मन्त्रद्रष्टा ऋषि–ऋषिकाओं के जीवन में केन्द्रीय स्थान प्राप्त रहा। वास्तव में ''समूचे संसार की उत्पत्ति को भी एक तरह का यज्ञ कर्म माना गया।'' ''इष्टदेवता के चरणों में अपनी सर्वोत्तम वस्तु को समर्पित करना यही याग का प्रधान रूप रहा।'' पुरुष सूक्त'' का विषय है कि सर्वश्रेष्ठ पुरुष (ब्रह्म) द्वारा स्वयं निर्मित सृष्टि के लिए बड़े स्नेह एवं आनन्द के साथ अपने सर्वस्व का न्योछावर किया जाना। इस सर्वस्व समर्पण को, इस ''आत्मयज्ञ'' को आत्मक्लेश या आत्मनाश समझना एक बड़ी भूल होगी। सर्वव्यापी एवं सर्वात्मक पुरुषोत्तम (ब्रह्म) ने अपनी आत्मा से विराज् नाम के नारी–तत्त्व का और उस नारीतत्त्व से नरतत्त्व का निर्माण किया। इस नर अथवा पुरुष तत्त्व से नर–तत्त्व को ''यज्ञीय हव्यों'' की तरह पूर्णतया समर्पित करके उसने विविध रूप धारण करनेवाली सृष्टि को जन्म दिया। ''सृष्टि के निर्माण के इस कार्य को कवि ने यज्ञ कहा। अतः यज्ञ का कर्तृत्व साक्षात पुरुषोत्तम (ब्रह्म) के स्थान पर उसके द्वारा प्रथम निर्मित देवों पर आरोपित किया गया है (ऋग्वेद 10.90.1–16)।'' पुरुष सूक्त के अनुसार उस विराट् पुरुष (ब्रह्म) के मन से चन्द्रमा पैदा हुआ और नेत्रों से सूर्य का निर्माण हुआ। मुख से इन्द्र एवं अग्नि, और प्राण से वायु उत्पन्न हो गया (ऋग्वेद 10.90.13)।। अर्थात् परम ब्रह्म से ही सभी उत्पन्न हुए।

चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायत।
मुखादिन्द्रश्चाग्निश्च प्राणाद्वायुरजायत।।ऋग्वेद 10.90.13।।

''श्रद्धा सूक्त'' (ऋग्वेद 10.151.1–5) में ''वायु संरक्षक के नव अवतार में प्रकट होते हैं।''

''श्रद्धां देवा यजमाना वायुगोपा उपासते।।'' ऋग्वेद 10.151.4।।

''यज्ञ से सुबुद्धि'' प्राप्त होती है। यज्ञ अर्थात् सद्विद्वानों ब्रह्मविदों–सज्जनों के साथ संगति करने से बुद्धि निर्मल, शुद्ध एवं पवित्र होती है। सुबुद्धि से उत्तम सुख मिलता है। सुबुद्धि संकटों से बचाती है और उत्तम यश देती है।।ऋग्वेद 1.107.1।।

यज्ञो देवानां प्रत्येति सुम्नमादित्यासो भवता मृळयन्तः।
आ वोऽर्वाची सुमतिर्ववृत्यादंहोश्चिद्या वरिवोवित्तरासत्।।
।।ऋग्वेद 1.107.1।।

अथर्वा ने सर्वप्रथम यज्ञों के द्वारा मार्ग को फैलाया : ''यज्ञैरथर्वा प्रथमः पथस्तते।।'' ऋग्वेद 1.83.5।। ''यज्ञः'' शब्द–इज्यते हविदीयतेऽच (इज्यन्ते देवता अत्र इति वा। यज् + यजयाचयतविच्छप्रच्छरक्षो नङ्।।) यागः। पर्य्याय–सवः, अध्वरः, यागः, सप्ततन्तु, मखः, क्रतुः, इष्टम्, वितानम्, मन्युः,

आहवः, सवनम्, हवः, अभिधवः, होमः, हवनम्, महः। (शब्द रत्नावली)।। यज्ञ सात्त्विकः, राजसिक एवं तामसिक प्रकार के होते हैं।

सात्त्विक–राजसिक–तामसिक यज्ञ

अफलाकांक्षिभिर्यज्ञो विधिदृष्टो य इच्यते।
यष्टव्यमेवेति मनः समाघाय स सात्त्विकः।।
अभिसन्धाय तु फल दम्भार्थमपि चैव यत्।
इज्यते भरतश्रैष्ठ! तं यज्ञं विद्दिव राजसम्।।
विधिहोनमसृष्ठांन्नं मन्त्रहीनमदक्षिणम्।
अह्वाविरहितं यज्ञं तामसं परिचक्षते।।इति श्रीमदभगवद्गीता।।

यज्ञ

अध्यापनं ब्रह्मयज्ञः पितृयज्ञस्तु तर्पणम्।
होमो दैवो बलिर्भौतो नृययोऽ तिथिपूजनम्।।इति गारुड़े115अध्याय 7।।

हवनं

याजस्तु हवनस्यान्ते देवीमाज्ञापयत्तदा।
प्रौहि मां राज्ञि पृषति! मिथुणं त्वामुपस्यितम्।।
।।शब्दकल्पद्रुमः : हवनं।।
होमः – हवनमिति। हु+अर्त्तिस्तुमुहुस्रिति।।उणादि।।
पंचमहायज्ञान्तर्गतयज्ञविशेषः।।इत्यमरः।।

अथर्ववेद (3.11.1) की ऋचा में कहा है : ''हवन के द्वारा अज्ञात रोग से और यक्ष्मा रोग से भी आपको दीर्घजीवन के लिये छुड़ाता हूँ।।'' इस प्रकार हवन से ज्ञात रोग तो दूर हो ही सकते हैं, परन्तु अज्ञात रोग भी दूर किये जा सकते हैं। जिनका कारण, निदान और चिकित्सा परीक्षण जांच विधि से स्पष्ट विदित होता है, उन रोगों का नाम ''ज्ञान यक्ष्म'' है। और जिनका निदान एवं उपशमन का उपाय ज्ञान नहीं है, उनको ''अ–ज्ञात–यक्ष्म'' कहा जाता है। हवन के द्वारा असाध्य से आसध्य रोग का जड़ से शमन करना सम्भव है।

मुंचामि त्वा हविषा जीवनाय।
कमज्ञात–यक्ष्मादुत राजयक्ष्मात्।।अथर्ववेद 3.11.1।।

संवत्सर यज्ञ : चार ऋत्विज, चतुर्वेद अधिष्ठाता

वैदिक विज्ञान में सूर्य से पृथिवी तक होने वाले यज्ञ का नाम ''संवत्सर यज्ञ'' है। संवत्सर यज्ञ में वेद विज्ञानानुसार इक्कीसवें अहर्गण (दूरी) पर सूर्य कहा गया है। संवत्सर यज्ञ में चार ऋत्विक–अध्वर्यु–होता–उद्गाता–ब्रह्मा हैं, ये यज्ञ करवानेवाला हैं। स्मरण रहे कि इस ''महायज्ञ में अध्वर्यु वायु''

है। होता पार्थिवाग्नि है। उद्गाता आदित्य है और ब्रह्मा चन्द्र है। इस संवत्सर यज्ञ का संचालन चारों ऋत्विज सदैव कर रहे हैं। इन चारों ऋत्विजों को चारों वेदों (अग्नि– ऋग्वेद, वायु–यजुर्वेद, आदित्य– सामवेद एवं चन्द्रमा– अथर्ववेद) का अधिष्ठाता घोषित किया गया है।

वेदाधारित उपनिषदों का कथन है कि ''वायु प्राण बनकर शरीर में आकर रहा है''। यह उल्लेखनीय है कि ''ऋग्वेद के दशम मण्डल के सूक्त 186 में वायु को अमृत की निधि कहा है।'' यह स्मरण रहे कि जहाँ अमृत है, वहाँ रोग नहीं हो सकते। इसलिये अमृत निधि लेकर वायु वहाँ पहुँचता है, वहाँ नीरोगता प्राप्त होती है। वेद में वायु चिकित्सा का मूल यही है। वेद में कहा है : ''हे वायो! आप ओषधी–दवाई ले आओ और यहाँ से सभी रोग दोष दूर करो, आप विश्व भेषज एवं सभी दवाओं–ओषधियों से युक्त हो।'' इस सूक्त में ''वायु को वैद्यनाथ'' कहा गया है। इससे पूर्व ''वैदिक देवों को शास्ता रुद्र, सम्राट वरुण एवं जगत् आत्मा सूर्य को वैद्यनाथ घोषित किया गया।''

''वायु, तेज, आपः, पृथिवी की अपेक्षा सूक्ष्म तत्त्व हैं। वायु द्वारा आरोग्य सम्पादन करना एवं रोग दूर करना अन्य प्रकारों से श्रेष्ठ है।'' योगी प्राणायाम द्वारा इसी प्राणवायु, से आरोग्य एवं दीर्घ आयुष्य सम्पादन करते हैं। वायु के योग्य उपयोग से प्रत्येक बीमारी दूर हो सकती है। मूलतः वायु सेवन की विधि से परिचय होना चाहिए।

ऋग्वेद में कहा है : ''परमेष्ठीय प्राणशक्ति से इस वायु की उत्पत्ति हुई : प्राणाद्वायुरजायत्।। ऋग्वेद 10.90.13।'' ''ऋग्वेद के अनुसार दो वायु हैं। एक समुद्र के ऊपर से आता है। दूसरा, वायु जमीन के ऊपर चलता है।'' जो वायु समुद्र के ऊपर से जमीन पर आता है, वह बल को लाता है। जो वायु जमीन के ऊपर से आता है, वह दोषों को साथ ले आता है। बलवान वायु ओषधि ले आवे और वायु दोषों को दूर करे। वायु सम्पूर्ण ओषधियों का केन्द्र है, इस कारण ''वायु को देवदूत'' कहते हैं।।ऋग्वेद 10.137.2,3।।

द्वाविमौ वातौ वात आ सिन्धोरा परावतः।
दक्षं ते अन्य आ वातु पराऽन्यो वातु यद्रपः।।2।।
आ वात वाहि भेषजं वि वात वाहि यद्रपः।
तवं हि विश्वभेषजों देवानां दूत ईयसे।।3।।ऋग्वेद 10.137.2,3।।

वेद में निरन्तर दोहराया है कि शुद्ध वायु आरोग्यवर्धक है। सभी को शुद्ध वायु का सेवन करना चाहिए। शरीरों की, गृहों की एवं पुरों (शहरों) की रचना ऐसी होनी चाहिये कि उसमें सदैव शुद्ध वायु आता रहे। मूलभूत रूप से

शरीर का स्वास्थ्य शुद्ध और अशुद्ध वायुओं पर अवलंबित है। ऋग्वेद में अशुद्ध वायु–प्रदूषित वायु को रोगों का जन्मदाता घोषित किया है।

यजुर्वेद यज्ञ विज्ञान की रहस्यमय कुंजी है। यजुर्वेद की ऋचाओं का अनुशीलन अन्वेषण इन रहस्यों को उजागर कर सकता है। वैदिक रक्षोहण अनुवाक में वैश्विक महामारी समापन के लिए तीन लाख कुशा की हवन में आहुति का विधान मिलता है। वैदिक विज्ञान में अलग–अलग व्याधियों के लिए पृथक्–पृथक् वनोषधि की आहुति का विधान है। वनोषधि का धूम्र (धुवाँ) वायु श्वास के द्वारा शरीर में प्रवेश कर रोग उन्मूलन करता है। यही कारण है कि ''यज्ञ में सर्वोषधि, नवग्रह काष्ठ और लगभग 180 वनोषधि वनस्पति उत्पाद प्रयोग में लिये जाने की समृद्ध परम्परा रही और है'' (वनोषधि सूची–वरुणविद्या रहस्यम्, पृथिवीविद्या, आकाशविद्या, वेद ओषधि कल्पतरु आदि में उपलब्ध है।) (सहायक ग्रन्थ सन 1938 में प्रकाशित वनोषधि चन्द्रोदय आदि हैं।)।

अथर्ववेद में सीधे–सीधे चेताया है कि सूर्य के प्राकृतिक प्रकाश में काम नहीं करनेवाला (वर्तमान वातानुकूलित कार्यालयों के कारिन्दों) में रक्त अल्पता आदि बीमारी होंगी। उसके उपचार के लिए वनोषधि के अलावा ''कुछ समय स्वच्छ हवावाले पर्वतीय क्षेत्र में प्रवास'' का उपचार बताया गया है।

श्रीमहानारायणोपनिषद् में कहा है कि देवताओं ने यज्ञ से ही स्वर्ग को पाया एवं असुरों को परास्त किया। यज्ञ में सभी प्रकार के गुण हैं। इसलिए श्रेष्ठजन यज्ञ को श्रेष्ठतम कर्म कहते हैं।

यज्ञेन हि देवा दिवंगता यज्ञेना सुरानपानुदन्तः यज्ञेन द्विषन्तो
मित्रा भवन्ति, यज्ञे सर्वं प्रतिष्ठितम्। तस्माद्यज्ञंप रम वदन्ति।।

वेद में 39लाख वर्ष पूर्व वायु की निर्मलता केन्द्रीय विषय वस्तु रहा। मूलभूत रूप से वायु की पवित्रता आरोग्यता का मूल मन्त्र है। साथ ही दूषित वायु सभी व्याधियों (बीमारियों) का जनक है। वैदिक ऋषि यज्ञ द्वारा वायु शोधन करते रहे, और यह सांस्कृतिक परम्परा वर्तमान में भी जारी है। वैदिक वायु उपचार–यज्ञ चिकित्सा स्वयं में बृहद् विषय है। इस पर पृथक् से ग्रन्थ लिखा जा सकता है। वायुविद्या में वायोपचार की एक झलक मात्र प्रस्तुत की जा रही है।।ऊँ।।

विश्व के रक्षा के वैदिक रक्षोहण अनुवाक्

वैश्विक महामहारी महासंकट निवारक

यजुर्वेद

रक्षोहणं वलगहनं वैष्णवीमिदमहं तं वलगमुत्किरामि
यं मे निष्टयो यममात्यो निचरवानेदमहं तं
वलगमुत्किरामि यं मे समानो यमसमानो
निचखानेदमहं तं वलगमुत्किरामि यं मे सबन्धुर्य–
मसबन्धुर्निचखानेदमहं तं वलगमुत्किरामि यं मे
सजातो यमसजातो निचखानोत्कृत्यां किरामि।।
(यजुर्वेद, अध्याय 5, मन्त्र 23)
रक्षोहण व्वलगहनं व्वैष्णवीमिदमहन्तं व्वलगमुत्किरामि
यम्मे निष्टयो यममात्यो निचखानेदमहन्तं व्वलगमुत्किरामि
यम्मे समानो यमसमानो निचखानेदमहन्तं व्वलगमुक्तिरामि
यम्मे सबन्धु र्व्यम सबन्धुर्न्निचखानेदमहन्तं
व्वलगमुत्किरामि यम्मे सजातो यमसजातो निचखानोत्कृत्यांकिरामि।।
(यजुर्वेद 5.23।।)
रक्षोहणं वाजिनमा जिघर्मि मित्रं प्रथिष्ठमुप यामि शर्म।
शिशानो अग्निः क्रतुभिः समिद्धः स
नो दिवा स रिषः पातु नक्तम्।।1।।
अग्नी रक्षांसि सेधति शुक्रशोचिरमर्त्यः।
शुचिः चावक ईडयः।।26।।
अथर्ववेद, काण्ड 8, सूक्त 3, मन्त्र 1 एवं 26।।

वेद में जगत्–वैश्विक अथवा देश में महामारी महासंकट से मुक्ति के लिए रक्षोहण अनुवाक् वर्णित हैं। ऋग्वेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेद के रक्षोहण अनुवाक सुप्रसिद्ध हैं। अथर्ववेद का रक्षोहण अनुवाक 26 मन्त्रोंवाला है। यह अथर्ववेद के आठवें काण्ड का तीसरा सूक्त है। इसका देवता अध्यात्मिक रहस्यमय अग्नि है। दिव्य अग्नि चित्त तत्त्व है। वैदिक मन्त्र द्रष्टा ऋषि चातन रक्षोहण के लिए अनन्त शक्तिवान अग्नि का आह्वान कर रहा है। प्रथम मन्त्र में कहा है कि (दिव्य अग्नि) दुष्टों (राक्षस का एक अर्थ शरीर को अन्दर ही अन्दर नष्ट करनेवाले अदृश्य जन्तुओं जीवाणुओं से है।) का नाश करनेवाला

महाशक्तिवान सुप्रसिद्ध हितकर्ता हमेशा प्रशंसनीय है। इससे सुख प्राप्त होता है। वह उत्तम कर्म करनेवाला, तीक्ष्ण अथवा उग्र प्रयत्न करके हमें दिन–रात शत्रुओं से बचाये। अन्तिम मन्त्र में कहा है कि अमर, अजर, तेजस्वी, पवित्र, शुद्धता करनेवाले प्रशंसनीय दिव्य अग्निदेवता राक्षसों का नाश करनेवाले हैं। सूक्त में दुष्टों (विषाक्त अदृश्य जीवाणु एवं भौतिक शत्रुओं) के लक्षण क्रमशः दुर्हार्द (दुष्ट हृदयवाला), रक्षः या राक्षसः (रक्षणकरने का ढोंग रचकर घात करे); असु–तृप् (दूसरे प्राणियों के प्राणों की बलि से तृप्त होनेवाला); धूर्वन् (घात पात एवं नाश करनेवाला), भंगुरावत् (दूसरों का सर्वनाशकर्ता), अभिदासन (दूसरों को बंधन में डालना एवं मृत्यु), हिंस्रः–शरूः (हिंसा–नाशकर्ता), शफा–रुज् (रोग से अवयवों को तोड़नेवाला), रिषः (विध्वंसकर्ता), किमीदिन (दूसरों को मारने को तत्पर), यातुधानः (यातना देनेवाला), वृजिन (पापकर्ता–रोग को पाप कहा है), वाचास्तेन (वाणी का चोर), अदेवीः मायाः (धोखे से लूटनेवाला), मूरदेवः एवं सहमूरः (महाहिंसक, महाघातकी), क्रण्यात्–क्रविष्णुः–आमाद (मांस खानेवाला, शरीर के मांस मज्जा भक्षक, रक्त पीनेवाला), यः पौरूषेयेण अश्व्येन क्रविषा, यः पशुना संमक्ते (मानव एवं पशुओं के मांस से पुष्ट होनेवाला), मिथुनः शपाता (बुरे शब्दोपयोगी) आदि हैं।

दुष्टों के संहारक के भौतिक, दैविक, आधिदैविक, अध्यात्मिक गुण धर्मों में प्रमुख–मित्र–सखा भाव; प्राज्ञ–क्रान्तदर्शी–दूरदृष्टि; ज्ञानी–ब्रह्मविद्याज्ञाताः दिव्य तेजयुक्त; आचार से शुद्ध–पवित्रताकर्ता; प्रशंसनीयाचार; महाबलशाली एवं कर्तव्य से प्रतिबद्ध; ज्ञान से तेजस्वी; अजर; अमर्त्य; श्रेष्ठ कर्मों से प्रकाशित; तीक्ष्ण; अरिहन्त; दुष्टों का प्रतिकार करनेवाला; घातकनाशक; क्रूरकर्म विनाशक; दुष्टों को दण्ड देनेवाला; सज्जनों का रक्षक; यातना देनेवालों का काल और मांस भक्षक रोगों को नष्ट करनेवाला है। अथर्ववेद के दुष्टों के लक्षण वैश्विक–राष्ट्रीय महासंकट एवं महामारी के परिपेक्ष्य में सटीक हैं।

रक्षोहण अनुवाक महारुद्र महादेव शिव के पिनाकी धनुष के पाशुपतास्त्र के समान है। ऋग्वेद में रुद्र ने मर्यादा नैतिकता की स्थापनार्थ प्रजापति (ब्रह्मा) का सिर दिव्यास्त्र ने काट गिराया। यजुर्वेद के पांचवे अध्याय का 23वां मन्त्र रक्षोहण का है। ''जगद्गुरू शंकराचार्यपीठपण्डित आचार्य रविशंकर शास्त्री के अनुसार यजुर्वेदीय रक्षोहण अनुवाक अपरोक्ष रूप से महातेजोग्र महेश्वरी वगला देवी का है। इसमें परमशक्तिवान दर्भ से यज्ञ करने का विधान है।'' दर्भ पर अथर्ववेद में अनेक सूक्त लिखे हैं। महातेजोग्र वगला

की आराधना अरिहन्ता (शत्रुनाशक) है। यहाँ मूलभूत प्रश्न यह है कि अरि (शत्रु) और हन्ता (संहारक) कौन है? आगम अरिहन्ता के माध्यम से क्या संकेत दे रहे हैं? अध्यात्मिद ब्रह्मज्ञान अध्येता "आन्तरिक शत्रुओं–काम, क्रोध, मद, मोह, मत्सर्य आदि का समापन चाहते हैं। आन्तरिक शत्रुओं पर विजय से मन और आत्मा निर्मल होती है। यह बात अलग है कि अरिहन्त शब्द को भौतिक अर्थों में शत्रु दमन समापन लिया गया। इसे व्यापक सार्वजनीन अर्थों में मानव जाति के लिए महासंकट के निवारणार्थ प्रयोग में लेने का निर्देश है।" रक्षोहण अनुवाक का प्रयोग छह दशक पहले भी हुआ समझा जाता है। उसके वांछित परिणाम भी रहे। आगम में इस तरह के असंख्य प्रयोग वर्णित हैं।

तपोनिधि सिद्ध स्वामी विद्यारण्य महाराज के शिष्य डॉ. श्याम शर्मा काव्यतीर्थ के अनुसार आगम में अरिनाशक अनेक प्रयोग हैं, लेकिन लोककल्याण जनरक्षा के लिए रक्षोहण अनुवाक का प्रयोग कौन करेगा? लोकहित में आगम प्रयोगों का चलन नहीं के बराबर है। दूसरे, विशुद्ध हवन सामग्री–समिधा–वनोषधि उपलब्धि, कर्मकाण्ड अनुष्ठान में पारंगत और मन्त्रों का सही उच्चारण करनेवाली त्रिशक्ति भी विकट समस्या है। आचार्य ने स्पष्ट किया कि कारोबारी लाभार्जन प्रवृत्ति के कारण नवग्रह काष्ठ तक भी वास्तविक नहीं मिल रही है। आगमविद एवं पूर्व निर्वाचन आयुक्त श्री जी.वी. जी. कृष्णमूर्ति के अनुसार जिनके पास वैदिक यज्ञ करने का मन एवं प्रतिबद्धता है, उनके पास शक्ति (सामर्थ्य–धन– संसाधन) नहीं हैं; जिनके पास समस्त संसाधन हैं, वे लोक (प्रदेश, देश एवं विश्व) के हित के प्रति उदासीन, अप्रतिबद्ध, भौतिकता के रागरंग में आकंठ डूबे हैं। महासिद्धों–अध्यात्मविदों की तलाश आकाश कुसुम तोड़ने के समान हैं। तप और उपासना में लगे महात्मागण विरक्त लगते हैं। जयपुर के पूर्व राजगुरू पण्डित विद्यानाथ ओझा ने उनके परिवार के मिथिला के विजया से आकर विश्वविख्यात अश्वमेध महायज्ञ करनेवाला जयपुर के तत्कालीन महाराजा के राजगुरु बनने का रोचक किस्सा सुनाया। मिथिला के परिव्राजक ओझाजी प्रजापति ब्रह्मा के पुष्कर में अनुष्ठान के लिए निकले। परिव्राजक ओझाजी महातेजोग्र जगत्‌जननी छिन्नमस्ता देवी के अनन्य भक्त थे। जयपुर रिसायत का शहर परकोटे के भीतर था। सांगानेरी दरवाजे के पास एक तिबारा रहा। देवी छिन्नमस्ता के महा उपासक ने वहीं डेरा जमाया और पूजा प्रारंभ की। रियासत के ऐय्यारों (जासूस) ने महाराजा को तत्काल समाचार दिया कि तिबारे में एक महात्मा की खोपड़ी नीचे पड़ी है और धड़ बाकायदा अर्चना कर रहा है। यह उल्लेख

करना आवश्यक है कि जयपुर का रणथम्भौर विजय का अभियान अनेक बार नाकाम रहा था।

गुलाबी नगर के बारे में यह लोकावधारणा है कि आमेर, जयपुर के जयगढ़ किले में बादशाह अकबर के युद्ध अभियान में मिली अकूत सम्पत्ति तिलिस्मी खजाने में दफन है। सो जयपुर के तत्कालीन महाराजा बिना समय खोये सांगानेरी दरवाजे पहुँचे। त्रिकालज्ञ परिव्राजक ने महाराजा की मूल समस्या रणथम्भौर को जान लिया। उन्होंने किला अधीन होने के लिए देवी छिन्नमस्ता अनुष्ठान का उपाय बताया। परिव्राजक ने वहीं अनुष्ठान किया और पुष्कर चले गए। इसी बीच किलेदार ने स्वयं आकर चाबी सौंपी। पुष्कर से लौटने पर ओझाजी का राजसी सम्मान हुआ। उनसे जयपुर का राजगुरु पद सम्हालने का निवेदन किया गया। महातन्त्रज्ञ ओझाजी ने विनम्र शब्दों में राजगुरू बनने का प्रस्ताव अस्वीकार किया। बहुत अनुनय विनय के बाद यह कहकर चले गए कि मिथिला से लौटकर आते हैं। महिनों बाद महातन्त्रज्ञ को ढूंढने रियासती दस्ता मिथिला गया। पर वे देवभूमि हिमालय गमन कर चुके थे। उनके भाई जयपुर के राजगुरु बने।

''साठ के दशक में वनखण्डेश्वर महादेव, दतिया के पीठाधीश्वर महातन्त्रज्ञ अनन्त स्वामीजी (श्री महावीर प्रसाद मिश्र–लाल बाबा) ने चीन से युद्ध के समय महादेवी धूमावती भ्रामरी देवी का महायज्ञ किया। दतिया पीताम्बरा पीठ में सुप्रसिद्ध चीन की दीवार है।'' ''राजगुरु पण्डित विद्यानाथ ओझा ने सत्तर–अस्सी के दशक में जयपुर रियासत का आपातकाल में जब्त मणों–किण्टलों सोना मन्त्र अनुष्ठान से दिलवाने का चमत्कार दिखाया।'' उन्होंने देशभर के तन्त्र जिज्ञासुओं को पात्रता के अभाव में ब्रह्मविद्याज्ञान तन्त्रशक्तिपात करने से साफ मना किया। इसके ठीक विपरीत राजगुरु ओझाजी ने उस समय ब्रह्मविद्या के प्रति उदासीन लेखक (राम शास्त्री) से वर्षों–वर्षों धर्म अध्यात्म तन्त्र आदि पर गुप्त संवाद किया। उनसे एक प्रश्न पूछा गया : ''राजा प्रजा का पिता होता है। अतः राजा प्रजा के पापों का वहन करता है, राजा के पापों का भार राजगुरू पर होता है। महातान्त्रिक वामक्षेपा (तारापीठ, बंगाल), स्वामी रामकृष्ण परमहंस आदि का अंत बहुत दुखद रहा। अर्थात राजगुरू होने के कारण अन्तिम समय कैसा होगा, उनका हश्र क्या होगा''?

वर्तमान में महासंकटों की विकट भयानक स्थिति में अध्यात्मविद, तपस्वी, उपासक, साधक, सिद्ध आदि अथवा दिव्यशक्तिपात प्राप्त कितने उपलब्ध हैं? दिव्य शक्तिपात प्राप्त कहलानेवाले अपना समूची साधना तप दाव

पर लगाकर ''लोकहित'' में परोक्ष अथवा अपरोक्ष रक्षोहण अनुवाक क्यों नहीं करते? पूर्व प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हा राव ने सन 1996 लोकसभा चुनाव में हार के बाद कहा कि उन्होंने दतिया में अरिसंहारक वगलामुखी, श्रीविन्ध्यवासिनी देवी आदि का अनुष्ठान करवाया, किन्तु शर्मनाक हार क्यों हुई? ''श्री नरसिम्हा की आन्तरिक पीड़ा ही यह रही कि वास्तव में तन्त्रविद्या के सत्यनिष्ठ उत्तराधिकारी नहीं के बराबर हैं।'' उनकी अवधारणा सच भी रही। वे सन 2003–2004 में स्वास्थ्य बिगड़ने पर श्री आदित्यहृद्यम् का पाठ सुनते रहे। श्री नरसिम्हा राव मन्त्र शक्ति में विश्वास एवं आस्थावान रहे।

अतः ''रक्षोहण अनुवाक सत्य'' है, लेकिन उसके गहन जानकार और सम्पूर्ण विधिविधान से सत्यनिष्ठा से लोकहित में अनुष्ठान करवानेवाले विरले ही मिलते हैं। ''यह अवश्य है कि वैदिक सूक्तों का अनुशीलन और प्रयोग करना आवश्यक है।'' ।।ऊँ।।

शुक्ल यजुर्वेद शान्तिपाठ
शान्त्यध्यायः
शान्ति सूक्त

शुक्ल यजुर्वेद के छत्तीसवें अध्याय का नाम ''शान्त्यध्यायः'' है। शान्त्यध्यायः में चौबीस मन्त्र (ऋचाएँ) हैं। इन सभी का सर्वविध–शान्त्यर्थ विनियोग है।

ऋचं वाचं प्रपद्ये मनो यजुः प्रपद्ये साम प्राणं प्रपद्ये
चक्षुः श्रोत्रं प्रपद्ये। वागोजः सहौजो मयि प्राणापानौ।।1।।
यन्मे छिद्रं चक्षुषो हृदयस्य मनसो वातितृण्णं बृहस्पतिर्मे
तद्दधातु। शं नो भवतु भुवनस्य यस्पतिः।।2।।
भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि।
धियो यो नः प्रचोदयात्।।3।।
कया नश्चिऽ आभुवदूती सदावृधः सखा।
कया शचिष्ठया वृता।।4।।
कस्त्वा सत्यो मदानां मर्ठ• हिष्ठो मत्सदन्धसः।
दृढा चिदारुजे वसु।।5।।

अभी षु णः सखीनामविता जरितृणाम्।
शतं भवास्यूतिभिः।।6।।
कया त्वं न ऽऊत्याभि प्रमन्दसे वृषन्।
कया स्तोतृभ्य ऽआभर।।7।।
इन्द्रो विश्वस्य राजसि।
शं नो ऽअस्तु द्विपदे शं चतुष्पदे।।8।।
शं नो मित्रः शं वरुणः शं नो भवत्वर्यमा।
शं न ऽइन्द्रो बृहस्पतिः शं नो विष्णुरुरुक्रमः।।9।।
शं नो वातः पवतां शं नस्तपतु सूर्यः।
शं नः कनिक्रदद्देवः पर्जन्यो ऽअभिवर्षतु।।10।।
अहानि शं भवन्तु नः शर्ठ॰ रात्रीः प्रतिधीयताम्।
शं न ऽइन्द्राग्नी भवतामवोभिः शं न ऽइन्द्रावरुणा रातहव्या।
शं न ऽइन्द्रापूषण वाजसातौ शमिन्द्रासोमा सुविताय शं योः।
शं नो देवीरभिष्टय ऽआपो भवन्तु पीतये।
शं योरभिस्रवन्तु नः।।12।।
स्योना पृथिवि नो भवानृक्षरा निवेश नी।
यच्छा नः शर्म सप्रथाः।।13।।
आपो हि ष्ठा मयो भुवस्तनऽ ऊर्ज्जे दधातन।
महे रणाय चक्षसे।।14।।
यो वः शिवतमो रसस्तस्य भजयतेह नः।
उशतीरिव मातरः।।15।।
तस्मा ऽअरं गमाम वो यस्य क्षयाय जिन्वथ।
आपो जनयथा च नः।।16।।
द्यौः शान्तिरन्तरिक्षर्ठ॰ शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः
शान्तिरोषधयः शान्तिः। वनस्पतयः शान्तिर्विश्वे देवाः
शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः सर्वर्ठ॰ शान्ति शान्तिरेव
शान्तिः सा मा शान्तिरेधि।।17।।
दृते दृर्ठ॰ ह्न मा मित्रस्य मा चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ताम्।
मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे।
मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे।।18।।
दृते दृर्ठ॰ ह मा। ज्योक्ते सन्दृशि जीव्यासं ज्योक्ते
सन्दृशि जीव्यासम्।।19।।
नमस्ते हरसे शोचिपे नमस्ते ऽअस्त्वर्चिषे।

अस्याँस्ते ऽअस्मत्तयन्तु हेतयः
पावको ऽअस्मभ्यर्ठ• शिवो भव।।20।।
नमस्ते ऽअस्तु विद्युते नमस्ते स्तनयित्नवे।
नमस्ते भगवन्नस्तु यतः स्वः समीहसे।।21।।
यतो यतः समीहसे ततो नो ऽअभयं कुरु।
शं नः कुरु प्रजाभ्योऽभयं न पशुभ्यः।।22।।
सुमित्रिया न ऽआप ऽओषधयः सन्तु दुर्मित्रियास्तस्मै
सन्तु योऽस्मान् द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मः।।23।।
तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत्।
पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतर्ठ• शृणुयाम शरदः
शतं प्रववाम शरदः शतमदीनाः स्याम
शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात्।।24।।शुक्ल यजुर्वेद 36.1–24।।

ऋग्वेद के शान्ति सूक्त की शृंखला में यजुर्वेद का ''शान्त्यध्यायः'' है। शान्त्यध्यायः सूक्त में वैदिक देवों–ब्रह्म, परमेष्ठी, वायु, सूर्य, इन्द्र, पूषा, मित्र, आदित्य, सोम अर्यमा, विश्वदेव, अग्नि, विद्युत्, सविता, आपः, बृहस्पति, तेज आदि से शान्ति की प्रार्थना की गई है। यजुर्वेद का शान्त्यध्यायः सूक्त मूलतः ऋग्वेद के शान्ति सूक्त की नये रूप में प्रस्तुति भर है। वैदिक अनुष्ठान, अर्चना, यज्ञ, कर्मकाण्ड आदि में ऋग्वेद अथवा यजुर्वेद के शान्ति सूक्त का पाठ करना चाहिये। यह बात अलग है कि संक्षिप्ततम अथवा लघुतम शान्तिपाठ करने का चलन है।

यजुर्वेद के शान्त्यध्यायः सूक्त का महीधरभाष्य मन्त्रार्थटीका बहुत ही सुन्दर है। ''मैं ऋक्रूप वाणी की, यजुरुप मन की, प्राणरूप साम की और चक्षु एवं श्रोत्रेन्द्रिय की शरण लेता हूँ। जिससे वाणी–बल, शारीरिक–बल एवं प्राण–अपान मुझ में स्थिर रूप से रहें।।1।। मेरे चक्षु की, हृदय की तथा मन की जो न्यूनता (दौर्बल्य) है, उसको देवगुरु बृहस्पति दूर करें। जो परमात्मा समूचे ब्रह्माण्ड का स्वामी है, वह मेरे लिए सुखस्वरूप हो।।2।। आदित्यमण्डल स्थित सर्वान्तर्यामी परब्रह्मस्वरूप सवितृदेव के उस वरणीय स्वरूप का हम ध्यान करते हैं, जो सवितृदेव हमारी बुद्धि को सत्कर्म की ओर प्रेरित करते हैं।।3।।

सर्वदा वर्द्धनशील एवं आश्चर्यस्वरूप हे इन्द्र! आप किस तर्पण, किस प्रीति अथवा किस यज्ञकर्म से हमारे सहायक हो सकते हो ?।।4।। हे परमेश्वर! सोमरूप अन्न का वह कौन सा भाग है, जो कि मादक हवियों में श्रेष्ठ है और जो आपको विशेष सन्तुष्ट करता है। आपकी जिस प्रसन्नता में

जो भक्त दृढ़ता से रहते हैं, उन्हें आप धन (अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक; विभाग करके) प्रदान करते हैं।।5।। हे इन्द्र! जो आपकी मित्र रूप में स्तुति करते हैं, आप उन भक्तों की रक्षा के लिए आप अनन्त रूप धारण करते हो (यहाँ इन्द्र परमात्मा वाचक है।)।।6।। हे इन्द्र! आप किस स्तुति रूप हविर्दान से तृप्त होकर हमें आनन्दित करते हो और किस स्तुतिकर्ता यजमान को धन देते हो ?।।7।।

जो परमेष्ठी समूचे जगत् के स्वामी हैं अथवा जो सूर्य समस्त जगत् के प्रकाशक हैं, वह सूर्य हमारे द्विपद (अर्थात् पुत्रादिकों, स्वजन–परिजन के लिए) और चतुष्पद (अर्थात् गो आदि पशुओं) के लिए कल्याणीकारी हों।।8।। मित्र, वरुण, अर्यमा, इन्द्र, बृहस्पति एवं विष्णु, ये सभी देवगण हमारे लिए कल्याणकारी हों।।9।।

हमारे लिए वायु, वरुण एवं सूर्य कल्याणकारी हों। अर्थात् वायु–वात सुखस्वरूप बहे, सूर्य सुखप्रद किरणों का प्रसार करे। देव सम्राट वरुण सुवृष्टि प्रदान करे।।10।। हमारे लिए दिन एवं रात्रि सुखस्वरूप हों। इन्द्राग्नी, इन्द्रावरुण, इन्द्रपूषा और इन्द्रसोम–ये सभी देवता कल्याणकारी हों। ये हमारे रोग एवं भय को दूर कर सुखकारी हो।।11।। प्रकाशमान जल हमारे अभिषे अथवा अभीष्ट–सिद्धि के लिए सुखकर हों एवं रोग–भय के नाशक हों।।12।। हे पृथिवी! आप कण्टकहीन अर्थात् अकण्टकरूप पृथिवी में निवासस्थान देकर हमें अपनी शरण में लो।।13।। हे जलसमूह! आप स्नान–पानादि के कारण सुख देनेवाले रसस्थापक हो एवं आप अत्यन्त रमणीय और दर्शनीय हो।।14।। हे जलसमूह! आपका जो सुखकारी शान्तमय रस है, उस रस का हमें भी भागी बनाओ। जिसप्रकार प्रेम से माता अपने शिशुओं को स्तन द्वारा दुग्धपान कराती हैं, उसी प्रकार हमें भी जल प्रदान कर अमृरूपी मधुररस का पान कराओ।।15।। हे जलसमूह! आप सर्वदा समस्त लोकों में गमनशील हो। क्योंकि आपके ही निवास से ''आब्रह्मस्तम्बपर्यन्त'' सम्पूर्ण जगत् जीवित है। अतः आप हमें भी अपने मधुर जल द्वारा प्रजोत्पादन के समर्थ करो।।16।।

''द्युलोक रूपा शान्ति, अन्तरिक्ष रूपा शान्ति, पृथिवी रूपा शान्ति, जल रूपा शान्ति, ओषधरूपा शान्ति, वनस्पति रूपा शान्ति, विश्वदेवा रूपा शान्ति, ब्रह्म रूपा शान्ति, समस्त संसार रूपा शान्ति और जो स्वभावतः शान्ति है, वह शान्ति हमें प्राप्त हो''।।17।।

हे महावीर परमेश्वर! आप हमारी वृद्धावस्था के कारण निर्बल शरीर होने पर हमें बलवान् बनाओ। हमको समस्त प्राणी मित्र की दृष्टि से देखें और हम भी उन्हें मित्र की दृष्टि से देखें (विश्व बन्धुत्व, विश्वग्राम, विश्वनीडम् का

मूलाधार)। हम परस्पर में मैत्रीभाव होने से सभी को मित्र की दृष्टि से देखेंगे।।18।। हे भगवन्! हमें दृढ़ करो। हम आपके दर्शन से दीर्घायु होंगे।।19।।

हे अग्ने! आपके तेज को नमस्कार है। समस्त रसों के संशोधन करनेवाले आपके तेज को नमस्कार है। समस्त पदार्थों में प्रकाश करनेवाले आपके तेज को नमस्कार है। आपकी ज्वाला हमारे विरोधियों के लिए क्लेश देनेवाली हो और हमारे लिए शान्त अर्थात् कल्याणकारी हो।।20।। हे परमेश्वर! विद्युत्–स्वरूप आपको नमस्कार है। स्तनयित्नु–स्वरूप (मेघस्वरूप) को नमस्कार है। जिस कारण आप स्वर्ग जाने की चेष्टा करते हो, तदर्थ आपको नमस्कार है।।21।। हे परमेष्ठी! आप जिन दुश्चरित्रों को हमसे हटाकर हमेशा उपकार करते हो, उनसे हमें भयमुक्त करो।।82।।

हे परमेश्वर! हमारे लिए जल एवं ओषधियाँ अच्छे मित्र की तरह अवस्थित हों। जो हमसे द्वेष करते हैं अथवा हम जिनसे शत्रुता करते हैं, ऐसे हम दोनों (उभयपक्ष) के लिए एवं ओषधियाँ सुखरूपेण अवस्थित हों।।23।।

देवताओं के हितकारी अथवा प्रिय परमेश्वर का चक्षुभूत सूर्य का तेज पूर्व दिशा से उदित होता है, वह हमें जीवन–पर्यन्त अव्याहत चक्षु सम्पन्न रखे, जिससे हम उन्हें भलीभाँति देख सकें। हम सौ वर्ष पर्यन्त जीवें, सौ वर्ष पर्यन्त सुने एवं सौ वर्ष पर्यन्त बोलें (अर्थात् सौ वर्ष की आयु तक चक्षु, कर्ण, वाणी सदैव युवॉ रहें।)। हम सौ वर्ष पर्यन्त दैन्य होकर नहीं रहें (हम सौ वर्ष तक किसी पर आर्थिक अथवा अन्य रूप से आश्रित नहीं हों अर्थात् किसी से कुछ माँगना नहीं पड़े।)। हम सौ वर्ष से भी अधिक जीवित रहें (अर्थात् शत आयु हों, दीर्घ आयुष्यवान हों।)।।24।।

शान्त्यध्यायः सूक्त की समस्त ऋचाओं के ऋषि एवं विनियोग एक–एक हैं, किन्तु छन्द और देवता पृथक्–पृथक हैं। शान्त्यध्यायः की प्रत्येक ऋचाओं (मन्त्रों) के छन्द और देवता का उल्लेख महीधर ने अपने भाष्य में पृथक्–पृथक किया है। ''ऋचं वाचम् इति शान्त्यध्यायस्य आर्थवणो दधीचि ऋषिः'' (इस सूक्त के ऋर्षि आथर्वण दधीचि हैं।)। इसके सभी मन्त्रों अथवा ऋचाओं में शान्ति–कामनार्थ ही स्तुतिरूपा प्रार्थना की गयी है। यह अत्यन्त उल्लेखनीय है कि इस सूक्त का ''विनियोग शान्तिपाठ'' ही है।

मूलतः जिस कार्य के लिए मन्त्रों का प्रयोग किया जाता है, उसे ''विनियोग'' कहते हैं। इसका लक्षण का उल्लेख महर्षि याज्ञवल्क्य ने किया हैः

पुराकल्पे समुत्पन्ना मन्त्राः कर्मार्थमेव च ।
अनेनेदन्तु कर्तव्यं विनियोगः स उच्यते ।।

वैदिक पद्धति में विनियोग ही सर्वाधिक प्रयोजक है। इसके बिना वैदिक–कर्मकाण्ड–पद्धति का निर्वाह नहीं हो सकता। मन्त्रों में मुख्य विनियोग ही है। यह मन्त्रद्रष्टा क्रान्तदर्शी ऋषियों के द्वारा यथा समय विनियुक्त हुआ था। अतः वैदिक सूक्त पाठ के समय ऋष्यादि परिज्ञान (ऋषि, छन्द, देवता एवं विनियोग का परिज्ञान) आवश्यक है। वैदिक मन्त्रद्रष्टा ऋषि दधीचि ने वैदिक देवों–आश्विनौ को सम्पूर्ण आयुर्विज्ञान विद्या का ज्ञान दिया। यद्यपि इन्द्र देवता ने महर्षि दधीचि को विद्या देने पर शिर विच्छेद की चेतावनी दी थी। इस विकटतम परिस्थिति में दधीचि ने अश्व का शिरप्रत्यारोपण करवाकर अश्विनौ को विद्या दान दिया। मन्त्रद्रष्टा ऋषि दधीचि ने, लोककल्याणार्थ शान्त्यध्याय सूक्तप्रस्तुत किया।(यह भी उल्लेखनीय है कि यजुर्वेद के मन्त्रद्रष्टा ऋषि याज्ञवल्क्य हैं।)।

।।देवं ज्ञात्वा देवो भवति।।ऊँ।।

ऋग्वेद : शान्तिपाठ

शं न इन्द्राग्नी भवतामवोभिः शं न इन्द्रावरूणा रातहव्या।
शमिन्द्रासोमा सुविताय शं योः शं न इन्द्रा पूषणा वाजसातौ।।1।।
शं नो भगः शमु नः शंसो अस्तु शं नः पुरंधिः शमु सन्तु राय।
शं नः सत्यस्य सुयमस्य शंसः शं नो अर्यमा पुरूजातो अस्तु।।2।।
शं नो धाता शमु धर्ता नो अस्तु शं न उरूची भवतु स्वधाभिः।
शं रोदसी बृहती शं नो अद्रिः शं नो देवानां सुहवानि सन्तु।।3।।
शं नो अग्निज्योतिरनीको अस्तु शं नो मित्रावरूणावश्विना शम्।
शं नः सुकृतां सुकृतानि सन्तु शं न इषिरो अभि वातु वातः।।4।।
शं नो द्यावापृथिवी पूर्वहूतौ शमन्तरिक्षं दृशये नो अस्तु।
शं न ओषधीर्ववनो भवन्तु शं नो रजसस्पतिरस्तु जिष्णुः।।5।।
शं नो इन्द्रो वसुभिर्देवो अस्तु शमादित्येभिर्वरूणः सुशंसः।
शं नो रूद्रो रूद्रेभिर्जलाषः शं नस्त्वष्टा ग्नाभिरिह शृणोतु।।6।।
शं न सोमो भवतु ब्रह्म शं नः शं नो ग्रावाणः शमु सन्तु यज्ञाः।
शं नः स्वरूणां भितयो भवन्तु शं नः प्रस्व 1ः शम्वस्तु वेदिः।।7।।
शं नः सूर्य उरूचक्षा उदेतु शं नश्चतस्रः प्रदिशो भवन्तु।
शं नः पर्वता ध्रुवयो भवतु शं नः सिन्धवः शमु सन्त्वापः।।8।।
शं नो अदितिभर्वतु व्रतेभिः शं नो भवन्तु मरूतः स्वर्काः।

शं नो विष्णुः शमु पूषा नो अस्तु शं नो भवित्रं शमवस्तु वायुः।।9।।
शं नो देवः सविता त्रायमाणः शं नो भवन्तूषसो विभातीः।
शं नः पर्जन्यो भवतु प्रजाभ्यः शं नः क्षेत्रस्य पतिरस्तु शंभुः।।10।।
शं नो देवा विश्वदेवा भवन्तु शं सरस्वती सह धीभिरस्तु।
शमभिषाचः शभु रातिषाचः शं नो दिव्याः पार्थिवाः शं नो अप्याः।।11।।
शं नः सत्यस्यः पतयो भवन्तु शं नो अर्वन्तः शमु सन्तु गावः।
शं नः ऋभवः सुकृतः सहस्ताः शं नो भवन्तु पितरो हवेषु।।12।।
शं नो अज एकपाद् देवो अस्तु शं नोऽहिर्बुध्न्य 1ः शं समुद्रः।
शं नो अपां नपात् पेरूरस्तु शं नः पृश्निर्भवतु देवगोपा।।13।।
आदित्या रूद्रा वसवो जुवन्तेदं ब्रह्म क्रियमाणं नवीयः।
शृण्वन्तु नो दिव्याः पार्थिवासो गोजाता उत ये यज्ञियासः।।14।।
ये देवानां यज्ञिया यज्ञियानां मनोर्यजत्रा अमृता ऋतज्ञाः।
ते नो रासन्तामुरूगायमद्य यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः।।15।।

(ऋग्वेद मण्डल 7; ऋषि–मैत्रावरूणिर्वसिष्ठ; देवता–विश्वेदेवाः; छन्द–त्रिष्टुप्; सूक्त–35; ऋचा–1–15)

ऋग्वेद का स्वस्ति पाठ एवं शान्ति पाठ विश्व की अमूल्यतम निधि है। पिछले हजारों–हजारों वर्षों में इस के समतुल्य कोई स्तुति नहीं मिलती है। यह अभूतपूर्व है कि पावन सरस्वती एवं द्वषद्वती नदियों के किनारे उनतालीस (39) लाख पूर्व के मन्त्र द्रष्टा ऋषियों ने वैश्विक शान्ति की अवधारणा को घोषित किया। इस अद्भुत सूक्त में वेदकाल के देव सम्राट वरूण, प्रसवकर्ता सविता, त्वष्टा देवता, देव शास्ता रूद्र, द्वादश आदित्य, सेनानी इन्द्र, भग, अर्यमा, अध्यात्मिक अग्नि, सृष्टि रचियता परमेष्ठी, न्यायाधिपति, धाता सर्वव्याप्त दिव्य तेज, अपां नपात्, मूलाधार देव, ऋतुज्ञाता, अमरदेव, कल्याणाधिपति, शम्भु, प्रकाशमान देव, अष्ट वसु, अश्विनौ, सोम, पूषा, वायु, जल, मरूत्, उषा, अदिति, पर्जन्य, सरस्वती, विद्युत्, यज्ञ, द्युलोक, अन्तरिक्ष, ऋभु, पृथिवी, सूर्य, मेघ, यूप, गो, अश्व, दिशाएँ, वनस्पति, ओषधि, वृक्ष, पर्वत, समुद्र, दान करनेवालों, यज्ञ करनेवालों आदि से शान्ति की प्रार्थना की गई है। सभी के कल्याण की कामना की गई है। यह स्मरण रहे कि वेदकाल 39 लाख वर्ष पूर्व कोई पर्यावरण संकट पृथिवी पर नहीं रहा और सूर्य की महातेजोविकिरण महापराबैंगनी संहारक किरणों का महासंकट भी नहीं रहा। वेदकाल में ही मन्त्र द्रष्टाओं ने लाखों वर्ष पूर्व के महाभयानक संकट को ध्यान में रखकर शान्ति पाठ सम्मिलित किया। वेद अर्थात् सृष्टिविद्या में

वैश्विक कल्याण का सूक्त चकित करता है। यह अवश्य है कि वैदिक शान्ति सूक्त अधिक प्रचलन में नहीं है। इस सूक्त के प्रत्येक शब्द के अनेक अर्थ हैं।

विद्युत स्वरूप अग्नि, उष्णता देनेवाली अग्नि, चित तत्त्व अग्नि, ब्रह्माण्डीय दिव्य महासागर के देवता एवं देव सम्राट वरूण, इन्द्र, दिव्य सोम, पूषा हमारे लिए शान्ति एवं कल्याणप्रद हों। जीवन के महासंग्राम में कल्याण करें।

ऐश्वर्य (भौतिक, आधिभौतिक, दैविक, अध्यात्मिक) सत्यभाषण, अनन्त बुद्धि, धन, श्रेष्ठता का निर्णय करनेवाले न्यायाधिपति ''भग'' हमें शान्ति एवं ये विशेषतायें प्रदान करें। ''अर्यमा'' बहुत प्रशंसित है, वह हमें शान्ति देनेवाला हो। सभी को आधार प्रदाता धाता हमें शान्ति देने वाला हो। सृष्टि की रचनाकर्ता धाता है, यह देव पृथिवी, आकाश, पर्वत, अन्तरिक्ष, देवों की उपासना में हमें शान्ति देनेवाला हो। हमें देवों की स्तुतियाँ शान्ति प्रदान करे। अग्नि की सेना तेज है, पंच महाभूतों में से एक तेज है, ऐसा ''तेज'' हमारे लिए शान्तिप्रद हो। ''सूर्य देवता, चन्द्र देवता, मित्र देवता एवं वरूण देवता हमारे लिए शान्ति देनेवाले हों।'' सत्कर्म करनेवालों के सत्कर्म हमारी शान्ति में वृद्धि करें। ''अश्विनौ'' देव चिकित्सक हमें शान्ति देनेवाले हों, अर्थात् हम आरोग्य रहें। गतिशील ''वायु' देवता हमारे लिए कल्याण करनेवाला होकर निरन्तर बहता रहे, यानी निर्बाध प्राणवायु प्राप्त हो।

हम सर्वप्रथम प्रार्थना करते हैं कि ''द्युलोक एवं पृथिवीलोक'' हमें शान्ति प्रदान करें। ''अन्तरिक्ष'' हमारे दर्शन के लिए शान्तिवाला हो। वन में उत्पन्न होनेवाले ''वृक्ष एवं वनोषधियाँ'' हमें शान्ति दें। ''विजयशाली लोकपति'' हमारे लिए शान्तिदायक हो। ''अष्ट वसु'' एवं इन्द्र हमें शान्ति दें। वरूण देव ''बारह आदित्यों'' से युक्त होकर हमें शान्ति दें। ''एकादश रूद्र'' हमें जल के साथ शान्ति दें। ''त्वष्टा'' देव पत्नियों के साथ हमारे स्तोत्र शान्ति से सुनें। ''संजीवनी सरीखा सोम'' हमें शान्ति दें। ''ब्रह्म'' हमें शान्ति प्रदान करें। हमें ''पत्थर–पाषाण'' शान्ति दें। ''यज्ञ'' हमें शान्ति दें। हमें ''यूपों के प्रमाण'' शान्ति दें। यूप का एक अर्थ बलि स्थल भी है। ''ओषधियां'' हमें शान्ति दें। यह स्मरण रहे कि खाद्यान्न भी ओषधि है। विशालतम तेजवाला ''सूर्य'' हमारी शान्ति के लिए उदित हो। यहाँ आशय यह है कि सूर्यदेव पृथिवी पर वांछित तेज ही प्रकट करें। सूर्यदेव के प्रलयंकर रूप से सृष्टि का नष्ट होना निश्चित है। जलवायु में आवश्यकता से अधिक तापमान नहीं हो। हमें ''सभी दिशाएँ'' शान्ति दें। हमें स्थिर पर्वत शान्ति दें। ''समुद्र'' शान्ति दे। हमें जल शान्ति दे

(इसका अर्थ यह है कि पर्वतों पर ज्वालामुखी नहीं फटे, भूकम्प नहीं आये, समुद्र सुनामी मुक्त रहे एवं शुद्ध जल शान्ति दे।)।

अनन्त अक्षय ऊजा स्रोत ''अदिति'' अपने व्रतों से हमें शान्ति दे। हमें उत्तम तेजस्वी ''मरूत्'' वीर शान्ति दें। सर्वव्याप्त शक्ति एवं ''पूषा'' हमें शान्ति दे। हमें ''भुवन'' शान्ति दे। वायु हमें शान्ति दे। ''सृष्टि अथवा सभी को प्रसव देनेवाले सविता देवता'' हमें शान्ति दे। तेजस्वी ''उषाएं एवं पर्जन्य'' हमें शान्ति दें। देश अथवा भूलोक का कल्याण करनेवाला ''अधिपति'' हमारी प्रजा के लिए शान्ति दे। सभी ''प्रकाशमान देव'' हमें शान्ति दें। ''सरस्वती'' सद्ज्ञान सद्बुद्धि के साथ शान्तिदाता हो। सूक्त में सरस्वती शब्द ज्ञानवान, ज्ञानप्रदाता के लिए प्रयोग में आया है। ''यज्ञ'' की सेवा करनेवाले, ''दान'' देनेवाले हमें शान्ति दें। यह यज्ञ एवं दान शान्ति का संदेश है। ''द्युलोक, पृथिवी एवं जल में उत्पन्न होनेवाले हमें शान्ति दें।'' ''शम्भु'' शब्द कल्याणार्थ प्रयोग किया गया है।

''सत्य'' का पालन शान्तिप्रद है। अतः सत्य का पालन करनेवाले शान्ति देनेवाले हों। गो एवं अश्व हमें शान्ति दें। ''ऋभु'' कुशलता से कर्म करनेवाले हैं। ऋभु हमें शान्ति दे। यज्ञ में ''पितर'' (अदृश्य सहायक शक्ति) हमें शान्ति देनेवाले हों। ''एक पाद् अज देव'' हमें कल्याण देनेवाले हों।

''अहिर्बुध्न्य'' (तीनों लोकों तक फैला महासर्प, महारूद्र, शिव) हमें शान्ति दे। समुद्र (समुद्र का अर्थ आकाश भी है।) हमें शान्ति दे। ''अपां नपात्'' आपत्तियों से पार लगानेवाला हमें शान्ति दे। देवों द्वारा सुरक्षित ''गो'' (ज्ञान, प्रकाश की किरण) हमें शान्ति दे। ''पृश्नि गो का अर्थ पृथिवी'' भी है। उदय के समय सूर्य का अंश जो ऊपर जाता है, वह ''एकपात्'' कहाता है। एकपात् सूर्य हमारा कल्याण करे। सभी को आधार देनेवाला ''मूलाधार देव'' हमें शान्ति दे। ''मेघस्थ विद्युद्रुप अग्नि'' हमें आपत्तियों से पार कराये।

सूक्त में रहस्योद्घाटन किया गया हैः ''यह स्तोत्र नवीन किया जानेवाला है।'' इस स्तोत्र को वैदिक देवों के शास्ता रूद्र, देव सम्राट वरूण, सर्वप्रसविता सविता, आदित्य, बसु आदि ब्रह्म स्वीकार करें। हमारी शान्ति एवं कल्याण की प्रार्थना द्युलोक में उत्पन्न, पृथिवी पर उत्पन्न एवं आकाश–अन्तरिक्ष–स्वर्ग में उत्पन्न और यज्ञ में सत्कार के योग्य आदि सुनकर स्वीकारें। हमें पूजनीय देवों के लिये भी पूजनीय, मननीय विद्वानों के पूज्य, ऋत अथवा नैतिक नियमों के अनुसार आचरण करनेवाले देव विस्तृत यश प्रदान करें और हमेशा कल्याणकारी साधनों से रक्षा करें (वेद में कहा है कि यज्ञस्थान में ज्ञान सूक्तों की उत्पत्ति होती है)।।।ऊँ।।

गोप्यं गोप्यं परं गोप्यं कैलास सिद्धिदं परम्‌ः
कैलास के पांच बीजाक्षरों की दिव्य महाशक्ति

सिद्ध कैलास को गुप्त, गुप्त एवं परम गुप्त रखने के पक्ष में रहे हैं। यामल में लिखा है कि सगुण एवं निर्गुण दोनों महामाया के ही स्वरूप हैं। इसमें साकार मायायुक्त और निराकार मायारहित है : "सगुण निर्गुणा चेति महामाया द्विधा मता। सगुणा मायया युक्ता तथा हीना तु निर्गुणा।।" :

ऋचो अक्षरे परमव्योमन यस्मिन देवा अधिविश्व नीषेदु।
यस्न्न वेंद किमृचार करिष्यति च इत्तद्विदुस्त इमे समासते।।
।।ऋग्वेद1—164—39।।

"ऋचाऐं, अक्षर और परम व्योमन है। जिसमें सभी देवता समाहित हैं। जो उसे नहीं जानता, वह ऋक् से क्या करेगा। जो उसे जान लेता है, वह उसके समीप हो जाता है।" आर्ष ग्रन्थों में चेताया है कि मंत्र केवल क्रान्तदर्शी, मन्त्रद्रष्टा ऋषियों के लिए ही स्पष्ट प्रत्यक्ष हैं और जो ऋषि नहीं हैं, मंत्र उनके लिए प्रत्यक्ष नहीं हैं : "न प्रत्यक्षमनुषेरस्ति मन्त्रम्।।"

इस परिदृश्य पृष्ठभूमि में कैलास के पांच बीजाक्षरों का दिव्य शक्तिकेन्द्र तिलिस्मी घेरे में है। कैलास शब्द में क, ऐ, ल, आ और स पांच बीजाक्षर हैं।यह अभूतपूर्व संयोग है कि महारूद्र निरंजन अविनाशी शिव का सिद्ध पंचाक्षरी मंत्र ''नमः शिवाय'' है। सदाशिव द्वारा आदिशंकराचार्य को "शिवरहस्य" का गोपनीय से गोपनीय ज्ञान मिला और आदिशंकराचार्य ने पंचाक्षरी मंत्र के अक्षरों की दिव्य शक्ति का रहस्योद्घाटन पंचाक्षरी स्तोत्र में किया। यह ध्यान रहे कि त्रितत्त्वों — सत, रज एवं तम के त्रियोग के कारण ही नवदुर्गा (नौ शक्तियाँ) की रचना या उत्पत्ति हुई।

यह आर्षग्रन्थों में शोध का विषय है कि जम्बूद्वीप के पवित्र ब्रह्मवर्त में दिव्य गिरि मेरु का नामकरण कैलास कब कैसे हुआ? कैलास का भौतिक दैविक अर्थ क्या है? वैदिक काल में पवित्र मेरु पर्वत का उल्लेख है। वैदिक काल से पौराणिक एवं औपनिषदिक काल के ऋषियुग में महारुद्र निवास कैलास नामकरण का गुह्य रहस्य क्या है? भूलोक में एकमात्र ब्रह्मवर्त में ब्रह्मविद्याज्ञाता ऋषियों ने कभी नष्ट नहीं होनेवाले अक्षर (नाद) को ब्रह्म कहा। नाद और बिन्दु के अन्तर सम्बन्ध एवं अक्षर ब्रह्म की दिव्य शक्ति का घोष

किया। मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने आकाश में अक्षर के नाद के वर्ण, रूप, देवता, भौतिक एवं आध्यात्मिक शक्ति आदि से साक्षात्कार किया। स्कन्द पुराण के अनुसार : "शब्दब्रह्म परं ब्रह्म नानयोर्भेद इष्यते। लये तु एकमेवेदं सृष्टौ भेदं प्रवर्त्तते।। अन्योन्या पेक्षिणो भूप शब्दार्थो ही परस्परम्। अर्थाभावे न शब्दोऽस्ति शब्दाभावे न बुध्यते।।" शब्द ब्रह्म और परब्रह्म में कोई भेद नहीं लगता है। शब्द और अर्थ परस्पर आश्रित हैं। इसका अर्थ यह कि अर्थ नहीं रहने पर शब्द नहीं है एवं शब्द नहीं रहने पर कुछ बोध नहीं हो सकता है। तन्त्रलोक में मातृका के मर्म रहस्योद्घाटन करते लिखा : शब्दराशि भैरव – शब्द ब्रह्म के तहत अन्तरी शक्ति माता की तरह होने वाली है। दूसरे शब्दों में यह संसार को उत्पन्न करनेवाली है। अतः इसे मातृका माना गया : "शब्दराशे भैरवस्य यानुच्छन तयान्तरी। सा मातेव भविष्यत्त्वात् तेनासौ मातृकोदितां।। अनुच्छूनतया भविष्यत्त्वात्।।" पौराणिक एवं वैदिक साहित्य में "वाग्वै परमं ब्रह्म" यानी वाक ही परम ब्रह्म कहा गया।

कैलास के शब्द के गोपन अर्थ समझने के लिए महेश्वर वागीश शिव ने महेश्वरी को मातृका रहस्य का उपदेश दिया। वागीश शिव ने शिव को परब्रह्म अक्षर के वर्ण, रूप, देवबीज, सभी प्रकार की शक्तियों आदि को स्पष्ट किया। ब्रह्मविद्याविद मुनि जिनविजय ने देशभर के ऋषियों द्वारा ऋषियुग से कलियुग तक मातृका रहस्यों की दुर्लभ रचनाओं को संग्रहित करवाया। यह "एकाक्षरनामकोषसंग्रह" स्फोटवाद, स्फोटसिद्धि, स्फोट तन्त्र एवं काश्मीर तन्त्र श्रृंखला की शिवदृष्टि अक्षर ब्रह्म की अद्वितीय पोथियाँ हैं। जयपुर के राजगुरु रहे श्रीविद्यानाथ ओझा ब्रह्मविद्या में पारंगत होने के साथ अक्षरब्रह्म के उच्चश्रेणी के साधकों में एक रहे। राजगुरु ओझा अक्षर – मंत्र उच्चारण से उत्पन्न नाद स्फोत स्पंदन ध्वनि तरंग आवृत्ति को महाशक्ति का स्रोत मानते और मंत्र से साक्षात स्थिति की रचना करते।

एकाक्षरनामकोषसंग्रह के अट्ठारहवें अध्याय में अविनाशी निरंजन शिव के कैलास शब्द के पांच बीज अक्षरों से संबंधित विवरण हैं। कैलास के प्रथम अक्षर "क" के संबंध में वर्णन है :

ककारं ब्रह्मणो बींज पीतं वृष्टिकरं परम्।
संजीवनमशेषाणां लोकानां वृद्धिदायकम्।।

'क' अक्षर का अर्थ लाक्षणिक, प्रतीकात्मक, सांकेतिक, कूट एवं अनुभवगम्य है। यह अक्षर ब्रह्म का बीज है, रौद्र अथवा क्रोध स्वरूप है। इसका पीला रंग है। यह सृष्टिपालक भ्रमणशीलकर्ता है। तीनों लोकों सहित ब्रह्माण्डों को संजीवनी

देनेवाला और इच्छित मनोकामना पूर्ण करनेवाला है। यह सभी कामनाओं का पूर्त्तिकारक और सृष्टि की वृद्धि करता है।

ऐंकारं भारतीविद्यास्फटिकं ज्ञान सिद्धिदम्।
चतुःषष्टिकलासिद्धिदायकं परमं शिवे।।

ऐंकारं वाग्देवी सरस्वती का बीज है। इसका रूप स्फटिक सरीखा अथवा श्वेत है। यह ज्ञान की सिद्धि देने में समर्थ है। ऐंकार से चौसठ कलाओं की प्राप्ति होती है। अन्त में प्रार्थना की गई कि हे अम्बे! आप कल्याणकारी हैं।

लकारं शक्रबीजं स्यात पीतं सर्वफलप्रदम्।
अग्निस्तम्भं जलस्तम्भं स्वेच्छास्तम्भं विशेषतः।।

लकार वैदिक देवता इन्द्र का बीज है। इसकी पीली आभा है। यह सभी शुभफलदायक है। यह अग्नि को स्थिर करनेवाला है। यहाँ अग्नि से चिदाग्नि–चित्ततत्त्व अर्थ है। यह चलायमान मन अथवा जल और इच्छाओं को स्थिर करके समभाव में ले जाता है। यह पृथिवी तत्त्व भी माना गया है।

आकारं तु पराशक्तिः श्वेतमाकर्षसिद्धिदम्।
इच्छासिद्धिं स्वात्मसिद्धिं रससिद्धिं वरानने!।।

आकार स्वयं पराशक्ति है। इसकी श्वेत आभा मोहक है। यह सभी सिद्धियों को प्रदान करनेवाला है। आकार की विशेषता यह है कि यह इच्छा, स्वात्म और रस की सिद्धिदायक है। यहाँ रस को औषधि समझें। यह श्रेष्ठ वरदायक है।

सकारं भारतीबीजं श्वेतं सारस्वतप्रदम्।
प्रतिविद्वज्जनयं वराणां योषितां वशम्।।

श्वेत वर्णमाला (रंग) सकार ज्ञान–वाक की अधिष्ठात्री महासरस्वती का बीज है। सारस्वत–साधना देनेवाला है। इसके उच्चारण मात्र से प्रत्येक विद्वान पर विजय प्राप्त की जा सकती है। यह श्रेष्ठ को वश में करनेवाला है।

सारसंक्षेप में कैलास के पांच अक्षरों के उच्चारण से उत्पन्न विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र, स्फोत, स्पंदन, ध्वनि तरंग से अनन्त ब्रह्माण्डों को संजीवनी, सभी लोकों की वृद्धि, चौसठ कलाओं में सिद्धि, सभी विद्ववतजन पर विजय, इच्छा–रस–विद्या स्वात्म सिद्धि, कल्याण और चित्त तत्त्व–मन–इच्छा को स्थिर रखने एवं साधना की परमशक्ति प्रदान होती है। यह ब्रह्म, वागीश, वाग्देवी, वैदिक इन्द्र, पराशक्ति, पृथिवी का बीज है। कैलास समभाव में ले जाने में उत्प्रेरक है। यह सभी सिद्धियों (आध्यात्मिक) को आकर्षित करता है।।ऊँ।।

आदिहनुमत की गोपन हनुमद् विद्या का रहस्यः रुद्रस्वरूप हनुमतविद्या

कैलासवासी आदिहनुमत और रामायण के हनुमान में मूलभूत अन्तर है। विशुद्ध ब्रह्मविद्या वेद के कपिराज हनुमद्विद्या की ओर संकेत करती है। यह ब्रह्मविद्या वैदिक ऋषियों को साधना से प्राप्त हुई। वेद एवं शास्त्र में यह स्पष्ट लिखा हैः "ये त्वतार्किका भावा न तांस्तर्केण योजयेत्।" अर्थात अनुभूति गम्य साधना से प्राप्त ब्रह्मविद्या तर्क वितर्क का विषय नहीं है।

वेद में उल्लेख आता हैः "अग्नि अनेक हनुओं, अर्थात दाढ़ीवाला हनुमान है।" हनुमान के सहस्त्रों नेत्र हैं यानी निराकार है (ऋग्वेद : 10 : 79 :1)। वेदमंत्रों में अग्नि ही विकराल दाढ़ीवान हनुमत है। यही पौराणिक देवता हनुमान के चरित का सूत्रपात हुआ। कहीं कहीं पर विशाल जबड़े–दाढ़ीवाले (हनु) हनुमान ही मरुत्वान इन्द्र का पर्याय हैं।

ऋग्वेद में इन्द्राणी और वृर्षाकपि का संवाद आदिहनुमत् पर नया अध्याय जोड़ता है। यह वृर्षाकपि मेघ बरसाने में सक्षम है। यजुर्वेद में शुक्र ज्येष्ठ के महिने में 'कपि' को बलि का उल्लेख है। चीन के राशिचक्र में ज्येष्ठ माह को "वानर राशि" माना गया। वाल्मीकि रामायण में ब्रह्मा द्वारा सभी देवताओं को दिव्य अप्सराओं से "वायुतुल्य वानर रूपी संतानों को उत्पन्न करने का निर्देश दिया गया। ऋग्वेद के इन्द्र, सूर्य, बृहस्पति, द्विअश्विनीकुमार आदि देवताओं से दिव्यशक्ति सम्पन्न वानर पैदा हुए। उनमें परमशक्तिवान वायु ने हनुमान को जन्म दिया।" वैसे तारामण्डल के दिव्य नक्षत्रों के संयोग से ऋक्षों का जन्म हुआ। इन वानरों और ऋक्षों ने दशरथ पुत्र श्री राम की महासंग्राम में सहायता की।

महाकपि हनुमान के बारे में रामायण के सुन्दरकाण्ड में लिखा हैः "यह पर्वताकार और तीव्र वेगवाले मरुत्पुत्र हनुमान वरुणालय समुद्र को तैरकर श्रीलंका जाना चाहते हैं। महाकपि समुद्र के जिस भी भाग से होकर गए, वह उनकी महागति से मंथित हो गया।"

"एष पर्वतसंकाशो हनुमान् मारुतात्मजः।
तितीर्षति महावेगः समुद्र वरुणालयम्।।
यं यं देशं समुद्रस्य जगाम स महाकपिः।
स तु तस्यांगवेगेन सोन्माद् इव लक्ष्यते।।"

यह भी आश्चर्यजनक है कि आर्ष ग्रन्थों में प्रसंग आता है कि सूर्यदेव ने हनुमत को नौ विद्यायें देने का वचन दिया, परन्तु पांच विद्याओं के बाद विराम दिया। पराशर संहिता के हनुमत चरित में इस सन्दर्भ में सूर्यदेव की ब्रह्मचारिणी सुपुत्री "सुवर्चला" प्रसंग है। हनुमत को सुवर्चला के सानिध्य से सूर्यदेव से ही शेष चार विद्याओं का गोपनीय ज्ञान मिला। सूर्यदेव द्वारा हनुमत को प्रदान नौ विद्यायें त्रेता से कलियुग तक रहस्य बनी हैं। यह भी पहेली है कि हनुमद्‌विद्या क्या है ? वाल्मीकि रामायण में स्वयं हनुमान ने राम से सीता प्राप्ति में सफलता के लिए "लांड.गूलोपनिषत्–हनुमद्‌घोरास्त्र" से श्री हनुमत उपासना को कहा। अर्थात् रामायण हनुमान एवं आदि हनुमत भिन्न–भिन्न हैं। हनुमत् रुद्रावतार हैं। हनुमदघोरास्त्र में ध्यान हैः

वज्रांग पिंगनेत्र कनकमयलसत्कुण्डलाक्रान्तगण्डं,
दम्भोलिस्तम्भसारप्रहरणविवशीभूतरक्षोऽधिनाथम्।
उघल्लाड्.गूलघर्षप्रचलजलनिधि भीमरूपं कपीन्द्रं,
ध्यायन्तं रामचन्द्रं प्लवगपरिवृदं सत्त्वसारं प्रसन्नम्।।

यह हनुमदघोरास्त्र लाड.गूलोपनिषत् अथर्वण रहस्य के अन्तर्गत है। ऋकसंहिता में भी आता हैः "तत्र श्रिये मरुतो मर्जयन्त रुद्र यत्ते जनिम चारूचित्रम्। पदं यद् विष्णोरूपमं निधायि तेन पासि गुह्यं नाम गोनाम्।।" 5।3।3।। इस प्रसंग से स्पष्ट है कि आदिहनुमत रामायण के पवनपुत्र हनुमान से अलग हैं।

श्री राम ने हनुमान की तुलना वायुदेव एवं पक्षीराज गरूड से करते हुए कहा :

न हि तं परिपश्यामि यस्तरेत महोदधिम्।
अन्यत्र गरुडाद्वायोरन्यत्र च हनुमतः।।

राम ने सीता की सूचना लाने और लंका से सकुशल लौटने पर राम ने हनुमान के बारे में कहा : हनुमान ने इस भूमण्डल में सबसे दुर्लभ पराक्रम किया है। इस भूलोक पर कोई भी लंका जाने एवं लौटने की कल्पना मन में भी नहीं कर सकता। "कृतं हनुमता कर्म सुमहद्भुवि दुर्लभम्। मनसापि यदन्येन न शक्यं धरणीतले।।" तारसारोपनिषत् मकाराक्ष से हनुमान की उत्पत्ति लिखी है :"मकाराक्षरसम्भूत शिवस्तु हनुमान्स्मृतः।" इसी भाव को तारसारोपनिषत् में इस प्रकार भी स्पष्ट किया है कि मकार शिवस्वरूप हनुमान का बोधक है : "मकारवाच्यः शिवस्वरूपो हनुमान्।"रामोत्तरतापिन्युपनिषत् में मकार को प्रज्ञारूप (प्रज्ञात्मकस्तु) कहा गया है। द्राविड़ रामायण में हनुमान को पवनंजय का पुत्र एवं हनुवर देश का राजा बताया गया है।

हनुमत सूक्ष्म से स्थूल (विशालाकार) बनने के वैदिक विज्ञान के महापण्डित एवं संस्कृत के महाविद्वान ऋषि हैं। यहां प्रश्न उठता है कि ऋषि क्या है? "प्राणा वा ऋषयः, यानी प्राण स्वरूप ऋषि है।" ऋग्वेद का प्राचीनतम भाष्य श्रीयास्क मुनि का निरूक्त है। निरूक्त में देव शब्द की परिभाषा है : जो मनुष्यों को धनधान्य दे, जो दीप्तिमान हो, जो द्युतिमान हो, जिसका स्थान द्युः यानी आकाश है, वह देव है। देव ही देवता है। देवता तीन श्रेणियों–पृथ्वी के देवता, अंतरिक्ष के देवता और आकाश के देवता हैं। इनमें इन्द्र, वायु अंतरिक्ष के देवता हैं। "देवो दानाद्वा दीपनाद्वा द्योतनाद्वा द्यु स्थानो भवतीतिवा। यो देवः सा देवता।।" इस पृष्ठभूमि में हनुमत शब्द के दिव्यतेज, दिव्य शक्ति, देवता, वर्ण और भौतिक जगत में प्रभाव का रहस्य आदिहनुमत की हनुमद्‌विद्या रहस्य की कुंजी है।

हनुमत शब्द में पांच अक्षर ह–न–उ–म–त हैं (हनु(नू)+मतुप्) (हनु–हन्+उन्, स्त्रीत्वे वा ऊञ्) (हनुरत्यस्येति)। पांचों अक्षरों के बारे में मातृका देवता रहस्यमय आवरण हटाती है। पांचों अक्षरों के बारे में वागीश शिव ने वागीशा शिवा को गोपन रहस्य ज्ञान दिया :

सदाशिवं हकारं स्याद् धूम्रं ज्ञानार्थ सिद्धिदम्।
अणिमाद्यष्टसिद्धिः स्याच्चतुःषष्टिकला अपि।।
नकारं निर्विकल्पं – स्याद् सर्वप्रमेयाभमक्षरम्।
वायुवेगं मनोवेगमिच्छारूपं भवेद् ध्रुवम्।।
उ कारं कालदैवत्वं शामलोकवशंकरम्।
मातृकोत्थापनं पुण्यं क्रूररोगविनाशनम्।।
मकारमीश्वरं विद्याज्ज्योतिरक्तं सुखावहम्।
वश्याऽऽकर्षण–सन्तान सिद्धि दानैकतत्परम्।।
तकारं धनदं विद्यात् पीतमैश्वर्यवर्धनम्।
यक्ष–किन्नर–सिद्धानां वशीकारं जगद्वशम्।।

इस प्रकार प्रथम अक्षर "ह" सदाशिव का बीज और धूम्र वर्णमाला है। यह ज्ञान द्वारा सिद्धिप्रदान करनेवाला, अणिमा एवं अष्ट सिद्धिदायक, चौबीस कलाओं में समर्थ बनानेवाला है। दूसरा अक्षर 'न' निर्विकल्प स्थिति प्रदान करता है। यह सभी प्रमेयों का दाता है। यह वायु के समान गति देता है। यह सभी कामनाओं – मनोवेगों – इच्छाओं को पूरा करता है। तीसरा अक्षर 'उ' कालदेवत्व का प्रतीक है। यही तीनों लोकों को वश में करनेवाला है। यह मातृका का उत्थापन करता है। मकार ईश्वर बीज है। म प्रलय अथवा सर्वसंहार का सूचक है। यह रक्तिम्, विद्याज्योति सरीखा, सुख देनेवाला,

सर्ववशीकरणकर्ता, सन्तान देनेवाला एवं हमेशा दान देने के लिए प्रस्तुत है। तकार पीत वर्ण का है। यह विद्या, ऐश्वर्य (भौतिक–आध्यात्मिक) वृद्धि करनेवाला है। यह यक्ष, किन्नर, गन्धर्व आदि ही नहीं बल्कि सिद्धों को भी वशीकरण करता है। सारसंक्षेप में हनुमत् नाम का केवल उच्चारण मात्र कल्याणकारी है हनुमत उपासना में आचार प्रथम धर्म है : आचार : प्रथमो धर्मः।।ऊँ।।

वायुविद्या

सर्वोपरि दिव्य ''राविणी विद्या'' कीदिव्यता

राव स्वर दश प्रकार का

ऋग्वेद की ऋचाएँ ध्वन्यात्मक, कूटात्मक, संकेतात्मक, सूत्रात्मक, अभिव्यंजनात्मक, प्रतीकात्मक, रहस्यात्मक, पहेलीनुमा, अलंकारपूर्ण, गुह्य, अध्यात्मिक, गूढ़तम, बहुअर्थी, संहत, संक्षिप्तम, ब्रह्मानुभूतिपरकस्वानुभूति स्वरूप आदि शैली में हैं। इतना ही नहीं अक्षरों के आरोह, अवरोह, मध्यम सामान्य उच्चारण का अपना महत्व है। यह स्मरण रहे कि वैदिक संस्कृत वर्तमान संस्कृत से बहुत भिन्न है। निरुक्त के रचनाकार महर्षि यास्क तक वेद के सैकड़ों शब्दों के अर्थ जानने में असफल रहे। मूलतः ब्रह्मविद्या अनुभूति की विषय– वस्तु है। यह अनुभूति शब्दों में नहीं आ सकती है।

इसी सन्दर्भ में ऋग्वेद में सिंहगर्जना की गई है कि जो ब्रह्मज्ञानी नहीं है, उसका ऋचाओं से कोई लाभ नहीं होगा। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के 164 वें सूक्त की 39 वीं ऋचा में कहा है : ''ऋचाएँ अक्षर और परम व्योमन् हैं, जिनमें सभी देवता समाये हुए हैं। जो उसे नहीं जानता, वह ऋक् से क्या करेगा ? जो उसे जान लेता है, वह उसके निकट हो जाता है।''

ऋचो अक्षरे परमे व्योमन् यस्मिन् देवा अधिविश्व निषेदुः।
यस्तन्न वेद किमृचा किरिष्यति य इत्तद्विदुस्त इमे समासते।।
।।ऋग्वेद 1.164.39।।

वैदिक काल में अध्यात्मविदों का यह अनिवार्य नियम रहा कि दैविक आत्मज्ञान की पावनता को गुप्त से गुप्ततम रखा जाय। यदि यह वेदविद्या मलिन, विकृतवृत्तिवाले को प्रकट की जाती है तो वह इसका दुरुपयोग करेगा और इसका महत्व नष्ट होता है, परिणाम महाविनाशक होंगे। निरुक्त में वैदिक परम्परा एवं संस्कार के अनुरूप निर्देश है। ''ब्रह्मविद्या ने ब्रह्मज्ञानी के

पास जाकर कहा : मैं आपकी निधि हूँ, हमें छिपाकर रखो। ब्रह्मविद्या को असंयत, कुटिल और निन्दक जन को नहीं कहना। इसी स्थिति में मेरा तेज बना रहेगा। हे ब्रह्मज्ञानी! यह ब्रह्मज्ञान उस निधि रक्षक से कहना जो शुचि, मेधावी, ब्रह्मचारी, सावधान और द्रोह नहीं करनेवाला हो।'' स्वाभाविक रूप से ब्रह्मविद्या सर्वसाधारण के स्थान पर ब्रह्मजिज्ञासुओं के लिए रही। यह ब्रह्मविद्या प्रयोग का सर्वप्रधान नियम रहा। ''ब्रह्मविद्या के सभी अंग, सिद्धि, साधना, व्यवहार, प्रयोग आदि वैदिक काल अर्थात 39 लाख वर्ष से गोप्यं गोप्यं परं गोप्यम् समझे जाते रहे।'' जिसे ऋषिवर यथोचित कठोरतम परीक्षा में खरे उतरनेवाले योग्य पात्र को समूचा रहस्य शक्तिपात करते रहे और कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में वेद एवं वेदांग की भाषा प्रतीकात्मक, संकेतात्मक, रहस्यपूर्ण, सूत्रात्मक आदि होना स्वाभाविक है।

विद्याह वै ब्राह्मसमाजगाम गोपाय मा शेवधिष्टेऽहमस्मि।
असूयकायनृजवेऽयताय न मा ब्रू या वीर्यवती तथास्याम्।।
यमेव विद्या शुचिप्रमत्तं मेधाविनं ब्रह्मचर्योपपन्नम्।
यस्ते न द्रुह्येत् कतच्च्व नाह तस्मै मा ब्रू या निधिपाय ब्रह्मन्।।
।।निरुक्त : 2.4।।

ब्रह्मज्ञान, शब्दज्ञान एवं विद्वता पर आश्रित नहीं है। यह स्वानुभूति स्वरूप है। ब्रह्मज्ञान, ब्रह्मानुभूति द्वारा ही सम्भव है। वेद के ऋषि का अर्थ द्रष्टा है (गुरुपदिष्ट ज्ञानमार्ग से अध्यात्माभ्यास अथवा योगाभ्यास या दूसरी ब्रह्मविद्या के अभ्यास से परावाक् को पश्यन्ती अवस्था में देख सकता है।)। ऋषि अलौकिक शक्ति से वेद की अलौकिक ध्वनि को सुनने में समर्थ रहे। इसीकारण वेद श्रुति है। निरुक्त के अनुसार : जिन्होंने (वेद को) प्रत्यक्ष कर लिया, वे वेद में स्तोता होते हैं। ''अथापि प्रत्यक्षकृताः स्तोतारो भवन्ति।। निरुक्त : 7.3।।'' साथ ही सावधान किया कि जो ऋषि नहीं है, उनके लिए मन्त्र प्रत्यक्ष स्पष्ट नहीं है : ''न प्रत्यक्षमनृषेरस्ति मन्त्रम्।। बृहद् देवता : 8. 129।।''

''ऋषित्व मूलतः पूर्वजन्मों के संचित कर्म अथवा संस्कार एवं वर्तमान जन्म के सद्कर्म, घोर तपस्या द्वारा अर्जित अलौकिक शक्ति है।'' वेद विशुद्ध ब्रह्मविद्या है। ब्राह्मण, आरण्यक एवं यास्क, सायण आदि में वैदिक ऋचाओं की अध्यात्मिक–दार्शनिक व्याख्या है। वैदिक ऋचाओं की अलंकारिक, संकेतात्मक, अभिव्यंजनात्मक आदि शैली में (कस्मै देवाय हविषा विधेम आदि में) ''क'' को प्रजापति और ''ख'' को आकाश घोषित किया है।

वेदांग–तन्त्र में ''ख'' चण्डेश्वर भैरव का प्रतीकाक्षर है। भैरव विभूति रूप स्वातन्त्र्य शक्ति भी ''ख'' है। उसमें योगी आसीन होता है। उसे ''खस्थ'' कहा जाता है। वह अणु रूप में ''ख'' संकोच दशा में रहकर ''ख'' रूप सर्वोपाधि रहिल चैतन्य का चिन्तन करता है। ''ख'' रूप भैरवभाव का विमर्श करता है। वही ज्ञेय है। चर्या में ''ख'' रूप कुलमूल में रूकना भी सिद्धिप्रद है। विज्ञान भैरव की विधि ''ख'' में रहना, ''ख'' के माध्यम से ''ख'' का विमर्श करना, मूलाधार में ''ख'' रूप प्राण का चिन्तन एवं अनाहत में उपशम है। ''ख'' क्रियाशक्त्यात्मक प्रमेय भी है और प्रमाण भी। ''खस्थ'' रहकर ही प्रमेय प्रमाण भूमियों का अपहस्तन होता है। वहाँ से द्रष्टा दृश्य आदि उपाधियों से रहित ''ख'' (विमर्श) के इच्छाशक्ति रूप में ''ख'' में पहुँचकर अन्त में ''ख'' रूप भैरवमुद्रा में अनुप्रवेश करते हैं। यह ''तुर्य विमर्श धाम है। पराकाश है। ''ख'' की सीढ़ियाँ चढ़कर इन्द्रिय वृत्ति देवियों की किरणें तुर्यातीत में प्रवेश करती हैं।

खं हि यद्भैरव ज्ञेयं सर्वमार्गान्तमन्तगम्।
विचारयेत्तु यो धीमान् करणव्याप्तिमध्यगः।।
भूमिकास्थो हि चक्रस्थो विन्दते परमार्थतः।।इति।।नेत्र तन्त्रः 8.28।।
खं खं त्यक्त्वा खमारुहय खस्यं खं चोच्चरेदिति।
खमध्यास्याधिकारेण पदस्थाश्चिन्मरीचयः।।विज्ञान भैरव।।
आमूलात् किरणाभासां सूक्ष्मसूक्ष्मपरात्मिकाम्।
चिन्तयेत्तां द्विषट्कान्ते शाम्यान्तीं भैरवोदयः।।विज्ञान भैरव 28।।
विमर्शधाम तुर्यं च व्यापकं चोर्ध्वमध्यतः।
सुशिरं तत्त्वराजानं पराकाशं प्रकीर्तितम्।।

''ख'' एक अक्षर से दश अर्थ की अभिव्यक्ति चकित करती है। आत्मा; अणु; प्राणशक्ति का उद्गम स्थान (कुलमूल); प्राणवाह प्रक्रिया पूरी करने की शक्ति; स्वातन्त्र्य रूप ऐश्वर्य–भूति; पर संवित् – चिति; आसक्ति–रति; द्रष्ट–दृश्य एवं द्रष्ट दृश्य साहित्य रूप ज्ञान, क्रिया और इच्छाशक्ति अर्थात् शक्तित्रय कुल दश ''ख'' एकाक्षर से अभिव्यक्त होते हैं (त्रिशिरो भैरव अनुसार)। इस आधारानुसार सोपान परम्परा से साधना से परासंविद् स्वरूप की उपलब्धि होती है।

आत्माणुकुलमूलानि शक्तिर्भूतिश्चिती रतिः।
शक्तित्रय द्रष्टदृश्योपरक्तं तद्वि वर्जितम्।।93।।
एतत्खं दशधा प्रोक्तमुच्चारोच्चारलक्षणम्।
खमात्मा केवलं विद्यात् खमणुः सर्वदिवकतः।

कुलमूलं तु खं ज्ञेंय खं शक्ति परिपठयते।।
एकं तु खमिहोद्भाव्यं खद्वयं भूतिचिद्रति।
द्रष्टृदृश्योपरक्तं च शक्तित्रितयं खं विदुः।
निष्पन्नपरिणामेन खमभूततत्त्वलक्षणम्।।इति।।

वैदिक ऋचा के ''ख'' अक्षर की ध्वनि के अनेक अर्थ नये रहस्यलोक में ले जाते हैं। यह स्मरण रहे कि वर्णमाला के प्रथम अक्षर ''अ'' के भी लगभग ग्यारह प्रकार होते हैं (स्फोटतत्त्वविमर्श)। वास्तव में एक शब्द धाम है। धाम (भूति) से संपुटित, धाम (अणु) में स्थित रहकर आत्मतत्त्व–धाम को जानना आवश्यक है। प्राणशक्ति के उद्गम स्थान (कुलमूल) (धाम) में रहकर (धाम प्राणशक्ति) को, रति–आसक्ति से चिति के अन्तराल में धाम को पहचानना चाहिये। क्रियाशक्ति एवं ज्ञानशक्ति का त्याग करके ही परमतत्त्व (आन्तर धाम) में प्रवेश करना चाहिये।

वेद के शब्दों की ध्वनिमूलकता का अपना तिलिस्म है। अक्षर अथवा शब्द के उच्चारण की ध्वनि के स्पंदन, स्फोत्, स्फुरण, आवृत्ति, तरंग दैर्घ्य आदि का वैदिक विज्ञान ''स्फोतवाद'' है। स्फोतवाद वैदिक शब्दों के वास्तविक अर्थों से साक्षात्कार करवाता है। अथवा शब्द के बहुअर्थों से परिचय करवानेवाला है।

इस परिदृश्य में ''सर्वशक्तिमान राविणीविद्या'' का अनुशीलन नवचक्रव्यूह भेदन है। ''राविणी'' नामकरण से लंकेश्वर दशानन दशकन्धर रावण का सम्बन्ध है भी और नहीं भी है। इसलिए राविणी सम्बोधन से भौंचक्के नहीं हों। लोकगाथाओं के अनुसार महारुद्र के आदेश पर दशानन रावण ने वेद का गान किया। गाथाओं के अनुसार भी सामवेद गान अक्षर शक्ति ज्ञाता रावण ने किया। रावण ने ऋग्वेद–यजुर्वेद का भाष्य किया। यह स्मरण रहे कि रावणकृत ऋग्वेद भाष्य दार्शनिक अध्यात्मिक है। वेदांग के श्रीब्रह्मयामल में दश प्रकार के ''राव'' का वर्णन है। यह परतत्त्व में प्रवेश के आणव प्रवेशोपाय में है। इसे स्वयं महेश्वर शिव ने निर्दिष्ट किया है। वास्तव में महेश्वर रुद्र हमारे ह्रदय (भौतिक नहीं) अध्यात्मिक में विराजमान हैं।

''राव'' वास्तव में अहं विमर्श है। राव के दश प्रकारों में–1. स्थूल, 2. सूक्ष्म, 3. पर, 4. ह्रद्य, 5. कण्ठय, 6. तालव्य भेद से, 7. पश्यन्ती, 8. मध्यमा एवं 9. बैखरी के गुणन से नौ भेद और ''परावाक्'' रूपी दशवाँ है। श्री ब्रह्मयामल तन्त्र में राव सर्वैश्वयों (सभी प्रकार के ऐश्वर्यों–अध्यात्मिक, दैविक भौतिक) का मूल रहस्य है और विभुत्व (परमेष्ठी) प्रदायक है।

इति प्रवेशोपायोऽयमाणवः परिकीर्तितेः।।96।।

श्री महेश्वरनाथेन यो हृत्स्थेन ममोदितः।

श्रीब्रह्मयामले चोक्तं श्रीमान् रावो दशात्मकः।।97।।

स्थूलः सूक्ष्मः परो हृद्यः कण्ठ्यस्तालव्य एव च।

सर्वतश्च विभुर्योऽसौ विभुत्वपददायकः।।98।।।तन्त्रालोक।।

श्रीब्रह्मयामल के अनुसार साधक ''राव'' के दश सोपानों में उत्तरोत्तर ऊपर–ऊपर उठता है। फलस्वरूप शरीर में ''विलक्षण दिव्य शक्तिपात'' का अनुभव करता है। ''राव'' की दश प्रकार की वाणी से उसका ''कायाकल्प'' हो जाता है। अर्थात् प्रबुद्ध होकर वह–वह नहीं रह जाता। क्रमबद्ध रूप से साधक पराव्याप्ति की स्थिति में प्रवेश करता है। ''राविणी'' नामक विमर्श शक्ति ही ''राव से अराव की दिव्य यात्रा'' में सहायक होती है। राविणी विमर्श शक्ति एक–एक राव से विलीन करती हुई ''अराव'' दशा तक ले जाती है। ''आगमों में दश राव की ध्वनि का सादृश्य निर्देश है।

जितरावो महायोगी संक्रामेत्परदेहगः।

परां च विन्दति व्याप्तिं प्रत्यह ह्यभ्यसेत तम्।।99।।

तावद्यावदरावे सा रावाल्लीयते राविणी।

अत्र भावनया देहगतोपायैः परे पथि।।108।।।तन्त्रालोक।।

''राव'' की मोक्षप्रद दिव्य ध्वनियाँ अध्यात्मिक रहस्यमय हैं। आगम में दिव्य आनन्द सरोबार करनेवाली राव की दिव्य ध्वनियाँ– 1. चिनी, 2. चिंचिनी, 3. चीरवाकी, 4. शंख, 5. तन्त्री, 6. मुरली, 7. कांस्यध्वनि, 8. मेघ, 9. दाव एवं 10. दुन्दुभि हैं। राव की ध्वनि के नौ स्तरों को पार करने पर ही दशवीं में प्रवेश मिलता है। दशवीं में ''जीवन–मुक्ति'' होती है। इनका निरन्तर अभ्यास पूर्वक साधक अनुभव करे। ब्रह्मज्ञानी, ब्रह्मजिज्ञासु इसे अध्यवसाय साध्य आनन्द कहते हैं।

श्री ब्रह्मयामल तन्त्र और तन्त्र समुच्य के अनुसार मन्त्र ध्वनि विज्ञान आधारित है। इसी कारण मन्त्रों के दिव्य चमत्कारिक प्रभाव होते रहे और होते हैं। समूची मन्त्रविद्या ध्वनिविज्ञान से सम्बद्ध है।

इस क्रम में ऋग्वेद ''चतुर्वाकब्रह्म'' का सिंहनाद करता है। वाक्ब्रह्म के चार रूपों को उद्घाटित किया गया है। वेद के मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने सूत्रात्मक, प्रतीकात्मक, कूटात्मक, रहस्यात्मक आदि शैली में कहा है कि एकमात्र मनीषी वाक् के चारों भागों के ज्ञाता है। वाक् के तीन भाग गुप्त गुहा में छिपे हुए हैं और चलायमान नहीं करते हैं। ऋग्वेद की ऋचा 1.164.39 भावार्थ यह है कि दिव्यात्मायें प्रेरणा देती हैं। यहाँ यक्षप्रश्न यह है कि दिव्यात्माओं का भौतिक शरीर नहीं होने से साधारण वाणी–जिव्हा का प्रयोग

नहीं कर सकती हैं ? अर्थात् वाक्–वाणी के दूसरे प्रकार–रूप भी हैं। ऋचा का आशय है कि ब्रह्मज्ञानी (ब्रह्म से साक्षात्कार करनेवाले, ब्रह्मस्थित) वाक् के चारों प्रकारों के ज्ञाता है।

वेदविज्ञान में वाक् के चार रूप– 1. परा, 2. पश्यन्ती, 3. मध्यमा एवं वैखरी हैं। परमव्योम में स्थित दिव्य शक्ति इनमें से एक प्रकार से सम्प्रेषण करती है। ऋचा का गूढ़ार्थ है कि वाक् के तीन रूप परमव्योम यानी मानवीय देह के आकाश मस्तिष्क रूपी गुहा में छिपी रहते हैं। दूसरे, मनन करते हुए, पोथी अध्ययन करते हुए जिव्हा के स्थान पर मस्तिष्क कार्य करता है। मुद्रित विचारों को उसी प्रकार समझता है, जिस प्रकार मनुष्य द्वारा प्रेषित वाणी को। यह ''मध्यमवाक्'' है। मनुष्य अवचेतन अथवा निद्रा या स्वप्न में जो वाणी सुनता है, दृश्य देखता हे, वह ''पश्यन्तीवाक्'' है। दिव्यात्मायें इसी में संदेश अर्थात् ज्ञान देती हैं। अन्तिम ''परावाक्'' परमेष्ठी से निस्तृत ओंकार का नाद है। यह परमव्योम में सदैव गूंजता है। परावाणी उपासना, साधना, समाधि की अवस्था में ब्रह्म की प्रेरणा से प्राप्त ज्ञान, प्रेरणा से चेतना में प्रकट होता है। वेद काल 39 लाख वर्ष पूर्व मन्त्रद्रष्टा ऋषिवर को वेदज्ञान परावाणी में मिला। वाणी का अन्तिम रूप वैखरी है (जिसका सामान्य प्रयोग होता है।)।

चत्वारि वाक् परिमिता पदानि विदुर्ब्राह्मण ये मनीषिणः।
गुहा त्रीणि निहिता नेंगयन्ति तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति।।
।।ऋग्वेद : 1.164.45।।

दूसरे शब्दों में ''परावाक्'' कारण रूप है। यह रूप ग्रहण करता हुआ सूक्ष्मरूप ''मध्यमास्था'' की ओर अभिमुख होता है। उस समय इसका नाम ''पश्यन्ती'' (देखती हुई, दिखायी देती हुई) होता है। योगी इस अवस्था में दिव्य नेत्रों से इसे देख सकते हैं। ''मध्यमावाचक'' ही हिरण्यगर्भ शब्द है। इस स्थिति में वाक्, मातृका शब्द रूप ग्रहण करता है। अन्त में स्थूल रूप ग्रहण कर ''वैखरी'' नाम से, स्थूल ध्वनि अर्थात् कण्ठरव के रूप में सामने आती है। अध्यात्मिक रूप से निष्क्रिय ब्रह्म की अनन्त शान्ति में, इसकी स्वेच्छा से, इसमें शक्ति का स्फुरण अथवा स्पन्दन प्रारम्भ होता है। परिणामतः नाद उत्पन्न होता है और घनीभूत शक्ति ही बिन्दु–रूप ग्रहण करती है एवं सृष्टि कल्पना का विस्तार होता है। शक्ति की लीला चेतना का विस्तार चिदाकाश में होता है। फलस्वरूप स्फुरण स्पन्दन के साथ–साथ, ध्वनि एवं बिन्दु की उत्पत्ति होती है। स्पन्दन की ध्वनि का परिपक्व रूप वेद (शब्दब्रह्म) है। इसकी मध्यमावस्था में पचास ध्वनि–पचास मातृकावर्ण की ध्वनि के रूप में प्रकट होती है। यह वैखरी स्वरूप श्रुतिगोचर होता है। इन्हें तत्त्वविद मातृका कहते

हैं। ये कल्याणमय, परमार्थसिद्धिप्रद एवं प्रपंचमय हैं। तन्त्रालोक (काश्मीर संस्कृत ग्रन्थावलि) में इसका वर्णन है।

शब्दराशेर्भैरवस्य यानुच्छूनतयान्तरी।
सा मातेव भविष्यत्त्वात तेनासौ मातृकोदिवा।।
अनुच्छूनतया भविष्यत्त्वात्।। तन्त्रालोक, चतुर्थो भाग।।

वेद में परमव्योम में निरन्तर ओंकार अथवा प्रणव गान (सविता द्वारा) का बहुत ही सुन्दर वर्णन है।

उदुष्य देवः सविता दमूना हिरण्यपाणिः प्रति दोषमस्थात्।
अयोहनुर्यजतो मन्द्रजिव्ह आदाशुषे सुवति भूरिवामम्।।
।।ऋग्वेद : 6.71.4।।

इस सूक्त के ऋषि बार्हस्पत्यो भरद्वाज और देवता (विषय) सविता है। मन्त्रद्रष्टा ऋषिवर के अनुसार सविता देवता की ठोडी लोहे की है। यह लोहे की भारी होने से कम हिलती है। सविता देवता इससे प्रणव का मधुर एवं मधुर स्वर में पाठ करते हैं। यह ''ऊँ'' का नाद समस्त ब्रह्माण्डों में गुंजायमान है। अमेरिकी संस्था नासा ने हाल ही सूर्य की ध्वनि का अंकन किया। इसमें सविता द्वारा मुँह भींचकर ओंकार का पाठ अंकित हुआ। स्पष्ट है कि ऋग्वेद काल 39 लाख वर्ष पूर्व बार्हस्पत्यो भरद्वाज मन्त्र द्रष्टा ऋषि ने दिव्यदृष्टि (आर्षचक्षु) से सविता एवं सूर्य द्वारा ओंकार पाठ का वर्णन ऋग्वेद में किया (ऋचा का आशय : सबका प्रेरक यह सविता देवता मन का दमन करनेवाला, हितकारी और रमणीय हाथोंवाला प्रभात में उठ खड़ा होता है। वह लोह समान दृढ़ ठोड़ीवाला यजनीय एवं मन्द मधुर जिव्हावाला आत्मदानी को वांछनीय ऐश्वर्य प्रदान करता है। अध्यात्मिक रूप से ऊँ नाद करता सविता उपासक की एषणा (वासना, कामना) दमन करने में समर्थ है।)।

वैदिक देवमण्डल में वाक् का बहुत महत्व है। यह भावनात्मक देवता है। ऋग्वेद में वाक् का स्वतन्त्र सूक्त है। कौशीतकी ब्राह्मण में वाक् का एक–एक भाग दैवी एवं मानुषी है। शतपथ ब्राह्मण (4.1.3.16) में वाक् के चार भागों में विभाजित किया है। वैदिक देवता इन्द्र को वाक् अथवा ध्वनियों का अन्तर समझनेवाला बताया गया है। वैदिक साहित्य में यज्ञ द्वारा वाक् की प्राप्ति कही गई है।

शाक्त प्रतीकों में कुण्डलिनी में सृष्टि का प्रतीक पद्म है। इनमें सर्वशक्ति समाहित है। इसके पत्रों की संख्या पचास है। प्रत्येक पत्र से स्पन्दन, स्फुरण, स्फोट के कारण, भिन्न–भिन्न प्रकार की ध्वनि उत्पन्न होती है। जिसे ''मातृकावर्ण अथवा बीज'' कहते हैं। इनकी संख्या भी पचास है।

शाक्ततन्त्र में पराशक्ति को काली, तारा, त्रिपुरा, वाक् आदि रूप में कुण्डलिनी सम्बोधित किया गया है।

शैव मत, वैष्णव मत आदि में भी वाक् का स्थान केन्द्र में है। श्रीब्रह्मयामल में ''राव'' से जीवनमुक्ति प्रतीकात्मक रूप से अनाहद नाद, परमेष्ठी लोक (सत्लोक, सत्यलोक, रुद्रलोक, परमव्योम) में महागूंजायमान प्रणव से सम्बद्ध होने का संकेत दे रहा है (क्योंकि राव शब्द की व्युत्पत्ति का अर्थ इससे बिल्कुल विपरीत है।)। यहाँ श्रीब्रह्मयामल का रचयिता ''राव'' साधक से वैदिक देवता इन्द्र और बृहस्पति की तरह सभी प्रकार की ध्वनियों के सिद्ध होने का संदेश दे रहा है। जिससे ''राव'' साधक परावाक्, परावाणी से सम्बद्ध हो सके। रचयिता ने दश दिव्य ध्वनियों, दश भेद के माध्यम से साधक को सर्वोच्च, सर्वोपरि, सर्वोत्कृष्ट ''परावाक्'' को प्राप्त करने अर्थात् साक्षात्कार का निर्देश दिया है। परमेष्ठी अथवा परावाक के दिव्य आनन्द के बाद जीवन–मरण के चक्र से निश्चित रूप से छुटकारा मिलता है।

मूलभूत रूप से श्रीब्रह्मयामल तन्त्र का ''राव'' ध्वनिविज्ञान की दिव्य चमत्कारिक अवधारणा है। यह नादब्रह्म–वाक्ब्रह्म–शब्दब्रह्म–अक्षरब्रह्म से सीधे–सीधे साक्षात्कार की साधनापरक तपश्चर्यापरक अनुभवजन्य महायात्रा है। श्री स्फोटाचार्य, महर्षि पाणिनी, महासिद्ध भर्तृहरि, श्रीमण्डनमिश्र, श्री नागेशभट्ट, महारसज्ञ गोरक्षनाथ आदि ने ध्वनिविज्ञान के रहस्यों को परत दर परत उद्घाटित किया है। यह बहुत ही दुःखद है कि विगत पाँच हजार वर्षों में वैदिक संस्कृत व्याकरण अनेक ग्रन्थ, विभिन्न निरुक्त आदि विस्मृत हो गये। यह स्मरण रहे कि लगभग 2300 वर्ष पूर्व सातों द्वीपों में विख्यात तक्षशिला विश्वविद्यालय के ग्रन्थ छह माह तक आक्रामकों ने जलाकर खाक किये। आचार्य विष्णुगुप्त कौटल्य चाणक्य एवं सम्राट पुष्यमित्र शुंग के भगीरथी प्रयास से कुछ उपलब्ध हैं।

''राव'' की दिव्य ध्वनियों के चक्रव्यूह विध्वंस की ''रहस्यमय कुंजी'' तीनों वेदों–ऋक्ः, सोम, यजुः का वाक् स्वरूप है और वेद की ऋचाओं का गान है। वेद अपौरुषेय है : ''नित्या वागुत्सृष्टा स्वयम्भुवा (यह नित्यवाणी है, स्वयम्भू ब्रह्म ने इसे प्रकटमात्र किया है), अनादिनिधना नित्या..., तस्याद्यज्ञात्सर्वहुत...।'' ऐतरेय ब्राह्मण ग्रन्थ की वाक् की सर्वरूपता बतायी गई है : ''वागवेदं सर्वम्।'' शतपथ ब्राह्मण की पुरश्चरश्रुति (4.6.7.1) में कहा गया है कि ऋक्ः, यजुः, सामः तीन विद्याएँ हैं। उनमें ऋक् पृथिवी, अन्तरिक्ष यजुः और द्युलोक साम है। यह एक साहस्री वाक् से उत्पन्न हुई। शतपथ ब्राह्मण

(10.5.2.14) में रहस्योद्‌घाटन किया गया है कि अग्नि का तीन प्रकार से प्रादुर्भाव हुआ है। ''जिसे वाक् कहा जाता है–वह आदित्य है।''

अध्यात्म की दृष्टि से (तैत्तिरीय उपनिषद्) अव्यय पुरुष की पाँच कलाएँ हैं। वहाँ ''वाक् का नाम अन्न है। वह अन्न वाक् की स्थूल अवस्था है। तीन मूलतत्त्व माने गये हैं। समूचे ज्ञान का मूलतत्त्व मन है। क्रिया का मूलतत्त्व प्राण है। प्राण से समस्त क्रियाएँ निकलती हैं। अर्थों का मूलतत्त्व वाक् है। ''यह वाक् शब्द अवाक् से निकला है।'' ''अव'' उपवर्ग अकार का लोप व्याकरण में माना जाता है। इसलिए, ''अवाक्'' का ''वाक्'' ही शेष रह जाता है। अवाक् का शाब्दिक अर्थ सबसे निम्न स्तर की वस्तु है। इसका अर्थ यह है कि यह मन और प्राण की अपेक्षा निम्न श्रेणी की है। दूसरी ओर, 'उ' ''अ'' और ''अक्'' से मिलकर वाक् शब्द बनता है। वाक् में ''अ विशुद्ध तत्त्व'' (मन का वाचक), ''उ प्राण का वाचक'' है। इन दोनों से अंकित रहने के कारण वाक् कहलाती है। वेद का समानार्थक ''वाक्'' सुप्रसिद्ध है। वैदिक परिभाषा में प्राण के विस्तार को ''वितान–वेद'' कहते हैं।

वैदिक विज्ञान में ''वाक्'' ब्रह्मवीर्य है। ब्रह्मवीर्य होने से ब्रह्मज्ञानी का मुख्य शस्त्र वाक् है। ''भागवत, स्कन्ध 1 में लिखा है : ''वाग्वज्रं विससर्जं'' तैत्तिरीय ब्राह्मण में स्पष्ट किया है : ''समस्त मूर्तियाँ ऋक् से ही उत्पन्न हुई हैं। यजुः से सदा संसार में गति (क्रियाएँ) उत्पन्न हुई है। साम के रूप सभी तेज हैं। इस प्रकार वेद से ही समस्त सृष्टि हुई है। यह ऋक् को वाक् रूप सिद्ध करता है।

ऋग्भ्यो जातां सर्वशो मूर्तिमाहुः
सर्वा गतिर्याजुषी हैव शश्वत्,
सर्वं तेजः सामरूपं हि शश्वत्
सर्वं हीदं ब्रह्मणा हैव सृष्टम्।।तैत्तिरीय ब्राह्मणः 2.12।।
त्रयी वै विद्या ऋचो यजूंषि सामानि।
इयमेवर्चो स्यां ह्यर्चति।
योऽर्चति स वागेवर्चा वाचा ह्यवति।
योऽर्चति सोऽन्तरिक्षमेव यंजूंषि।
द्यौः सामानि।
सैषा त्रयी विद्या सौम्येऽध्वरे प्रयुज्यते।।
।।शतपथ ब्राह्मण : पुरश्चरण श्रुति।।

शतपथ ब्राह्मण में ऋक् एवं साम वाक् और यजुः मन है। वेद में स्वरों का रहस्यात्मक वर्णन मिलता है। तीन स्वरों का प्रकारान्तर में सप्त

स्वरों में फैलाव होता है। वैदिक उदात्त, अनुदात्त, मध्यम, स्वरित, कम्पित, दीप्त आदि की ध्वनि का अपना महत्व है। वैदिक जीवन में चरम लक्ष्य ''आत्मलाभ'' है : ''आत्मलाभान्न परं विद्यते।'' तैत्तिरीय उपनिषद्'' में परमानन्द की मीमांसा है।

रसो वै सः, रसं ह्येवायं लब्ध्वानन्दी भवति।
को ह्येवान्तात् कः प्राण्यात्।
यदैष आकाश आनन्दो न स्यात्।
एष ह्येवानन्दयति।।तैत्तिरीय ब्राह्मण : 3.7।।

प्रणव (ओम्) वेद का बीज मन्त्र है। इस विषय में महर्षि मनु का कहना है कि ऋग्वेद, सामवेद एवं यजुर्वेद से ''अ'', ''उ'', ''म'' तीन अक्षर ले कर प्रणव ओम् बना। कठोपनिषद् के अनुसार सकल वेद और समूची तपस्या में लक्ष्य रूप से जिस पद का वर्णन है। जिस पद की इच्छा कर के मुमुक्षुगण ब्रह्मचर्य का अवलम्बन करते हैं उस पद का नाम ''ओम्'' है।

सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति तपासि सर्वाणि च यद् वदन्ति।
यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्य चरन्ति तत्ते पदं संग्रहेण ब्रवीमि।।
।।कठोपनिषद् : 2.15।।

समूचे तन्त्रों का चालक ब्रह्मरूपी ओंकार है। महर्षियों ने स्पष्ट किया है कि प्रणव में तीनों गुणों की तीन शक्तियाँ हैं। ''मन्त्राणाम् प्रणवः सेतुः।'' यह स्मरण है कि अखण्ड ब्रह्म–परब्रह्म और शब्दब्रह्म दो रूपों में कल्पित होता है।

शब्दब्रह्मणि निष्णातः परब्रह्माधिगच्छति।।ब्रह्मबिन्दूपनिषत् :श्लोक 22।।

श्रीब्रह्मयामल में जीवन अवलम्बित नादब्रह्म की ध्वनि को आधार में रखा है। इसमें ''राव'' की ध्वनि का आन्दोलन नियमित कम्पन युक्त है। यह नाद मन्त्रोपयोगी है। राव की ध्वनि के दश प्रकारों में सुषिरवाद्य, अनवद्धवाद्य, तन्त्रवाद्य, घनवाद्य, आदि की दिव्य आनन्द की ध्वनि के रसास्वादन का संदेश है। ऋग्वेद, अथर्ववेद, तैत्तिरीय ब्राह्मण, शपतथ ब्राह्मण, वाजसनेयी संहिता, काठक संहिता, सांख्यायन श्रौत सूत्र, बृहदारण्यक उपनिषद्, ऐतरेय ब्राह्मण, सांख्यायन आरण्यक आदि में वाद्यों और उनकी दिव्य ध्वनि का ब्योरा मिलता है। वैदिक विज्ञान में वीणा, दुन्दुभि, डमरू, ढक्का, झल्लरी आदि अनेक वाद्यों का इन्द्रजाल लिखा है। राव की अन्तिम ध्वनि दुन्दुभि को महाव्रत के समय बजाने का प्रचलन रहा। इसकी लयात्मक ध्वनि मंगल और विजय का प्रतीक मानी जाती है। ''मंगले विजये चैव वाद्यते देवतालये।। (संगीत रत्नाकर : वाद्याध्याय : पृष्ठ 483)।'' मुरली, शंख, कांस्यध्वनि, तन्त्री (ततवाद्य), दाव, चिरवाकी, चिंचिनी एवं चिनी ध्वनियाँ भी दिव्यता की हैं। श्रीब्रह्मयामल

रचनाकार द्वारा ''राव'' की दश दिव्य ध्वनियों में ऋग्वेद वर्णित दुन्दुभि को परावाक् घोषित करना स्वयं में अध्यात्मिक रहस्यपूर्ण है।

दशम से ग्यारहवीं शती के तन्त्रशास्त्र के महासिद्ध आचार्य अभिनवगुप्त ने तन्त्रालोक में ''राव'' के दश स्वरों को साधने का उल्लेख किया है। साथ ही ''राविणीविद्या'' का रहस्योद्घाटन किया है। यह स्मरण रहे कि ''राव'' में दशवें प्रकार में परावाक् की स्थिति प्राप्त होती है। तन्त्रशास्त्र में (शाक्तों में) सहस्रागत कुण्डलिनी है। कुण्डलिनी में ''दश चक्रों'' वर्णन है। यह ''दशवाँ चक्र सहस्रार अथवा ब्रह्मरन्ध्र है।'' गायत्रीस्तोत्रम् के अनुसार मूलाधार में कुण्डलिनी शक्ति है : ''मूले तु कुण्डलिनीशक्तिव्यापिनी.....।'' गायत्रीस्तवराज के अनुसार श्रीकुण्डली रूप में आरोह एवं अवरोह के रूप में अवस्थित है : ''आरोहदवरोहतः क्रमगता श्रीकुण्डलीत्थं स्थिता।'' कामकलाविलास (कोलकाता, सन 1917) के अनुसार महामाता कुण्डलिनी बहुत प्रकार के नादोंवाली है : ''महामातृका कुण्डलिनी नादात्मिका।''

शाक्त मत में परब्रह्म कुण्डली है, जिसके अन्तर्गत समूची सृष्टि है। पराशक्ति के लिए जब इस शब्द का उपयोग होता है, तब इसे कुण्डलिनी कहते हैं (ललितासहस्रनाम, सौभाग्यभास्करभाष्य, मुंबई, सन 1935)। इसके दश चक्र शुद्ध चेतनामय हैं। तन्त्र में सिद्धि की प्रधान क्रिया कुण्डलिनी उत्थान है। यह पराशक्ति की प्रत्यक्ष साधना है। यह पुनः स्मरण करा रहे हैं कि पराशक्ति को वाक्, काली, तारा, त्रिपुरा आदि कहा गया है। कुण्डलिनी के रूप एवं तत्त्व और (दश) महाविद्याओं के रूप एवं तत्त्व में कोई भेद नहीं है।

दूसरी ओर शाक्त मत में महाविद्याओं की संख्या भी आश्चर्यजनक रूप से दश है। परश्चर्यार्णव (नेपाल महाराज प्रताप सिंह कृत, सन 1901) (शक्तिसंगम) सिद्ध महाविद्या के रूपों में दशमहाविद्या – काली, तारा, षोडशी सुन्दरी, छिन्नमस्ता, बगला, कमला, मातंगी, भुवनेश्वरी, भैरवी और धूमावती हैं।

मुण्डमाल तन्त्र में दशमहाविद्या और दशावतार को एक ही कहा गया है। पुराणों के अनुसार रुद्र शिव अष्ट मूर्ति हैं और श्रीहरि विष्णु के दश अवतार हुए। देवगाथाओं के अनुसार दशहरा को अपराजिती देवी की पूजा कर राजा दशों दशाओं को जीतने की मुहिम का श्रीगणेश करते रहे। दश महाविद्यारूपिणी दुर्गाजी की पूजा अश्विन शुक्ल दशमी को पूर्ण होती है। मार्गशीर्ष दशमी को दशावतारव्रत प्रारम्भ होता है।

यह दश की अध्यात्मिक संख्या का वेद विज्ञान से देवगाथाओं में विशिष्ट प्रयोग मिलता है। श्री प्रजापति ब्रह्मा ने वाराणसी में दश अश्वमेध यज्ञ किये। यह स्थल दशाश्वमेधघाट के रूप में सुविख्यात है। स्वाध्याय मण्डल के

आचार्य श्रीपाद दामोदर सातवलेकर ने ''गोमेध और अश्वमेध'' को लेकर भ्रान्तियों का निराकरण किया। आचार्य सातवलेकर ने वेद के गोमेध का अर्थ गो का विस्तार सिद्ध किया। वेद में गो शब्द के बहुअर्थों में ज्ञान, प्रकाश की किरण, इन्द्रियाँ, इन्द्रिय शक्ति गाय आदि हैं। इसीतरह वेद में अश्व शब्द के अनेक अर्थों में ब्रह्म, सूर्य, शक्ति, घोड़ा आदि हैं। प्रो. भारत भूषण विद्यालंकार के अनुसार अश्वमेध का अर्थ राष्ट्र वृद्धि है। अश्व का अर्थ राष्ट्र एवं मेध का अर्थ वृद्धि है। इसके अलावा अध्यात्मिक रूप से अश्वमेध आत्मशक्ति को विभुशक्ति से सम्बद्ध करना है। वहीं गोमेध आत्मशक्ति को कूटस्थज्योति से सम्बद्ध करना है। ''यज्ञेनयज्ञमयजन्त देवाः'' का आशय आत्मशक्ति को विभुशक्ति से मिला दिया गया है। वेद में प्रत्यक्ष ब्रह्माविद्या के अन्तर्गत ''अन्तर्यज्ञ की प्रधानता'' है। होमादि बाह्ययज्ञ उपप्रधान सहायक रहे। इस सन्दर्भ मे श्रीब्रह्माजी द्वारा वाराणसी के घाट पर ''दश'' ही अश्वमेध का अध्यात्मिक आशय इतर है।

ऋग्वेद (6.20.4,8) में ''दशोणि'' का उल्लेख है। दशोणि वैदिक सेनानी इन्द्र का विश्वासपात्र रहा। दशोणि सोम के विरुद्ध रहा। यजुर्वेद में दश प्राण का उल्लेख है। शरीर में प्रमुख दश वायु होती है। वैसे दश प्रजापति हैं।

इस पृष्ठभूमि में तन्त्रज्ञ आचार्य अभिनवगुप्त के ''राव'' की दश प्रकार की शक्ति और दश ध्वनियों का अनुशीलन नये तान्त्रिक लोक का दर्शन करवाने में समर्थ है। आचार्य अभिवनगुप्त ने अधिकारिक–प्रमाणिक रूप से श्रीब्रह्मयामल के आधार पर ''राव'' की दशवीं अवस्था से जीवन–मुक्ति की घोषणा की। यह अनुशीलन का विषय है कि ऋग्वेद की दश गाथा, यजुर्वेद के दशप्राण, दशमहाविद्या, तन्त्रोक्त दशवायु, कुण्डलिनी का अन्तिम दशम चक्र मोक्ष प्रदाता, दशावतार, अपराजिता की दशमी को पूजा, ब्रह्माण्डों के मध्य दिव्य आपः वाली गंगा की उत्पत्ति दशमी को होना, श्रीब्रह्माजी द्वारा दश अश्वमेध करने, महामाया के दशरूप, योग के दश चक्र, लंकेश्वर दशकन्धर रावण द्वारा महारुद्र को दश शीश काटकर अर्पित करने, दश दिशाएँ आदि का श्रीब्रह्मयामल के 'मुक्ति प्रदाता राव के दश प्रकार से क्या अन्तर्सम्बन्ध है ?

आचार्य अभिनवगुप्त द्वारा राविणीविद्या का रहस्योद्घाटन चमत्कृत करता है। तन्त्रालोक में आचार्य अभिनवगुप्त लंकेश्वर दशकन्धर रावण द्वारा देवताओं के दिव्य मन्त्र लेने (चोरने, छीनने) का उल्लेख करते हैं। लंकेश्वर रावण ने दिव्य मन्त्र अपने भाई विभीषण को दिये और विभीषण ने दिव्य मन्त्र अयोध्या के युवराज रामचन्द्र को सिखाये। यह प्रमाणिक है कि सर्वोत्कृष्ट,

सर्वशक्तिमान ''राविणीविद्या'' रही। लंकेश्वर दशकन्धर कृत ऋग्वेदभाष्य (ऋग्वेदरावण भाष्य) भी प्रचलन में रहा। महर्षि पाणिनी से पहले लंकेश्वर रावण ने संस्कृत के व्याकरण की रचना की। लंकेश्वर संस्कृत व्याकरण विस्मृत है। दक्खन में महर्षि यास्क के अलावा बहुत से निरूक्त प्रचलन में रहे। महर्षि भरद्वाज के वैमानिक शास्त्र के समान ही लंकेश्वर विमानिक शास्त्र के प्रणेता रहे। लंकेश्वर सर्वश्रेष्ठ श्रेणी के तन्त्रज्ञ एवं रसज्ञ थे। रसज्ञ लंकेश्वर सोना बनाने में सिद्धहस्त रहे। लंकेश्वर अक्षरब्रह्म की शक्ति के सर्वोच्च विद्वान भी रहे। सोलहवीं शती के सूर्यपण्डित ने रावणकृत ऋग्वेद पर टीका लिखी। सोलहवीं शती के ही पद्मनाभी के अनुसार रावण ने यजुर्वेद का भी भाष्य किया। सन 1862 में दा रायल एशियाटिक सोसायटी ने ऋग्वेद के रावण भाष्य की 13 ऋचाओं की समीक्षा की। सूर्यपण्डित ने रावण के ऋग्वेद भाष्य को अध्यात्मिक विवेचना माना। दा थियोसोफिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया, अडयार के ब्रह्मविद्या खण्ड पाँच में पृष्ठ 141—143 पर रावण ऋग्वेद भाष्य का उल्लेख है।

अक्षरब्रह्म की भौतिक, दैविक, अध्यात्मिक शक्तियों की शोध में राव के तीन वर्ण र + आ + व नये लोक में ले जाते हैं। एकाक्षरनामकोषसंग्रह की की एकाक्षरनामवाला के अनुसार तीनों अक्षरों की निम्न व्याख्या है।

रेफं कृशानुबीजं स्याद् रक्ताभं सर्वनाशनम्।
जंगमाकर्षणं युद्धे दिष्टसेनाबलं तथा।।42।।

''र'' अक्षर अग्नि (सूर्य) का बीज है। इसका वर्ण रक्तिम (लाल) और सभी का संहार करनेवाला है (अग्नि एवं सूर्य का प्रलयंकर स्वरूप भी है।)। यह जगत् को आकर्षित करनेवाला और युद्ध में शत्रु का बिना लड़े बल हरनेवाला, हरानेवाला है। परिणामतः विशुद्ध राम नाम जपना निषेध है।

आकारं तु पराशक्तिः श्वेतमाकर्षसिद्धिदम्।
इच्छासिद्धि स्वात्मसिद्धिं रससिद्धिं वरानने।।

''आ'' पराशक्ति है। यह सत् तत्त्व को आकर्षित करता है। शान्तिप्रिय है। यह इच्छा और स्वात्म की सिद्धि प्रदान करनेवाला है। यह रस की सिद्धि देनेवाला है। अर्थात् सभी आधि—व्याधि नाशक है।

वकारं वरुणं विद्यात् श्वेतं स्वेच्छाभिवृद्धिदम्।
आकर्षणं जलध्वानमशेषज्वरनाशनम्।।

''व'' वैदिक देवों के सम्राट वरुण—परमेष्ठी का बीजाक्षर है। यह सभी प्रकार की विद्याओं को प्रदान करनेवाला और सत् तत्त्व है। यह स्वेच्छा से

अभिवृद्धि करने के साथ मोहिनी शक्ति प्रदाता है। यह जल में रहनेवाला और समूचे ज्वरों (कष्टों) का शमन करनेवाला है।

इसप्रकार ''राव'' सृष्टि (ब्रह्माण्ड) के रचनाकार, वैदिक देवों के सम्राट वरुण की ब्रह्माण्डीय शक्ति के नियामक, सत्य के पालक, सत् तत्त्व से परिपूर्ण, सूर्य (अग्नि) की अखण्ड ऊर्जा शक्ति सम्पन्न, सृष्टि प्रलयकर्ता, युद्ध में शत्रुओं की बिना संघर्ष शक्ति हरनेवाला एवं युद्ध समाप्त करनेवाला, विश्वमोहिनी शक्ति, पराशक्ति, सभी कष्ट हरनेवाला, सभी प्रकार के रोगों आदि को नष्ट करनेवाला, सभी सिद्धियों को देनेवाला, सद्विद्या प्रदाता आदि है। दूसरे शब्दों में राव मुक्ति देनेवाला है।

शब्दरत्नावली में रावः (रवणमिति। रु ल ध्वनौ + भावे षण्) है। महाभारत : 1.21.18 में रावः की नवव्याख्या मिलती है।

गम्भीरं तिमिमकरोयसंकुलं तं गर्ज्जन्तं जलक्षररावरौद्रनादैः।

विस्तीर्णं दट्टशतुरम्बरप्रकाशं तेय्गाधं निधिमुरुमम्भसामनन्तम्।

संस्कृत हिन्दी कोश में रावः (रु+घञ्) का अर्थ गर्जना, दहाड़, क्रन्दन, चीत्कार, शब्द, मुरजवाद्य मधुर ध्वनि आदि लिखा है। रावण शब्द रावयति भीषयति सर्वान् – रु + णिच् + ल्युट् है। अर्थात् रावण का अर्थ दहाड़नेवाला, क्रन्दन करनेवाला आदि भी है। शब्दकल्पद्रुम में रावणः –रवणस्यापत्यमिति। रवण + शिवादिभ्योय्ण्। इति अणु। यद्वा, रावयति भीषयतिं सर्घ्वानिति। रु+शित् +स्युः। मिलता है। वहीं रावणिः शब्द रावणस्यापत्यमिति। वारण+अत इण्। है (श्री हेमचन्द ने रावणि का अर्थ मन्दोदरी पुत्र बताया है।)। रावण शब्द के ये अर्थ राविणीविद्या की दिव्यता के प्रतिकूल हैं।

शब्दस्तोममहानिधि में राव शब्द की व्याख्या में रु + घञ् मिलता है। साथ ही रावण में लिखा है : ''रवणस्यापत्यम् शिवा• अणु रावयति शत्रून् णिचल्यु वा।'' शब्दस्तोममहानिधि में रावणि का आशय लंकेश्वर के युवराज मेघनाथ से है।

वर्ण बीज कोष (मन्त्र कोष) रावः –ण, क्रें, फं और रावणः – है लिखा है। तान्त्रिक पोथी ''शारदा तिलक'' में ''खड्ग–रावण'' के मन्त्र नये रहस्य उपजाते हैं। ''मेरु तन्त्र'' में भी खड्ग रावण ऋषि का मन्त्र भी अद्भुत है। दोनों के मन्त्रों में आकाश स्वरूप ''खं, खौं, खां, खीं, खिं'' आदि का प्रयोग है। खड्ग रावण महामन्त्र सभी ग्रहों की प्रतिकूलता, कृत्या, भूत आदि महान भय निवारण में सक्षम कहा जाता है।

प्रतीकविद्या में राव एवं रावण, राविणी का स्वरूप चौंकाता है। राव शब्द रु धातु से बनता है। इसका अर्थ शब्द करना है। प्रचण्ड, अनन्त अक्षय

विश्वव्यापिनी (विश्वव्यापी) शक्ति और प्रभाव ही राव के दश प्रकार हैं, जो दशों दिशाओं में व्याप्त हैं। यह विद्या के सर्वव्यापित्व का लक्षण है। राव ब्रह्मज्ञान एवं परमार्थसिद्धि का ध्यान है। राविणीविद्या अध्यात्म जीवन, जिसके परिमाण स्वरूप जगत् का अभ्युदय एवं कल्याण होना है। मूलभूत रूप से अध्यात्मिक जीवन का परमपरिणाम सार्वभौम एवं सर्वजनिन अभ्युदय और कल्याण है। इससे (रावणीविद्या) मानवीय जीवन सब प्रकार से सार्थक होता है। यह अक्षर और स्फोतवाद के रहस्यमय जगत् के लौहकपाट खोलती है।

गुह्य ब्रह्मविद्या के महर्षियों ने ''राविणीविद्या'' को सर्वोपरि मानते हुए गुप्त ही रखा, ताकि इसके दुरुपयोग से सृष्टि में महाप्रलय की विकट परिस्थिति पैदा नहीं हो।

वर्तमान संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से ''राव'', ''राविणी'' की व्युत्पत्ति और श्रीब्रह्मयामल के ''राव'' एवं ''राविणीविद्या'' के अर्थ परस्पर विरोधी है। श्रीब्रह्मयामल वेदकाल के समापन पर ऋषियुग की सर्वकालिक, सर्वोत्कृष्ट, सर्वोपरि, सर्वशक्तिमान, सर्वभौमिक ''राव'' एवं ''राविणी विद्या'' के तिलिस्म का भेदन कर रहे लगते हैं। इस तिलिस्मी मायाजल के रहस्य की ब्रह्मऋषि वसिष्ठ की योगवासिष्ठ महाकुंजी है। ब्रह्म ऋषि वसिष्ठ अयोध्या के राजकुमार रामचन्द्र को बताते हैं कि बहुत बार रावण उत्पन्न हुए, रावण ने राम को हराया भी। यहाँ मूलभूत रूप से शुद्ध बुद्धि को मलिनता से आवृत करनेवाली शक्ति से महासंघर्ष है। परमात्मशक्ति अविद्या का नाश करती है। दर्शन में अविद्या एवं अज्ञान के बारे मे कहा है कि ''अज्ञानेनावृतं ज्ञानं मुह्यन्ति अन्तवः।'' ज्ञान अज्ञान से ढका हुआ है। इसलिए प्राणी मोह में पड़ जाता है। अविद्या बार–बार लुप्त होकर प्रकट होती है। अविद्या ब्रह्मसाक्षात्कर–ब्रह्म प्राप्ति में बाधक है। वेद में सभी ब्रह्मशक्तियाँ–बृहस्पति, इन्द्र, सरस्वती आदि वृत्र (आवृत कर लेनेवाली अविद्या) के संहारक हैं। वैदिक दृष्टि से ब्रह्मचर्य का अर्थ शरीर एवं मन की समस्त चर्या–क्रियाएँ ऐसी हों जो ब्रह्म की ओर ले चलें। इसमें सभी इन्द्रियों का पूर्ण संयम आ जाता है। योगवासिष्ठ में काक भुशुण्डि (श्री सूर्य देवता के सुपुत्र) का भी आख्यान है। योगवासिष्ठ ने काक भुशुण्डि का उल्लेख कर भुशुण्डि रामायण को प्रमाणिक सिद्ध किया है। त्रेतायुग के महर्षि वाल्मीकि की रामायण भुशुण्डि रामायण का विस्तार है। यहाँ आचार्य अभिनवगुप्त तन्त्रालोक में श्रीब्रह्मयामल की ''राव की दश प्रकार की दिव्य ध्वनि से मोक्ष का ब्योरा दे रहे हैं। यह ''राविणीविद्या'' त्रेतायुग से इतर है।'' यह चतुर्युग पूर्व की है।

''राविणीविद्या'' के ''राव'' को स्फोतवाद के सिद्ध साधक ही साध सकते हैं। वर्तमान में वैदिक संस्कृत के विद्वान और स्वरों का विशुद्ध उच्चारण करनेवाले वैदज्ञ विस्मृति के गर्भ में हैं (ब्रह्मविद टी.वी. कपाली शास्त्री ने ऋग्वेद के भाष्य की भूमिका में वैदिक संस्कृत के बहुअर्थों का उल्लेख किया है। वैदिक शब्दों का एक ही अर्थ सभी ऋचाओं में प्रयोग करने से अर्थ का अनर्थ हो जाता है।)। सम्भवतः दक्खन एवं पूरब में भूले बिसरे वैदिक संस्कृतविद मिल सकते हैं। मूलतः वेद भारतीय श्रद्धा, विश्वास, विद्वत्ता एवं साधना के अनुसार ब्रह्मविद्या नहीं स्वयं ब्रह्म, शब्द ब्रह्म है। ब्रह्मज्ञान, शब्दज्ञान एवं विद्वत्ता पर आश्रित नहीं है। वेद ज्ञान, ब्रह्मज्ञुभूति, स्वानुभूति स्वरूप ही हो सकता है।

''राविणीविद्या'' जीवन–मुक्ति का महापथ स्वीकारने में लंकेश्वर दशानन रावण के साथ ''असुर'' विशेषण हिमालयी दीवार कहा जाता है। शंकराचार्यपीठपण्डित आचार्य रविशंकर शास्त्री के अनुसार लंकेश्वर रावण ने अन्त में अपना असुरत्व समर्पित किया। लेकिन असुर को दानव अथवा राक्षस के अर्थों में लेना महाभूल है। यह उल्लेखनीय है कि वैदिक देवता और पौराणिक देवता में रात दिन का अन्तर है।

ऋग्वेद में देवों के सम्राट वरुण, शास्ता रुद्र, सेनानायक के लिए ''असुर'' शब्द का सम्बोधन मिलता है। यानी ब्रह्म के लिए असुर आदि सम्बोधन ऋग्वेद में आम है। वेद में पणियों, वृत्र आदि को देवों का विरोधी बताया गया है। ऋग्वेद में ''असुर'' शब्द को सामान्यरूप से देवों के लिए प्रयोग किया गया। वैदिक असुर का अर्थ महासामर्थ्यवान, महाशक्तिवान, महाप्रज्ञावान, महाचैतन्यवान है। किरातार्जुनीय के अनुसार : ''असुभिः स्थास्नु यशश्चिीषतः।'' शरीर में रहनेवाले पाँच प्राण असुः है। असुः (अस्+उन्) का अर्थ प्राणशक्ति ही संस्कृत व्याकरण सम्मत है। वेद में प्राण की असुनीति का वर्णन मिलता है। यजुर्वेद का रावण भाष्य इस पर अधिक प्रकाश डाल सकता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सोलहवीं से बीसवीं शती के प्रारम्भ तक उपलब्ध ऋग्वेद रावणभाष्य एवं यजुर्वेद रावण भाष्य विस्मृत हो गये। दक्खन के संस्कृत अध्येता ही ऋग्वेद एवं यजुर्वेद के रावण भाष्य पर शोध अनुसंधान कर सकते हैं। ऋग्वेद रावणभाष्य वेद के सर्वोच्च दार्शनिक, अध्यात्मिक पक्ष को प्रस्तुत करता है। यह (असुर) रावण को महाप्रज्ञावान–महाचैतन्यतावान–असुर प्रदर्शित करता है। रावणकृत रुद्र ताण्डव स्तोत्रम् में सर्वोच्च अध्यात्मिक, दार्शनिक समभाव की प्रार्थना की गई है। अतः रावण के प्रति पूर्वाग्रह त्याग कर ही राविणी विद्या आत्मसात कर सकते हैं।

असुर का महाप्राणवान–प्रज्ञावान–महाचैतन्यवान का अर्थ पौराणिक–इतिहास (रामायण, महाभारत) तक आते–आते आमूलचूल बदलने ने राविणीविद्या को प्रश्नों के घेरे में खड़े किया। इसके विपरीत रावण के असुर होने को ऋग्वेद की संस्कृत के महान मायनों में लेने से ''राविणीविद्या'' के विस्मृत पन्ने स्वयं परत–दर–परत खुलने लगेंगे (पुराण और रामायण की असुर व्याख्या श्रीब्रह्मयामल के प्रतीकों से भिन्न होने से ही यक्षप्रश्न खड़े हुए हैं)।।ऊँ।।



वेद खण्ड


श्री ऋग्वेद मूर्ति
SRI RIG VEDA MURTHY


श्री यजुर्वेद
SRI YAJURVEDA MURTHY


श्री अतर्वण वेद
SRI ATARVANAVEDA MURTHY


SRI SAMAVEDA MURTHY

वायुदेवता
ऋग्वेद, वाजसनेयी यजुर्वेद, अथर्ववेद
।।ऋग्वेद।।1.2.1—3।।

वायवा याहि दर्शतेमे सोमा अरंकृताः। तेषां पाहि श्रुधी हवम्।।1।।
वाय उक्थेभिर्जरन्ते त्वामच्छाः। सुतसोमा अहर्विदः।।2।।
वायो तव प्रपृंश्चती धेना जिगाति दाशुषे। उरूची सोमपीतये।।3।।

हे दर्शनीय वायो! आओ! ये सोमरस आपके लिये तैयार करके रखा है। उनका पान करो और हमारी प्रार्थना श्रवण करो।

अर्थात् ज्ञान से देखने योग्य अनन्त बलयुक्त सबके प्राणरूप अन्तर्यामी परमेश्वर! आप हमारे हृदय में प्रकाशित होइये। कैसे आप हैं कि जिन्होंने इन संसारी पदार्थों को अलंकृत अर्थात् सुशोभित कर रखा है, उन पदार्थों के रक्षक हैं, इससे उनकी रक्षा कीजिए, और हमारी स्तुति को सुनिये।

स्पर्शादि गुणों से देखने योग्य सब मूर्तिमान आधार और प्राणियों का जीवन हेतु भौतिक वायु! सबको प्राप्त होता है, फिर जिस भौतिक वायु ने प्रत्यक्ष सांसारिक पदार्थों को शोभायमान किया है वही उन पदार्थों की रक्षा करता है और जिससे सब प्राणी लोग कहने और सुनने रूप व्यवहार को कहते सुनते हैं (वायु सोम का रक्षक है, क्योंकि वह सोम के साथ रहता है, अथवा सोमरस का हरण करता है (निरुक्त 11.4))।

हे वायो! सोमरस तैयार करके रखनेवाले दिन का उत्तम ज्ञान रखनेवाले स्तोत्रपाठ, स्तोत्रों से आपकी उत्तम स्तुति करते हैं (दिन का महत्व जाननेवाले। समय का ज्ञान रखनेवाले। समय का ज्ञान प्राप्त करना चाहिये)।।1।।

हे अनन्त बलवान् ईश्वर। जो विज्ञान रूप प्रकाश को प्राप्त होने ओषधी आदि पदार्थों के रस को उत्पन्न करने स्तुति करनेवाले लोग हैं, वे वेदोक्त स्तोत्रों से आपको साक्षात् करने के लिए स्तुति करते हैं।।2।।

हे वायो! आपकी संगठन करनेवाली और विशाल वाणी दाता के पास सोमरसपान की इच्छा से जाती है (सोमरस निकालने वाले के अनुकूल बोलता है)।।3।।

प्र–पृंचती– विशेष संगठन करनेवाली, विशेष रूप से मेल–मिलाप करनेवाली। वाणी मिलानेवाली हो। दूर करने वाली नहीं हो।

धेना– वाणी, नदी, दुधारू गो।

प्र–पृंचन्ती उरूची घेना दाशुषे जिगाति–संगठन करनेवाली उदान वाणी दाता का वर्णन करती है। दाता के दातृत्वभाव से ही संगठन होता है और संकुचित भाव दूर होकर विशालता से युक्त उदारता का भाव आता है।

हे परमेश्वर! आपकी सब विद्याओं के सम्बन्ध से विज्ञान का प्रकाश कराने और अनेक विद्याओं के प्रयोजनों को प्राप्त करानेवाली वाणी है, सो जानने योग्य संसारी पदार्थों के निरन्तर विचार करने तथा विद्या देनेवाले पुरुषार्थी विद्वान को प्राप्त होती है।

इस भौतिक वायु के वेग से जो शब्दोच्चारण श्रवण कराने और अनेक पदार्थों को जनानेवाली वाणी है सो संसारी पदार्थों के पान करने योग्य रस को पीने अथवा शब्दोच्चारण करने वाले विद्वान को प्राप्त होती है।।3।।ऋग्वेद 1.2.1–3।।

वायु देवता

ऋग्वेद 1.23.1

मेघातिथिः काण्वः। गायत्री।

तीव्राः सोमास आ गह्या शीर्वन्तः सुता इमे।

वायो तान् प्रस्थितान् पिच।।1।।ऋग्वेद 1.234.1–6।।

हे गतिशील वायु! ये सोमरस निचोड़कर रखे गए हैं तथा ये दूध के साथ मिलाये होने पर भी तीक्ष्ण हैं, आप यहां आओ और विशेष रूप से रखे गए इन सोमरसों को पिओ।।1।।ऋग्वेद 1.23.1।।

जो ये तीक्ष्ण वेगयुक्त जिनकी कामना प्रशंसनीय होती है, उत्पन्न हो चुके वा उत्पन्न होनेवाले उन सभी को पवन प्राप्त होता है। यही उन इधर–उधर चलायमानों को अपने भीतर कर लेता है।।ऋग्वेद 1.23.1।।

वायु : ऋग्वेद 1.134.1–6

।।परुच्छेपो दैवोदासिः.1–5 अत्यष्टिः; 6 अष्टिः।।

आ त्वा जुवों रारहाणा अभि प्रयो वायो वहन्त्विह पूर्वपीतये सोमस्य पूर्वपीतये। ऊर्ध्वाः ते अनु सूनृता मनस्तिष्ठतु जानती।

नियुत्वता रथेना याहि दावने वायो मखस्य दावने।।1।।
मन्दन्तु त्वा मन्दिनो वायविन्दवोऽस्मत् क्राणासः सुकृता अभिद्यवो गोभिः
क्राणाः अभिद्यवः। यद्ध क्राणा इरध्यै दक्षं सचन्त ऊतयः।
सध्रीचीना नियुतो दावने धिय उप ब्रुवत इ धियः।।2।।
वायुर्युङ्.क्ते रोहिता वायुररुणा वायू रथे अजिरा घुरि वोळहवे वहिष्ठा
धुरि वोळहवे। प्र बोधया पुरंधिं जार आ ससतीमिव।
प्र चक्षय रोदसी वासयोषसः श्रव से वासयोषसः।।3।।
तुभ्यमुषासः शुचयः परावति भद्रा वस्त्रा तन्वते दंसु रश्मिषु
चित्रा नव्येषु रश्मिषु।
तुभ्यं धेनुः सबर्दुघा विश्वा वसूनि दोहते।
अजनयो मरुतो वक्षणाभ्यो दिच आ वक्षणाभ्यः।।4।।
तुभ्यं शुक्रासः शुचयस्तुरण्यवो मदेषूग्रा इषणन्त भुर्वण्यपामिषन्त भुर्व्रणि।
त्वां त्सारी दसमानो भगमीट्टे तक्ववीये।
त्वं विश्वस्माद् भुवनाद पासि धर्मणा ऽसूर्यात् पासि धर्मणा।।5।।
त्वं नो वायवेषामपूर्व्यः सोमानां प्रथमः पीतिमर्हसि सुतानां पीतिमर्हसि।
उतो विहुत्मतीनां विशां ववर्जुषीणाम्।
विश्वा इत् ते धेनवो दुह्र आशिरे घृतं दुह्रत आशिरम्।।6।।

हे वायो! अतिशय चपल और वेगवाले घोड़े आपको सोम के प्रथम पान के लिए यज्ञ की ओर ले जायें। हमारा अन्तःकरण तथा हमारी अत्युन्नत ज्ञानवाली वाणी आपका अनुसरण करे। हे वायो! आप हमें दान देने के लिए तथा हमारे यज्ञ की हवि को स्वीकार करने के लिए उत्तम घोडों से युक्त रथ से पधारो।।1।।

हे विद्वान! इस संसार में ओषधी आदि पदार्थों के रस को सज्जनों के पीने के समान जो पीना है, उसके लिए वेगवान् दौड़नेवाले पवन आप प्रीतिपूर्वक चारों ओर से पहुंचायें। हे ज्ञानवान् पुरुष! जिस आपकी उन्नतियुक्त अति उत्तम प्रियवाणी और ज्ञानवती हुई स्त्री मन के अनुकूल स्थित हो। सो आप यज्ञ के सम्बन्ध में दान करनेवाले के लिए, जैसे वैसे दान देने के लिए जिसमें बहुत घोड़े विद्यमान हैं, उस रमण करने योग्य यान से पधारो।।1।।

हे वायो! आपको हमारे द्वारा अच्छी तरह से तैयार किए उत्साह बढ़ानेवाले देदीप्यमान तथा गो के दूध से मिलाये गए प्रसन्नता को देनेवाले ये सोमरस आनन्दित करें। कर्मशील पुरुषार्थी रक्षा के इच्छुक मनुष्य बल को प्राप्त करने के लिए उद्योग करते हैं। समी बुद्धिमान पुरुष एक साथ

प्रयत्नशील तथा संघटित होकर अपनी बुद्धि द्वारा दान के लिए आपका ही स्तवन करते हैं।

धियः सध्रीचीनाः नियुतः धियः दावने उप ब्रुवत।

ब्रुवत–बुद्धिमान पुरूष एक साथ प्रयत्नशील तथा संघटित होकर अपनी बुद्धि के द्वारा दान के लिए तुम्हारा ही स्तवन करते हैं।

हे पवन के समान मनोहर विद्वान्! जो हम लोगों में उत्तम कर्म करते हुए, जिनके चारों ओर से प्रकाश विद्यमान, जो सुन्दर उत्तम कर्म करनेवाले और सब ओर से प्रकाशमान आर्द्रचित्त पुरुषार्थ करते हुए और सुखकी कामना करते हुए आपको चाहें, वे ही रक्षा आदि कियावान् कर्म करनेवाले बल को भूमियों के साथ प्राप्त होने को युक्त होते अर्थात् सम्बन्ध करते हैं। जो दान के लिए साथ सत्कार पानेवाले नियुक्त की, अर्थात् किसी विषय में लगाई हुई बुद्धियों का उपदेश करते हैं, वे सबकी ओर से कर्मों को प्राप्त होते हैं।।2।।

वायु भार ढोने के लिये, भार ढोने में समर्थ तरुण लाल तथा अरुण वर्णवाले दो घोड़ों को अपने रथ की धुरा में जोड़ता है। हे वायो! जैसे जार पुरुष सोती हुई स्त्री को जगाता है, उसी प्रकार आप भी मनुष्यों को जगाओ। आप इस द्यावा पृथिवी को प्रकाशित करो, और ऐश्वर्य प्राप्ति के लिए उषा को प्रकाशित करो।

हे विद्वान! आधारभूत जगत में पदार्थों को पहुंचाने को अतीव पहुंचाने वाला पवन, देशान्तर में पहुंचाने के लिए चलाने के मुख्य भाग में लाल रंग के अग्नि पदार्थों को, अथवा पवन पदार्थों को पहुंचाने में समर्थ पदार्थों को रथ में जोड़ता है। कलाकौशल से प्रेरणा को प्राप्त हुआ उन पदार्थों का सम्बन्ध करता है। इससे आप जार पुरुष जैसे सोती हुई स्त्री को जगावे, वैसे बहुत उत्तम बुद्धिमती स्त्री को भली–भांति बोध कराओ। प्रकाश और पृथिवी का उत्तम व्याख्यान करो, अर्थात् उनके गुणों की व्याख्या करो। दाह आदि के करनेवाले पदार्थों अर्थात् अग्नि आदि को बसाओ, स्थापन करो, और सन्देशादि सुनने के लिए दिनों को स्थिर करो।।3।।

हे वायो! आपके लिए शुद्ध उषाएँ दूर देशों में दर्शनीय नवीन किरणों पर अनेक प्रकार के कल्याणकारी वस्त्रों को बुनती हैं। दूधरूपी अमृत को देनेवाली गाय आपके लिए सम्पूर्ण दूधरूपी धनों को दुहती है, प्रदान करती है। तथा न उत्पन्न होनेवाले ये वायु नदियों से जल खींचकर अन्तरिक्ष से फिर नदियों को जल मिले इसलिए जल का चारों ओर वृष्टि से फैलाव करते हैं। नदियों से जल आकाश में जाता है, और आकाश से जल फिर नदियों में आता है।

अर्थात् हे मनुष्य! जैसे शुद्ध प्रातः समय के पवन दूर देश में जिनमें मनुष्य का दमन करते उन किरणों में और नवीन किरणों में वैसे आपके लिए चित्रविचित्र अद्‌भुत सुख करनेवाले वस्त्र विस्तार करते हैं। जैसे सब कामों को सम्पूर्ण करती हुई वाणी आपके लिए समस्त धनों को पूरा करती है। जैसे नहीं उत्पन्न होनेवाले पवन जो जलादि पदार्थों को बहाने वाली नदियों में प्रकाश के बीच बहनेवाली किरणों से जल का अच्छे प्रकार से विस्तार करते, वैसे आप हो।।4।।

हे वायो! आपको कान्तिमान् शुद्ध अत्यन्त त्वराशील तीव्र सोमरस ऐश्वर्यदायक यज्ञादि शुभ अवसरों में चाहते हैं। आपको जलों के धारण तथा आहरण कार्य के लिये भी चाहते हैं। हे वायो! भक्ति करने के योग्य आपकी अत्यन्त भयभीत तथा निर्बल मनुष्य कष्ट तथा आपत्तियों के नाश के लिए स्तुति करता है। क्योंकि आप ही धर्म से सम्पूर्ण आसुरी जगत् से रक्षा करते हो।।5।। (धर्मणा विश्वस्मात् असुर्यात् भुवनात् पासि–धर्म से सब दुष्ट मनुष्यों से आप रक्षण करते हो।)

इसका आशय है कि हे विद्वान्! आप धर्म से दुष्टों के व्यवहार से रक्षा करते हो। आप धर्म के साथ समग्र संसार से रक्षा करते हो। आप तिरछे बांके चलते और शत्रुओं का संहार करते हो। चोरों का सम्बन्ध नहीं उस मार्ग में ऐश्वर्य की आप प्रशंसा करते हो। आपको जो जल एवं कर्मों की धारणा वाले व्यवहार में चाहते हैं, वे पालना और पवित्रता करनेवाले शुद्ध वीर्य तीव्र जन आनन्दों में और पालन पोषण करने वाले व्यवहार में आपके लिए इच्छा करें।।5।।

अपूर्व गुणवाले वायो! आप हमारे द्वारा निचोड़े गए इन सोम के रस को सबसे पहले पीने के योग्य हो। जैसे समस्त गाएँ दूध और घी को आपके लिए दुहती हैं, उसी प्रकार आप भी दूध को दुहो। आप पापों से रहित तथा यज्ञ शील मनुष्यों की हवि को स्वीकार करो।।6।।

हे परम बलवान् अपूर्व गुणी! आप हमारे उत्तम क्रिया से निकाले हुए ओषधियों के रसों के पीने के योग्य हो। प्रथम विख्यात आप इन उक्त पदार्थों के रसों के पीने के योग्य हो। आपकी समस्त गायें ही भोगने के योग्य कान्तियुक्त घृत को पूरा करती और दुग्ध आदि पदार्थों को पूरा करती हैं। उनकी और निरन्तर दोषों को त्याग कराती हुई विशेषता से होम करनेवाले विचारशील मनुष्यों की एवं प्रजाओं की निश्चय से पालना कीजिए।।6।।ऋग्वेद 1.34.1–6।।

।।वायु : ऋग्वेद 1.135.1,2,3,9।।

अन्त्येष्टिः।

स्तीर्णं बर्हिरूप नो याहि वीतये सहस्त्रेण नियुता नियुत्वते
शतिनीभिर्नियुत्वते। तुभ्यं हि पूर्वपीतये देवा देवाय येमिरे।
प्र ते सुतासो मधुमन्तो अस्थिरन् मदाय क्रत्वे अस्थिरन्।।1।।
तुभ्यायं सोमः परिपूतो अद्रिभिः स्पार्हा वसानः परि कोशमर्षति शुक्रा
वसानो अर्षति। तवायं भाग आयुषु सोमो देवेषु हूयते।
वह वायो नियुतो याह्यस्मयुर्जुषाणो याह्यस्मयुः।।2।।
आ नो नियुद्भिः शतिनीभिरध्वरं सहस्त्रिणीभिरुप याहि वीतये वायो
हव्यानि वीतये। तवायं भाग ऋत्वियः सरश्मिः सूर्ये सचा।
अध्वर्युभिर्भरमाणा अयंसत वायो शुक्रा अयंसत।।3।।
इमे ये ते सु वायो बाव्होजसोऽन्तर्नदी ते पतयन्त्युक्षणो महि व्राधन्त
उक्षणः। धन्वंचिद्ये अनाशवो जीराश्चिदगिरौकसः।
सूर्यस्येव रश्मयो दुर्नियन्तवो हस्तयोर्दुर्नियन्तवः।।9।।

हे वायो! (आपके लिए) हमारे द्वारा दर्भासन बिछाया गया है। अतः आप सहस्रों घोड़ों से हवि का ग्रहण करने के लिए पधारें। सैकड़ों घोड़ों वाले आप देव के लिए देवों ने ये सोम नियुक्त किये हैं। यज्ञ में निचोड़े गए मीठे सोमरस आपकी प्रसन्नता के लिए सामने रखे हुए हैं।।1।। (बर्हिः–कुशायें, दर्भासन। नियुत–घोड़े 'नियुत्', ये वायु के घोड़ों के नाम है। (नियुतः वायोः निरुक्त 1.15.90)। देव–कान्तिवाला, प्रकाशमान ; ऋत्व–यज्ञ, क्रतु।)।

हे विद्वान! जिस दिव्य गुण के लिए आपको ही प्रथम रस आदि पान को विद्वान् जन नियम करें। आपके आनन्द और उत्तम बुद्धि के लिए मधुर गुणयुक्त उत्पन्न किए हुए पदार्थ अच्छे प्रकार स्थित हों, सुखरूप स्थिर हों। वैसे आप हमारे ढंपे हुए विशाल घर को सुख पाने के लिए पास पहुंचो। जिसके पास बहुत घोड़े विद्यमान उसके लिए हजारों निश्चित व्यवहार से पास पहुँचों। जिसमें सैंकड़ों वीर विद्यमान, उन सेनाओं के साथ बहुत बल से मिले हुए के लिए अर्थात् अत्यन्त बलवान के लिए पास पहुँचो।।1।।

हे वायो! आपके लिए पहाड़ों पर के पत्थरों से निचोड़कर शुद्ध किया हुआ तथा स्पृहणीय तेजों को धारण करता हुआ यह सोम पात्र में भरा हुआ है। ऐसा निर्मल दीप्तिवाला यह सोम आपका भाग है। मनुष्यों में आप को ही सब देवताओं से प्रथम बुलाया जाता है। हे वायो! आप घोड़ों से जाओ तथा अन्यों को भी ले आओ। स्वयं भी इच्छा करते हुए हमारे पास आने की इच्छा करते हुए जाओ।।2।।

(अद्रिः—फाड़ना, खाना, पर्वत, सोम को पीसने का पत्थर। कोशः— आधार, पात्र, 'कुश आधारे'। आयुः—मनुष्य। अर्षति—प्राप्त होता है। 'ऋष गतौ'। जुषाणः— प्रसन्न होना, सन्तुष्ट होना, सेवन करना, आनन्द प्राप्त करना।)

भावार्थ : हे विद्वान! आप नियत किए गए घोड़ों को जैसे पवन वैसे एक देश से दूसरे देश को पहुँचाओ। प्रसन्नचित मेरे समान आचरण करते हुए आओ। जिस आपका यह जीवनों और विद्वानों में ओषधि भाग है, अथवा जो आप स्तुति किए जाते हैं, सो वस्त्र आदि ओढ़े हुए शुद्ध व्यवहारों को प्राप्त होते हैं। यह मेघों से सब ओर से पवित्र हुआ चन्द्रमा मेघ को सब ओर से प्राप्त होता है। उसके समान चाहे हुए वस्त्रों को धारण किए हुए आप प्राप्त होवें। आपके लिए सब वस्तुयें प्राप्त हों।।2।।

हे वायो! आप हमारे यज्ञ में हवि ग्रहण करने लिए एवं हवि को स्वीकार करने के लिए सैंकड़ों तथा हजारों घोड़ियों से पधारो। आपके लिए यह सोम का भाग ऋतु के योग्य ही है। ये सोमरस किरणों से तप्त होकर सूर्य के समान तेजस्वी हुए हैं। हे वायो! ये सोम रस अध्वर्यु आदि ऋत्विजों के द्वारा भरे गए हैं तथा ये सोमरस अत्यन्त शक्तिमान हैं। (ऋत्वियः— उचित, नियमित, ऋतु के योग्य। भरमाणाः— भरकर लाये। शुक्राः— चमकने वाले, सोमरस अन्धेरे में चमकता है। शुक्र अर्थात् वीर्य उत्पन्न करनेवाले हैं।)

हे विद्वान! आपके जो यज्ञ करनेवालों ने धारण किए मनुष्य निवृत्त होवें। सुख जैसे हो वैसे निवृत्त होवें। अर्थात् सांसारिक सुख को छोड़, जिन आपका सूर्य के बीच संयोग की हुई शुद्ध प्रकाशों के साथ वर्तमान जिसका ऋतु समय प्राप्त हुआ वह यह भाग है। सो आप व्याप्त होने के लिए ग्रहण करने योग्य पदार्थों के समीप पहुँचे, प्राप्त हों। हे प्रशंसित बल युक्त जो प्रशंसित सैंकड़ों अंगों से युक्त सेनाओं के साथ अथवा जिनमें बहुत हजार शूरवीरों के समूह उन सेनाओं के साथ एवं पवन के गुण के समान घोड़ों से कामना के लिए हम लोगों के राज्यपालन रूप यज्ञ को प्राप्त होते उनको आप प्राप्त होओ।।3।।

हे शोभन वायो! आपके ये बलशाली बाहुओंवाले तथा युवा घोड़े द्यावापृथिवी के बीच में जाते हैं। आपके बलवान् घोड़े सहज ही ले जाते हैं। ये मरुभूमि में भी नाश रहित हैं, अत्यन्त वेगवाले हैं। वाणी से इनके स्थान का वर्णन नहीं किया जा सकता है। ये सूर्य की किरणों के समान नियन्त्रित नहीं हो सकते, तथा हाथों से भी नहीं रोके जा सकते।।9।।

हे विद्वन! जो ये योद्धा लोग आपके भुजाओं के बल के बीच पालनेवाले के समान आचरण करते उनको सींचने में समर्थ कीजिये। जो

अन्तरिक्ष में नदी के समान वर्तमान किसी में व्याप्त नहीं, वेगवान् जिनका अविद्यमान वाणी के साथ ठहरने का स्थान, दुःख से ग्रहण करने के योग्य वे किरण जैसे सूर्य को वैसे और अपनी भुजाओं के प्रताप से शत्रुओं के द्वारा दुःख से ग्रहण करने योग्य अच्छी पालना करनेवाले समान आचरण करें। उन वीरों का निरन्तर सत्कार करो।।9।।ऋग्वेद 1.135.1,3,9।।

।।वायु : ऋग्वेद 2.41.1–2।।

गृत्समदः (आंगिरसः शौनहोत्रः पश्चाद्) भार्गवः शौनकः। गायत्री।

वायो ये ते सहस्त्रिणो रथासस्तेभिरा गहि। नियुत्वान्त्सोमपीतये।

नियुत्वान् वायवा गह्यऽयं शुक्रो अयामि ते। गन्तासि सुन्वतो गृहम्।।

हे वायो! आपके सहस्त्रों रथ हैं, उनसे अपनी नियुत् घोड़ियों को जोड़कर सोमपान के लिए आओ।।1।।

हे विद्वान्! आपके असंख्यात गुणों वाले रमणीय यान हैं। उनके साथ नियम युक्त होते हुए उत्तम ओषधियों के रस पीने को आइये।।1।।

हे वायो! आप घोड़ों को जोडकर आओ। यह देदीप्यमान सोमरस आपके लिए रखता हूँ। आप सोमरस निचोड़ने वाले के घर को जाते हो।।2।।

(शुक्रः–देदीप्यमान, श्वेत, बलशाली, वीर्यशाली। सुन्वत्–सोमरस निकालनेवाला, यज्ञकर्ता।)

हे विद्वान्! जिस कारण आप सुखानेवाले होते हुए ओषधियों के रस निकालने वाले के घर जानेवाले हैं, इस कारण आत्मा से नियमयुक्त जितेन्द्रिय होते हुए आओ। जैसे यह वायु है वैसे मैं आपके घर को प्राप्त होता हूँ।।2।।ऋग्वेद 1.41.1,2।।

।।वायु : ऋग्वेद 4.46.1।।

वामदेवो गौतमः।।गायत्री।

अग्रे पिबा मधूनां सुतं वायो दिविष्टिषु। त्वं हि पूर्वपा असि।।

हे वायो! आप यज्ञों में निचोड़े हुए मीठे सोमरस को सर्वप्रथम ग्रहण करें। क्योंकि आप ही निश्चय से सर्वप्रथम पीनेवाले हो। (दिविष्टिः–(दिव्–इष्टिः) स्वर्ग देनेवाला यज्ञ। मधु–मीठा। पूर्व–पाः–प्रथम पीनेवाला।) हे वायु के सदृश बलयुक्त! जिससे आप श्रेष्ठ क्रियाओं में पूर्व जनों का पालन करने वाले हो। इससे मधुर रसों के बीच में उत्तम उत्पन्न किए गए रस का पान कीजिए।।1।।ऋग्वेद 4.46.1।।

।।वायु : ऋग्वेद 4.47.1।।

अनुष्टुप्

वायो शुक्रो अयामि ते मध्वो अग्र दिविष्टिषु।
आ याहि सोमपीतये स्पार्हो देव नियुत्वता।।1।।

हे वायो! मैं आपके लिए यज्ञों में शुद्ध हुआ मधुर सोमरस को सर्वप्रथम पहुंचाता हूँ। हे देव! स्पृहणीय आप अपने घोड़ों से सोम पाने के लिए आओ। (मधुः—मधुर सोमरस।) हे वायु के सदृश वर्तमान विद्वन! ईप्सा करने योग्य शुद्ध स्वभाववाला मैं प्रकाश के बीच जो स्थित किया उनमें समर्थ के साथ उत्तम रस के पान के लिए आपके मधुर रस के अग्रभाग को जैसे प्राप्त होता हूँ, वैसे आप प्राप्त हो।।1।।ऋग्वेद 4.47.1।।

।।वायु : ऋग्वेद 4.48.1—5।।

अनुष्टुप्।

विहि होत्रा अवीता वितो न रायो अर्यः।
वायवा चन्द्रेण रथेन याहि सुतस्य पीतये।।1।।
निर्युवाणो अशस्तीर्नियुत्वाँ इन्द्रसारथिः।
वायवा चन्द्रेण रथेन याहि सुतस्य पीतये।।2।।

हे वायो! हवन से रक्षण करनेवाले अन्यों द्वारा पहले नहीं सेवित इस सोमरस का भक्षण करो। आप शत्रुओं को कंपाने वाले वीर के समान स्तुति करनेवाले हमारे धनैश्वर्य को बढ़ाओ। आप आल्हादकारक रथ के द्वारा सोम को पीने के लिए पधारो।।1।।

हे विद्वान्! बुद्धिमान् आप वैश्यजन धनों के जैसे वैसे नाश से रहितों को ग्रहण करते हुए व्याप्त हो। उत्पन्न किए रस को रक्षा के लिए सुवर्णमय वाहन से प्राप्त हूजिए।।1।। हे वायो! अवर्णनीय नवयुवाँ घोड़ियों को नियुक्त करके आप इन्द्र की— आत्मा की सहायता करते हुए अपने शुभ्र रथ से सोमपान के लिए आओ। हे वायु के सदृश गुणों से विशिष्ट राजन्! आप नियमयुक्त गमन वाले वायु के और विद्युत् सूर्य या अग्नि को नियम से चलाने वाले के सदृश आनन्द देनेवाले सुवर्ण आदि से जुड़े हुए वाहन से उत्पन्न हुए रस के पान करने के लिए आइए। आप जैसे निरन्तर युवाजन अहिंसाओं का आचरण करते हैं, वैसा कीजिए।।2।।

.अनु कृष्णे वसुधिती येमाते विश्वपेशसा।
वायवा चन्द्रेण रथेन याहि सुतस्य पीतये।।3।।

वहन्तु त्वा मनोयुजो युक्तासो नवतिर्नव।
वायवा चन्द्रेण रथेन याहि सुतस्य पीतये।।4।।
वायो शतं हरीणां युवस्व पोष्याणाम्।
उत वा ते सहस्रिणो रथ आ यातु पाजसा।।5।।

हे वायो! आकर्षण शक्तिवाले, धनों को धारण करनेवाले, अनेक रूपवाले, ये द्यावा पृथिवी आपका अनुसरण करते हैं। आप सोमपान के लिए आल्हादकारक रथ से आओ।

हे राजन्! जैसे सम्पूर्ण उत्तम रूप से खींची गई, सम्पूर्ण लोकों की स्थिति, जिनमें वे अन्तरिक्ष और पृथिवी नियम से चलती हैं, वैसे ही उत्पन्न किए गए पदार्थ की रक्षा के लिए रत्नों से जड़े हुए वाहन के द्वारा आप प्राप्त होइए।।3।।

हे वायो! आपको मन (गति) से जुड़ जाने वाले रथ में जोड़े हुए निन्यानवें घोड़े ले जावें, और आप सोमपान के लिए शुभ्र रथ से आओ।।4।।

हे बलवान् राजन्! मन से ब्रह्म का योग करनेवाले, जिन्होंने योगाभ्यास किया है, वे नौ बार गुनी गई नब्बे संख्या से युक्त नाड़ियों के सदृश आप राजा को प्राप्त हों, वा प्राप्त करावें। आप इनके प्राप्त राज्य के रक्षण के लिए सुवर्ण–रजत आदि से बने हुए वाहन से आइए।।4।।

हे वायो! आप पोषण के योग्य, बलशाली सौ घोड़ों को अपने रथ में नियुक्त करो। आपका हजार घोड़ों वाला रथ बल से आ जावे।।5।।

हे राजन्! आप पोषण करने योग्य मनुष्यों के असंख्यकों कर्मों के बीच प्रेरणा देओ। अथवा असंख्य पुरुष और धन से युक्त आपके बल से वाहन सब ओर प्राप्त हों।।5।।ऋग्वेद 4.48.1–5।।

।।वायु : ऋग्वेद 5.51.5।।

स्वरत्यात्रेयः।उष्णिक्।

वायवा याहि वीतये जुवाणो हव्यदातये।
पिबा सुतस्यान्धसो अभि प्रयः।।5।।

हे वायो! आप हवि के दाता यजमान के लिए तथा सोम भक्षण के लिए प्रसन्न होते हुए आओ। आप निचोड़े हुए सोमरस रूपी अन्न को प्रसन्न होकर पिओ।

अत्यन्त बल से युक्त आप वायु देव देने योग्य वस्तु को देने के लिए और विज्ञान आदि की प्राप्ति के लिए सब ओर से सुन्दर जल का सेवन करते

हुए प्राप्त हुजिए, और उत्पन्न हुए अन्न से रस का पान करिए।।5।।ऋग्वेद 5.51.51।।

।।वायु : ऋग्वेद 7.10.1—4।।

मैत्रावरुणिर्वसिष्ठः।त्रिष्टुप्।

प्र वीरया शुचयो दद्रिरे वामध्वर्युभिर्मधुमन्तः सुतासः।
वह वायो नियुतो याह्यच्छा पिबा सुतस्यान्धसो मदाय।।1।।
ईशानाय प्रहुति यस्त आनट् शुचि सोमं शुचिपास्तुभ्यं वायो।
कृणोषि तं मर्त्येषु प्रशस्तं जातोजातो जायते वाज्यस्य।।2।।
राये नु यं जज्ञतू रोदसीमे राये देवी धिषणा धाति देवम्।
अध वायुं नियुतः सश्चत स्वा उत श्वेतं वसुधितिं निरेके।।3।।
उच्छन्नुषसः सुदिना अरिप्रा उरुज्योतिर्विविदुर्दीध्यानाः।
गव्यं चिदूर्वमुशिजो वि वव्रुस्तेषामनु प्रदिवः सस्रुरापः।।4।।

हे वायो! बलशाली, आपके लिए अध्वर्यु आदि ऋत्विजों ने शुद्ध मधुर निचोड़े गए सोमरस दिये गए हैं। आप अपने रथ में घोड़ियों को जोड़ो, तथा सीधे यज्ञ में आओ, और आनंद के लिए निचोड़े हुए सोम को पिओ।।1।।

हे शुद्ध की सुरक्षा करने वाले वायो! ईशन करनेवाले आपको विशेष आहुति को एवं शुद्ध पवित्र सोमरस को जो पुरुष देता है उसको आप मनुष्यों में प्रशंसनीय बनाते हो। वह सर्वत्र प्रसिद्ध होता हुआ धनैश्वर्य को प्राप्त होता है।।2।।

इन द्यावा पृथिवियों ने ऐश्वर्य के लिए जिस वायु को निश्चय से पैदा किया, और जिस दिव्य गुणयुक्त वायु को ऐश्वर्य के लिए दिव्य शक्तिवाली बुद्धि धारण करती है। उस शुभ्र दीप्यमान् और धनों को धारण करनेवाले वायु को उस के अपने ऐश्वर्ययुक्त घोड़े नीचे ले आते हैं।।3।।

जिन्होंने वायु को प्रसन्न किया, उनके लिये पाप से रहित उत्तम दिन एवं उषायें प्रकाशित हुई। उन प्रकाशित होनेवालों ने महान् ज्योति प्राप्त की। उन्नति की कामना करने वाले उन मनुष्यों ने गायरूपी धन प्राप्त किया, तथा उन्हीं के कारण द्युलोक से पानी बरसा।।4।।ऋग्वेद 7.90.1—4।।ऊँ।।

।।वायु : ऋग्वेद 7.12.2,3।।

कुविदङ्.ग नमसा ये वृधासः पुरा देवा अनवद्यास आसन्।
ते वायवे मनवे बाधिताया वासयन्नुषसं सूर्येण।।1।।

पीवो अन्नाँ रयिवृधः सुमेधाः श्वेतः सिषक्ति नियुतामभिश्रीः।
ते वायवे समनसो वितस्थुर्विश्वेन्नरः स्वपत्यानि चक्रुः।।3।।

पहले परम विद्वान पापरहित थे, उन्होंने अन्न के द्वारा सहायता की। मनुष्य की रक्षा के लिये और वायु को हवि देने के लिए उषा को सूर्य के साथ संयुक्त किया।।1।।

अन्न को बढ़ाने वाला उत्तम बुद्धिमान् आश्रय लेने योग्य शुद्ध वायु पुष्टिकारक अन्नादि का सेवन करनेवाले घोड़ों का सेवन करता है। घोड़े वायु के लिए एक चित्त होकर रहते हैं। वे ले जानेवाले घोड़े सम्पूर्ण अच्छे और नहीं गिरनेवाले अनिन्दनीय कार्यों को करते हैं।।3।।

(रयि–वृधः–धन को बढ़ानेवाले। अभि–श्रीः–आश्रय के योग्य, तेजस्वी। स्वपत्यं (सु–अ–पत्यं)–उत्तम और पतन न करने वाले कर्म। रयि–वृधः सु–मेधाः अभिश्रीः श्वेतः पीवो अन्नां नियुतां सिषक्ति–धन को बढ़ानेवाला, उत्तम बुद्धिमान्, तेजस्वी शुद्ध पुष्टिकारक अन्न को खानेवाले अपने घोड़ों का उपयोग करता है, उनसे काम लेता है। ते समनसः वितस्थुः– वे अश्व भी एक विचार वाले होकर उसके लिए विशेष रीति से खड़े रहते हैं। नरः विश्वा इत् सु–अ–पत्यानि चक्रुः– नेतृत्वकर्ता नहीं गिराने वाले कार्य करते हैं।)।।ऋग्वेद 7.91.1,3।।

।।वायु : ऋग्वेद 7.12.1,3,5।।

आ वायो भूष शुचिपा उप नः सहस्त्रं ते नियुतो विश्ववार।
उपो ते अन्धो मद्यमयामि यस्व देव दधिषे पूर्वपेयम्।।1।।
प्र याभिर्यासि दाश्वांसमच्छा नियुद्भिर्वायविष्टये दुरोणे।
नि नो रयिं सुभोजसं युवस्व नि वीरं गव्यमश्व्यं च राधः।।3।।
आ नो नियुद्भिः शतिनीभिरध्वरं सहस्रिणीभिरुप याहि यज्ञम्।
वायो अस्मिन्त्सवने मादयस्व यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः।।5।।

हे पवित्रता पालक वायो! हमारे पास आओ। हे विश्व के द्वारा वरणीय! आपके हजारों घोड़े हैं। हे दिव्यगुणयुक्त वायो! जिसके प्रथम पान के अधिकार को आप धारण करते हो, ऐसे आपको प्रसन्नता देनेवाले सोमरूपी अन्न को मैं आपके पास पहुंचाता हूँ।।1।।

हे वायो! आप दानशील के घर में यज्ञ के लिए अत्यन्त गतिवाली घोड़ियों से सीधे जाते हो। आप हमें भी धन, उत्तम अन्न, वीर पुत्र, गोवें, घोड़े और ऐश्वर्य विशेष रूप से प्रदान करो।।3।।

हे वायो! हमारे हिंसा रहित यज्ञ में सैकड़ों तथा हजारों घोड़ियों से आओ। तथा इस यज्ञ में सोमपान से आनन्दित होओ, और आप कल्याणकारी मार्गों से हमारी हमेशा रक्षा करो।।5।।ऋग्वेद 7.92.1,3,5।।

।।वायु : ऋग्वेद 8.26.20—25।।

विश्वमना वैयश्वः, व्यश्वो वाऽंगिरसः। उष्णिक्, 20 अनुष्टुप्।21—25 गायत्री।

युक्ष्वा हि त्वं रथासहा युवस्व पोष्या वसो।
आन्नो वायो मधु पिबाऽस्माकं सवना गहि।।20।।
तव वायवृतस्पते त्वष्टुर्जामातरद्भुत। अवांस्या वृणीमहे।।21।।
त्वष्टुर्जामातरं वयमीशानं राय ईमहे।
सुतावन्तो वायुं द्युम्ना जनासः।।22।।
वायो याहि शिवा दिवो बहस्वा सु स्वश्व्यम्।
वहस्व महः पृथुपक्षसा रथे।।23।।
त्वां हि सुप्तरस्तमं नषदनेषु हूमहे। ग्रावाणं नाश्वपृष्ठं मंहना।।24।।
स त्वं नो देव मनसा वायो मन्दानो अग्रियः।
कृधि वाजाँ अपो धियः।।25।।

हे सबको बसानेवाले वायो! आप रथ को ढोनें में समर्थ दो घोड़ियों को जोड़ो। हे वायो! तदनन्तर हमारे यज्ञ में आओ, और हमारे मीठे सोमरस को पिओ।।20।।

हे सत्कर्मों के पालनकर्ता! त्वष्टा जामाता! अपूर्व वायो! हम आपके रक्षाओं की प्राप्ति की इच्छा करते हैं।।21।।

त्वष्टा के जामाता एवं ऐश्वर्यशाली वायु की हम ऐश्वर्य प्राप्ति के लिए प्रार्थना करते हैं। हम सब उसके तेज से ऐश्वर्यवान हों।।22।।

हे वायो! आप हमारे पास दिव्य कल्याण को लेकर आओ, एवं उत्तम अश्वों के संघ को चारों दिशाओं में घुमाओ। हे महान् वायो! आप अपने रथ में महान् बलवाली दो घोड़ियों को जोड़ो।।23।। (पृथुपक्षस्— महान् बल, बड़े पंख, दोनों तरफ।)

हे अत्यन्त रूपवान एवं अपने महत्व से सर्वत्र व्यापक आपको मानवों के घरों में— यज्ञों में सोम पीसने के पत्थरों के समान बुलाते हैं।।24।।

कान्तिमान् तथा देवताओं में अग्रणी वायो! वह आप स्वयं मन से प्रसन्न होता हुआ, हमारे लिए अन्न, पानी तथा बुद्धि को प्रदान करो।।25।।

(मन्दानः–प्रसन्न होते हुए। धी–बुद्धि, बुद्धिपूर्वक किया कर्म। न वाजान्, अपः, धियः कृधि– हमें अन्न, पानी और उत्तम बुद्धि को प्रदान करो। मनुष्यों को भोजन के लिये अन्न, पीने के लिये पानी और अनेक कर्म करने के लिये उत्तम बुद्धि चाहिये।)।।ऋग्वेद 8.26.20–25।।

।।वायु : ऋग्वेद 8.46.25–28,32।।

वशोश्व्यः। 25–28 प्रगाथः=(बृहती सतो–बृहती)32 पंक्तिः।
आ नो वायो महे तने याहि मखाय पाजसे।
वयं हि तें चकृमा भूरि दावने सद्यश्चिन्महिं दावने।।25।।
यो अश्वेभिर्वहमे वस्त उस्रास्त्रिः सप्त सप्ततीनाम्।
एभिः सोमेभिः सोमसुद्भिः सोमपा दानाय शुक्रपूतपाः।।26।।
यो म इमं चिदु त्मना मन्दच्चित्रं दावने।
अरट्वे अक्षे नहुषे सुकृत्वनि सुकृत्तराय सुक्रतुः।।27।।
उचथ्ये3 वपुषि यः स्वराळुत वायो घृतस्नाः।
अश्वेषितं रजेषितं शुनेषितं प्राज्म तदिदं नु तत्।।28।।
शतं दासे बल्बूथे विप्रस्तरुक्ष आ ददे।
ते ते वायविमे जना मदन्तीन्द्रगोपः मदन्ति देवगोपाः।।32।।

हे वायो! प्रभूत धन के दान के लिए, यज्ञस्वरूप बल के लिए, हमारे पास आओ। हम प्रभूत धन देनेवाले आपकी निश्चय से महान् धन के देने के लिए हम स्तुति करते हैं।।25।। (महे तने– प्रभूत धन, विस्तृत ऐश्वर्य। मख–प्रशंसनीय, पूजनीय, क्रियाशील, प्रसन्न, यज्ञ महान् कर्म। महि दावने वयं आ चकृम– प्रभूत धन की प्राप्ति के लिए हम आपकी स्तुति करते हैं।)।।

जो वायु घोड़ों से विचरण करता है, और वह तीन गुना सात बार फिर उसका सत्तर गुना (1470) गायों का आश्रय स्थान है। वह सोमपान करनेवाला, वीर्यसंवर्धन और पवित्रता करनेवाला इन सोमों के एवं सोमरस के तैयार करनवालों के साथ दान देने के लिए घूमता है।।26।।(सप्ततीनाम् त्रि सप्त–3x7=21x70=1470। शुक्र–पूत–पाः–वीर्यवर्धन करने और पवित्रता द्वारा पालन करनेवाला।)।

जो वायु मुझे इस विलक्षण दान को देने के लिए स्वयं ही आनन्दित होता है। वह उत्तम कर्म करनेवाला अपने धन को युवा व्यवहारकुशल उत्तम कार्यकुशल मनुष्य में अधिक उत्तम कर्म करनेवाले के हितार्थ देता है।।27।। (चित्रं–ग्रहणीय, विलक्षण। अ–रट्व–युवा, अकथनीय, अवर्णनीय। अक्ष–व्यवहार

में कुशल, चक्रका दण्ड, आधार,। नहुष–कुशल मनुष्य। नह बंधने–एक दूसरे के साथ बंधा मनुष्य। सुकृत्तरः– उत्तम से उत्तम कार्य करनेवाला। सुक्रतुः अरट्वे अक्षे सुकृत्वनि नहुषे सुकत्वराय–उत्तम कर्म करनेवाला अवर्णनीय, आधार देनेवाला मनुष्य को उत्तमोत्तम कर्म करने के लिए उत्साह देता है।)।

घृतवत् शुद्ध वायो! जो पुरुष स्तुत्य शरीर में स्वयं शासक होता है, उस पुरुष को आप घोड़े, ऊंट तथा कुत्ते आदि प्राणियों के द्वारा लाया वह अन्न प्रदान करते हो।।27।। (उचथ्य–स्तुत्य। घृतस्नाः–घृतवत् शुद्ध। स्वराट्–स्वयं शासक, स्वयं प्रभुत्व करना। प्र–अज्म–प्रकृष्ट अन्न। यः वपुषि स्वराट्, प्राज्म– जो शरीर का सच्चा स्वामी है, जो अपना शरीर अपने आधीन पूर्णतया रखता है, उसको उत्तम अन्न मिलता है। अपने शरीर पर अपनी पूर्ण स्वाधीनता रखना श्रेष्ठ कर्तव्य है।)।

सबको आश्रय देनेवाला बुद्धिमान् बलशाली वायु सैकड़ों जनो को आश्रय देता है। हे वायो! आपको वे स्तुति करनेवाले ये जन इन्द्र से रक्षित होकर आनन्दित होते हैं। साथ ही देवों अर्थात् ब्रह्मविदों से रक्षित होकर आनन्दित होते हैं।।32।।ऋग्वेद 4.46.25–28,32।।

।।वायु : ऋग्वेद 8.101.9–10।।

जमदग्निर्भार्गवः। प्रगाथः–(विषमा बृहती +समा सतोबृहती)

आ नो यज्ञं दिविस्पृशं वायो याहि सुमन्मभिः।
अन्तः पवित्र उपरि श्रीणानो3 ऽयं शुक्रो अयामि ते।।9।।
वेत्यध्वर्युः पथिभी रजिष्ठैः प्रति हव्यानि वीतये।
अधा नियुत्व उभयस्य नः पिब शुचि सोमं गवाशिरम्।।10।।

हे वायो! हमारे द्युलोक को स्पर्श करनेवाले यज्ञ के पास उत्तम मननीय स्तोत्रों के साथ आओ। क्योंकि अन्दर से पवित्र तथा बाहर से अच्छी तरह निचोड़ा हुआ यह स्वच्छ सोमरस आपके लिए मैं प्रस्तुत करता हूँ।।1।। (दिविस्पृश्–द्युलोक को स्पर्श करनेवाला।)।

हे नियुत नामक अश्ववाले वायो! यज्ञ का ऋत्विग् आपके भक्षण के लिए हवि को सरलतम मार्गों से ले जाता है। आप उसके पश्चात् हमारे शुद्ध एवं गोदुग्धमिश्रित दोनों प्रकार के सोम को पिओ।।10।।ऋग्वेद 8.101.9. 10।।ऊँ।।

वात–वायु महिमा : महावायु सूक्त

।।ऋग्वेद 10.168.1–4।।

अनिलो वातायनः। त्रिष्टुप्।
वातस्य नु महिमानं रथस्य रुजन्नेति स्तनयन्नस्य घोषः।
दिविस्पृग्यात्यरुणानि कृण्वन्नुतो एति पृथिव्या रेणुमस्यन्।।1।।
सं प्रेरते अनु वातस्य विष्ठा ऐनं गच्छन्ति समनं न योषाः।
ताभिः सयुक् सरथं देव ईयतेऽस्य विश्वस्य भुवनस्य राजा।।2।।
अन्तरिक्षे पथिभिरीयमानो न नि विशते कतमच्चनाहः।
अपां सखां प्रथमजा ऋतावा क्व स्विज्जातः कुत आ बभूव।।3।।
आत्मा देवानां भुवनस्य गर्भो यथावशं चरति देव एषः।
घोषा इदस्य शृण्विरे न रूपं तस्मै वाताय हविषा विधेम।।4।।

वायु के रथ की निश्चय से इतनी महिमा है, कि इसका शब्द सबको शब्दायमान करता हुआ एवं सबको कंपाता हुआ चलता है। द्युलोक को स्पर्श करनेवाला यह वायु पृथिवी की धूलि को लेकर और उससे दिगन्तों को रंगबिरंगा करता हुआ ऊपर चला जाता है।।1।।

विशेष रूप से अवस्थित पर्वतादि वायु के अनुसार प्रेरित होते हैं। इसके पास घोड़ियाँ संग्राम के समान आती हैं। उनके द्वारा स्वयमेव युक्त हुए रथ के द्वारा दिव्यशक्तिवाला वायु जाता है। वह ही इस सम्पूर्ण संसार का राजा है।।2।।

अन्तरिक्ष में मार्गों से चलता हुआ यह वायु किसी भी दिन शान्त नहीं बैठता है। मेघों का मित्र, तथा सर्वप्रथम उत्पन्न होनेवाला सत्यवान् यह वायु कहाँ पैदा हुआ, और कहाँ से आया यह किसी को भी ज्ञात नहीं है।।3।।

यह वायु देवताओं की आत्मा है। यह सारे संसार का प्राण है। यह दिव्य शक्तिवाला वायु इच्छानुसार विचरता है। जगत् में सभी इसके शब्द को ही सुनते है, रूप को नहीं देख सकते। दूसरे शब्दों में वायु अशरीर है। ऐसे उस वायु के लिए हम हवि देते हैं।।4।।

वायु देव अमृत निधि : वात–वायु सूक्त
जगत वायु वात

।।ऋग्वेद 10.186.1–3।।

उलो वातायनः। गायत्री।
वात आ वातु भेषजं शम्भु मयोभु नो हृदे। प्र ण आयूँषि तारिषत्।।1।।

उत वात पिताऽसि न उत भ्रातोत नः सखा।
स नो जीवातवे कृधि।।2।।
यद्दो वात ते गृहे3 ऽमृतस्य निधिर्हितः। ततो नो देहि जीवसे।।3।।

वायु हमारे हृदय में कल्याणकारी तथा सुखकारी ओषधी को प्राप्त कराए। हमारी आयु बढ़ावे।।1।। शं–भु– कल्याणकारी। मयोभुः (मयः–भु)– सुखकारी। प्र–तारिषत्–वृद्धि करे, संवर्धन करे।

हे वायु! आप हमारे उत्पादक हो, और भाई एवं हमारे मित्र हो। ऐसा वह वायु हमारे जीवनों का संवर्धन करे।।2।।

हे वायु! आपके घर में जो यह अमृत का कोष (निधि) रखा हुआ है, उसमें से तनिक अमृत हमारे जीवन के लिए प्रदान करने की कृपा करें।।3।।ऋग्वेद 10.186.1–3।।

।।वाजसनेयी यजुर्वेद (वा.य.)।।
।।5.5 (पूर्वार्धः)।।

आपतये त्वा परिपतये गृह्णामि तनूनप्त्रे
शाक्वराय शक्वन ओजिष्ठाय।।5।।

आपको चारों ओर से गतिशील सर्वव्यापी शरीर को नहीं गिराने वाले शक्ति से वरिष्ठ सब कर्मों के करने में समर्थ बलवान् वायु के लिए ग्रहण करता हूँ।

हे परमात्मन्! मैं आपको सब प्रकार से स्वामी होने, सब ओर से रक्षा, सब सामर्थ्य की प्राप्ति, शूरवीर युक्त सेना, जिसमें सर्वोत्कृष्ट पराक्रम होता है, उस विद्या के होने, और जिससे उत्तम शरीर होता है, उसके लिए ग्रहण करता हूँ।।5।।वा.य.5.5.पूर्वार्ध।।

।।वाजसनेयी यजुर्वेद 6.16।।

वायो वे स्तोकानाम्।।16।।

हे वायो! अग्नि के समान द्युतिमान इस सोम को पीओ।।16।। (स्तोकम्–अग्निवत् द्युतिमान्, तेजस्वी।)। श्रेष्ठ गुणग्राही शिष्य के लिए उपदेश है–हे वायो! आप सूक्ष्म से सूक्ष्म व्यवहारों को जानते हैं।।16।।वा.य.6.16।।

।।वाजसनेयी यजुर्वेद 11.39।।

सं ते वायुर्मातरिश्वा दधातूत्तानाया हृदयं यद्विकस्तम्।
यो देवानं चरसि प्राणथेन कस्मै देव वषडस्तु तुभ्यम्।।31।।

यह अन्तरिक्ष में विचरने वाला वायु उन्नतशील आपके अन्दर जो विकसित हृदय है उसको धारण करे। दिव्यशक्तिवाले वायु देव! जो आप देवताओं के मध्य में प्राणस्वरूप होकर विचरते हो, ऐसे सुखस्वरूप आपके लिए यह समर्पण हो।।31।।

हे पत्निरानी! बड़े शुभ लक्षणों के विस्तार से युक्त आपका जो अनेक प्रकार से शिक्षा को प्राप्त हुआ अन्तःकरण हो। आकाश में चलनेवाला पवन अच्छे प्रकार पुष्ट करे। हे अच्छे सुख देने हारे पति स्वामी! जो विद्वान आप सुख के हेतु प्राण वायु से धर्मात्मा विद्वानों को प्राप्त होते हो, उस सुखस्वरूप आपके लिए मुझसे क्रिया की कुशलता प्राप्त होवे।।31।।वा.य.11.39।।

।।वाजसनेयी यजुर्वेद 14.8,12,14।।

प्राणं मे पाह्यपानं मे पाहि व्यानं मे पाहि ।।8।।
विश्वकर्मा त्वा सादयत्वन्तरिक्षस्य पृष्ठे व्यचस्वतीं प्रथमस्वतीमन्तरिक्षं
यच्छान्तरिक्षं दृँहान्तरिक्षं मा हिंसीः।
विश्वस्मै प्राणायापानाय व्यानायोदानाय प्रतिष्ठायै चरित्राय।
वायुष्ट्वाभि पातु मह्या स्वस्त्या छर्दिषा शन्तमेन
तया देवतयाऽंगिरस्वद् ध्रुवा सीद।।12।।
विश्वकर्मा त्वा सादयत्वन्तरिक्षस्य पृष्ठे ज्योतिष्मतीम्।
विश्वस्मै प्राणायापानाय व्यानाय विश्वं ज्योतिर्यच्छ।
वायुष्टेऽधिपतिस्तया देवतयाऽंगिरस्वद् ध्रुवा सीद।।14।।

हे वायु! आप मेरे प्राण की रक्षा करो। मेरे अपान की रक्षा करो। मेरे व्यान की रक्षा करो।।8।।

मेरे नाभि से ऊपर को चलने वाले प्राण वायु की रक्षा करो मेरे नाभि के नीचे गुह्येन्द्रिय मार्ग से निकलने वाले अपान वायु की रक्षा करो। मेरे विविध प्रकार की शरीर संधियों में रहनेवाले व्यान वायु की रक्षा करो।।8।।

हे वायु! विश्व का कर्ता प्रजापति प्रशंसनीय और विस्तार वाले आपको अन्तरिक्ष के पृष्ठ भाग में स्थापित करे। आप सम्पूर्ण प्राण, उदान, व्यान, अपान, प्रतिष्ठा और उत्तम कर्मों के लिए अन्तरिक्ष को खुला कर दो। अन्तरिक्ष को दृढ़ करो, हिंसा नहीं करो। आप बड़े कल्याण से तथा शुभकारी तेज से

चारों ओर से हमारी रक्षा करें। हे अंगों में व्यापक वायु! आप अपने सहकारी देवता के साथ निश्चल और स्थिर होओ।।12।।

हे स्त्रि! सम्पूर्ण शुभकर्म करने में कुशल पति जिस प्रशंसित विज्ञान या सत्कार से युक्त उत्तम विद्यावाली प्रकाश के एक भाग में आपको स्थापित करे। अतः आप प्राण, अपान, व्यान, उदान रूप शरीर के वायु तथा प्रतिष्ठा और शुभ कर्मों के आचरण के लिए जलादि को दिया कर प्रशंसित शुद्ध किए जल को बढ़ायें। मधुरता आदि गुण युक्त रोगनाशक जल को नष्ट नहीं करें। जिस आपको प्राण के तुल्य प्रियपति बड़ी सुखरूप क्रिया प्रकाश और अति सुखदायक विज्ञान से सब ओर से रक्षा करे। सो आप उस दिव्य सुख देनेवाली क्रिया के साथ वा वर्तमान पति रूप देवता के साथ व्यापक वायु के समान निश्चल ज्ञान से युक्त स्थिर हो।।12।।

हे वायो! आपका स्वामी विश्व का कर्ता प्रजापति प्रकाशवाले आपको अन्तरिक्ष के मार्ग में स्थिर करे। आप समूचे प्राण, अपान, व्यान के लिए सम्पूर्ण ज्योति को दो। आप अंगो के रसों के रूप वायो! अपने उस देवता के साथ स्थिर होओ।।14।।

हे स्त्रि! जिस बहुत विज्ञानवाली आपको सब प्राण, अपान और व्यान की पुष्टि के लिए जल के उपर ले भाग में सब शुभ कर्मों का चाहने हारा पति स्थापित करे। सो आप सम्पूर्ण विज्ञान को ग्रहण कर, जो प्राण के समान प्रिय आपका स्वामी है, उस देवस्वरूप पति के साथ दृढ़ सूर्य के समान स्थिर हो।।14।।वा.य.14.8,12,14।।

।।वाजसनेयी यजुर्वेद 14.64।।

परमेष्ठी त्वा सादयतु दिवस्पृष्ठे व्यचस्वतीं
प्रथस्वतीं दिवं यच्छ दिवै हँह दिवं मा हिँसीः।
विश्वस्मै प्राणायापानाय व्यानायोदानाय प्रतिष्ठायै चरित्राय।
सूर्यस्त्वाऽभि पातु मह्या स्वस्त्या छर्दिषा
शन्तमेन या देवतयाऽगिरस्वद् ध्रुवे सीदतम्।।64।।

परमेष्ठी परमात्मा प्रजापति विज्ञानवाले एवं विस्तारवाले आपको द्युलोक के भाग में स्थापित करे। आप सम्पूर्ण प्राण, अपान, व्यान, उदान, प्रतिष्ठा और उत्तम आचरण के लिए प्रकाश प्रदान करो। आप द्युलोक को दृढ़ करो, उसकी हिंसा मत करो। सूर्य देवता आपकी महान् कल्याण से, तथा सुखकारी दीप्ति से चारों ओर से रक्षा करे। हे अंगों–प्रत्यगों में प्रकाश देनेवाले वायो! उस देवता के साथ निश्चल होओ।।64।।

परमात्मा समग्र जीवन के सुख, दुःख–निवृत्ति, नाना विद्याओं की व्याप्ति, उत्तम, बल सर्वत्र सत्कार और श्रेष्ठ कर्मों के अनुष्ठान के लिए कमनीय गृहस्थ व्यवहार के आधार में बहुत प्रसिद्ध प्रशंसावाली प्रशंसित विद्या में व्याप्त आपको स्थापित करे। सो आप प्रकाश को दिया कर, सूर्य को दृढ़ कर, प्रकाश को नष्ट मत कर। चराचर जगत् का स्वामी ईश्वर अत्यन्त अच्छे सत्कार अतिशय सुख और प्रकाश से आपकी चारों ओर से रक्षा करे। वह आपका पति और आप दोनों उस परमेश्वर देवता के साथ प्राण तुल्य निश्चल रहो।।64।।वा.य.15.64।।

।।वाजसनेयी यजुर्वेद 18.45।।

समुद्रोऽसि नभस्वानार्द्रदानुः शम्भूर्मयोभूरभि मा वाहि स्वाहा।
मारुतोऽसि मरुतां गणः। शम्भूर्मयोभूरभि मा वाहि स्वाहाऽवस्यूरसि
दुवस्वांछम्भूमयोभूरिभ मा वाहि स्वाहा।।45।।

हे वायो! आप समुद्र के समान विस्तार युक्त हो। आप ही आकाश में रहने वाले हो। आप आर्द्रता के दाता हो। आप कल्याणकारी तथा सुखकारी हो। आप ही मारुत हो, तथा मरुतों के समूह के आप ही उत्पादक हो। आप हमारे सम्मुख बहो। आप कल्याणकारी हो, हमारे सामने चलो। आप रक्षणकर्ता तथा अन्नादि के उत्पादक हो। आप सुखकारक तथा कल्याणकारक हो। आप हमारे कल्याण के लिए बहो। यह अर्पण आपके लिए है।।45।।

हे विद्वन! जो आप जिस के समीप बहुत जल और शीतल गुणों को देनेवाला जल से युक्त समुद्र के समान है, वह सत्य क्रिया से उत्तम सुख और सामान्य सुख उत्पन्न करानेवाला होता हुआ मुझको सब ओर से प्राप्त हो। जो आप पवनों का सम्बन्धी जानने हारा विद्वानों के समूह के समान है, वह उत्तम क्रिया से विशेष कर जन्म के सुख और इस जन्म में सामान्य सुख का उत्पन्न करनेवाला होता हुआ सब ओर से प्राप्त हो। जो आप प्रशंसित सत्कार से युक्त अपनी रक्षा चाहनेवाले के समान है, वह उत्तम क्रिया से विशेष सुख और सामान्य अपने सुख का उत्पन्न कराने हारा होता हुआ मुझको सब ओर से प्राप्त हो।।45।।वा.य.18.45।।

।।वाजसनेयी यजुर्वेद 18.42 सोनसहचारीवायु।।

पवमानः सो अद्य नः पवित्रेण विचर्षणिः। यः पोता स पुनातु या।।42।।

जो विशेष जाननेवाला पवित्र करने वाला है। हमको पवित्र करनेवाला वह देवता आज पवित्र करने की शक्ति के द्वारा हमें पवित्र करे।

जो जगदीश्वर (परमेष्ठी) हमारे मध्य में शुद्ध आचरण से पवित्र विविध विद्याओं का दाता है, आज वह पवित्र स्वरूप परमात्मा मुझ को पवित्र करे। ।वा.य.18.421।।

।।वाजसनेयी यजुर्वेद 20.15।।

यदि दिवा यदि नक्तमेनांसि चकृमा वयम्।

वायुर्मा तस्मादेनसो विश्वान्मुंचत्वंहसः।।15।।

यदि हमने दिन में या रात्री में कोई पाप किये हों, तो वायु देव सम्पूर्ण पापों से (मा मुंचतु) हमें मुक्त करे।

हे विद्वन्! जो दिन में, जो रात्रि में अपराधों को हम लोग करें। उस समग्र अपराध और दुष्ट व्यसन से मुझ को वायु के समान वर्तमान आप पृथक् करें।।15।।वा.य.20.15।।

।।वाजसनेयी यजुर्वेद 27.31.33।।

यज्ञ में अग्रणी वायु देव

वायुरग्रेगा यज्ञप्रीः साकं गन्मनसा यज्ञम्।

शिवो नियुदि्भः शिवाभिः।।31।।

एकया च दशभिश्च स्वभूते द्वाभ्यामिष्टये विंशती च।

तिसृभिश्च वहसे त्रिंशता नियुदि्भर्वायविह ता वि मुंच।।33।।

आगे–आगे चलनेवाला तथा यज्ञ को पूर्ण करनेवाला कल्याणकारी वायु मंगलकारिणी घोड़ियों से मन के साथ यज्ञ के प्रति जावे।।31।।

हे विद्वन्! जैसे पवन निश्चित मंगलकारक क्रियाओं से यज्ञ को प्राप्त होता है, वैसे मगंलस्वरूप अग्रगामी यज्ञ को पूर्ण करनेहारे आप मन की वृत्ति के साथ यज्ञ को प्राप्त हूजिये।।31।।

स्वयं स्वकीय अंगरूप बने हे वायो! एक, दो, तीन, दस बीस और तीस घोड़ियों से यज्ञ में जाते हो, एवं यज्ञ में पहुंचकर उन घोड़ियों को खोल दो।।33।।

हे अपने ऐश्वर्य से शोभायमान वायु! इस जगत् में एक विध और दशविध गतियों और विद्या एवं पुरुषार्थ से विद्या की संगति के लिए बीस और तीन प्रकार की गतियों से तथा निश्चित नियमों के साथ यज्ञ को प्राप्त होता,

वैसे प्राप्त होते आप उन सबको विशेष कर छोड़िये, अर्थात् उनका उपदेश कीजिए।।33।।वा.य.27.31,32।।

।।वाजसनेयी यजुर्वेद 33.55।।

प्र वायुमच्छा बृहती मनीषा बृहद्रयि विश्ववारं रथप्राम्।
द्युतद्यामा नियुतः पत्यमानः कविः कविमियक्षसि प्रयज्यो।।55।।

ब्रह्म ज्ञानी यज्ञशील तथा घोड़ों से गमन करनेवाले, आप अपनी विशाल बुद्धि के द्वारा महान् ऐश्वर्यवाले, संसार के द्वारा वरणीय रथ से जानेवाले दूरदर्शी वायु को सीधे अच्छी तरह प्राप्त करते हो।।55।।

हे अच्छे प्रकार यज्ञ करनेहारे विद्वन्! निश्चयात्मक पुरुषों को प्राप्त होते हुए बुद्धिमान् विद्वान् (ब्रह्मज्ञानी, क्रांतदर्शी, मन्त्रद्रष्टा) हुए आप जो आपकी अत्यन्त तेज बुद्धि है, उससे बहुत धनों के निमित्त सबको ग्रहण करनेहारे, विमानादि यानों को व्याप्त होने वाले, अग्नि को प्रदीप्त करनेवाले, प्राणादि स्वरूप वायु और बुद्धिमान् जन का अच्छे प्रकार संग करना चाहते हो, इससे सबके सत्कार योग्य हो।।55।।वा.य.33.55।।

।।अथर्ववेद।।

।।वायुदेवता : अथर्ववेद 2.15.1–6।।

ब्रह्मा। प्राणः, अपानः, आयुः। त्रिपाद् गायत्री।
यथा द्यौश्च पृथिवी च न बिभीतो न रिष्यतः।
एवा मे प्राण मा बिभेः।।1।।
यथाऽहश्च रात्री च न बिभीतो न रिष्यतः।
एवा मे प्राण मा बिभेः।।2।।
यथा सूर्यश्च चन्द्रश्च न बिभीतो न रिष्यतः।
एवा मे प्राण मा बिंभेः।।3।।
यथा ब्रह्म च क्षत्रं च न बिभीतो न रिष्यतः।
एवा मे प्राण मा बिभेः।।4।।
यथा सत्यं चानृतं च न बिभीतो न रिष्यतः।
एवा मे प्राण मा बिभेः।।5।।
यथा भूतं च भव्यं च न बिभीतो न रिष्यतः।
एवा मे प्राण मा बिभेः।।6।।

जैसे द्युलोक और पृथिवीलोक नहीं डरते। अतः हिंसित नहीं होते, उसी प्रकार हे मेरे प्राण! आप मत डरो।।1।।

जैसे दिन और रात नहीं डरते हैं, दुखित नहीं होते हैं, उसी प्रकार मेरे प्राण! मत डरो।।2।।

जैसे सूर्य और चन्द्र नहीं डरते हैं। अतः दुखित नहीं होते। उसी प्रकार मेरे प्राण मत डर।।3।।

जैसे ब्रह्मविद की ब्रह्मशक्ति तथा क्षात्र शक्ति कभी भयभीत नहीं होती है, उसी प्रकार मेरे प्राण मत डर।।4।।

जैसे सत्य और अनृत नहीं डरते है, नहीं नष्ट होते हैं। उसी प्रकार मेरे प्राण मत डर।।5।।

जैसे भूत और भविष्य नहीं डरते हैं, विनष्ट नहीं होते हैं, उसी प्रकार मेरे प्राण मत डरो।।6।। भावार्थ– द्युलोक, पृथिवी, दिनरात्री, सूर्यचन्द्र, ब्रह्मशक्ति, क्षात्रशक्ति, ज्ञानी, शूर, सत्य, अनृत, भूत, भविष्य, आदि सब किसी से भी कभी नहीं डरते। इसीलिए विनाश को प्राप्त नहीं होते। इससे बोध मिलता है, कि निर्भयवृत्ति से रहने से विनाश से बचने की सम्भावना है या बचना निश्चित है। अतः हे प्राण! आप इस शरीर में निर्भयवृत्ति के साथ रह और अपमृत्यु के भय को दूर कर।

मूल आशय : निर्भयता से अमरता

इस सूक्त का मुख्य उपदेश यह ही है, "कि जो नहीं डरते, जो निर्भयता से अपना कार्य करते हैं, वे नाश को प्राप्त नहीं होते।" उदाहरण के लिए द्यौ, पृथ्वी, दिनरात, सूर्यचन्द्र इनका नाम इस सूक्त में लिया है। दिनरात या सूर्यचन्द्र, किसी का भय नहीं करते हुए निष्पक्षता से अपना कार्य करते हैं। समय होते ही उदय होना या अस्त को जाना आदि सब इनके कार्य यथाक्रम चलते रहते हैं। ये किसी की परवाह नहीं करते, किसी की सिफारिश नहीं सुनते, किसी पर दया नहीं करते, अथवा किसी पर क्रोध भी नहीं करते। अपना निश्चित कार्य करते जाते हैं। इसलिए ये किसी से भयाक्रान्त नहीं है, अतः ये विनाश को भी प्राप्त नहीं होते। अतः जो मनुष्य निडर होकर, निर्भय होकर अपना कर्तव्य कर्म करेगा, वह कभी विनाश को प्राप्त नहीं होगा। (ऋचा 1–3)

ज्ञान, शौर्य : ब्रह्म क्षत्र रहस्यम्

चतुर्थ ऋचा में 'ब्रह्म और क्षत्र' का उल्लेख है। इनका मूल अर्थ 'ज्ञान और शौर्य' है। अर्थात् ज्ञानी और शूर अथवा ब्रह्मविद एवं सेनानी योद्धा का उल्लेख है। सूर्यचन्द्रादिकों का उदाहरण सन्मुख रखकर कहा गया है कि

ब्रह्मविद एवं सेनानी योद्धा को चाहिए, कि वे किसी भी मनुष्य से नहीं डरते हुए अपना कर्तव्य कर्म योग्य रीति से करते जाएँ। जिन ब्रह्मविद एवं सेनानी योद्धा ने ऐसे निडर भाव से कर्तव्य कर्म किए उनका यश आज भी जीवित है। आगे भी निस्सन्देह उनका यश जीवित रहेगा। दूसरे शब्दों में वे चिरंजीवी हैं। ऐसे आदर्श ब्रह्मविद एवं सेनानी योद्धा का उदाहरण सन्मुख रखकर अन्य भी भय छोड़कर अभयवृत्ति से अपने कर्तव्य कर्म करते रहेंगे, तो वे भी अमर बनेंगे।

शाश्वत सत्य : सत्य और अनृत भेद

सत्य और अनृत भी इसी प्रकार किसी की अपेक्षा नहीं करते। जो सत्य है, वही हमेशा सत्य रहेगा, तथा जो असत्य है, वह हमेशा ही असत्य रहेगा। कई प्रसंगों में सत्ताधारी मनुष्य अपने अधिकार के बल से सत्य को असत्य और असत्य को सत्य कर देते हैं, परन्तु कुछ समय के बाद ही सत्य प्रकट हो जाता है, और असत्यों की पोल भी उसके साथ खुल जाती है। इसलिए क्षणमात्र के लिए किसी के दबाव के कारण, भयाक्रान्त होकर कुछ का कुछ बन जाये यह बात संभव है। परन्तु अन्त में जाकर सत्य और अनृत अपने असली रूप में प्रकट हुए बिना नहीं रहते। इसलिए सदा सत्य पक्ष का ही अवलम्बन करना चाहिए। जिससे मनुष्य निर्भय बनकर शाश्वत पद का अधिकारी होता है।

भूत और भविष्य : काल से डरें!

षष्ठ ऋचा में भूत और भविष्य इन दो कालों के विषय में कहा गया है। ये काल किसी से नहीं डरते। यह बिल्कुल सत्य है, सबका डर वर्तमान काल में ही होता है। जो डराने वाले सम्राट रहे, जिन्होंने अपने तलवार (अस्त्र–शस्त्र) के डर से लोगों को सताया, वे अब भूतकाल में हो गए हैं। उनका डर अब नहीं रहा, और वे अब असली रूप लोक के सन्मुख हो गया है। साधारण से साधारण इतिहास तत्त्व का विचार करनेवाला भी उनको अपने मत से दोषी ठहराता है, और वे आज उसका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। क्योंकि वे भूतकाल में दब गए हैं। इसलिए बहुत प्रतापी सम्राट भी भूतकाल में दब जाने के पश्चात् एक साधारण मनुष्य के सदृश असहाय हो जाते हैं। इतना भूतकाल का प्रभाव है। मानव इस काल के प्रभाव को देखें। समर्थ से समर्थ भी जब इस भूतकाल में दब जाता है, तब उसका सामर्थ्य कुछ भी नहीं रहता।

इसके विपरीत जो धर्मात्मा सत्यनिष्ठ सत्पुरुष होते हैं, उनकी शक्ति इसी भूतकाल में बढ़ती जाती है। रावण का पशुबल उसी समय हर एक को

भी दबा सकता था, परन्तु भगवान् रामचन्द्रका आत्मिक बल उस समय विजयी हुआ। इतना ही नहीं, वह बल आज भी अनन्त मानवों का मार्ग दर्शक बन रहा है। यह भूतकाल की महिमा है। भूतकाल निडर है, किसी की परवाह नहीं करता है।

इसी प्रकार भविष्यकाल भी है। अशक्तों को भविष्यकाल में भी अपने सत्पक्ष के विजय की आशा रहती है। अधर्मक शासन के अन्दर दबे हुए भविष्य की ओर देखते हुए ही जीवित रहते हैं। यह स्मरण रहे कि वर्तमान काल का डर भविष्य में नहीं रहता। जैसे भूतकाल का डर आज नहीं है।

अतः यह स्पष्ट है कि भूत और भविष्य इन दो कालों के निडर होने का गूढ़ तात्पर्य क्या है ? इस तथ्यों को देखकर मनुष्यमात्र यह समझे, कि सत्य की ही जय होती है। अतः सत्य के आधार पर मनुष्य अपने व्यवहार करें, और निडर होकर अपना कर्तव्य पालन करें। अभयवृत्ति से अमरता प्राप्त हो सकती है।।अथर्ववेद 2.15.1–6।।

।।वायुदेवता : अथर्ववेद 2.16.1–5।।

प्राणः।1–6 एकपादासुरी त्रिष्टुप्, 2 एकपादापुरी उष्णिक्, 4–5 द्विपदासुरी गायत्री।

प्राणापानौ मृत्योर्मा पातं स्वाहा।।1।।

द्यावापृथिवी उपश्रुत्या मा पातं स्वाहा।।2।।

सूर्य चक्षुषा मा पाहि स्वाहा।।3।।

अग्ने वैश्वानर विश्वैर्मा देवैः पाहि स्वाहा।।4।।

विश्वभर विश्वन मा भरसा पाहि स्वाहा।।5।।

हे प्राण अपान शक्तियों! आप मृत्यु से मेरी रक्षा करो। मैं आपको समर्पण करता हूँ।।1।। (प्राण और अपान मृत्यु से बचावें।)

हे द्यावा पृथिवियों! आप मेरी श्रवण शक्ति से रक्षा करो। मैं समर्पण करता हूँ (द्यावापृथिवी श्रवणशक्ति की सहायता से मेरा बचाव करे।)।।2।।

हे द्योतमान सूर्यदेव! मेरी देखने की दृष्टि से रक्षा करो। मैं समर्पण करता हूँ (सूर्य दर्शनशक्ति से मेरा बचाव करें।)।।3।।

सम्पूर्ण विश्व को ले जानेवाले अग्नि देव! सम्पूर्ण देवताओं के साथ मेरी रक्षा करो। मैं समर्पण करता हूँ (विश्वव्यापक पुरुष अर्थात् परब्रह्म समूची दिव्य शक्तियों द्वारा मेरी रक्षा करें।)।।4।।

हे संसार के भरण पोषण करनेवाले प्रभो! सम्पूर्ण भरण पोषण के पदार्थों से मेरी रक्षा करो। मैं समर्पण करता हूँ (विश्वभर ईश्वर अपनी

पोषणशक्ति द्वारा मेरी रक्षा करें। मैं अपने आपको उसी की रक्षा में समर्पित करता हूँ।)।।5।।

विश्वम्भर देव : जगत् पालक, पोषक

इस सूक्त के अन्तिम पँचम ऋचा में 'विश्वम्भर' शब्द आया है। इसका अर्थ विश्व का भरण पोषण करनेवाला देव है। संपूर्ण जगत् का भरण पोषण करनेवाला एक देव यहाँ 'विश्वम्भर' शब्द से कहा गया है। इस विश्वम्भर शब्द के परमात्मविषयक होने में शंका ही नहीं है। ऋचा में इस शब्द द्वारा यहाँ जगत् के एक देव की उत्तम कल्पना व्यक्त की गई है।

इस जगत् के भरण पोषण करनेवाले इस देव के पास विश्वव्यापक पोषक रस है। जिससे यह देव सब जगत् का पोषण करता है।।ऋचा 5।।

वैश्वानर

चतुर्थ ऋचा में इसी का नाम 'वैश्वानर' है। इसका अर्थ है कि विश्व का नेता, विश्व का चालक, सम्पूर्ण जगत् का नर, समूचे जगत् में मुख्य पुरुष। यह ही विश्वम्भर नाम आगे वर्णित है। जिस प्रकार अग्नि सर्वत्र व्यापक है, उसी प्रकार जगच्चालक मुख्य पुरुष भी सर्व जगत् में व्यापक हो रहा है। सूर्यचन्द्रादि सब (विश्वैः देवैः) अन्य देव इसी के वश में रहते हैं, और अपना–अपना कार्य करते हैं। इसी की आज्ञा पालक करनेवाले सभी अन्य देव हैं। ये अन्य देव इसी के सहचारी देव हैं।

एक ब्रह्म : एक उपास्य

इस सूक्त के दो शब्द 'विश्वम्भर और वैश्वानर' पर गहन मनन करना चाहिए। इनके मनन से अद्वितीय उपास्य परमात्मा देव की भक्ति करना सीखें। वह सब जगत् का भरण पोषण करनेवाला है। अतः वह हमारा भरण पोषण करेगा ही इसमें क्या सन्देह है ? जिसने जन्म देने के पूर्व ही माता के स्तनों में बालक के दूध तैयार रखा होता है, इसकी सार्वत्रिक भरण पोषण शक्ति कितनी विशाल है, उसकी कल्पना हो सकती है। ऐसे अनन्त सामर्थ्यशाली विश्वम्भर की भक्ति करना ही मनुष्य मात्र का कर्तव्य है।अर्थात् एक ब्रह्म की उपासना करें।

देवों द्वारा सुरक्षा

सूर्य नेत्र में दर्शन शक्ति के द्वारा मनुष्य की रक्षा कर रहा है। द्यावापृथिवी में चारों ओर फैली दिशायें मनुष्य के कर्ण इन्द्रिय में श्रवणशक्ति द्वारा उसकी रक्षा कर रहीं हैं। इसी प्रकार प्राण अपान भी शरीर की रक्षा कर रहे हैं। यह बात हर एक को यहाँ प्रत्यक्ष हो सकती है। इसी तरह अन्यान्य देव शरीर में अन्यान्य स्थानों में रहते हुए हमारी रक्षा कर रहे हैं।

यह सब उसी विश्वम्भर की कृपा से हो रहा है। इसका अनुभव करके उसी एक अद्वितीय प्रभु–परमेष्ठी की भक्ति करना हर एक मनुष्य के लिये योग्य है।।अथर्ववेद 2.16.1–5।।

।।वायु देवता : अथर्ववेद 2.17.1–7।।

प्राणः।1–6 एकपादासुरी त्रिष्टुप्। 7आसुरी उष्णिक्।

ओजोऽस्योजो मे दाः स्वाहा।।1।।

सहोऽसि सहो मे दाः स्वाहा।।2।।

बलमसि बलं मे दाः स्वाहा।।3।।

आयुरस्यायुर्मे दाः स्वाहा।।4।।

श्रोत्रमसि श्रोत्रं मे दाः स्वाहा।।5।।

चक्षुरसि चक्षुर्मे दाः स्वाहा।।6।।

परिपाणमसि परिपाणं मे दाः स्वाहा।।7।।

हे वायो! आप ओज हो, मुझे ओज प्रदान करो। यह आहुति आपको प्रदान करता हूँ।।1।। भावार्थ–हे ईश्वर! आप सामर्थ्य, पराक्रम, बल, जीवन, श्रवण, दर्शन और परिपालन इन शक्तियों से युक्त हैं, इसलिए मुझे ये शक्तियाँ प्रदान करें।

आप सहन शक्ति के भण्डार हो, मुझे सहनशक्ति प्रदान करो। (सह–शीत उष्ण, द्वन्द्व सहन करने की शक्ति कर्तव्य के बीच में आनेवाले कष्टों को सहना सह है। शत्रु के आक्रमण में पर्वत के समान स्थिर रहना सह है।)।।2।।

आप बल के भण्डार हो, मुझे बल दो, मैं आत्मसमर्पण करता हूँ (बल–आत्मिक, बौद्धिक, मानसिक, अध्यात्मिक, दैविक और इन्द्रिय सम्बन्धी बल, उन्नति के लिए, मूलतः सभी आवश्यक बल।)।।3।।

आप आयु के भण्डार हो, मुझे आयु प्रदान करो। मैं आत्म–समर्पण करता हूँ।।4।।अर्थात् आप दीर्घ आयु प्रदान करो।

आप श्रवण शक्ति या शब्द विद्या के भण्डार हो। मुझे श्रवणशक्ति प्रदान करो। मैं आत्मसमर्पण करता हूँ। (श्रोत्रं– कान आदि इन्द्रियों की शक्ति। श्रवण से प्राप्त होने वाली अप्रत्यक्ष शब्द विद्या।)।।5।।

आप चक्षु शक्ति हो। मुझे दर्शनशक्ति प्रदान करो। मैं समर्पण करता हूँ। (चक्षु–दर्शनशक्ति, प्रत्यक्ष प्रयोगजन्य विज्ञान।)।।6।।

आप सभी प्रकार से आत्मरक्षा करने की शक्तिवाले हो। मुझे आत्मसंरक्षण करने की शक्ति दो। मैं आत्मसमर्पण करता हूँ।

(परिपाणं—परित्राण की शक्ति, अपनी (पूर्ण) संरक्षण करने की शक्ति। स्वा—हा—आत्मसर्वस्व का समर्पण करना। पूर्ण भलाई के लिए अंश का यज्ञ करना।)।।7।। (स्व—अपना, हा—त्याग ; अर्थात् आत्म सर्वस्व समर्पण)

बल की गणना : सूक्त का अन्तर्निहित गूढ़ सन्देश

इस सूक्त में आत्मसंरक्षण के लिए कुछ आवश्यक बलों का उल्लेख है। इस बलों का वर्णन वर्तमान में भी सामयिक है। वर्तमान में भी इनकी आवश्यकता है।

1. ओजः—स्थूल शरीर की शक्ति, पुट्ठों का बल।

2. सहः— शीत, उष्ण अथवा अन्यान्य द्वन्द्व सहन करने की शक्ति। अपना कर्तव्य करने के समय जो भी कष्ट सहन करने की आवश्यकता हो, उन कष्टों को आनन्द से सहन करने की सदा तैय्यारी रखने का नाम ''सह'' है। शत्रु के हमले में भी नहीं डरना तथा अपने स्थान को नहीं छोड़कर उसी पर अडिग खड़े रहना, यह भी एक सहनशक्ति ही है। सहज ही में शत्रु से पराभूत नहीं होना, तथा कभी भी पराजित नहीं होना, शत्रु के हमले सहन करके अपने स्थान पर निश्चल रहना, और शत्रु पर आक्रमण कर उसको हराना।

3. बलम्— सब प्रकार के बल। आत्मिक, अध्यात्मिक, दैविक, बौद्धिक, मानसिक, ऐन्द्रियक आदि जितने भी बल मनुष्य की उन्नति के लिए आवश्यक होते हैं, वे सभी बल।

4. आयुः— दीर्घ आयु, आरोग्यपूर्ण दीर्घायु।

5. श्रोत्रम्— कान आदि इन्द्रियों की शक्तियाँ। श्रवण से प्राप्त होने वाली अप्रत्यक्ष शब्द विद्या—शब्दब्रह्म, अक्षरब्रह्म।

6. चक्षुः— चक्षु आदि इन्द्रियों की शक्तियाँ। प्रत्यक्ष प्रयोग अन्य विज्ञान।

7. परिपाणम्—परित्राण की शक्ति। अपने (पूर्ण) संरक्षण करने की शक्ति। (परि) सब प्रकार से अपने (प्राणं) संरक्षण करने की शक्ति।

सर्वस्व समर्पण त्याग का विधान स्वाहा

ये सात बल अपने अन्दर लाने चाहिएँ। इन बलों के उपयोग करने की रीति भी विभिन्न हो सकती है। प्रत्येक बल का और उसके प्रयोग का अच्छी प्रकार मनन—चिन्तन आवश्यक है। मनन—चिन्तन से उनको इस बात का पता लग सकता है। दूसरों के घात करने के कार्य में अपने बल का उपयोग करना तो सभी जानते ही हैं। परन्तु इस सूक्त में इन बातों का उपयोग ''स्वाहा'' विधि से करने को कहा है। 'स्वाहा' विधि का तात्पर्य

''आत्मसर्वस्व का समर्पण'' करना है। सभी की भलाई के लिए अंश का यज्ञ करना स्वाहा का आशय है।

यह उपदेश इस सूक्त में विशेष महत्व रखता है कि उस स्वाहा यज्ञ द्वारा उक्त शक्तियाँ अपने अन्दर बढ़ जायें और इसी स्वाहा विधि द्वारा उनका उपयोग किया जाए।

स्व=अपना } आत्म–सर्वस्व–समर्पण।
हा=त्याग

यह विधि आत्मयज्ञ का ही दूसरा नाम है। यह विधि शक्तियों के उपयोग करने की ब्राह्म पद्धति है। क्षात्रादि पद्धति में दूसरों का विनाश मुख्य है। ब्राह्म पद्धति में स्वाहा अर्थात् आत्मसमर्पण मुख्य है। समस्त शत्रुनाश या शत्रुसुधार इसी विधि से कैसे किया जाए यह एक विकट समस्या है। परन्तु विचार करने पर इस समस्या का हल स्वयमेव हो जाता है। क्योंकि यह स्वाहा विधि यज्ञ का मुख्य अंग ही है।

इस सूक्त में सात ऋचाएँ हैं। प्रत्येक ऋचा में जो शक्ति मांगी है, उसके साथ 'स्वाहा' का उल्लेख हुआ है। मनन–चिन्तन करने पर पता लग सकता है कि यह एक अनन्त अक्षय प्रचण्ड शक्ति है। यदि ये शक्तियाँ मनुष्य में विकसित हो गई, और साथ–साथ उनमें स्वार्थ भी बढ़ता गया तो अत्यधिक हानि की सम्भावना है। एक ही शारीरिक शक्ति की चर्चा करें। यदि कोई बलवान् मल्ल स्वार्थी हुआ तो वह बहुत कुछ हानि कर सकता है। इसके विपरीत यदि वही मल्ल अपनी शक्ति का उपयोग परोपकार के कर्म में करे, अथवा अपने शारीरिक बल को परमात्मा समर्पण में लगावे, तो कितना लाभ हो सकता है। इसी प्रकार अन्यान्य शक्तियों के विषय में जानना चाहिए। आत्मसमर्पण से ही शक्ति का सच्चा उपयोग हो सकता है, और स्वयं एवं लोक का सच्चा हित भी हो सकता है।

इसलिए इस सूक्त में सात बार 'स्वाहा' का उच्चारण करके आत्मसमर्पण का सबसे अधिक उपदेश दिया है। अर्थात् जो जो शक्ति मेरे अन्दर वृद्धि होगी, अति विकसित होगी, उस उसका उपयोग मैं आत्मसमर्पण की विधि से ही करूंगा। यह निश्चय प्रत्येक मनुष्य को करना चाहिए। तभी उसकी उन्नति होगी, और उसके प्रयत्न से लोक की भी उन्नति हो सकती है।।अथर्ववेद 2.17.1–7।

।।वायु देवता : अथर्ववेद 13.4.32।।

सर्वव्यापक ब्रह्म वायु

प्रजापत्यानुष्टुप्।

स वै वायोरजायत तस्माद्वायुरजायत।।32।।

वह देवता निश्चय से वायु से पैदा हुआ। यही देव धाता, विधाता, अग्नि, वायु, रुद्र, महादेव आदि है, अन्य सब देवता इसके अन्दर हैं। यह एक है, निस्सन्देह केवल एक है। जो इसको जानता है, वही तेजस्वी, वर्चस्वी, खानपानादि भोग से युक्त होता है। उसी से पदार्थ हुए हैं, और सब पदार्थों में वही विद्यमान है। यज्ञ भी उसी से हुआ, और यज्ञ में वही रहता है। वह भले और बुरे के पालन के लिए सब वनस्पतियाँ उपजाता है। यह सब उसकी ही महिमा है। इसके सैकड़ों, हजारों, करोड़ों शरीर हैं। वह अमर और मृत्यु से भी महान् है। उसी की सभी प्रकार की शक्तियाँ हैं। अतः शक्तियों की उपस्थिति उसमें है। ऐसी उपासना उसी देव की सबको करनी चाहिए।।अथर्ववेद 13.4. 32।।

।।वायु देवता : अथर्ववेद 2.20.1–5।।

अथर्वा 1–4 निचृद्विषमा गायत्री, 5 भुरिग्विषमा।

वायु देवता की महान पँच शक्तियाँ

वायो यत् ते तपस्तेन तं प्रति तप
योऽ३ ऽस्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मः।।1।।
वायो यत् ते हरस्तेन तं प्रति हर
योऽ३ ऽस्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मः।।2।।
वायो यत् तेऽर्चिस्तेन तं प्रत्यर्च
योऽ३ ऽस्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मः।।3।।
वायो यत ते शोचिस्तेन तं प्रति शोच
योऽ३ ऽस्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मः।।4।।
वायो यत् ते तेजस्तेन तमतेजसं कृणु
योऽ३ ऽस्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मः।।5।।

हे वायो! जो आपका तप है उससे उसको तप्त करो, जो हमसे द्वेष करता है, अथवा जिससे हम द्वेष करते हैं।। तपः–तपाना, तपना। कायिक, वाचिक, मानसिक तप से ही मनुष्य की शुद्धि होती है। तप का उद्देश्य शुद्धि करना ही है।।1।।

हे वायो! जो आपकी हरण करने की शक्ति है, उससे उसके दोष हरण करो, जो हमसे द्वेष करता है, अथवा जिससे हम द्वेष करते हैं। हरः– हरण करना, हर लेना। दोषों का हरण करना, दोषों को दूर करना।।2।।

हे वायो! जो आपकी संदीपन शक्ति है, उससे उसको संदीप्त करो। जो हमसे द्वेष करता है, अथवा जिससे हम द्वेष करते हैं। अर्चिः – अर्च धातु का अर्थ "पूजा एवं प्रकाश है।" दोष दूर होने पर यह होना है, उससे पूर्व नहीं।।3।।

हे वायो! जो आपकी शुद्ध करने की शक्ति है, उसके द्वारा उसको शुद्ध करो, जो हमसे द्वेष करता है, अथवा जिससे हम द्वेष करते हैं। शोचिः– शुद्ध करना 'शुच् शुद्धौ'। तप, दोषहरण और अर्चन के पश्चात् शोधन हुआ करता है। शोधन का अर्थ सूक्ष्म से सूक्ष्म दोषों को हटाना। स्थूल दोषों का हरण होता है, और सूक्ष्म दोषों का शोधन हुआ करता है।।4।।

हे वायो! जो आपका तेज है, उससे उसको तेजोहीन करो, जो हमसे द्वेष करता है, अथवा हम जिससे द्वेष करते हैं। तेजः– तेजन करना। 'तिज्' धातु का अर्थ तेज करना और पालन करना है। शस्त्र की धार तेज की जाती है, इस प्रकार का तेजन यहाँ अभीष्ट है। तीखा करना, तेज करना, बुद्धि की तीव्रता सम्पादन करना। अर्थात् हे वायो! आपके अन्दर जो "तप, हर, अर्चि, शोचि और तेज ये पाँच शक्तियाँ" हैं। इसलिए कृपा करके हमारे द्वेषी को इन शक्तियों से परिशुद्ध करो, उनको तपाकर, उनके दोषों को हरकर, उसमें आन्तरिक प्रकाश उत्पन्न करके, उसकी शुद्धि करके, और उसको अपने दिव्य तेज से प्रभावित करके शुद्ध करो। जिससे वह कभी किसी से द्वेष नहीं करे। हम सभी मिलजुलकर आनन्द से रहे।।5।।

वायु देव की पँच शक्तियाँ : सूक्त व्याख्या

इस सूक्त में वायु देव की पाँच शक्तियों का वर्णन है। ये पाँच शक्तियाँ "तपः, हरः, अर्चिः, शोचिः, तेजः" हैं। इन शक्तियों के द्वारा मनुष्यों का कायाकल्प होता है।

शुद्धि की विधि

हमें यहाँ शुद्धि की विधि के लिए इन पाँच गुणशक्तियों पर मनन–चिन्तन–विचार अवश्य करना चाहिए।

तपः– तपाना, तपना। इसका बहुत अधिक महत्व है। सुवर्णादि धातु अग्नि में तपने से ही शुद्ध होते हैं। कायिक, वाचिक, मानसिक तप से ही मनुष्य की शुद्धि होती है। तपना अनेक प्रकार से होता है। तप बहुत प्रकार के हैं, उन सबका उद्देश्य पूर्ण रूप से शुद्ध करना ही हैं।

हरः— हरण करना, हर लेना। दोषों का हरण करना, दोषों को दूर करना। सुवर्णादि धातुओं को अग्नि में तपाने से दोष दूर होते हैं, और उनकी शुद्धता होती है। इस प्रकार अन्यान्य तप करने से भी दोष दूर होते हैं, और शुद्धि होती है।

अर्चिः— अर्च धातु का अर्थ 'पूजा और प्रकाश' है। पूर्वोक्त दो विधियों द्वारा शुद्ध होने के पश्चात् यह पूजा या उपासना का प्रकाश उस मनुष्य के अन्दर डाला जा सकता है। दोष दूर होने के पश्चात् ही यह होना सम्भव है।

शोचिः— शुच् धातु का अर्थ शोधन करना है। शुद्धता करना। तप, दोषहरण और अर्चन के पश्चात् शोधन हुआ करता है। शोधन का अर्थ सूक्ष्मतम दोषों को हटाना। हरण और शोधन में जो भेद है, वह विचार करने योग्य है। स्थूल दोषों का हरण होता है, सूक्ष्म दोषों का शोधन होता है। इस प्रकार शोधन होने के पश्चात् अगला चरण आता है।

तेजः— तेजन करना है। तिज् धातु का अर्थ तेज करना और पालन करना है। शस्त्र की धार तेज की जाती है। इस प्रकार तेजन यहाँ अभीष्ट है। तीक्ष्ण करना, तेज करना, बुद्धि की तीव्रता सम्पादन करना।

उदाहरण के लिए लोहा लीजिए। पहले (तपः) तपाकर उसको गर्म किया जाता है, पश्चात् उसके दोष (हरः) दूर किए जाते हैं। उसके पश्चात् उसको किसी आकार में (अर्चिः) ढाला जाता है। अनन्तर पानी में बुझाकर उसे जल (शोचिः) पिलाया जाता है। तत्पश्चात् उस शस्त्र को तेज किया जाता (तेजः) है। यह शस्त्र निर्माण की साधारण प्रक्रिया है। इसमें भी न्यूनाधिक प्रमाण से इन विधियों की उपयोगिता होती है। फिर मनुष्य जैसे श्रेष्ठ जीव की शुद्धता के लिए इनकी उपयोगिता दूसरी रीतियों से होगी। तात्पर्य : "तपन, हरण, अर्चन, शोधन और तेजन" यह पाँच प्रकार की शुद्धि की विधि हैं। जिससे दोषी मनुष्य की शुद्धता हो सकती है। ये वैदिक रीति दुष्ट मनुष्य का सुधार करके उसको पवित्र महात्मा बनाने की है।

सूक्त का उद्देश्य : मनुष्य की शुद्धि

यह विधि मनुष्य पर किस प्रकार प्रयुक्त होती है, इसका विचार करना चाहिए। शुद्धि की रीति की पाँच विधियां हैं। अर्थात् पाँच स्थानों में शुद्धि होनी चाहिए, तब मनुष्य का दोष शुद्ध हो सकता है या मानवीय दोषों का शोधन हो सकता है।

वाणी का तप—सर्वप्रथम वाणी का तप करना चाहिए। जो शुद्ध होना चाहता है, या जिसके दोष दूर करने हैं, उसको सर्वप्रथम वाणी का तप करना आवश्यक है। सत्य भाषण, मौन आदि वाणी का तप प्रसिद्ध है। वाणी के

अन्दर जो दोष होंगे, उनको भी दूर करना चाहिए। वाणी में प्रकाश या प्रसन्नता लानी चाहिए। सावधानी से बोलना चाहिए, परिशुद्ध विचारों से युक्त ही बोलना चाहिए। इस प्रकार वाणी की शुद्धता करने के यत्न करने से वाणी का तेज अर्थात् प्रभाव बहुत बढ़ जाता है। परिणामतः हर एक मनुष्य उसके शब्द सुनने के लिए उत्सुक रहता है। (सूक्त 51)

प्राण का तप– प्राणायाम से प्राण का तप होता है। जिस प्रकार धोंकनी से वायु देने से अग्नि का दीपन होता है, उसी प्रकार प्राणायाम से शरीर के नसनाड़ियों की शुद्धता होकर तेज बढ़ जाता है। फलस्वरूप शरीर के दोष दूर हो जाते हैं, प्रकाश बढ़ता है, शोधन होता है, और तेजस्विता भी बढ़ जाती है। इस अनुष्ठान से मनुष्य निर्दोष हो जाता है।

नेत्र का तप– नेत्र द्वारा दुष्ट भाव से किसी की ओर नहीं देखना और मंगल भावना से ही अपनी दृष्टि का उपयोग करना नेत्र का तप है। यह विचारणीय है कि अपनी आँख से किस प्रकार पाप होते रहते हैं ? और किस प्रकार पतन होता है ? इससे बचने का यत्न प्रत्येक को करना चाहिए। इसी प्रकार अन्यान्य इन्द्रियों का संयम करना भी तप है, जो मनुष्य की शुद्धता कर सकता है। अपनी इन्द्रियों को बुरे पथ से हटाना और अच्छे पथ पर चलाना बड़ा महत्वपूर्ण तप है। इसी से दोष हटते हैं, शोधन होता है, और तेज में वृद्धि होती है।

मन का तप– सत्य पालन करना मन का तप है। मन से बुरे विचारों को हटाना भी तप है। इस प्रकार के मन के तप करने से मन के दोष दूर हो जाते हैं, मन पवित्र होता है, और शुद्ध होकर तेजस्वी होता है।

वीर्य का तप– शिश्न इन्द्रिय का, वीर्य का अथवा ''काम का तप ब्रह्मचर्य'' नाम से प्रसिद्ध है। ''ब्रह्मचर्य से सभी प्रकार की अपमृत्यु दूर होती'' हैं, और अनन्त प्रकार के लाभ होते हैं। इससे रोगादि भय दूर होते हैं, और निसर्ग का आरोग्य मिलता है। ब्रह्मचर्य सभी प्रकार से मनुष्य का उद्धार का हेतु है। अग्नि(वाणी), वायु(प्राण), सूर्य(नेत्र), चन्द्रमा(मन), आपः(वीर्य या रेतस) इन देवों के आश्रय से मनुष्य की शुद्धि होने का मार्ग यह है। प्रत्येक देवता की पाँच शक्तियों से मनुष्य के दोष हट जाते और उसमें गुण बढ़ जाते हैं। इस प्रकार क्रमशः मनुष्य शुद्ध होता हुआ उन्नत होता जाता है।

द्वेष करना : चित्त की भाव शुद्धि

इस सूक्त में कहा है, कि जो ''द्वेष'' करता है, उसकी शुद्धता तप आदि द्वारा करनी चाहिए। दूसरों से द्वेष करना इतना बुरा है, कि उससे अधिक बुरा और कोई कार्य नहीं है। यह सबसे बड़े भारी पतन का साधन है।

वर्तमान में दूसरों का द्वेष अधिक कहा जाता है। उसके विपरीत उन्नति का सच्चा मार्ग कम कहा जाता है। आत्मोन्नति के विषय पर चर्चा, मनन, चिन्तन नहीं होता, अपितु किसी न किसी की निंदा ही होती है। यह ध्रुव सत्य है कि अधिकांश जितना कुछ बोलते हैं, उनमें से बहुत सा भाग दूसरे की निन्दा या दूसरे से द्वेष का होता है। यह मनुष्यों की अवनति का प्रधान कारण है। यदि मनुष्य यह द्वेष करना छोड़ दे, तो उसका कितना कल्याण हो सकता है। परन्तु दूसरे से द्वेष करना बहुत प्रिय और रोचक लगता है। मनुष्य को पर पीड़ा का आनन्द विनाशक है। इसलिए मनुष्य द्वेष ही करता है, और गिरता जाता है।

इसलिए सूक्त की ऋचा द्वारा यह उपदेश दिया है, कि जो द्वेष करता है, उसकी शुद्धि, तप आदि से होनी चाहिए। क्योंकि सबसे अशुद्ध यदि कोई मनुष्य है, तो दूसरों से द्वेष करनेवाला ही है। वह स्वयं भी गिरता है, और दूसरों को भी गिराता है।

मन जैसा चिन्तन करता है, वैसा बनता है (यथा दृष्टि, तथा सृष्टि)। यह मन का धर्म है। जो लोग दूसरों से द्वेष करते हैं, वे दूसरों के दुर्गुणों का निरन्तर मनन करते हैं। इस कारण प्रतिदिन इनके मन में दुर्गुणों की संख्या बढ़ती रहती है। किसी कारण भी वह कम नहीं होती है। मन ही मनुष्य की अवस्था निश्चित करता है। ''जैसा मन वैसा मानव। यह नियम अटल है।'' जो मनुष्य दूसरों के दुर्गुणों का निरन्तर मनन करता है, उसका मन दुर्गुणमय बनता जाता है। अतः निन्दक मनुष्य दिन प्रतिदिन गिरता जाता है।

इसीलिए द्वेष करनेवालों को प्रायश्चित आदि तप अवश्य करने चाहिएँ। उन्हें अपनी शुद्धि करनी चाहिए। साथ ही आगे के लिए निन्दावृत्ति छोड़नी चाहिए। अन्यथा धोये हुए कपड़ों को फिर कीचड़ में फेंकने के समान दुरवस्था का सुधार हो ही नहीं सकता।

इन सब पर विचार मनन करके अपनी परीक्षा करें और अपनी पवित्रता करके अपने सुधार के मार्ग का आश्रयण करें। धर्म में नव प्रविष्ट या शुद्ध हुए मनुष्य होंगे, उनकी वास्तविक शुद्धि करने का अनुष्ठान भी इस सूक्त के मनन से ज्ञात हो सकता है। नव प्रविष्टों की इस प्रकार वास्तविक शुद्धि करने का मार्ग उनके लिए खुला होने से ही उनकी सच्ची उन्नति हो सकती है। परिणामतः वैदिक धर्म की विशेषता भी उनके मन में स्थिर हो सकती हैं।।अथर्ववेद 2.20.1–5।।

।।वायु देवता : अथर्ववेद 5.24.8।।

चतुष्पदाति शक्वरी।

वायु अन्तरिक्षाधिपति

वायुरन्तरिक्षस्याधिपतिः स मावतु।

अस्मिन् ब्रह्मण्यस्मिन् कर्मण्यस्यां पुरोधायामस्यां प्रतिष्ठायामस्यां।

चित्त्यामस्यामाकूत्यामस्यामाशिष्यस्यां देवहूत्यां स्वाहा।।8।।

मैं इस ब्रह्म यज्ञ में, इस कर्म में, इस पुरोहितों के अनुष्ठान में, इस प्रतिष्ठा में, इस चिन्तन में, इस संकल्प में, इस आशीर्वाद में, इस देवों की प्रार्थना में आत्मसर्वस्व का समर्पण करता हूँ। इस समय अन्तरिक्ष लोक का स्वामी वायु मेरी रक्षा करे। ज्ञानोपदेश का कर्म, अन्यान्य पुरुषार्थ, यजनयाजन, सबकी स्थिरता, और सुदृढ़ता बढ़ानेवाले कर्म, चित्त से चिन्तन, मनन संकल्प, आशीर्वाद लेना एवं देना, परमेष्ठी की स्तुति–प्रार्थना आदि कर्म और जो–जो अन्यान्य कर्तव्य कर्म मनुष्य करता है, उसमें सम्पूर्ण देवताएँ और उन देवताओं के प्रेरक परमात्मा मेरी रक्षा करें।।अथर्ववेद 5.24.8।।

।।वायु देवता : अथर्ववेद 6.81.2।।

अथर्वा (वातः)।अनुष्टुप्।

शोचयामसि ते हार्दि शोचयामसि ते मनः।

वातं धूम इव सध्रय1 ङ्. मामेवान्वेतु ते मनः।।2।।

आपके हृदय के भावों को उद्दीपित करते हैं। आपके मन को उत्तेजित करते हैं। वायु के पीछे जैसे धुआँ जाता है, उसी प्रकार आपका अनुकूल मन मेरे पास ही आवे।

इस ऋचा में परस्पर प्रेम और एकता का उपदेश है। मनुष्य का सिर और हृदय प्रेम से उत्तेजित होता है। इस प्रकार प्रेम से उत्तेजित हुआ और प्रेम से भरपूर मनुष्य ही इस जगत् में विशेष कार्य कर सकता है।

हृदय के अनुकूल मन ऐसा होवे, जिस प्रकार वायु की गति अनुकूल धुआँ होता है। सरस्वती अर्थात् विद्या को और भूमि अर्थात् मातृभूमि की भक्ति ये दोनों मन को ऐसा अनुकूल करें, कि वह कभी हृदय को छोड़कर अर्थात् उस उपासक के हृदय से दूर नहीं भाग जावें। इस प्रकार मन से सुविचार और हृदय से भक्ति करते हुए मनुष्य उन्नत हो सकते हैं।।अथर्ववेद 6.89.2।।

।।वायु देवता : अथर्ववेद 4.40.6।।

शुक्रः। त्रिष्टुप्।

अरिहंत वायु

ये3 ऽन्तरिक्षाज्जुव्हति जातवेदो व्यध्वाया दिशो भिदासन्त्यस्मान्।
वायुमृत्वा ते परांचो व्यथन्तां प्रत्यगेनान् प्रतिसरेण हन्मि।।6।।

हे सर्वज्ञ! जो अन्तरिक्ष से आहुति देते हैं, और विशेष मार्गवाली दिशा से हमारा नाश करना चाहते हैं। वे वायु को प्राप्त होकर पराभूत होकर कष्ट भोगें। मैं उनपर हमला करके उनका नाश करता हूँ।

वायु अरिहंत : शत्रु का नाश का भावार्थ

हमारा जो लोग नाश करते हैं, हमें दास बनाते हैं, अथवा अन्य प्रकार से सताते हैं, वे सब शत्रु हैं। उनका प्रतिकार करना चाहिए। शत्रुगण पीछे से, आगे से, दांयी ओर से, बांयी ओर से, नीचे से अथवा ऊपर से हमला करते हैं, और हमारा नाश करते हैं। किसी–किसी समय शत्रु छिप–छिपकर गुप्त रीति से घात करना चाहता है, जिसका साधारण रूप से पता भी नहीं चलता है। ऐसे गुप्त शत्रु का नाश करना बहुत कठिन कार्य है। सूक्त के रचनाकर ने इस सूक्त में उन शत्रुओं का वर्णन किया है जो अत्यधिक धर्म भाव का पाखण्ड दिखाकर गुप्त रीति से घात करते हैं। ये शत्रु (जुव्हति) हवन करने का यत्न दिखाते हैं, यज्ञ याग और सत्र का ढोंग रचकर आमजन का भला करने का मायाजाल रचते हैं। वे ऐसा विश्वास आमजन में उत्पन्न करके अन्दर–अन्दर से नाश करने की तैयारी करते हैं। ऐसे गुप्त शत्रु हवन में अविधियुक्त पदार्थ–मांस, मदिरा, नारी आदि प्रयुक्त करते हैं। जिनसे देश में रोगों की उत्पत्ति हो, और उनसे मनुष्यों को क्षय हो जावें, वेद के अनुसार यह ''राक्षस भावना यज्ञ'' है।

यज्ञ का और हवन का ढोंग रचकर ऐसे अनर्थकारक कर्म करनेवालों का प्रयत्न होता है, कि उससे जनता का बड़ा नाश हो। स्मरण रहे कि विधिपूर्वक किए गए वैदिक यज्ञयाग तो आरोग्य बढ़ानेवाला होते हैं, परन्तु ऐसे विधिहीन आहुति देने के प्रकार आमजन का घात करनेवाले होते है। ढोंग बढ़ाकर नाश करने के प्रकार इससे भी और अनेक हैं। कई शत्रु ऐसे होते हैं, कि जो उपकार करने का भाव दिखाकर अहित ही करते हैं, उन सब पर गम्भीर विचार करना चाहिए। ऐसे शत्रुओं का नाश करना बड़ा कठिन होता है, परन्तु उनका नाश तो अवश्य ही करना चाहिए। क्योंकि खुला हमला करनेवाले शत्रु से ये छिपकर नाश करनेवाले शत्रु बहुत घातक होते हैं। इनका नाश करने के लिए कुछ उपाय इस सूक्त में वर्णित हैं।

दिशा	देवता	गुण	कर्म
प्राची	अग्नि	ज्ञान, तेज	अज्ञान नाश
दक्षिणा	यम	नियमन	दुष्टों को दण्ड देना
प्रतीची	वरुण	निवारण	शत्रु का निवारण
उदीची	सोम	शान्ति	शान्ति का उपाय
ध्रुवा	पृथिवी	आधार	सज्जनों को आधार देना
अन्तरिक्ष	वायु	बल, जीवन	बल का उपयोग
ऊर्ध्वा	सूर्य	प्रकाश	प्रेरणा देना

दिशाओं के अनेक देवताओं के गुणधर्म देखने से हमें पता चल सकता है, कि अपने शत्रुओं को दूर करने के लिए क्या करना चाहिए। सर्वप्रथम अपने लोगों के अज्ञान का नाश करना चाहिए और उनको ज्ञान उत्तम प्रकार से देना चाहिए। इस ज्ञानसंवर्धन के कर्म में विरोध करनेवालों को दण्डित करना चाहिए और ताकि फिर कभी विरोध न करें, ऐसा योग्य शासन प्रबन्ध करना चाहिए। इतना करने पर भी जो शत्रुता करें, उनका सुप्रबन्ध द्वारा निवारण करना चाहिए। सर्वप्रथम शान्ति के उपायों से यह सुप्रबन्ध करना चाहिए, और यदि शान्ति से उक्त कार्य में असफलता हो तो शक्ति का भी उपयोग करके दुष्टों को हटाना चाहिए। सज्जनों की रक्षा और दुर्जनों का नाश करके लोक में अभ्युदय निःश्रेयस का मार्ग खोलना चाहिए। इस प्रकार व्यवस्था करने से लोक के अन्दर इतनी शक्ति बढ़ेगी, कि स्वयं उनके शत्रु दूर होंगे। उससे रुकावटें उत्पन्न करने वाले शत्रु उनको सताने में असमर्थ हो जाएंगे। शत्रु कैसा भी प्रयत्न करे, उस दिशा से अपनी रक्षा का साधन अपने पास पहले से ही तैयार होना चाहिए।

दूसरे शब्दों में शत्रु यदि ज्ञान से चढ़ाई करे, तो ज्ञान द्वारा उसका प्रतिरोध करना चाहिए। यदि शत्रु बल से हमला करे, तो बल से उसका निवारण करना चाहिए। इस प्रकार जिन शस्त्रों को लेकर शत्रु हम पर हमला करेगा, उनके निवारण करने का पूर्ण प्रबन्ध दूरदृष्टि से अपने पास रहना चाहिए। ऐसे शत्रु के निवारण का प्रबन्ध यदि हो, तभी लोक–आमजन में शान्ति, प्रगति और उन्नति हो सकती है। देश के शत्रु रहित होने से ही मनुष्यों को अभ्युदय और निःश्रेयस की प्राप्ति संभव है। शत्रु के लगातार हमले होने से उन्नति असम्भव है।

अतः काया, वाचा और मन से तथा अपने पास के अन्यान्य साधनों से शत्रुओं को दूर करने का प्रयत्न करना चाहिए। साथ ही अपना आत्मिक, अध्यात्मिक, दैविक, बौद्धिक, मानसिक, शारीरिक तथा अन्य सब प्रकार का बल

इतना बढ़ाना चाहिये कि जिससे अपने सामने शत्रु ठहर ही नहीं सकें।।अथर्ववेद 4.40.6।।

।।प्राणसूक्त : प्राण स्तुति।।

।।प्राण : अथर्ववेद 11.4.1–26।।

भार्गवो वैदर्भिः। (प्राणः)। अनुष्टुप् ; 1 शङ्.कुमती ; 8 पथ्यापङ्.क्तिः ; 14 निचृत; 15 भुरिक् ; 20 अनुष्टुब्गर्भा त्रिष्टुप् ; 21 मध्ये ज्योतिर्जगती ; 22 त्रिष्टुप् ; 26 बृहतीगर्भा।

प्राणाय नमो यस्य सर्वमिदं वशे।
यो भूतः सर्वस्येश्वेरो यस्मिन्त्सर्वं प्रतिष्ठितम्।।1।।
नमस्ते प्राण क्रन्दाय नमस्ते स्तनयित्नवे।
नमस्ते प्राणविद्युते नमस्ते प्राण वर्षते।।2।।
यत् प्राण स्तनयित्नुनाभिक्रन्दत्योषधीः।
प्र वीयन्ते गर्भान् दधतेऽथो बव्हीर्वि जायन्ते।।3।।
यत् प्राण ऋतावागतेऽभिक्रन्दत्योषधीः।
सर्वं तदा प्रमोदते यत् किं च भूम्यामधि।।4।।
यदा प्राणो अभ्यवर्षीद्वर्षेण पृथिवीं महीम्।
पशवस्तत् प्र मोदन्ते महो वै नो भविष्यति।।5।।
अभिवृष्टा ओषधयः प्राणेन समवादिरन्।
आयुर्वै नः प्रातीतरः सर्वा नः सुरभीरकः।।6।।
नमस्ते अस्त्वायते नमो अस्तु परायते।
नमस्ते प्राण तिष्ठत आसीनायोत ते नमः।।7।।
नमस्ते प्राण प्राणते नमो अस्त्वपानते।
पराचीनाय ते नमः प्रतीचीनाय ते नमः सर्वस्मै त इदं नमः।।8।।
या ते प्राणप्रिया तनूर्यो ते प्राण प्रयेसी।
अथो यद्भेषजं तव तस्य नो धेहि जीवसे।।9।।
प्राणः प्रजा अनु वस्ते पिता पुत्रमिव प्रियम्।
प्राणो ह सर्वस्येश्वरो यच्च प्राणति यच्च न।।10।।
प्राणो मृत्युः प्राणस्तक्मा प्राणं देवा उपासते।
प्राणे ह सत्यवादिनमुत्तमे लोक आ दधत्।।11।।
प्राणो विराट् प्राणो देष्ट्री प्राणं सर्व उपासते।
प्राणो ह सूर्यश्चन्द्रमाः प्राणमाहुः प्रजापतिम्।।12।।
प्राणापानौ व्रीहियवावनड्वान् प्राण उच्यते।

यवे ह प्राण आहितोऽपानो व्रीहिरुच्यते।।13।।
अपानति प्राणति पुरुषो गर्भे अन्तरा।
यदा त्वं प्राण जिन्वस्यथ स जायते पुनः।।14।।
प्राणमाहुर्मातरिश्वान् वातो ह प्राण उच्यते।
प्राणे ह भूतं भव्यं च प्राणे सर्वं प्रतिष्ठितम्।।15।।
आथर्वणीरांगिरसीर्दैवीर्मनुष्यजा उत।
ओषधयः प्रजायन्ते यदा त्वं प्राण जिन्वसि।।16।।
यदा प्राणो अभ्यवर्षीद्वर्षेण पृथिवीं महीम्।
ओषधयः प्रजायन्ते ऽथो याः काश्च वीरुधः।।17।।
यस्ते प्राणेदं वेद यस्मिंश्चासि प्रतिष्ठितः।
सर्वे तस्मै बलिं हरानमुष्मिल्लोक उत्तमे।।18।।
यथा प्राण बलिहृतस्तुभ्यं सर्वाः प्रजाः इमाः।
एवा तस्मै बलिं हरान् यस्त्वा शृणवत् सुश्रवः।।19।।
अन्तर्गर्भश्चरति देवतास्वाभूतो भूतः स उ जायते पुनः।
स भूतो भव्यं भविष्यत् पिता पुत्रं प्रविवेशा शचीभिः।।20।।
एकं पादं नोत्खिदति सलिलाद्धंस उच्चरन्।
यदंगस तमुत्खिदेन्नैवाद्य न श्वः स्यान्न रात्री
नाहः स्यान्न व्यु च्छेत् कदाचन्।।21।।
अष्टाचक्रं वर्त्तत एकनेमि सहस्राक्षरं प्र पुरो नि पश्चा।
अर्धेन विश्वं भुवनं जजान यदस्यार्धं कतमः सः केतुः।।22।।
यो अस्य विश्वजन्मन ईशे विश्वस्य चेष्टतः।
अन्येषु क्षिप्र धन्वने तस्मै प्राण नमोऽस्तु ते।।23।।
यो अस्य सर्वजन्मन ईशे सर्वस्य चेष्टतः।
अतन्द्रो ब्रह्मणा धीरः प्राणो मानु तिष्ठतु।।24।।
ऊर्ध्वः सुप्तेषु जागार ननु तिर्यङ्. नि पद्यते।
न सुप्तमस्य सुप्तेष्वनु शुश्राव कश्चन।।25।।
प्राण मा मत् पर्यावृतो न मदन्यो भविष्यसि।
अपां गर्भमिव जीव से प्राण बध्नामि त्वा मयि।।26।।

जिसके वश में यह समूचा संसार है (यः सर्वस्य ईश्वरः भूतः), जो सबका स्वामी हुआ (यस्मिन् सर्वे प्रतिष्ठितम्), जिसमें सब कुछ प्रतिष्ठित है, ऐसे (प्राणाय नमः) उस प्राण के लिए नमस्कार हो (ईश्वरः– स्वामी, (ईश, ईशन))।।1।।

हे प्राण गर्जना करने वाले आपको नमस्कार हो। मेघों में नाद करने वाले आपको नमस्कार हो। हे प्राण! चमकने वाले आपको नमस्कार हो, और हे प्राण! वृष्टि करनेवाले आपको नमस्कार हो।।2।।

हे प्राण! जब वह मेघों के द्वारा ओषधियों के सम्मुख गर्जना करता है। उससे वे ओषधियाँ तेजस्वी होती हैं, गर्भ धारण करती हैं और बहुत विस्तार को प्राप्त होती हैं।।3।।

हे प्राण! समय के आने पर ओषधियों के सामने आप गर्जना करते हो, तब जो कुछ इस भूमि पर है सब प्रसन्न हो जाते हैं।।4।।

जब प्राण वृष्टि द्वारा इस विस्तृत पृथिवी पर वर्षा करता है, तब पशु प्रसन्न होते हैं, कि हमारी निश्चय से वृद्धि होगी। (मही–विस्तृत।)।।5।।

वृष्टि होने के पश्चात् ओषधियाँ प्राण के साथ संवाद करती हैं। हे प्राण! आपने निश्चय से हमारी आयु बढ़ाई है, और हम सबको सुगन्धित किया है।।6।।

आनेवाले आप प्राण के लिए नमस्कार हो। गमन करनेवाले प्राण के लिए नमस्कार हो। हे प्राण! स्थिर रहनेवाले आपको नमस्कार हो और बैठनेवाले आपको नमस्कार हो।।7।।

हे प्राण! जीवना का कार्य करनेवाले आपको नमस्कार हो। अपान का कार्य करनेवाले आपको नमस्कार हो। आगे बढ़नेवाले आपको नमस्कार हो, और पीछे हटने वाले प्राण के लिए नमस्कार हो। सब कार्य करनेवाले आपके लिए यह नमस्कार हो।।8।।

हे प्राण! जो आपका प्राणमय प्रिय शरीर है, और जो आपको प्राणापान रूप प्रिय भाग है, तथा जो आपका औषध है, वह उसके दीर्घजीवन के लिए हमें प्रदान करो।।9।।

जिस प्रकार पिता प्रिय पुत्र के साथ रहता है, उसी प्रकार प्राण समूची प्रजाओं के साथ रहता है। जो प्राण धारण करते हैं और जो नहीं धारण करते प्राण उन सबका ईश्वर है।।10।।

प्राण ही मृत्यु है, प्राण ही जीवनशक्ति है। इसलिए सभी देव प्राण की उपासना करते हैं। प्राण ही सत्यवादी को उत्तम लोक में पहुंचाता है।।11।।

प्राण विशेष तेजस्वी है। प्राण ही सबका प्रेरक है। इसलिए सभी प्राण की उपासना करते हैं। सूर्य और चन्द्रमा प्राण हैं, और प्रजापति को भी प्राण ही के नाम से पुकारते हैं।।12।। अर्थात! प्रजापति, सूर्य, चन्द्र आदि प्राण हैं।

चावल और जौ (खाद्यान्न) प्राण और अपान हैं। बैल भी प्राण कहा जाता है। जौ में प्राण रखा हुआ हैं, और चावल अपान कहे जाते हैं।।13।। यहाँ खाद्यान्न को प्राण कहा गया है।

जीव गर्भ के अन्दर रहता हुआ प्राण और अपान के व्यापार करता है, हे प्राण! जब आप प्रेरणा देते हैं तब ही वह जीव पुनः पैदा होता है।।14।।

मातरिश्वा को भी प्राण कहते हैं, वायु को भी प्राण कहा जाता है। वायु का एक नाम मातरिश्वा है। भूत और भविष्यत् तथा वर्तमान काल में जो कुछ है, वह सभी प्राण में प्रतिष्ठितम् है।।15।।

हे प्राण! जब आप प्रेरणा करते हैं, तब ही आथर्वणी, आंगिरसी, दैवी, और मनुष्यकृत ओषधियाँ फल देती हैं।।16।।

जब प्राण वृष्टि द्वारा इस विस्तृत पृथिवी पर बरसता है, तब सभी ओषधियाँ या वनस्पतियाँ बढ़ जाती हैं।।17।।

हे प्राण! जो मनुष्य आपकी इस शक्ति को जानता है और जिसमें आप प्रतिष्ठित होते हैं। इस उत्तम संसार में सब उसके लिए सत्कार का समर्पण करते हैं।।18।।

हे प्राण! जैसे आपके लिए ये सारी प्रजायें सत्कार का समर्पण करती हैं, उसी प्रकार जो यशस्वी है, तथा आपके सामर्थ्य को सुनता है, उसके लिए भी सत्कार समर्पित करते हैं।।19।।

देवताओं में व्याप्त यह प्राण गर्भ के अन्दर चलता है। जो पहिले हुआ था वह ही फिर उत्पन्न होता है। जो पहिले हुआ था, वह ही अब होता है, और आगे भी होगा। पिता अपनी सब शक्तियों के साथ पुत्र में प्रविष्ट होता है।।20।। गर्भस्थ शिशु में भी प्राण होता है।

जल से हंस ऊपर उठता हुआ एक पैर नहीं उठाता है। हे प्रिय! यदि उस पैर को उठा दे, तो आज, कल, रात्री, दिन, प्रकाश, और अन्धेरा कुछ भी नहीं हो।।21।।

आठ चक्रोंवाला, हजार अक्षरोंवाला तथा जिसके एक ही धुरा है ऐसा यह प्राण का रथ आगे और पीछे चलता है। आधे भाग से सम्पूर्ण विश्व को पैदा करता है, जो इसका आधा भाग शेष है वह किसका चिन्ह है ?।।22।।

हे प्राण! जो सबको जन्म देनेवाले और इस सब हलचल करनेवाले जगत् का जो ईश है, तथा अन्यों में शीघ्र गतिवाले आपके लिए नमस्कार हो।।23।।

इस जन्मधारण करनेवाले और हलचल करनेवाले सबका जो ईश्वर है, वह धैर्यमय प्राण आलस्य रहित होकर आत्मशक्ति से युक्त होता हुआ मेरे पास सदा रहे।।24।।

सबके सो जाने पर यह प्राण खड़ा रहकर जागता है, कभी तिरछा नहीं गिरता। सबके सो जाने पर इसका सोना किसी ने भी नहीं सुना।।25।।

हे प्राण! मेरे से पृथक् न होओ। आप मुझ से दूसरे मत होओ। पानी के गर्भ के समान है प्राण! जीवन के लिए अपने अन्दर आपको बांधता हूँ।।26।।

सभी का उत्पत्ति धारक और समस्त क्रियाशीलता युक्त ईश्वर–प्राण धर्यमय है। प्राण आलस्य रहित होकर आत्मशक्ति से सम्बद्ध होता हुआ हमारे में विराजमान रहे।

मन्त्रद्रष्टा ऋषिवर ने अलंकारिक भाषा में कहा है कि प्राण सभी के सो जाने पर भी जागता रहता है वह कभी तिरक्षा नहीं गिरता। सभी के निद्रा लेने पर प्राण का शयन किसी ने नहीं देखा। इस ऋचा में ऋषि ने स्पष्ट किया है कि प्राणीमात्र में जाग्रत–सुप्त अवस्था में प्राण चैतन्य रहता है। अन्तिम छब्बीसवीं ऋचा में ब्रह्मज्ञानी ऋषि ने सृष्टिविद्या का सूत्र दिया कि गर्भ में भी जीव प्राणवान होता है।

अपनी उत्पत्ति स्थान का विचार, अपनी उन्नति के लिए कमर कस कर उठना, सीधा सरल भाषण करना, मन के भाव उत्तम करना, ज्ञान और त्याग भाव बढ़ाना, प्राप्त धन परोपकार में लगाना, सब मनुष्यों को उत्तम विचार धारण करने, एकता बढ़ाने और परोपकार करने की ओर प्रवृत्त करना, सामर्थ्य बढ़ाने के लिए अपने आपस की संघटना करना, अपने समाज के अन्दर जो संकुचित विचार के हों उन्हें भी उदार बनाना, इस पूर्ण तैयार के पश्चात् सब मानसिक संकल्पों की सफलता होने संभव है।

संकल्पों के पूर्व इतनी सहायक शक्ति उत्पन्न होनी चाहिए। उसके पश्चात ही संकल्प सिद्ध होंगे। इसका मनन–चिन्तन–विचार करके ही इस शक्ति को उत्पन्न करने का प्रयत्न करें। इसके अनन्तर सब स्थानों में उसको प्राणशक्ति साक्षात् होती है। सभी स्थान से उसकी पुष्टि होती है। वह सदा प्रसन्नता बढ़ानेवाली ही भाषा बोलता है। इसलिए तेजस्विता के साथ वह अभ्युदय को प्राप्त होता है।।

।।वायु देवता : अथर्ववेद 4.39.2–4।।

अंगिरा। देवता–नानादेवताः।संनमि।

पृथिवी धेनुस्तस्या अग्निर्वत्सः। सा मेऽग्निना वत्सेनेषमूर्जं कामं दुहाम्।

आयुः प्रथमं प्रजां पोषं रयिं स्वाहा।।2।।
अन्तरिक्षे वायवे समनमन्त्स आर्ध्नोत्।
यथान्तरिक्षे वायवे समनमन्नेवा मह्यं संनमः सं नमन्तु।।3।।

भूमि गाय है, अग्नि उसका बछड़ा है। वह गाय अग्निरूपी बछड़े के साथ मेरे लिए अन्न, बल को इच्छानुसार देवे। उत्तम आयु, प्रजा, पुष्टि और धन प्रदान करे। मै समर्पण करता हूँ। अर्थात् पृथिवी रूपी गो का अग्नि बछड़ा है। उसकी शक्ति से हमें अन्न, बल, दीर्घ आयु, सन्तति, पुष्टि और धन प्राप्त हो।।2।।

वायु सूक्तों का मर्म
अग्नि व्याख्या

जो अन्तरिक्ष में वायु के आगे नम्र हुआ वह समृद्ध हुआ। जिस प्रकार अन्तरिक्ष में वायु के सामने सभी झुकते हैं, उसी प्रकार मेरे सम्मुख सन्मान के लिए मनुष्य नम्र हों। अर्थात् अन्तरिक्ष में वायु का सन्मान होता है, क्योंकि उसमें बल बढ़ा हुआ है। बल के बढ़ने से जैसे वायु का सन्मान होता है, उसी प्रकार बल के कारण हमारा भी सम्मान बढ़े। आत्मशुद्धि के लिए अत्यन्त उत्तम है। इसी मार्ग से इनकी पवित्रता हो सकती है।।3।।

इन ऋचाओं के अनुसार हमें अनेक शक्तियों से सहायता मिलती है। इसका उल्लेख है : सबसे प्रथम देवियों अथवा माताओं की सहायता मिलती है, जिनकी कृपा के बिना मनुष्य का उद्धार होना असंभव है। तत्पश्चात् सरलवाणी से सहायता प्राप्त होती है। मनुष्य के पास सरल भाव से बोलने की शक्ति नहीं हो तो उसकी उन्नति असंभव है। इसके अनन्तर श्रेष्ठ मन के भाव से जो सहायता होती है, वह अपूर्व ही है। इसके पश्चात् ज्ञानी और ब्रह्मज्ञानी सहायता देते हैं। इनमें ब्रह्मा तो अन्तिम मंजिल तक पहुंचा देता है। ये सब उन्नति के उपाय योग्य राजा की रक्षा में सहायक हो सकते हैं। यानी सुराज्य हो अर्थात् राज्य का सुप्रबन्ध हो तभी सब प्रकार की उन्नति संभव है।

इसके साथ वनस्पतियाँ और सबका आदान करनेवाला सूर्य का प्रकाश ये बल और आरोग्यवर्धक होने से सहायक हैं। उसी के साथ अन्त में विशेष महत्व की सहायता सर्वव्यापक देवता की है। जो सर्वोपरि होने से सबका परिपालक और सबका चालक है, और इसकी सहायता सभी के लिए

आवश्यक है। जन्म से लेकर मुक्ति तक इस प्रकार की सहायताएँ मिलती हैं और इनकी सहायतायें लेता हुआ मनुष्य अपने परम उत्पत्ति स्थान से यहाँ आकर फिर वहाँ ही पहुंचता है। इन शब्दों से सूचित होनेवाले अन्यान्य अर्थों का विचार से अधिक बोध प्राप्त कर सकते हैं।

सम्भूय समुत्थान : इस सूक्त में एकता का सन्देश स्पष्ट शब्दों द्वारा दिया गया है। ''बल की उत्पत्ति के लिए हम संघटना करते हैं।'' सम्भूय समुत्थान के बिना शक्ति नहीं होती। इसलिए अपनी सहकारिता करके शक्ति बढ़ाने का उपदेश यहाँ किया है। सब मनुष्य जब सहकारिता करने लगेंगे उस समय परस्पर उत्तम मन के साथ व्यवहार करेंगे। यदि ऐसा नहीं करेंगे तो संघ शक्ति बढ़ नहीं सकती। यह उत्तम सौमनस्य का व्यवहार सिद्ध होने के लिए ज्ञान और आत्मसमर्पण भाव बढ़ाओ। संघ शक्ति के लिए इनकी अत्यन्त आवश्यकता है। मनुष्य की उन्नति तो व्यक्तिशः और संघशः होनी है। इसलिए पहले वैयक्तिक उन्नति के उपदेश देकर पश्चात् सांघिक उन्नति के निर्देश किये हैं। इस प्रकार दोनों मार्गों से उन्नति हुई, तभी पूर्ण उन्नति हो सकती है।

'वाजस्य प्रसवे सं बभूविभ'। यह ऋचा बहुत दृष्टि से मनन करने योग्य है। यहां 'वाज' शब्द के अर्थ देखिए– 'युद्ध में जय, अन्न, जल, शक्ति, बल, धन, गति, वाणी का बल'। ये अर्थ ध्यान में धारण करने से इस ऋचा भाग का अर्थ इस प्रकार होता है : 'हम युद्ध में जय प्राप्त करने के लिए संगठन करते हैं। अन्न, जल, खाद्य, पेय और धनादि ऐश्वर्यों भोग के पदार्थ प्राप्त करने के लिए आपस की एकता करते हैं। अपनी वाणी का बल बढ़ाने के लिए अर्थात् अपने मत का प्रभाव बढ़ाने के लिए अपनी संघटना करते हैं। अपने एक मत से जो शब्द हम बोंलेंगे, वे निस्सन्देह अधिक प्रभावशाली बनेंगे। हमारी प्रगति और उन्नति का वेग बढ़ाने के लिए भी हम अपनी सहकारिता बढ़ाते हैं।

उन्नति के लिए कंजूसी भाव घातक है। अतः कहा है कि ''कंजूस को भी, अदान शील को भी दान की ओर झुकाओ। क्योंकि उदारता से ही संघटना होती है और अनुदारता से बिगड़ती है। अपने पास धन तो चाहिए, परन्तु वह 'संपूर्ण वीरत्व के गुणों के साथ धन चाहिए।'' अन्यथा कमाया हुआ धन कोई उठाकर ले जाएगा। अतः वीरता के साथ रहनेवाला धन कमाने का उपदेश यहाँ दिया गया है।

इस रीति से उन्नत हुआ मनुष्य ही कह सकता है, कि मुझे पाँचों दिशायें यथाशक्ति बल प्रदान करें। उसके मन से तथा हृदय से जो संकल्प हैं वे पूर्ण हो जायें। इसके ये संकल्प निस्सन्देह पूर्ण हो जाते हैं।

हर एक के मन में अनेक संकल्प उठते हैं, परन्तु किसके संकल्प सफल होते हैं ? संकल्प तभी सफल होंगे, जब उन संकल्पों के पीछे प्रबल शक्ति होगी अन्यथा संकल्पों की सिद्धि असंभव है। इस सूक्त में संकल्पों के पीछे शक्ति उत्पन्न करने के विषय का बड़ा आन्दोलन किया (सविस्तार व्याख्या) है।

सबको अपने मन में सबसे प्रथम धारण करनी चाहिए। परमात्मा की विशाल अग्नि संपूर्ण जगत् में जल रही है, और उसके अन्दर अपनी एक चिंगारी है, वह भी उसके साथ ही चमक रही है। अपने अन्दर और चारों ओर बाहर भी उस परमात्माग्नि तेज भरा पड़ा है। जिस प्रकार अग्नि में तपता हुआ सुवर्ण शुद्ध होता है। उसी प्रकार परमात्मा में तपनेवाला जीवात्मा शुद्ध हो रहा है। परमात्मा के पूर्ण आधार में विराजता हूँ, इसलिए मैं निर्भय हूँ। मुझे डरानेवाला कोई नहीं है। यह विश्वास उपासक के मन में स्थिर करने का यत्न किया है। यह आत्मा कैसी है, और उसके गुण धर्म क्या हैं इसका वर्णन द्रष्टव्य है– ऋषीणां पुत्रः अभिशस्तिपा।

'यह आत्मा ऋषियों का पुत्र है और विनाश से बचानेवाला है।' अनेक ऋषियों का मिलकर यह एक ही पुत्र है। अर्थात् अनेक ऋषियों ने मिलकर इसकी खोज की और इसका अविष्कार किया है। इसलिए यह ऋषियों का पुत्र है, ऐसा माना जाता है। यह इसका एक अर्थ है। इसका दूसरा भी एक अर्थ है और वह विशेष विचारणीय है। ऋषि शब्द का दूसरा अर्थ 'इन्द्रिय' है। सात ऋषि का अर्थ सात इन्द्रियाँ हैं। क्योंकि आत्मा ही सबको उच्च भूमि में ले जाती है, और हीन अवस्था में गिरने को बचाती है। इसलिए इसकी उपासना हर एक को करनी चाहिए।

नमस्कार से उपासना : इस आत्मा की उपासना नमस्कार से ही की जाती है। नम्र होकर, अपने को नम्र करके, नमस्कार द्वारा अपना सिर झुकाकर अर्थात् अपने आपको उसके लिए पूर्णता से समर्पण करके ही अपने अन्तर्यामी आत्मा की उपासना करनी चाहिए।

नमसा नमस्कारेण जुहोमि।

'नम्र नमस्कार से आत्मसमर्पण करता हूँ।' यहाँ 'जुहोमि' शब्द समर्पण अर्थ में है। यज्ञ में हवन का भी यह ही अर्थ है। ''अपने पदार्थों–द्रव्यों का दूसरों की भलाई के लिए समर्पण करने का नाम हवन है।'' यहाँ नमस्कार से

हवन करना है, यहाँ नमन द्वारा अपना सिर झुकाकर आत्मसमर्पण करने का भाव है। इस प्रकार के श्रेष्ठ कर्म में मिथ्या व्यवहार नहीं होना चाहिए। क्योंकि मिथ्या व्यवहार से ही सब प्रकार की हानि होती है, इसलिए कहा है कि–

देवानां भागं मिथुया मा कर्म।

''देवों के प्रीत्यर्थ करने के कार्यभाग को मिथ्याचार से मत दूषित करना।'' यह आदेश हर एक देवयज्ञ के विषय में मन में धारण करने योग्य है। कई लोग दंभ से संध्या करने बैठते हैं तथा अन्य प्रकार से मिथ्या व्यवहार ढोंग से रचते हैं। परन्तु ये किसको ठगने का विचार रखते हैं ? परमात्मा को छलना तो असम्भव है। यह स्मरण रहे कि परमेष्ठी सर्वत्र है। अतः ऐसे धर्मकर्मों में जो छलने का विचार करते हैं, वे अन्त में अपने को ही छलते हैं और अपनी ही हानि करते हैं। इसलिए किसी से भी मिथ्याव्यवहार उचित नहीं है। ईश्वर सर्वज्ञ है, वह हर एक के मनोगत को तत्काल ही जानता है। उससे छिपकर कोई कुछ नहीं कर सकता है। इसलिए कहा है कि –

विश्वानि वयुनानि विद्वान्।

'सब कर्मों को यथावत् जाननेवाला परमेष्ठी है'। मनुष्य जो भी कर्म करता है, परमेश्वर उसी समय उसको जान लेता है। मनुष्य का कर्म बुद्धि में, मन में, जगत् में कहीं भी हो परमेष्ठी उसी क्षण उसको जान लेता है। अतः ऐसी अवस्था में मनुष्य का मिथ्याव्यवहार करना सर्वथा अनुचित है। मनुष्य को उन्नति प्राप्त करने की इच्छा हो तो हृदय और मन से जितने पवित्र कर्म हो सकते हैं, उतने करने चाहिएँ।

हृदा मनसा पूतं जुहोमि।

हृदय से और मन से जितनी पवित्रता की जा सकती है, उतनी पवित्रता से पवित्र पदार्थों का ही सत्कर्म में समर्पण करना चाहिए। पवित्रता से उन्नति और मलिनता से अवनति होती है। यह उन्नति और अवनति का नियम हर एक को स्मरण में रखना चाहिए।

सप्तमुखी अग्नि– ''परमात्मा और जीवात्मा ये दो अग्नियाँ हैं।'' अग्नि 'सप्तास्य' अर्थात् सात मुखवाला होता है। यहाँ भी उसके साथ मुखों का वर्णन किया है। यह आत्मा सप्तमुखी है, सात मुखों से खाता है। पँच ज्ञानेन्द्रिय मन तथा बुद्धि ये उसके सात मुख हैं। बुद्धि से ज्ञान, मन से मनन और अन्य पाँच ज्ञानेन्द्रियों से पँच विषयों का ग्रहण यह करता है। इन सात मुखों से आत्मा अपना भक्ष्य खा रहा है। अपना भोग्य भोग रहा है। इस आत्माग्नि में पाँच ऋत्विज हवन कर रहे हैं। इस विविध प्रकार के कथन का एक ही तात्पर्य है।

इनके सात मुखों में ह्रदय से एवं पवित्रता से द्रव्य, पदार्थ अर्पण करने चाहिये।।ऊँ।।

अग्नि का आदर्श – इस सूक्त में अग्नि के आदर्श से मनुष्य के अभ्युदय साधन करने के मार्ग का उत्तम उपदेश किया है। इस सूक्त का ध्येय वाक्य यह है : वर्चसा मा अभ्युदिहि।

"तेज के साथ मेरा सब प्रकार से उदय कर।" यह हर एक मनुष्य की इच्छा होनी चाहिए। यह साध्य सिद्ध होने के लिए साधन के आवश्यक मार्ग है। इस सूक्त में उत्तम प्रकार से कहे गये हैं। अग्नि के सन्दर्भ में कहा है : 'यज्ञ में जो अग्नि लेते हैं, उसे काष्ठ से उत्पन्न करते हैं। काष्ठ स्वयं प्रकाशित नहीं है, परन्तु उनसे उत्पन्न होनेवाला अग्नि (जातः अरोचथाः।) उत्पन्न होते ही प्रकाशित होता है। पश्चात् उसे हवन कुण्ड में रखते हैं। वहाँ वह स्वयं बढ़ता है, और दूसरों को भी प्रकाशित करता है। इस समय उसके चारों ओर ऋत्विज लोग मंत्र पाठ करते हैं, और हवन करते हैं। इस समय इस अग्नि के साथ अनेक हवन कुण्डों में अनेक अग्नि प्रज्ज्वलित होती हैं। इससे (ब्रह्म यज्ञं च वर्धय।) ज्ञान और यज्ञ की वृद्धि होती है। यज्ञ में सभी (जनः संगत्यां सुमनाः।) मिलकर उत्तम विचार कार्य करते हैं तथा (प्रसवे सं बभूविम।) ऐश्वर्य (अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक) प्राप्ति के लिए एक होकर कार्य करते हैं। इस प्रकार के यज्ञ से यज्ञकर्ता तेजस्वी होकर अपना अभ्युदय सिद्ध करते हैं।

यह मूलरूप से यज्ञ प्रक्रिया है। इसलिए इसमें काष्ठ से उत्पन्न छोटी सी अग्नि की चिन्गारी का बहुत यश बढ़ता है। यह अग्नि अनेक मनुष्यों की उन्नति करने में कैसी समर्थ है, यह मनन करने का विषय है। यह अग्नि की छोटी सी चिन्गारी तेजी के साथ बढ़ जाने से इतना अभ्युदय हो सकता है, तो मनुष्य के अन्दर की चैतन्य की चिन्गारी इसी प्रकार प्रकाश के मार्ग से चलेगी, तो कितना अभ्युदय प्राप्त करेगी।

उत्पत्ति स्थान का स्मरण : सर्वप्रथम अपने उत्पत्ति स्थान का स्मरण करने का उपदेश है। 'यह आपका उत्पत्ति स्थान है। यहाँ उत्पन्न होते ही आप प्रकाशते हैं। यह जानकर स्वयं बढ़ने का यत्न कर और हमारी भी शोभा वृद्धि कर। यह उपदेश मनन करने योग्य है। उत्पत्ति स्थान कई प्रकार का होता है। अपना कुल, अपनी जाति, अपना देश, ये तो स्थूल दृष्टि से तो उत्पत्ति के स्थान है। इन उत्पत्ति स्थानों का स्मरण करके अपनी उन्नति करनी चाहिए। दूसरा उत्पत्ति स्थान "अध्यात्मिक" है। यह प्रकृति माता और परमपिता से सम्बन्ध रखता है। यह भी अध्यात्मिक उन्नति के लिए मननीय

है। उत्पत्ति स्थान का विचार करने से 'मैं कहाँ से आया हूँ, मुझे कहाँ जाना है इसका विचार करना सुगम हो जाता है। जहाँ कहाँ भी उत्पत्ति हुई हो, वहाँ से अपनी शक्ति से प्रकाशना, बढ़ना और दूसरों को प्रकाशित करना चाहिए।

(इह अच्छा वद) यहाँ सबसे सरल भाषण कर (प्रत्यङ्. सुमनाः भव) प्रत्येक के साथ उत्तम मनोभावना से वर्ताव कर, अपने पास जो हो, वह दूसरों की भलाई के लिए दान करें। वैदिक ऋचा के तीन उपदेश—वाक्यशुद्धि, मनशुद्धि, कार्यशुद्धि हैं। अन्तरिक्ष गाय है, और उस अन्तरिक्ष रूपी गायका बछड़ा वायु है। वह गाय अपने बछड़े वायु के साथ मेरे लिए इच्छानुसार अन्न और बल को दुहे। उत्तम आयु, सन्तान, पुष्टि तथा धन को देवे, मैं समर्पण करता हूँ। अन्तरिक्ष रूपी धेनु का वायु बछड़ा है, उसकी शक्ति से मुझे अन्न, बल, दीर्घ आयु, सन्तान, पुष्टि और धन प्राप्त हो।

अन्तरिक्षं धेनुस्तस्या वायुर्वत्सः। सा मे वायूना वत्सेनेषमूर्जं कामं दुहाम्।
आयुः प्रथमं प्रजां पोषं रयिं स्वाहा।।4।।

उन्नति का मार्ग : "मनुष्य की उन्नति उसमें सद्‌गुणों की वृद्धि होने से ही हो सकती है।" इन सद्‌गुणों की वृद्धि मनुष्य में करने के हेतु से वेद में अनेक प्रकार के उपाय वर्णित हैं। इस सूक्त में इसी उद्देश्य से चार देवताओं के द्वारा सद्‌गुण बढ़ाने का उपदेश दिया है। देवताओं में जिन गुणों की प्रधानता होती है, वे गुण मनुष्य में बढ़ने चाहिएँ। इन देवताओं के गुण इस प्रकार हैं :

लोक	देवता	गुण	मनुष्य में रूप
1. पृथिवी	अग्नि	तेज, उष्णता	शब्द
2. अन्तरिक्ष	वायु	बल, जीवन	प्राण
3. द्यु	सूर्य	प्रकाश	दृष्टि
4. दिशा	चन्द्र	शान्ति	मन

ये लोक देवता के गुण हैं। देवताओं के गुण अथवा बल मनुष्य के अन्दर किस रूप में दिखाई देते हैं, इसका भी पता इससे ज्ञात हो सकता है। मनुष्य को प्रभाव बढ़ाना हो तो इन गुणों के सत्व की वृद्धि होने से ही बढ़ा सकता है, दूसरा कोई उपाय नहीं है। पृथिवी लोक में अग्नि प्रतिष्ठा को इसलिए प्राप्त हुआ है, कि उसमें उष्णता और तेजस्विता बढ़ी हुई है। वह अपनी दाहक शक्ति से सबको जला सकता है। अतः उसका प्रभाव सब पर जमा हुआ है। यदि मनुष्य को अपना प्रभाव बढ़ाना है, तो उसको भी अपने अन्दर तेजस्विता बढ़ानी चाहिए। तेजस्विता बढ़ने से उसका सम्मान अवश्य बढ़ेगा।

इसी प्रकार अन्तरिक्ष में वायु का विशेष महत्व है। क्योंकि वह सबको जीवन, बल और गति देता है। मनुष्यों को उचित है, कि वे अपने अन्दर में बल की वृद्धि करें और अपना जीवन उत्तम करें। दूसरों में चेतना उत्पन्न करें, और सब हलचलों का प्राण बनकर रहें। जो मनुष्य अपनी शक्ति इस प्रकार वृद्धि करेगा, वह सम्मानित हो जाएगा।

द्युलोक में सूर्य का बहुत सम्मान है। क्योंकि उसका प्रकाश सबसे अधिक होता है। उसके सन्मुख अन्य तेजस्वी पदार्थ निस्तेज हो जाते हैं। ऐसा प्रकाशमान होने से उसका सम्मान सभी करते हैं। जो मनुष्य अपना महत्व बढ़ाना चाहता है, उसको चाहिए, कि वह अपने अन्दर दिव्य प्रकाश में वृद्धि करे और सूर्य के समान ग्रहोपग्रहों में मुख्य बने।

इसी प्रकार चन्द्रमा की प्रतिष्ठा उसकी शान्ति के कारण है। जिस मनुष्य में शान्ति स्थिर होती है उसकी भी प्रतिष्ठा सर्वत्र बढ़ती है। इस प्रकार इन देवताओं से मनुष्य उपदेश प्राप्त कर सकता है, और अपनी उन्नति कर सकता है। उन्नति का मार्ग अपने अन्दर इन गुणों की वृद्धि करना ही अथवा इनके गुणों को विकसित करना है। इन सद्गुणों की वृद्धि से ही अन्न, बल, दीर्घायुष्य, सन्तति, पुष्टि और धन जितना चाहिए, उतना प्राप्त हो सकता है। परन्तु सबसे पहिले उन्नति चाहनेवाले मनुष्यों को चाहिए कि वे अपने अन्दर इन गुणों की वृद्धि करें। तत्पश्चात् धनादि की वृद्धि तो स्वयं होती रहेगी।

परमात्मा की उपासना : आत्मा शुद्धि के लिए परमात्मा की उपासना अत्यन्त सहायक है। इसलिए वह उपासना बतलायी है।

अग्नौ अग्निश्चरत्ति प्रविष्टः।

अत्यन्त विश्वव्यापक अग्नि में एक दूसरी अग्नि प्रविष्ट होकर चलती है, अर्थात् अपने व्यवहार करती है। यह बात उपासना है। इसको मन में धारण करना चाहिए। अग्नि को सप्तजिव्हा कहा गया है। इसके सात मुखों में हृदय से और मन से पवित्र पदार्थों का अर्पण करना चाहिए।

तव सप्त आस्यानि तत्र हृदा मनसा पूतं जुहोमि।

'आपके सात मुख हैं, उनमें हृदय और मन से पवित्र पदार्थों का ही समर्पण करता हूँ।' आत्मशुद्धि के लिए इसकी अत्यन्त आवश्यकता है। सात मुखों में पवित्र हव्य का ही हवन करना चाहिए। अर्थात् बुद्धि में पवित्र ज्ञान, मन में पवित्र विचार, नेत्र में पवित्र रूप, कान में पवित्र शब्द, मुख में पवित्र अन्न और वाणी, नाक में पवित्र सुगन्ध, और चर्म में पवित्र स्पर्श विषय का हवन होना चाहिए। इस प्रकार सब ही पदार्थ अत्यन्त पवित्र रूप में अपने अन्दर बन जायें तो अन्दर का सम्पूर्ण वायुमण्डल पवित्र हो जाएगा, और

निरन्तर आत्मशुद्धि होती रहेगी। इस प्रकार अपनी शुद्धि होती रही तो अपने परिशुद्ध आत्मा के ऐश्वर्य का वर्णन ही क्या करना है। वह उससे शुद्ध, बुद्ध और मुक्त होकर पूर्ण यशस्वी होगा, और इसको इस सूक्त में कहे ऐश्वर्य निःसंदेह प्राप्त होंगे। इसलिए उदय की इच्छा करनेवाले इस मार्ग का अवश्य अवलम्बन करें और अपना अभ्युदय और निःश्रेयस प्राप्त करें।

स्वाहा : इस सूक्त में 'स्वाहा' शब्द कई बार आया है, 'स्वाहा' का अर्थ है (स्व–आ–हा) अपना समर्पण, अर्थात् दूसरों की भलाई अथवा उन्नति के लिए अपनी शक्ति का समर्पण करना। इस त्याग भाव से उन्नति होती है। अपनी शक्ति का लोक, जगत्, सृष्टि की भलाई के लिए समर्पण करने का भाव यहाँ है। सब प्रकार की उन्नति के लिए इस त्याग भाव की अत्यन्त आवश्यकता है। पूर्वोक्त पवित्रीकरण के साथ रहनेवाला यह त्याग भाव अत्यन्त उन्नति में साधक होता है। वैयक्तिक या राष्ट्रीय अथवा जगत् जो भी उन्नति होनी है वह इस त्याग भाव के बढ़ने से ही होगी। उन्नति का दूसरा कोई मार्ग नहीं है। वेद में स्वा–हा शब्द इसीलिए अनेक बार आया है कि वैदिक धर्मियों के मन पर इस त्याग भाव का पक्का परिणाम हो जावे। स्थायी रूप से हृदय, मन, मस्तिष्क, विचार, पर त्याग भाव अंकित होता है। परिणामतः उसके द्वारा वे इहलोक और परलोक में अपना पूर्ण कल्याण प्राप्त कर सकें।।

।।वायु देवता : अथर्ववेद 3.20.10।।

वायु सहचारी देवगणाः।
वायुस्त्वष्टा। वसिष्ठः। अनुष्टुप्।
गोसनिं वाचमुदेयं वर्चसा माभ्युदिहि।
आ रुन्धां सर्वतो वायुस्त्वष्टा पोषं दधातु मे।।10।।

इन्द्रियों को प्रसन्नता देनेवाली वाणी हम बोलें। तेज के द्वारा हमें प्रकाशित करो। प्राण हमें प्रकाशित करो। प्राण मुझे सब ओर से घेरे रहें। त्वष्टा हमें पुष्टि को देता रहे।।10।। भावार्थ – हम प्रसन्नता को बढ़ानेवाली वाणी बोलें। तेज के साथ हमें अभ्युदय को प्राप्त करा। हमें चारों ओर से प्राण उत्साहित करे और जगद्रचयिता देव हमें सब प्रकार से पुष्ट करे।

प्राणविद्या की वर्णमाला
अथर्ववेदीय वैदिक प्राणसूक्त की व्याख्या

प्राण की जो विद्या होती है, उसे 'प्राणविद्या' कहते हैं। मनुष्यों के लिए अन्य विद्याओं की अपेक्षा प्राणविद्या की अत्यन्त आवश्यकता है। मनुष्य के शरीर में भौतिक अभौतिक अनेक प्रकार की शक्तियाँ हैं। उन सब शक्तियों में प्राणशक्ति का महत्व सर्वोपरि है। समस्त अन्य शक्तियों के अस्त होने पर भी मनुष्य के शरीर में यह प्राणशक्ति कार्य करती रहती है। परन्तु प्राण के अस्त होने पर अन्य कोई भी शक्ति कार्य नहीं कर सकती। इससे प्राण का महत्व स्वयं स्पष्ट हो जाता है।

प्राण सूक्त में 'प्राण' शब्द से ''परमेश्वर की विश्वव्यापक जीवनशक्ति'' कही गई है। इस परमात्मा की ''जीवनशक्ति'' के आधार पर यह समूचा संसार है। इसी से सारे संसार का नियमन हो रहा है। ''समष्टि दृष्टि से सर्वत्र प्राण का राज्य है। व्यष्टि दृष्टि से भी प्रत्येक शरीर में प्राण ही आधिपत्य है।'' प्रत्येक प्राणी के शरीर में जो वो इन्द्रियादिक शक्तियाँ हैं, तथा विभिन्न अवयव और इन्द्रिय हैं, सभी ही प्राण के वश में हैं। प्राण के अधीन ही सम्पूर्ण शरीर है। शरीर में प्राण ही समस्त अवयवों और इन्द्रियों का ईश्वर है। क्योंकि उसी के आधार से समस्त शरीर प्रतिष्ठा को प्राप्त हुआ है। प्राण के बिना इस शरीर की स्थिति ही नहीं है। अर्थात् प्राण के वश होने से सम्पूर्ण शरीर सुदृढ़ और निरोग हो सकता है। साथ ही प्राण के निर्बल होने से समूचा शरीर निर्बल हो जाता है। अतः प्राण को स्वाधीन करने की आवश्यकता है।

अपने शरीर में श्वास उच्छ्वास रूप प्राण बल रहा है। यह जन्म से मरण पर्यन्त कार्य करता है। सब इन्द्रिय और अवयवों के मर जाने के पश्चात् भी प्राण काम करता है। अतः सब में प्राण ही मुख्य है और सर्वाधार है। अपने प्राण को केवल श्वास रूप ही नहीं समझना चाहिये। अपितु उसको श्रेष्ठ दिव्यशक्ति का अंश समझना चाहिए। मन की इच्छा शक्ति से प्रेरित प्राण सम्पूर्ण शरीर का आरोग्य सम्पादन करने में समर्थं होता है। इस दृष्टि से प्राण का महत्व शरीर में सबसे अधिक है। इसके महत्व को समझना और सदा मन में धारण करना चाहिए। ''अपने प्राण के अधीन मेरा शरीर है। प्राण के कारण वह स्थिर है, और उसकी सब हलचल प्राण की प्रेरणा से होती है। इस प्रकार के प्राण की मैं उपासना करूंगा, और उसको अपने अधीन करूंगा। प्राणायाम

से उसको प्रसन्न करूंगा, वशीभूत प्राण से अपने इच्छानुरूप अपने शरीर में कार्य करूंगा।''

यह भावना मन में धारण करके अपनी प्राण शक्ति का चिन्तन मनन करना चाहिये। यह प्राण जैसे शरीर में है, वैसे बाहर भी है। इस विषय में द्वितीय ऋचा है।

प्राण सूक्त में केवल गरजने वाले मेघों का नाम 'क्रन्द' है। जिनसे बड़ी गर्जना और विद्युत्पात होता है। उन मेघों का नाम 'स्तनयित्नु' है। जिनसे विद्युत् अथवा बिजली बहुत चमकती है, उन्हें 'विद्युत्' कहते हैं, और बरसनेवालों को 'वर्षत्' कहते हैं। ये सभी मेघ अन्तरिक्ष में प्राण वायु को धारण करते हैं, और वृष्टि द्वारा वह प्राण भूमण्डल पर आता है। वह वृक्ष वनस्पतियों में संचारित होता है। प्राण की स्तुति में कहा है, कि अन्तरिक्ष स्थान का प्राण वृष्टि द्वारा ओषधि वनस्पतियों में आकर वनस्पतियों का विस्तार करता है। प्राण की यह शक्ति प्रत्यक्ष देखने योग्य है।

वृष्टि द्वारा प्राप्त होनेवाले प्राण से न केवल वृक्ष वनस्पतियाँ प्रफुल्लित होती हैं, वरन अन्य जीवजन्तु भी बहुत हर्षित होते हैं। मनुष्य भी इसका स्वयं अनुभव करते हैं। यह तृतीय ऋचा का कथन है।

अन्तरिक्षस्थ प्राण का कार्य इस प्रकार चतुर्थ और पंचम ऋचा में है। उधर प्रथम ऋचा में प्राण का सामान्य स्वरूप वर्णन किया है। उसकी अन्तरिक्ष स्थानीय विभूति यहाँ बता दी गई है। अब इसी की वैयक्तिक विभूति, सप्तम और अष्टम ऋचा में बताई गई है।

श्वास के साथ प्राण का अन्दर गमन होता है, और उच्छ्वास के साथ बाहर आना होता है। प्राणायाम पूरक और रेचक का बोध 'आयात् और परायत' इन दो शब्दों से होता है। स्थिर 'तिष्ठत्' रहने वाले प्राण से कुंभक का बोध होता है : 1. पूरक, 2. कुंभक, 3. रेचक और 4. बाह्यकुंभक। ये प्राणायाम के चार भाग हैं। ये चारों मिलकर पूर्ण प्राणायाम को बनाते हैं। इनका वर्णन इस ऋचा में 1. आयत्, 2. तिष्ठत्, 3. परायत्, 4. आसीन इन चार शब्दों से हुआ है। जो अन्दर आनेवाला प्राण होता है उसको 'आयत् प्राण' कहा जाता है। यही पूरक प्राणायाम है। आगे जाने की गति का निरोध करके प्राण को अन्दर स्थिर किया जाता है, उसको 'तिष्ठत् प्राण' कहा जाता है। यही कुंभक अथवा अन्तः कुंभक प्राणायाम होता है। जो अन्दर से बाहर आता है, उसको 'परायत् प्राण' कहते हैं यही 'रेचक' प्राणायाम है। सभी प्राण रेचक द्वारा निकलने के पश्चातउसको बाहर ही रोक रखना 'आसिन प्राण' द्वारा होता है। यही बाह्य कुंभक है।ये प्राणायाम के चार भाग हैं। इन चारों के अभ्यास से

प्राणवश में होता है। यही इस प्राण देवता को प्रसन्न करने की तिलस्मी कुंजी है। यह ही प्राण उपासना की विधि है।

प्राण नाम उसका है, जो नासिका द्वारा छाती में पहुंचता है। अपान नाम उसका है, जो नाभि के निम्न प्रदेश से गुदा के द्वार तक कार्य करता है। इन्हीं के दो अन्य नाम 'प्राचीन' और 'प्रतीचीन' हैं। प्राण के स्वाधीन करने का आशय प्राण और अपान को स्वाधीन करना है। ''अपान की स्वाधीनता से मलमूत्रोत्सर्ग उत्तम प्रकार से होते हैं, और प्राण की स्वाधीनता से रुधिर की शुद्धि होती है। इस प्रकार दोनों के वशीभूत होने से शरीर की निरोगता सिद्ध होती है।'' इस प्रकार की प्राण की स्वाधीनता होने से प्राण के अधीन सब शरीर है, यह अनुभव होता है। इस ऋचा का उद्देश्य है, कि 'सर्वस्मै त इदं नमः' अर्थात् आप सब कुछ हैं, इसलिए आपका सत्कार (नमस्कार, मनन) करता हूँ। शरीर का कोई भाग प्राणशक्ति के बिना कार्य नहीं कर सकता। इसलिए सब अवयवों में सब प्रकार के कार्य करनेवाले प्राण का सदा ही सत्कार करना चाहिए। हर एक मनुष्य को उचित है, कि वह अपने प्राण की इस शक्ति का ध्यान (चिन्तन) करे। इस शक्ति का विश्वासपूर्वक स्मरण रखे। क्योंकि निज आरोग्य की सिद्धि इसी पर निर्भर है। इस प्राण शक्ति का इतना महत्व है, कि इसकी विद्यमानता में ही अन्य ओषध कार्य कर सकते हैं। परन्तु इस शक्ति के कमजोर होने पर कोई ओषध कार्य नहीं कर सकता। प्राण ही सब ओषधियों का ओषध है। इस विषय में नव ऋचा है।

''अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय, आनन्दमय'' ये पाँच कोश हैं। इनको पाँच शरीर भी कह सकते हैं। इन पाँच शरीरों में 'प्राणमय' शरीर का वर्णन किया है। 'प्रियातनू' यह प्राणमय कोश ही है। सब ही इस पर प्रेम करते हैं, सभी इसको चाहते हैं। प्राण से शक्ति का संरक्षण एवं संवर्धन होता है। अपान से विष दूर होकर स्वास्थ्य संरक्षण होता है। प्राण के अन्दर एक प्रकार का 'भेषजं' ओषध है। दोषों को दूर करने की शक्ति का नाम (दोष–ध) औष–ध अथवा भेषज है। शरीर के समस्त दोष दूर करना और वहाँ शरीर में आरोग्यता स्थापना करना, यह पवित्र कार्य करना प्राण का ही धर्म है। ''प्राण का दूसरा नाम 'रुद्र' है। और रुद्र शब्द का अर्थ महावैद्य–वैद्यनाथ भी होता है (वेद ओषधि कल्पतरु)।''

इस प्राण में ओषध है, यह वेद का कथन है। इस पर अवश्य विश्वास रखना चाहिए। क्योंकि यह तथ्य, कथन अवास्तविक नहीं है। अपनी निज शक्ति पर विश्वास रखने के समान ही यह वास्तविक विश्वास है। यह ''मानव चिकित्सा'' का मूल है। अपनी प्राण शक्तियों से अपनी ही चिकित्सा की जाती

है। ''मैं अपनी प्राण शक्ति से अपने रोगों का निवारण अवश्य करूंगा।'' यह भाव यहाँ धारण करने से चमत्कारिक लाभ होता है।

जिस प्रकार पुत्र का संरक्षण करने की इच्छा पिता करता है। उसी प्रकार प्राण सबका रक्षण करना चाहता है। सब प्रजाओं के शरीर में नश–नाड़ियों में जाकर वहाँ रहकर सब प्रजा का संरक्षण यह प्राण करता है। न केवल धारण करनेवाले प्राणियों की, अपितु जो प्राण धारण नहीं करते हैं, ऐसे स्थावर पदार्थों का भी रक्षण प्राण ही करता है। अर्थात् कोई यह नहीं समझे की श्वसोच्छ्वास करनेवाले प्राणियों में ही प्राण है, अपितु वृक्ष, वनस्पति, पत्थर आदि पदार्थों में भी प्राण है। इन सब पदार्थों में रहकर प्राण सबका संरक्षण करता है। प्राण को पिता के समान पूज्य समझना चाहिए और इसको सब पदार्थों में व्यापक जानना चाहिए।

शरीर में प्राण के चले जाने से मृत्यु होती है। जब तक शरीर में प्राण कार्य करता है तब तक ही शरीर में सामर्थ्य अथवा जीवन–सहनशक्ति रहती है। यह 11वीं ऋचा का कथन है। इस प्रकार एक ही प्राण जीवन और मृत्यु का कर्ता होता है। 'देव' शब्द से इस ऋचा में इन्द्रियों का ग्रहण है। सब इन्द्रियाँ प्राण की ही उपासना करती हैं। जो इन्द्रियाँ प्राण के साथ रहकर बल प्राप्त करती है, वह ही कार्य क्षम होती हैं। जो इन्द्रिय प्राण से वियुक्त होती है, वह मर जाती है। ये ही प्राण उपासना और रुद्र उपासना है। सभी देवों में महादेवी की शक्ति कैसे कार्य करती है, इसका यहाँ अनुभव हो सकता है। ''प्राण ही महादेव, रुद्र, शम्भु आदि नामों से बोधित होता है।'' व्यक्ति के शरीर में प्राण ही उसकी विभूति है। सम्पूर्ण जगत् में उसका स्वरूप विश्वव्यापक प्राण शक्ति ही है। ''इस व्यापक प्राण शक्ति के आश्रय से अग्नि, वायु, इन्द्र, सूर्य आदि देवता गण रहते हैं और अपना कार्य करते हैं। व्यष्टि में और समष्टि में एक ही नियम कार्य कर रहा है। व्यष्टि में प्राणों के साथ इन्द्रियाँ रहती हैं, समष्टि में व्यापक प्राण शक्ति के साथ अग्नि आदि देव रहते हैं।'' दोनों स्थानों में दोनों प्रकार के देव प्राण की उपासना से ही अपनी शक्ति प्राप्त करते हैं। तीसरे, देव समाज और राष्ट्र में विद्वान, शूर आदि प्रकार के हैं। वे सत्यवादी, सत्यनिष्ठ, सत्यपरायण और सत्याग्रही बनकर प्राणायाम द्वारा प्राणोपासना करते हैं। प्राण ही सबको उत्तम लोक में पहुंचाता है। अर्थात् इनको श्रेष्ठ बनाता है। प्राणोपासना से सब ही श्रेष्ठ बनते हैं।

सत्य प्राणशक्ति आधार

यहाँ एक प्रश्न है, कि सत्यवादी से बल का क्या सम्बन्ध है? इसका उत्तर यह है, कि ''सत्य से मन पवित्र होता है। और उसकी शक्ति में वृद्धि

होती है। प्राण शक्ति के साथ मानसिक शक्ति का विकास होने से बहुत लाभ होता है।'' ''प्राणायाम से प्राण की शक्ति बढ़ती है और सत्यनिष्ठा से मन की शक्ति बढ़ती है।'' इस प्रकार दोनों शक्तियों का विकास होने से मनुष्य की मेधा, प्रतिभा, क्षमता एवं योग्यता असाधारण हो जाती है।

प्राण स्तुति के अनुसार प्राण विशेष तेजस्वी है। जब तक शरीर में प्राण रहता है, तब तक ही शरीर में तेज होता है। प्राण के चले जाने पर शरीर का तेज नष्ट हो जाता है। समूचे शरीर में प्राण से ही प्रेरणा होती है। बोलना, हिलना, चलना आदि सभी प्राण की प्रेरणा से ही होता है। अर्थात् शरीर में तेज और प्रेरणा प्राण से ही होती है। इसीलिए समस्त प्राणी मात्र प्राण की ही उपासना करते हैं। अथवा, जब तक वे प्राण के साथ रहते हैं, तब तक ही उनकी स्थिति होती है। जब वे प्राणों का साहचर्य छोड़ देते हैं, तब उनकी मृत्यु ही होती है। इच्छा नहीं होने पर भी सब प्राणी प्राण की उपासना कर रहे हैं। यदि मानसिक इच्छा के साथ प्राणोपासना की जायेगी तो निःसन्देह बहुत लाभ हो सकता है। क्योंकि इस जीवन का जो वैभव है, यह प्राण से ही प्राप्त हुआ है। अतः अधिक वैभव प्राप्त करना है तो प्रयत्न से उसकी ही उपासना करनी चाहिए। यह ही प्राणायाम का फल है। इस जगत् में सूर्य, चन्द्र ये प्राण ही हैं। सूर्य किरणों के द्वारा वायु में प्राण रखा जाता है। चन्द्र अपनी किरणों से ओषधियों में प्राण रखता है। मेघ, विद्युत आदि अपने–अपने कार्य द्वारा जगत् को प्राण दे रहे हैं। अन्त में प्राणों का प्राण जो प्रजापति परमात्मा है, वही सच्चा प्राण है। क्योंकि जीवन की समस्त प्राण शक्तियों का वह एकमात्र आधार है। इसीलिए ''वेद में प्रजापति परमात्मा का नाम प्राण ही है।'' इसके अलावा अन्य पदार्थों में भी प्राण है।

मुख्य प्राण एक ही है। इसके बल से शरीर में प्राण और अपान काम करते हैं। इसी प्रकार खेती में बैल की शक्ति (वर्तमान में खेत की जुताई, बुआई, अनाज निकालने के यन्त्र) मुख्य है। इसकी शक्ति से ही चावल और जौ धान्य (खाद्यान्न) आदि उत्पन्न होते हैं। वेद में 'अनड्वान' शब्द बैल का वाचक होता हुआ भी प्राण वाचक है। जैसे इस शरीर रूपी खेत में यह प्राण रूपी बैल ही खेती करता है। यहाँ किसान जीवात्मा है। शरीर क्षेत्र है। जीवात्मा क्षेत्रज्ञ, प्राण बैल और जीवन व्यवहार रूप खेती हो रही है। वेद में 'अनड्वान्' शब्द का प्राण अर्थ है, यह नहीं समझने के कारण वेद व्याख्या में बहुत अनर्थ हुआ है।

अनड्वान् दाधार पृथिवीमुत द्याम्।

''द्युलोक और पृथिवी का आधार प्राण है''। यह वास्तविक अर्थ नहीं लेकर द्युलोक और पृथिवी लोक का आधार बैल है, ये भाव व्याख्याकारों ने समझा। यदि पाठक 'अनड्वान्' का अर्थ इस प्राण सूक्त के अर्थ के साथ देखेंगे, तो उनको स्पष्ट पता लग जाएगा, कि 'अनड्वान्' का अर्थ केवल बैल ही नहीं प्रत्युत् प्राण भी है। इसी कारण इस सूक्त में प्राण का नाम 'अनड्वान्' भी आया है। वह प्राण हैं, चावल अपान है, यह कथन अलंकारिक है। धान्य (खाद्यान्न) में प्राण और अपान अर्थात् प्राणियों की समूची शक्तियाँ व्याप्त हैं। धान्य का योग्य सेवन करने से अपने शरीर में प्राणादिक आते हैं, और शरीर के अवयव बनकर कार्य करते हैं।

गर्भ के अन्दर रहने वाला जीव में भी प्राण और अपान व्यवहार करता है। इसीलिए वहाँ प्राणशक्ति उसका जीवन होता है। जन्म के समय जब प्राण जन्म होने के लिए प्रेरणा करता है, उसको जन्म प्राप्त होता है। अर्थात् जन्म के अनुकूल प्रेरणा करना भी प्राण के अधीन है। इस 14वीं ऋचा में 'सः पुनः जायते' यह वाक्य पुनर्जन्म की कल्पना का मूल वेद में बता रहा है। ''जीवात्मा पुनः पुनः जन्म धारण करता है। यह सभी प्राण की प्रेरणा से होता है।''

प्राण सूक्त के 'मातरिश्वा' शब्द का अर्थ माता के अन्दर रहने वाला अथवा माता के गर्भ में रहने वाला है। माता के गर्भ में प्राण रूप अवस्था में जीव रहता है। इसीलिए जीव का नाम 'मातरिश्वा' है। गर्भ में इसकी स्थिति प्राण रूप होने से इसका नाम ही प्राण होता है। इस कारण प्राण और मातरिश्वा शब्द समान अर्थ बताते हैं।

''मातरिश्वा'' का दूसरा अर्थ वायु है। वायु, वात आदि शब्द भी प्राण वाचक ही हैं।'' क्योंकि वायु रूप प्राण ही हम अन्दर लेते हैं, और प्राण धारण कर रहे हैं। प्राण का विचार करने से हमें ऐसा पता लगता है, कि जिसके आधार पर भूत, भविष्य, वर्तमान और सारा जगत् ही रहता है। प्राण के अभाव में जगत् में किसी की भी स्थिति नहीं हो सकती। ''पूर्वजन्म, यह जन्म और पुनर्जन्म सभी प्राण के कारण होता है। अर्थात् भूत, भविष्य, वर्तमान काल में जो कर्म के संस्कार प्राण में संचित होते हैं, उसके कारण यथायोग्य रीति से पुनर्जन्म आदि होते हैं।''

मूलभूत रूप से ओषध का उपयोग तब तक ही होता है कि जब तक प्राण की शक्ति शरीर में रहती है। जब प्राण की शक्ति शरीर से अलग होने लगती है, तब किसी ओषध का उपयोग नहीं होता है। अतः 'प्राण ही ओषध है, प्राण ही जीवन का हेतु है'' ऐसा कहा है। इसका अनुसंधान इस सोलहवीं ऋचा के साथ करना उचित है।

''प्राण सूक्त में 1. आथर्वणीः, 2. आंगिरसीः, 3. दैवीः और 4. मनुष्यजाः' ये चार नाम चार प्रकार की चिकित्साओं के बोधक हैं।'' 1. मनुष्यजाः ओषधयः– मनुष्यों की बनाई ओषधी अर्थात् कषाय, चूर्ण, अवलेह, भस्म आदि जो वैद्यों, डॉक्टरों और हकीमों द्वारा बनाये होते हैं। उनका समावेश इसमें होता है। ये मानवी ओषधियों के प्रकार हैं। इससे श्रेष्ठ दैवी विधि है। 2. दैवि ओषधयः– आपः, तेज, वायु, पृथिवी, आकाश आदि देवों के द्वारा जो चिकित्सा की जाती है, वह दैवी चिकित्सा है। जल चिकित्सा, सौर चिकित्सा, वायु चिकित्सा, विद्युच्चिकित्सा, प्राकृतिक एवं मिट्टी चिकित्सा, उपवास–आकाश चिकित्सा, यज्ञ चिकित्सा, अध्यात्मिक मन्त्र चिकित्सा आदि सभी दैवी चिकित्सा के प्रकार हैं। सूर्य, चन्द्र आदि देवताओं के साक्षात् सम्बन्ध से यह चिकित्सा होती है। इस चिकित्सा से आश्चर्यकारक गुण प्राप्त होता है, इसलिए इनकी योग्यता बड़ी है। इसके अतिरिक्त ''देवयज्ञ अर्थात् हवन आदि द्वारा जो चिकित्सा होती है, उसका भी समावेश इसमें होता है। देवयज्ञ द्वारा देवताओं को प्रसन्न करके उन देवताओं के जो अंश शरीर के अंदर हैं, उनका आरोग्य सम्पादित करना कोई अस्वाभाविक प्रकार नहीं है। यह बात युक्तियुक्त और तर्कगम्य भी है।''

3. आंगिरसी ओषधयः– ''अंगों, अवयवों और इन्द्रियों में एक प्रकार का रस मिलता है। इसके कारण हमारे अथवा शरीर के प्राणियों के शरीर की स्थिति होती है। उस रस के द्वारा जो चिकित्सा होती है, वह आंगि–रस चिकित्सा कहलाती है।'' मानसिक इच्छा शक्तियों की प्रबल प्रेरणा से इस रस का अंग–प्रत्यगों में संचार करने से सुनिश्चित रूप से रोगों की निवृत्ति होती है। मानसिक चित्तैकाम्य का इसमें विशेष सम्बन्ध है। रुग्ण अवयव को सम्बोधित करके नीरोगता के भाव की सूचना देना, तथा रोगों को निज अंगरस शक्ति की प्रेरणा के लिए उत्तेजित करना इस विधि में मुख्य है। निज आरोग्य के लिए बाह्य साधनों की निरपेक्षता इसमें होने से इसको आंगि–रस चिकित्सा अर्थात् अपने निज अंगों के रस द्वारा होनेवाली चिकित्सा कहते हैं।

4. आथर्वणीः ओषधयः– अ–थर्वा नाम है योगी का। मन की विविध वृत्तियों का निरोध करनेवाला, चित्तवृत्तियों को स्वाधीन रखनेवाला योगी अथर्वा कहलाता है। ''इस शब्द का अर्थ (अ–थर्वा) निश्चल, स्तब्ध स्थिर, गतिहीन है। स्थिर प्रज्ञ, इसका भाव स्थिर बुद्धि, स्थिर मति आदि शब्द बताते हैं।'' योगी अत्यात्मविद–तंत्रज्ञ मंत्र प्रयोग से जो चिकित्सा करते हैं। उसका नाम आथर्वणी चिकित्सा है। ''हृदय के प्रेम से, ईश्वर भक्ति से, मानसशक्ति से, अध्यात्मिक शक्ति से और आत्मविश्वास से मंत्रसिद्धि होती है। यह आथर्वणी

चिकित्सा सर्वश्रेष्ठ है। इसका प्रचलन वैदिक काल के पूर्व से है और वर्तमान में भी चलन है। क्योंकि इसमें जो कार्य होता है, वह आत्मा की शक्ति से होता है। अतः अन्य चिकित्साओं की अपेक्षा इसकी श्रेष्ठता है। इसमें कोई सन्देह नहीं होना चाहिए। ये सभी चिकित्सा के प्रकार तब तक काम करते हैं, जब तक प्राण शरीर में रहना चाहता है। जब प्राण चला जाता है, तब कोई चिकित्सा फलदायक नहीं हो सकती। इस प्रकार प्राण का महत्व प्रत्येक चिकित्साओं में है।

प्राण की वृष्टि के उपाय

जो मनुष्य प्राण की शक्ति का वर्णन ध्यान से सुनता है, प्राणशक्ति पर मनन चिन्तन करता है, प्राण के बल को विश्वास से जानता है, प्राण का बल प्राप्त करने में यशस्वी होता है। जिस मनुष्य में प्राण उत्तम रीति से प्रतिष्ठित और स्थिर रहता है, उसका ही सभी सत्कार करते हैं। उसकी स्थिति उत्तम लोक में होती है। उसका यश सर्वत्र फैलता है। प्राणायाम द्वारा जो अपने प्राणों को प्रसन्न और स्वाधीन करता है, उसका यश सभी प्रकार से बढ़ता है। इस 19वीं ऋचा में ''बलि शब्द के अर्थ सत्कार, पूजा, अर्पण, शक्ति प्रदान आदि है।'' समस्त अन्य देव प्राणों को ही पूजते हैं, इस बात का अनुभव अपने शरीर में भी हो सकता है। नेत्र, कर्ण, नासिका आदि सभी देव प्राण की ही पूजा करते हैं। इनमें प्राण की उपासना से ही प्राण की शक्ति प्रकट होती है। इस प्रकार प्राणायाम की साधना करनेवाले योगी का सत्कार अन्य जन करते हैं। उसकी उपासना से प्राणोपासना का मार्ग जानकर स्वयं शक्तिमान बन सकते हैं। यही कारण है, कि प्राणायाम करने वाले योगी की सर्वत्र प्रशंसा होती है।

प्राण स्तुति में कहा है कि सूर्य चन्द्र आदि देवताओं के अंश मनुष्य आदि प्राणियों के शरीर में रहते हैं। वे ही आँख, नाक आदि अवयव अथवा इन्द्रियों के स्थान से रहते हैं। इन देवताओं में प्राण की शक्ति व्याप्त है। यही व्यापक प्राण पूर्व देह को छोड़कर दूसरे गर्भ में प्रविष्ट होता है। अर्थात् एक बार जन्म लेने के पश्चात् पुनः जन्म लेता है। ''आत्मा की शक्तियों का नाम शची है। इन्द्र की धर्मपत्नी शची है। धर्मपत्नी का भाव यहाँ निजशक्ति ही है। इन्द्र जीवात्मा का नाम है और उसकी शक्तियाँ शची नाम से प्रसिद्ध हैं।'' पिता–माता का अंश अपनी सम्पूर्ण शक्तियों के साथ पुत्र–पुत्री में प्रविष्ट होता है। पिता के अंगों, इन्द्रियों और अवयवों के समान ही पुत्र–पुत्री के कई अंग, अवयव और इन्द्रिय होते हैं। स्वभाव तथा गुणधर्म भी कई अंशों में मिलते हैं। इसको देखने से स्पष्ट होता है, कि पिता–माता अपनी शक्तियों के साथ

पुत्र–पुत्री में किस प्रकार प्रविष्ट होते हैं। गृहस्थी लोगों को इस पर विशेष विचार करना चाहिए। क्योंकि प्रजा का निर्माण करना उनका ही विषय है। माता–पिता के अच्छे बुरे गुण–दोष सन्तान में आते हैं। ''अतः माता–पिता को स्वयं निर्दोष होकर ही सन्तान उत्पन्न करने का विचार करना चाहिए। अर्थात् दोषी माता–पिता को सन्तान उत्पन्न करने का अधिकार नहीं है।''

21वीं ऋचा में प्राण को 'हंस' कहा गया है। श्वास अन्दर जाने के समय 'स' की ध्वनि होती है। वहीं उच्छ्वास बाहर आने के समय 'ह' की ध्वनि होती है। 'ह' और 'स' मिलकर 'हंस' शब्द प्राण का नाम है। उसी के अन्य रूप 'अ–हंसः सोऽहं' आदि उपासना के लिए बनाये गये हैं। इनमें हंस शब्द ही मुख्य है। उल्टा शब्द बनाने से उसका ''सोऽहं'' बन जाता है। अथवा 'हंस' के साथ 'ओं' मिलाने से 'सोऽहं' बन जाता है। 'ओं' शब्द आत्मा वाचक है। हंस शब्द प्राण का वाचक है। इस प्रकार का आत्मा का प्राण के साथ सम्बन्ध है। आत्मा ब्रह्म का वाचक है, और ब्रह्मा का वाहन हंस है। इस ऋचा में आत्मा का प्राण के साथ अखण्ड सम्बन्ध दर्शाया है। यह हंस मानसरोवर में क्रीड़ा करता है। हृदय कमल में जीवात्मा का निवास सुप्रसिद्ध है। अर्थात् कमलासन ब्रह्मदेव और उसका वाहन हंस इसकी मूल वैदिक कल्पना इस प्रकार यहाँ स्पष्ट होती है –

ब्रह्मा——ब्रह्मदेव		आत्मा ——जीवात्मा ब्रह्म	
हंस	वाहन	प्राण	वाहन
कमल	आसन	हृदय	कमल
मानस	सरोवर	अन्तःकरण	(हृदय)
प्रेरक	कर्तादेव	प्रेरक	आत्मा

वेद में इसका वर्णन अनेक ऋचाओं में आया है। उसका मूल आशय इस प्रकार समझना चाहिए। वेद मे ''असौ अहं' (यजुर्वेद 40.17) कहा है : ''असौ अर्थात् प्राण शक्ति के अन्दर रहनेवाला आत्मा मैं हूँ।'' यह भाव इस ऋचा का है। प्राण के साथ आत्मा का अवस्थान है। यह प्राण ही 'हंस' है। वह (सलिल) हृदय के मानसरोवर में क्रीड़ा करता है। यह श्वास लेने के समय उस सरोवर में गोता लगाता है, और उच्छ्वास लेने के समय ऊपर उठता है। यहाँ प्रश्न होता है, कि जब उच्छ्वास के समय प्राण बाहर आता है, तब प्राणी मरता क्यों नहीं ? पूर्ण उच्छ्वास को लेकर श्वास को पूर्ण बाहर निकालने पर भी मनुष्य मरता नहीं, इसका कारण इस ऋचा में बताया गया है। जिस प्रकार हंस पक्षी एक पांव पानी में ही रखकर दूसरा पांव ऊपर उठाता है। उसी प्रकार प्राण ऊपर उठते समय अपना एक पाँव हृदय के

रक्ताशय में दृढ़ता में रखता है, और दूसरे पाँव को ही बाहर उठाता है। कभी दूसरे पाँव को नहीं हिलाता। अर्थात् प्राण अपनी एक शक्ति को शरीर में स्थिर रखता हुआ दूसरी शक्ति से बाहर आकर कार्य करता है। इसलिए मनुष्य नहीं मरता। यदि प्राण अथवा हंस अपने दूसरे पाँव को भी बाहर निकाल ले तो आज, कल, दिन, रात, प्रकाश, अन्धेरा कुछ भी नहीं रहेगा और कोई प्राणी जीवित नहीं रह सकेगा। जीवन के पश्चात् ही काल का ज्ञान होता है। इस प्रकार प्राण का सम्बन्ध है। प्रत्येक मनुष्य को विचार करके इस सम्बन्ध का ज्ञान भली–भांति करना चाहिए।

'हंस' शब्द के साथ प्राण उपासना का भी प्रकार प्राण स्तुति में व्यक्त किया है। श्वास के साथ 'स' कारका श्रवण और उच्छ्वास के साथ 'हं' कारका श्रवण करने से प्राण की उपासना होती है। इससे चित्त की एकाग्रता शीघ्र ही साध्य होती है। यह 'सो' अक्षर का श्रवण श्वास के साथ 'हं' का श्रवण उच्छ्वास के साथ करने से 'हंस' का ही जप बन जाता है। यह प्राण उपासना का प्रकार है।

सूक्त में स्पष्ट किया है कि इस शरीर में आठ चक्र हैं। इन आठ चक्रों में प्राण जाता है, और विलक्षण कार्य करता है। यह 22वीं ऋचा का कथन है। मूलभूत रूप से "मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूरक, सूर्य, अनाहत, विशुद्धि, आज्ञा और सहस्रार आठ चक्र हैं। क्रमशः गुदा से लेकर सिर के ऊपर के भाग तक आठ स्थानों में ये आठ चक्र हैं। इनकी स्थिति पीठ के मेरुदण्ड में है। इस प्रत्येक चक्र में प्राण जाता है और अपने अपने नियत कार्य करता है।" जो प्राणायाम का अभ्यास करते हैं, उनको अपना प्राण इस चक्र में पहुँचा है, इस बात का अनुभव होता है, और वहाँ की स्थिति भी पता चलती है। सबसे ऊपर "मस्तिष्क में सहस्रार ब्रह्मरन्ध्र चक्र" है। यह ही मस्तिष्क का मध्य और मुख्य भाग है।

"प्राण का एक केन्द्र हृदय में है।" इस प्रकार "एक केन्द्र के साथ आठ चक्रों में सहस्र आरों के द्वारा आगे और पीछे चलनेवाला यह प्राणचक्र है।" श्वास उच्छ्वास अथवा प्राण अपान द्वारा प्राणचक्र की आगे और पीछे गति होती है। हमें इस विचार को जानने और अनुभव करने का यत्न करना चाहिए। प्राण का एक भाग शरीर की शक्तियों के साथ सम्बन्ध रखता है, और दूसरा भाग आत्मा की शक्ति के साथ सम्बन्ध रखता है। शारीरिक शक्ति के साथ सम्बन्ध रखनेवाले प्राण के भाग का ज्ञान प्राप्त करना बहुत सुगम है। परन्तु आत्मिक शक्ति के साथ सम्बन्ध रखने वाले प्राण के भाग का ज्ञान अत्यन्त कठिन है।" प्राण आधे भाग से समूचे भुवन को बनाता है। जो इसका

दूसरा भाग है, वह किसका चिन्ह है, अर्थात् उसका ज्ञान किससे हो सकता है? इसका उत्तर है, कि ''आत्मा के ज्ञान के साथ ही उसका ज्ञान हो सकता है।''

प्राण सबका ही ईश है। इस विषय की व्याख्या पहले ही ऋचा में की जा चुकी है। सबमें गतिमान् और सबमें मुख्य यह प्राण है। ब्रह्म अर्थात् आत्मशक्ति के साथ रहनेवाला यह प्राण आलस्य रहित होकर और धैर्य के साथ काम करने में समर्थ बनकर मेरे शरीर में अनुकूलता के साथ रहे। इस इच्छा को उपासक मन में धारण करे। यह उल्लेखनीय है कि अन्य इन्द्रियों में आलस्य होता है। परन्तु प्राण में आलस्य कभी नहीं होता। प्राण चैतन्य रहता है। इसलिए प्राण विशेषण ''अतन्द्र'' अर्थात् आलस्य रहित रखा है। यही भाव 25वीं ऋचा में कहा है।

यह उल्लेखनीय है कि जब सभी इन्द्रियाँ आराम लेती हैं, आलसी बनती हैं, सो जातीं है, और नीचे गिर जाती हैं, परन्तु प्राण ही रातदिन खड़ा रहकर सजग, सावधान जागता है। अथवा मानों इस मन्दिर का संरक्षण करने के लिए खड़ा रहकर पहरा देता है। प्राण कभी नहीं सोता, कभी आराम नहीं करता और अपने कार्य से कभी पीछे नहीं हटता। समूची इन्द्रियाँ सोतीं हैं, परन्तु इस प्राण का सोना कभी किसी ने सुना ही नहीं, अर्थात् विश्राम नहीं करता हुआ यह प्राण रात दिन शरीर में कार्य करता है।

इसलिए प्राण की उपासना निरन्तर हो सकती है। जैसे किसी आलम्बन पर निरन्तर ध्यान करने से दृष्टि थक जाती है। दृष्टि थकने पर उसकी उपासना नेत्रों द्वारा नहीं हो सकती। इसी प्रकार अन्य इन्द्रियाँ थकती हैं, और विश्राम चाहतीं हैं। अतः अन्य इन्द्रियों के साथ उपासना निरन्तर नहीं हो सकती। इसके विपरीत यह प्राण कभी थकता नहीं और कभी विश्राम नहीं चाहता। इसलिए उसके साथ जो प्राण उपासना की जाती है, वह निरन्तर हो सकती है। अतः अवरोध रहित, विरामरहित प्राणोपासना हो सकती है, सो इसका अत्यन्त महत्व है। इस सूक्त की अन्तिम ऋचा में कहा है, कि—

''हे प्राण! मेरे से दूर नहीं होओ, दीर्घ काल तक मेरे अन्दर रहो। मैं दीर्घ जीवन व्यतीत करूँगा। मैं दीर्घ आयुष्य से युक्त होकर सौ वर्ष से भी अधिक जीवन व्यतीत करूँगा। अतः मुझ से पृथक् नहीं होओ''। यह दृढ़ भावना उपासक को मन में धारण करनी चाहिए। अन्नमय मन है, आपोमय प्राण है। इसलिए प्राण को पानी का गर्भ कहा है। उपासक के मन में यह भावना स्थिर रहनी चाहिए, कि मैंने प्राणायामादि द्वारा प्राण को अपने वश में बांध रखा है। इसलिए यह प्राण कभी वियुक्त होकर दूर नहीं होगा।

प्राणायामादि साधनों पर दृढ़ विश्वास रखकर उन साधनों के द्वारा मेरे शरीर में प्राण स्थिर हुआ है। उपासक में यह दृढ़ भाव चाहिए, और अकाल मृत्यु का भाव तनिक भी मन में नहीं आना चाहिए। उक्त भावना आत्मा पर विश्वास रखने से दृढ़ हो जाती है।

प्राण सूक्त का सारतत्त्व

1. प्राण के आधीन ही समस्त है। प्राण ही सबका मुखिया है।
2. प्राण पृथिवी पर है, अन्तरिक्ष में है, द्युलोक में है अर्थात् त्रिलोक में प्राण व्याप्त है।
3. द्युलोक का प्राण सूर्य किरणों द्वारा पृथ्वी पर आता है। अन्तरिक्ष का प्राण वृष्टि द्वारा पृथ्वी पर पहुंचाता है। पृथ्वी पर का प्राण यहाँ सदा ही वायुरूप से रहता है।
4. अन्तरिक्षस्थ और द्युलोकस्थ प्राण से ही समस्त जीवन है। इस प्राण की प्राप्ति से सभी को आनन्द होता है।
5. एक ही प्राण शरीर में प्राण अपान आदि रूप से परिणत होता है। शरीर के प्रत्येक अंग, अवयव और इन्द्रियों में अर्थात् सर्वत्र प्राण ही कार्य करता है।
6. प्राण ही सब ओषधियों की ओषधी है। प्राण के कारण ही समूचे शरीर के दोष दूर होते हैं। प्राण की अनुकूलता नहीं होने पर कोई ओषध कार्य नहीं कर सकता, और प्राण की अनुकूलता होने पर बिना ओषध आरोग्य पूर्वक रहा जा सकता है।
7. प्राण ही दीर्घ आयु देनेवाला है।
8. प्राण ही सभी का पिता–माता और पालक है। यह सर्वत्र व्यापक भी है।
9. मृत्यु, रोग और बल ये सभी प्राण के ही कारण होते हैं। समस्त इन्द्रियाँ प्राण के साथ रहने पर ही बल प्राप्त कर सकती हैं। श्रेष्ठ पुरुष प्राण को वश में करके बल प्राप्त कर सकते हैं। सत्यनिष्ठ प्राण की प्रसन्नता से उत्तम योग्यता प्राप्त करते हैं।
10. प्राण के साथ ही समस्त देवता हैं। उनको प्रेरणा देनेवाला प्राण है।
11. धान्य में प्राण है। धान्य भोजन के द्वारा शरीर में बल शक्ति वृद्धि करता है।
12. प्राण गर्भ में भी कार्य करता है। गर्भ प्राण की प्रेरणा से बाहर आता है। साथ ही गर्भाशय में बढ़ता है।
13. प्राण के द्वारा माता–पिता के समस्त गुण–धर्म, कर्म, संस्कार, स्वभाव एवं शक्तियाँ सन्तान में आती हैं।

14. प्राण हंस है। प्राण हृदय के मानस सरोवर में क्रीड़ा करता है। यह जब चला जाता है, तब कुछ भी ज्ञान नहीं रहता है।
15. शरीर के आठ चक्रों में, मस्तिष्क में, हृदय आदि में प्राण विभिन्न रूपों में रहता है। यह स्थूल शक्ति से सम्पूर्ण शरीर को धारण करता है। सूक्ष्म शक्ति से प्राण आत्मा के साम अदृश्य गोपनीय सम्बन्ध रखता है।
16. प्राण आलस्य एवं थकावट रहित है। इसमें भीति एवं संकोच नहीं होता है। क्योंकि प्राण का ब्रह्म अथवा आत्मा के साथ सम्बन्ध है।
17. प्राण शरीर का पहरुआ है। शरीर में अन्य सभी इन्द्रियाँ थकती हैं, रुकती हैं, विश्राम करती हैं एवं निद्रा लेती हैं। इसके विपरीत प्राण कभी नहीं थकता और कभी विश्राम नहीं करता है। प्राण से ही जीवन है और प्राण के विश्राम का अर्थ मृत्यु है।
18. प्राण की स्वाधीनता परम उद्देश्य है। प्राण की शक्ति से बलवान् होना चाहिए।।ऊँ।।

अथर्ववेद : प्राणविद्या–यम के दूत से मुक्ति का मार्ग

समस्त श्रेष्ठ मनुष्यों को चाहिए कि वैदिक उच्च आदर्श का मनन कर अपने जीवन को इसके अनुसार ढालने का यत्न करें। ब्रह्मविदों, ब्रह्मज्ञों, साधकों एवं योगी जनों का अधिकार कहाँ तक है, इसका संकेत अथर्ववेद में मिलता है :

कृणोमि ते प्राणापानौ जरां मृत्युं दीर्घमायुः स्वस्ति।
वैवस्वतेन प्रहितान् यमदूतांश्चरतोऽप सेधामि सर्वान्।।
आरादरातिं निर्ऋतिं परो ग्राहिं क्रव्यादः पिशाचान्।
रक्षो यत्सर्वं दूर्भूतं तत्तम इवाप इन्मसि।।
अग्रेष्टे प्राणममृतादायुष्मतो वन्वे जातवेदसः।
यथा न रिष्या अमृतः सूजरसस्तत्ते कृणोमि तदु ते समृध्यताम्।।
।।अथर्ववेद 7.2.11,12,13।।

'मैं आपके अन्दर प्राण और अपान का बल दीर्घ आयु, स्वास्थ्य आदि सभी अच्छे भाव वृद्धास्था के पश्चात् योग्य समय में मृत्यु आदि स्थापना करता हूँ। वैवस्वत यम के द्वारा भेजे गए यमदूतों को मैं ढूंढ–ढूंढ कर दूर करता हूँ।

शत्रुता नियम विरुद्ध व्यवहार देर से चलनेवाले रोग, मांस को क्षीण करनेवाली बीमारी, रक्त को निर्बल करनेवाले रक्त के कृमि, सभी प्रकार के क्षय के कारण, सब बुरा व्यवहार जो कुछ विनाशक है, उस सबको अंधकार के समान दूर करता हूँ।

आपके लिए मैं तेजस्वी, अमर और आयुष्यमान् जातवेद से प्राण प्राप्त करता हूँ। जिससे आपकी अकाल मृत्यु नहीं हो, आप अमर अर्थात् दीर्घजीवी बनें। आप मित्र भाव से सन्तुष्ट रहें, और आपको कष्ट नहीं हो, उस प्रकार की समृद्धि मेरे लिए मैं अर्पण करता हूँ।

इन ऋचाओं में प्राणसाधन द्वारा जो विलक्षण शक्ति प्राप्त होती है, उसका उत्तम वर्णन है। प्राण का बल प्राप्त करने से सब प्रकार का स्वास्थ्य, दीर्घ आयु, बल तथा योग्य काल में, मृत्यु हो सकती है। परन्तु प्राण बल नहीं होने की अवस्था में नाना प्रकार के रोग, अल्प आयु, अशक्तता, और अकाल मृत्यु होती है। इससे प्राणायामादि द्वार प्राण की शक्ति बढ़ाने की आवश्यकता स्पष्ट सिद्ध होती है। ''जो विद्वान् ईश्वर द्वारा आयु को परिमित और निश्चित मानते हैं, वे कहते हैं, कि यम के दूत सम्पूर्ण जगत् में संचार करते हैं, और वे आयु की समाप्ति के समय मनुष्य के प्राणों का हरण करते हैं। इसलिए आयु बढ़ नहीं सकती। यह असत्य है।''

''इस अवैदिक मत का खण्डन करते हुए ऋग्वेद से अथर्ववेद में कहा है, कि जो यमदूत इस जगत् में संचार करते हों उनको भी प्राण के अनुष्ठान से दूर किया जा सकता है।'' इसमें ''मनुष्य पराधीन नहीं है। अनुष्ठान की रीति से प्राण का बल बढ़ायेंगे, तो उसी क्षण यमदूत आपसे दूर हो सकते हैं। प्राणोपासना करनेवालों के ऊपर यमदूत अपना प्रभाव नहीं डाल सकते।'' वेद इस प्रकार का अभयदान दे रहा है। इस विचार को धारण करके निर्भय बनकर प्राणायाम द्वारा अपनी आयु को प्रत्येक को दीर्घ बनना चाहिए। प्राणायाम के अनुष्ठान से मनुष्य इतना बल प्राप्त कर सकता है, कि जिससे वह यमदूतों को भी भगा सकता है।

''प्राणायाम से समस्त प्रकार की आधि एवं व्याधि–दोष और रोगों के मूल कारण दूर हो सकते हैं। दुष्ट भाव, बुरा आचार, विधि नियमों के विरुद्ध व्यवहार आदि सभी दोष दूर हो जाते हैं। समस्त प्रकार के रोगों के बीज नष्ट हो जाते हैं।'' जिस प्रकार सूर्य अपनी किरणों से अन्धकार का निर्मूलन करता है। उसी प्रकार साधक अपनी प्राण शक्ति के प्रभाव से सभी रोग बीजों को दूर कर सकता है।

जो सब बने हुए पदार्थों को यथावत जानता है, वह आत्मा ''जातवेद अग्नि'' है। वह आत्मा अमृत रूप तथा आयुष्मान है। इसलिए वह ही सबको आयुष्मान और अमृत रूप कर सकता है। जो उसके साथ अपनी आत्मा को योगसाधन द्वारा संयुक्त कर सकते हैं, वे स्वयं को दीर्घायु से युक्त और अमरत्व से पूर्ण बना सकते हैं। इस प्रकार से साधन सम्पन्न ब्रह्मविद् योगी काल मृत्यु से मरते नहीं हैं, अमर बनते हैं, सदा संतुष्ट रहते हैं और प्रेमपूर्ण बनते है। इसलिए वे सभी प्रकार की समृद्धि (अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक आदि) से युक्त होते हैं। यही सच्ची समृद्धि है। मनुष्य को इस समृद्धि को प्राप्त करने का अधिकार है, और कर सकता है।।ऊँ।।

अथर्ववेद
अथर्वा के सिर की महामाया

अथर्ववेद का अथर्वा के शीर्ष शब्द रहस्यमय हैं। अथर्ववेद में इस रहस्य का उद्घाटन दशम काण्ड के द्वितीय सूक्त में किया गया है। इस सूक्त में अध्यात्मिक योग की सर्वोत्कृष्ट अभिव्यक्ति है। इसमें अध्यात्मिक रूप से ब्रह्मलोक प्राप्ति, देवों का कोश, अध्यात्मिक ब्रह्मपुरी, अध्यात्मिक अयोध्या, अध्यात्मिक अयोध्या के राम आदि की वैदिक अध्यात्मिक व्याख्या की गई है। ''योग चित्तवृत्तियों का निरोध करना और मन की समस्त वृत्तियों को स्वाधीन करके उनको अच्छे कामों में लगाना योग कहलाता है।'' इस प्रकार का पुरुषार्थ जो करता है, उसे सच्चा योगी कहते हैं।

योगी के अन्दर चंचलता नहीं रहती, और दृढ़ तथा स्थिर मनोवृत्तियाँ शोभा बढ़ाने लगती हैं। यह पुनः लिख रहे हैं कि इस प्रकार के योगी का नाम ऐसे ''अ–थर्वा'' है। 'अथर्वा' शब्द का अर्थ ''अ चंचल'' है। योगी को एकाग्रता की सिद्धि प्राप्त होती है। इस अथर्वा का जो वेद है, वह अथर्ववेद है। दूसरे शब्दों में अध्यात्मिक रूप से एक सीमा तक अथर्ववेद सर्व जनसाधारण के लिए नहीं है। योगसाधना का इसमें मुख्य भाग होने से तथा सिद्ध अवस्था का ज्ञान इसमें होने से यह अथर्ववेद का एक भाग योगियों का वेद कहा जा सकता है। इसमें इसी कारण प्राणायाम विषयक उपदेश अन्य वेदों की अपेक्षा अधिक है। इस वेद में अथर्वा के शीर्ष का अद्भुत वर्णन है।

मूर्धानमस्य संसीव्याथर्वा हृदयं च यत्।

मस्तिष्कादूर्ध्वः प्रैरयत्पवमानोऽधि शीर्षतः।।26।।
यद्वा अथर्वणः शिरो देवकोशः समुब्जितः।
तत्प्राणमभि रक्षति शिरो अन्नमथो मनः।।27।।
यो वै तां ब्रह्मणो वेदामृतेनावृतां पुरम्।
तस्मै ब्रह्म च ब्राह्माश्च चक्षुः प्राणं प्रजां ददुः।।29।।
न वै तं चक्षुर्जहाति न प्राणो जरसा पुरा।
पुरं यो ब्रह्मणा वेद यस्याः पुरुष उच्यते।।30।।
अष्टचक्रा नवद्वारा देवानां पूरयोध्या।
तस्यां हिरण्मयः कोशः स्वर्गो ज्योतिषावृतः।।31।।
तस्मिन् हिरण्यये कोशे त्र्यरे त्रिप्रतिष्ठिते।
तस्मिन् यद्यक्षमातन्वत् वै ब्रह्मविदो विदुः।।32।।
प्रभ्राजमानां हरिणीं यशसा सं परीवृताम्।
पुरं हिरण्ययीं ब्रह्मा विवेशापराजिताम्।।33।।

।।अथर्ववेद 10.2.26,27,29–33।।

"स्थिर चित्त योगी अपने मस्तिष्क के साथ हृदय सीता है, और सिर के मस्तिष्क के ऊपर अपने प्राण को भेजता है। वही अथर्वा का सिर है। जिसको देवों का कोश कहा जाता है। उस का रक्षण प्राण, अन्न और मन करते हैं।

अमृत से परिपूर्ण इस ब्रह्म की नगरी को जो जानता है, उसको ब्रह्म और इतर देव चक्षु, प्राण और प्रजा देते हैं। वृदावस्था के पूर्व चक्षु और प्राण उसको छोड़ते नहीं जो इस ब्रह्मपुरी को जानता है। ब्रह्मपुरी में रहने के कारण आत्मा को पुरुष कहते हैं। आठ चक्र और नौ द्वारों से युक्त यह देवों की अयोध्या नगरी (अध्यात्मिक रूप से) है। इसमें तेजस्वी कोश है, वही देदीप्यमान स्वर्ग है। तीन आरों से युक्त और तीन स्थानों पर रहे हुए उस तेजस्वी कोश में जो पूज्य आत्मा है, उसको ब्रह्मज्ञानी ही जानते हैं। इस देदीप्यमान, मनोहर, यशस्वी और अपराजित नगरी में ब्रह्मा प्रवेश करता है।

यह उपदेश योगसाधन करनेवालों के लिए अमूल्य है। इसमें सबसे पहली बात यह कही है, कि हृदय और मस्तिष्क को एक रूप बनावे। "हृदय का धर्म, भक्ति और मस्तिष्क का धर्म विचार है। भक्ति और विचार का विरोध नहीं होना चाहिए। दोनों को एक ही कार्य में सम अधिकार से प्रवृत्त होना चाहिए।" जहाँ ये दोनों केन्द्र विभक्त होते हैं, उसमें दोष उत्पन्न होते हैं। धर्म में विशेषतः मस्तिष्क की तर्कना और हृदय की भक्ति को समान स्थान मिलना चाहिए। जिस धर्म में इनको समान स्थान नहीं, उस धर्म में अनेक दोष उत्पन्न

हो जाते हैं। ''ज्ञानदान, विद्यादान में भी हृदय और मस्तिष्क का समविकास होने योग्य विद्या अथवा शिक्षा होनी चाहिए।'' जिस विद्या–शिक्षा में केवल मस्तिष्क की तर्क शक्ति बढ़ती है, उस शिक्षा प्रणाली से नास्तिकता (चरम भौतिकवादी, एकाकी प्रवृत्ति) उत्पन्न होती है। और जिससे केवल भक्ति बढ़ती है, उस प्रणाली से अन्ध विश्वास बढ़ता है।'' इसलिए तर्क और भक्ति का समविकास होने से दोनों दोष दूर होते हैं, और सम्पूर्ण उन्नति होती है। योगसाधन करनेवाले को उचित है, कि वह अपने में मस्तिष्क की तर्कशक्ति और हृदय की भक्ति समप्रमाण में विकसित करे। यही भाव ''मूर्धा और हृदय को सीने'' के उपदेश में है। दोनों को सम्बद्ध अथवा एकाकार कर एक करना चाहिए और दोनों को मिलाकर आत्मोन्नति के कार्य में समर्पित करना चाहिए।

अध्यात्मिक ब्रह्मलोक–ब्रह्मरन्ध्र

''मस्तिष्क ऊपर के स्थान में प्राण को प्रेरित करना''। यह दूसरा उपदेश उक्त ऋचाओं में है। मस्तिष्क में सहस्रार चक्र है। इसके नीचे पृष्ठवंश के साथ अनेक चक्र हैं। प्राणायाम द्वारा नीचे से एक–एक चक्र में प्राण भरने की क्रिया साध्य होती है। और सबके अन्त में इस मस्तिष्क के सहस्रार चक्र में प्राण भेजा जाता है। इससे पूर्व पृष्ठवंश की नाड़ियों में प्राण का उत्तम संचार होता है। तत्पश्चात् मस्तिष्क के सहस्रार चक्र में प्राण पहुंचता है। परिणामतः ब्रह्मरंध्र तक प्राण की गति होती है। यह प्राण की सर्वोत्तम गति है। यहीं ब्रह्मलोक होने से तथा इस स्थान में ''प्राण के साथ आत्मा की गति होने से, इस अवस्था में मुमुक्षु को ब्रह्मलोक प्राप्त होता है।'' इसलिए इस अवस्था को सर्वश्रेष्ठ अवस्था कहते हैं। यह सबसे श्रेष्ठ अवस्था प्राणायाम के नियमपूर्वक अभ्यास से प्राप्त होती है। इस कारण यह योगियों को प्राप्त होने वाली अवस्था है।

देवों का कोश रहस्यम्

अ–थर्वा अर्थात् योगी का उक्त प्रकार का शीर्ष (शिरोभाग) सचमुच देवों का महाभण्डार है। इस प्रकार अथर्वा के सिर में समस्त दिव्य भावनायें रहती हैं। समस्त दिव्य श्रेष्ठ दैवी शक्तियों का निवास उसके शरीर में होता है। इसलिए उसकी देह देवताओं का सच्चा आलय अथवा मंदिर है। इन देवों के मन्दिर की रक्षा करनेवाले जो वीर हैं, उनके नाम प्राण, अन्न और मन हैं। बलवान् प्राण, सम्पूर्ण रोगबीजों और शारीरिक दोषों को हटाता है। इसका श्रेष्ठ सद्गुणी और सत्यनिष्ठ मन अपने सुविचारों द्वारा इसको सुरक्षित रखता है। मन की प्रबल इच्छाशक्ति द्वारा समूचे दोष दूर हो सकते हैं, और आदर्श अवस्था प्राप्त हो सकती है। ''सात्विक अन्न के सेवन करने से शरीर निर्दोष

बनता है, मन भी सात्विक बनता है, और प्राण का बल भी बढ़ता है।'' इस प्रकार ये तीन वीर– ''प्राण, मन और अन्न'' परस्पर एक दूसरे का संवर्धन करते हुए सभी मिलकर योगी की सहायता करते हैं। यही प्राणायाम का यश है।

अध्यात्मिक ब्रह्मपुरी शरीरस्थ

ब्रह्म की नगरी हृदय में है, और उसमें अमृत है। इस अमृत का देवगण प्राशन कर पुष्ट होते हैं। अर्थात् हृदय स्थानीय रुधिर ही समूची इन्द्रियों में जाकर वहाँ का आरोग्य स्थिर करता है। इस अमृतपूर्ण ब्रह्म की नगरी को जो भली–भांति जानता है, वह इस पुरी के सम्पूर्ण गुणधर्मों से परिचित हो जाता है। जो अपने हृदय की शक्तियों को जानता है, उसको ब्रह्म और ब्रह्म की शक्तियाँ चक्षु, प्राण और प्रजा देती हैं। चक्षु शब्द से समस्त इन्द्रियों और अवयवों की सूचना होती है। प्रजा शब्द सुप्रजा का बोध कराता है। प्राण शब्द से सामर्थ्य युक्त जीवन का ज्ञान होता है।

यह आशय है कि अपने इस हृदय की शक्तियों का उत्तम ज्ञान प्राप्त करने से उक्त प्रकार के लाभ हो सकते हैं। हृदय को तथा अपने आन्तरिक इन्द्रियों को और अवयवों को जानना, प्राणायाम से जो चित्त की एकाग्रता होती है, तब कई अज्ञात शक्तियों का ज्ञान होता है, उसी अवस्था में आन्तरिक उपकरणों का विज्ञान होता है। इस रीति से हृदयादि अन्तरंगों का पूर्ण ज्ञान होनेके पश्चात् वहाँ अपनी आत्मा की शक्ति कैसे अद्भुत रीति से कार्य कर रही है, इसका साक्षात्कार होता है। इस प्रकार अपनी आत्मा की शक्ति विदित होते ही उक्त फल प्राप्त होता है। सुप्रजा निर्माण करने की शक्ति, दीर्घ आयु और बलवान् इन्द्रिय ये तीन फल अपने हृदय का और वहाँ की आत्मा शक्ति के ज्ञान प्राप्त करने वाले को होते हैं।

''जो पुरुष ब्रह्मज्ञानी बनता है, वह अकाल मृत्यु से नहीं मरता। वह पूर्णायु की समाप्ति के बाद अपनी इच्छा से मरता है। आयुपर्यन्त उसकी सम्पूर्ण इन्द्रियें, अवयव और अंग बलवान् और कार्यक्षम रहते हैं।'' यह ब्रह्मज्ञान का फल है। यहाँ एक शंका उत्पन्न हो सकती है, कि ब्रह्मज्ञान का यह फल कैसे प्राप्त होता है? इसका उत्तर इस प्रकार है, कि ''ब्रह्मज्ञान से आत्मिक शान्ति होती है, और उस कारण उसको उक्त फल प्राप्त होते हैं।'' जो ''ब्रह्मज्ञानी होता है, उसके आचार–विचार शक्ति क्षीण करनेवाले नहीं होने के कारण उसकी शक्ति विकसित होती है। जिसकी शक्ति की अभिवृद्धि होती है, उसको उक्त फल प्राप्त करना सहज ही है।

अयोध्या का अध्यात्मिक अर्थ

"आठ चक्र और नौ द्वारों से युक्त यह देवताओं की नगरी है। इसका नाम अयोध्या है।" "जिसमें देवभावना और आसुरी भावनाओं का संग्राम नहीं होता, अर्थात् जहाँ दैवी वृत्ति ही सदा शान्ति के साथ निवास करती है। इसलिए इसका नाम 'अ–योध्या' नगरी है।" जब तक यह नगरी देवों की होती है, तब तक उसमें शान्ति का राज होता है। अयोध्या के नौ द्वार एवं आठ चक्र का आशय है कि इन्द्रियों के नौ द्वार हैं, और पृष्ठवंश में मूलाधार आदि आठ चक्र हैं। इस नगरी के हृदय स्थान में प्रकाशमय स्वर्ग है। वही प्राणायामादि साधनों द्वारा प्राप्तव्य स्थान है। प्राप्तव्य का अर्थ स्वकीय इच्छा से प्राप्तव्य है। अन्यथा वह स्थान सभी प्राणी मात्र के पास है। परन्तु बहुत कम ही हैं, जो उसमें अपनी इच्छा से प्रवेश पाते हैं। आत्मशक्ति का प्रभाव जानते हुए उस स्थान को जानना और ज्ञान के साथ उसमें निवास करना योगसाधन साध्य है।

अध्यात्मिक अयोध्या के आत्माराम का गूढ़ार्थ

इस नगरी में पूज्यनीयदेव है, वही आत्माराम है। उसको ब्रह्मज्ञानी ही जानते हैं। उसका अन्यों को पता नहीं लग सकता।

इस यशस्वी नगरी में विजयी ब्रह्मा प्रवेश करता है। जीवात्मा जब आसुरी भावनाओं पर विजय प्राप्त करता है, तब वह अपनी राजधानी में विजयोत्सव करता हुआ प्रवेश करता है। यह राजधानी अध्यात्मिक अयोध्या नगरी यश से पूरिपूर्ण है। अयोध्या दुःखों का हरण करनेवाला है, और तेज से प्रकाशित है। "इसका पराजय आसुरी भावनाओं के द्वारा कभी नहीं हो सकता।" इसलिए इसका नाम ही "अपराजित अर्थात् अयोध्या" है।" अपने हृदय की इस शक्ति को जानना चाहिए। हम विचारें कि मैं अपराजित हूँ। मैं दुष्ट भावों से कभी पराजित नहीं हो सकता। मैं सदा विजयी रहूँगा। मेरा नाम ही 'विजय' है। इस तरह के सद्भाव उपासक को अपने अन्दर धारण करने चाहिएँ। "मैं हीन दुर्बल अधम हूँ। इस प्रकार के मलिन, हीन, निराशापूर्ण भाव कभी भी अपने अन्दर नहीं लाने चाहिएँ। ये अवैदिक भाव हैं।" इस ऋचा में आत्मा का विजयी स्वरूप प्रदर्शित किया है।

यह अपनी आत्मा वर्णन है। आत्मा किस प्रकार के भाव से पराजित होती है और किस भावना के धारण करने से विजयी होती है, इसका सूक्ष्म वर्णन इसमें दिया है। आत्मा ही ब्रह्म है, ब्रह्मा है, वह हृदय कमल में निवास करता है। हंस अर्थात् प्राण उसका वाहन है। यह व्याख्या एवं वर्णन पहले हो चुका है। यह ब्रह्मा अथवा ब्रह्म की नगरी है। यही देवों की अमरावती पुरी है,

यही सभी कुछ है।।ऊँ।। सभी वैदिक ऋचाओं की व्याख्या साभार वा.दे. ।।ऊँ।।

परमव्योम् : महाभूत रहस्य

सृष्टिविज्ञान वेद में परमव्योम्–महाकाश में महाब्रह्माण्ड एवं महावायु तत्त्व की उत्पत्ति का वर्णन गूढ़ सूक्तों में है। परमव्योम् में महासृष्टि सृजन का ब्रह्मकार्य सम्पन्न होता है। अर्थात महाब्रह्माण्डों का प्रादुर्भाव होता है। महाब्रह्माण्डों से ब्रह्माण्ड एवं सृष्टि का सृजन हुआ। वेद (ऋग्वेद) के विश्वकर्मासूक्त, हिरण्यगर्भ सूक्त, प्रजापतिसूक्त, पुरुषसूक्त, नासदीयसूक्त, सृष्टिरहस्यसूक्त, मार्तण्ड उत्पत्ति सूक्त आदि परमव्योम से महाब्रह्माण्ड और व्योम् से सृष्टि (सर्वप्रथम परमव्योम से महावायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल एवं जल से पृथिवी की उत्पत्ति) की रहस्यमय विद्या को उद्घाटित करते हैं। वायुविज्ञान महासृष्टि के सन्धान से वांछित सृजन की विद्या प्रतिपादित करता है।

पंचमहाभूतों की रचना

ऋग्वेद के सृष्टि विषयक सूक्तों की श्रृंखला में सुविख्यात एवं महत्वपूर्ण सूक्त–नासदीय सूक्त आदि हैं। नासदीय सूक्त का विषय बहुत जटिल है। सूक्त के ऋषि प्रजापति परमेष्ठी हैं। उससमय पंच महाभूत अस्तित्व में ही नहीं रहे। सूक्त में सृष्टि उत्पत्ति के क्रम में तीन कड़ियों का निर्देश है। सूक्त की अन्तिम ऋचा में द्रष्टा ने स्पष्ट किया कि देवों के लिए सृष्टि का निमार्ण कब और किससे हुआ का रहस्य अगम्य है। अतः मानव इसकी थाह कैसे पाते ? क्रान्तदर्शी कवियों ने अपने मेधा–बुद्धि के माध्यम से इस रहस्य का भेद समझाने का जतन किया।

पहली दो ऋचायें सृष्टि रहस्य की प्रथम कड़ी हैं। उस समय पंच महाभूत नहीं रहे। किसी भी तरह की द्वन्द्वात्मकता विद्यमान नहीं रही। केवल एक ही तत्त्व ''अत्र तत्र सर्वत्र'' व्याप्त रहा। प्रलयावस्था में पंचभूतादि सत् (सत् और असत्) पदार्थ नहीं थे, साथ ही अभावरूप असत् आकाश एवं लोक नहीं थे। उस प्रलयावस्था में किसने किसे ढका ? कैसे ढका ? यह अनिश्चित अनुत्तरित रहा। अमृत, मृत्यु भी नहीं रहा। सूर्य, चन्द्रमा नहीं होने से दिन–रात्रि का भेद मालूम ही नहीं था। ऐसी दशा में एक ब्रह्म ही विद्यमान

रहा। यानी परमव्योम में एकमात्र ब्रह्म ही उपस्थित रहे। इसकी दूसरी कड़ी उस समय प्रारम्भ हुई जब ''अम्भु तत्त्व'' निर्मित होने पर उतारू हुआ। इसे चारों और दिव्य जल ने घेर लिया। परिणामतः आपाततः दब गया। उसके उपरान्त वह अपने तप की सामर्थ्य से प्रकट हो सका। इसी समय एकमेव आभु में सृष्टि का निर्माण का कार्य उत्पन्न हुआ। इससे मानसिक सृष्टि का निमार्ण होने वाला रहा। मन्त्र द्रष्टा कवियों ने इसे ''मन का रेत'' कहा। तीसरी, चौथी ऋचा में मन्त्र द्रष्टा ऋषियों ने अपने हृदय में अवेन्षण करके यह पहचाना कि सत् अर्थात् व्याकृत नामरूप विश्व का सम्बन्ध असत्–अव्याकृत नामरूप ''एकम् आभु'' के रूप में ऊपर निर्दिष्ट मायाविच्छन्न परमात्मा से है। एकमात्र आभु में सृष्टि निर्माण की अभिलाषा का उदय सृष्टि के उत्पत्तिक्रम की दूसरी कड़ी है। इसी का निर्देश उपनिषदों में है। इसका तीसरा चरण, इस एक तत्त्व का द्वैधीभाव (दो भागों) में विभाजित होने का निर्देश है। इसका वर्णन आगामी ऋचाओं में है। इसका एक अंश ''रेतोधा''–पुमान् रूपी बना और दूसरा ''महिमा''–रेत के ग्रहण एवं संवर्धन के लिए आवश्यक नारी रूपी महिमा कहलाया। इन दोनों में पारस्परिक ''महिमारूपी'' अंश को ही ''स्वधा''–बीज धारण करने वाली शक्ति और ''रतोधा'' रूपी अंश को ही ''प्रयतिः'' (अर्पण करनेवाली शक्ति) की महती संज्ञाएँ समर्पित की।

उसके बाद सृष्टि स्वाभाविक है। ''बृहदारण्यक उपनिषद्'' में इसका सविस्तार वर्णन है। सूक्त की अन्तिम दो ऋचाओं में मन्त्र द्रष्टा ऋषियों ने परमव्योम का रहस्योद्घाटन किया (नीहारिकाएँ, दुग्धमेखला, आकाशगंगा, नक्षत्रमण्डल)। यह भी प्रतिपादन किया कि सृष्टि का यह गूढ़–किससे एवं कैसे अर्थात अनिच्छा या इच्छा के अनुसार पैदा हुआ, सृष्टि के उपरान्त ही उत्पन्न होनेवाले देवों को भी अगम्य है। सबको नियन्त्रण करनेवाले परमात्मा को ही यह सम्भवतः ज्ञात होगा अथवा यह भी सम्भव है कि ज्ञात होने के बावजूद उसका भान नहीं हो या वे इसका आभास नहीं करवाना चाहते।

ऋग्वेद 10.81 : विश्वकर्मा सूक्त

सृष्टि की उत्पत्ति के विषय में विश्वकर्मा सूक्त नवदृष्टि प्रदान करता है। यद्यपि विश्वकर्मा सूक्त नासदीय सूक्त, पुरुष सूक्त की तरह अधिक प्रचलित नहीं है। ''विश्वकर्मन् देवता का नाम ऋग्वेद में पांच स्थानों पर आया है। दशम मण्डल मे दो सूक्त विश्वकर्मा को समर्पित हैं। विश्वकर्मा नाम इन्द्र की और सर्वस्रष्टा के रूप मे ंसूर्य की उपाधि के रूप में प्रयोग हुआ है।''

वाजसनेयि संहिता (12.61) में विश्वकर्मन् प्रजापति का एक गुण लिखा है। ऋग्वेद का विश्वकर्मा सर्वद्रष्टा एवं इसके शरीर में सभी नेत्र, मुख, भुजा एवं चरण हैं। यह पँखों से युक्त है। विश्वकर्मा द्रष्टा, पुरोहित, सभी के पिता हैं। वह "वाचस् पति", विचार के समान वेगवान, उदार और समस्त समृद्धियों के स्रोत हैं। यह सृष्टि के सभी स्थानों प्राणियों के ज्ञाता हैं और सभी देवों को उनकी जानकारी देते हैं अथवा विश्वकर्मा देवता सृष्टि के प्राणियों की सूचना देते हैं। वह धातृ एवं विधातृ, परमा संदृक्, बुद्धिमान और स्फूर्तिमान है। "विश्वकर्मा ने पृथिवी को उत्पन्न किया और आकाश का अनावरण किया।" प्रारम्भ में सौसे देव की उपाधि से सम्बोधित विश्वकर्मा प्रकारान्तर में एक देव का स्वरूप बने। उनका विश्वकर्मा नाम सृजनात्मक गुणों से युक्त होने से रखा गया। शतपथ ब्राह्मण, ऐतरेय ब्राह्मण में विश्वकर्मा को, विधाता प्रजापति के साथ समीकृत किया गया है।

दशम मण्डल में विश्वकर्मा की वन्दना में कहा गया है कि विश्वकर्मा ने होता बनकर विश्व के भुवनों का आवाहन किया। विश्वकर्मा स्वयम्भू थे। उन्होंने ही स्वस्तिवाचन के साथ सर्वप्रथम अग्नि को उत्पन्न किया। विश्वकर्मा ने यह रहस्य रहस्य ही रखा कि पृथिवी एवं आकाश की सृष्टि किस आधार पर हुई एवं किस वस्तु से हुई ? विश्वकर्मा ने पृथिवी भूमि की किस वस्तु से रचना की एवं आकाश को कैसे विस्तृत किया? विश्वकर्मा एकमात्र विश्वचक्षु, विश्वमुख एवं विश्वबाहु सर्वज्ञ सर्वेश्वर देव हैं। वे अपनी बाहुओं से आकाश की गति को नियमित करते हैं और अपने गमनशील पाँवों से पृथिवी को नियमबद्ध करते हैं।

सूक्त में कहा है कि आकाश एवं पृथिवी रूपी प्रासाद के निर्माण किस वन, किस वृक्ष की लकड़ी से हुआ है? हे जिज्ञासु मनीषियों! ब्रह्म ही वन में रूपानन्तरित हुआ और ब्रह्म ही वृक्ष है। उसी से सृष्टि का निर्माण हुआ। हे विश्वकर्मा! आपके ये तीनों उत्तम, मध्यम एवं अधम धाम हैं। हमें सत्पथ की शिक्षा दो। स्वयं अपने यज्ञ से इन लोकों की वृद्धि करो। आप हवि द्वारा वर्द्धमान हो। आपके कारण ही द्यावापृथिवी पूजनीय है। आप विश्वशम्भू–विश्व के लिए कल्याणकारी एवं साधुकर्मा–अच्छे कर्म करनेवाले हो। विश्वकर्मा इन्द्रियों के पिता हैं। विश्वकर्मा के मात्र मनन करते ही घृत–जल की उत्पत्ति हुई। पृथिवी एवं आकाश जल से ही उत्पन्न हुए। "विश्वकर्मा ही विविध कर्म करनेवाले, सर्वव्यापी, महान्, धाता विधाता, सर्वद्रष्टा, सप्तर्षियों आदि से परे हैं।" वे हमारे रचियता एवं पालनहार हैं। वे ही विधाता देवताओं के निवासस्थान के ज्ञाता हैं। "विश्वकर्मा भिन्न–भिन्न नाम धारण करके

भिन्न–भिन्न देवताओं का कार्य करते हैं।'' समस्त सृष्टि प्रश्न देव, कःदेव, अज्ञात देव में विलीन होती है। परमव्योम में नक्षत्र, तारे, ऋषि, ऋक्ष विश्वकर्मा से चमकते हैं। चल एवं अचल जगत् में विश्वकर्मा की विभूति छाई है। ''विश्वकर्मा का ईश्वर तत्त्व आकाश से परे, पृथिवी से परे, देवों से परे एवं असुरों से भी परे है।'' विश्वकर्मा ने सर्वप्रथम जल गर्भ में समस्त सृष्टि को धारण किया। इस मूलतत्त्व में भिन्न–भिन्न देवताओं का पृथक् व्यक्तित्व छिपा था। विश्वकर्मा के जल में ही ब्रह्म का निवास रहा। कवि ने लिखा है कि द्यावापृथिवी में ब्रह्म का अस्तित्व स्पष्ट दिखाई नहीं देता है। वास्तव में विश्वकर्मा ही एकमात्र परमेश्वर है। विश्वकर्मा सूक्त में उन्हें रचियता, पालनहार एवं संहारक कहा है। लेकिन सूक्त में स्पष्ट रूप से विश्वकर्मा में सभी देवता समाहित कहा गया है, अर्थात् ब्रह्म एक है दूसरा नहीं है।

विश्वकर्मा : सृष्टि निर्माता

विश्वकर्मा सूक्त सृष्टि निमार्ण प्रक्रिया के गुप्तज्ञान से परिचय करवाता है। इस सूक्त का विषय ''विश्वकर्मा'' और मन्त्र द्रष्टा ऋषि भुवन पुत्र विश्वकर्मा है। ऋग्वेद के दशम मण्डल के 81वां सूक्त सृष्टि कर्म की अदृश्य रहस्यमय कुंजी है। इन सूक्तों की भाषा अध्यात्मिक रहस्यपूर्ण है। सूक्त में विश्वकर्मा को विश्व भुवन के होता के रूप में सम्बोधित किया है। सूक्तानुसार ''विश्वकर्मा होता'' समस्त लोकों–भुवनों का हवन करके स्वयं भी अग्नि हवन में विराजमान होते हैं। वह हम सभी के पिता हैं। वह स्तोत्रादि के आशीर्वाद मन्त्रों से स्वर्ग रूप द्रविणं इच्छा करते हुए सर्वप्रथम समूचे जगत् को व्यापता है। साथ ही समीप के लोकों के साथ स्वयं भी अग्नि में प्रविष्ट हुआ।

विश्वकर्मासूक्त

ऋग्वेद 10.82.1–7

विश्वकर्मा भौवनः। त्रिष्टुप्।।

चक्षुषः पिता मनसा हि धीरो घृतमेने अजनम्नमाने।
यदेदन्ता अददृहन्त पूर्व आदिद्द्यावापृथिवी अप्रथेताम्।।1।।
विश्वकर्मा विमना आद्विहाया धोता विधाता परमोत संदृक्।
तेषामिष्टानि समिषा मदन्ति यत्रा सप्तऋषीन् पर एकमाहुः।।2।।
यो नः पिता जनति यो विधाता धामानि वेद भुवनानि विश्वा।
यो देवानां नामधा एक एव तं संप्रश्नं भुवना यन्त्यन्या ।।3।।
त आयजन्त द्रविणं समस्मा ऋषयः पूर्वे जारितारो न भूना।
असूर्ते सूर्ते रजसि निषते ये भूतानि समकृण्वन्निमानि।।4।।

परो दिवा पर एना पृथिव्या परो देवेभिरसुरैर्यदस्ति।
कं स्विद्गर्भं प्रथमं दध्र आपो यत्र देवाः समपश्यन्त विश्वे।।5।।
तमिद्गर्भं प्रथमं दध्र आपो देवाः समगच्छन्त विश्वे
अजस्य नाभावध्येकमर्पितं यस्मिन् विश्वानि भुवनानि तस्थुः।।6।।
न तं विदाथ य इमा जनानाऽन्यद्युष्माकमन्तरं वभूव।
नीहारेण प्रावृता जल्प्या चाऽसुतृप उक्थशासश्चरन्ति।।7।।

(विश्वकर्मा सूक्त सरलार्थः इन्द्रियादि युक्त शरीर के उत्पादक और मनसे निश्चय ही प्रबल विश्वकर्मा ने सर्वप्रथम जल को उत्पन्न किया। अनन्तर जल में इधर–उधर चलने वाले द्यावापृथिवा का सृजन किया। जब पर्यन्तभाग, बाहर से सीमा के द्यावापृथिवी के प्राचीन भाग दृढ़ हो गए, तब द्यावापृथिवी विस्तृत होते गए, प्रसिद्ध हुए। विश्वकर्मा सर्वज्ञानी, महान, समस्त विश्व को धारण करनेवाला, जगत का निर्माता, परमज्ञानवान और सभी कार्यों का द्रष्टा है। विद्वान उसके विषय में सप्तर्षियों से भी परे कहते हैं। उसकी अभिलाषाएँ अन्न के द्वारा पूर्ण होती है। ऐसा कहते हैं कि वह एकमात्र अद्वितीय है।

जो हमारा पालक, उत्पन्न करनेवाला, विशेषरूप से जगत् को धारण एवं पोषण करने वाला है; जो विश्व के सभी धामों, लोकों एवं उत्पन्न होनेवाले पदार्थों को जानता है। जो समस्त देवों के नाम रखकर, उनको उनके स्थानपर रखने वाला अकेला, अद्वितीय है। उसे अन्य समूचे उत्पन्न प्राणि ''कौन परमेश्वर है यह प्रश्न पूछते–पूछते प्राप्त करते हैं।'' वे प्राचीन सभी ऋषि स्तुति करनेवाले स्तोताओं के समान इसी विश्वकर्माके लिए ही चरू पुराडाशादि धनसे सब रीति से यजन करते हैं। जिन महर्षियों ने स्थावर और जंगम लोकमें नियतरूप से व्यापक इन सभी लोकों और प्राणियों को धनादि प्रदान करके बनाया है।

वह द्युलोक से भी परे है, इस पृथिवी से भी परे है; जो देव और असुरों से भी परे है, श्रेष्ठ है। जल में किस सर्वश्रेष्ठ सर्वसंग्राहक ने गर्भको धारण किया है ? जिसमें सब इन्द्रादि देव रहकर परस्पर एकत्र देखते हैं। ''उस विश्वकर्मा के गर्भ को सर्वप्रथम जलतत्त्वने धारण किया।'' उसमें इन्द्रादि सब देव एकत्र होते हैं। उस ''अजन्माकी नाभि में यह समस्त विश्व एक सम्यक् रूप से आश्रित है। अर्थात उसमें यह ब्रह्माण्ड है।'' जिसमें सब भूत प्राणि रहते हैं। हे मानुषो ! आप उसको नहीं जानते, जिसने इन समस्त लोकों और प्राणियों को उत्पन्न किया। उसके अन्तर्गत ईश्वरतत्त्व निश्चितरूप से पृथक् विद्यमान है। कोहरेसे घिरे हुए, अज्ञान–अन्धकार से ढके हुए केवल उदर भरण करके तृप्त होनेवाले और स्तुतिपाठक होकर, केवल मंत्रों का

उच्चारण करके पृथिवी पर विचरते हैं। उनको ईश्वरतत्त्व का साक्षात्कार नहीं होता है।(ऋग्वेद 10.82.1—7)

नासदीय सूक्त ऋग्वेद 10.129 : सृष्टि रचना विद्या

ऋग्वेद के सृष्टिविषय सूक्तों में नासदीय सूक्त के नाम से अत्यन्त अतीव सुविदित एवं महत्वपूर्ण है। इसका विषय एवं भाषा अत्यन्त जटिल है। इसकी अन्तिम ऋचा में ''परम व्योम'' का रहस्योद्घाटन किया गया है। सूक्त के अन्त में द्रष्टा ने सूचित किया है कि सृष्टि का निर्माण कब हुआ एवं किससे हुआ यह एक बड़ा रहस्य है। यह रहस्य देवों के लिए भी अगम्य है। इसकी थाह बेचारे मानव कैसे पाते? फिर भी कवियों (अन्तर्चेतनावान, प्रज्ञावान, क्रान्तदर्शी, तत्त्ववेत्ता, बोधवान) ने अपनी बुद्धि के सहारे इसे हृदय में पाने का यदि प्रयत्न किया तो वे इस रहस्य का भेद करने में अवश्य सफल हो सकेंगे?

सृष्टि उत्पत्ति क्रम में तीन प्रमुख कड़ियाँ सूक्त में वर्णित हैं। पहली दो ऋचायें अबूझ पहेली सरीखी हैं। (सृष्टि उत्पत्ति से पूर्व) किसी भी तरह की द्वन्द्वात्मकता विद्यमान नहीं थी; केवल एक ही तत्त्व ''अत्र तत्र सर्वत्र'' व्याप्त रहा। दूसरी कड़ी ''एक तत्त्व ''आभु'' है (निर्मित होने पर उतारू होने से उत्पन्न हुई।)। इसे चारों ओर से सलिल—जल ने घेर लिया। इसका अर्थ यह है कि वह आपाततः दब गया। फिर भी वह अपने ''तप के सामर्थ्य'' से प्रकट हो सका। उसी समय एकमेव ''आभु में सृष्टि निर्माण का कार्य प्रारम्भ'' हुआ। इसीसे ''मानसिक सृष्टि का निमार्ण'' होनेवाला था इसलिए कवियों ने इसे ''मन का रेत'' कहा। मन्त्र द्रष्टा कवियों ने अपने आन्तरिक ब्रह्माण्ड—हृदय में अवेन्षण करके यह स्पष्ट रूप से पहचान लिया कि सत् अर्थात् व्याकृत नामरूप विश्व का सम्बन्ध अव्याकृत नामरूप ''एकम् आभु'' के रूप में मायावच्छिन्न परमात्मा से है। एकमेव आभु में सृष्टि उत्पत्ति की अभिलाषा का उदय सृष्टि की उत्पत्ति क्रम की दूसरी कड़ी है। उपनिषदों के ''तदैक्षत, सोऽकामयत'' आदि भी इसी का निर्देश करते हैं। इसका तीसरा चरण इस एक तत्त्व का द्वैधीभाग (दो भागों में विभाजन) रहा। इसका एक अंश ''रेतोधा'' पुमान् रूपी बना और दूसरा ''महिमा—रेत ग्रहण एवं संर्वधन के लिए नारी रूप बना''। इन दोनों में पारस्परिक आकर्षण—कामरूपी रश्मि बना। आगे महिमा रूपी अंश को ''बीज धारण करनेवाली शक्ति स्वधा'' और ''अर्पण करनेवाली शक्ति प्रयतिः'' (रेतोधा रूपी अंश) संज्ञाएँ समर्पित की गई। बृहदारण्यक उपनिषद् में मायावच्छिन्न परमात्मा के द्वैधीभाव को अधिक स्पष्ट किया है।

सूक्त में कहा है कि सर्वनियन्ता परमात्मा को सम्भवतः सृष्टि का रहस्य ज्ञात हो?

ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में सृष्टि उत्पत्ति का कारण सर्वतः प्रथम मन और उसकी इच्छावृत्ति का उद्भव बताया गया है। मन में रस और बल तत्त्व है। इनमें सृष्टि का अत्यन्त लय–रूप मुक्ति होता है। बाँधनेवाले बल में मन, वाक् एवं प्राण कलाएँ निर्मित होती हैं। मन को दोनों ओर लिया गया है। मन ही बन्ध एवं मोक्ष दोनों का कारण हैः ''मन एवं मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः।''

नासदीय सूक्त में प्रश्न किया हैः न अन्तरिक्ष था, न उसके परे आकाश था। किसने सभी को ढका था? और कहाँ ? किसके द्वारा आश्रित था? कैसे अथाह सलिल था? उस समय मृत्यु नहीं थी, अमरत्व भी नहीं था? रात एवं दिन का भेद भी नहीं था। वह ''एकाकी स्वावलम्बी शक्ति से श्वसित'' रहा। सृष्टि उत्पत्ति का मूल स्रोत, वही जानता है, जो उच्चतम द्यौलोक–परमव्योम से शासन करता है। वह सर्वदर्शी महास्वामी है। इस सूक्त की यह भी व्याख्या है कि अविभेद्य सलिल (दिव्य जल) को महाशून्य एवं महाअन्धकार ने आवृत्त कर रखा था। सूक्त में मनस् का प्रथम बीज (प्रजापति उस ''काम'' का मानवत्वारोपित प्रतिनिधि है।) कहा गया है। वैदिक ग्रन्थों का कथन उलटबांसी है : ''देवगण प्रजापति की सृष्टि करते हैं।'' इसी क्रम में ऋग्वेद की ऋचाओं में उल्लेख आया कि अदिति से दक्ष की उत्पत्ति हुई और दक्ष से अदिति उत्पन्न हुई। ऋग्वेद के सूक्तों में ''वरूण देवता को देव सम्राट'' घोषित किया गया है। ब्रह्माण्डों के दिव्य जल के अधिपति सम्राट वरूण को सृष्टि का रचनाकार घोषित किया गया है। ऋग्वेद में सम्राट वरूण के सूक्त संख्या में कम होते हुए भी परमव्योम (उच्चतम द्यौलोक), ब्रह्माण्डों और सृष्टि उत्पत्ति के रहस्यों का उद्वाचन करने में सक्षम हैं।

नासदीय सूक्त

ऋग्वेद 10.129.1–7 ।।प्रजापतिः परमेष्ठी । भाववृत्तम्। त्रिष्टुप

नासदीसीन्नो सदासीत तदानीं नासीद्रजो नो व्योमा परो यत्।
किमावर्रावः कुह कस्य शर्मन्नम्भः किमासीद्गहनं गभीरम्।।1।।
न मृत्युरासीदमृतं न तर्हि न रात्र्या अह्न आसीत् प्रकेतः।
आनीद्वात स्वधया तदेकं तस्माद्धान्यन्न परः किं चनास ।।2।।
तम आसीत तमसा गूळ्हमग्रे ऽप्रकेत सलिलं सर्वम्म इदम्।
तुच्छयेनाभ्वपिहितं यदासीत तपसस्तन्महिनाजायतैकम्।।3।।

कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनोसा रेतः प्रथमं यदासीत्।
सतो बन्धुमसति निरविन्दन् हृदि प्रतीष्या कवयो मनीषा।।4।।
तिरश्चीनो विततो रश्मिरेषामधः स्विदासी 3 दुपरि स्विदासी 3 त्।।
रेतोधा आसन् महिमान आसन् त्स्वधा अवस्तात् प्रयतिः परस्तात्।।5।।
को अद्धा वेद क इह प्र वोचत् कुत आजाता कुत इये विसृष्टिः।
अर्वाग्देवा अस्य विसर्मनेनाऽथा को वेद यत आबभूव।।6।।
इयं विसृष्टिर्यत आबभूव यदि वा दधे यदि वा न ।
यो अस्याध्यक्षः ''परमे व्योमन्'' त्सो अड्.ग वेद यदि वा न वेद।।7।।

नासदीय सूक्त बहुत ही रहस्यमय ढंग से ''परमव्योम का रहस्योद्घाटन'' करता है। नासदीय सूक्त के प्रारम्भ में कहा : प्रलयावस्थासे पहले न सत् था और न असत् था। उस समय लोक नहीं था। आकाश के पार भी कुछ नहीं था। उस समय सबको ढकने वाला क्या था ? अगाध और गम्भीर जल क्या था ? प्रलयावस्था में पंचभूतादि सत् पदार्थ नहीं थे, न कुछ अभावरूप असत् ही था, ना आकाश था, ना लोक ही था ? उस समय न ही मृत्यु थी, न ही अमृत था।

सूर्य, चन्द्र के अभाव से रात्री और दिन का ज्ञान भी नहीं था। महामहाशून्य, महामहाअन्धकार रहा अथवा नहीं रहा। वायु से रहित दशा में एक अकेला वह ही ''ब्रह्म अपनी शक्ति'' के साथ प्राण ले रहा था।'' उससे भिन्न कुछ नहीं रहा। ''सृष्टि से पूर्व प्रलय दशा में अन्धकार रहा या नहीं रहा। सभी अन्धकार से आच्छादित था। अज्ञात दिशामें और यह सब कुछ जल ही जल था।'' वह चारों और होने वाले सदसद्विलक्षण भाव से आच्छादित रहा एवं एक ब्रह्म तप के प्रभाव से हुआ। सर्वप्रथम परमेष्ठी–परमेश्वर के मन के अन्दर सृष्टि उत्पन्न करने की इच्छा उत्पन्न हुई। जिससे मन बीज अथवा कारण उत्पन्न हुआ। समूची सृष्टि का उपादान कारण भूत बीज हुआ। यह ब्रह्मरूपी सत् पदार्थ ब्रह्मरूपी असत् से पैदा हुआ।

ब्रह्म की बीज शक्ति से भोग्य और भोक्ता का एक युग्ल पैदा हुआ। इन्हीं भोग्य एवं भोक्ता से ही समस्त सृष्टि हुई। इनमें भोग्य निकृष्ट होने के कारण वह भोक्ता के अधीन हुई। यह सृष्टि कैसे और कहाँ उत्पन्न हुई, कोई नहीं जानता, क्योंकि इस रहस्य को जानने वाले विद्वानों का जन्म बाद में हुआ। यह सृष्टि जिससे पैदा हुई वह इसे धारण करता भी है अथवा नहीं, इसको हे विद्वन्, वही जानता है, जो ''परमव्योम–परमाकाश में रहता है, वही महासृष्टि एवं सृष्टि का अध्यक्ष है।'' अर्थात ''परमव्योम में रहनेवाला परब्रह्म

परमेश्वर परमेष्ठी सृष्टि का कारण है। वह ही सृष्टि को पूर्णतया जानता है।''(ऋग्वेद 10.129.1—7)

''कः'' प्रजापति सूक्त : ऋग्वेद 10.121.1—10

ऋग्वेद के दशम मण्डल के एक सौ इक्कीसवें सूक्त का विषय ''कः प्रजापति'' है। प्रस्तुत सूक्त में कवि ने सर्वेश्वर परमेष्ठी परमात्मा के सम्बन्ध में विचार पक्ष रखा है। ''वह सर्वेश्वर तत्त्व समूची सृष्टि की संरचना के पहले विद्यमान रहा।'' अर्थात प्रलय के दौरान परमेष्ठी तत्त्व अव्यक्त रहा। सृष्टि रचना से पूर्व भी ऋषि रहे। उसी ने वास्तविकता में रचना की। उसीमें सभी देवताओं की शक्तियाँ समाहित हैं। देवों का देवता कौन है यह प्रश्न पूछा गया। मन्त्र द्रष्टा कवि ने इसके उत्तर में प्रजापति कहा। यह माना जाता है कि पदपाठ के प्रणेता शाकल्य के पाठ अनुसार सूक्त के अन्त में प्रचलित ऋचा नहीं है। कवि के दृढ़ विश्वास की अभिव्यक्ति प्रत्येक ऋचा देवों के अधिष्ठाता देवता के अस्तित्व से की है। अतएव ''कस्मै देवाय हविषा विधेम'' को केवल देवता के नाम के सम्बन्ध में सन्देह का परिचायक माना जा सकता है; उसके अस्तित्व के विषय में आशंका बोधक नहीं। वैसे अन्तिम ऋचा में ''क'' नाम के देव को प्रजापति मानने का चलन हुआ। आचार्य सायणाचार्य ने कहाः ''अतः कारणात् क इति प्रजापतिराख्यायते।'' इस कथा की पुनरावृति ऐतरेय ब्राह्मण में भी है।

इस सूक्त के प्रथम मन्त्र में सर्वोच्च देवता को सभी प्राणियों का अधिपति, हिरण्यगर्भ के रूप में व्यक्त किया है। ऋग्वेद में यह नाम अनेक ऋचाओं में एवं अथर्ववेद, ब्राह्मण ग्रन्थों में भी आया है। तैत्तिरीय संहिता (5.5. 1.2) में हिरण्यगर्भ को स्पष्ट रूप से प्रजापति के साथ समीकृत किया गया है। बाद के साहित्य में प्रजापति प्रमुखतः ब्रह्मा की उपाधि है। इस सूक्त को ऋग्वेद का अत्यन्त उदात्त एवं अपेक्षाकृत अमूर्त कहा गया है। इसमें कहा गया है कि आरम्भ में सर्वत्र शून्य रहा और किसी का भी अस्तित्व नहीं था। अविभेद्य जल को अन्धकार एवं महाशून्य ने आवृत्त कर रखा था। उसी समय ''तप'' द्वारा एक ''आद्य तत्त्व एकम्'' की उत्पत्ति हुई। उसके पश्चात मनस् का सर्वप्रथम बीज ''काम'' उत्पन्न हुआ। यही असत् एवं सत् के बीच की श्रृंखला बना। इसके उद्भव के कारण देवगण की उत्पत्ति हुई।

इसकी व्याख्या यह भी है कि हिरण्यगर्भ से सभी भूतों के युगल उत्पन्न हुए। उन्होंने पृथिवी एवं आकाश को धारण कर स्थिर किया। मन्त्र द्रष्टा कवि ने प्रश्न की तरह कहा कि हम किस देवता अथवा कः नामधारी अवर्चनीय प्रजापति के लिए हवि प्रदान करें।

सूक्त के अनुसार जो अपनी महिमा से निर्जीव एवं जीव जगत् के एकमात्र स्वामी हैं वे ही द्विपद एवं चतुष्पद दोनों के ही स्वामी हैं। हम उन्हीं ''कः देवता'' के लिए हवि प्रदान करें। यह हिमवान पर्वत उनकी महिमा के अधीन है। उसीका जल पूर्ण समुद्र है। उनकी बाहु चारों दिशाएँ एवं चारों प्रदिशाएँ हैं। अर्थात् समूचा ब्रह्माण्ड उनकी बाहुओं में है। उनके द्वारा उग्र आकाश एवं पृथिवी अपने–अपने स्थानों पर दृढ़ हैं। वह ही स्वर्लोक एवं सूर्य का आधार है। वह अन्तरिक्ष से बृहद् है। अर्थात् सभी ब्रह्माण्ड उनके भय से सभी (आकाश, पृथिवी आदि) मन ही मन काँपते हैं। उनके ऊपर सूर्य का प्रकाश पड़ने पर सभी की उनके विराट् स्वरूप से क्रन्दसी की स्थिति पैदा होती है। जब बृहती जलराशि के गर्भ से अग्नि उत्पन्न हुई, तब वही देवताओं का प्राण है। एकमात्र उनमें ही रचना सृजन की सामर्थ्य है। वे ही सृष्टि को उत्पन्न करनेवाले हैं। उन्होंने अपनी महिमा से अपार जलराशि को देखा। तत्क्षण दक्ष, अदिति आदि की उत्पत्ति हुई। वह ''कः'' देवों के अधिदेव है। उसी सत्यधर्मा ने आकाश, चन्द्र, पृथिवी एवं आपः को उत्पन्न किया। वह सृष्टि रचियता (पृथिवी) हमारी रक्षा करे, हिंसा नहीं करे। हे ''कः'' (प्रजापति)! आप समूची सृष्टि के ज्ञाता हैं। हे करूणामय! हमारी प्रार्थना से प्रसन्न हों।

ऋग्वेद की सृष्टिनियममीमांसात्मक व्याख्याओं में सूर्य को सभी स्थावर जंगम की आत्मा (1.115.2) कहा गया है। ऋग्वेद 10.121.3 में हिरण्य गर्भ नाम से सूर्य की ब्रह्माण्ड की सर्वोच्च्य शक्ति रूप में प्रख्याति वर्णन है। सूक्त के अनुसार सूर्य ही अन्तरिक्ष में शून्य स्थान को मापते हैं। साथ ही उस स्थान पर प्रकाशित होते हैं जहाँ सूर्योदय होता है। सूक्त की अन्तिम ऋचा में ''सूर्य को सृजित प्राणियों का अधिपति–प्रजापति सम्बोधित किया गया है।'' ब्राह्मण ग्रन्थों ने इसका अनुकरण किया। ऋग्वेद के चौथे मण्डल की दूसरी ऋचा में ''सौरदेव सवितृ की उपाधि प्रजापति'' है। साथ ही सवितृ स्थावर, जंगम के अधिपति हैं। आचार्य भगवद्दत्त ने ''सविता देवता'' पोथी में सवितृ एवं सूर्य की वैदिक ऋचाओं की अद्‌भुत व्याख्या की है।

हिरण्यगर्भसूक्त

ऋग्वेद : 10.121.1–11 हिरण्यगर्भः प्रजापत्य । कः। त्रिष्टुप् ।

हिरण्यगर्भ समवर्तताग्रे भूतस्य जातः परि रेक आसीत्।
स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम ।।1।।
य आत्मदा बलदा यस्य विश्व उपासते प्राशिषं यस्य देवाः।
यस्य छायामतं यस्य मृत्युः कस्मै देवाय हविषा विधेम।।2।।
यः प्राणतो निमिषतो महित्वैक इन्द्राजा जगतो बभूव।
य ईशे अस्य द्विपदश्चुष्पदः कस्मै देवाय हविषा विधेम।।3।।
यस्येमे हिमवन्तो महित्वा यस्य समुदं रसया सहाहुः।
यस्येमाः प्रदिशो यस्य बाह कस्मै देवाय हविषा विधेम।।4।।
येन द्योरूग्रा पृथिवी च दृळहा येन स्वय स्तभितं येन नाकः।
यो अन्तरिक्षे रजसो विमानः कस्मै देवाय हविषा विधेम।।5।।
यं क्रन्दसी अवसा तस्तभाने अभ्यैक्षेतां मनसा रेजमाने।
यत्राधि सूर अदितो विभाति कस्मै देवाय हविषा विधेम।।6।।
आपो ह यद्बृहतीर्विश्वमायन गर्भं दधाना जनयन्तीरग्निम्।
ततो देवानां समवर्ततासुरेकः कस्मै देवनय हविषा विधेम।।7।।
यश्चिदापो महिना पर्यपश्यद् दक्षं दधाना जनयन्तीर्यज्ञम्।
यो देवेष्वधि देव एक आसीत कस्मै देवाय हविषा विधेम।।8।।
मा नो हिंसीज्जनिता यः पृथिव्या यो वा दिवं सत्यधर्मा जजान।
यश्चापश्चान्ता बृहतीर्जजान कस्मै देवाय हविषा विधेम।।9।।
प्रजापते न त्वदेतान्यन्यो विश्वा जातानि परि ता बभूव।
यत् कामास्ते जुहुमस्तन्नो अस्तु वयं पतयो रणीणाम्।।10।।

(हिरण्यगर्भसूक्त सरलार्थः "इस सृष्टि के सृजन से पहले हिरण्यगर्भ परमात्मा परब्रह्म विद्यमान था।" वह उत्पन्न समस्त जगत्का एकमात्र अद्वितीय स्वामी है। वही पृथिवी एवं अंतरिक्ष को धारण करता है। उस सुखदायी परमेश्वर की हम हवि के साथ उपासना पूजा करते हैं। हे अग्नि! आप प्रसन्न होकर मेरे स्तोत्र की भी इच्छा कर। हे उत्तम करनेवाले! आप समस्त लोकों को जाननेवाले हो। हे तेजस्वी अग्नि! आप यज्ञकर्ता यजमानके लिए यज्ञमें पधारें, आपका अनुकरण करके देव भी यज्ञ में आते हैं, यजमान को यज्ञ फल देते हैं।

हे अग्नि! आप पृथिवी आदि सात स्थानों को व्यापनेवाला और मरणधर्म रहित अमर हैं। आपको यजमान पुरोडाश आदि हवि अपर्ण करता है, उस दानशील, उत्तमकर्मकर्ता दाता को अभिलषित समस्त प्रकार का भौतिक

ऐश्वर्य प्रदान करें। हे अग्नि! जो आपको समिधा अर्पण करके संवर्द्धना करता है, उसको उत्तमवीर संतति एवं वर्धिष्णु सम्पत्ति दें। शेष मन्त्रों में भी अग्निसे विभिन्न कामनाएँ की गई हैं। हिरण्यगर्भ सूक्त का सबसे ''अहम् मंत्र सृष्टिरचना से पूर्व परमेश्वर की उपस्थिति'' का उल्लेख है।)

ऋग्वेद 10.90 : पुरुष सूक्त

पुरुष सूक्त ऋग्वेद का सर्वाधिक प्रसिद्ध सूत्र है। इसके ऋषि नारायण हैं। इस सूक्त से स्पष्ट है कि आर्यों के आदिदेश जम्बूद्वीप भारतवर्ष में यज्ञकर्म जीवन में केन्द्रीय स्थान प्राप्त रहा। आर्यों के आदिदेश में द्वषद्वती एवं सरस्वती के किनारों पर 39 लाख वर्ष पूर्व वेद का रचना काल रहा। यह स्वयं में उपहास का विषय है कि आर्य उत्तरी ध्रुव से आये योजनाबद्ध रूप से सुप्रचारित किया गया ? आर्य शब्द के अनेक अर्थों में से एक श्रेष्ठ व्यक्ति है। उस समय समूचे विश्व की उत्पत्ति को भी एक तरह का यज्ञ कर्म मानने की धारणा प्रचलित रही। परमेष्ठी इष्टदेवता के चरणों में अपनी सर्वश्रेष्ठ सर्वोत्तम समर्पित करने का मार्ग याग का प्रधानरूप रहा। याग के भौतिक अर्थ के स्थान पर आधिभौतिक, अध्यात्मिक अर्थ लें। इसका निरन्तर विस्तार हुआ। अन्य जीवों के प्रति सद्भावना के साथ ईप्सित वस्तु अर्पित करने में इसका परिपाक होता रहा। इस भावना का चमोत्कर्ष, सर्वकल्याण, लोकपरमार्थ, सार्वजनिनता, लोकसंग्रह, सार्वलौकिक, सार्वदेशिक चिन्तन रहा। सम्राट सम्पूर्ण सत्ता के लिए रहते हुए अपनी सम्पूर्ण शक्ति, संसाधन सम्पत्ति को बुद्धि के साथ प्रजा के लिए उपयोग करे। साथ ही अपने लिए संयम से काम लें। इस विचार की अभिव्यक्ति कवि ने अपनी सर्वोच्च रचना—धर्मिता से की है।

पुरुष सूक्त का विषय ''सर्वोत्तम सर्वश्रेष्ठ पुरुष'' द्वारा स्वयं निर्मित सृष्टि के लिए बहुत आनन्द एवं स्नेह के साथ सर्वस्व का न्योछावर करना है। इस सर्वस्वसमर्पण को, इस आत्मयज्ञ को आत्मक्लेश अथवा आत्मनाश समझना भयानक भूल है। ''सर्वात्मक, सर्वव्यापी पुरुषोत्तम ने अपनी आत्मा से विराज् नाम के नारी तत्त्व की रचना की। इसमें नारी तत्त्व से पुरुष तत्त्व का निर्माण किया। इस पुरुष तत्त्व को यज्ञिय हव्यों की तरह पूर्णरूप से समर्पित करके उसने विविध रूप धारण करनेवाली सृष्टि को जन्म दिया।'' कवि ने सृष्टि निर्माण के लिए यज्ञकर्म किया। अतः यज्ञ का कर्तव्य साक्षात् पुरुषोत्तम के स्थान पर उसके द्वारा प्रथम निर्मित देवों पर आरोपित किया गया है। प्रारम्भिक ऋचाओं में वर्णित पुरुष पाँचवी ऋचा के विराज से उत्पन्न पुरुष

तत्त्व से भिन्न है। प्रथम पुरुष यदि स्वयंभू एवं सर्वव्यापी है तो दूसरा प्रारम्भ में "विराज्" से उत्पन्न एवं केवल पृथिवी से बहुत बृहद् है। स्वर्ग स्थित देवता पुरुषोत्तम के अंश रहे। उन्होंने दूसरे पुरुष का यज्ञिय द्रव्य के रूप में उपयोग किया। यज्ञ में हव्य के रूप में समर्पित होने के बाद दूसरा पुरुष सृष्टि में परिवर्तित होने लगा। यह परिर्वतन पुरुषोत्तम की इच्छानुसार ही हो रहा था।

पुरुष सूक्त में सभी वर्णों को शरीर का एक अंग घोषित किया है। यहाँ वर्ण का अर्थ कार्य का वरण करना है। परमात्मा के ब्रह्माण्ड रूप विराट् शरीर के चार भाग हैं। प्रत्येक शरीर में प्रकृति द्वारा चार भाग–शिर, वक्षस्थल, उदर एवं पाद हैं। प्रथम भाग शिर या सिर में ज्ञानशक्ति है। ज्ञान की इन्द्रियाँ–आँख, नाक, कान आदि शिर में हैं। शिर में ज्ञान–तन्तु के अभिज्ज्वन से ही ज्ञान पैदा होता है। द्वितीय भाग वक्षःस्थल में बल की शक्ति है। उदर भाग में संग्रह एवं पालन की शक्ति है। अन्न–पानादि बाहर से उदर में पहुँचाये जाते हैं। वही विभक्त होकर समस्त अंगों का पोषण करते हैं। चौथे पाद में सेवा शक्ति है। अतः व्यष्टि शरीर की तरह परमात्मा का शरीर सम्पूर्ण प्रपंच है। इसमें भी समष्टि रूप से चारों शक्तियाँ भिन्न–भिन्न अवयवों में होते हुए परस्पर सहयोग–समन्वय से काम करती हैं। यहाँ प्रधान रूप से ज्ञान शक्ति है। वे प्रपंच–रूप परमात्मा के शिरः स्थानीय ब्राह्मण (ब्रह्म का ज्ञाता) है। वक्षःस्थल बल शक्ति होने से क्षात्र धर्म का कार्य करता है। संग्रह शक्तिवाले उरू वैश्य एवं सेवाशक्तिवाले पाद सूत हैं। यजुर्वेद में स्पष्ट किया है कि ब्राह्मण कहलाने का अधिकारी कौन है (7.46)। वैदिक ग्रन्थों में किसी भी वर्ण का व्यक्ति ज्ञान से ब्राह्मण एवं ऋषि के सर्वोच्च पद पर पहुँचने का उल्लेख है (सत्यकाम जाबाल प्रसंग)। वैदिक संस्कृति में सभी कार्य का वरण करने को स्वतन्त्र रहे।

क्षरपुरुष विराट् की सृष्टि की पुरुष सूक्त में अद्‌भुत व्याख्या मिलती है। विराट् से अश्व, दोनों तरफ दाँतवाले मनुष्यादि, गो, अज एवं अवि उत्पन्न हुए। वेद में प्राणों के विस्तार के प्रसंग में पाँच नाम (मनु प्राण पाँच प्रकार के होते हैं।) लिये हैं। ऋग्वेद (1.64.7; 1.138.2; 8.6.49) यजुर्वेद (19.10) की ऋचाओं में महिष, मृग, हस्ती, उष्ट्र, व्याघ्र, वृक, सिंह आदि के नाम आये हैं। पुरुष सूक्त की ऋचाओं (मन्त्रों) में यज्ञ का वर्णन चौंकाता है। वसन्त ही वहाँ घृत आज्य रहा, ग्रीष्म ईन्धन रहा और शरद हवि रहा। इस प्रकार ऋतुओं में यह क्रम चला। यज्ञ से ऋग्यजुः साम–प्रकाश फैलाने, मूर्ति बनाने की उत्पत्ति हुई। यज्ञ की प्रक्रिया से शुक्र की उत्पत्ति हुई। पुरुष सूक्त में सहस्र शिर आदि के माध्यम से निराकार, निर्गुण को प्रस्तुत किया गया है। छान्दोग्य

उपनिषद्, शतपथ ब्राह्मण में ''पुरुष को ही प्रजापति'' घोषित किया गया है। सूक्त के अनुसार उसके मन से चन्द्रमा, चक्षु से सूर्य, मुख से इन्द्र एवं अग्नि और प्राण से वायु उत्पन्न हुए। उसके शिर से आकाश, नाभि से अन्तरिक्ष एवं पैर से पृथिवी उत्पन्न हुई। पुरुष सृष्टि के प्रतीक होने से तीनों खण्ड उसके तीन पग हैं (प्रकारान्तर में वामन अवतार कथा)।

पुरुषसूक्त

।। ऋग्वेद : 10.90.1–16 । अनुष्टुप, 16 नारायणः।।

सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात।
स भूमिं विश्वतो वृत्वा ऽत्यतिष्ठद्दशांगुलम्।।1।।
पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं भव्यम्।
उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिहति।।2।।
एतावानस्य महिमा ऽतो ज्यायाँश्च पूरुषः।
पादोऽस्य विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि।।3।।
त्रिपादूर्ध्व उदैत पुरुषः पादोऽस्येहाभवत् पुनः।
ततः विष्वङ्. व्यक्रामत् साशनानशने अभि।।4।।
तस्मद्विळजायत विराजो अधि पूरूषः।
स जातो आत्यरिच्यत पश्चाद्भूमिमथो पुरः।।5।।
यत पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत।
वसन्तो अस्यासीदाज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद्धविः।।6।।
तं यज्ञं बर्हिषि प्रौक्षन पुरुषं जातमग्रतः।
तेन देवा अयजन्त साध्या ऋषयश्च ये।।7।।
तस्माद्यज्ञात् सर्वहुतः संभृतं पृषदाज्यम्।
पशून ताँश्चक्रे वायव्यानारण्यान ग्राम्याश्च ये।।8।।
तस्माद्यज्ञात् सर्वहुत ऋच सामानि जज्ञिरे।
छन्दासि जज्ञिरे तस्माद्युजुस्तस्मदजायत।।9।।
तस्मादश्वा अजायन्त ये के चोभयादतः।
गावो ह जज्ञिरे तस्मात तस्माज्जाता अजावयः।।10।।
यत पुरुषं व्यदधुः कतिधा व्यकल्पयन्।
मुखं किमस्य कौ बाहू का ऊरू पादा उच्येते।।11।।
ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्वाहू राजान्यःकृतः।
ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भयां शूद्रो अजावत।।12।।
चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायत।
मुखादिन्द्रश्चाग्निश्च प्राणाद्वारयुरजात।।13।।

नाभ्या आसीदन्तरिक्षं शीर्ष्णो द्योः समवर्तत।
पद्भयां भूमिर्दिशः श्रोत्रात् तथा लोकाँ अकल्पयन्।।14।।
सप्तास्यासन् परिधयस्त्रिः सप्त समिधः कृताः।
देवा यद्यज्ञं तन्वाना अबध्नू पुरुषं पशुम्।।15।।
यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।
से ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवा।।16।।

(श्री पुरुष सूक्त में सहस्रसिर, सहस्रनेत्र, सहस्रपाद के माध्यम से अव्यक्त, निराकार, निर्गुण, निष्कल, निष्काम आदि परब्रह्म परमेश्वर को सम्बोधित किया है। वैदिक द्रष्टा ऋषि ने बहुत सहज रूप से निराकार अव्यक्त को अनन्त सिरवाला कहा है। आर्षग्रन्थों के अध्येता इसका सम्बन्ध परमव्योम की महासृष्टि से जोड़कर देखते हैं। यह स्पष्ट है कि वेदकाल उनतालीस लाख वर्ष पहले परमव्योम महाकाश में अनेक ब्रह्माण्ड और परमेष्ठी का सिद्धान्त प्रतिपादित किया गया। पुरुषसूक्त विराट् पुरुष की व्याख्या की कुंजी है। परमपुरुष परमेश्वर के हजारों मस्तक, हजारों आँखें, हजारों पाँव आदि हैं। यह विराट् स्वरूप कल्पनातीत है। वह भूमि के चारों ओर घेरकर रहा है। वह दश अंगुल रूप इस अल्प सृष्टि को व्यापकर बाहर भी है। जो भूतकाल में हुआ और जो वर्तमानकला में है, तथा जो भविष्यकाल में होने वाला है, वह सभी यह विराट् पुरुष ही है। वह विराट् पुरुष अमरत्व मोक्षका स्वामी है। वह अन्न से बढ़ता है। इस पुरुष की इतनी विशाल महिमा है। यह अन्न अध्यात्मिक है।

इससे एक बड़ा और एक श्रेष्ठ पुरुष है। इस विश्वके सभी भूतमात्र में जो है वह सभी इसके चरणवत् है। इसके तीनचरण दिव्यलोक में अमृतरूप हैं। त्रिपाद पुरुष ऊपर द्युलोक में रहा है। इस पुरुष का एक भाग विश्व के रूप में पुनः–पुनः उत्पन्न पैदा होता रहता है। पश्चात्, उसने अन्न खानेवाले और अन्न नहीं खानेवाले विश्वको चारों तरफ से व्याप लिया।

''उस परमेश्वरसे विराट् पुरुष उत्पन्न हुआ। विराट् के ऊपर एक अधिष्ठाता पुरुष हुआ। वह उत्पन्न होकर विभक्त होने लगा।'' प्रथम भूमि आदि गोल हुए अनन्तर उसपर के शरीर हुए। जब देवों ने विराट्पुरुषरूपी हवि ने यज्ञ करना शुरू किया तब वसंत ऋतु इस यज्ञ में घी का कार्य करता था; ग्रीष्म ऋतु ईंधन एवं शरद ऋतु हवि हुआ था। जब उत्पन्न हुए यजनीय विराट् पुरुष को यज्ञ में प्रोक्षण करके जो देव साध्य और ऋषि थे, उन्होंने इस विराट् पुरुष से यज्ञ चलाया था। उस सर्वहुत यज्ञ से दही के साथ मिला घी

प्राप्त हुआ। वायु में उड़नेवाले पक्षी एवं वायु देवताके जंगल में रहनेवाले उन पशुओं को ग्राम्य पशु बनाये।

उस सर्वहुत यज्ञसे ऋग्वेदके मंत्र तथा सामगान बने। छन्द अर्थात अथर्ववेद के मंत्र एवं यजुर्वेद के मंत्र भी उसीसे उत्पन्न हुए। सर्वहुत यज्ञ से घोड़े पैदा हुए। वे दोनों ओर दांतवाले रहे। ''यहाँ अश्व का अध्यात्मिक, अधिदैविक, ब्रह्मस्वरूप अर्थ है।'' उसीसे गोमाता, बकरियाँ, भेड़ आदि उत्पन्न हुए। यहाँ जिस पुरुष का वर्णन है, उसकी कितने प्रकार की परिकल्पना है ? उसका मुख क्या है ? उसकी आँखें कौनसी हैं ? उसके पैर क्या हैं ? यह प्रश्न उठ खड़ा हुआ।

इस विराट् पुरुष का मुख ब्रह्म जाननेवाले ज्ञानी का है। इसकी बाहु शूर पुरुष की है। उसकी जंघा वाणिज्य करनेवालों की है। अंत में इसके पांव सेवा करनेवाले सूत हैं। परमात्मा के मन से चन्द्रमा का प्रादुर्भाव हुआ। परमेश्वर के चक्षु से सूर्य हुआ। उनके मुँह से इन्द्र, अग्नि हुए और प्राण से वायु उत्पन्न हुआ। नाभि से अन्तरिक्ष हुआ है। द्युलोक सिर से हुआ है। पैरों से पृथिवी भूमि हुई, कर्णों से दिशाएँ हुई। यह विराट् पुरुष की परिकल्पना है। ''इस यज्ञ की सात परिधियाँ थी और तीन गुना यानी इक्कीस समिधायें थी।'' देव इस यज्ञ को फैला रहे थे। इसमें पुरुषरूपी पुरुषको बांधते थे। यह वाक्य रहस्य गहराता है। देवों ने यज्ञपुरुष के साधन से यज्ञ प्रारम्भ किया। वे प्रारम्भ के धर्मश्रेष्ठ थे। ये धर्माचरण करनेवाले–यज्ञधर्म का आचरण करनेवाले पूर्व समय के साधनसम्पन्न यज्ञ करनेवालों के साथ रहते थे। वे ही धर्मात्मा महात्मा निश्चय से उसी सुखपूर्ण स्थान में जाकर रहने लगे।)।

ऋग्वेदके देवों का विशेषण ''असुर''

ऋग्वेद के देवताओं का ''असुर'' सम्बोधन अभूतपूर्व अप्रत्याशित है। यद्यपि पुराकथाओं में इसका अर्थ विपरीत है। वैदिक शब्दों के व्याख्याकार आचार्य यास्क ने निरूक्त में असुर शब्द की चकित करनेवाली व्याख्या की। निरूक्त में असुर शब्द का अर्थ महान असु, महाप्राणवान, अमरणशील, महाप्रज्ञावान, महासामर्थ्यवान आदि की है। वैदिक मन्त्र द्रष्टा कवियों की दृष्टि में असुर का अर्थ ''गुह्य शक्तिवान, माया शक्ति सम्पन्न'' आदि निश्चित रूप से रहा। ऋग्वेद में लगभग सभी महा देवताओं को असुर कहा गया है।

वैदिक देवाताओं में गभीखेया असुरः, सुनीथः, (सविता) हिरण्यस्तो असुरः, बृहच्छवा असुर बर्हणा कृतः (इन्द्र), द्योरसुरा (द्यौस्), त्वमग्ने रुद्रो असुरो महि दिव, (अग्नि), पिता यज्ञानामसुरा विपश्चिताम् (अग्नि), घृतप्रसत्ता असुरः

सुसेवा (अग्नि), गावा चेतिष्ठो असुरो मघोनः (अग्नि), अतूर्त्तपन्था असुरो मयोभुः (रुद्रः), पूषा असुरो दधातु नः (पूषन्), असुरः पिता नः (पर्जन्य), असुरो न होता (इन्द्र), जानानां यो असुरो विधर्त्ता (मरुद्गण), असुरो विश्वदेदा (वरूण), श्रीन्त्समूर्ध्नो असुरश्चक्र आरभे (पवमान सोम), सोमो असुरो वेद भूमनः (पवमान सोम), असुरो वेपते मती (अग्नि), असुर प्रचेता (वरूण) महो असुर (इन्द्र), इकावां एषो असुर प्रजावन (अग्नि), त्वा नूनमसुर (इन्द्र) का उल्लेख है।

ऋग्वेद की ऋचा में लिखा हैः ''आसावन्यो असुर सूयतद्यौ (10.34.4)।'' ''अग्निर्भरत उच्चावच। असुर इव निर्णिजम् (8.19.23)।'' ''महद् देवानामसुरत्वमेकम् (3.55.1)।'' ऋग्वेदकि ऋचाओं में असुर व्यापक देवत्व के अर्थ में व्यवह्वत हुआ है। ऋग्वेद में असुर के वीर, रुद्र के असुर, असुर के गो, असुर का साम्राज्य, असुर की योनि, असुर वंदना, असुर का प्रयाण, असुर के जठर, असुर की माया, असुर के भक्षण आदि वर्णन व्यवहार में आये हैं। वैसे असुः का अर्थ प्राण है।।ऊँ।।



सन्दर्भ ग्रन्थ

01.	गौतमीयमहातन्त्रम्	सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, सन 1992
02.	सिद्धतन्त्रसंग्रह	आचार्य अशोक सहजानन्द, मेघ प्रकाशन, नई दिल्ली, सन 2011
03.	कर्मकाण्डक्रमावली	श्री सोमशम्भु, काश्मीर संस्कृतग्रन्थावली, श्रीनगर, सन 1947
04.	देशोपदेश—नर्ममाला	टीका आचार्य क्षेमेन्द्र, काश्मीर संस्कृत ग्रन्थावली, श्रीनगर, सन 1924
05.	स्वच्छन्द तन्त्र समग्र	टीका आचार्य क्षेमेन्द्र, काश्मीर संस्कृत ग्रन्थावली, श्रीनगर, सन 1926—1935
06.	कामकेश्वरीमतम्	व्याख्या आचार्य जयरथ, काश्मीर संस्कृत ग्रन्थावलि, श्रीनगर, सन 1945
07.	सिद्धित्रयी एवं ईश्वर प्रत्यभिज्ञाकारिकावृत्तिश्य	आचार्य उत्पलदेव, काश्मीर संस्कृत ग्रन्थावली, श्रीनगर, सन 1921
08.	श्री महानयप्रकाश	आचार्य शितिकण्ठ, काश्मीर संस्कृत ग्रन्थावलि, श्रीनगर, सन 1918
09.	श्रीनेत्रतन्त्रम्	टीका आचार्य क्षेमराज, काश्मीर संस्कृत ग्रन्थावलि, श्रीनगर, सन 1939
10.	लौगाक्षिगृह्यसूत्र	भाष्यकार आचार्य देवपाल, काश्मीर संस्कृत ग्रन्थावलि, श्रीनगर, सन 1934
11.	मृगेन्द्रतन्त्रम्	काश्मीर संस्कृत ग्रन्थावलि, श्रीनगर
12.	ईश्वरप्रत्यभिज्ञा—विवृतिविमर्शिनी	श्रीमद्अभिनवगुप्त, काश्मीर संस्कृत ग्रन्थावलि, श्रीनगर, सन 1941
13.	पंचस्तवी	जम्मू एवं काश्मीर सरकार, श्रीनगर, सन 1963
14.	विज्ञानभैरव	व्याख्याकार स्वामी लक्ष्मण जू, इण्डिका, वाराणसी, सन 2002
15.	वेदार्थ पारिजात	स्वामी करपात्री, श्री राधाकृष्णधानुका प्रकाशन, कोलकाता, सन 1979, 1980
16.	नारदीय संहिता	चौखम्बा संस्कृत, वाराणसी, सन 1971
17.	श्री लक्ष्मीनारायण संहिता	स्वामी कृष्णवल्लभाचार्य, चौखम्बा संस्कृत, वाराणसी, सन 1971
18.	तन्त्रालोक (आठखण्ड)	श्रीमद्अभिनवगुप्त, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, सन 1996—2000

19.	तन्त्रसार	श्रीमद् अभिनवगुप्त, चौखम्बा सुर भारती, वाराणसी, सन 2008–11
20.	आगम तत्त्व विलास	चौखम्बा सुर भारती, वाराणसी, सन 2011–12
21.	महानिर्वाणतन्त्र	खेमराज श्रीकृष्णदास, मुंबई, सन 2004
22.	शिव महिमा	पुस्तक महल, दिल्ली, सन 1979
23.	बृहद् ब्रह्मनित्यकर्मसमुच्चय	शास्त्री दुर्गाशंकर उमाशंकर ठाकर, मुम्बई, सन 1990
24.	लुप्त आगम संग्रह	सम्पादक–श्री गोपीनाथ कविराज, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, सन 1996
25.	अजिता, दो भाग	श्री परितोष मिश्र, गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत संस्थान, प्रयाग, सन 1988
26.	तन्त्र संग्रह	सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, सन 1996
27.	महाकालसंहिता	गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत संस्थान, प्रयाग, सन 1977, 1986, 89
28.	मन्त्र महार्णव, दो खण्ड	प्राच्य प्रकाशन, वाराणसी, सन 1996, 2000
29.	रुद्रयामल उत्तरतन्त्रम्, दो खण्ड	सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, सन 1976
30.	तन्त्र समुच्य, तीन खण्ड	राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली, सन 2005
31.	श्री प्रत्यंगिरा पुरश्चरण	श्री रामप्रिय पाण्डेय, जगदीश संस्कृत पुस्तकालय, जयपुर, सन 2010
32.	मेरुतन्त्रम्	खेमराज श्रीकृष्णदास, मुम्बई, सन 2004
33.	सिंहसिद्धान्तसिन्धु समग्र	राजस्थान प्राच्यविद्या संस्थान, जोधपुर, 1970–80
34.	सांख्यायनतन्त्र	पं. रमादत्त शुक्ल, कल्याण मन्दिर प्रकाशन, प्रयाग, सन 2010
35.	प्राणतोषिणीतन्त्र	पं. रमादत्त शुक्ल, कल्याण मन्दिर प्रकाशन, प्रयाग, सन 1983
36.	योगिनीतन्त्र	खेमराज श्रीकृष्णदास, मुम्बई, सन 2003
37.	भारद्वाज संहिता	आन्ध्र पंचरात्र प्रकाशन, हैदराबाद सन 2013
38.	गायत्री तन्त्रम्	गंगाविष्णु श्रीकृष्णदास, मुम्बई, सन 1959
39.	ज्ञानार्णवतन्त्रम्	आनन्द आश्रम, पूणे, सन 1950

40.	श्रीलक्ष्मीतन्त्रम्	थियोसोफिकल सोसायटी, अडयार, सन 1975
41.	भार्गवतन्त्रम्	चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी, सन 2012
42.	श्रीगुह्यसमाज तन्त्र	इण्डियन माइण्डस, वाराणसी, सन 2012
43.	उड्डामेश्वर तन्त्रम्	भारतीय विद्या प्रकाशन, वाराणसी, सन 2008
44.	शारदातिलक तन्त्रम्, दो भाग	चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, दिल्ली, सन 2010
45.	आगम संविद	डॉ. कमलेश झा, इण्डिका, वाराणसी, सन 2008
46.	आगम रहस्य, दो भाग	चौखम्बा संस्कृत श्रृंखला, वाराणसी, सन 2011
47.	सिद्धशंकरतन्त्रम्	श्री वेंकटेश्वर प्रेस, मुम्बई
48.	भैरव सर्वस्व	श्री पीताम्बरा संस्कृत परिषद्, दतिया, सन 2002
49.	नारदपंचरात्र	प्राच्य प्रकाशन, वाराणसी, सन 2005
50.	बृहद स्तोत्र रत्नावली	श्री वेंकटेश्वर प्रेस, मुम्बई, सन 1972
51.	जपसूत्रम्, छहभाग	स्वामी प्रत्यगात्मानन्द सरस्वती, भारतीय विद्या प्रकाशन, दिल्ली, सन 1992
52.	योग विज्ञान, दो भाग	श्री पीताम्बरा संस्कृत परिषद्, दतिया सन 1962
53.	बृहद् नारदीय पुराण	हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, सन 1990
54.	वायु पुराण	हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, सन 2005
55.	ब्रह्माण्ड पुराण, दो भाग	चौखम्बा प्रकाशन, वाराणसी, सन 2014
56.	शिव महापुराण	नागप्रकाशन, दिल्ली, सन 1981
57	तांत्रिक साहित्य	श्री गोपीनाथ कविराज, हिन्दी समिति, लखनऊ, सन 1972
58.	श्रीधीश गीता	श्री भारत धर्म महामण्डल, वाराणसी, सन 1990
59.	श्री शम्भू गीता	श्री भारत धर्म महामण्डल, वाराणसी, सन 1989
60.	मन्त्रयोग गीता	श्री भारत धर्म महामण्डल, वाराणसी, सन 1990
61.	श्री शक्ति गीता	श्री भारत धर्म महामण्डल, वाराणसी, सन 1970
62.	श्री सूर्य गीता	श्री भारत धर्म महामण्डल, वाराणसी, सन 1967

63.	गीता का नीति शास्त्र	श्री भारत धर्म महामण्डल, वाराणसी, सन 1967
64.	जय संहिता, दो भाग	गुजरात शोध संस्था, मुम्बई, सन 1977
65.	भारत संहिता, दो भाग	भण्डारकर ओरियन्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट पूणे, सन 1998
66.	योगवासिष्ठ महारामायण, चार भाग	व्याख्या स्वामी आनन्दबोध सरस्वती, निर्णय सागर प्रेस, मुम्बई
67.	दा वैदिक गन्धर्व एण्ड रिबर्थ थ्योरी	श्री एलेक्स वायमैन, भण्डारकर ओरियन्टल रिसर्च इन्स्टीटयूट्, पूणे, सन 1997
68.	दा साइन्स ऑफ रिचवल्स	श्री फ्लट स्आल, भण्डारकर ओरियन्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पूणे, सन 1982
69.	वेदान्त फिलोसोफी	डॉ. एच. डी. वेलणकर, भण्डारकर ओरियन्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पूणे, सन 1929
70.	आगमतत्त्वविवेक	दा एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता, सन 1986
71.	आगम प्रामण्य	ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट, वडोदरा, सन 1976
72.	याज्ञवल्क्य स्मृति	चौखम्बा संस्कृत संस्थान, दिल्ली, सन 2008
73.	संस्कार अंक, कल्याण	गीता प्रेस, गोरखपुर, सन 2006
74.	स्फोटवाद	श्री नागेश भट्ट, अडयार, सन 1946
75.	स्फोट सिद्धि	आचार्य मण्डन मिश्र, मद्रास विश्वविद्यालय, सन 1931
76.	स्फोटवाद (हिन्दी)	बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना
77.	पूजातत्त्व	श्री गोपीनाथ कविराज, सन 1959
78.	ललितास्त्वरत्नम्	महामुनि दुर्वासा, जम्मू, सन 1981
79.	ए स्टेडी आफ गॉड इन्द्र	श्री एस. एस. गुप्ता, कृष्णा पब्लिशर, नई दिल्ली, सन 2001
80.	रावण : दा ग्रेट किंग ऑफ लंका	श्री एम. एस. पूर्णालिंगम पिल्लई, ज्ञान प्रकाशन, दिल्ली सन 2020 (मूल सन 1928)
81.	श्री भुवनेश्वरी महास्तोत्रम्	राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर, सन 1994
82.	योग याज्ञवल्क्य	गणेश एण्ड कम्पनी, मद्रास
83.	त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषद्	अडयार, सन 1938(उपनिषद् समग्र)
84.	तत्त्वसार	महामहोपाध्याय राखालदास न्यायरत्न, बनारस

		हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, सन 1930
85.	परशंभुमहिम्नस्तव	महामुनि दुर्वासा, एन. राजाराम एण्ड का., मद्रास, सन 1946
86.	सप्त व्याहृति	स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1951
87.	ऋग्वेद संहिता (पाँच खण्ड)	श्री एन. एस. सोनटके–सी.जी.काशीकर, वैदिक संशोधन मण्डल, पूणे, सन 1951
88.	साइकोलाजी ऑफ म्यूजिक	श्री कार्ल सी शोर, डोवर पब्लिकेशन्स, न्यूयार्क, सन 1938, सन 1967
89.	फेयर्स एंड फेस्टीवल्स ऑफ राजस्थान	भारतीय जनगणना, जयपुर, सन 1962
90.	भारतीय संगीत वाद्य	श्री लालमणि मिश्र
91.	संगीत राज	महाराणा कुम्भा, सम्पादन डॉ. प्रेमलता शर्मा, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, बनारस, सन 1963
92.	वाक्यपदीयम्	श्री भर्तृहरि, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, सन 2010
93.	आर्याद्विशती	महर्षि दुर्व्वासस, मिथिलाविद्यापीठ, शोध संस्थान, दरभंगा, सन 1979
94.	ऋक्सूक्तशती	श्री एच. डी. वेलणकर, भारतीय विद्या भवन, मुम्बई, सन 1972
95.	रावण भाष्य	शोध श्री सुधीर कुमार गुप्ता, भारती मन्दिर जयपुर, सन 1967
96.	रावण भाष्य समीक्षा	रायल एशियाटिक सोसायटी बंगाल, कोलकाता, सन 1862 (भाग 31)
97.	वैदिक सूक्त संग्रह	वेदाचार्य वेणीराम शर्मा गौड मास्टर खिलाडीलाल एंड कां, वाराणसी, सन 1950
98.	आर्य संस्कृति के मूलाधार	श्री बलदेव उपाध्याय, शारदा मन्दिर, बनारस, सन 1947
99.	यज्ञमीमांशा	श्री वेणीराम शर्मा गौड, मास्टर खिलाडीलाल एंड कां, वाराणसी, सन 1950
100.	ऐतरेय ब्राह्मण	राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली, सन 2006
101.	परशुराम कल्पसूत्रम्	सम्पूणानन्द संस्कृति विश्वविद्यालय, वाराणसी, सन 2010
102.	सूत संहिता	स्वामी स्वयंप्रकाश गिरि, श्री दक्षिणामूर्ति मठ, वाराणसी, सन 1999

103. वैदिक मायथोलाजी — अनुवाद श्री राजकुमार राय, वाराणसी, सन 1984

104. ऋग्वेद संहिता समग्र — श्री सायणाचार्य, आनन्द आश्रम, पूणे, सन 1933

105. व्योमवाद — श्री मधुसूदन ओझा, ज.ना. व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर, सन 1993

106. अप्रकाशित उपनिषद् — श्री कुंजन राज, अडयार, सन 1933

107. एक सौ आठ उपनिषद् समग्र — सम्पादन श्री कुंजन राज, अडयार, सन 1935

108. वेद विद्या निर्देर्शन — पं. भगवद्दत्त, प्रणव प्रकाशन, दिल्ली, सन1995

109. योगवासिष्ठ — व्याख्याकार स्वामी आनन्दबोध सरस्वती, निर्णय सागर प्रेस, मुम्बई

110. वेदान्त फिलोसफी — डॉ. एस. के वेलवानकर, बोरी, पूणे, सन 1929

111. शाक्त धर्म (चण्डी) — कल्याण मन्दिर प्रकाशन, प्रयाग, सम्वत 2038

112. ताओ उपनिषद् — आचार्य रजनीश, मुम्बई, सन 1980

113. सच्चसंगहो — भदन्त आनन्द कौसल्यायन, हिन्दी सहित्य सम्मेलन, प्रयाग, सन 2012

114. बौद्ध सिद्धों के चर्यापद — आचार्य परशुराम चतुर्वेदी, भारतीय विद्या प्रकाशन, वाराणसी, सन 1969

115. ब्राह्मण और विचारधारा — डॉ. जगदीश दत्त दीक्षित, भारतीय विद्या प्रकाशन, वाराणसी, सन 1997

116. तत्त्व संहिता — आचार्य महाप्रज्ञ, जैन विश्व भारती, लाडनू, सन 2006

117. बौद्धतन्त्रकोश — केन्द्रीय उच्च तिब्बति शिक्षा संस्थान, सारनाथ, सन दो भाग 1990, 1997

118. कृष्णयमारितन्त्र — केन्द्रीय उच्च तिब्बति शिक्षा संस्थान, सारनाथ, सन 1992

119. ऋग्वेदः चार भाग — श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, गुजरात, सन 1993 संस्करण

120. अथर्ववेद का सुबोध भाष्य — श्रीश्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1990 से 2008

121. यजुर्वेदीय — श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय

	काण्वसंहिता	मण्डल, पारडी, सन 1999
122.	मरुद्देवता	श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1958
123.	श्रीरुद्र देवता	श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1958
124.	वायु देवता	श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1958
125.	उषा देवता	श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1958
126.	दैवत्त संहिता	श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1958
127.	दैवत्त संहिता वनस्पति प्रकरण	श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1958
128.	रुद्र देवता	श्री आचार्य भगवद्दत्त
129.	सविता देवता	आचार्य भगवद्दत्त, सरस्वती सदन, नई दिल्ली 110029, सन 1980
130.	बृहस्पति	आचार्य भगवद्दत्त, सरस्वती सदन, नई दिल्ली देवता 110029, सन 1980
131.	ऋग्वेद	आचार्य टी.वी. कपाली शास्त्री, का भाष्य पुदुच्चेरी, सन 1946
132.	ऋग्वेद	श्री गंगासहाय, संस्कृत साहित्य प्रकाशन, दिल्ली, सन 2006
133.	अथर्ववेद	श्री गंगासहाय, संस्कृत साहित्य प्रकाशन, दिल्ली, सन 2006
134.	ऋक् वैजयन्ती	प्रो. एच.डी. वेलनकर, वैदिक संशोधन मण्डल, पुणे, सन 1965
135.	चारों वेद	श्री दयानन्द सरस्वती, दयानन्द संस्थान, दिल्ली
136.	शुक्ल यजुर्वेदसंहिता	डॉ. रामकृष्ण शास्त्री, चौखम्बा विद्या भवन, सन 1992
137.	ऋग्वेद सायण भाष्य	वैदिक संशोधन मण्डल, पूणे, सन 1941
138.	अश्विनौ	श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय देवता मण्डल, पारडी, सन 1958
139.	अथर्ववेदीय मण्डूकी शिक्षा	आचार्य भगवद्दत्त, मेहरचन्द लक्ष्मणदास, दिल्ली, सन 1985

140.	ऋक् तन्त्रम्	डॉ. सूर्यकान्त, मेहरदास लक्ष्मणदास,दिल्ली,सन 1970
141.	वैदिक देवशास्त्र	डॉ. सूर्यकान्त, मेहरदास लक्ष्मणदास, दिल्ली, सन 2006
142.	वैदिक मरुत	डॉ. उर्मिला रूस्तगी, नाग प्रकाशन, दिल्ली, सन 2000
143.	शतपथ	श्री रा.ना. दीक्षित, चौखम्बा संस्कृत संस्थान, ब्राह्मण वाराणसी, सन 1996
144.	ताण्ड्य महाब्राह्मण	राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, दिल्ली, सन 1986 से 2003
145.	ऐतरेय ब्राह्मण	राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, दिल्ली, सन 1986 से 2006
146.	वाजसनेयि संहिता	वेबर संस्करण, लंदन, सन 1849
147.	छान्दोग्य उपनिषद्	श्री लक्ष्मण शास्त्री संस्करण, मुम्बई, सन 1927
148.	बृहदारण्यक उपनिषद्	श्री लक्ष्मण शास्त्री संस्करण, मुम्बई, सन 1927
149.	अथर्वशिरस् उपनिषद्	श्री लक्ष्मण शास्त्री संस्करण, मुम्बई, सन 1927
150.	श्वेताश्वतर उपनिषद्	श्री लक्ष्मण शास्त्री संस्करण, मुम्बई, सन 1927
151.	निरूक्त– यास्क	श्री लक्ष्मणस्वरूप संस्करण, लंदन, सन 1927
152.	वैदिक संहिताओं में नारी	डॉ. मालती शर्मा, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, सन 1990
153.	निरूक्त	आचार्य भवगद्दत्त, अमृतसर, सन (सम्वत 2021)
154.	ऋग्वेद	श्रीमाधवकृत, सम्पादन श्री कुन्जन राज, व्याख्या अडयार, सन 1939
155.	ऋग्वेद और पश्चिमी एशिया	डॉ. रामविलास शर्मा, दिल्ली विश्वविद्यालय, सन 1994
156.	आर्यों का आदिदेश	डॉ. सम्पूर्णानन्द, सन 1944
157.	वेद परिचय	डॉ. कृष्ण लाल, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, सन 1993
158.	वेदविद्या	डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल, वाराणसी

159.	सृष्टि विज्ञान	आचार्य गुरूदत्त, हिन्दी साहित्य सदन, दिल्ली, सन 2012
160.	वेदमन्त्रों के देवता	आचार्य गुरूदत्त, हिन्दी साहित्य सदन, दिल्ली, सन 2015
161.	महर्षि कुल वैभव	श्री मधुसूदन ओझा, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर, सन 1961
162.	वैदिक विज्ञान एवं भारतीय संस्कृति	श्री गिरधर शर्मा चतुर्वेदी, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, सन 2001
163.	वैदिक गॉड्स एण्ड बायोलोजिकल फिगर	श्री बी.जी. रेले, सन 1926
164.	वैदिक देवों का अध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक स्वरूप	डॉ. कपिलदेव द्विवेदी, विश्वभारती अनुसंधान परिषद, भदौही, सन 2007
165.	भारतीय प्रतीक विद्या	डॉ. जनार्दन मिश्र, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना, सन 1959
166.	हिन्दू धार्मिक कथाओं के भौतिक अर्थ	श्री त्रिवेणी नारायण सिंह, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना, सन 1970
167.	कौशिक गृह्यसूत्रम्	श्री उदयनारायण सिंह, शास्त्र प्रकाश, भवन, मुजफ्फरनगर, बिहार, सन 1912
168.	श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण	स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1946
169.	टी.वी. कपाली शास्त्री समग्र (दस खण्ड)	दीप्ति प्रकाशन, अरविन्द आश्रम, पुदुच्चेरी, सन 1946–1980
170.	तृच भास्कर	श्री भास्कर राय प्रणीत, ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट, बडौदा,सन 1982
171.	शैव मत	डॉ. युदवंश, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना, सन 1955
172.	हिन्दू देव परिवार का विकास	डॉ. सम्पूर्णानन्द, मित्र प्रकाशन, इलाहाबाद, सन 1964

173. वैदिककोश डॉ. सूर्यकान्त, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, बनारस, सन 1963

174. वैदिक देवता उद्‌भव एवं विकास श्री गयाचरण त्रिपाठी, भारतीयविद्या प्रकाशन, दिल्ली, सन 1981

175. रहस्यमय सिद्धभूमि तथा सूर्यविज्ञान श्री गोपीनाथ कविराज, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, सन 1994

176. ज्ञानगंज श्रीगोपीनाथ कविराज, अनुराग प्रकाशन, काशी, सन 2011

177. आत्मोपनिषद् डॉ. एम.एल. गुप्ता, भरतपुर, सन 2002

178. वेदविज्ञान मंजूषा डॉ. एम.एल. गुप्ता, भरतपुर, सन 1988

179. दा लाईट वेद श्री टी.वी. कपाली शास्त्री, श्री अरविन्द ऑफ कपाली शास्त्री वेद शोध संस्थान, बंगलुरू, सन 2009

180. वेद और वैदिक काल आचार्य गुरूदत्त, हिन्दी साहित्य सदन, दिल्ली, सन 2006

181. वेद व विज्ञान स्वामी प्रत्यगात्मानन्द सरस्वती, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, सन 2012

182. योग वासिष्ठ (दो भाग) श्री ठाकुर प्रसाद द्विवेदी, चौखम्बा प्रकाशन, दिल्ली, सन 2010

183. श्रौतसंहिता वैदिक संशोधन मण्डल, पुणे, सन 1958 से 2005

184. ब्रह्माण्ड पुराण एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता, सन 1997

185. वायुपुराण हिन्दी साहित्य सम्मेलन, इलाहबाद, सन 2005

186. ब्रह्मवैवर्त्तपुराण हिन्दी साहित्य सम्मेलन, इलाहबाद, सन 2001–2002

187. भुशुण्डि रामायण (तीन खण्ड) श्री भगवतीशरण सिंह, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, सन 1975 से 1980


188. आरोग्य अंक गीता प्रेस, गोरखपुर, सन 2011

189. शब्द कल्पद्रुम राजा राधाकान्त देव, चौखम्बा अमरभारती प्रकाशन, वाराणसी, सन 1967

190. अद्‌भुत सागर राजा वल्लालसेन देव, प्रभाकर प्रकाशन, वाराणसी, सन 1905

191.	अथर्व संहिता विधान	आचार्य केशवदेव शास्त्री, लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विद्यापीठ, दिल्ली, सन 1988
192.	अथर्ववेदीय तन्त्रविज्ञान	श्री देवदत्त शास्त्री, शुभम् प्रकाशन, इलाहबाद, सन 2013
193.	मानसिक शक्ति	स्वामी शिवानन्द, गढ़वाल, सन1991
194.	योगीराज विशुद्धानन्द प्रसंग	श्री गोपीनाथ कविराज, विश्वविद्यालय, प्रकाशन,वाराणसी, सन 2000
195.	योगीराज श्यामाचरण लाहिडी	श्री अशोक चट्टोपाध्याय, योगीराज प्रकाशन, कोलकाता, सन 2016
196.	लघु योग वासिष्ठ	मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, सन 1985
197.	अंग्रेजी हिन्दी कोश	हिन्दी साहित्य सम्मेलन, इलाहबाद, सन 1998
198.	निरुक्त	श्री मुकन्द झा बख्शी, निर्णय सागर प्रेस, मुम्बई, सन 1970
199.	ऋग्वेद देवतानुक्रमणिका	श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1940
200.	मंत्रों से आनन्द प्राप्ति	श्री आर.एल. कश्यप, साक्षी, बेंगुलुरु, सन 2004
201.	शिवगीता	पण्डित ज्वालाप्रसाद मिश्र, खेमराज श्रीकृष्णदास, मुम्बई, सन 2001
202.	फ्री मैशेनरी एण्ड दा एन्शियेन्ट गॉडस	श्री ज.ए. काकबर्न, अडयार, सन 1921
203.	हिडन लाइफ आफ फ्री मैशेनरी	फादर चार्ल्स सी. लीडबीटर, अडयार, सन 1926
204.	एस्टोरिक राईटिंग्स	महापण्डित टी. सुब्बा राव, अडयार, सन 1980
205.	सीक्रेट डॉक्ट्राइन	सुश्री एच.पी. ब्लोवत्स्की, अडयार, सन 1910
206.	हनुमद्चरित	श्री ए. चिदम्बर शास्त्री, तिरूपति, सन 1998
207.	वेदविद्या निदर्शन	आचार्य भगवद्दत्त, प्रणव प्रकाशन, सन 1995

208.	उपनिषद् समग्र	श्री सी. कुन्जन राज, अदयार,सन 1935
209.	जीओलोजी इन दा एन्शियेन्ट वैदिक लिटरेचर	डॉ. वाई.एस., सहस्रबुद्धे, बोरी, पुणे, सन 2006
210.	साइंस ऑफ रिचवल्स	श्री फ्लट स्वाल, बोरी, पुणे, सन 1992
211.	भौतिकी का शतपथ फिजिक्स ऑफ ताओ	अनुवाद धर्मराज वाघेला, न्यूऐज प्रकाशन, दिल्ली, सन2014
212.	ऋग्वेद	सम्पादन श्री विश्वबन्धु,विश्वेश्वरानन्दवैदिक रिसर्च सेन्टर, होशियारपुर सन् 1963
213.	कर्मठ गुरू	श्री मुकन्दवल्लभ, मोतीलाल बनारसीदास, नई दिल्ली, सन 1971
214.	चतुर्वर्गचिन्तामणि	चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, सन 1985
215.	यज्ञ महाविज्ञान	पंडित वीरसेन वेदविज्ञानाचार्य, इन्दौर, सन 1986
216.	गुर्वसूत्रम्	लक्ष्मी वेंकटेश प्रेस, मुम्बई, सन 1959
217.	विष्णुधर्मोत्तर पुराण	ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट, बडौदा, सन 1994
218.	वैदिक सिद्धान्त मीमांसा	श्री युधिष्ठिर मीमांसक, रतनलाल कपूर ट्रस्ट,नई दिल्ली, सोनीपत, सम्वत 2033



यज्ञ देव



यम देव

